क़ुरआन मजीद

हिन्दी मुतर्जम
मआ अरबी मतन

तर्जुमाः
मौलाना फ़तेह मुहम्मद ख़ाँ साहिब
जालंधरी

तस्हीः
मौलाना अब्दुल मजीद सरवर साहिब

प्रकाशकः
फ़रीद बुक डिपो (प्र.) लिमिटेड
नई दिल्ली-110002

क़ुरआन मजीद

हिन्दी मुतर्जम मआ अरबी मतन

तर्जुमाः मौलाना फ़तेह मुहम्मद ख़ाँ साहिब जालंधरी

तस्हीः मौलाना अब्दुल मजीद सरवर साहिब

संस्करणः 2006

पृष्ठः 982

प्रस्तुत-कर्ताः

मुहम्मद नासिर ख़ान

प्रकाशकः

फ़रीद बुक डिपो (प्र.) लिमिटेड

2158-59, एम० पी० स्ट्रीट, पटौदी हाउस,
दरिया गंज, नई दिल्ली-110002
फ़ोनः 23289786, 23247075,
फ़ैक्सः 23279998

कुछ इस क़ुरआन मजीद के बारे में

एक लम्बे अरसे से खास कमी महसूस की जा रही थी कि सरल और आसान हिंदी भाषा में क़ुरआन मजीद का एक आम-फ़हम तर्जुमा हो जिसे हर खास व आम (तालीमयाफ़ता और कम पढ़े लिखे लोग) आसानी से पढ़ कर समझ सकें, साथ ही अरबी मत्न (अरबी अक्षरों में लिखा हुआ क़ुरआन) भी हिंदी रस्मुलखत (देवनागरी) में हो और जिस को बिलकुल सही और शुद्ध उच्चारण (तलफ़्फ़ुज़) से पढ़ा जा सके ।

क़ुरआन मजीद के तर्जुमे को हिंदी रूप देना तो फिर भी इतना मुश्किल न था लेकिन अरबी मत्न को हिंदी देवनागरी में रूपान्तर करना बहुत कठिन और मुश्किल था, चूंकि अरबी में कुछ खास हरूफ़ (अक्षर) ऐसे होते हैं जो हिंदी में नहीं होते जैसे (ث) से, (ح) बड़ी हे, (ز) ज़े, (ذ) ज़ाल, (ص) साद, (ض) ज़ाद, (ط) तो, (ظ) ज़ो, (ع) अैन, (غ) ग़ैन, (ف) फ़े, (ق) क़ाफ़, (ة) गोल ते, (~) छोटी मद और (ـ) बड़ी मद वग़ैरः" हमने कुछ अलामतें (निशानियां) देकर उन हर्फ़ों (अक्षरों) को बनाया है जो अरबी हर्फ़ों की सही आवाज़ को ज़ाहिर करते हैं । हर हर्फ़ की आवाज़ के लिए अलाहिदः अलाहिदः हर्फ़ मुक़र्रर किये हैं । हिंदी के मत्न में लफ़्ज़ों के वस्ल व फसल (सन्धि-विग्रह), साकिन व मुतहर्रिक, (हलन्त और सस्वर), क़ल्ब व इदग़ाम वग़ैरह में क़ुरआन मजीद के मामूर व मंक़ूल रस्मुलखत के तरीक़-ए-तहरीर व तिलावत की पाबन्दी की है और रुमूज़े औक़ाफ़ (विरमाविरम चिह्न) की रायज अलामतें भी अरबी में किताबत (लिखाई) की गई है ताकि उस को कोई क़ुरआन का हिस्सा समझ कर न पढ़ने लगे अलावा इसके रुबअ, निस्फ़, सुल्स, रुकूअ और सज्दः वग़ैरः के लिए भी अलामतें दी गई हैं । हिंदी में अरबी के मुताबिक़ तिलावत (पाठ) करने के लिए क़ायदे बयान किये गये हैं । हरूफ़ के सही मखारिज (शब्द की सही आवाज़ निकालने) का तरीक़ा भी तफ़्सील (detail) से दिया गया है ताकि हिंदी मत्न भी अरबी के सही तलफ़्फ़ुज़ के साथ पढ़ा जा सके और उस के पढ़ने का अंदाज़ अरबी के तर्ज़े अदा (तरीक़े) के मुताबिक़ हो । मत्न वाले पेज पर हिंदी के मत्न के साथ अरबी मत्न का सफ़ा (पन्ना) भी छोटा (Reduce) करके रखा गया है ताकि कभी कोई हिंदी देवनागरी मत्न को अरबी से मिलाना चाहे तो मिला भी सके । बेहतर होगा कि पाठक (क़ारी "पढ़ने वाला") किसी अरबीदां (अरबी जानने वाले) के सामने दो चार बार पढ़ कर अपना उच्चारण दुरुस्त कर लें ताकि पढ़ने में कोई ग़लती न रह जाये ।

इसमें कोई शक नहीं कि यह काम बड़ा दुश्वार (कठिन) था जिसके लिए हमने मुख़्तलिफ़ उलमा-ए-किराम की ख़िदमात हासिल की शुरू में मौलाना कौसर यज़दानी साहिब से रब्त रहा लेकिन किसी वजह से वह वक़्त न दे सके । इस क़ुरआन मजीद का टाइटल पेज क़ुरआन छपने से पहले छप चुका था इसलिए टाईटल पेज पर मौलाना कौसर साहब का नाम भी है अलावा इस के इस की तस्हीह की तरफ़ खास तवज्जह (ध्यान) दिया गया है और कई हाफ़िज़े क़ुरआन और उलमा-ए-किराम ने इसकी तस्हीह (Proof Reading) की है । साथ ही शुरू में ३४ पन्नों पर क़ुरआन मजीद से मुतअल्लिक़ (संबंधित) ज़रूरी मालूमात (जानकारी) का एक जामेअ (बड़ा) मुक़द्दमा है जिसमें क़ुरआन को

सही उच्चारण से पढ़ने का तरीक़ा और दीगर ज़रूरी मालूमात दर्ज हैं कि क़ुरआन मजीद किस तरह उतरा, कितने दिनों में उतरा और उस की हिफ़ाज़त (सुरक्षा) का अल्लाह् तआला ने क्या इन्तज़ाम (बंदोबस्त) किया है अलावा इसके पैग़म्बरे इस्लाम हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम की ज़िंदगी के मुकम्मल हालात भी दे दिए गये हैं ताकि इस मुबारक किताब को पढ़ने से पहले यह समझा जा सके कि जिस पैग़म्बर पर यह किताब उतरी है उसकी ज़िंदगी कैसी थी। हमें उम्मीद है कि हिंदी पढ़ने वाले इस से फ़ायदा हासिल करेंगे और उलेमा से गुज़ारिश है कि वह अपने मशिवरों से नवाज़ें, साथ में पाठकों (पढ़ने वालों) से भी निवेदन है कि तिलावत (पाठ) के वक़्त कोई ग़लती या कमी देखें, तो मेहरबानी करके हमें लिखें ताकि उसे सही किया जा सके।

इस हिंदी क़ुरआन मजीद कीं तरतीब, तस्हीह वग़ैरह में जिन हज़रात ने हमारी मदद की उन के नाम यह हैं—

१. मौलाना अब्दुल मजीद सर्वर साहिब (मालेगांव)
२. मौलाना खालिद हुसैन सिद्दीक़ी साहिब (ज़िला बस्ती)
३. मौलाना इमरान क़ासमी साहिब (दिल्ली)
४. मौलाना शुऐब इदरीस साहिब (बम्बई)
५. हाफ़िज़ हसनेन साहिब (दरभंगा)
६. हाफ़िज़ वारीस साहिब (दिल्ली)
७. नासिर खां (दिल्ली)

उम्मीद है कि हिंदी में हमारी यह कोशिश अल्लाह तआला क़ुबूल फ़रमाएगा और उन तमाम लोगों को इस का अज्र देगा जिन्होंने इस काम में हमारी मदद की है या मशिवरा दिया है।

—प्रकाशक
सैयद महमूद क़ादरी

नोट : अनुवाद में जो शब्द ब्रेकेट ( ) में हैं वह अरबी उर्दू के शब्दों के हिंदी अनुवाद के मतलब को खुलासा करने के लिए दिया गया है।

क़ुरआन मजीद के फ़ज़ाइल (लाभ)

नबी करीम सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम का इर्शाद है, मेरी उम्मत की सबसे अफ़ज़ल (श्रेष्ठ) इबादत क़ुरआन मजीद की तिलावत है। अह्ले क़ुरआन (क़ुरआन पढ़ने वाले) ख़ास अल्लाह वाले होते हैं। तुम में से बेहतर वह है जो क़ुरआन सीखे और सिखाये।

तिर्मिज़ीशरीफ़ में इब्ने मसूऊद रज़ियल्लाहु अन्हु से रिवायत है कि अल्लाह के रसूल सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया कि जिसने क़ुरआन मजीद का एक हर्फ़ (अक्षर) पढ़ा, तो उसको एक नेकी मिलेगी, जो दूसरे कामों की दस नेकियों के बराबर होगी। अल्लाह तआला क़ुरआन मजीद पढ़ने वाले की ओर सबसे पहले मुतवज्जह होता (यानी ध्यान देता) है। तुम क़ुरआन मजीद पढ़ा करो क्योंकि क़ुरआन मजीद क़ियामत के दिन अपने पढ़ने वालों की शफ़ाअत (सिफ़ारिश) करेगा।

तिर्मिज़ी शरीफ़, सुनने दारमी और बैहक़ी में अबू सईद रज़ियल्लाहु अन्हु से रिवायत है कि अल्लाह के रसूल सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया, ख़ुदा फ़रमाता है कि जिस को क़ुरआन की तिलावत ने मेरी याद से और मुझ से अपनी हाजतों के मांगने से रोका, तो मैं तमाम मांगने वालों से ज़्यादा उस की हाजतों और दिल की मुरादों को ख़ुद ही पूरा करूंगा (यानी बे-मांगे,) क्योंकि अल्लाह के कलाम की फ़ज़ीलत (बड़ाई) दूसरे कलामों पर ऐसी है, जैसे ख़ुदा की फ़ज़ीलत मख़्लूक़ पर।

सुनने दारमी शरीफ़ में नबी-ए-करीम सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम का इर्शाद है कि अगर क़ुरआन मजीद किसी खाल में हो, तो वह खाल आग में नहीं जल सकती। खाल से मुराद मोमिन का दिल है। अगर इस में क़ुरआन मजीद हो, दोज़ख़ के अज़ाब से बचा रहेगा। हदीसों में क़ुरआन मजीद के अनगिनत फ़ज़ाइल (लाभ) हैं, जो यहां बयान से बाहर है।

क़ुरआन मजीद की अज़्मत (बड़ाई), बुज़ुर्गी और उसकी फ़ज़ीलत के लिए इतना काफ़ी है कि यह दुनिया के पैदा करने वाले ख़ुदा का कलाम है तमाम ऐबों और कमज़ोरियों से पाक और साफ़ है। इसकी फ़साहत और बलाग़त तमाम दुनिया ने मान ली है। बड़े-बड़े फ़साहत और बलाग़त के दावेदार इस जैसे दो-तीन जुमले (वाक्य) भी सदियों (सैकड़ो साल) की कोशिशों के बावजूद न बना सके। खुले आम एलान भी किया गया, जोश दिलाने वाले खिताब से कहा गया कि, 'अगर तुम इसके ख़ुदाई कलाम (ईश्वरीय वाणी) होने में शक करते हो और इसको इंसानी कलाम समझते हो, तो तुम इस जैसी छोटी से छोटी सूरः बना लाओ और तमाम ख़ास व आम (ज्ञानी व अज्ञानी) को जमा करो, हरगिज़ न बना सकोगे हरगिज़ न बना सकोगे। क़ुरआन मजीद में सूरः बनी इस्राईल में, पारा १५, रुकूअ १०, आयत न० ८८-८९ में अल्लाह तआला फ़रमाता है—

अनुवाद—'कह दो कि अगर इंसान और जिन्न इस बात पर जमा हों कि इस क़ुरआन जैसा बना लाएं, तो इस जैसा न ला सकेंगे, अगरचे वे एक दूसरे के मददगार हों और हमने इस क़ुरआन में हर तरह की मिसालें (उदाहरण), बयान करके बात ठीक तरीक़े से बता दी। मगर ज़्यादा लोगों का यह हाल है कि बिना इन्कार किए उनसे रहा न गया। जिन्नों की क़ौम ने जब इस चमत्कारी कलाम को सुना तो बे-झिझक कह उठे कि—'इन्ना समिअ़ना क़ुरआनन् अजबय् यह्दी इलर्रुश्दि फ-आ मन्ना बिही व लन्नुश्रि-क बिरब्बिना अहदा० अर्थात-बेशक हमने एक अजीब क़ुरआन सुना जो नेकी की तरफ़

हिदायत करता है हम इस पर ईमान लाए और अपने पालनहार का किसी को साझीदार हर्गिज़ न समझेंगे।'

स्वयं अल्लाह तआला इस पवित्र क़ुरआन की तारीफ़ (प्रशंसा) करता है फिर हम लोगों की ज़ुबान व क़लम में क्या ताक़त है कि इसकी खूबियों और बरकतों का एक अंश भी बयान कर सकें।

क़ुरआन मजीद के उतरने और संग्रह व संकलन के हालात

क़ुरआन मजीद एक पवित्र किताब है जो अन्तिम नबी हज़रत मुहम्मद सल्ल० पर उतारी गयी। यह अर्श कुर्सी के मालिक का कलाम है जो उसने स्वयं एक बरगुज़ीदा पैग़म्बर और मुक़र्रब (सबसे ज्यादा लोकप्रिय) बन्दे पर नाज़िल किया। इस्लाम का आधार इसी आसमानी फ़रमान (आदेश) पर है जिसने अनुपालन किया वह इस्लाम के दायरे में दाख़िल हुआ और जिसने ज़रा भी अवज्ञा की वह इस पाकीज़ा जमाअत (इस्लाम) से अलग हो गया और अल्लाह के बाग़ियों में शामिल हुआ। जब नबी-ए-करीम सल्ल० की उम्र शरीफ़ ४० साल की हुई उस समय आप को नबुवत प्रदान की गयी और रिसालत का ताज आप के सर पर रखा गया। इसी ज़माने से क़ुरआन के उतरने की शुरूआत हुई। यदा कदा यथा ज़रूरत के अवसर पर थोड़ा-थोड़ा २३ साल तक नाज़िल होता रहा है। अगली किताबों की तरह पूरा एक ही बार में नहीं उतरा (हज़रत मूसा अलैहि० पर तौरात, हज़रत ईसा अलैहि० पर इंजील और हज़रत दाऊद अलैहि० पर ज़ूबूर ये सब किताबें तो एक ही बार में उतारी गयीं और सौभाग्य से ये सब किताबें रमज़ान ही के महीने में उतरीं)

सही यह है कि आप (सल्ल०) की नुबूवत के बाद रमज़ान की शबे-क़द्र में पूरा क़ुरआन मजीद लौहे महफ़ूज़ (अल्लाह के पास से) से उस आसमान पर जिसे हम देख रहे हैं अल्लाह के हुक्म से उतारा गया और इसके बाद हज़रत जिब्रील अलैहि० को जिस समय जिस क़दर हुक्म हुआ उन्होंने पवित्र कलाम को बिल्कुल वैसा ही बिना किसी परिवर्तन या कमी-बेशी के नबी सल्ल० तक पहुंचाया। कभी दो आयतें, कभी तीन आयतें और कभी एक आयत से भी कम, कभी दस-दस आयतें और कभी पूरी-पूरी सूरतें। इसी को शरीअत में वह्य कहते हैं। उलमा (विद्वानों) ने वह्य के विभिन्न तरीक़े हदीसों से पेश किए हैं।

१—फ़रिश्ता वह्य लेकर आए और एक आवाज़ घंटी जैसी मालूम हो। यह स्थिति अनेक हदीसों से साबित है और यह क़िस्म वह्य की सभी क़िस्मों में सख्त थी। बहुत कष्ट नबी सल्ल० को होता था यहां तक कि आपने फ़रमाया कि जब कभी ऐसी वह्य आती है तो मैं समझता हूं कि अब जान निकल जाएगी।

२—फ़रिश्ता दिल में कोई बात डाल दे।

३—फ़रिश्ता आदमी के रूप में आ कर बात करे। यह क़िस्म बहुत आसान थी इसमें कष्ट न होता था।

४—अल्लाह तआला जागते में नबी सल्ल० से कलाम फ़रमाए जैसा कि शबे मेअराज (मेअराज की रात) में।

५—अल्लाह तआला सपने की हालत में कलाम फ़रमाए। यह क़िस्म भी सही हदीसों से साबित है।

६—फ़रिश्ता सपने की हालत में आकर कलाम करे। मगर अन्तिम दो क़िस्मों से क़ुरआन मजीद खाली है। पूरा क़ुरआन जागने की स्थिति में नाज़िल हुआ। अगरचे कुछ उलमा ने सूर: कौसर को आख़िरी क़िस्म से माना है लेकिन तहक़ीक़ करने वालों ने इसको रद्द कर दिया है और उन के (शक) संदेह का उचित जवाब दे दिया है। (इतक़ान)

क़ुरआन मजीद के बदफ़आत (कई बार) नाज़िल होने में यह भी हिक्मत थी कि इस में कुछ आयतें वे थीं जिन का किसी समय रद्द कर देना अल्लाह को मंजूर था। क़ुरआन मजीद में तीन प्रकार के मंसूख़ात हुए हैं। कुछ वे जिनका हुक्म भी मंसूख़ (रद्द) और तिलावत भी मंसूख़।

पहली मिसाल

لَوْ كَانَ لِابْنِ اٰدَمَ وَادِيًا مِّنْ مَّالٍ لَاَحَبَّ اَنْ يَّكُوْنَ اِلَيْهِ الثَّانِيْ وَلَوْ كَانَ لَهُ الثَّانِيْ لَاَحَبَّ

اَنْ يَّكُوْنَ اِلَيْهِمَا الثَّالِثُ وَلَا يَمْلَاُ جَوْفَ ابْنِ اٰدَمَ اِلَّا التُّرَابُ وَيَتُوْبُ اللّٰهُ عَلٰى مَنْ تَابَ

सूर: लम यकुन में—'लव का-न लि इब्ने आ-द-म व दिय्यम मिम्मालिन् ल-अहब्-ब अंय्यकू-न इलय्हिस्सानी व लव का-न लहुस्सानी ल-अहब्-ब अंय्यकू-न इलय्हिमस्सालिसु व ला यमं लऊ जव्फ़ब्नि आ-द-मा इल्लत्ताराबु व यतूबुल्लाहु अला मन ता-ब' भी था।

दूसरी मिसाल

दुआ-ए-कुनूत भी क़ुरआन की दो सूर: थी। कुछ वे हैं जिन की तिलावत मंसूख़ हो गयी मगर हुक्म बाक़ी है जैसे कि आयते रजम, कि हुक्म इस का बाक़ी है मगर तिलावत इस की नहीं होती। ये दोनों क़िस्में क़ुरआन से निकाल दी गयी हैं और इनका लिखना भी क़ुरआन मजीद में जायज़ नहीं है। कुछ वे हैं जिन की तिलावत बाक़ी है मगर हुक्म मंसूख़ हो गया है। यह क़िस्म क़ुरआन मजीद में दाख़िल है और इस की बहुत-सी मिसालें हैं। कुछ लोगों ने मुस्तक़िल किताबों में इन को जमा किया है। तफ़्सीर (टीका) के फ़न (कला) में उन से बहुत बहस होती है मगर यहां उन की तफ़्सील (विवरण) का अवसर नहीं। (तफ़्सीर इतक़ान)

जब शाफ़ओ क़यामत (क़यामत के दिन सिफ़ारिश करने वाले) और उम्मत को पनाह देने वाले हुज़ूर सल्ल० ने रफ़ीक़े आला जल्ल मुजद्दहू की रहमत में सकूनत अख़्तियार फ़रमाई और वह्य का उतरना बंद हो गया। क़ुरआन मजीद किसी किताब में, जैसाकि आजकल है जमा नहीं था अलग-अलग चीज़ों पर सूरतें और आयतें लिखी हुई थीं और वे अलग-अलग लोगों के पास थीं। अधिकांश सहाबा को क़ुरआन मजीद पूरा ज़बानी याद था। सब से पहले क़ुरआन मजीद को एक जगह जमा करने का ख़्याल हज़रत अमीरुल मोमिनीन फ़ारूक़ आज़म रज़ि० के दिल में पैदा हुआ और अल्लाह ने उन के ज़रिए से अपने इस सच्चे वायदे को पूरा किया जो अपने पैग़म्बर से किया था अर्थात क़ुरआन मजीद के हम हाफ़िज़ हैं इस का जमा करना और हिफ़ाज़त करना हमारे ज़िम्मे है। यह ज़माना हज़रत अमीरुल मोमिनीन सिद्दीक़ अकबर रज़ि० की ख़िलाफ़ते राशिदा का था। हज़रत फ़ारूक़ रज़ि० ने उन की सेवा में अर्ज़ किया कि क़ुरआन के हाफ़िज़ शहीद होते जा रहे हैं और बहुत से यमामा की जंग में शहीद हो गए। मुझे डर है कि यदि यही हाल रहेगा तो बहुत बड़ा हिस्सा क़ुरआन मजीद का हाथ से जाता रहेगा।

अतः मैं उचित समझता हूँ कि आप इस तरफ़ तवज्जोह दें और क़ुरआन मजीद के जमा करने का प्रबन्ध करें। हज़रत सिद्दीक़ ने फ़रमाया कि जो काम नबी सल्ल० ने नहीं किया उस को हम कैसे कर सकते हैं ? हज़रत उमर फ़ारूक़ ने अर्ज़ किया कि खुदा की क़सम यह बहुत अच्छा काम है। फिर कभी-कभी हज़रत फ़ारूक़ रज़ि० इस की याद दिलाते रहे यहां तक कि हज़रत सिद्दीक़ रज़ि० के दिले मुबारक में भी यह बात जम गयी। उन्होंने ज़ैद बिन साबित रज़ि० को तलब किया और यह सब क़िस्सा बयान करके फ़रमाया कि क़ुरआन मजीद को जमा करने के लिए मैंने आप को चुना है, आप कातिबे वह्य (वह्य को लिखने वाले) थे और जवान व नेक हैं। उन्होंने भी वही बात कही कि जो काम नबी सल्ल० ने नहीं किया, उस को हम लोग कैसे कर सकते हैं ? अन्त में वह भी राज़ी हो गए और उन्होंने बड़े अहतमाम (बहुत प्रबन्धित ज़िम्मेदारी) से क़ुरआन मजीद को जमा करना शुरू किया।

ज़ैद बिन साबित रज़ि० को चुने जाने की वजह उलमा ने यह लिखी है कि हर साल रमज़ान में हज़रत जिब्रील अलैहिस्सलाम से नबी सल्ल० क़ुरआन मजीद का दौर (पढ़ कर सुनना) किया करते थे और इंतक़ाल के साल में दो बार क़ुरआन मजीद का दौर हुआ और ज़ैद बिन साबित रज़ि० इस अन्तिम दौरे में शरीक थे और इस अन्तिम दौरे के बाद फिर कोई आयत मंसूख (रद्द) नहीं हुई। जितना क़ुरआन इस दौरे में पढ़ा गया, वह सब बाक़ी रहा अतः उनको उन आयतों का ज्ञान था जिनकी तिलावत मंसूख हुई थी। (शरह सुन्न.)

जब क़ुरआन मजीद सहाबा रज़ि० के प्रबन्ध से जमा हो चुका, हज़रत फ़ारूक़ रज़ि० ने अपनी खिलाफ़त के ज़माने में उस की नज़र सानी (दोबारा देखना) की और जहां कहीं किताबत (लिखने में) ग़लती हो गयी थी उस को ठीक किया। सालों इस चिन्ता में रहे और कभी-कभी सहाबा रज़ि० से मुनाज़िरा भी किया। कभी सेहत इसी मक्तूब (लिखा हुआ) की ज़ाहिर होती थी, कभी इस के खिलाफ़, तो फ़ौरन उस को सही कर देते थे फिर जब ये सब दर्जे तै हो चुके तो हज़रत फ़ारूक़ रज़ि० ने इस के पढ़ने-पढ़ाने की सख़्त व्यवस्था की और हाफ़िज सहाबा रज़ि० को दूर के देशों में क़ुरआन व फ़िक़्ह की शिक्षा के लिए भेजा, जिस का सिलसिला हम तक पहुंचा।

सच यह है कि हज़रत फ़ारूक़ रज़ि० का एहसान इस बारे में पूरी उम्मते मुहम्मदिया (मुसलमानों) पर है। उन्हीं की बदौलत आज हमारे पास क़ुरआन मौजूद है और हम उसकी तिलावत से लाभ उठाते हैं। इस एहसान की मकाफ़ात (बदला) किस से हो सकती है। ऐ अल्लाह ! अपने रिज़वान (ज्ञान) की खलअतें (इनाम) उन को प्रदान कर और खलअत व करामात का ताज उन के मुक़द्दस सर पर रख। आमीन।

फिर हज़रत उस्मान रज़ि० ने इस एहसान को और भी कामिल (पूरा) कर दिया। अपनी खिलाफ़त के ज़माने में उन्होंने इस मसहफ़ शरीफ़ (क़ुरआन) की सात नक़लें (प्रतियां) करा कर दूर-दूर के देशों में भेज दीं। और तिलावत क़िरआत (क़ुरआन पाठ करने के तरीक़ों) की वजह से जो मतभेद और झगड़े हो रहे थे और एक दूसरे की क़िरआत को हक़ के खिलाफ़ और ग़लत समझा जाता था, इन सब झगड़ों से इस्लाम को पाक कर दिया। केवल एक क़िरअत पर सब को सहमत कर दिया। अब अल्लाह के शुक्र से एक मज़बूत किताब मुसलमानों के पास है। कोई मज़हब दुनिया में इसकी मिसाल नहीं ला सकता। इन्जील व तौरात की हालत नाज़ुक है उनमें वह कमी-बेशी हुई कि खुदा की पनाह। क़ुरआन की निस्बत (बारे में) विरोधियों को भी इक़रार है कि यह वही किताब है जिसकी निस्बत मुहम्मद सल्ल० ने खुदा का कलाम होने का दावा किया था इस में किसी क़िस्म की कमी ज्यादती उनके बाद नहीं हुई। वल्हम्दु लिल्लाह अल। जालिक

क़ुरआन मजीद में आयतों व सूरतों की तरतीब जो इस ज़माने में है यह भी सहाबा रज़ि० ने दिया है मगर न अपनी राय व अनुमान में से, बल्कि नबी सल्ल० जिस तरतीब (ढंग) से पढ़ते थे और जो तरतीब उस मुबारक दौर में थी उसके थोड़ा भी ख़िलाफ़ नहीं किया, केवल दोसूरतोंकी तरतीब अलबत्ता सहाबा रज़ि० अपने क़यास (अनुमान) से दी है। सूर: बराअत और अन्फ़ाल, तो यह भी निश्चय भी लोहे महफ़ूज़ के ख़िलाफ़ न होगी।जिसका मुहाफ़िज़ इस क़दर क़ादिर व क़वी(शक्तिशाली) हो उस में उसकी तरतीब भी इच्छा के ख़िलाफ़ नहीं हो सकती।

कुछ और सहाबा जैसे इब्ने मसऊद रज़ि० और अबी बिन कअब रज़ि० ने भी क़ुरआन मजीद को जमा किया था। किसी की तरतीब उतरने के मुताबिक़ थी किसी की और किसी तरह। जगह-जगह वे आयतें जिनकी तिलावत मन्सूख़ थी भी इनमें किसी उद्देश्य से शामिल थी। कहीं-कहीं तफ़्सीरी शब्द उनमें लिखे हुए थे। इन सब मुसहफ़ों (नुस्ख़ों) को हज़रत उस्मान रज़ि० ने ले लिया वर्ना आगे चल कर इनकी वजह से सख़्त मतभेद पैदा होता। इसके अलावा यह सहमति शक्ति जो इस मसहफ़ के जमा करने में थी इन मुसहफ़ों में कहां। वह केवल एक ही व्यक्ति की मेहनत का नतीजा थे इस वजह से और भी ख़राबियां उनमें होंगी।

सहाबा रज़ि० के ज़माने में कुरआन मजीद में सूरतों के नाम, पारों के निशान आदि कुछ न थे, बल्कि अक्षरों पर बिन्दु (नुक़्ते) भी न दिए गए थे बल्कि कुछ सहाबा इसको बुरा समझते थे। वे चाहते थे कि मुसहफ़ में सिवाए क़ुरआन के और कोई चीज़ न लिखी जाए। अब्दुल मलिक के ज़माने में अबुल असवद या हज़रत हसन बसरी रह० ने उस में नुक़ते बनाये और सूर: और पारों के नाम भी लिख दिए गये। उलमा इन सब चीज़ों के कारणों (जवाज़) पर सहमत हैं इस लिए कि ये ऐसी कोई चीज़ नहीं है, जिनके क़ुरआन होने का संदेह हो और मना उन चीज़ों का लिखना है जिनका क़ुरआन होने का शक (संदेह) पड़े।

ख़लूसेनीयत (सही नीयत) व क़ुरआन की तिलावत के आदाब

बुखारी व मुस्लिम में हज़रत उमर बिन ख़त्ताब रज़ि० से रिवायत है कि रसूलुल्लाह सल्ल० ने फ़रमाया, हर अमल का आधार नीयत पर है और हर व्यक्ति को वही मिलेगा जिसकी उसने नीयत की है। तिलावत के समय वुज़ू के बाद पाक जगह में क़िब्ले की ओर हो कर यह ख़्याल करता हुआ तिलावत करे कि मैं तमाम मख़्लूक़ (जीव) के पैदा करने वाले का कलाम पढ़ रहा हूं जिसके अधिकार में मेरी जान है और रिज़्क के अस्बाब हैं। तिलावत को बिस्मिल्लाह से शुरू करे। बशारत (ख़ुशख़बरी) वाली आयतों पर ख़ुश हो और अज़ाब वाली आयतों पर रोए, या कम से कम रोना न आए तो रोने की सूरत बनाए। अगर बे वुज़ू हो तो ग़िलाफ़ (क़ुरआन जिस कपड़े में लिपटा होता है) या किसी और कपड़े से क़ुरआन को हाथ लगाए कि ऐसी सूरत में बिना इसके क़ुरआन को हाथ लगाना जाईज़ नहीं है। मगर बिना वुज़ू क़ुरआन का पढ़ना जायज़ है। तमाम उलमा की सहमति है कि बिना ग़ुस्ल किए अर्थात जनाबत की हालत वाले मर्द या हैज़ व निफ़ास वाली औरत को क़ुरआन का पढ़ना हराम है।

हज़रत आइशा रज़ि० नबी सल्ल० की कैफ़ियत बयान फ़रमाती हैं कि आप हर हाल में तिलावत फ़रमाया करते थे, वुज़ू की हालत में भी, बिना वुज़ू की हालत में भी, हां अलबत्ता जनाबत की हालत में न करते थे।

क़ुरआन मजीद की तिलावत में एक ख़ास समय तै कर लेना भी सही है। अधिकांश सहाबा फ़ज्र की नमाज़ के बाद क़ुरआन मजीद पढ़ा करते थे। समय तै कर लेने में नाग़ा (वक़्फ़ा) भी नहीं होता।

सही यह है कि क़ुरआन मजीद की तिलावत और पढ़ने के लिए किसी उस्ताद से इजाज़त लेना या उसको सुनाना शर्त नहीं है, हां इतना ज़रूरी है कि क़ुरआन मजीद सही पढ़ता हो। यदि इतनी योग्यता अपने में न देखे तो उसको ज़रूरी है कि किसी उस्ताद को सुना दे, या उस से पढ़ ले। (इतक़ान)

यह भी शर्त नहीं है कि क़ुरआन मजीद के मायने (अर्थ) समझ लेता हो। और यदि क़ुरआन मजीद में एराब (मात्राएं) न हों तब भी उसके सही एराब पढ़ लेने पर क़ादिर (सामर्थ) हो।

सही यह है कि क़ुरआन मजीद की तिलावत की नेमत केवल इन्सान को दी गयी है, शैतान आदि इसकी तिलावत पर क़ादिर नहीं है, बल्कि फ़रिश्तों को भी यह नेमत नसीब नहीं हुई। वे भी इस आशा में रहते हैं कि कोई इन्सान तिलावत करे और वे सुनें। हां मोमिन जिनको अलबत्ता यह नेमत मिली है और वे तिलावत पर क़ादिर (सामर्थ) हैं (नफ़तुल मरजान-इतक़ान)

शायद इससे हज़रत जिब्रील अलैहि० अलग हों, इस लिए कि उनकी निस्बत (बारे में) हदीसों में आया है कि हर रमज़ान में नबी सल्ल० से क़ुरआन मजीद का दौर किया करते थे और हाफ़िज़ इब्ने हजर अस्क़लानी रह० ने फ़तहुल बारी में व्याख्या कर दी है कि कभी वे पढ़ते थे और हज़रत (सल्ल०) सुनते थे और कभी आप (सल्ल०) पढ़ते थे और वे (जिब्रील अलैहि०) सुनते थे। (वल्लाहु आलम)

मस्नून है कि पढ़ने वाला शुरू करने से पहले,

'अऊज़ुबिल्लाहि मिनश्शैतानिर्रजीम- أَعُوذُ بِاللَّهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيمِ

-बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीम' ० بِسْمِ اللَّهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيمِ

पढ़ ले और यदि पढ़ने के दौरान कोई दुनिया की बात करे तो उसके बाद फिर इसको पढ़ ले।

क़ुरआन मजीद की तिलावत मुसहफ़ (क़ुरआन) में देखकर ज़्यादा सवाब रखती है बजाए ज़बानी पढ़ने के। इस लिए कि वहां दो इबादतें होती हैं एक तिलावत, दूसरे क़ुरआन मजीद का दीदार (दर्शन)।

क़ुरआन मजीद पढ़ने की हालत में कोई बात करना या और किसी ऐसे काम में लगना जो दिल को दूसरी तरफ़ फेरे मकरूह है। क़ुरआन मजीद पढ़ते समय अपने को पूरी तरह उसी की तरफ़ लगा दे, न यह कि ज़बान से शब्द जारी हों और दिल में इधर-उधर के ख़्याल।

क़ुरआन मजीद की हर सूरः के शुरू में बिस्मिल्लाह कह लेना मुस्तहब (बेहतर) है। मगर सूरः बराअत के शुरू में बिस्मिल्लाह न पढ़ना चाहिए। पारा व अलम् में जो सूरः तौबा 'बरा अतुम्मिनल्लाहि' से शुरू है इस पर बिस्मिल्लाह नहीं लिखी है इस का हुक्म यह है कि यदि कोई ऊपर से पढ़ता चला आता है तो इस पर पहुंच कर बिस्मिल्लाह न पढ़े, वैसे ही शुरू कर दे और यदि किसी ने इसी जगह से शुरू किया है या कुछ सूरः पढ़ कर पढ़ना बन्द कर दिया था फिर बीच में से पढ़ना शुरू किया तो इन दोनों हालतों में बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीम पढ़ना चाहिए।

बेहतर यह है कि क़ुरआन मजीद की सूरतों को उसी तरतीब से पढ़े जिस तरतीब से क़ुरआन मजीद में लिखी हैं, हां बच्चों के लिए आसानी के उद्देश्य से सूरतों का बिना तरतीब पढ़ाना, जैसा कि आजकल पारा अम्-म य-त-सा अलून में क़ायदा है बिना कराहत जायज़ है। (रद्दुल मुहतार)

और आयतों का बिना तरतीब पढ़ना आम सहमति से मना है। (इतक़ान)

क़ुरआन मजीद की विभिन्न सूरतों की आयतों को एक साथ मिला कर पढ़ने को उलेमा ने मकरूह लिखा है इस वजह से कि हज़रत बिलाल रज़ि० को आप (सल्ल०) ने इस से मना फ़रमाया था। (इतक़ान आदि)

मगर मेरे ख्याल में यह कराहत (मनाही) उस समय होगी जब इन आयतों की तिलावत सवाब की वजह से हो। इस लिए कि झाड़-फूंक के वास्ते विभिन्न आयतों का एक साथ पढ़ना नबी सल्ल० और उन के सहाबा से सही तरह से साबित है और हर एक आयत के गुण अलग-अलग हैं अत: जो खास असर हमें दरकार है वह जिन-जिन आयतों में होगा हम को उन का पढ़ना जरूरी है।

क़ुरआन मजीद अत्यन्त मधुर आवाज़ से पढ़ना चाहिए जिस से जितना हो सके। सही हदीसों में आया है कि नबी सल्ल० ने फ़रमाया कि जो व्यक्ति क़ुरआन मजीद मधुर आवाज़ से न पढ़े, वह हम में से नहीं है। (दारमी) मगर जिस की आवाज़ ही अच्छी न हो वह मजबूर है। और क़ुरआन क़िरअत के क़ायदों से पढ़ना चाहिए। राग से पढ़ना और गाना क़ुरआन मजीद का सहमत रूप से मकरूहे तह-रीमी है। क़ुरआन मजीद ठहर-ठहर कर पढ़े। जल्दी-जल्दी पढ़ना भी मकरूह है।

जो व्यक्ति क़ुरआन मजीद के मायने समझ सकता हो उस को क़ुरआन मजीद पढ़ते समय उस के मायनों पर ग़ौर करना और हर मज़मून (विषय) के मुताबिक़ अपने में उस का असर पैदा करना सुन्नत है। जैसे, जब कोई व्यक्ति ऐसी आयत पढ़े जिसमें अल्लाह पाक की रहमत का ज़िक्र हो तो रहमत मांगे और अज़ाब का ज़िक्र हो तो पनाह मांगे। कोई जवाब मांगने वाला मज़मून हो तो उसका जवाब दे। जैसे हज़रत नबी सल्ल० सूर: वत्तीन के अन्त में जब पहुंचते तो 'बला व अना अला ज़ालि-क मिनश्शाहिदीन' पढ़ लेते (तिर्मिज़ी) या सूर: क़ियामत के अन्त में जब पहुंचते तो फ़रमाते कि—'बला' (तिर्मिज़ी) सूर: फ़ातिहा को जब खत्म करते तो आमीन कहते। लेकिन यह जवाब देना या दुआ मांगना उस समय मसनून है कि क़ुरआन मजीद फ़र्ज़ नमाज़ में या तरावीह में न पढ़ा जाता हो। यदि फ़र्ज़ या तरावीह में पढ़ा जाता हो तो फिर जवाब न देना चाहिए। (रद्दुल मुख्तार)

क़ुरआन मजीद पढ़ने की हालत में रोना मुस्तहब है। यदि रोना न आए तो अपनी संगदिली (पत्थरदिली) पर अफ़सोस करे।

सूर: वज़्ज़ुहा के बाद से अन्त तक हर सूर: के खत्म होने के बाद अल्लाहु अक्बर कहना मुस्तहब हैं। क़ुरआन मजीद खत्म होने के बाद दुआ मांगना मुस्तहब है। इस लिए कि नबी सल्ल० से रिवायत है कि हर खत्म के बाद दुआ क़ुबूल होती है। (इतक़ान)

शबे क़द्र का बयान

हदीस से मालूम होता है कि शबे क़द्र रमज़ान शरीफ़ की अन्तिम ताक़ (दो से न कटने वाले हिन्द से) रातों, इक्कीसवीं से सत्ताइसवीं तक है (अल-ग़ैबु अिन्दल्लाह) लेकिन हम २७ रमज़ान की रात शबे क़द्र मानते हैं। यह बहुत बरकत वाली रात है। हमें चाहिए कि इस मुबारक और बरकत वाली रात में दिल की गहराई व नेकनीयत के साथ क़ुरआन की तिलावत करें और अल्लाह से दुआ मांगे क्योंकि इस रात को हर बात का फ़ैसला होता है हर एक जानदार की जान व मौत, रिज़्क़ का अंदाज़ा होता है कि इतना शेष और इतना खत्म हो चुका है। बुखारी व मुस्लिम शरीफ़ में इब्ने उमर रज़ि० से रिवायत है कि अल्लाह के रसूल सल्ल० ने फ़रमाया कि क़ाबिले रश्क वह आदमी हैं कि जो रात और दिन के समय में क़ुरआन की तिलावत करता है। शबे मेअराज और शबे बराअत में भी क़ुरआन मजीद की तिलवात और इबादत करना अफ़्ज़ल (अच्छा) है इससे दिल की मुरादें (इच्छाएं) पूरी होती हैं और दुआएं क़ुबूल होती हैं।

मनाज़िले क़ुरआन शरीफ़

क्रम सं०	सूरः	सूरः सं०	पृष्ठ सं०	पारः सं०	नाम पारः
१	अल-फ़ातिहः	१	१-१६२		
२	अल-माइदः	५	१६४-३२४	६	ला युहिब्बुल्लाह
३	यूनुस	१०	३२६-४४४	११	याअ तज़िरूना
४	बनी इस्राइल	१७	४४६-५७८	१५	सुब्हानल्लज़ी
५	अश शोअरा	२६	५८०-७०६	१९	वक़ालल्लज़ी-न
६	वस्साफ़्फ़ात	३७	७०८-८२०	२३	वमालि-य
७	क़ाफ़	५०	८२२-९७३	२६	हामीम

सजदाते तिलावत

क्रम सं०	पारा	सूरः	सजदे वाले शब्द	सजदे का स्थान	पृष्ठ सं०	आयत
१	९	अल आराफ़	यसजुदून	यसजुदून	२७६	२०६
२	१३	अर-रअद	वलिल्लाहि यस्जुदू	वल आसाल	३९६	१५
३	१४	अन-नह्ल	"	मा युअ् मरू-न	४३०	४९-५०
४	१५	बनी इस्राईल	यख़िररून लिलअ- -लकाने	ख़ुशूआ	४६४	१०७-१०९
५	१६	मरयम	ख़र्रु सुजदा	व बुकया	४८८	५८
६	१७	अल हज	यसजुद लहु	मा-यशा-अ	५२८	१८
७	१७	अल हज' शाफ़ईयों में	वसजुदू	तुफ़लिहून	५४०	७७
८	१९	अल फ़ुर्क़ान	असजुद्	नुफ़ूरा	५७८	६०
९	१९	नमल	अल्लाय सजुदू	रब्बिल अरशिल अज़ीम	६००	२५-२६
१०	२१	अस-सजदा	ख़र्रु असजुद	ला यस्तकबिरू-न	६६०	१५
११	२३	साद'	व ख़र्रु राकिआ	व अना-ब	७२२	२४
१२	२४	हामीम सजदा	वसजुद् लिल्लाहि	ला यसमऊना	७६४	३७-३८
१३	२७	अन-नजम	फस जुद्	वाअ बुद्	८४०	६२
१४	३०	अल-इन्शिक़ाक़	ला यहजुदू-न	ला यस जुद्ना	९४६	२१
१५	३०	अल अलक़	वसजुद	वक़तरिब	९६२	१९

१. इन दो सज्दों में मतभेद है। सूर: २२ आयत ७७ पर इमाम शाफ़ई रह० के नज़दीक सज्दा है लेकिन इमाम अबू हनीफ़ा रह० के नज़दीक नहीं है और सूर: ३८ आयत २४ पर इमाम अबू हनीफ़ा के नज़दीक सज्दा है लेकिन इमाम शाफ़ई के नज़दीक नहीं है। बहरहाल दोनों आलिमों के नज़दीक सज्दों की कुल तादाद १४ ही है।

क़ुरआन मजीद को कितने समय में ख़त्म किया जाए

अल्लाह के रसूल नबी सल्ल० ने फ़रमाया जिसने तीन दिन से कम में क़ुरआन मजीद ख़त्म किया वह कुछ न समझ सका। इमाम अबू हनीफ़ा से नक़ल है कि जिसने हर साल में दो बार क़ुरआन मजीद ख़त्म किया उसने हक़ अदा किया। इस लिए हज़रत (सल्ल०) ने वफ़ात (इन्तक़ाल) के साल में दो ही बार ख़त्म किया था। हज़रत अली रज़ि० फ़रमाते हैं कि उस इबादत (उपासना) में कुछ बेहतरी नहीं है जिसमें समझ न हो और न उस क़िरअत (पढ़ने में) में जिस में फ़िक्र (सोच) न हो। इमाम ग़ज़ाली रह० फ़रमाते हैं, अपने आप को क़ुरआन मजीद के ख़त्म करने की गिनती पर हावी न करो। बल्कि एक आयत का सोच कर पढ़ना सारी रात में दो क़ुरआन ख़त्म करने से बेहतर है।

हज़रत अबूज़र गिफ़ारी रज़ि० कहते हैं कि एक बार नबी सल्ल० हमारे साथ खड़े हुए तो आप (सल्ल०) यह आयत बड़ी देर तक पढ़ते रहे—

(इन तुअ़ज़्ज़िबहुम फ़ इन्नहुम अ़िबादुक)

हज़रत इब्ने उमर रज़ि० से रिवायत है कि नबी सल्ल० ने मुझे पांच दिन से कम समय में पूरा क़ुरआन मजीद ख़त्म करने की इजाज़त नहीं दी। (हदीस सही बुख़ारी)

तिलावत के सज्दों का बयान

सज्दए तिलावत उन्हीं लोगों पर अनिवार्य है जिन पर नमाज़ अनिवार्य है। क़ज़ा (छूट हुई) नमाज़ें, हैज़ (मासिक धर्म) वाली औरत पर वाजिब नहीं। अवैध (नाबालिग़) और ऐसे मजनूं (दीवाने) पर वाजिब नहीं जिसका जुनून (दीवानापन) एक दिन रात से ज़्यादा हो गया, चाहे उसके बाद ख़त्म हो या नहीं। जिस मजनूं का जुनून (दीवानापन) एक दिन रात से कम रहे, उस पर वाजिब है। इसी तरह मस्त और जुनबी (वह व्यक्ति जिस पर ग़ुस्ल वाजिब हो) पर भी।

तिलावत के सज्दे के सही होने की वही सब शर्तें हैं जो नमाज़ के सही होने की हैं अर्थात तहारत (पाकी) और सतर (अर्थात आवश्यक अंगों को ढाकना) और नीयत व क़िब्ले का सही होना। तहरीमा (तक्बीर) इसमें शर्त नहीं है। इसकी नीयत में आयत का तअय्युन (निर्धारण) शर्त नहीं कि यह सज्दा फ़लां आयत के कारण से है और यदि नमाज़ में सज्दे की आयत पढ़ी जाए और तत्काल सज्दा किया जाए तो नीयत भी शर्त नहीं। (रद्दुल मुहतार)

जिन चीज़ों से नमाज़ फ़ासिद (ख़राब) हो जाती है उन चीज़ों से सज्दए सह्व (भूल का सज्दा) में भी ख़राबी आ जाता है और फिर इसका इआदा (दोबारा करना) वाजिब (अनिवार्य) हो जाता है हां इस क़दर अन्तर है कि नमाज़ में क़हक़हा से वुज़ू टूट जाता है और इसमें क़हक़हे से वुज़ू नहीं टूटता और औरत की महाज़ात भी यहां मुफ़सिद (रुकावट) नहीं।

तिलावत का सज्दा यदि ख़ारिज नमाज़ (नमाज़ से बाहर) में वाजिब हुआ हो तो बेहतर है कि तुरन्त अदा कर ले और यदि उस समय अदा न करे तब भी जायज़ है मगर मकरुह है और यदि नमाज़ में वाजिब हुआ तो उसका अदा करना तुरन्त वाजिब (अनिवार्य) है, देरी की इजाज़त नहीं है। (रद्दुल मुहतार)

ख़ारिजे नमाज़ (नमाज़ से बाहर) का सज्दा नमाज़ में और नमाज़ का ख़ारिज (बाहर) में, बल्कि दूसरी नमाज़ में भी अदा नहीं किया जा सकता। अत: कोई आदमी नमाज़ में सज्दे की आयत पढ़े और सज्दा करना भूल जाए तो इसका गुनाह उस के ज़िम्मे (सर) होगा जिस की तदबीर (इलाज) इसके सिवा कोई नहीं कि तौबा करे, या अरहमुर्राहिमीन (रहम करने वाला) अपने फ़ज़्ल व करम (दया दृष्टि) से माफ़ फ़रमा देगा। (वहरुर्राईक़)

यदि कोई आदमी नमाज़ की हालत में किसी दूसरे से सज्दे की आयत सुने, चाहे वह दूसरा भी नमाज़ में हो या न हो यह सज्दा ख़ारिजे नमाज़(नमाज़ से बाहर)का समझा जाएगा और नमाज़ के अन्दर वह अदा नहीं किया जाएगा, बल्कि ख़ारिजे नमाज़ में।

यदि सज्दे की आयत तिलावत एक ही मज्लिस (सभा) में कई बार की जाए तो एक ही सज्दा वाजिब (अनिवार्य) होगा और यदि एक सज्दे की आयत की तिलावत की जाए, फिर वही आयत अलग-अलग लोगों से सुनी जाए, तब भी एक ही सज्दा वाजिब (अनिवार्य) होगा। यदि सुनने वालों की मज्लिस न बदले तो एक ही सज्दा वाजिब (अनिवार्य) होगा, चाहे पढ़ने वालों की मज्लिस बदल जाए या न बदले और यदि सुनने वालों की मज्लिस बदल जाए तो इस पर कई सज्दे वाजिब होंगे, चाहे पढ़ने वालों की बदले या न बदले। यदि पढ़ने की बदल जाएगी तो उस पर भी कई सज्दे वाजिब होंगे। (वहरुर्राइक़)

यदि एक सज्दे की आयत कई बार एक ही मज्लिस में पढ़ी जाए तो अख़्तियार (इच्छा) है कि सब के बाद सज्दा किया जाए या पहली ही तिलावत के बाद, क्योंकि एक ही सज्दा अपने पहले और बाद की तिलावत के लिए काफ़ी होता है मगर एहतियात (सावधानी) इसमें है कि सबके बाद किया जाए। (वहरुर्राईक़)

यदि सज्दे की आयत नमाज़ में पढ़ी जाए और तुरन्त रुकूअ किया जाए या दो तीन आयतों के बाद और इस रुकूअ में झुकते समय सज्दे की नीयत भी कर ली जाए तो सज्दा अदा हो जाएगा और इसी तरह यदि सज्दे की आयत की तिलावत के बाद नमाज़ का सज्दा किया जाए, तब भी यह सज्दा अदा हो जाएगा और इसमें नीयत की भी ज़रूरत न होगी। (दुर्रे मुख़्तार, रद्दुल मुहतार आदि)

जुमा और ईदैन (दोनों ईदें) और धीमी आवाज़ वाली नमाज़ों में सज्दे की आयत नहीं पढ़ना चाहिए, इसलिए कि सज्दा करने में मुक़्तदियों (नमाज़ पढ़ने वालों) के इश्तिबाह (संदेह) का डर है। (बहरुल राइक़)

किसी सूर: का पढ़ना और ख़ास कर (मुख्य रूप से) सज्दे की आयत को छोड़ देना मकरूह है। (वहरुल राइक़ आदि)

यदि हाज़िरीन (उपस्थित जन) वुज़ू सहित सज्दे के लिए मुस्तअिद (तैयार) न बैठे हों तो सज्दे की आयत का धीमी आवाज़ से तिलावत करना बेहतर है इसलिए कि वे लोग इस समय सज्दा न करेंगे और दूसरे समय शायद भूल जाएं तो गुनहगार होंगे। (दुर्रे मुख़्तार आदि)

तिलावत के सज्दे का तरीक़ा यह है कि क़िब्ला रू (क़िब्ले की ओर होकर) नीयत करके अल्लाहु अक्बर कहे और सज्दा करे। फिर उठते समय अल्लाहु अक्बर कह कर उठे। और खड़े होकर

सज्दा करना मुस्तहब है। तिलावत का सज्दा कई लोग मिल कर भी कर सकते हैं इस तरह कि एक आदमी को इमाम की तरह आगे खड़ा करे और स्वयं मुक़्तदियों (नमाज़ अदा करने वाले) की तरह ताइन बना कर पीछे खड़े हों और उसकी पैरवी (अनुसरण) करें। यह सूरत असल में जमाअत की नहीं है। इसीलिए यदि इमाम का सज्दा किसी वजह से फ़ासिद (खराब) हो जाए तो मुक़्तदियों (पीछे वालों) का फ़ासिद (खराब) न होगा और इसी कारण से औरत का आगे खड़ा कर देना भी जायज़ है।

सज्दे की आयत यदि फ़र्ज़ नमाज़ों में पढ़ी जाए तो उसके सज्दे में नमाज़ वाले सज्दे में नमाज़ वाले सज्दे की तरह 'सुब्हा-न रब्बियल आला' कहना बेहतर है और नफ़्ल नमाज़ों में ख़ारिजे नमाज़ (नमाज़ से बाहर) में यदि पढ़ी जाए तो उस के सज्दे में अख़्तियार (इच्छा) है कि 'सुब्हाना रब्बियल आला कहे और तस्बीहें जो हदीसों में आयी हैं, वे पढ़ें। इस तस्बीह की तरह—

'सजदा वजही-य लिल्लज़ी ख़-ल-क़हू व सव्वरहू व वशक़्क़ समअहू व बसरहू बिहौलिही व क़ुव्वतिहि फ़तबारकल्लाहु अहसनुल ख़ालिक़ीन०'

और दोनों को जमा कर ले तो और भी बेहतर है।

देवनागरी (हिंदी) में क़ुरआन मजीद को सही पढ़ने का तरीक़ा

अरबी अक्षरों की आवाज़ का देवनागरी वर्णमाला

ث सा स	ت ता त	ب बा ब	ا अलिफ़ अ
د दाल द	خ ख़ा ख़	ح हा ह़	ج जीम ज
س सीन स	ز ज़ा ज़	ر रा र	ذ ज़ाल ज
ط तो त़	ض ज़ाद ज़	ص साद स़	ش शीन श
ف फ़ा फ़	غ ग़ैन ग़	ع अैन अ़	ظ ज़ो ज़
م मीम म	ل लाम ल	ك काफ क	ق क़ाफ़ क़
ء हम्ज़ा अ	ه हा ह	و वाव व	ن नून न
	ة गोल ते त़	ى या य	

अरबी रस्मुलखत (लिपि) में तलफ़्फ़ुज़ (उच्चारण) के नुकत-ए-नज़र (दृष्टि) से जो अक्षर होते हैं उन का चार्ट दिया गया है और ब्रेकेट ( ) में उन को पढ़ने की आवाज़ (तलफ़्फ़ुज़) भी दिया गया है।

चार्ट में आखिर के अक्षर (ة) गोल "ते" का प्रयोग शब्द में आखिर में होता है इस शब्द पर वक़्फ़ा (विराम) करने पर त् को ह् या विसर्ग (:) पढ़ा जाता है और विराम न लेने व पढ़ते चले जाने पर (ط) त् (ت 'त') के समान पढ़ा जाता है जैसे शफ़ाअत् पर वक़्फ़ा करने पर शफ़ाअः पढ़ा जायेगा। अगर किसी शब्द में गोल ता यानी त् हो और उसके बाद का अक्षर किसी नियम के आधीन खामोश (मौन) हो जाये तो फिर त् अन्तिम अक्षर रह जाने के फलस्वरूप ठहराव लेते समय " : " में बदल जाएगा। जैसे ग़िशावतुन् में न् ग़ायब हो जाएगा और तब आखिरी बचे अक्षर त् का विराम लेते समय : में बदल कर ग़िशावः पढ़ा जाएगा।

नोट : पाठकों की सुविधा के लिए ज़रूरी क़ायदे (ग्रामर) मुख्तसर कर के बयान किये जा रहे हैं क़ुरआन मजीद को अरबी के अलावा किसी दूसरी भाषा के रस्मुलखत में लिखना या पढ़ना बहुत मुश्किल है। क्योंकि अरबी में लिखा कुछ होता है और पढ़ा कुछ जाता है। आयत पर वक़्फ किया जाता है इसलिए हम ने आयत पर हुरूफ़ को वक़्फ किया है और इबारत के अंदर बिल्कुल अरबी तरज़े अदा के मुताबिक़ देवनागरी में रूपांतर किया है और उसमें ठहरने और न ठहरने के रुमूज़ेऔक़ाफ की निशानियां भी दर्ज (अंकित) हैं और उन से मुतालिक (संबंधित) मालूमात अगले पन्नों पर दर्ज हैं। अलबत्ता जब तक खास अक्षरों के उच्चारण का सही ज्ञान न हो, तब तक लाअिल्म (न जानने वाला) के लिए यह ध्यान रखना ज़रूरी है कि वह ज़ (ज़ाल), ज़ (ज़ाद) ज़ (ज़ो) और ज़ (ज़ा) को ज (जीम) की तरह हरगिज़ न पढ़ें। बजाए ज (जीम) के ये अक्षर ज़ (ज़ा) के ज़्यादा नज़दीक हैं। खास कर हिंदी जानने वालों को इन अक्षरों को समझ कर उनका सही उच्चारण सीखना चाहिए जैसे ث (सा), ح (बड़ी हा), خ (खा), ذ (ज़ाल), ز (ज़ा), ص (साद), ض (ज़ाद), ط (तो), ظ (ज़ो), ع (अैन), غ (ग़ैन), ف (फ़ा) और ق (क़ाफ़)। क़ुरआन मजीद को सही मखरज (उच्चारण) से क़िरअत (पाठ) करने के लिए कारीयों (क़ुरआन पाठ के विद्वानों) से सहायता लेनी चाहिए।

क़ुरआन मजीद के मतन को अरबी के अलावा हिंदी या किसी दूसरी भाषा के रस्मुलखत में रूपांतर करने पर उलमा की रायों में मतभेद है। कुछ उलमा का ख्याल है कि इस तरह करने से क़ुरआन मजीद के हरफ़ों की तहरीफ़ (कटौती) होती है और उनको भय (डर) है कि जिस तरह इंजील और तौरात तहरीफ़ हो गयी वैसे ही खुदा न करे इस का भी वही हाल हो जबकि यह नामुम्किन है करोड़ों हाफ़िज़ों को क़ुरआन मजीद मुंह ज़बानी याद है और इस (हिंदी) क़ुरआन में भी असल अरबी मतन की किताबत का सफ़ा बराबर में है। हम ने अशाअते इस्लाम और तब्लीग़ की नीयत से यह काम हिंदी में किया है कि जो हज़रात (लोग) किसी वजह से अरबी उर्दू की तालीम (शिक्षा) न हासिल (प्राप्त) कर सकें और वह क़ुरआन मजीद को पढ़ने के ख्वाहिशमंद हैं वह फ़ायदा उठा सकें। मुसलमानों से गुज़ारिश है कि वह खुद भी अरबी उर्दू सीखें और अपनी आने वाली नसल को खास कर अरबी उर्दू की तालीम दें।

इल्मे क़िरअत यानी मख़ारिजे हुरूफ़ का बयान (क़ुरआन के अक्षरों का उच्चारण संस्थान)

ه ، ا	अ, ह	हल्क़ (कण्ठ) के अगले हिस्से से।
ح ، ع	अ, ह	बीच (मध्य) हल्क़ से)।
غ ، خ	ख़, ग़	इंतेहा-ए-हल्क़ (हल्क़ के अन्तिम भाग से)
ق	क़	ज़बान की जड़ और ऊपर के तालू की मदद से।
ك	क	ज़बान के बीच और ऊपर के तालू से थोड़ा सा 'क़' (क़ाफ़) के मख़रज (उच्चारण) से हट कर।
ی ، ش ، ج	ज, श, य	ज़बान के बीच के हिस्से और तालू के बीच हिस्से के संयोग से।
ض	ज़	ज़बान के किनारे और दांतों की गिरः के पास से यानी सारे किनारे ज़बान के लगाने से बाईं ओर के ऊपर दाढ़ों की जड़ से या दाहनी तरफ़ से, मगर बाईं तरफ़ से आसान है।
ل	ल	ज़बान की नोक और तालू के संयोग से।
ن	न	ज़बान के सिरे और ऊपर के दांतों के नीचे से।
ر	र	ज़बान के सिरे और ऊपर वाले सामने के दांतों के नीचे से 'न' के स्थान से कुछ आगे।
ط ، د ، ت	त, द, त	ज़बान की नोक और ऊपर के दांतों की जड़ से मिला कर।
س ، ذ ، ج	ज, ज़, स	ज़बान की नोक और अगले दांतों के किनारे से।
ف	फ़	नीचे के होंठ के अन्दर ऊपर के दांतों के सिरे जब छूते हैं।
م ، ب	ब, म	दोनों होंठों के बीच में से।
الف	अलिफ़	'अ' सिर्फ़ एक हवा है कि अन्दर से निकलती है।
س ، ص ، ج	स, स, ज	ज़बान की नोक और अगले दांतों के बीच मे।
و	व	दोनों होंठों को क़रीब लाकर भी 'फ़' की तरह छूना नहीं चाहिए।

क़ुरआन मजीद के रुमूज़े औक़ाफ़

हर एक भाषा के लोग जब बात-चीत करते हैं तो कहीं ठहर जाते हैं और कहीं नहीं ठहरते, कहीं कम ठहरते हैं कहीं ज़ियादा और इस ठहरने और न ठहरने को बात के सही बयान करने और सही मतलब समझने-समझाने में बहुत दख़ल है। क़ुरआन मजीद की इबारत (अरबी-लेख) भी बोल-चाल के अन्दाज़ में है इस लिये अह्ले इल्म (ज्ञानियों) ने इसके ठहरने, न ठहरने की अलामतें (चिह्न) मुक़र्रर किए हैं। जिन्हें 'रुमूज़े औक़ाफ़' कहते हैं। ख़ास ध्यान रखने की बात यह है कि आम तौर पर सभी ज़बानों (भाषाओं) में ठहरने के निशान होते हैं, लेकिन क़ुरआन में ठहरने और न ठहरने दोनों तरह के निशान होते हैं। जैसा कि हम बोलते हैं 'उठो मत, बैठो' इस जुमले (वाक्य) में अगर कौमा लगा कर लिखें जैसे 'उठो, मत बैठो' इस तरह लिखने और बोलने में उठने का हुक्म है और अगर इस जुमले को इस तरह लिखें जैसे 'उठो मत, बैठो' इस तरह लिखने और पढ़ने में बैठने का हुक्म है, इस मिसाल से हमको ख़ुद अंदाज़ा करना चाहिये कि अरबी जो क़ुरआन की भाषा है जिसके पढ़ने में किस क़द्र एहतियात (सावधानी) की ज़रूरत है और तिलावते क़ुरआन (क़ुरआन पाठ) में

रुमूज़े औक़ाफ़ का लिहाज़ रखना किस क़द्र ज़रूरी है ताकि किताब की मंशा में फ़र्क़ न आने पाये। क़ुरआन मजीद के रुमूज़े औक़ाफ़ यह हैं (○) आयत, (م) मीम, (ط) तो, (ج) जीम, (ز) ज़ा, (ص) साद, (صلے) सले, (قف) क़ाफ़, (صل) सिल, (قف) क़ाफ़फ़े, (سكتة) सक्त:, (وقفه) वक़्फ़: (لا) ला, (ق) काफ, (۵) कूफ़ी आयत का निशान, (∴) मुआनिक़ा का निशान, (~ 'ا') मद, और (٘ 'T') बड़ी मद। इनको सिर्फ़ निशानियां समझना चाहिये। यह क़ुरआन के मत्न का हिस्सा नहीं है अगर हम इसको हिन्दी में लिखते तो ला इल्मी में या रवानी (तेजी) में कोई आयतों में शामिल पढ़ लेता इस भूल से सावधान रहने के लिये हम ने इन को अरबी रस्मुल्ख़त में किताबत (लिखाई) किया है।

रुमूज़ औक़ाफ़ से मुताल्लिक़ ज़रूरी मालूमात यह हैं—

○	( )	जहां बात पूरी होती है वहां (अरबी मत्न में) छोटा गोल दायरा बनाया जाता है यह हक़ीक़त में गोल ते (ة) है। यह वक़्फ़े-ताम की अलामत है यानी इस पर ठहरना चाहिये इस निशानी को आयत कहते हैं। पाठकों की सुविधा के लिये इस निशान के बीच आयत का नंबर (संख्या) भी दिया गया है जैसे आयत (२०)।
م	मीम्	यह वक़्फ़ लाज़िम का निशान है। इस पर ज़रूर ठहरना चाहिये अगर न ठहरा जाये तो अह्तमाल (भय) है कि मतलब उलट हो जाये। मिसाल उदाहरण के तौर पर कोई कहे—आओ, मत जाओ। इस तरह कहने में आने का हुक्म है और जाने की मनाई। लेकिन अगर कोई कहे—आओ मत, जाओ। तो मतलब पहले के बिलकुल उल्ट हो जाता है इस आख़िरी जुमले में जाने का हुक्म है।
ط	तो	यह वक़्फ़े मुतलक़ का निशान है इस पर ठहरनाचाहिये। फिर भी यह ठहराव वहां होता है जहां ठहरने के बावजूद अभी कहने वाला कुछ और बात कहना चाहता है।
ج	जीम	यह वक़्फ़े जायज़ का निशान है। यहां ठहरना ज़्यादा बेहतर है, लेकिन न ठहरने को भी जायज़ (अनुमत) माना गया है।
ز	ज़े	यह वक़्फ़ मुजव्वज़ का निशान है। यहां न ठहरना ज़्यादा अच्छा है।
ص	साद	यह निशान वक़्फ़ मरख़्ख़स का है। यहां न ठहरना यानी मिला कर पढ़ना चाहिये, लेकिन अगर कोई थककर रुक जाये तो उसकी छूट है। ध्यान रहे कि, ز (ज़ा) की निस्बत (अपेक्षा) ص (साद) पर मिला कर पढ़ना ज़्यादा पसन्द किया गया है।
صلے	सले	यहां मिला कर पढ़ना बेहतर है।
ق	काफ़	यह क़ील-अलैहिल-वक़्फ़ का ख़ुलासा है। यहां नहीं ठहरना चाहिये।
صل	सल्	यह क़द:यू-सल का निशान है यहां कभी ठहरा भी जाता है, और कभी नहीं। लेकिन ठहरना बेहतर है।
قف	क़िफ़्	यह लफ़्ज़ (शब्द) क़िफ़् है यानी ठहर जाओ। यह निशान वहां इस्तेमाल किया जाता है जहां पढ़ने वाले को मिला कर पढ़ते चले जाने का अंदेशा हो।
س या سكتة	सीन या सक्त:	यह सक्त: का निशान है यहां मामूली (साधारण) सा ठहरना चाहिये, लेकिन सांस न टूटने पाए।
وقفه	वक़्फ़:	यह लम्बे सक्त: का निशान है। यहां सक्त: के मुक़ाबले ज़ियादा ठहरना चाहिये, लेकिन सांस न टूटने पाए सक्त. और वक़्फ़ में सिर्फ़ यह फ़र्क़ है कि सक्त: में कम

निशान	नाम	विवरण
		ठहरना होता है, वक़्फ़: में ज्यादा ।
لا	ला	ला के मानी 'नहीं' के हैं । यह निशान कहीं आयत पर होता है और कहीं इबारत के अंदर । यह जब किन्हीं दो शब्दों के बीच में हो तो वहां हरगिज़ नहीं ठहरना चाहिये । आयत के ऊपर हो तो इस में इख़्तिलाफ़ (मतभेद) है, (हमने हिन्दी कम्पोज़ में आयत के निशान से पहले दिया है) एक राय है कि 'ठहर जाये,' दूसरी 'न ठहर जाये' लेकिन ठहरा जाये या न ठहरा जाये इस से मतलब में फ़र्क़ नहीं आता । ठहरना उसी जगह नहीं चाहिये जहां इबारत के अंदर लिखा हो ।
قف	काफ़	यह कज़ालिक का निशान है यानी यहां यह समझना चाहिए कि इस से पहले जो निशान आ चुका है उसी के मुताबिक़ (अनुसार) यहां भी रुकना या न रुकना मुनासिब है ।
۵	निशान	यह कूफ़ी आयत का निशान है और मतलब वही है जो ( ) आयत का है । **नोट—ध्यान रखना चाहिए कि जहां कई निशान एक साथ हों वहां उनमें से किसी भी निशान पर अमल किया जा सकता है लेकिन बाद वाले निशान का हुक्म मानना ज्यादा उचित है**
∴	निशान	यह मुआनिक़: की अलामत है हमेशा यह दोहरा यानी दो जगह नज़र आयेगा। इसका मतलब यह है कि इनके बीच में लिखे शब्दों को चाहे इनसे पहले ही इबारत के साथ जोड़ कर पढ़ें और चाहे इनसे बाद वाली इबारत के साथ । दोनों मतलब जायज़ (मान्य) है । हासिल यह हुआ कि दोनों निशानों में से एक जगह ठहरे तो दूसरी जगह मिला कर पढ़े । न दोनों जगह ठहरा जा सकता है और न दोनों जगह मिलाया जा सकता है । यह मुआनिक़: दो तरह का होता है (१) अिन्दल् मुतअख़्ख़िरीन (२) अिन्दल मुतक़द्दमीन ।
ا	मद (छोटी)	यह छोटी मद का निशान है । मद को संस्कृत में 'प्लुत' कहते हैं जिस अक्षर पर यह निशान होगा उसको इतना खींच कर पढ़ना चाहिए कि तीन अलिफ़ के बराबर हो ।
T	मद (बड़ी)	यह बड़ी मद का निशान है । जिस अक्षर पर यह निशान होगा उस को इतना खींच कर पढ़ना चाहिए कि चार बार के बराबर हो । जैसे लिखा हो وَجَآءَ (व-जा-अ) तो 'जा' जो कि ज+अ से बना है, के अ को ४ अ के बराबर खींचकर पढ़ना चाहिए। इसी तरह छोटी मद को भी ऊपर लिखे क़ायदे (नियम) के अनुसार पढ़ना चाहिए । बड़ी मद को पढ़ने का एक तरीक़ा और भी है । जैसे किसी शब्द के अक्षर पर बड़ी मद हो और उस के आगे (अलिफ़) हो और अलिफ़ के आगे 'ّ' (तश्दिद) हो तो इस को सात अलिफ़ के बराबर पढ़ना होगा जैसे وَلَا الضَّآلِّيْنَ (वलज़्-ज़ाल्लीन), सही मख़्रज (शुद्ध पाठ) के लिए क़ारी (क़ुरआन पाठ के विद्वानों) से सहायता लेना चाहिए ।
★	रुकूअ	यह रुकूअ (विराम) का निशान है । अगर हाशिये पर ऐसा निशान '★ रु १/७/आ ६' लगा हो तो इसका मतलब है कि यह सूर: तौबा का पहला रुकूअ है, पार: १० का सातवां रुकूअ है और इस रुकूअ में ६ आयतें हैं ।

●	पार: ¼, ½, ¾	हर पार: को पढ़ने की आसानी के लिए चार बराबर हिस्सों में बांट दिया गया है। रुबअ़ (चौथाई), निस्फ़ (आधा) और सुल्स (तीन चौथाई) पर यह निशान दिया गया है। इसी तरह पूरे क़ुरआन को सात मंज़िलों में बांटा गया है जो हर सफ़ह: (पृष्ठ) पर दर्ज (अंकित) हैं।
■	आधा क़ुर्आन	यह निस्फ़ुल क़ुरआन (आधा क़ुरआन) का निशान है। देखिये पृष्ठ ४६८, सूर: कह्फ़ि आयत १९।
□	सज्द:	यह सज्द: का निशान है। क़ुरआन मजीद में चौदह मुक़ाम ऐसे हैं जहां सज्द: करने की हिदायत है। पढ़ने और सुनने वाले दोनों पर सज्द: करना लाज़िम है। घुटने टेककर हाथों की हथेलियां और दोनों हाथ की पांचों उंगलियां ज़मीन पर रख कर और हाथों के बीच में माथा और नाक ज़मीन पर टेककर ज़बान से ख़ुदा की पाकीज़गी (पवित्रता) बयान करने को सज्द: कहते हैं। सज्द: की तस्बीह (सज्द: में पढ़ने वाले शब्द) हमने सज्द: तिलावत के बयान में दी है। (मुकद्दमा क़ुरआन मजीद पृष्ठ नं० १५)

क़ुरआन मजीद के रस्मुलख़त से सम्बन्धित ज़रूरी याद दहानी

(१) क़ुरआन मजीद की तहरीर (लिखाई) से बेख़बरी की वजह से अक्सर लोग क़ुरआन मजीद ग़लत पढ़ते हैं। चंद (कुछ) ज़रूरी मिसालें लिखी जा रही हैं। क़ुरआन मजीद के चंद अल्फ़ाज़ (शब्द) में (و) वाव लिखा जाता है लेकिन पढ़ा नहीं जाता जैसे (زكوٰة) ज़क्वात, (حيوٰة) हैवात को ज़कात या हयात पढ़ा जाता है यानी (و) वाव को न पढ़ना चाहिए और कुछ जगह (ى) य लिखी जाती है लेकिन पढ़ी नहीं जाती बल्कि उस के बदले में अलिफ़ पढ़ा जाता है जैसे (عيسٰى موسٰى) मुसाय ईसाय वग़ैर: को (عيسا موسا) मूसा, ईसा पढ़ना चाहिए इस को अलिफ़ मक़सूरा कहते हैं और बाज़ जगह अलिफ़ मक़सूरा की अलामत खड़े ज़बर (ٰ) के अलावा कुछ नहीं होती तो इस खड़े ज़बर को भी एक अलिफ़ के बराबर पढ़ना चाहिए जैसे (اسحٰق، رحمٰن) को (اسحاق، رحمان) रह्मान,इस्हाक़ पढ़ना ज़रूरी है।

(२) यह बात याद रहे कि अरबी ज़ुबान में 'याये मजहूल नहीं होती। मगर क़ुरआन मजीद में सिर्फ़ एक जगह पार: १२ सूर: हूद रुकूअ ४, आयत ४१ में एक लफ़्ज़ मज्रीहा लिखा है उस का उच्चारण (तलफ़्फ़ुज़) मज्रीहा नहीं हे "मज्रेहा" है।

(३) नीचे लिखे दोनों लफ़्ज़ों में जो 'स' है इसमें (हफ़्स) साद (स़) के नज़दीक सीन (स) पढ़ना चाहिये:— युब्सुतु—पार: २ सूर: बक़र: आयत २४५ में। बस्ततन्—पार: ८ सूर: अअ्राफ़ि आयत ६९ में।

(४) नीचे लिखे दोनों लफ़्ज़ों में जो (ص साद) 'स़' है इनमें (س सीन) 'स' और (ص) साद (स़) दोनों पढ़ने का इख़्तियार है:—हुमुल् मुसैतिरून—पार: २७ सूर: तूरि आयत ३७ में। बिमुसैतिरिन्—पार: ३० सूर: ग़ाशिय: आयत २२ में।

(५) क़ुत्बुजद्—क़, त़, ब, ज और द के मुतहर्रिक (हलन्त) अक्षर आने पर भी इनमें मामूली सा सस्वर जैसी हरकत पढ़ना चाहिए। जैसे 'अिब्राहीम'। इसमें ब् को थोड़ा सा हिला कर उच्चारण करना चाहिए।

(६) यह भी याद रहे कि क़ुरआने करीम में अक्सर जगह (ا) अलिफ़ लिखा जाता है मगर पढ़ा नहीं जाता जैसे कि (ا) अलिफ़ जो अलामत जमा के लिए हो जैसे قَالُوا (क़ालू'अ) में आख़री अलिफ़ पढ़ा नहीं जाता और اَنَا (अना) को اَنَ (अ-न) पढ़ा जाएगा मगर जब कहीं क़ुरआन मजीद में (ءَنَا) अना (हम्ज़ा, नुन, अलिफ़ से) लिखा हो वहां आख़री अलिफ़ ज़रूर पढ़ा जाएगा जैसे جَاءَنَا نَذِيرٌ जाअनान-ज़ीरून

'अना'– क़ुरआन मजीद मूल (मतन) में जहां पर अलिफ़् सहित 'अना' लिखा हुआ है, जो ज़मीर (सर्वनाम) है, वहां नून (न) के साथ का आख़िरी अलिफ़् (ा) छोड़ कर 'अ-न' पढ़ना चाहिए। हिन्दी क़ुरआन मजीद के सफ़ा ४६४ लाईन २३, सफ़ा ५१२ लाईन २१, सफ़ा ५१८ लाईन १ सफ़ा ५२२ लाईन १६, सफ़ा ५३४ लाईन २४, सफ़ा ५४६ लाईन २७, सफ़ा ५०२ लाईन १६, सफ़ा ५६० लाईन २१, सफ़ा ५६० लाईन २, सफ़ा ६०२ लाईन १७, सफ़ा ६०२ लाईन २०, सफ़ा ६१० लाईन १५, सफ़ा ६३८ लाईन २१, सफ़ा ७२६ लाईन १४, सफ़ा ७२६ लाईन १६, सफ़ा ७२६ लाईन २४, सफ़ा ७२८ लाईन ४, सफ़ा ७४८ लाईन २१, सफ़ा ७५६ लाईन २२, सफ़ा ७८४ लाईन २, सफ़ा ७६८ लाईन २३, सफ़ा ८२६ लाईन ५, सफ़ा ८६६ लाईन २१, सफ़ा ८७४ लाईन १७, सफ़ा ६०० लाईन २२, सफ़ा ६३६ लाईन २५, सफ़ा ६७० लाईन ६, में 'अना' ज़मीर (सर्वनाम) है। पाठक वहां कोई निशान लगा लें ताकि उसे **'अ-न'** पढ़ें न कि 'अना'। फिर ध्यान दिलाना ज़रूरी है कि 'अन' को हिन्दी-उर्दू के तर्ज़ पर 'अन्' न पढ़ें बल्कि अरबी-संस्कृत के तर्ज़ पर 'अ-न' सस्वर ही पढ़ें। लेकिन सूरत २५ 'अल्फ़ुर्क़ान' पारः १६ आयत ४६ पृष्ठ ५७६ पर 'अनासीय' में जो 'अना' है उसको 'अना' यानी अलिफ़् के साथ पढ़ना चाहिये, क्योंकि यह 'अना' ज़मीर (सर्वनाम) नहीं है।

क़ुरआन मजीद के वह मुक़ामात जिनमें (ا) अलिफ़् ज़ायद होने पर भी ख़ामोश (मौन) है जिनमें अलिफ़् का न पढ़ना ज़रूरी है।

सं०	नाम पारः	पारः	सूरः	रुकूअ	आयत	पृष्ठ	अरबी लिपि में	अरबी और नागरी में पढ़िए
१	तिल्कर्रुसुलु	(३)	(शुरू) आलि अिमरान	१	१	७४	अलिफ़ लाम् मीम् (१) अल्लाहु	अलिफ़ लाम् मीम् (१) अ्ल्लाहु
२	लन्तनालू	(४)	आलि अिम्रान	१५	१४४	१०४	अफ़ा अिम्मात	अफ़ अिम्मात
३	"	"	" "	१७	१५८	१०८	ला अिलल्लाहि	ल अिलल्लाहि
४	लायुहिब्बुल्लाहु	(६)	मा'अिदः	५	२६	१७४	अन् तबू'आ	अन् तबूअ
५	अिजा समिअू	(७)	अन्आमि	४	३४	२०४	मिन् नबाअिल्मुर्सलीन	मिन्नबअिल्मुर्सलीन
६	कालल्मलअू	(९)	अअराफ़ि	१३	१०३	२५६	मलाअिही	मलअिही
७	वअ्लमू	(१०)	सूरतुत्तौबः	७	४७	३०६	ला औज़अू	ल औज़अू
८	यअ्तज़िरून	(११)	यूनुस	८	७५	३४२	मलाअिही	मलअिही
९	"	"	"	९	८३	३४२	मलाअिहिम	मलअिहिम्
१०	वमा मिन्दाब्बतिन्	(१२)	हूद	६	६८	३६२	अिन्ना समूदा	अिन्न समूद
११	"	"	"	९	९७	३६६	मलाअिही	मलअिही
१२	वमाउबर्रिअु	(१३)	रअदि	४	३०	३९८	अुममुल्-लितत्लुवा	अुममुल्-लितत्लुव
१३	सुब्हानल्लज़ी	(१५)	कह्फ़ि	२	१४	४६६	लन्नद् अुवा	लन्नद् अुव
१४	"	(१५)	"	४	२३	४६८	लिशाअिन्	लिशअिन्
१५	"	(१५)	"	५	३८	४७२	लाकिन्ना हुवल्लाहु	लाकिन्न हुवल्लाहु

सं०	नाम पार:	पार:	सूर:	रुकूअ	आयत	पृष्ठ	अरबी लिपि में	अरबी और नागरी में पढ़िए
१६	अिक़्तरबलिन्नासि	(१७)	अंबिया'अि	३	३४	५१४	अफ़ाअिम्-मित्त	अफ़अिम्-मित्त
१७	क़द् अफ़्लहल्-मुअ्मिनून	(१८)	मुअमिनून	३	४६	५४६	मलाअिही	मलअिही
१८	व क़ालल्लज़ीन	(१९)	अल् फ़ुर्क़ानि	४	३८	५७६	समूदा व असहाबर्रसि	समूद व असहाबर्रसि
१९	" "	(१९)	नम्लि	२	२१	६००	ला अज्बहन्नहू	ल अज्बहन्नहू
२०	अम्मन् ख़लक़स्-समावाति	(२०)	क़ससि	४	३२	६१८	मलाअिही	मलअिही
२१	" "	"	अन्कबूति	४	३८	६३६	आदंव्व समूदा	आदंव्व समूद
२२	उत्लुमा ऊहिय	(२१)	रूमि	४	३९	६४८	लियर्बुवा	लियर्बुव
२३	व मालिय	(२३)	साफ़्फ़ाति	२	६९	७१२	ला अिलल् जहीमि	ल अिलल् जहीमि
२४	अिलैहि युरद्दु	(२५)	ज़ुख़्रुफ़ि	५	४६	७८२	मलाअिही	मलअिही
२५	हामीम्	(२६)	मुहम्मदिन्	१	४	८०६	व ला किल्लियब् लुवा	व ला किल्लियब्लुव
२६	"	(२६)	"	४	३१	८१०	व नब्लुवा अख़्बारकुम्	व नब्लुव अख़्बारकुम
२७	"	(२६)	हुजुराति	२	११	८२०	बिअ्सलि-अस्मुल्-फ़ुसूक़ु	बिअ्स-लिस्मुल्-फ़ुसूक़ु
२८	क़ालफ़मा ख़त्बुकुम	(२७)	नज्मि	३	५१	८३८	व समूदा फ़मा	व समूद फ़मा
२९	क़द् समिअल्लाहु	(२८)	हश्रि	२	१३	८७२	ला अन्तुम् सशद्दु	ल अन्तुम् अशद्दु
३०	तबारकल्लज़ी	(२९)	दह्रि	१	४	९२८	सलासिला	सलासिल
३१	"	(२९)	"	१	१५	९२८	कानत् क़वारीरा	कानत् क़वारीर
३२	"	(२९)	"	१	१६	९२८	क़वारीरामिन्	क़वारीर मिन्

तिलावत क़ुरआन मजीद के वक़्त रुमूज़ (विरमाविराम), अलामत (चिह्न) और हरकात सकनात (गीत स्थिरता) पर पूर्ण सावधानी से अमल करना चाहिए। क़ुरआन मजीद में बीस मुक़ामात ऐसे हैं कि सही लिखा होने पर भी पढ़ने की ज़रा सी असावधानी से बिना जाने-समझे आज्ञाओं के विरुद्ध आचरण ग्रहण हो जाता है, और जान बूझकर पढ़ने से बड़ा अज़ाब (महान दोष) बल्कि कुफ़्र तक नौबत पहुंच जाती है। मगर लाअ्लिमी (अनभिज्ञता) में माफ़ है, क्योंकि लाअिल्मी में और तालीम की अवस्था में अल्लाह की तरफ़ से माफ़ी है। नीचे वह तमाम मुक़ाम दर्ज किये जाते हैं, पाठक ध्यान रखें :—

सं०	सूर:	आयत	पृष्ठ	सही	ग़लत
१	सूर: नु-फ़ातिह: (१)··· ···	४	१	अिय्याक नअ्बुदु	अिया नअ्बुदु (बिलातश्दीद)
२	" " (१)··· ···	६	१	अन् अम्त अलैहिम्	अन् अम्तु अलैहिम्
३	सूर: बक़र: (२) रुकूअ १५	१२४	२६	अिब्राहीम रब्बुहू	अिब्राहीमु रब्बहू
४	" " " ३३	२५१	६०	क़तल दावूद जालूत	क़तल दावूद जालूतु
५	" " आयतल्कुर्सी " ३४	२५५	६२	अल्लाहु ला अिलाह	आल्लाहु लाअिलाह (बिलामद)
६	" " " ३६	२६१	६०	वल्लाहु युज़ाअिफ़ु	वल्लाहु युज़ाअफ़ु
७	" निसा'अि (४) " २३	१६५	१६०	मुबश्शिरीन व मुन्ज़िरीन	मुबश्शरीन व मुन्ज़रीन

सं०	सूर:		आयत	पृष्ठ	सही	ग़लत
८	सूर: तौब: (९) ,,	१	३	२६४	मिनल्-मुश्रिकीन व रसूलुहू	मिनल्-मुश्रिकीन व रसूलिही
९	,, बनीअिस्राअील (१७)	२	१५	४४८	व मा कुन्ना मुअज्जिबीन	व मा कुन्ना मुअज्जबीन
१०	,, ताहा (२०) ,,	७	१२१	५०८	व असा आदमु रब्बहू	व असा आदम रब्बुहू
११	,, अम्बियाअि (२१) ,,	६	८७	५२४	अिन्नी कुन्तु मिनज्ज़ालिमीन	अन्नी कुन्त मिनज्जालिमीन
१२	,, शुअराअि (२६) ,,	११	१६५	५६६	तिलकून मिनल् मुन्जिरीन	तिलकून मिनल् मुनजरीन
१३	,, फ़ातिरित् (३५) ,,	४	२८	६६६	यख्शल्लाह मिन् अिबादि	यख्शल्लाहु मिन् अिबादि
१४	,, साफ्फ़ाति (३७) ,,	२	७२	७१४	फ़ीहिम मुन्जिरीन	फ़ीहिम् मुनजरीन
१५	,, फ़त्हि (४८) ,,	४	२७	८२२	लक़द् सदक़ल्लाहु	लक़द् सदअल्लाहु
१६	,, हश्रि (५९) ,,	३	२४	८८०	मुसव्विरु	मुसव्वरु
१७	,, हाक़्क़ति (६९) ,,	१	३७	९१९	अिल्लल् ख़ातिअून	लिल्लल् ख़ातअून
१८	,, मुज्ज़म्मिलि (७३) ,,	१	१६	९२८	फ़असा फ़िर्औनुर्रसूल	फ़असा फ़िरऔनुर्रसूलु
१९	,, मुर्सलाति (७७) ,,	२	४१	९४०	फ़ी ज़िलालिंव	फ़ी अला लिव्व
२०	,, नाज़िआति (७९) ,,	२	४५	९४६	अिन्नमा अन्त मुन्जिरु	अिन्नमा अन्त मुनजरु

क़ुरआन मजीद की सूरतों के ख़्वास (लाभ)

अगर कोई यह अक़ीदा रखे कि क़ुरआन मजीद अमलियात और तावीज़ात (तावीज गंडे) के लिए नाज़िल (उतरा) हुआ है तो यह जिहालत है और बड़ा गुनाह है क्योंकि क़ुरआन मजीद हक़ीक़त में ख़ुदा के हक़ूक़ जो लोगों पर हैं और लोगों के हक़ूक़ भी जो आपस में एक दूसरे पर हैं और उनके अदा करने या न करने के सबब जो नतीजे दुन्या में और मरने के बाद होने वाले हैं उन सब के बयान (गोष्ठ) के लिए ख़ुदा की तरफ़ से नाज़िल हुआ है। मगर इस के साथ ही बहुत सी आयतों और सूरतों को रसूले करीम (सल्ल०) सहाबा किराम और बुज़ुरगाने दीन अमलीयात के तौर पर मुसीबतों और बलाओं के दुर करने के लिए पढ़ते थे जिनकी बरकत से वह मुसीबत दूर हो जाती थी। जो आदमी किसी मतलब के लिए अमल पढ़ता हो और ज़ाहिरी कोशिश तक़ाज़ा-ए-आलमे अस्बाब (ख़ुदा के हुक्मों) के मुताबिक़ न करता हो तो वह यक़ीनन नाकाम होगा कि उस की मिसाल एक ऐसे मरीज़ (रोगी) की सी होगी जो दवा खाता हो मगर परहेज़ न करता हो बल्कि अमल पढ़ने का यह मतलब होता है कि अमल की वजह से ज़ाहिरी कोशिश नाकाम न रहे। सब बुज़ुरगाने दीन का तजुर्बा है कि जिस आयत के मज़मून (विषय) को जिस काम से मुनासिबत (उचित) पाई जाए तो वह आयत उस काम के लिए अमल के तौर पर पढ़ी जा सकती है जैसे क़ुरआन मजीद में हज़रत मूसा अलैहिस्सलाम के बारे में ज़िक्र है कि उन्होंने दुआ की (अनुवाद) 'मूसा अ०' ने (फ़र्औन की हिदायत की तरफ़ जाते वक़्त) कहा ऐ ख़ुदा मेरे सीने को खोल दे और मेरे काम को मेरे लिए आसान फ़रमा और मेरी ज़बान की गिरह खोल दे (ताकि बयान में सफ़ाई हो) और वह लोग मेरी बात को समझें इस आयत को हर शख़्स मुश्किल कामों की आसानी के लिए पढ़ सकता है और अपने ज़ेहन और अक़्ल (बुद्धि) के बढ़ने के लिए पढ़ सकता है। क़ुरआन का अमल करने में तख़्सीसे-वक़्त और पढ़ने की तादाद की क़ैद नहीं है बल्कि हर शख़्स को चाहिए कि वह ख़ुद ईशा या सुबह की नमाज़ के बाद या कोई और वक़्त मुक़र्रर (निर्धारित) करके और पढ़ने की तादाद भी अपनी तरफ़ से क़ायम करके पढ़ा करें। अव्वल और आख़िर में दरूद हो और चीज़ को पाक रखें लेकिन यह बात तजुर्बों से साबित हुई है कि अगर कोई शख़्स क़ुरआन की आयत किसी नाजायज़ काम के लिए अमल के तौर पर इस्तेमाल में लावे तो वह कामयाब नहीं होगा और पागल हो जाता है।

सूरतों की तर्तीब

रसूले करीम सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम की पवित्र जीवनी

इस्लाम से पहले अरबों के विभिन्न मज़ाहिब (धर्म) और एतक़ाद (विश्वासों) थे। कुछ उनमें से बुत परस्त, कुछ ख़ुदा परस्त, कुछ ला मज़हब (अधर्मी) और ला साइबी, कुछ यहूदी और ईसाई थे। बुत परस्ती (मूर्ति पूजा) अरब के क़दीम (प्राचीन) बाशिन्दों (निवासियों) में भी पायी जाती थी। आद, समूद, जदीस, जरहुम ओला, अमलीक़ अव्वल आदि बुतों की परिसतिश (पूजा) करते थे लेकिन उनके तफ़सीली हालात (पूरे हालात) ज़माने के कारण हम को मिल नहीं सके। बाक़ी रहे अरब आरिबह् और अरब मुस्तआरिबह्, उनके बुत दो प्रकार के थे। एक मलाइक और अरवाह जो ग़ैर महसूस (अस्पर्श) ताक़तों से ताल्लुक़ रखते थे और दूसरी क़िस्म उन बुज़ुर्गों (पूर्वजों) की शक्ल के बुत तैयार किए गए थे जिन्होंने अपनी हयात (जीवन) के ज़मानों में नेक कामों से शोहरत (ख्याति) हासिल कर ली थी। यह गिरोह बुत परस्ती (मूर्ति पूजा) के बावजूद उनको माअबूदे मतलक़ (वास्तविक उपास्य) न मानता था, बल्कि उनका एतक़ाद (विश्वास) यह था कि सांसारिक अधिकार उन बुज़ुर्गों (पूर्वजों) की रूहानी (आध्यात्मिक) ताक़तों को, जिनके ये बुत यादगार के तौर पर हमारे आगे मौजूद हैं, इस तरह से हासिल हैं कि वे हमारी हर हाजत (मुराद) व दरख़ास्त की ख़ुदा के यहां सिफ़ारिश कर सकते हैं और आख़िरत की निस्बत (बारे में) उनका यह ख्याल (विचार) था कि उनकी रूहानी ताक़तें (आध्यात्मिक शक्ति) ख़ुदा से उनके गुनाहों की माफ़ी कराएंगी। वे बुत जिनकी तमाम अरब परिसतिश (पूजा) कर रहा था उनकी तफ़सील (विवरण) यह है।

१—हुबुल, २—वद, ३—सुवाअ, ४—यग़ूस, ५—यऊक़, ६—नसर, ७—उज़्ज़ा, ८—लात, ९—मनात।

ये ख़ास (मुख्य) क़बीलों के बुत थे। इन ९ बुतों की परिसतिश (पूजा) तमाम अरब करता था। १०—दवार, ११—असाफ़, यह कोहे सफ़ा (सफ़ा नामक पहाड़) पर था। १२—नाइला, कोहे मरवह (मरवह पहाड़) पर था इन दो बुतों पर क़ुर्बानियां (बलि) की जाती थीं। १३—अवाअव, इस पर ऊंटों की क़ुर्बानी (बलि) की जाती थी। १४—काबे के अन्दर हज़रत इब्राहीम की तस्वीर थी और उनके हाथ में इस्तख़ारह (एक प्रकार का अमल) के तीर थे जो इज़लाम कहलाते थे और एक भेड़ का बच्चा उनके क़रीब (निकट) खड़ा था। हज़रत इस्माईल की मूरत (मूर्ति) ख़ाना काबा में रखी हुई थी।

१५—हज़रत मरयम और हज़रत ईसा अलैहिस्सलाम की भी तस्वीरें और मूरतें (मूर्तियां) ख़ाना काबा में मौजूद थीं। वद, यग़ूस, यऊक़ और नसर अय्यामे जाहिलियत (अज्ञानता का दौर) अरब से बहुत पहले, बल्कि हज़रत नूह अलैहि० के पैदा होने से भी पूर्व उन बुज़ुर्गों (पूर्वजों) में से थे जो नेक कामों और ख़ुदा परस्ती (ईश्वर वादिता) में कामिल (पूर्ण) थे और जिनकी तस्वीरें पत्थरों पर मुनक़्क़श (अंकित) करके यादगार के लिए काबे के अन्दर रख दी थीं और इनको रुतबए माअबूदियत (पूज्य होने का दर्जा) देकर उनकी पूजा करने लगे। ख़ुदा परस्ती (ईश्वर भक्ति) भी किसी क़दर अरब जाहिलियत (अज्ञानता) में थी और यह दो तरह की थी। एक ग़ैर मालूम (अज्ञान) और पोशीदा (छिपी) क़ुदरत (ताक़त) को, जिसको वे अपने वजूद का ख़ालिक़ (रचियता) क़रार देते और मानते थे लेकिन शेष विचार उनके ला मज़हबी (अधर्मी) की ओर अधिक आकृष्ट थे। दूसरा गिरोह ख़ुदा को बरहक़ (सत्य) जानता था। क़ियामत, नजात, हश्र

(हिसाब किताब का मैदान) बक़ाए रूह (रूह का जीवन) और उस के जज़ा व सज़ा (इनाम व अज़ाब) का क़ायल था। ला मज़हबी (अधर्मियों) का भी एक तरह का शोर व चर्चा अरब में पाया जाता था जो न बुतों को पूजते थे और न किसी किताब और इलहामी (आसमानी) मज़हब (धर्म) के मानने वाले थे। वे ख़ुदा और प्रलय के इन्कारी थे इसी वजह से इनाम व अज़ाब को भी न मानते थे। वे दुनिया को सदैव रहने वाली मानते थे। साईबी धर्म वाले यह अक़ीदा (विश्वास) रखते थे कि हमारा धर्म इलहामी (आसमानी) है और हम हज़रत शीश अलैहि० और इदरीस अलैहि० के पैरो (अनुयायी) हैं उन के यहां सात समय की नमाज़ और एक क़मरी (चांद) महीने का रोज़ा था ये जनाज़े की नमाज़ पढ़ते थे। इन हालात से पता चलता है कि शायद उनका दावा सही हो। लेकिन यह ऐब (ख़राबी) उनमें आ गया था कि सबअ सय्यारे (तारे) की पूजा करते थे इसी के साथ ख़ाना काबा की बड़ी इज़्ज़त (आदर, सम्मान) करते थे। यहूदी धर्म अरब में ३५वीं शताब्दी हबूते आदम अलैहि० (पांचवी शतब्दी पूर्व मसीह के अनुसार) बख़्त नसर का हंगामा (जंग) हुआ। इसके कुछ दिनों बाद यहूदियों को इत्मीनान (सन्तोष) प्राप्त हुआ तो उन्होंने अपने धर्म को फैलाना शुरू कर दिया यहां तक कि धीरे धीरे ४०२६ हबूते आदम अलैहि० ३५४ पूर्व मसीह के अनुसार में ज़ूनिवास हमीरी बादशाहे यमन यहूदी हो गया और इससे यहूदियत को अरब में बड़ी तरक़्क़ी मिली। हबूते आदम अ० की तारीख़ न तो किसी पैग़म्बर ने बताई है और न ही ख़ुदा ने, अलबत्ता तौरात के आलिमों (विद्वानों) ने अपने अन्दाज़े से तौरात की ज़मीमों (परिशिष्ठों) और तफ़सीरों (टीकाओं) में इस को लिखा है। तीसरी सदी ईसवीं में ईसाई धर्म अरब में दाख़िल हुआ। जबकि पूर्वी कलीसा में ख़राबियां और बिदअतें (नई बातें) धीरे-धीरे रिवाज पा गयी थीं। आम मुअर्रिख़ीन (इतिहासकार) कहते हैं कि यह ज़माना ज़ूनिवास का था : इस धर्म का शेवा अधिक नजरान में हुआ और अरब में उस ने कुछ ज़्यादा रिवाज नहीं पाया। इनके अलावा बनू तमीम मजूसी और अधिकांश क़ुरैश जिन्दक़ा (गुमराह, भटके हुए) थे। हज़रत मुहम्मद सल्ल० की पैदाइश से पहले अरब में अधिकता से काहिन और नजूमी (ज्योतिषि) लोग थे और उन्होंने यह मशहूर (प्रसिद्ध) कर दिया था कि अनक़रीब (निकट ही) अरब में एक पैग़म्बर पैदा होने वाले हैं जिनके दीन का ग़लबा (प्रभाव) तमाम धर्मों पर होगा।

विलादत (पैदाइश)

आप (सल्ल०) के वालिद का नाम अब्दुल्लाह था। अब्दुल्लाह बिन अब्दुल मुत्तलिब के इन्तक़ाल (मृत्यु) के बाद बारहवीं रबीउल अव्वल को आमुल फ़ील (उस समय का सन) के पहले साल (अर्थात अबरह की चढ़ाई के ५५ दिन बाद) ४० जुलूसे किसराए नोशीरवां और ५७० ईसवीं में नबी सल्ल० पैदा हुए। अब्दुल मुत्तलिब ने आप की परवरिश (लालन पालन) की। क़बीला साअद में आपका ज़मानए रज़ाअत (दूध पीने का ज़माना) पूरा हुआ। हज़रत हलीमा रज़ि० ने दूध पिलाया और जब नबी सल्ल० चार साल के हुए और अपने रज़ाई भाइयों (दूध शरीक भाइयों) के साथ बकरियां चराने को गए थे तो फ़रिश्तों ने आकर आपका शिकम (सीना-ए-मुबारक) चाक करके क़ल्ब (दिल) को निकाला और उस से एक सियाह नुक़्ता (काला बिन्दु) अलग करके दिल को और आन्तों को धोया। जिस समय इस वाक़िए (घटना) की सूचना हलीमा को हुई तो वे इस डर से कि ख़ुदा जाने कोई और घटना पेश न आ जाए, आप को आप की वालिदा (मां) बीबी आमना के पास लायीं और इस घटना से आपको सूचित किया। बीबी आमना ने कहा कि तुम इन को ले जाओ।

यहां की आब व हवा (जलवायु) स्वभाव के अनुसार न होगी। मैं इस घटना से हरासां (आतंकित) नहीं हुई। अल्लाह ने उनको बहुत सी करामतें प्रदान फ़रमायी हैं। जब आपकी उम्र ६ साल की हुई तो बीबी आमना आपको मदीना अपने संबंधियों से मिलाने ले गयीं। वहां अबवा के स्थान पर बीबी आमना का इन्तक़ाल हो गया। इस तरह आप वालिद वालिदा दोनों की ओर से छोटी उम्र ही में यतीम हो गए और जब आठ साल के हुए तो आपके दादा अब्दुल मुत्तलिब ने वफ़ात पायी। उस समय आपके दादा ने आपको परवरिश (पालने) के उद्देश्य से अपने लड़के अबू तालिब के सुपुर्द किया। अबू तालिब मुहब्बते पिदरी (पिता की मुहब्बत) से आपके साथ पेश आए। दूध पीने के दौर में और बचपन के दौर में आपकी अजीब हालत थी। अज्ञानत के तौर तरीक़ों से आप बिल्कुल बेज़ार (निराश) थे। लड़कों में नहीं खेलते थे। अल्लाह ने आपको तमाम आदाते खबीसा (बुरी आदतों) से अपनी पनाह में रखा। जब आपने तेरहवीं साल में क़दम रखा तो अबू तालिब के साथ शाम (सीरिया) की ओर सफ़र किया। बुसरा के स्थान पर बुहीरा राहिब के झोंपड़े के पास होकर गुज़रे बुहीरा राहिब ने आपके अन्दर आसारे नुबूवत (नुबूवत की निशानियां) को देख कर अपनी क़ौम को बुलाया और आपकी नुबूवत से उनको सूचित किया। फिर दोबारा आप (सल्ल०) उम्मुल मोमिनीन हज़रत खदीजतुल कुब्रा (रज़ि०) की तिजारत का सामान लेकर उनके गुलाम मैसरह के साथ शाम (सीरिया) गए। नसतुरा राहिब के पास से जिस समय आपका गुज़र हुआ, उसने आप सल्ल०में शाने नुबूवत (नुबूवत की शान) देखकर मैसरह को आपके हालात से सूचित किया। उसने वापसी के बाद हज़रत खदीजा को पूरे हालात से आगाह किया। हज़रत खदीजा ने आपसे विवाह करने का इरादा किया और अबू तालिब ने आपका निकाह खदीजा से कर दिया। नबी सल्ल० की उम्र शरीफ़ इस समय २५ साल थी। जब आप ३५ वर्ष के हुए तो क़ुरैश ने काबे को गिराकर दोबारा बनाना शुरू किया। जिस समय हजरे असवद (वह काला पत्थर जो काबे में लगा है) के रखने का अवसर आया तो आपस में सब लड़ने लगे। हर आदमी यह चाहता था कि हजरे असवद (काले पत्थर) को मैं अपने हाथ से रखूं। फिर कुछ सोच कर क़ुरैश एक होकर मश्विरा करने लगे। अबू उमय्या ने कहा कि बेहतर होगा कि पहले जो आदमी मस्जिद (काबे) में दाख़िल होगा उसे तुम लोग अपना हाकिम (जज) बनाओ। क़ुरैश इस बात पर राज़ी हो गए। इसी बीच नबी सल्ल० वहां आ गए। लोगों ने कहा कि यह अमीन (ईमानदार) है यह फ़ैसला करेंगे। आपने एक कपड़े में हजरे असवद (काले (पत्थर) को रख कर क़ुरैश से कहा, कि इस कपड़े के किनारों को पकड़ लो। किसी को किसी पर कोई फ़ज़ीलत (श्रेष्ठता) न होगी और न कोई झगड़ा बाक़ी रह जाएगा। अतएव क़ुरैश ने आपके कहने से कपड़े के किनारे पकड़ लिए। जिस समय हजरे अस्वद अपने मक़ाम (स्थान) के निकट पहुंचा, आपने अपने हाथ से लेकर उसको उसकी जगह पर रख दिया। इसके बाद नबी सल्ल० तहारत (पाकी) और इबादत अत्यन्त दृढ़ता से कोशिश फ़रमाने लगे। आपकी ज़ात पाक में एक आला दर्जे (उच्च दर्जे) का अख्लाक़ (आचरण) और सब्र व फ़साहत (धैर्य व शालीनता) थी। जवानी में ही आपको इबादत का शौक़ था। हज़रत खदीजा रज़ि० से कई कई दिन का खाना तैयार कराके अपने साथ ले जाया करते थे। पहाड़ों में ग़ारे हिरा (एक खोह का नाम) आदि में आप रात दिन कई कई दिनों तक मसरूफ़े इबादत (इबादत में लीन) रहते थे और आपको लोग अमीन (अमानतदार) कहा करते थे।

नुबूवत

वह्य के उतरने से पूर्व नबी सल्ल० ने रोया-ए-सालिहात (सच्चे सपने) देखना शुरू किए। काहिनो (नजूमियों) और आसमानी किताबों के विद्वानों ने आपकी शान व नुबूवत के चर्चे व ज़िक्र करना शुरू कर दिए और नबी सल्ल० इबादत के ख्याल से तन्हाई व खिलवत (अकेले) में ज़्यादा से ज़्यादा रहना पसन्द फ़रमाने लगे। अक्सर ग़ारे हिरा में तशरीफ़ ले जाते और वहीं दो-दो चार-चार रातें लगातार इबादते इलाही (अल्लाह की इबादत) में लगे रहते यहां तक कि आपकी पैदाइश के चालीसवें साल आप पर वह्य नाज़िल हुई। पहले फ़रिश्ता आदमी के रूप में आता था और आपसे बातें करता था और कभी आप पर इलक़ा (आप से आप वह्य का आना) हुआ करता था और किसी समय चादर या कोई और चीज़ लपेट कर लेट जाते थे और वह्य घंटी की आवाज़ की तरह नाज़िल होती थी। इस पिछली सूरत में आपको बहुत तक्लीफ़ होती थी जैसा कि हदीस शरीफ़ में आया है 'वहु-अ अ-शदू अला' (और वह मुझ पर अधिक सख्त है) सख्त जाड़े में आप पसीने पसीने हो जाते, मतलब यह कि जो वह्य आरम्भ में आप पर ग़ारे हिरा में नाज़िल हुई वह यह थी—'इक़रा बिस्मि-रब्बिकल लज़ी ख़लक़० ख़लक़ल इन्सा-न मिन अलक़० इक़रा व रब्बिकल अकरमुल्लज़ी अल्ल-म बिल क़लम, अल्लमल इन्साना मा लम याअ्लम०'

बीबी ख़दीजा रज़ि० ने आप की बातों की तस्दीक़ (मान लेना) की और आप पर ईमान लायीं। इसके बाद नबी सल्ल० पर नमाज़ फ़र्ज़ (अनिवार्य) की गयी। हज़रत जिब्रील अलैहि० आए और वुज़ू करके पूरे अरकाने नमाज़ व तरकीब आपको नमाज़ पढ़ कर दिखायी। उसके बाद मेअ्राज की रात में आप मक्का से बैतुल मक़्दिस और फिर वहां से सातों आसमान और सदरतुल मुनतहा पर तशरीफ़ ले गए—'फ़ अवहा इला अवदहू मा अवहा'।

अर्थात—अल्लाह ने अपने बन्दे पर वह्य भेजी। जो वह्य भेजी उसका ज़िक्र (मेअराज का) पन्द्रहवें पारे के शुरू में है।

कुरैश में इस्लाम की दावत

नबी सल्ल० ने अबू तालिब को इस्लाम की दावत दी। अबू तालिब ने कहा, मैं अपना और अपने बाप-दादा का दीन (धर्म) नहीं छोड़ सकता, अलबत्ता तुम्हारी वजह से यह होगा कि मैं तुम्हारा विरोध न करूंगा, उलमा-ए-सीर (पवित्र जीवनी लिखने वाले विद्वान) लिखते हैं कि सबसे पहले ख़दीजा रज़ि० ईमान लायीं। इसके बाद अबू बक्र व अली (रज़ि०) और ज़ैद बिन हारसा व बिलाल रज़ि०, फिर उमर बिन अम्बसा सलमा रज़ि० व ख़ालिद बिन सईद रज़ि० मुसलमान हुए। इन बुज़ुर्गों के बाद कुरैश के एक गिरोह ने इस्लाम को स्वीकार किया जिन को अल्लाह ने नबी सल्ल० की मुसाह-बत (निकटता) के लिये पूरी क़ौम में से बरगुज़ीदा (अहम माना) किया और इनमें से अधिकांश प्रसिद्ध व जन्नती हुए। हज़रत अबू बक्र सिद्दीक़ रज़ि० चूंकि रक़ीक़ुल क़ल्ब (नर्म दिल) महबूबे ख़लाइक़ (लोगों के प्रिय) नर्म स्वभाव और तिजारत करने वाले थे। लोगों की मदद करने का मादा (भावना) उनमें अधिक था। क़ुरैश आपसे ज़्यादा मानूस (मिले जुले) थे इस वजह से आपके हाथ पर बनू उमय्या में ही उस्मान बिन अफ़्फ़ाक, तलहा, साअद बिन अबी व क़ास और अब्दुर्रहमान बिन औफ़ रज़ि० ईमान लाए। इसके बाद अबू उबैदह रज़ि०, आमिर बिन अब्दुल्लाह रज़ि०, अबू सलमा अब्दुल असद रज़ि०, सईद बिन ज़ैद रज़ि०, सईद की बीवी फ़ातिमा रज़ि०, (हज़रत उमर रज़ि० की बहन) सईद रज़ि० के बाप ज़ैद बिन अमरू रज़ि० इस्लाम में दाखिल हुए। यह ज़ैद बिन अमरू वही हैं जिन्हों

ने अज्ञानता में बुतपरस्ती छोड़ दी थी। फिर उमैर रज़ि० और अब्दुल्लाह बिन मसऊद रज़ि० मुसलमान हुए। अब्दुल्लाह बिन मसऊद उक़्बा बिन मुईत की बकरियां चराते थे। एक दिन नबी सल्ल० उनकी बकरियों के गल्ले की ओर से होकर गुज़रे और उन की इजाज़त से बकरी का दूध आपने दोहा जिसका दूध बन्द हो गया था। अब्दुल्लाह बिन मसऊद रज़ि० यह मुअज्जिज़ह (चमत्कार) देख कर हैरान हो गए और उसी समय ईमान ले आए। इन के बाद जाफ़र बिन अबी तालिब और उन की बीवी और साइब बिन उस्मान रज़ि० और आमिर बिन फ़हीरह रज़ि०. उम्मार बिन यासिर और सुहैब (रज़ि०) इस्लाम लाए।

इस्लाम की दावत

इन बुज़ुर्गों के इस्लाम लाने से मुसलमानों की एक छोटी सी जमाअत हो गई जिसमें जवान लड़के, बूढ़े, औरतें सभी शामिल थे। लेकिन मुश्रिकों (अधर्मियों) के भय से जंगलों और पहाड़ों में चले जाते थे और वहीं नमाज़ें पढ़ते थे। क़ुरैश का कोई ऐसा जलसा न होता था जिसमें इस्लाम का और उनके इस्लाम लाने का उल्लेख न होता। वह्य के आने के तीसरे साल नबी सल्ल० को दावत देने का हुक्म हुआ। चुनांचे आप सफ़ा पहाड़ पर चढ़ गए और क़ुरैश को बुला कर उनसे मुख़ातिब (सम्बोधित) हो कर फ़रमाया—

"यदि मैं तुमको ख़बर दूं कि दुश्मन तुम पर सुबह को आएगा या शाम को, तो क्या तुम लोग मुझे सच्चा मानोगे? क़ुरैश ने कहा, हां। तब नबी सल्ल० ने फ़रमाया, मैं तुम को डराता हूं आगे के सख़्त अज़ाब से। ख़ुदा के इन हुक्मों पर ईमान लाओ जो मेरे पास आए हैं। क़ुरैश इस कलाम को सुन कर अलग हो गए।"

फिर आपने आम हिदायत शुरू की। जब क़ुरैश ने देखा कि उनके बुतों की बुराइयां की जाती हैं और उनके पूजने पर रोक टोक की जाती है तो उनको बुरा लगा, वे सब के सब एक मकान में जमा हो कर नबी सल्ल० की दुश्मनी पर तैयार हो गए। अबू तालिब ने उनकी इस राए का विरोध किया और उनको इस काम से रोकने लगे, वे नबी सल्ल० की हिमायत पर तैयार हो गए। क़ुरैश अबू तालिब के विरोध से मजबूर हो कर न्याय कराने के लिए अबू तालिब के पास आए और अबू तालिब से नबी सल्ल० की ओर से तकलीफ़ पहुंचाने के बारे में बहस की और इस बात की इच्छा प्रकट की कि नबी सल्ल० को उनके यहां बुला कर इस नए काम से रोकें। चुनांचे नबी सल्ल० उनके बुलाने पर इस सभा में तशरीफ़ लाए। क़ुरैश ने अपने तर्क पेश किए। और यह कहा कि यदि आपको दौलत की ज़रूरत हो तो आप की इच्छा से ज़्यादा चन्दा जमा करके दे दें और यदि जवान सुन्दर औरत की ज़रूरत हो तो वह भी इसके साथ, और यदि इसके बावजूद फिर भी आप न मानें तो मुमकिन (सम्भव) है कि ख़ून-रेज़ी (रक्तपात) होगी और आपकी जान जाती रहेगी क्योंकि यह सारी कौम और मज़हब (धर्म) का मामला है।

तब जवाब में नबी सल्ल० ने क़ुरआन मजीद की कुछ आयत पढ़ कर इशारा फ़रमाया—

"ऐ चचा! मैं अपने इस काम को न छोड़ूंगा यहां तक कि अल्लाह उसको ज़ाहिर (स्पष्ट) करे या कि मैं स्वयं इसमें हलाक (ख़त्म) हो जाऊं।"

अबू तालिब यह सुन कर शान्त रहे, क़ुरैश की सभा ख़त्म हो गई। उस समय फिर आपने अबू तालिब से मुख़ातिब (सम्बोधित) होकर इस्लाम की दावत दी। अबू तालिब ने कहा, जो तुम्हारे दिल में है करो, लेकिन ख़ुदा की क़सम मैं कभी ईमान न लाऊंगा और न अपने बाप दादा के दीन को छोड़ूंगा। यह बात मुझ से न होगी कि नमाज़ के समय मेरे चूतड़ मेरे सर से ऊंचा हो जाएं (अर्थात सज्दे में)

हब्शा की ओर हिजरत

जब क़ुरैश ने देखा कि नबी सल्ल० इस्लाम की दावत से बाज़ नहीं आते और मुसलमानों की जमाअत बढ़ती जाती है तो बनी हाशिम और बनू मुत्तलिब और कुल क़ुरैश ने जमा होकर नबी सल्ल० और सब मुसलमानों को तक्लीफ़ पहुंचाने का अहद (वचन) किया। प्रत्यक्ष में इस वचन में बनू हाशिम और बनू मुत्तलिब पेशवा (अगुवा) थे। लेकिन असल में अरब का हर क़बीला जो उस समय मक्का और उसके निकट में था इस अहद व इक़रार में शामिल था। जहां ये लोग ग़रीब मुसलमानों को पाते, पत्थरों से मारते, तरह-तरह की तक्लीफ़ें देते थे, नमाज़ की हालत में ऊंटों, बकरियों की आंतें, गन्दगी ला-लाकर नमाज़ियों पर डालते थे। जब यह तक्लीफ़ों का सिलसिला सीमा पार कर गया तो आपने मुसलमानों को हब्शा की ओर हिजरत का हुक्म दिया। हब्शा के बादशाह और क़ुरैश के बीच तिजारत का सन्धिनामा था। वे प्राय: हब्शा के बादशाह की प्रशंसा किया करते थे। बहरहाल सबसे पहले हज़रत उस्मान बिन अफ़्फ़ान रज़ि० और उनकी पत्नी रुक़ैया बिन्त नबी सल्ल०, अबू हुज़ैफ़ा और उनकी पत्नी, ज़ुबैर बिन अवाम, मुसअब बिन उमैर, अबू सबरह अब्दुल्लाह बिन मसऊद आमिर और उनकी पत्नी लैला और सुहैल रज़ि० इन बुज़ुर्गों ने हब्शा की ओर हिजरत फ़रमायी। इनके बाद फिर यके बाद दीगरे (एक के बाद एक) मुसलमानों ने हब्शा की ओर हिजरत करना शुरू कर दिया। इन्हीं लोगों के साथ जाफ़र बिन अबी तालिब रज़ि० भी हिजरत कर गए, यहां तक कि हब्शा में मुहाजिरीन (हिजरत करने वालों) की तायदाद (संख्या) तीन सौ तक पहुंच गयी मुहाजिरीने अव्वल (प्रथम हिजरत करने वाले) का मुश्रिकीने मक्का (मक्का वालों) ने दूर तक पीछा किया, लेकिन नाकाम वापस आए। क़ुरैश ने जब यह देखा कि नबी सल्ल० की तक्लीफ़ व परेशानी में आपके कुछ रिश्तेदार रुकावट बनते हैं और विरोध करते हैं तो उन्होंने यह शेवा (रास्ता) अख़्तियार (अपनाया) किया कि जो मक्का में आता था उससे नबी सल्ल० की साहिरी, (जादूगरी) मजनूनियत (पागलपन) और कहावत (ज्यौतिष) का ज़िक्र करते थे और आपके पास उसको आने से रोकते थे। इन लोगों का यह काम था कि ये लोग नबी सल्ल० और उन लोगों से जो ईमान ला चुके थे मसख़रा पन (मज़ाक उड़ाते) करते और तक्लीफ़ देते थे।

तायफ़ में इस्लाम की दावत

अल ग़रज़ (फल स्वरूप) हज़रत ख़दीजा रज़ि० के इन्तक़ाल (देहान्त) और अबू तालिब के इंतक़ाल के बाद मुश्रिकीने मक्का नबी सल्ल० के साथ हर समय इस्तहज़ा (मसख़रा) और तक्लीफ़ देने पर तैयार रहते। एक दिन आप इस्लाम की दावत देने के उद्देश्य से तायफ़ की ओर तशरीफ़ ले गए और वहां के सरदारों अब्द या लैल बिन उमर और मसऊद व हबीब के पास बैठकर उनको इस्लाम लाने और इस्लाम की मदद करने की इस्तदा (प्रार्थना) की। इन तीनों ने अत्यन्त सख़्ती से आपको जवाब दिया। तो जब नबी सल्ल० इनके इस्लाम लाने से ना-उम्मीद (निराश) हो गए तो उनको इस हाल के छुपाने के लिए इर्शाद फ़रमाया। लेकिन उन लोगों ने आपका कहा न माना। अराज़ल (क्रूर और बुरे) और छोटे-छोटे लड़कों को आपके पीछे लगा दिय।

उन लड़कों ने आपके पीछे तालियां बजानी शुरू कीं और ढेले मारने लगे, यहां तक कि आप एक बाग़ की दीवार की छाया में बैठ गए, और लडके लोग लौट गए। जब आप को उन के शोर व ग़ुल से सुकून हासिल हो गया तो रात को खजूर के एक बाग़ में ठहर गए। आधी रात को जब आप (सल्ल०)

नमाज़ पढ़ने के लिए खड़े हुए तो कुछ जिन्न इस तरफ़ से होकर गुज़रे और उन्होंने इस मक़ाम (स्थान) पर ठहर कर क़ुरआन को सुना। इसके बाद नबी सल्ल० मक्का में दाखिल हुए।

मक्का वाले बदस्तूर (उसी तरह) आपकी अदावत (दुश्मनी) पर तुले हुए थे। क़ुरैश के रईसों में से किसी ने आपको अपनी हमसायगी (शरण) में न लिया। आखिरकार मुतअिम बिन अदी के जुवार (मकान) में आप ठहरे। तुफ़ैल बिन अमरू आपकी सेवा में हाज़िर हुए और ईमान लाए। अपनी क़ौम को इस्लाम की तरफ़ बुलाया, कुछ उनमें से ईमान लाए। नबी सल्ल० ने उनके लिए दुआ फ़रमायी। इब्ने हज़म का बयान है कि इसके बाद मेअराज की घटना पेश आयी। पहले आप मक्का से बैतुलमुक़द्दस तशरीफ़ ले गए, फिर वहां से आसमानों पर गए और अम्बियाए किराम (नबियों) से मुलाक़ात की। जन्नत और सदरतुल मुन्तहा को सातवें आसमान पर देखा।

हज के मौसम में इस्लाम की दावत

जब नबी सल्ल० मुश्रिकीने मक्का के ईमान लाने से ना-उम्मीद (निराश) हो गए और हज के मौसम में जो लोग इतराफ़) इधर-उधर) से आते थे उनके फरूद गाह (ठिकानों) पर तशरीफ़ ले जाते थे और उनको इस्लाम की दावत देते थे, क़ुरआन पढ़कर उनको सुनाते। इस्लाम की नुसरत (मदद) के लिए उनसे कहते, तो क़ुरैश इन मामलों में भी मुज़ाहमत (हस्तक्षेप व रुकावट) करते और आपकी मुज़म्मत (निंदा) करते फिरते थे। अबू लहब को इस काम में एक खास दिलचस्पी थी। वह अपने सारे कामों को छोड़ कर आपके पीछे पड़ गया था। जिन लोगों को आप हज के मौसम में इस्लाम की दावत देते थे, कुछ उनमें से सुन कर सहूलियत (आसानी) से जवाब देते थे और कुछ एतराज़ (विरोध) करते और कुछ बतरीक़ तमुस्खुर (मज़ाक़ उड़ाते हुए) यह कहते थे कि "हम इस शर्त पर ईमान लाएंगे कि तुम हमको मुल्क व हुकूमत दिलाओ।"

नबी सल्ल० यह सुन कर इर्शाद फ़रमाते थे कि यह काम अल्लाह का है, मैं इस का वायदा नहीं कर सकता। इसके बाद नबी सल्ल० सुवेद बिन अस्सामत के पास तशरीफ़ ले गए और उसको इस्लाम की दावत दी। सुवेद बिन सामत ने न तो इस्लाम स्वीकार किया और न सख्ती से जवाब दिया। जब यह मदीना से वापस आया तो किसी लड़ाई में मारा गया। यह वाक़िआ (घटना) यौमे बआस (एक इतिहासिक घटना) के पहले का है। इसके बाद मक्का में अबुल हैसर अनस अपनी क़ौम बनू अब्दुल अशहल के एक गिरोह को लिए हुए क़ुरैश से खज़रज वालों से मुक़ाबले के लिए हलफ़ (शपथ) लेने आया। नबी सल्ल० इस गिरोह के पास भी इस्लाम की दावत को तशरीफ़ लाए। इस गिरोह में से एक नवजवान ने जिसका नाम अयास बिन मआज़ था अपनी क़ौम से मुखातिब (संबोधित) होकर कहा, 'वल्लाह (क़सम खुदा की) हम जिस काम के लिए आए हैं उससे यह अच्छा है।' अबुल हैसर ने यह सुन कर अयास को एक डांट दिलायी। अयास खामोश हो गया और ये सब बे नील व मराम (बिना सफल हुए) मदीना को वापस आए। थोड़े दिनों बाद अयास का इन्तक़ाल हो गया। उलेमा-ए-सैर (सीरत लिखने वाले विद्वान) कहते हैं कि अयास बिन मआज़ ने इस्लाम पर इन्तक़ाल किया।

मदीना को हिजरत

जब मदीने में इस्लाम का ज़्यादा ज़ोर हो गया और मदीने वालों के मुसलमान हो जाने से मुसलमानों को एक शक्ति मिल गयी तो मक्का के मुश्रिक इस घटना से बहुत बरहम (क्रोधित) हुए और

उन्होंने मुसलमानों के सताने का अहद (प्रतिज्ञा) कर लिया। इससे मुसलमानों की तकलीफ़ बढ़ गयी। उस समय जो सबसे पहले जिहाद (अल्लाह के दीन के लिए लड़ना) की आयत अल्लाह ने नाज़िल फ़रमायी, उसका अनुवाद यह है—

"और लड़ाई करो तुम उनसे ताकि न रहे शिर्क और हो कुल दीन अल्लाह का।"

इसके बाद नबी सल्ल० ने अल्लाह के हुक्म से अपने असहाब (साथियों) को मक्का से मदीना हिजरत कर जाने का इर्शाद फ़रमाया। सबसे पहले अबू सलमा रज़ि० मक्का से हिजरत कर गए। इनके बाद आमिर रज़ि० फिर कुल बनू जहश, उनके बाद अकशह बिन मुहसिन रज़ि० और एक गिरोह बनू असअद, जिनमें जैनब बिन्त जहश रज़ि० उम्मुल मोमिनीन भी थीं और उनकी दोनों बहनें, हमनह और उम्मे हबीबा रज़ि० ने हिजरत की, इसके बाद उमर बिन खत्ताब व अयाश बिन अबी रबीनियह रज़ि० बीस सवारों के साथ मदीना को हिजरत कर गए। उमर बिन खत्ताब रोजे रोशन (दिन दहाड़े) तमाम क़ुरैश के सामने मक्का से निकले और पुकार के कहा कि 'जिस किसी को अपनी पत्नी रांड (विधवा) करानी और अपने बच्चे यतीम कराने मंज़ूर हों तो वह उस पहाड़ के पीछे मुझसे मिले। मगर किसी को हिम्मत न हुई। फिर जैद, सईद खनीस (रज़ि०) और एक गिरोह बनू अदी हिजरत कर गए।

ये सब क़ुबा में रफ़ाअह बिन अब्दुल मुन्ज़र रज़ि० के मकान पर ठहरे। इनके बाद तलहा रज़ि०, सुहैब रज़ि०, हमज़ा बिन अब्दुल मुत्तलिब रज़ि०, ज़ैद बिन हारसह रज़ि० सहित और अबू मुरसिद ने हिज़रत की और क़ुबा में ठहरे। फिर उस्मान एक जमाअत सहित हिजरत कर गए। हज़रत अबू बक्र रज़ि० ने हिजरत की तैयारी की तो नबी सल्ल० ने रोका कि तुम्हारे हिजरत करने का हुक्म मेरे साथ हो गया है, इस लिए मेरा इन्तज़ार (प्रतिक्षा) करो।

धीरे-धीरे मक्का से सभी सहाबा मदीना में चले आए थे। नबी सल्ल० के पास मक्का में सिवाए अबूबक्र सिद्दीक़ रज़ि०, हज़रत अली रज़ि० के और कोई बाक़ी न रहा था। नबी सल्ल० खुदा के हुक्म का इन्तज़ार (प्रतिक्षा) कर रहे थे।

क़ुरैश का मश्विरा (परामर्श)

जब क़ुरैश ने इन बुज़ुर्गों के हिजरत कर जाने और मदीना वालों के इस्लाम लाने से यह समझ लिया कि ये लोग धीरे-धीरे सभी मदीना में चले गये और हस्बे ख्वाहिश (इच्छानुसार) इनके पैग़म्बर मुहम्मद सल्ल० भी चले जाएंगे। तब क़ुरैश आपके बारे में मश्विरा करने के उद्देश्य से दारुल न दवा में जमा हुए। क़ुरैश के सब बड़े-बड़े आदमी भी मश्विरे में शरीक थे और इनके सिवा दूसरे क़बीलों के आदमी भी शरीक थे। इस जलसे (सभा) में बहुत कुछ बातें पेश हुई। कुछ कहते थे कि मुहम्मद (सल्ल०) को क़ैद कर दो, कुछ कहते थे जला वतन (देश निकाला) कर दो। अबू जहल ने कहा कि क़बीलों से एक-एक आदमी इन्तखाब (चुनकर) करके क़त्ल कर दो। इस सूरत में। किसी खास क़बीले पर क़त्ल का जुर्म न आएगा और न बनू अब्दे मनाफ़ इन सभों से लड़ सकेंगे, केवल खून बहा (खून का बदला अदा कर) दिया जाएगा। सभा में शरीक सभी लोगों ने इस राय को पसन्द किया और रात ही से इस पर अमल करने को तैयार हो गए।

नबी सल्ल० का मकान घेर लिया। अल्लाह ने वह्य द्वारा नबी सल्ल० को सूचित कर दिया। चुनांचे (अतएव) हज़रत अली रज़ि० को अपनी ख्वाबगाह (सोने के कमरे) में सुला कर मकान के बाहर आए। अल्लाह ने उनकी आंखों पर उस समय पर्दे डाल दिए। नबी सल्ल० ने एक मुश्त (मुट्ठी

भर) खाक (मिट्टी) पर सूर: यासीन पहली आयतें 'फ़हुम ला युबसिरून' तक पढ़ कर उनकी तरफ़ फेंक दिया और आप अबू बक्र सिद्दीक़ रज़ि० सहित मकान से बाहर तशरीफ़ लाए। अब्दुल्लाह बिन अरीक़त को उजरत (मज़दूरी) देकर रहबर (गाइड) मुक़र्रर (नियुक्त) किया। उसने यह कह दिया कि आम रास्ते को छोड़ कर ग़ैर माअरुफ़ (जो प्रसिद्ध न हो) रास्ते से मदीना ले जाए। अगरचे (यद्यपि) अब्दुल्लाह बिन अरीक़त काफ़िर था लेकिन इन दोनों बुज़ुर्गों ने उस पर एतमाद (भरोसा) कर लिया था।

ग़ारे सूर

नबी करीम सल्ल० और हज़रत अबू बक्र रज़ि० मकान से निकल कर रात ही को एक ग़ार (खोह) में जो जब्ले सूर (सूर नामक पहाड़) में था छिप गए। अब्दुल्लाह बिन अबी बक्र प्रतिदिन ग़ार पर आते और मक्का वालों की बातों से सूचित कर जाते थे और आमिर बिन फ़ुहीरह रज़ि० (अबू बक्र का सेवक) उन बकरियों को अब्दुल्लाह बिन अबी बक्र के पीछे-पीछे पांव के निशान मिटाने के लिए चराते हुए लाते और रात को वहीं रह जाते थे इस वजह से कि ज़रूरत भर दूध आदि आपको दे दिया जाए और असमा बिन्त अबू बक्र रोज़ाना मक्का से खाना लाकर खिला जाती थीं।

तमाम सावधानियों को पकड़े रहने के बावजूद क़ुरैश भी ढूंढ़ते हुए ग़ार तक पहुंच गए। चूंकि घने ग़ार (ग़ार के मुंह) पर मकड़ियों ने रात को जाला लगा रखा था। क़ुरैश ने यह सोचा कि यदि कोई अन्दर जाता तो जाला टूट जाता। इस वजह से मुतमईन (सन्तुष्ट) होकर वापस आए और सौ ऊँटों के इनाम का नबी सल्ल० और अबू बक्र रज़ि० की गिरफ़्तारी पर एलान (घोषणा) कर दिया।

जब ग़ार में तीन दिन नबी सल्ल० व अबू बक्र रज़ि० को गुज़र गए और क़ुरैश का तलाश का अभियान कम हो गया तब अब्दुल्लाह बिन अरीक़त इन दोनों बुज़ुर्गों के लिए सवारी लेकर आया और एक ऊंटनी अपने लिए भी लाया और असमा बिन्त अबी बक्र रास्ते के लिए खाना पका कर लायीं, लेकिन उजलत (जल्दी) में रस्सी लाना भूल गयीं। जिससे बांधकर खाना लटका दिया जाता। असमा बिन्त अबी बक्र ने अपना निताक़ (कमरबन्द) फाड़ कर खाना लटकाया। इसी दिन से असमा बिन्त अबी बक्र जातुन्न ताक़ीन की उपाधि से मशहूर हो गयीं।

मदीने का सफ़र

नबी सल्ल० एक नाक़ा (ऊंटनी) पर सवार हुए और दूसरी पर अबू बक्र सिद्दीक़ और उनके पीछे आमिर बिन फ़ुहीरह रज़ि० सवार हुए और अब्दुल्लाह बिन अरीक़त एक तीसरे ऊंट पर सवार हुआ। आम रास्ता छोड़कर एक ग़ैर मशहूर रास्ते को अपनाया। अबू बक्र सिद्दीक़ ने रवाना होते समय अपना कुल माल (जो लगभग छः हज़ार दिरहम था) अपने साथ ले लिया। पहले दिन से दूसरे दिन की ज़ुहर तक बराबर सफ़र करते रहे। ज़ुहर के समय एक मैदान में थोड़ी देर के लिए ठहर गए। इस बीच में सुराक़ा बिन मालिक (जो आप (सल्ल०) के गिरफ़्तार करने का वायदा कर चुका था) आ पहुंचा। नबी सल्ल० ने उसके हक़ में बददुआ की। उसी समय उसके घोड़े के चारों पांव ज़मीन में धंस गए। सुराक़ा मजबूर होकर नबी सल्ल० से अमान (माफ़ी) का ख्वास्तगार (इच्छुक) हुआ। नबी सल्ल० ने उसको अमान दे दी और सुराक़ा ने वायदा किया कि मुझे अब जो भी आदमी मिलेगा

उसको वापस करता जाऊंगा। अतः सुराक़ा तो उस जगह से वापस हुआ। फिर जो नबी सल्ल० का पीछा करते हुए उसको मिलते जाते थे उनको वह वापस करता जाता था।

अब्दुल्लाह बिन अरीक़त नबी सल्ल० व अबू बक्र रज़ि० को लेकर साथ लिए हुए असफ़ले मक्का से निकल कर समुद्र के किनारे की ओर चला और असफ़ले असफ़ान से गुज़रता हुआ मज में पहुंचा। फिर वहां से उसके असफ़ल को तै करता हुआ क़दीर में आया। क़दीर से निकल कर उरूज होता हुआ अवाली मदीने से क़ुबा में रसूलुल्लाह (सल्ल०) और अबू बक्र (रज़ि०) के साथ दाख़िल हुआ। यह रास्ते का बड़ा जानने वाला था।

ज़कात व अज़ान

जिस समय नबी सल्ल० को मदीने में जमाव व इत्मीनान हासिल हो गया और आपके पास मुहाजिर व अन्सार जम हो गए, उस वक़्त ज़कात फ़र्ज़ की गयी और मुक़ीम की नमाज़ में दो रकअतें और बढ़ायी गयीं जिससे चार रकअतें पूरी हुईं। इससे पहले मक्का में दो ही रकअतें नमाज़ मुसाफ़िर व मुक़ीम के लिए थीं। फिर अब्दुल्लाह बिन सलाम जो यहूद के बहुत बड़े आलिम (विद्वान) थे, इस्लाम लाए। वजह यह हुई कि पहले-पहले जब उन्होंने नबी सल्ल० को देखा तो क़सम खाई कि इस व्यक्ति का चेहरा झूठे आदमी का चेहरा नहीं हो सकता। यहूदियों ने उसका साथ छोड़ दिया और ओस व ख़ज़रज के कुछ लोगों को बहका कर मुनाफ़िक़ (कपटाचारी) बना लिया जिनका काम यह था कि वे मुसलमानों से लड़ते थे और कुफ़्र की बातों पर इसरार (ज़िद) करते थे। इन मुनाफ़िक़ों (कपटाचारियों) के सरदार अब्दुल्लाह बिन उबई, वजद बिन क़ैस, हरस बिन सुहैल, अबाद बिन हुनीफ़ थे और यहूदियों में से जो बज़ाहिर (प्रायक्ष में) इस्लाम के हमदर्द और छिपे तौर पर कुफ़्र में डूबे हुए थे वे ये थे—साअद बिन खनीस, ज़ैद, राफ़ेअ, रिफ़ाअह इब्ने ज़ैद, कनायह आदि मुसलमानों के दुश्मन थे।

मक्का की फ़तह

१० वीं रमज़ान ८ हिजरी को दस हज़ार सेना के साथ नबी सल्ल० मदीना से मक्का को फ़तह करने के उद्देश्य से रवाना हुए। इस सेना में एक हज़ार मर्द बनू सलीम के और एक हज़ार मुज़ीना के, चार सौ ग़फ़्फ़ार के, ४ सौ अस्लम के और बाक़ी क़ुरैश व असद व तमीम और मुहाजिर व अन्सार के मवालीन व क़ताइब थे। मदीना में कलसूम बिन हुसीन बिन उतबा ग़फ़्फ़ारी ही आपके क़ायम मुक़ाम (कार्यवाहक) हुए।

जिस समय आप ज़ुल हुलीफ़ा और कुछ कहते हैं कि हजफ़ह में पहुंचे अब्बास बिन अब्दुल मुत्तलिब रज़ि० मक्का से हिजरत करके मदीने को आते हुए मिले। नबी सल्ल० के फ़रमाने से अब्बास रज़ि० आप के साथ जिहाद के उद्देश्य से इस्लामी लश्कर के साथ मक्का को वापस हुए। आख़िरकार मक्का बिना जंग के फ़तह हो गया और पूरे अरब की क़ौमें इस्लाम में दाख़िल होना शुरू हुईं।

हज्जतुल विदाअ (अन्तिम हज)

इन वाक़िआत (घटनाओं) के बाद ज़िल-क़-अद का महीना आ गया। जब उसकी पांच रातें रह गयीं तो हज के इरादे से मदीना से रवाना हुए। आपके साथ मुहाजिरों, अन्सार और अरब के

रईसों का एक गिरोह था और सौ ऊंट थे। मक्का में यक शम्बा (इतवार) के दिन जबकि चार दिन ज़िल हज के गुज़र चुके थे दाखिल हुए। अली बिन अबी तालिब रज़ि० भी जो नजरान में सदक़ा जमा करने को गए हुए थे, मक्का में आप से आ मिले और आपके साथ हज किया। आपने इस बार लोगों को मनासिके हज (हज के क़ायदे) की तालीम दी, उसके सुनन (तरीक़े) बतलाए, उनके लिए रहमत की दुआ की और अरफ़ात में एक लम्बा खुत्बा दिया जिसमें बहुत सी हिदायतों के बाद ये अलफ़ाज़ (शब्द) भी थे—'मेरे बाद तुम काफ़िर न बनो कि एक दूसरे की गर्दनें मारते फिरो।'

नबी सल्ल० की अलालत (बीमारी)

सबसे पहले जिससे नबी सल्ल० पर अपने इन्तक़ाल (देहान्त) का हाल मुन्कशफ़ (स्पष्ट) हुआ वह अल्लाह का यह क़ौल (कथन) था—

'इज़ा जा-अ -नसरुल्लाहि वल फ़त्हु ·····' ता आख़िर सूर:

इसके बाद सफ़र अरबी महीने ११ हिजरी सन ६४२ ईसवी के अनुसार दो रातें बाक़ी थीं कि आपके दर्द पैदा हुआ। आपने इस दर्द की हालत में यह इर्शाद किया कि बेशक (निस्संदेह) एक बंदे को अल्लाह ने अपने बन्दों में से दुनिया और उस चीज़ का जो उसके पास है (अर्थात आख़िरत) का इख्तियार (स्वतंत्रता) दिया है। तो बन्दे ने उसको चुना जो उसके पास है।

हज़रत अबू बक्र रज़ि० इस फ़िक़रे (वाक्य) को सुन कर रो पड़े और यह कहा—'ऐ नबी सल्ल० ! हम आपका अपनी जानों और बच्चों से फ़िदया (सदक़ा) देते हैं।' इसके बाद आपने अपने सहाबा को जमा किया और उनके हक़ में भलाई की दुआ की और आंखों से आंसू जारी होते रहे। इसी दौरान आपने फ़रमाया—

"मैं तुमको डरने की नसीहत करता हूं और खुदा से, तुम्हारे लिए रहम (दया) की दरख्वास्त (प्रार्थना) करता हूं और उस की निगहबानी (देख-रेख) में तुम को छोड़ता हूं और तुम को उस के सुपुर्द (हवाले) करता हूं। (ऐ लोगो) मैं तुमको ख़ौफ़ (डर) और खुशखबरी (शुभ सूचना) दोनों सुनाता हूं कि तुम खुदा के आदेशों में ज़्यादती न करो और उसके शहरों में ज़्यादती न करो और उस की मख़लूक़ (लोगों) पर ज़्यादती (ज़ुल्म) न करो। क्योंकि खुदा ने मुझ से भी और तुम से भी यह कहा है कि आख़िरत (परलोक) का घर (जन्नत) एक ऐसा मक़ाम (जगह) है कि जिसका मालिक केवल उन लोगों को बनाऊंगा जो ज़मीन में सरकशी (विद्रोह) के मुरतकिब (अपराधी) न हों और न ज़मीन में वे किसी क़िस्म (प्रकार) का फ़साद (दंगा) करते हों क्योंकि जन्नत पाक लोगों के लिए (उनके कर्मों का नतीजा) है और उसने कहा है कि क्या जहन्नम में मुतकब्बिर (घमंडी) लोगों के सिवा और भी होगा ? अर्थात न होगा) फिर आपने मस्जिद की तरफ़ के जितने दरवाज़े थे सभी को बन्द करने का हुक्म दे दिया केवल अबू बक्र के दरवाज़े को छोड़ कर। फिर यह कहा कि मैं किसी को अबू बक्र से ज़्यादा अपनी सोहबत (महफ़िल) में अफ़ज़ल (श्रेष्ठ) नहीं जानता हूं और यदि मैं किसी को अपना खलील (दोस्त) बनाता तो अबू बक्र को अपना खलील (दोस्त) बनाता।"

वफ़ात (देहान्त)

इसके बाद फिर दर्द का इतना ज़ोर हुआ कि आप बेहोश हो गए। उम्मुहातुल मोमिनीन (आप

की पत्नियां) और फ़ातिमा (रज़ि०) व अब्बास, अली रज़ि० सबके सब आपके गिर्द (पास) आकर जमा हो गए। इसी अर्से (बीच में) में नमाज का वक़्त आ गया। दर्द में कुछ कमी मालूम हुई बेहोशी जाती रही, लेकिन जोअफ़ (कमज़ोरी) से उठ न सकते थे। आपने हाज़िरीन (पास वालों) से मुख़ातिब (सम्बोधित) होकर फ़रमाया कि अबू बक्र रज़ि० को नमाज पढ़ाने के लिए कहो। उम्मुल-मोमिनीन हज़रत आयशा रज़ि० ने अर्ज़ किया कि वे एक ज़ईफ़ व रक़ीक़ुल क़ल्ब (कमज़ोर व थोड़े दिल वाले) आदमी हैं आपकी जगह पर खड़े होकर नमाज़ न पढ़ा सकेंगे, उमर रज़ि० को इस काम पर मामूर (लगा) फ़रमा दें आपने इससे इन्कार करके अबू बक्र रज़ि० को इमामत पर मामूर (खड़ा किया) किया और फ़रमाया कि ख़ुदा और मुसलमान अबू बक्र रज़ि० के सिवा और किसी पर राज़ी नहीं हैं।

फिर अबू बक्र रज़ि० ने आपकी अलालत (बीमारी) की हालत में तेरह नमाज़ें पढ़ायीं। फिर जबकि दोशम्बे (पीर) का दिन आया और यही दिन आपकी वफ़ात (देहान्त) का है सुबह की नमाज़ के समय आप सर मुबारक पर पट्टी बांधे हुए बाहर तश्रीफ़ लाए। उस वक़्त अबू बक्र लोगों को नमाज़ पढ़ा रहे थे। अबू बक्र ने पीछे हटने का क़स्द (इरादा) किया, आपने उनको अपने हाथ से दायीं तरफ़ बैठकर नमाज़ पढ़ाने का इशारा किया और ख़ुद (स्वयं) अबू बक्र के पीछे नमाज़ अदा की। इसके बाद लोगों की तरफ़ मुख़ातिब (सम्बोधित) होकर फ़रमाया—ऐ लोगो ! आग भड़की, फ़ित्ने आ गए तुमको मालूम रहे कि जिस चीज़ को क़ुरआन ने हलाल या हराम क़रार (ठहराया) दिया है उसके सिवा मैंने किसी चीज को हराम या हलाल क़रार नहीं दिया। फिर हज़रत आयशा रज़ि० के घर में आए और वहीं आप (सल्ल०) आप का इन्तिक़ाल (देहान्त) हो गया।

नबी सल्ल० का इन्तक़ाल होते ही सहाबा में एक अज़ीम (बड़ी) परेशानी फ़ैल गयी। उमर बिन ख़त्ताब रज़ि० इस हादसए नागहानी (अचानक टूट पड़ने वाली घटना) से मुतहय्यर (हैरत) से हो गए। कुछ होश न रहा। तलवार खींच कर खड़े हो गए और बुलंद (ऊंची) आवाज से कहने लगे—'मुनाफ़िक़ (कपटाचारी) कहते हैं कि हुज़ूर का इन्तक़ाल हो गया मगर वे झूठे हैं, बल्कि वे तो मूसा अलैहि० की तरह ख़ुदा से मिलने गए हैं थोड़ी देर में आ जाएंगे और जो कोई यह कहे कि नबी सल्ल० मर गए हैं मैं उस की गर्दन इस तलवार से उड़ा दूंगा।' उमर रज़ि० जोश में यह कहते जाते थे। किसी की मजाल (हिम्मत) न थी कि कोई आदमी उनसे यह कहता कि तुम तलवार म्यान में कर लो नबी सल्ल० का इन्तक़ाल हो गया है।

इसी दौरान यह दिल तोड़ने वाली घटना सुनकर अबू बक्र रज़ि० आ गए और सीधे हुजरए मुबारक में जाकर हज़रत आयशा रज़ि० की गोद से सर मुबारक लेकर ग़ौर से देखकर कहा, 'मेरे मां बाप आप (सल्ल०) पर क़ुर्बान, बेशक (निस्संदेह) आप (सल्ल०) ने मौत का ज़ायक़ा (स्वाद) चखा जिस को अल्लाह ने आप के लिए लिखा था और अब हरगिज (कदापि) आप को मौत न आएगी—'इन्ना लिल्लाहि व इन्ना इलैहि राजिऊन' कहते हुए बाहर आए।

उमर रज़ि० लोगों से वही बातें कह रहे थे कि अबू बक्र रज़ि० ने उमर से कहा—चुप रहो, उमर (रज़ि०) ने कुछ भी ख़्याल न किया। अबू बक्र दोबारा कहना मुनासिब (उचित) न समझ कर अलहदा (अलग) खड़े हो कर लोगों से मुख़ातिब (सम्बोधित) हुए। जितने आदमी उमर रज़ि० के पास जमा थे वे सब उन्हें अकेला छोड़ कर अबू बक्र रज़ि० के पास चले आए। उस समय उन्हों ने अल्लाह की प्रशंसा के बाद यह ख़ुत्बा पढ़ा जिस का अनुवाद यह है—

"ऐ लोगो ! जो आदमी मुहम्मद (सल्ल०) की इबादत करता हो तो वे इन्तक़ाल कर गए और

जो ख़ुदा की इबादत करता हो तो वह ज़िंदा है।" फिर क़ुरआन की ये आयतें पढ़ीं जिस का अनुवाद यह है—

"मुहम्मद (सल्ल०) इसके सिवा कुछ नहीं कि बस एक रसूल है उनसे पहले और रसूल भी गुज़र चुके हैं, फिर क्या यदि वह मर जाएं या क़त्ल कर दिए जाएं तो तुम लोग उल्टे पांव फिर जाओगे? याद रखो! जो उल्टा फिरेगा वह अल्लाह का कुछ नुक़सान न करेगा। अलबत्ता जो अल्लाह का शुक्र अदा करने वाले हैं उन्हें वह उसका इनाम देगा।"

अबू बक्र रज़ि० की ज़बान से इन आयतों का निकलना था कि लोगों के ख़्यालात (विचार और सोच) बदल गए और दफ़अतेन (अचानक) हैरत का आलम (वातावरण) ऐसे दूर हो गया कि गोया (जैसे) इससे पहले वह नहीं था। इस परिवर्तन से यह मालूम होता था कि सहाबा इस आयत के उतरने का हाल ही न जानते थे। उमर रज़ि० कहते हैं कि पहले मैंने अबू बक्र रज़ि० के कहने पर मुतलक़ (बिल्कुल) ख़्याल नहीं किया था लेकिन जिस वक़्त उन्होंने ये आयतें पढ़ी तो मुझे मालूम हुआ कि ये आयतें भी नाज़िल हुई हैं। मारे डर के मेरे पांव थर्रा गए और ज़मीन पर गिर पड़ा और मैंने यह समझ लिया कि आपका इन्तक़ाल हो गया। और आप हज़रत आयशा रज़ि० के मकान में उसी जगह पर जहां इन्तक़ाल फ़रमाया था क़ब्र शरीफ़ बनाकर रखे गए और आपके बाद तमाम मुसलमानों के इत्तिफ़ाक़ (राए) से हज़रत अबू बक्र रज़ि० ख़लीफ़ा मुक़र्रर (नियुक्त) हुए जिनमें मुहाजिर व अंसार सब शामिल थे।

दिन व तारीख़ व सन वफ़ात (इन्तिक़ाल)

आपने ६३ साल की उम्र में १२ रबीउल अव्वल ११ हिजरी दोशम्बा (पीर) के दिन इन्तक़ाल फ़रमाया।

१ सूरतुल-फ़ातिहति ५

(मक्की) इस सूरः में अरबी के १२३ अक्षर, २५ शब्द
७ आयतें और १ रुकूअ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीम •

अल्हम्दु लिल्लाहि रब्बिल-आलमीन (१) अर्रह्मानिर्रहीम (२) मालिकि यौमिद्दीन (३) इय्या-क नअ्बुदु व इय्या-क नस्तईन (४) इह्दिनस्-सिरातल्मुस्तक़ीम (५) सिरातल्लज़ी-न अनअ्म-त अलैहिम् (६) ग़ैरिल्-मग़्ज़ूबि अलैहिम् वलज़्ज़ाल्लीन ✶ (७)

१ सूरः फ़ातिहः ५

सूरः फ़ातिहा मक्की है और इस में सात आयतें हैं।

शुरू[1] ख़ुदा का नाम लेकर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

सब तरह की तारीफ़ ख़ुदा ही के लिए है जो तमाम मख़्लूक़ात का परवरदिगार है।[2] (१) बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला, (२) इन्साफ़ के दिन का हाकिम,[3] (३) (ऐ परवरदिगार!) हम तेरी ही इबादत करते हैं, और तुझी से मदद मांगते हैं, (४) हम को सीधे रास्ते पर चला, (५) उन लोगों का रास्ता जिन पर तू अपना फ़ज़्ल व करम करता रहा, (६) न उनका जिन पर ग़ुस्सा होता रहा और न गुमराहों का। ✶ (७)

तर्जुमा

१. चूंकि हुक्म है कि क़ुरआन मजीद ख़ुदा का नाम लेकर शुरू किया जाए, इस लिए हमें 'बिस्मिल्लाह' के तर्जुमे के शुरू में 'कहो' का लफ़्ज़ जो छिपा हुआ है, लिख देना चाहिए था, मगर फिर सब जगह तर्जुमे में यह लफ़्ज़ लिखना पड़ता और इस में वह मज़ा न आता जो 'बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीम' में है, इस लिए यह लफ़्ज़ छिपा ही रहने दिया।

२. इस सूरः को ख़ुदा ने बंदों की ज़ुबान में नाज़िल फ़रमायी है। मक़सूद यह बात का सिखाना है कि वे इस तरह ख़ुदा से दुआ किया करें। हदीस शरीफ़ में आया है कि सब से अफ़्ज़ल ज़िक्र 'ला इला-ह इल्लल्लाह' है और सब से अफ़्ज़ल दुआ 'अल-हम्दु लिल्लाह'।

३. इन्साफ़ के दिन से मुराद क़ियामत का दिन है, क्योंकि दूसरी जगह इर्शाद हुआ है, 'तुम को क्या मालूम है कि इन्साफ़ का दिन कौन-सा है, जिस दिन कोई किसी के कुछ काम न आएगा और उस दिन ख़ुदा का ही हुक्म होगा'—अगरचे और दिनों का मालिक भी ख़ुदा ही है, मगर उस दिन को ख़ास इस लिए किया कि उस दिन ख़ुदा के सिवा किसी का हुक्म न चलेगा।

२ सूरतुल-ब-क़-रति ८७

(मदनी) इस सूरः में अरबी के २०००० अक्षर, ६०२१ शब्द, २८६ आयतें और ४० रुकूअ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीम •

अलिफ़् - लाम् - मीम् (१) ज़ालिकल्किताबु ला रै - ब फ़ीहि हुदल्लिल्मुत्तक़ीन (२) अल्लज़ी-न युअ्मिनू-न बिल्ग़ैबि व युक़ीमूनस्सला-त व मिम्मा र-ज़क़्ना-हुम् यून्फ़िक़ून (३) वल्लज़ी-न युअ्मिनू-न बिमा उन्ज़ि-ल इलै-क व मा उन्ज़ि-ल मिन् क़ब्लिक व बिल-आख़िरति हुम् यूक़िनून (४)

सूरः बक़रः मदनी है और इसमें दो सौ छियासी आयतें और चालीस रुकूअ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीम •

शुरू ख़ुदा का नाम लेकर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

अलफ़ि-लाम-मीम०[1] (१) यह किताब (क़ुरआन मजीद) ∴इसमें∴कुछ शक नहीं∴(कि ख़ुदा का कलाम है, ख़ुदा से) डरने वालों की रहनुमा[2] है, (२) जो ग़ैब[3] पर ईमान लाते और आदाब के साथ नमाज़ पढ़ते और जो कुछ हमने उन को दे रखा है, उसमें से ख़र्च करते हैं। (३) और जो किताब (ऐ मुहम्मद !) तुम पर नाज़िल हुई और जो किताबें तुम से पहले (पैग़म्बरों पर) नाज़िल हुयीं, सब पर ईमान लाते और आख़िरत का यक़ीन रखते हैं।[4] (४)

---

१. और इसी तरह के और हर्फ़, जो क़ुरआन मजीद की बहुत-सी सूरतों के शुरू में आये और जिन को 'हुरूफ़े मुक़त्तआत' कहते हैं, अस्रारे इलाही (अल्लाह के रहस्यों) में से हैं, उन पर बिना कुछ कहे-सुने ईमान लाना चाहिए। प्यारे नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम ने उन के कुछ मानी नहीं बयान फ़रमाये, सिर्फ़ यह फ़रमाया है कि 'अलिफ़' एक हर्फ़ है और 'लाम' एक हर्फ़ है और 'मीम' एक हर्फ़ है।

२. 'डरने वालों' का लफ़्ज़ इस बात की दलील लाता है कि जिन के दिलों में ख़ुदा का डर है, वही उस की हिदायत को मानते और वही इस किताब से फ़ायदा हासिल करते हैं और जो डर नहीं रखते, वे हिदायत की बातों की तरफ़ तवज्जोह ही नहीं देते और इसी लिए यह किताब उन के लिए रहनुमा नहीं हो सकती।

३. 'ग़ैब' उस चीज़ को कहते हैं, जो आंख से छिपी हुई हो और इस जगह वे चीज़ें मुराद हैं, जिन की ख़बर अल्लाह के रसूल सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम ने दी है और जो नज़र से ओझल हैं—जैसे पुले सिरात, तराज़ू-ए-आमाल, बहिश्त और दोज़ख़ वग़ैरह।

४. आख़िरत से मुराद क़ियामत का दिन है, चूंकि वह दिन दुनिया के बाद आयेगा, इस लिए उस को आख़िरत कहते हैं और 'यौमुल आख़र' भी।

∴मु. अ. मु ता ख. १

उलाइ-क अ़ला हुदम्-मिर्रब्बिहिम् व उलाइ-क हुमुल्-मुफ़्लिहून (५) इन्नल्लज़ी-न क-फ़-रू सवाउन् अ़लैहिम् अ अन्ज़र-तहुम् अम् लम् तुन्ज़िर्हुम् ला युअ्मिनून (६) ख-त-मल्लाहु अ़ला क़ुलूबिहिम् व अ़ला सम्अिहिम् व अ़ला अब्सारिहिम् ग़िशावतुंव् व लहुम् अ़ज़ाबुन् अ़ज़ीम ★ (७) व मिनन्नासि मंय्यक़ूलु आमन्ना बिल्लाहि व बिल्यौमिल्-आख़िरि व मा हुम् बि मुअ्मिनीन ▨ (८) युख़ादिअ़ूनल्ला-ह वल्लज़ी-न आमनू व मा यख़्दअ़ू-न इल्ला अन्फ़ुसहुम् व मा यश्अ़ुरून (९) फ़ी क़ुलूबिहिम् म-रज़ुन् फ़ ज़ा-द हुमुल्लाहु म-र-ज़न् व लहुम् अ़ज़ाबुन् अलीमुम् बिमा कानू यक्ज़िबून (१०) व इज़ा क़ी-ल लहुम् ला तुफ़्सिदू फ़िल्अर्ज़ि क़ालू इन्नमा नह्नु मुस्लिहून (११) अला इन्नहुम् हुमुल् - मुफ़्सिदू-न व ला किल्ला यश्अ़ुरून (१२) व इज़ा क़ी-ल लहुम् आमिनू कमा आमनन्नासु क़ालू अनुअ्मिनु कमा आमनस्सुफ़हाउ अला इन्नहुम् हुमुस्सुफ़हाउ व लाकिल्ला यअ्-लमून (१३) व इज़ा लक़ुल्लज़ी-न आमनू क़ालू आमन्ना व इज़ा ख़लौ इला शयातीनिहिम् क़ालू इन्ना म-अ़कुम् इन्नमा नह्नु मुस्तह्ज़िऊन (१४) अल्लाहु यस्तह्ज़िउ बिहिम् व यमुद्दुहुम् फ़ी तुग़्यानिहिम् यअ्-महून (१५) उलाइकल्-लज़ीनश्-त-रवुज़्-ज़ला-ल-त बिल्हुदा फ़मा रबिहत् तिजारतुहुम् व मा कानू मुह्तदीन (१६) म-सलुहुम् क-म-सलिल्-लज़िस्तौक़-द नारन् फ़-लम्मा अज़ा-अत् मा हौलहू ज़-ह-बल्लाहु बिनूरिहिम् व त-र-कहुम् फ़ी ज़ुलुमातिल्ला युब्सिरून (१७) सुम्मुम् - बुक्मुन् - अुम्युन् फ़हुम् ला यर्जिअ़ून (१८) औ क-सय्यिबिम्-मिनस्समा-इ फ़ीहि ज़ुलुमातुंव-व रअ्दुंव-व बर्क़ुन् यज्अ़लू-न असाबिअ़हुम् फ़ी आज़ानिहिम् मिनस्सवाअ़िक़ि ह-ज़-रल्मौति वल्लाहु मुहीतुम्-बिल्काफ़िरीन (१९)

البقرة

أُولَٰٓئِكَ عَلَىٰ هُدًى مِّن رَّبِّهِمْ وَأُولَٰٓئِكَ هُمُ الْمُفْلِحُونَ ۝ إِنَّ الَّذِينَ كَفَرُوا
سَوَآءٌ عَلَيْهِمْ ءَأَنذَرْتَهُمْ أَمْ لَمْ تُنذِرْهُمْ لَا يُؤْمِنُونَ ۝ خَتَمَ اللَّهُ عَلَىٰ
قُلُوبِهِمْ وَعَلَىٰ سَمْعِهِمْ وَعَلَىٰٓ أَبْصَٰرِهِمْ غِشَٰوَةٌ وَلَهُمْ عَذَابٌ عَظِيمٌ ۝
وَمِنَ النَّاسِ مَن يَقُولُ ءَامَنَّا بِاللَّهِ وَبِالْيَوْمِ الْآخِرِ وَمَا هُم بِمُؤْمِنِينَ ۝
يُخَٰدِعُونَ اللَّهَ وَالَّذِينَ ءَامَنُوا وَمَا يَخْدَعُونَ إِلَّآ أَنفُسَهُمْ وَمَا
يَشْعُرُونَ ۝ فِي قُلُوبِهِم مَّرَضٌ فَزَادَهُمُ اللَّهُ مَرَضًا وَلَهُمْ عَذَابٌ
أَلِيمٌۢ بِمَا كَانُوا يَكْذِبُونَ ۝ وَإِذَا قِيلَ لَهُمْ لَا تُفْسِدُوا فِي الْأَرْضِ
قَالُوٓا إِنَّمَا نَحْنُ مُصْلِحُونَ ۝ أَلَآ إِنَّهُمْ هُمُ الْمُفْسِدُونَ وَلَٰكِن لَّا
يَشْعُرُونَ ۝ وَإِذَا قِيلَ لَهُمْ ءَامِنُوا كَمَآ ءَامَنَ النَّاسُ قَالُوٓا أَنُؤْمِنُ كَمَآ
ءَامَنَ السُّفَهَآءُ ۗ أَلَآ إِنَّهُمْ هُمُ السُّفَهَآءُ وَلَٰكِن لَّا يَعْلَمُونَ ۝ وَإِذَا لَقُوا
الَّذِينَ ءَامَنُوا قَالُوٓا ءَامَنَّا وَإِذَا خَلَوْا إِلَىٰ شَيَٰطِينِهِمْ قَالُوٓا إِنَّا مَعَكُمْ إِنَّمَا نَحْنُ
مُسْتَهْزِءُونَ ۝ اللَّهُ يَسْتَهْزِئُ بِهِمْ وَيَمُدُّهُمْ فِي طُغْيَٰنِهِمْ يَعْمَهُونَ ۝
أُولَٰٓئِكَ الَّذِينَ اشْتَرَوُا الضَّلَٰلَةَ بِالْهُدَىٰ فَمَا رَبِحَت تِّجَٰرَتُهُمْ وَمَا كَانُوا
مُهْتَدِينَ ۝ مَثَلُهُمْ كَمَثَلِ الَّذِي اسْتَوْقَدَ نَارًا فَلَمَّآ أَضَآءَتْ مَا حَوْلَهُ
ذَهَبَ اللَّهُ بِنُورِهِمْ وَتَرَكَهُمْ فِي ظُلُمَٰتٍ لَّا يُبْصِرُونَ ۝ صُمٌّ بُكْمٌ عُمْيٌ
فَهُمْ لَا يَرْجِعُونَ ۝ أَوْ كَصَيِّبٍ مِّنَ السَّمَآءِ فِيهِ ظُلُمَٰتٌ وَرَعْدٌ وَبَرْقٌ
يَجْعَلُونَ أَصَٰبِعَهُمْ فِيٓ ءَاذَانِهِم مِّنَ الصَّوَٰعِقِ حَذَرَ الْمَوْتِ ۚ وَاللَّهُ مُحِيطٌۢ

★रु. १/१ आ ७ ▨ व. लाज़िम

यही लोग अपने परवरदिगार (की तरफ़) से हिदायत पर हैं और यही निजात पाने वाले हैं। (५) जो लोग काफ़िर हैं उन्हें तुम नसीहत करो या न करो, उन के लिए बराबर है,[1] वे ईमान नहीं लाने के। (६) ख़ुदा ने उन के दिलों और कानों पर मुहर लगा रखी है और उन की आंखों पर परदा (पड़ा हुआ) है।[2] और उन के लिए बड़ा अज़ाब तैयार है। (७) ★

और कुछ लोग ऐसे हैं जो कहते हैं कि हम ख़ुदा पर और आख़िरत के दिन पर ईमान रखते हैं, हालांकि वे ईमान नहीं रखते ※ (८) ये (अपने घमंड में) ख़ुदा को और मोमिन को चकमा देते हैं, मगर (हक़ीक़त में) अपने सिवा किसी को चकमा नहीं देते और इस से बे-ख़बर हैं।[3] (९) इन के दिलों में (कुफ़् का) रोग था। ख़ुदा ने उन का रोग और ज़्यादा कर दिया और उन के झूठ बोलने की वजह से उन को दुख देने वाला अज़ाब होगा। (१०) और जब उन से कहा जाता है कि ज़मीन में फ़साद न डालो, तो कहते हैं कि हम तो इस्लाह (सुधार) करने वाले हैं। (११) देखो, ये बिला शुब्हा फ़साद पैदा करने वाले हैं, लेकिन ख़बर नहीं रखते।[4] (१२) और जब उन से कहा जाता है कि जिस तरह और लोग ईमान ले आए, तुम भी ईमान ले आओ, तो कहते हैं, भला, जिस तरह मूर्ख ईमान ले आए हैं, उसी तरह हम भी ईमान ले आएं ? सुन लो कि यही मूर्ख हैं, लेकिन नहीं जानते। (१३) और ये लोग जब मोमिनों से मिलते हैं तो कहते हैं कि हम ईमान ले आए हैं और जब अपने शैतानों में जाते हैं तो (उन से) कहते हैं कि हम तुम्हारे साथ हैं और (मुहम्मद सल्ल० के मानने वालों से) तो हम हंसी किया करते हैं।[5] (१४) इन (मुनाफ़िक़ों) से ख़ुदा हंसी करता है और उन्हें मोहलत दिए जाता है कि शरारत व सरकशी में पड़े बहक रहे हैं।[6] (१५) ये वह लोग हैं जिन्होंने हिदायत छोड़ कर गुमराही ख़रीदी, तो न तो उन की तिजारत ही ने कुछ नफ़ा दिया और न वे हिदायतयाब (हिदायत पाए हुए) ही हुए। (१६) उन की मिसाल उस शख़्स की-सी है, जिस ने (अंधेरी रात में) आग जलायी। जब आग ने उसके चारों तरफ़ की चीज़ें रोशन कीं, तो ख़ुदा ने उन लोगों की रोशनी ख़त्म कर दी और उन को अंधेरों में छोड़ दिया कि कुछ नहीं देखते।[7] (१७) (ये) बहरे हैं, गूंगे हैं, अंधे हैं कि (किसी तरह सीधे रास्ते की तरफ़) लौट ही नहीं सकते। (१८) या उन की मिसाल मेंह (वर्षा) की-सी है कि आसमान से (बरस रहा हो और) उस में अंधेरे पर अंधेरा (छा रहा) हो और (बादल) गरज (रहा) हो और बिजली (कड़क रही) हो तो ये कड़क से (डर कर) मौत के डर से कानों में उंगलियां दे लें और ख़ुदा काफ़िरों को

---

१. इन्ज़ार के मानी डर की ख़बर सुनाने, ख़ौफ़ दिलाने, वाज़ व नसीहत और हिदायत करने, राह बताने और मुतनब्बह व आगाह करने के हैं। पहले मानी तो मशहूर हैं, वाज़ व नसीहत और हिदायत के मानी इस आयत से ज़ाहिर हैं। 'इन्नमा अन-त मुंज़िरुं व-व लि कुल्लि क़ौमिन हाद०' यानी ऐ पैग़म्बर! तुम तो सिर्फ़ हिदायत करने वाले हो और हर क़ौम में हिदायत करने वाले हो गुज़रे हैं।' इस का साफ़ मतलब यह है कि जिस तरह पहले हादी व रहनुमा आते रहे हैं और वे हर क़ौम में आते रहे हैं, इसी तरह तुम भी हिदायत करने वाले और रास्ता दिखाने वाले हो। इस जगह 'इन्ज़ार' से वाज़ व नसीहत के मानी ही मुनासिब हैं और वही तर्जुमे में अख़्तियार किया गया है।

२. दुनिया में इस क़िस्म के लोग भी मौजूद हैं जिन के दिल नसीहत का असर नहीं लेते और ईमानी नूर से रोशन नहीं होते, ऐसे लोग शक़ी-ए-अज़ली (हमेशा के बद-बख़्त) कहलाते हैं। ऐसों ही के हक़ में यह इर्शाद हुआ है कि उन को नसीहत करना या न करना बराबर है। दिलों और कानों पर मुहर लगने और आंखों पर परदा पड़ने से (शेष पृष्ठ ६७५ पर)

★रु. १/१ आ ७ ※ व. लाज़िम

यकादुल्बर्क़ु यख़्तफ़ु अब्सारहुम् कुल्लमा अज़ा-अ लहुम् मशौ फ़ीहि व इज़ा अज़्-ल-म अलैहिम् क़ामू व लौ शा-अल्लाहु ल ज़-ह-ब बि सम्अिहिम् व अब्सारिहिम् इन्नल्ला-ह अला कुल्लि शैइन् क़दीर ★ (२०) या अय्युहन्नासुअ्-बुदू रब्बकुमुल्लज़ी ख़-ल-क़कुम् वल्लज़ी-न मिन् क़ब्लिकुम् लअ़ल्लकुम् तत्तक़ून (२१) अल्लज़ी ज-अ-ल लकुमुलअर्-ज़ फ़िराशंव्वस्समा-अ बिना अंव्-व अन्ज़-ल मिनस्समा-इ मा-अन् फ़-अख़्-र-ज बिही मिनस्-स-मराति रिज़्-क़ल्लकुम् फ़ला तज्-अलू लिल्लाहि अन्दादंव व अन्तुम् तअ़्-लमून (२२) व इन कुन्तुम् फ़ी रैबिम्मिम्मा नज़्ज़लना अला अब्दिना फ़अ्तू बिसूरतिम्-मिम्-मिस्लिही वद्अू शुहदा - अ - कुम् मिन्दूनिल्लाहि इन कुन्तुम् सादिक़ीन (२३) फ़इल्लम् तफ़्अलू व लन् तफ़्अलू फ़त्तक़ुन्नारल्लती वक़ूदुहन्नासु वल्हिजारतु उअिद्दत् लिल्काफ़िरीन (२४) व बश्शिरिल्लज़ी-न आमनू व अमिलुस्सालिहाति अन-न लहुम् जन्नातिन् तज्री मिन् तह्तिहल्-अन्हारु कुल्लमा रुज़िक़ू मिन्हा मिन् स-म-रतिर्रिज़्क़न् क़ालू हाज़ल्लज़ी रुज़िक़्ना मिन् क़ब्लु व उतू बिही मुतशाबिहन् व लहुम् फ़ीहा अज़्वाजुम् - मुतह्हरतुंव-व हुम् फ़ीहा ख़ालिदून (२५) इन्नल्ला-ह ला यस्तह्यी अंय्यज़्रि-ब म-स-लम्मा बअूज़-तन् फ़मा फ़ौक़हा फ़-अम्मल्लज़ी-न आमनू फ़ यअ्-लमू-न अन्नहुल्हक़्क़ु मिर्रब्बिहिम् व अम्मल्लज़ी-न क-फ़रू फ़ यक़ूलू-न माज़ा अरादल्लाहु बि हाज़ा म-स-लन् ※ युज़िल्लु बिही कसीरंव-व यह्दी बिही कसीरन् व मा युज़िल्लु बिही इल्लल् - फ़ासिक़ीन (२६) अल्लज़ी-न यन्क़ुज़ू-न अह्दल्लाहि मिम्बअ्दि मीसाक़िही व यक़्तअू-न मा अ - म - रल्लाहु बिही अंय्यू-स-ल व युफ़्सिदू-न फ़िल्अर्ज़ि उलाइ-क हुमुल्ख़ासिरून (२७)

بالكفرين ۝ يكاد البرق يخطف ابصارهم كلما اضاء لهم مشوا فيه و
اذا اظلم عليهم قاموا ولو شاء الله لذهب بسمعهم وابصارهم ان
الله على كل شيء قدير ۝ يايها الناس اعبدوا ربكم الذي خلقكم
والذين من قبلكم لعلكم تتقون ۝ الذي جعل لكم الارض فراشا
والسماء بناء وانزل من السماء ماء فاخرج به من الثمرت رزقا
لكم فلا تجعلوا لله اندادا وانتم تعلمون ۝ وان كنتم في ريب مما
نزلنا على عبدنا فاتوا بسورة من مثله وادعوا شهداءكم من
دون الله ان كنتم صدقين ۝ فان لم تفعلوا ولن تفعلوا فاتقوا
النار التي وقودها الناس والحجارة اعدت للكفرين ۝ وبشر الذين
امنوا وعملوا الصلحت ان لهم جنت تجري من تحتها الانهر كلما
رزقوا منها من ثمرة رزقا قالوا هذا الذي رزقنا من قبل واتوا
به متشابها ولهم فيها ازواج مطهرة وهم فيها خلدون ۝ ان الله
لا يستحي ان يضرب مثلا ما بعوضة فما فوقها فاما الذين امنوا
فيعلمون انه الحق من ربهم واما الذين كفروا فيقولون ماذا اراد
الله بهذا مثلا يضل به كثيرا ويهدي به كثيرا وما يضل به الا
الفسقين ۝ الذين ينقضون عهد الله من بعد ميثاقه ويقطعون ما
امر الله به ان يوصل ويفسدون في الارض اولئك هم الخسرون ۝

★रु. २/२ आ १३ ※व. लाज़िम

(हर तरफ़ से) घेरे हुए है।[1] (१६) क़रीब है कि बिजली (की चमक) उन की आंखों (की रोशनी) को उचक ले जाए। जब बिजली (चमकती और) उन पर रोशनी डालती है तो उस में चल पड़ते हैं और जब अंधेरा हो जाता है तो खड़े के खड़े रह जाते हैं और अगर ख़ुदा चाहता तो उनके कानों (के सुनने की ताक़त) और आंखों (के देखने की ताक़त, दोनों) को बर्बाद कर देता। बिला शुब्हा ख़ुदा हर चीज़ पर क़ुदरत रखता है।(२०) ★

लोगो! अपने परवरदिगार की इबादत करो, जिस ने तुमको और तुमसे पहले लोगों को पैदा किया, ताकि तुम (उस के अज़ाब से) बचो। (२१) जिस ने तुम्हारे लिए ज़मीन को बिछौना और आसमान को छत बनाया और आसमान से मेंह बरसा कर तुम्हारे खाने के लिए क़िस्म-क़िस्म के मेवे-पैदा किए। पस किसी को ख़ुदा का हमसर (बराबर का) न बनाओ और तुम जानते तो हो। (२२) और अगर तुमको इस (किताब) में, जो उस ने अपने बंदे (मुहम्मद अरबी सल्ल०) पर नाज़िल फ़रमायी है, कुछ शक हो तो इसी तरह की एक सूरः तुम भी बना लाओ और ख़ुदा के सिवा जो तुम्हारे मददगार हों, उन को भी बुला लो अगर तुम सच्चे हो।[2] (२३) लेकिन अगर (ऐसा) न कर सको और हरगिज़ नहीं कर सकोगे तो उस आग से डरो, जिस का ईंधन आदमी और पत्थर होंगे (और जो) काफ़िरों के लिए तैयार की गयी है। (२४) और जो लोग ईमान ले आए और नेक अमल करते रहे, उन को ख़ुशख़बरी सुना दो कि उन के लिए (नेमत के) बाग़ हैं, जिन के नीचे नहरें बह रही हैं, जब उन्हें उन में से किसी क़िस्म का मेवा खाने को दिया जाएगा तो कहेंगे यह तो वही है जो हम को पहले दिया गया था और उन को एक दूसरे से शक्ल में मिलते-जुलते मेवे दिए जाएंगे और वहां उन के लिए पाक बीवियां होंगी और वे बहिश्तों में हमेशा रहेंगे। (२५) ख़ुदा इस बात से नहीं शर्माता कि मच्छर या उस से बढ़ कर किसी चीज़ (जैसे मक्खी-मकड़ी वग़ैरह) की मिसाल बयान फ़रमाए। जो मोमिन हैं, वे यक़ीन करते हैं कि वह उन के परवरदिगार की तरफ़ से सच है और जो काफ़िर हैं, वे कहते हैं कि इस मिसाल से ख़ुदा चाहता क्या है ▒ इस से (ख़ुदा) बहुतों को गुमराह करता है और बहुतों को हिदायत बख़्शता है और गुमराह भी करता है तो नाफ़रमानों ही को।[1] (२६) जो ख़ुदा के इक़रार को मज़बूत करने के बाद तोड़ देते हैं और जिस चीज़ (यानी रिश्तेदारी) के जोड़े रखने का ख़ुदा ने हुक्म दिया है, उसको तोड़े डालते हैं और ज़मीन में ख़राबी

---

१. यह मुनाफ़िक़ों के हाल की दूसरी मिसाल है। इस में दीने इस्लाम को मेंह (वर्षा) से तश्बीह (उपमा) दी गयी है। जिस तरह मेंह में अंधेरा और बिजली और गरज होती है, इसी तरह इस्लाम के शुरू में, भले ही कुछ परेशानियां और कठिनाइयां भी हों, लेकिन बाद में वह सरासर रहमत होता है। मुनाफ़िक़ों को इस्लाम से फ़ायदे पहुंचते तो उस के क़ायल हो जाते और जब कोई ऐसा हुक्म नाज़िल होता, जिसे वे सख़्त समझते तो सोचते कि बला नाज़िल हुई और यों डर जाते जैसे बिजली से डरा करते हैं। कड़क से डर कर कानों में उंगलियां दे लेने का मतलब यह है कि हुक्म की सख़्ती से घबरा कर उस पर अमल करने से हिचकिचाते और ऐसी तद्बीरें करने लगते कि मुश्किल में न फंस जाएं और उस से बच जाएं। कुछ लोगों ने कहा है कि क़ुरआन मजीद में जो कुफ़्र व शिर्क और उस पर डरावे और सज़ा का बयान और ख़ुदा के एक होने की रोशन दलीलें हैं, जिन की मिसाल अंधेरों और गरज और बिजली की है तो मुनाफ़िक़ों को डर पैदा होता है कि उन को सुन कर लोग कहीं ईमान लाने पर तैयार न हो जाएं और अपना मज़हब न छोड़ बैठें जो उनके नज़दीक मौत जैसा था और इसी वजह से वे अपने कानों में उंगलियां दे लेते कि क़ुरआन को सुन ही न सकें।

(शेष पृष्ठ ६७५ पर)

★रु. २/२ आ १३ ▒ व. लाज़िम

कै-फ़ तक्फ़ुरू-न बिल्लाहि व कुन्तुम् अम्वातन् फ़ अह्याकुम् सुम्-म युमीतुकुम्
सुम्-म युह्यीकुम् सुम्-म इलैहि तुर्जअून (२८) हुवल्लज़ी ख़-ल-क़ लकुम् मा
फ़िल्अर्ज़ि जमीअन् सुम्मस्तवा इलस्समा-इ फ़-सव्वाहुन्-न सब्-अ समावातिन्
व हु-व बि कुल्लि शै-इन् अ़लीम★(२९)व इज़ क़ा-लै रब्बु-क लिल्मलाइकति
इन्नी जाअिलुन् फ़िल्अर्ज़ि ख़ली-फ़-तन् क़ालू
अ तज्अलु फ़ीहा मंय्युफ़्सिदु फ़ीहा व
यस्फ़िकुद्दिमा-अ व नह्नु नुसब्बिहु बि हम्दि-क
व नुक़द्दिसु ल-क क़ा-ल इन्नी अअ्-लमु मा
ला तअ्-लमून (३०) व अ़ल-ल-म आदमल्अस्मा-
अ कुल्लहा सुम-म अ़-र-ज़हुम् अ़लल्मला-इकति
फ़-क़ा-ल अम्बिऊनी बि अस्मा-इ हा-उला-इ
इन कुन्तुम् सादिक़ीन (३१) क़ालू सुब्हान-क
ला इल्-म लना इल्ला मा अ़ल्लम्तना
इन्न-क अन्तल्-अ़लीमुल्-हकीम (३२) क़ा-ल
या आदमु अम्बिअ्हुम् बिअस्मा-इहिम्
फ़ लम्मा अम्ब-अहुम् बिअस्मा-इहिम् क़ा-ल
अ-लम् अक़ुल्लकुम् इन्नी अअ्-लमु ग़ैबस्समावाति
वल्अर्ज़ि व अअ्-लमु मा तुब्दू-न व मा कुन्तुम्
तक्तुमून (३३) व इज़ क़ुल्ना लिल्-मला-इकतिस्जुदू लि आद-म फ़-स-ज-दू
इल्ला इब्लीस अबा वस्तक्-ब-र व का-न मिनल्काफ़िरीन (३४) व क़ुल्ना या
आदमुस्कुन् अन-त व ज़ौजुकल्जन्न-त व कुला मिन्हा र-ग़-दन् हैसु शिअ्तुमा व ला
तक़रबा हाज़िहिश्श-ज-र-त फ़ तकूना मिनज़्ज़ालिमीन (३५) फ़ अज़ल्लहुमश्-शैतानु अ़न्हा
ऐ पैग़म्बर ! जो इर्शाद ख़ुदा की तरफ़ से तुम पर नाज़िल हुए हैं, सब लोगों को पहुंचा दो और अगर ऐसा न किया तो तुम ने ख़ुदा के पैग़ाम पहुंचाने में कोताही की (यानी पैग़म्बरी का फ़र्ज़ अदा न किया) और ख़ुदा तुम को लोगों से बचाए रखेगा। बेशक ख़ुदा मुन्किरों को हिदायत नहीं देता। (६७) कहो कि ऐ अह्ले किताब ! जब तक तुम तौरात और इंजील को और जो (और किताबें) तुम्हारे परवरदिगार की तरफ़ से तुम लोगों पर नाज़िल हुईं, उन को क़ायम न रखोगे, कुछ भी राह पर नहीं हो सकते और (यह क़ुरआन) जो तुम्हारे परवरदिगार की तरफ़ से तुम पर नाज़िल हुआ है, इस से उन में से अक्सर की सर-कशी और कुफ़्र और बढ़ेगा, तो तुम काफ़िरों की क़ौम पर अफ़सोस न करो। (६८) जो लोग ख़ुदा पर और आख़िरत के दिन पर ईमान लाएंगे और नेक अमल करेंगे, चाहे वे मुसलमान हों या यहूदी या सितारा परस्त या ईसाई, उन को (क़ियामत के दिन) न कुछ ख़ौफ़ होगा और न वे ग़मनाक होंगे। (६९) हम ने बनी इस्राईल से अह्द भी लिया और उन की तरफ़ पैग़म्बर भी भेजे, (लेकिन) जब कोई पैग़म्बर उन के पास ऐसी बातें ले कर आता, जिन को उन के दिल नहीं चाहते थे, तो वह (नबियों की) एक जमाअत को तो झुठला देते और एक जमाअत को क़त्ल कर देते थे। (७०) और यह ख़्याल करते थे कि (इस से उन पर) कोई आफ़त नहीं आने की, तो वे अंधे और बहरे हो गये फिर ख़ुदा ने उन पर मेहरबानी फ़रमायी, (लेकिन) फिर उन में से बहुत से अंधे और बहरे हो गए और ख़ुदा उन के सब कामों को देख रहा है। (७१) वे लोग बे-शुबहा काफ़िर हैं, जो कहते हैं कि मरयम के बेटे (ईसा) मसीह ख़ुदा हैं, हालांकि मसीह यहूद से यह कहा करते थे कि ऐ बनी इस्राईल ! ख़ुदा ही की इबादत करो, जो मेरा भी परवरदिगार है और तुम्हारा भी, (और जान रखो कि) जो शख़्स ख़ुदा के साथ शिर्क करेगा, ख़ुदा उस पर बहिश्त को हराम कर देगा और उस का ठिकाना दोज़ख़ है और ज़ालिमों का कोई मददगार नहीं। (७२) वे लोग (भी) काफ़िर हैं, जो इस बात के क़ायल हैं कि ख़ुदा तीन में का तीसरा है, हालांकि उस एक माबूद के सिवा कोई इबादत के लायक़ नहीं। अगर ये लोग ऐसे क़ौल (व अक़ीदों) से बाज नहीं आएंगे, तो उन में जो काफ़िर हुए हैं, वे तकलीफ़ देने वाला अज़ाब पाएंगे। (७३) तो ये क्यों ख़ुदा

व. लाज़िम

अ-फ़-ला यतूबू-न इलल्लाहि व यस्तग़्फ़िरूनहू ط वल्लाहु ग़फ़ूरुर्रहीम (७४) मल्मसीहुब्नु मर्य-म इल्ला रसूलुन् ج क़द् ख़-लत् मिन् क़ब्लिहिर्रुसुलु ط व उम्मुहू सिद्दीक़तुन् ط काना यअ्कुलानित्तआ-म ط उन्ज़ुर् कै-फ़ नुबय्यिनु लहुमुल्आयाति सुम्मन्ज़ुर् अन्ना युअ्फ़कून (७५) क़ुल् अ-तअ्बुदू-न मिन् दूनिल्लाहि मा ला यम्लिकु लकुम् ज़र्रंव्-व ला नफ़्अन् ط वल्लाहु हुवस्समीअुल् - अलीम (७६) क़ुल् या अह्लल्-किताबि ला तग़्लू फ़ी दीनिकुम् ग़ैरल्-हक़्क़ि व ला तत्तबिअू अह्वा-अ क़ौमिन् क़द् ज़ल्लू मिन् क़ब्लु व अज़ल्लू कसीरंव्-व ज़ल्लू अन् सवा - इस्सबील ★ (७७) लुअिनल्लज़ी-न क-फ़रू मिम्-बनी इस्रा-ई-ल अला लिसानि दावू-द व ईसब्नि मर्य-म ط ज़ालि-क बिमा अ-सव्-व कानू यअ्-तदून (७८) कानू ला य-त-नाहौ-न अम्मुन्करिन् फ़-अ-लूहु ط ल बिअ्-स मा कानू यफ़्अलून (७९) तरा कसीरम्-मिन्हुम् य-त-वल्लौनल्लज़ी-न क-फ़रू ط ल-बिअ्-स मा क़द्दमत् लहुम् अन्फ़ुसुहुम् अन् सख़ितल्लाहु अलैहिम् व फ़िल्अ़ज़ाबि हुम् ख़ालिदून (८०) व लौ कानू युअ्मिनू-न बिल्लाहि वन्नबिय्यि व मा उन्ज़ि-ल इलैहि मत्तख़ज़ूहुम् औलिया-अ व लाकिन्-न कसीरम्-मिन्हुम् फ़ासिक़ून (८१) ल-त-जिदन्-न अशद्दन्नासि अदावतल्-लिल्लज़ी-न आमनुल्-यहू-द वल्लज़ी-न अश्रकू ج व ल - तजिदन्-न अक़्र-बहुम् मवद्दतल्-लिल्लज़ी-न आमनुल्लज़ी-न क़ालू इन्ना नसारा ط ज़ालि-क बि अन्-न मिन्हुम् क़िस्सीसी-न व रुह्बानंव्-व अन्नहुम् ला यस्तक्बिरून (८२)

من اله الا اله واحد وان لم ينتهوا عما يقولون ليمسن
الذين كفروا منهم عذاب اليم ۝ افلا يتوبون الى الله ويستغفرونه
والله غفور رحيم ۝ ما المسيح ابن مريم الا رسول قد خلت
من قبله الرسل وامه صديقة كانا ياكلان الطعام انظر
كيف نبين لهم الايت ثم انظر انى يؤفكون ۝ قل اتعبدون
من دون الله ما لا يملك لكم ضرا ولا نفعا والله هو السميع
العليم ۝ قل يااهل الكتب لا تغلوا في دينكم غير الحق ولا
تتبعوا اهواء قوم قد ضلوا من قبل واضلوا كثيرا وضلوا
عن سواء السبيل ۝ لعن الذين كفروا من بني اسراءيل على
لسان داود وعيسى ابن مريم ذلك بما عصوا وكانوا يعتدون ۝
كانوا لا يتناهون عن منكر فعلوه لبئس ما كانوا يفعلون ۝
ترى كثيرا منهم يتولون الذين كفروا لبئس ما قدمت لهم انفسهم
ان سخط الله عليهم وفي العذاب هم خلدون ۝ ولو كانوا يؤمنون
بالله والنبي وما انزل اليه ما اتخذوهم اولياء ولكن كثيرا
منهم فسقون ۝ لتجدن اشد الناس عداوة للذين امنوا اليهود و
الذين اشركوا ولتجدن اقربهم مودة للذين امنوا الذين قالوا انا
نصرى ذلك بان منهم قسيسين ورهبانا وانهم لا يستكبرون ۝

★रु. १०/१४ आ ११

के आगे तौबा नहीं करते और उस से गुनाहों की माफ़ी नहीं मांगते। और ख़ुदा तो बख़्शने वाला मेहरबान है। (७४) मसीह बिन मरयम तो सिर्फ़ (ख़ुदा के) पैग़म्बर थे, उन से पहले भी बहुत-से रसूल गुज़र चुके थे और उन की वालिदा (मरयम ख़ुदा की वली और) सच्ची फ़रमांबरदार थीं। दोनों (इंसान थे और) खाना खाते थे। देखो, हम इन लोगों के लिए अपनी आयतें किस तरह खोल-खोल कर बयान करते हैं, फिर (यह) देखो कि ये किधर उलटे जा रहे हैं। (७५) कहो कि तुम ख़ुदा के सिवा ऐसी चीज़ की क्यों पूजा करते हो, जिस को तुम्हारे नफ़ा और नुक़सान का कुछ भी अख़्तियार नहीं और ख़ुदा ही (सब कुछ) सुनता-जानता है (७६) कहो कि अह्ले किताब! अपने दीन (की बात) में ना-हक़ मुबालग़ा न करो और ऐसे लोगों की ख़्वाहिशों के पीछे न चलो, जो (ख़ुद भी) पहले गुमराह हुए और भी अक्सरों को गुमराह कर गये और सीधे रास्ते से भटक गये। (७७) ★

जो लोग बनी इस्राईल में काफ़िर हुए, उन पर दाऊद और ईसा बिन मरयम की ज़ुबान से लानत की गयी, यह इस लिए कि ना-फ़रमानी करते थे और हद से आगे बढ़ जाते थे। (७८) (और) बुरे कामों से जो वे करते थे, एक दूसरे को रोकते नहीं थे। बिला शुब्हा वे बुरा करते थे। (७९) तुम उन में से बहुतों को देखोगे कि काफ़िरों से दोस्ती रखते हैं। उन्हों ने जो कुछ अपने वास्ते आगे भेजा है, बुरा है (वह यह) कि ख़ुदा उन से ना-ख़ुश हुआ और वे हमेशा अज़ाब में (पड़े) रहेंगे। (८०) और अगर वे ख़ुदा पर और पैग़म्बर पर और जो किताब उन पर नाज़िल हुई थी, उस पर यक़ीन रखते तो उन लोगों को दोस्त न बनाते, लेकिन उन में अक्सर बद-किरदार हैं। (८१) (ऐ पैग़म्बर!) तुम देखोगे कि मोमिनों के साथ सब से ज़्यादा दुश्मनी करने वाले यहूदी और मुश्रिक हैं और दोस्ती के लिहाज़ से मोमिनों से क़रीब-तर उन लोगों को पाओगे, जो कहते हैं कि हम नसारा हैं, यह इस लिए कि उन में आलिम भी हैं और मशाइख़ भी और वे तकब्बुर नहीं करते। (८२)

और जब इस (किताब) को सुनते हैं, जो (सब से पिछले) पैग़म्बर (मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) पर नाज़िल हुई तो तुम देखते हो कि उन की आंखों से आंसू जारी हो जाते हैं, इस लिए कि उन्हों ने हक़ बात पहचान ली और वे (ख़ुदा की जनाब में) अर्ज़ करते हैं कि ऐ परवरदिगार! हम ईमान लाए, तो हम को मानने वालों में लिख ले। (८३) और हमें क्या हुआ है कि

★रु० १०/१४ आ ११

सातवां पारः वइजासमिअू

सूरतुल्मा-इदति आयत ८३ से १२०

व इज़ा समिअू मा उन्ज़ि-ल इलर्रसूलि तरा अअ्-युनहुम् तफ़ीज़ु मिनद्दम्अि मिम्मा अ-रफ़ू मिनल्हक़्क़ि॰ यक़ूलू-न रब्बना आमन्ना फ़क्तुब्ना म-अश्शाहिदीन (८३) व मा लना ला नुअ्मिनु बिल्लाहि व मा जा-अना मिनल्हक़्क़ि॰ व नत्मअु अंय्युद्खि-लना रब्बुना म-अल्-क़ौमिस्सालिहीन (८४) फ़-असाबहुमुल्लाहु बिमा क़ालू जन्नातिन् तज्री मिन् तह्तिहल्-अन्हारु ख़ालिदी-न फ़ीहा॰ व ज़ालि-क जज़ा-उल् मुह्सिनीन (८५) वल्लज़ी-न क-फ़रू व कज़्ज़बू बि आयातिना उला-इ-क अस्हाबुल्-जहीम ★ (८६) या अय्युहल्लज़ी-न आमनू ला तुहर्रिमू तय्यिबाति मा अ-हल्लल्लाहु लकुम् व ला तअ्-तदू॰ इन्नल्ला-ह ला युहिब्बुल्-मुअ्-तदीन (८७) व कुलू मिम्मा र-ज़-क़कुमुल्लाहु हलालन् तय्यिबंव्-वत्तक़ुल्लाहल्लज़ी अन्तुम् बिही मुअ्मिनून (८८) ला युआख़िज़ु-कुमुल्लाहु बिल्लग्वि फ़ी ऐमानिकुम् व लाकिंय्युआख़िज़ुकुम् बिमा अक़्क़त्तुमुल्-ऐमा-न॰ फ़-कफ़्फ़ारतुहू इत्आमु अ-श-रति मसाकी-न मिन् औसति मा तुत्अिमू-न अह्लीकुम् औ किस्वतुहुम् औ तह्रीरु र-क़-बतिन्॰ फ़ मल्लम् यजिद् फ़सियामु सलासति अय्यामिन्॰ ज़ालि-क कफ़्फ़ारतु ऐमानिकुम् इज़ा ह-लफ़्तुम्॰ वह्फ़ज़ू ऐमानकुम्॰ कज़ालि-क युबय्यिनुल्लाहु लकुम् आयातिही ल-अल्लकुम् तश्कुरून (८९) या अय्युहल्लज़ी-न आमनू इन्नमल्ख़म्-रु वल्मैसिरु वल्अन्साबु वल्अज़्लामु रिज्सुम्मिन् अ-मलिश्शैतानि फ़ज्तनिबूहु ल-अल्लकुम् तुफ़्लिहून (९०)

وَإِذَا سَمِعُوا مَا أُنْزِلَ إِلَى الرَّسُولِ تَرَىٰ أَعْيُنَهُمْ تَفِيضُ مِنَ
الدَّمْعِ مِمَّا عَرَفُوا مِنَ الْحَقِّ يَقُولُونَ رَبَّنَا آمَنَّا فَاكْتُبْنَا مَعَ
الشّٰهِدِينَ ۝ وَمَا لَنَا لَا نُؤْمِنُ بِاللَّهِ وَمَا جَاءَنَا مِنَ الْحَقِّ وَ
نَطْمَعُ أَنْ يُدْخِلَنَا رَبُّنَا مَعَ الْقَوْمِ الصّٰلِحِينَ ۝ فَأَثَابَهُمُ اللَّهُ
بِمَا قَالُوا جَنّٰتٍ تَجْرِي مِنْ تَحْتِهَا الْأَنْهٰرُ خٰلِدِينَ فِيهَا وَذٰلِكَ
جَزَاءُ الْمُحْسِنِينَ ۝ وَالَّذِينَ كَفَرُوا وَكَذَّبُوا بِآيٰتِنَا أُولٰئِكَ
أَصْحٰبُ الْجَحِيمِ ۝ يٰأَيُّهَا الَّذِينَ آمَنُوا لَا تُحَرِّمُوا طَيِّبٰتِ مَا
أَحَلَّ اللَّهُ لَكُمْ وَلَا تَعْتَدُوا إِنَّ اللَّهَ لَا يُحِبُّ الْمُعْتَدِينَ ۝ وَ
كُلُوا مِمَّا رَزَقَكُمُ اللَّهُ حَلٰلًا طَيِّبًا وَاتَّقُوا اللَّهَ الَّذِي أَنْتُمْ بِهِ
مُؤْمِنُونَ ۝ لَا يُؤَاخِذُكُمُ اللَّهُ بِاللَّغْوِ فِي أَيْمٰنِكُمْ وَلٰكِنْ يُؤَاخِذُكُمْ
بِمَا عَقَّدْتُمُ الْأَيْمٰنَ فَكَفّٰرَتُهُ إِطْعَامُ عَشَرَةِ مَسٰكِينَ مِنْ
أَوْسَطِ مَا تُطْعِمُونَ أَهْلِيكُمْ أَوْ كِسْوَتُهُمْ أَوْ تَحْرِيرُ رَقَبَةٍ فَمَنْ
لَمْ يَجِدْ فَصِيَامُ ثَلٰثَةِ أَيَّامٍ ذٰلِكَ كَفّٰرَةُ أَيْمٰنِكُمْ إِذَا حَلَفْتُمْ
وَاحْفَظُوا أَيْمٰنَكُمْ كَذٰلِكَ يُبَيِّنُ اللَّهُ لَكُمْ آيٰتِهِ لَعَلَّكُمْ تَشْكُرُونَ ۝
يٰأَيُّهَا الَّذِينَ آمَنُوا إِنَّمَا الْخَمْرُ وَالْمَيْسِرُ وَالْأَنْصَابُ وَالْأَزْلَامُ
رِجْسٌ مِنْ عَمَلِ الشَّيْطٰنِ فَاجْتَنِبُوهُ لَعَلَّكُمْ تُفْلِحُونَ ۝ إِنَّمَا
يُرِيدُ الشَّيْطٰنُ أَنْ يُوقِعَ بَيْنَكُمُ الْعَدَاوَةَ وَالْبَغْضَاءَ فِي الْخَمْرِ وَالْمَيْسِرِ

★रु० ११/१ आ ९

ख़ुदा पर और हक़ बात पर, जो हमारे पास आयी है, ईमान न लाएं। और हम उम्मीद रखते हैं कि परवरदिगार हम को नेक बन्दों के साथ बहिश्त में दाख़िल करेगा। (८४) तो ख़ुदा ने उन को इस कहने के बदले (बहिश्त के) बाग़ अता फ़रमाये, जिन के नीचे नहरें बह रही हैं, वे हमेशा उन में रहेंगे और भले लोगों का यही बदला है। (८५) और जिन लोगों ने कुफ़्र किया और हमारी आयतों को झुठलाया, वे जहन्नमी हैं। (८६) ★

मोमिनो! जो पाकीज़ा चीज़ें ख़ुदा ने तुम्हारे लिए हलाल की हैं, उनको हराम न करो और हद से न बढ़ो कि ख़ुदा हद से बढ़ने वालों को दोस्त नहीं रखता।(८७)और हलाल पाक रोज़ी ख़ुदा ने तुमको दी है, उसे खाओ और ख़ुदा से, जिस पर ईमान रखते हो, डरते रहो।(८८) ख़ुदा तुम्हारी बे-इरादा[1] क़समों की तुमसे पकड़ न करेगा,[2] लेकिन पुख़्ता क़समों पर(जिनके ख़िलाफ़ करोगे, तो)पकड़ लेगा, तो उस का कफ़्फ़ारा दस मुहताजों को औसत दर्जे का खाना खिलाना है, जो तुम अपने बाल-बच्चों को खिलाते हो या उन को कपड़े देना या एक ग़ुलाम आज़ाद करना, और जिस को यह न मिले, वह तीन रोज़े रखे। यह तुम्हारी क़समों का कफ़्फ़ारा है, जब तुम क़सम खा लो (और उसे तोड़ दो) और (तुम को) चाहिए कि अपनी क़स्मों की हिफ़ाज़त करो। इस तरह ख़ुदा तुम्हारे (समझाने के) लिए अपनी आयतें खोल-खोल कर बयान फ़रमाता है, ताकि तुम शुक्र करो। (८९) ऐ ईमान वालो! शराब और जुआ और बुत और पांसे (ये सब) नापाक काम शैतान के अमलों से हैं, सो

---

१. जैसे कोई दूर से किसी आदमी को देखे और कहे कि ख़ुदा की क़सम यह तो अब्दुल्लाह है, मगर हक़ीक़त में अब्दुल्लाह न हो या जैसे कुछ लोगों की आदत होती है कि बिला इरादा—'ला वल्लाह' या 'बला वल्लाह' या 'वल्लाह', 'बिल्लाह' कहते हैं। ऐसी क़स्मों पर कोई पकड़ नहीं है।

२. जैसे कोई आदमी क़सम खाये कि मैं कभी मांस नहीं खाऊंगा, या निकाह नहीं करूंगा।

★रु. ११/१ आ ६

इन्नमा युरीदुश्शैतानु अंय्यूक़ि-अ बैनकुमुल्अदाव-त वल्बग़्ज़ा-अ फ़िल्ख़म्रि वल्मैसिरि व यसुद्दकुम् अन् ज़िक्रिल्लाहि व अनिस्सलाति फ़ हल् अन्तुम् मुन्तहून (९१) व अतीअुल्ला-ह व अतीअुर्रसू-ल वह्ज़रू फ़ इन् तवल्लैतुम् फ़अ्-लमू अन्नमा अला रसूलिनल्-बलाग़ुल्-मुबीन (९२) लै-स अ-लल्लज़ी-न आमनू व अमिलुस्सालिहाति जुनाहुन् फ़ीमा तअिमू इज़ा मत्तक़व्-व आमनू व अमिलुस्सालिहाति सुम्मत्तक़व्-व आमनू सुम्मत्तक़व्-व अह्सनू ط वल्लाहु युहिब्बुल् - मुह्सिनीन ★(९३) या अय्युहल्-लज़ी-न आमनू ल-यब्लुवन्-न-कुमुल्लाहु बि शैइम्-मिनस्सैदि तनालुहू ऐदीकुम् व रिमाहुकुम् लि यअ्-ल-मल्लाहु मंय्यख़ाफ़ुहू बिल्ग़ैबि फ़-मनिअ्-तदा बअ्-द ज़ालि-क फ़-लहू अज़ाबुन् अलीम (९४) या अय्युहल्लज़ी-न आमनू ला तक़्तुलुस्सै - द व अन्तुम् हुरुमुन् ط व मन् क़-त-लहू मिन्कुम् मुतअम्मिदन् फ़ जज़ा-उम्-मिस्लु मा क़-त-ल मिनन्न-अमि यह्कुमु बिही ज़वा अद्लिम् - मिन्कुम् हद्यम्-बालिग़ल्-कअ्-बति औ कफ़्फ़ारतुन् तआमु मसाकी-न औ अद्लु ज़ालि-क सियामल्-लि यज़ू-क़ व-बा-ल अम्रिही ط अफ़ल्लाहु अम्मा स-लफ़ ط व मन् आ-द फ़ यन्तक़िमुल्लाहु मिन्हु ط वल्लाहु अज़ीज़ुन् ज़ुन्तिक़ाम (९५) उहि-ल - ल लकुम् सैदुल्बह्रि व तआमुहू मताअल्लकुम् व लिस्सय्यारति व हुर्रि - म अलैकुम् सैदुल्बर्रि मा दुम्तुम् हुरुमन् ط वत्तक़ुल्लाहल्लज़ी इलैहि तुह्शरून (९६) ज-अ-लल्लाहुल् - कअ् - बतल् - बैतल् - हरा-म क़ियामल्लिन्नासि वश्शह्रल् - हरा - म वल्हद-य वल्क़ला - इ - द ط ज़ालि-क लि तअ्-लमू अन्नल्ला-ह यअ्-लमु मा फ़िस्समावाति व मा फ़िल्अर्ज़ि व अन्नल्ला-ह बि कुल्लि शैइन् अलीम (९७)

وَيَصُدَّكُمْ عَنْ ذِكْرِ اللّٰهِ وَعَنِ الصَّلٰوةِ ۚ فَهَلْ اَنْتُمْ مُّنْتَهُوْنَ ﴿٩١﴾ وَاَطِيْعُوا
اللّٰهَ وَاَطِيْعُوا الرَّسُوْلَ وَاحْذَرُوْا ۚ فَاِنْ تَوَلَّيْتُمْ فَاعْلَمُوْٓا اَنَّمَا عَلٰى
رَسُوْلِنَا الْبَلٰغُ الْمُبِيْنُ ﴿٩٢﴾ لَيْسَ عَلَى الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا وَعَمِلُوا الصّٰلِحٰتِ
جُنَاحٌ فِيْمَا طَعِمُوْٓا اِذَا مَا اتَّقَوْا وَّاٰمَنُوْا وَعَمِلُوا الصّٰلِحٰتِ ثُمَّ اتَّقَوْا
وَّاٰمَنُوْا ثُمَّ اتَّقَوْا وَّاَحْسَنُوْا ۗ وَاللّٰهُ يُحِبُّ الْمُحْسِنِيْنَ ﴿٩٣﴾ يٰٓاَيُّهَا الَّذِيْنَ
اٰمَنُوْا لَيَبْلُوَنَّكُمُ اللّٰهُ بِشَيْءٍ مِّنَ الصَّيْدِ تَنَالُهٗٓ اَيْدِيْكُمْ وَرِمَاحُكُمْ
لِيَعْلَمَ اللّٰهُ مَنْ يَّخَافُهٗ بِالْغَيْبِ ۚ فَمَنِ اعْتَدٰى بَعْدَ ذٰلِكَ فَلَهٗ عَذَابٌ
اَلِيْمٌ ﴿٩٤﴾ يٰٓاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا لَا تَقْتُلُوا الصَّيْدَ وَاَنْتُمْ حُرُمٌ ۗ وَمَنْ
قَتَلَهٗ مِنْكُمْ مُّتَعَمِّدًا فَجَزَآءٌ مِّثْلُ مَا قَتَلَ مِنَ النَّعَمِ يَحْكُمُ بِهٖ
ذَوَا عَدْلٍ مِّنْكُمْ هَدْيًا بٰلِغَ الْكَعْبَةِ اَوْ كَفَّارَةٌ طَعَامُ مَسٰكِيْنَ اَوْ عَدْلُ
ذٰلِكَ صِيَامًا لِّيَذُوْقَ وَبَالَ اَمْرِهٖ ۗ عَفَا اللّٰهُ عَمَّا سَلَفَ ۗ وَمَنْ عَادَ
فَيَنْتَقِمُ اللّٰهُ مِنْهُ ۗ وَاللّٰهُ عَزِيْزٌ ذُو انْتِقَامٍ ﴿٩٥﴾ اُحِلَّ لَكُمْ صَيْدُ الْبَحْرِ
وَطَعَامُهٗ مَتَاعًا لَّكُمْ وَلِلسَّيَّارَةِ ۚ وَحُرِّمَ عَلَيْكُمْ صَيْدُ الْبَرِّ مَا
دُمْتُمْ حُرُمًا ۗ وَاتَّقُوا اللّٰهَ الَّذِيْٓ اِلَيْهِ تُحْشَرُوْنَ ﴿٩٦﴾ جَعَلَ اللّٰهُ الْكَعْبَةَ
الْبَيْتَ الْحَرَامَ قِيٰمًا لِّلنَّاسِ وَالشَّهْرَ الْحَرَامَ وَالْهَدْيَ وَالْقَلَآئِدَ ۗ
ذٰلِكَ لِتَعْلَمُوْٓا اَنَّ اللّٰهَ يَعْلَمُ مَا فِي السَّمٰوٰتِ وَمَا فِي الْاَرْضِ وَاَنَّ اللّٰهَ
بِكُلِّ شَيْءٍ عَلِيْمٌ ﴿٩٧﴾ اِعْلَمُوْٓا اَنَّ اللّٰهَ شَدِيْدُ الْعِقَابِ وَاَنَّ اللّٰهَ غَفُوْرٌ

★रु. १२/२ आ ७

इन से बचते रहना, ताकि निजात पाओ। (९०) शैतान तो यह चाहता है कि शराब और जुए की वजह से तुम्हारे आपस में दुश्मनी और रंजिश डलवा दे और तुम्हें खुदा की याद से और नमाज से रोक दे, तो तुम को (इन कामों से) बाज रहना चाहिए।[1] (९१) और खुदा की फ़रमांबरदारी और (खुदा के) रसूल की इताअत करते रहो और डरते रहो। अगर मुंह फेरोगे तो जान रखो कि हमारे पैग़म्बर के ज़िम्मे तो सिर्फ़ पैग़ाम का खोल कर पहुंचा देना है। (९२) जो लोग ईमान लाये और नेक काम करते रहे, उन पर उन चीज़ों का कुछ गुनाह नहीं जो वह खा चुके, जब कि उन्होंने परहेज़ किया और ईमान लाये और नेक काम किए। फिर परहेज़ किया और भले काम किए और खुदा भला करने वालों को दोस्त रखता है। (९३) ★

मोमिनो! किसी क़दर शिकार से, जिन को तुम हाथों और नेज़ों से पकड़ सको, खुदा तुम्हारी आज़माइश करेगा, (यानी एहराम की हालत में शिकार के मना करने से), ताकि मालूम करे कि उस से ग़ायबाना कौन डरता है, तो जो उस के बाद ज़्यादती करे, उस के लिए दुख देने वाला अज़ाब (तैयार) है। (९४) मोमिनो! जब तुम एहराम की हालत में हो, तो शिकार न मारना और जो तुम में से जान-बूझ कर उसे मारे तो (या तो उस का) बदला (दे और वह यह है कि) उसी तरह का चारपाया, जिसे तुम में से दो एतबार वाले आदमी तै कर दें, क़ुर्बानी (करे और यह क़ुर्बानी) काबे पहुंचायी जाए, या कफ़्फ़ारा (दे और वह) मिस्कीनों को खाना खिलाना (है) या उस के बराबर रोज़े रखे ताकि अपने काम की सज़ा (का मज़ा) चखे (और) जो पहले हो चुका, वह खुदा ने माफ़ कर दिया और जो फिर (ऐसा काम) करेगा, तो खुदा उस से बदला लेगा और खुदा ग़ालिब और बदला लेने वाला है। (९५) तुम्हारे लिए दरिया (की चीज़ों) का शिकार और उन का खाना हलाल कर दिया गया है, (यानी) तुम्हारे और मुसाफ़िरों के फ़ायदे के लिए और जंगल (की चीज़ों) का शिकार जब तक तुम एहराम की हालत में रहो, तुम पर हराम है और खुदा से, जिस के पास तुम (सब) जमा किये जाओगे, डरते रहो। (९६) खुदा ने इज़्ज़त के घर (यानी) काबे को लोगों के लिए अम्न की वजह मुक़र्रर फ़रमाया है और इज़्ज़त के महीनों को और क़ुर्बानी को और उन जानवरों को, जिन के गले में पट्टे बंधे हों, यह इस लिए कि तुम जान लो कि जो कुछ आसमानों में और जो कुछ ज़मीन में है, खुदा सब को जानता है और यह कि खुदा को हर चीज़ का इल्म है। (९७) जान

---

१. यह तर्जुमा हम ने 'फ़ हल अन्तुम मुन्तहून' का किया है और इस में सवाल नहीं है। इस में हुक्म ही हमारे नज़दीक सही है।

★रु. १२/२ आ ७

इअ्-लमू अन्नल्ला-ह शदीदुल्‌अिक़ाबि व अन्नल्ला-ह ग़फ़ूरुर्रहीम (९८) मा अलर्रसूलि इल्लल्-बलाग़ु वल्लाहु यअ्-लमु मा तुब्दू-न व मा तक्तुमून (९९) क़ुल् ला यस्तविल्ख़बीसु वत्तय्यिबु व लौ अअ्-ज-ब-क कस्रतुल्-ख़बीसि फ़त्तक़ुल्ला-ह या उलिल्अल्बाबि ल-अल्लकुम् तुफ़्लिहून ★(१००) या अय्युहल्लज़ी-न आमनू ला तस्अलू अन् अश्या-अ इन् तुब्-द लकुम् तसुअ्कुम् व इन् तस्अलू अन्हा ही-न युनज़्ज़लुल्-क़ुर्-आनु तुब् - द लकुम् अफ़ल्लाहु अन्हा वल्लाहु ग़फ़ूरुन् हलीम (१०१) क़द् स-अ-लहा क़ौमुम्मिन् क़ब्लिकुम् सुम्-म अस्बहू बिहा काफ़िरीन (१०२) मा ज-अ-लल्लाहु मिम्बहीरतिंव्-व ला सा-इबतिंव - व ला वसीलतिंव्-व ला हामिंव्-व लाकिन्नल्-लज़ी-न क-फ़रू यफ़्तरू - न अ-लल्लाहिल्-कज़ि-ब व अक्सरुहुम् ला यअ्-क़िलून (१०३) व इज़ा क़ी-ल लहुम् तआलौ इला मा अन्ज़लल्लाहु व इलर्रसूलि क़ालू हस्बुना मा व - जद्ना अलैहि आबा-अना अ-व लौ का-न आबा-उहुम् ला यअ्-लमू-न शैअंव्-व ला यह्तदून (१०४) या अय्युहल्लज़ी-न आमनू अलैकुम् अन्फ़ुसकुम् ला यज़ुर्रुकुम् मन् ज़ल् - ल इज़ह्तदैतुम् इलल्लाहि मर्जिअुकुम् जमीअन् फ़युनब्बिउकुम् बिमा कुन्तुम् तअ्-मलून (१०५) या अय्युहल्लज़ी-न आमनू शहादतु बैनिकुम् इज़ा ह-ज़-र अ-ह-दकुमुल्मौतु हीनल्-वसिय्यतिस्नानि ज़वा अद्लिम्-मिन्कुम् औ आख़रानि मिन् ग़ैरिकुम् इन् अन्तुम् ज़रब्तुम् फ़िल्अर्ज़ि फ़-असाबत्कुम् मुसीबतुल्मौति तह्बिसूनहुमा मिम्बअ् - दिस्सलाति फ़युक़्सिमानि बिल्लाहि इनिर्तब्तुम् ला नश्तरी बिही स-म-नंव्-व लौ का-न ज़ाक़ुर्बा व ला नक्तुमु शहा-द-तल्लाहि इन्ना इज़ल्लमिनल् - आसिमीन (१०६)

رحيم ﴿٩٨﴾ ما على الرسول الا البلغ والله يعلم ما تبدون وما تكتمون ﴿٩٩﴾
قل لا يستوي الخبيث والطيب ولو اعجبك كثرة الخبيث فاتقوا
الله يأولي الالباب لعلكم تفلحون ﴿١٠٠﴾ يايها الذين امنوا لا تسـٔلوا
عن اشياء ان تبد لكم تسؤكم وان تسـٔلوا عنها حين ينزل القران
تبد لكم عفا الله عنها والله غفور حليم ﴿١٠١﴾ قد سالها قوم من
قبلكم ثم اصبحوا بها كفرين ﴿١٠٢﴾ ما جعل الله من بحيرة ولا سائبة
ولا وصيلة ولا حام ولكن الذين كفروا يفترون على الله الكذب
واكثرهم لا يعقلون ﴿١٠٣﴾ واذا قيل لهم تعالوا الى ما انزل الله و
الى الرسول قالوا حسبنا ما وجدنا عليه اباءنا اولو كان اباؤهم
لا يعلمون شيئا ولا يهتدون ﴿١٠٤﴾ يايها الذين امنوا عليكم انفسكم
لا يضركم من ضل اذا اهتديتم الى الله مرجعكم جميعا
فينبئكم بما كنتم تعملون ﴿١٠٥﴾ يايها الذين امنوا شهادة بينكم
اذا حضر احدكم الموت حين الوصية اثنن ذوا عدل منكم او
اخرن من غيركم ان انتم ضربتم في الارض فاصابتكم مصيبة
الموت تحبسونهما من بعد الصلوة فيقسمن بالله ان ارتبتم
لا نشتري به ثمنا ولو كان ذا قربى ولا نكتم شهادة الله انا
اذا لمن الاثمين ﴿١٠٦﴾ فان عثر على انهما استحقا اثما فاخرن يقومن

★रु. १३/३ आ ७

रखो कि ख़ुदा सख़्त अज़ाब देने वाला है और यह कि ख़ुदा बख़्शने वाला मेहरबान भी है (९८) पैग़म्बर के ज़िम्मे तो सिर्फ़ (ख़ुदा का पैग़ाम) पहुंचा देना है और जो कुछ तुम ज़ाहिर करते हो और कुछ छिपाते हो, ख़ुदा को सब मालूम है। (९९) कह दो कि ना-पाक और पाक चीज़ें बराबर नहीं होतीं, गो ना-पाक चीज़ों की ज़्यादती तुम्हें ख़ुश ही लगे, तो अक़्ल वालो ! ख़ुदा से डरते रहो, ताकि कामियाबी हासिल करो (१००) ★ मोमिनो ! ऐसी चीज़ों के बारे में मत सवाल करो कि अगर (उन की हक़ीक़तें) तुम पर ज़ाहिर कर दी जाएं तो तुम्हें बुरी लगें और अगर क़ुरआन के नाज़िल होने के दिनों में ऐसी बातें पूछोगे, तो तुम पर ज़ाहिर भी कर दी जाएंगी। (अब तो) ख़ुदा ने ऐसी बातों (के पूछने) से दर-गुज़र फ़रमाया है और ख़ुदा बख़्शने वाला बुर्दबार है। (१०१) इस तरह की बातें तुम से पहले लोगों ने भी पूछी थीं (मगर जब बतायी गयीं तो) फिर उन के इंकारी हो गये। (१०२) ख़ुदा ने न तो बहीरा[1] कुछ चीज बनाया है और न साइबा[2] और न वसीला[3] और न हाम[4] बल्कि काफ़िर ख़ुदा पर झूठ गढ़ते हैं और ये अक्सर अक़्ल नहीं रखते।[5] (१०३) और जब इन लोगों से कहा जाता है कि जो (किताब) ख़ुदा ने नाज़िल फ़रमायी है, उस की और अल्लाह के रसूल की तरफ़ रुजू करो, तो कहते हैं कि जिस तरीक़े पर हम ने अपने बाप-दादा को पाया है, वही हमें काफ़ी है। भला अगर उन के बाप-दादा, न तो कुछ जानते हों और न सीधे रास्ते पर हों, (तब भी ?) (१०४) ऐ ईमान वालो ! अपनी जानों की हिफ़ाज़त करो। जब तुम हिदायत पर हो, तो कोई गुमराह तुम्हारा कुछ भी बिगाड़ नहीं सकता। तुम सब को ख़ुदा की तरफ़ से लौट कर जाना है। उस वक़्त वह तुम को तुम्हारे सब कामों से जो (दुनिया में) किये थे, आगाह करेगा (और उन का बदला देगा।) (१०५) मोमिनो ! जब तुम में से किसी की मौत आ मौजूद हो, तो शहादत (गवाही, का निसाब) यह है कि वसीयत के वक़्त तुम (मुसलमानों) में से दो मर्द अद्ल वाले (यानी एतबार वाले) गवाह हों, या अगर (मुसलमान न मिलें और) तुम सफ़र कर रहे हो और (उस वक़्त) तुम पर मौत की मुसीबत वाक़ेअ हो तो किसी दूसरे मज़हब के दो (शख़्सों को) गवाह (कर लो)। अगर तुम को उन गवाहों के बारे में कुछ शक हो, तो उन को (अस्र की) नमाज़ के बाद खड़ा करो और दोनों ख़ुदा की क़स्में खाएं कि हम शहादत का बदला नहीं लेंगे, गो हमारा रिश्तेदार ही हो और न हम अल्लाह की गवाही को छिपाएंगे, अगर ऐसा करेंगे, तो गुनाहगार

---

१. ऊंटनी जो बुतों की नज़्र की जाती थी, उस के कान फाड़ कर छोड़ देते थे और कोई उस का दूध दूह नहीं सकता था।

२. जानवर जो बुतों के नाम पर छोड़ दिया जाता था और उस पर बोझ नहीं लादते थे।

३. ऊंटनी जो अव्वल उम्र में ऊपर तले दो मादा बच्चे देती, उसे बुतों के नाम पर छोड़ देते थे।

४. ऊंट जिस की नस्ल से कुछ बच्चे ले कर सवारी वग़ैरह का काम लेना छोड़ देते थे।

५. काफ़िरों ने बहीरा और साइबा और वसीला और हाम तो ख़ुद मुक़र्रर कर रखे थे और यह कहते थे कि यह इब्राहीमी शरीअत के हुक्म हैं और इन से अल्लाह का क़ुर्ब हासिल होता है। ख़ुदा ने फ़रमाया, यह सब झूठ और ख़ुदा पर बुहतान है। उस ने न किसी जानवर का नाम बहीरा वग़ैरह रखा, न उस को शरई हैसियत दी, न इसे क़ुर्बत का ज़रिया क़रार दिया।

★रु. १३/३ आ ७

फ़इन् अुसि - र अला अन्नहुमस्तहक़्क़ा इस्मन् फ़आख़रानि यक़ूमानि
मक़ामहुमा मिनल्लज़ीनस्-तहक़्-क़ अलैहिमुल्-औलयानि फ़युक़्सिमानि बिल्लाहि
ल-शहादतुना अहक़्क़ु मिन् शहादति - हिमा व मअ् - तदैना इन्ना
इज़ल्लमिनज़्-ज़ालिमीन (१०७) ज़ालि-क अद्ना अंय्यअ्तू बिश्शहादति अला
वज्हिहा औ यख़ाफ़ू अन् तुरद्-द
ऐमानुम्बअ् - द ऐमानिहिम् ط वत्तक़ुल्ला - ह
वस्मअू ط वल्लाहु ला यह्दिल् - क़ौमल् -
फ़ासिक़ीन★(१०८) यौ-म यज्मअुल्लाहुर्-
रुसु - ल फ़ - यक़ूलु माज़ा उजिब्तुम् ط
क़ालू ला अिल्-म लना ط इन्न-क अन्-त
अल्लामुल्ग़ुयूब (१०९) इज़् क़ालल्लाहु
या ईसब्-न मर्यमज़्कुर् निअ्-मती अलै-क व
अला वालिदति - क ▨ इज़् अय्यत्तु - क
बिरूहिल्क़ुदुसि क़िफ़ तुकल्लिमुन्ना - स फ़िल्मह्दि
व कह्लन् ج व इज़् अल्लम्तुकल् -
किता-ब वल्हिक्म-त वत्तौरा-त वल्इन्जी-ल ج
व इज़् तख़्लु-क़ु मिनत्तीनि कहै-अतित्तैरि बि-इज़्नी फ़ तन्फ़ुख़ु फ़ीहा
फ़तकूनु तैरम् - बि - इज़्नी व तुब्रि-उल्-अक्-म-ह वल्-अब्-र-स बि-इज़्नी ج
व इज़् तुख़्रिजुल्मौता बि-इज़्नी ج व इज़् क - फ़फ़्तु बनी इस्रा - ई-ल
अन्-क इज़् जिअ्तहुम् बिल्बय्यिनाति फ़-क़ालल्लज़ी-न क-फ़रू मिन्हुम् इन्
हाज़ा इल्ला सिह्रुम्-मुबीन (११०) व इज़् औहैतु इलल्-हवारिय्यी-न
अन् आमिनू बी व बि-रसूली ج क़ालू आमन्ना वश्हद् बि-अन्नना मुस्लिमून
(१११) इज़् क़ालल्-हवारिय्यू-न या ईसब्-न मर्य-म हल् यस्ततीअु रब्बु-क
अंय्युनज़्ज़ि-ल अलैना मा-इ-द-तम्-मिनस्समा-इ ط क़ालत्तक़ुल्ला - ह इन् कुन्तुम्
मुअ्मिनीन (११२) क़ालू नुरीदु अन् नअ्कु-ल मिन्हा व तत्म-इन्न क़ुलूबुना
व नअ्-ल-म अन् क़द् सदक़्तना व नकू-न अलैहा मिनश्शाहिदीन ●(११३)

المآئدة ١٠٠ واذا سمعوا

مقامهما من الذين استحق عليهم الاوليٰن فيقسمٰن بالله
لشهادتنا احق من شهادتهما وما اعتدينا انا اذا لمن
الظٰلمين ۝ ذٰلك ادنٰى ان ياتوا بالشهادة على وجهها او يخافوا
ان ترد ايمان بعد ايمانهم واتقوا الله واسمعوا والله لا يهدي
القوم الفٰسقين ۝ يوم يجمع الله الرسل فيقول ماذا اجبتم
قالوا لا علم لنا انك انت علام الغيوب ۝ اذ قال الله يٰعيسى
ابن مريم اذكر نعمتي عليك وعلٰى والدتك اذ ايدتك بروح
القدس تكلم الناس في المهد وكهلا واذ علمتك الكتٰب و
الحكمة والتورٰىة والانجيل واذ تخلق من الطين كهيـٔة الطير
باذني فتنفخ فيها فتكون طيرا باذني وتبرئ الاكمه والابرص
باذني واذ تخرج الموتٰى باذني واذ كففت بني اسرآءيل عنك
اذ جئتهم بالبينٰت فقال الذين كفروا منهم ان هٰذا الا سحر
مبين ۝ واذ اوحيت الى الحواريٖن ان امنوا بي وبرسولي
قالوا امنا واشهد باننا مسلمون ۝ اذ قال الحواريون
يٰعيسى ابن مريم هل يستطيع ربك ان ينزل علينا مائدة
من السماء قال اتقوا الله ان كنتم مؤمنين ۝ قالوا نريد ان
ناكل منها وتطمئن قلوبنا ونعلم ان قد صدقتنا ونكون

★रु. १४/४ आ ८ ▨ व. लाज़िम ● रुबअ् १/४

होंगे। (१०६) फिर अगर मालूम हो जाए कि इन दोनों ने (झूठ बोल कर) गुनाह हासिल किया है तो जिन लोगों का उन्हों ने हक़ मारना चाहा था, उन में से उन की जगह और दो गवाह खड़े हों, जो (मय्यत से) क़रीबी ताल्लुक़ात रखते हों, फिर वे ख़ुदा की क़स्में खाएं कि हमारी गवाही उन की गवाही से बहुत सच्ची है और हम ने कोई ज़्यादती नहीं की, ऐसा किया हो, तो हम बे-इंसाफ़ हैं। (१०७) इस तरीक़े से बहुत क़रीब है कि ये लोग सही-सही गवाही दें या इस बात से डरें कि (हमारी) क़स्में उन की क़स्मों के बाद रद्द कर दी जाएंगी। और ख़ुदा से डरो और (उस के हुक्मों को कान खोल कर सुनो और) ख़ुदा ना-फ़रमान लोगों को हिदायत नहीं देता। (१०८) ★

(वह दिन याद रखने के लायक़ है) जिस दिन ख़ुदा पैग़म्बरों को जमा करेगा, फिर उनसे पूछेगा कि तुम्हें क्या जवाब मिला था। वे अर्ज़ करेंगे कि हमें कुछ मालूम नहीं। तू ही ग़ैब की बातों को जानता है। (१०९) जब ख़ुदा (ईसा से) फ़रमाएगा कि ऐ ईसा बिन मरयम! मेरे उन एहसानों को याद करो, जो मैंने तुम पर और तुम्हारी वालिदा पर किए ▨ जब मैंने रूहुल क़ुदुस (यानी जिब्रील) से तुम्हारी मदद की। तुम झूले में और जवान होकर एक ही नस्क़ पर लोगों से बातें करते थे और जब मैं ने तुम को किताब और हिक्मत और तौरात और इंजील सिखायी और जब तुम मेरे हुक्म से मिट्टी का जानवर बना कर उस में फूंक मार देते थे, तो वह मेरे हुक्म से उड़ने लगता था और पैदाइशी अंधे और सफ़ेद दाग़ वाले मेरे हुक्म से चंगा कर देते थे और मुर्दे को मेरे हुक्म से (ज़िंदा कर के क़ब्र से) निकाल खड़ा करते थे और जब मैं ने बनी इस्राईल (के हाथों) को तुम से रोक दिया, जब तुम उन के पास खुले निशान ले कर आए, तो जो उन में से काफ़िर थे, कहने लगे कि यह तो खुला जादू है। (११०) और जब मैंने हवारियों की तरफ़ हुक्म भेजा कि मुझ पर और मेरे पैग़म्बर पर ईमान लाओ। वे कहने लगे कि (परवरदिगार!) हम ईमान लाये, तो गवाह रहियो कि हम फ़रमांबरदार हैं।[1] (१११) (वह क़िस्सा भी याद करो) जब हवारियों ने कहा कि ऐ ईसा बिन मरयम! क्या तुम्हारा परवरदिगार ऐसा कर सकता है कि हम पर आसमान से (खाने का) ख़्वान नाज़िल करे? उन्हों ने कहा कि अगर ईमान रखते हो तो ख़ुदा से डरो। (११२) वे बोले कि हमारी यह ख़्वाहिश है कि हम उस में से खाएं और हमारे दिल तसल्ली पाएं और हम जान लें कि तुम ने हम से सच कहा है और हम इस (ख़्वान के नाज़िल होने पर) गवाह रहें ● (११३) (तब)

---

१. हज़रत ईसा की पैरवी करने वाले और मदद करने वाले यानी साथी हवारी कहलाते थे। हवारी हक़ीक़त में धोबी को कहते हैं और वे लोग भी ज़्यादातर धोबी थे। आजकल यह लफ़्ज़ ज़्यादा आम हो गया है और दूसरे लोगों के साथियों के लिए भी इसे बोलने लगे हैं।

★ रु. १४/४ आ ८ ▨ व. लाज़िम ● रुबअ् १/४

क़ा-ल ईसब्नु मर्यमल्लाहुम-म रब्बना अन्ज़िल अलैना मा-इद-तम्-मिनस्समा-इ तकूनु लना ईदल्लि-अव्वलिना व आख़िरिना व आयतम्-मिन्-क वर्ज़ुक़्ना व अन्-त ख़ैरुर्राज़िक़ीन (११४) क़ालल्लाहु इन्नी मुनज़्ज़िलुहा अलैकुम् ج फ़-मंयक्फ़ुर् बअ्-दु मिन्कुम् फ़-इन्नी उ-अ़ज़्ज़िबुहू अ़ज़ाबल्ला उ-अ़ज़्ज़ि-बुहू अ-ह्-दम्मिनल् - आ़लमीन ★ (११५) व इज़् क़ालल्लाहु या ईसब-न मर्य-म अ अन्-त क़ुल्-त लिन्नासित्-तख़िज़ूनी व उम्मि-य इलाहैनि मिन् दूनिल्लाहि ط क़ा - ल सुब्हान-क मा यकूनु ली अन् अक़ू-ल मा लै - स ली ق बिहक़्क़िन् ط ▨ इन् कुन्तु क़ुल्तुहू फ़-क़द् अ़लिम्तहू ط तअ्-लमु मा फ़ी नफ़्सी व ला अअ्-लमु मा फ़ी नफ़्सि-क ط इन्न-क अन्-त अ़ल्लामुल्-ग़ुयूब (११६) मा क़ुल्तु लहुम् इल्ला मा अमर्तनी बिही अनिअ़्-बुदुल्ला-ह रब्बी व रब्बकुम् ج व कुन्तु अ़लैहिम् शहीदम्मा दुम्तु फ़ीहिम् ج फ़ - लम्मा तवफ़्फ़ैतनी कुन्-त अन्तर्रक़ी-ब अ़लैहिम् ط व अन्-त अ़ला कुल्लि शैइन् शहीद (११७) इन् तुअ़ज़्ज़िब्हुम् फ़-इन्नहुम् अ़िबादु-क ج व इन् तग़्फ़िर् लहुम् फ़-इन्न-क अन्तल्-अ़ज़ीज़ुल्-ह़कीम (११८) क़ालल्लाहु हाज़ा यौमु यन्फ़अुस्सादिक़ी-न सिद्क़ुहुम् ط लहुम् जन्नातुन् तजरी मिन् तह़्तिहल्-अन्हारु ख़ालिदी-न फ़ीहा अ-ब-दन् ط रज़ियल्लाहु अ़न्हुम् व रज़ू अ़न्हु ط ज़ालिकल्-फ़ौज़ुल्-अ़ज़ीम (११९) लिल्लाहि मुल्कुस्समावाति वल्अर्ज़ि व मा फ़ीहिन्-न ط व हु-व अ़ला कुल्लि शैइन् क़दीर ★ (१२०)

عَلَيْهَا مِنَ الشّٰهِدِيْنَ ۝ قَالَ عِيْسَى ابْنُ مَرْيَمَ اللّٰهُمَّ رَبَّنَآ اَنْزِلْ
عَلَيْنَا مَآئِدَةً مِّنَ السَّمَآءِ تَكُوْنُ لَنَا عِيْدًا لِّاَوَّلِنَا وَاٰخِرِنَا وَاٰيَةً مِّنْكَ
وَارْزُقْنَا وَاَنْتَ خَيْرُ الرّٰزِقِيْنَ ۝ قَالَ اللّٰهُ اِنِّيْ مُنَزِّلُهَا عَلَيْكُمْ فَمَنْ
يَّكْفُرْ بَعْدُ مِنْكُمْ فَاِنِّيْٓ اُعَذِّبُهٗ عَذَابًا لَّآ اُعَذِّبُهٗٓ اَحَدًا مِّنَ الْعٰلَمِيْنَ ۝
وَاِذْ قَالَ اللّٰهُ يٰعِيْسَى ابْنَ مَرْيَمَ ءَاَنْتَ قُلْتَ لِلنَّاسِ اتَّخِذُوْنِيْ وَاُمِّيَ
اِلٰهَيْنِ مِنْ دُوْنِ اللّٰهِ قَالَ سُبْحٰنَكَ مَا يَكُوْنُ لِيْٓ اَنْ اَقُوْلَ مَا لَيْسَ لِيْ
بِحَقٍّ اِنْ كُنْتُ قُلْتُهٗ فَقَدْ عَلِمْتَهٗ تَعْلَمُ مَا فِيْ نَفْسِيْ وَلَآ اَعْلَمُ مَا فِيْ
نَفْسِكَ اِنَّكَ اَنْتَ عَلَّامُ الْغُيُوْبِ ۝ مَا قُلْتُ لَهُمْ اِلَّا مَآ اَمَرْتَنِيْ بِهٖٓ اَنِ
اعْبُدُوا اللّٰهَ رَبِّيْ وَرَبَّكُمْ وَكُنْتُ عَلَيْهِمْ شَهِيْدًا مَّا دُمْتُ فِيْهِمْ فَلَمَّا
تَوَفَّيْتَنِيْ كُنْتَ اَنْتَ الرَّقِيْبَ عَلَيْهِمْ وَاَنْتَ عَلٰى كُلِّ شَيْءٍ شَهِيْدٌ ۝
اِنْ تُعَذِّبْهُمْ فَاِنَّهُمْ عِبَادُكَ وَاِنْ تَغْفِرْ لَهُمْ فَاِنَّكَ اَنْتَ الْعَزِيْزُ الْحَكِيْمُ ۝
قَالَ اللّٰهُ هٰذَا يَوْمُ يَنْفَعُ الصّٰدِقِيْنَ صِدْقُهُمْ لَهُمْ جَنّٰتٌ تَجْرِيْ مِنْ
تَحْتِهَا الْاَنْهٰرُ خٰلِدِيْنَ فِيْهَآ اَبَدًا رَضِيَ اللّٰهُ عَنْهُمْ وَرَضُوْا عَنْهُ ذٰلِكَ الْفَوْزُ
الْعَظِيْمُ ۝ لِلّٰهِ مُلْكُ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ وَمَا فِيْهِنَّ وَهُوَ عَلٰى كُلِّ شَيْءٍ قَدِيْرٌ ۝

سُوْرَةُ الْاَنْعَامِ مَكِّيَّةٌ وَّهِيَ مِائَةٌ وَّخَمْسٌ وَّسِتُّوْنَ اٰيَةً وَّعِشْرُوْنَ رُكُوْعًا

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ

اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ الَّذِيْ خَلَقَ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضَ وَجَعَلَ الظُّلُمٰتِ وَالنُّوْرَ

६ सूरतुल् अन्आमि ५५

(मक्की) इस सूर: में अरबी के १२९३५ अक्षर, ३१०० शब्द, १६५ आयतें और २० रुकूअ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह़्मानिर्रह़ीम

अल्ह़म्दु लिल्लाहिल्लज़ी ख़-ल-क़स्समावाति वल्अर्-ज़ व ज-अ-लज़्ज़ुलुमाति वन्नू - र ط सुम्मल्लज़ी - न क - फ़रू बिरब्बिहिम् यअ् - दिलून (१)

★रु० १५/५ आ ७ ▨ व० न बी स० ★रु० १६/६ आ ५

ईसा बिन मरयम ने दुआ की कि ऐ हमारे परवरदिगार ! हम पर आसमान से ख्वान नाज़िल फ़रमा कि हमारे लिए (वह दिन) ईद क़रार पाए यानी हमारे अगलों और पिछलों (सब) के लिए और वह तेरी तरफ़ से निशानी हो और हमें रिज़्क़ दे, तू बेहतर रिज़्क़ देने वाला है (११४) ख़ुदा ने फ़रमाया, मैं तुम पर ज़रूर ख्वान नाज़िल फ़रमाऊंगा, लेकिन जो इस के बाद तुम में से कुफ़्र करेगा, उसे ऐसा अज़ाब दूंगा कि दुनिया वालों में किसी को ऐसा अज़ाब न दूंगा।[1] (११५) ★

और (उस वक़्त को भी याद रखो) जब ख़ुदा फ़रमाएगा, ऐ ईसा बिन मरयम! क्या तुमने लोगों से कहा था कि ख़ुदा के सिवा मुझे और मेरी मां को माबूद मुक़र्रर करो? वह कहेंगे कि तू पाक है, मुझे कब मुनासिब था कि मैं ऐसी बात कहता, जिस का मुझे कुछ हक़ नहीं ▨ अगर मैं ने ऐसा कहा होगा, तो तुझ को मालूम होगा, (क्यों कि) जो बात मेरे दिल में है, तू उसे जानता है और जो तेरे ज़मीर में है, उसे मैं नहीं जानता, बेशक तू ग़ैबों का जानने वाला है। (११६) मैं ने उन से कुछ नहीं कहा, अलावा इस के, जिस का तू ने हुक्म दिया है, वह यह है कि तुम ख़ुदा की इबादत करो, जो मेरा और तुम्हारा सब का परवरदिगार है और जब तक मैं उन में रहा उन (के हालात) की खबर रखता रहा। जब तू ने मुझे दुनिया से उठा लिया तो तू उन का निगरां था और तू हर चीज़ से ख़बरदार है। (११७) अगर तू उन को अज़ाब दे, तो ये तेरे बन्दे हैं और अगर बख़्श दे तो (तेरी मेहरबानी है।) बेशक तू ग़ालिब (और) हिक्मत वाला है। (११८) ख़ुदा फ़रमायेगा कि आज वह दिन है कि सच्चों को उन की सच्चाई ही फ़ायदा देगी। उन के लिए बाग़ हैं, जिन के नीचे नहरें बह रही हैं। हमेशा-हमेशा उन में बसते रहेंगे। ख़ुदा उन से ख़ुश है और वे ख़ुदा से ख़ुश हैं, यह बड़ी कामियाबी है। (११९) आसमान और ज़मीन और जो कुछ इन (दोनों) में है, सब पर ख़ुदा ही की बादशाही है और वह हर चीज़ पर क़ुदरत रखता है। (१२०) ★

६ सूरः अन्आम ५५

सूरः अन्आम मक्की है और इस में एक सौ पैंसठ आयतें और बीस रुकूअ हैं।

शुरू ख़ुदा का नाम ले कर जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

हर तरह की तारीफ़ ख़ुदा ही को मुनासिब है जिस ने आसमानों और ज़मीन को पैदा किया और अंधेरा और रोशनी बनायी, फिर भी काफ़िर (और चीज़ों को) ख़ुदा के बराबर ठहराते

१. ये हवारी या तो ज़रूरतमंद थे या दिल के इत्मीनान के लिए उन्हों ने माइदः (ख्वान) उतरने की दर्ख्वास्त की थी। कुछ भी हो ख़ुदा ने उन पर खाने का ख्वान नाज़िल फ़रमाया। तफ़्सीर लिखने वालों ने लिखा है कि ख्वान इतवार के दिन नाज़िल हुआ था, जो ईसाइयों की ईद है।

★रु. १५/५ आ ७ ▨ व. न बी स. ★रु. १६/६ आ ५

हुवल्लज़ी ख़-ल-क़कुम् मिन् तीनिन् सुम्-म क़ज़ा अ-ज-लन् ط व अ-जलुम्-मुसम्मन् अिन्दहू सुम्-म अन्तुम् तम्तरून (२) व हुवल्लाहु फ़िस्समावाति व फ़िल्अर्ज़ि ط यअ् - लमु सिर्रकुम् व जह-रकुम् व यअ्-लमु मा तक्सिबून (३) व मा तअ्तीहिम् मिन् आयतिम्-मिन् आयाति रब्बिहिम् इल्ला कानू अन्हा मुअ्-रिज़ीन (४) फ़-क़द् कज़्ज़बू बिल्हक़्क़ि लम्मा जा - अहुम् ط फ़सौ - फ़ यअ्तीहिम् अम्बा-उ मा कानू बिही यस्तह्ज़िऊन (५) अ-लम् यरौ कम् अह्लक्ना मिन् क़ब्लिहिम् मिन् क़र्निम्-मक्कन्नाहुम् फ़िल्अर्ज़ि मा लम् नुमक्किल्लकुम् व अर्सल्नस्समा-अ अलैहिम् मिद्रारंव्-व ज-अल्नल्-अन्हा-र तज्री मिन् तह्तिहिम् फ़ - अह्लक्नाहुम् बिज़ुनूबिहिम् व अन्शअ्ना मिम्बअ्-दिहिम् क़र्नन् आख़रीन (६) व लौ नज़्ज़ल्ना अलै-क किताबन् फ़ी क़िर्तासिन् फ़-ल-मसूहु बिऐदीहिम् ल-क़ालल्लज़ी-न क-फ़रू इन् हाज़ा इल्ला सिह्रुम्-मुबीन (७) व क़ालू लौला

ثُمَّ الَّذِينَ كَفَرُوا بِرَبِّهِمْ يَعْدِلُونَ ۝ هُوَ الَّذِي خَلَقَكُم مِّن طِينٍ
ثُمَّ قَضَىٰ أَجَلًا ۖ وَأَجَلٌ مُّسَمًّى عِندَهُ ۖ ثُمَّ أَنتُمْ تَمْتَرُونَ ۝ وَهُوَ
اللَّهُ فِي السَّمَاوَاتِ وَفِي الْأَرْضِ ۖ يَعْلَمُ سِرَّكُمْ وَجَهْرَكُمْ وَيَعْلَمُ مَا تَكْسِبُونَ
وَمَا تَأْتِيهِم مِّنْ آيَةٍ مِّنْ آيَاتِ رَبِّهِمْ إِلَّا كَانُوا عَنْهَا مُعْرِضِينَ ۝
فَقَدْ كَذَّبُوا بِالْحَقِّ لَمَّا جَاءَهُمْ ۖ فَسَوْفَ يَأْتِيهِمْ أَنبَاءُ مَا كَانُوا بِهِ
يَسْتَهْزِئُونَ ۝ أَلَمْ يَرَوْا كَمْ أَهْلَكْنَا مِن قَبْلِهِم مِّن قَرْنٍ مَّكَّنَّاهُمْ
فِي الْأَرْضِ مَا لَمْ نُمَكِّن لَّكُمْ وَأَرْسَلْنَا السَّمَاءَ عَلَيْهِم مِّدْرَارًا وَ
جَعَلْنَا الْأَنْهَارَ تَجْرِي مِن تَحْتِهِمْ فَأَهْلَكْنَاهُم بِذُنُوبِهِمْ وَأَنشَأْنَا
مِن بَعْدِهِمْ قَرْنًا آخَرِينَ ۝ وَلَوْ نَزَّلْنَا عَلَيْكَ كِتَابًا فِي قِرْطَاسٍ
فَلَمَسُوهُ بِأَيْدِيهِمْ لَقَالَ الَّذِينَ كَفَرُوا إِنْ هَٰذَا إِلَّا سِحْرٌ مُّبِينٌ ۝
وَقَالُوا لَوْلَا أُنزِلَ عَلَيْهِ مَلَكٌ ۖ وَلَوْ أَنزَلْنَا مَلَكًا لَّقُضِيَ الْأَمْرُ ثُمَّ
لَا يُنظَرُونَ ۝ وَلَوْ جَعَلْنَاهُ مَلَكًا لَّجَعَلْنَاهُ رَجُلًا وَلَلَبَسْنَا عَلَيْهِم مَّا
يَلْبِسُونَ ۝ وَلَقَدِ اسْتُهْزِئَ بِرُسُلٍ مِّن قَبْلِكَ فَحَاقَ بِالَّذِينَ
سَخِرُوا مِنْهُم مَّا كَانُوا بِهِ يَسْتَهْزِئُونَ ۝ قُلْ سِيرُوا فِي الْأَرْضِ
ثُمَّ انظُرُوا كَيْفَ كَانَ عَاقِبَةُ الْمُكَذِّبِينَ ۝ قُل لِّمَن مَّا فِي السَّمَاوَاتِ
وَالْأَرْضِ ۖ قُل لِّلَّهِ ۚ كَتَبَ عَلَىٰ نَفْسِهِ الرَّحْمَةَ ۚ لَيَجْمَعَنَّكُمْ إِلَىٰ يَوْمِ
الْقِيَامَةِ لَا رَيْبَ فِيهِ ۚ الَّذِينَ خَسِرُوا أَنفُسَهُمْ فَهُمْ لَا يُؤْمِنُونَ ۝

उन्ज़ि-ल अलैहि म-लकुन् ط व लौ अन्ज़ल्ना म-ल-कल्-लक़ुज़ियल्-अम्रु सुम्-म ला युन्ज़रून (८) व लौ ज-अल्नाहु म-ल-कल्ल-जअल्नाहु रजुलंव्-व ल-लबस्ना अलैहिम् मा यल्बिसून (९) व ल-क़दिस्तुह्ज़ि - अ बिरुसुलिम् - मिन् क़ब्लि-क फ़हा-क़ बिल्लज़ी-न सख़िरू मिन्हुम् मा कानू बिही यस्तह्ज़िऊन ★ (१०) क़ुल् सीरू फ़िल्अर्ज़ि सुम्मन्ज़ुरू कै - फ़ का-न आक़िबतुल्-मुकज़्ज़िबीन (११) क़ुल् लिमम्मा फ़िस्समावाति वल्अर्ज़ि ط क़ुल् लिल्लाहि ط क त-ब अला नफ़्सिहिर्रह्-म-त ط ल-यजमअन्नकुम् इला यौमिल्क़ियामति ला रै-ब फ़ीहि ط अल्लज़ी-न ख़सिरू अन्फ़ुसहुम् फ़हुम् ला युअ्मिनून (१२)

★रु. १/७ आ १०

हैं। (१) वही तो है, जिसने तुमको मिट्टी से पैदा किया, फिर (मरने का) एक वक़्त मुक़र्रर कर दिया और एक मुद्दत उस के यहां और है, फिर भी तुम (ऐ काफ़िरो ! ख़ुदा के बारे में) शक करते हो। (२) और आसमान और ज़मीन में वही (एक) ख़ुदा है, तुम्हारी छिपी और खुली, सब बातें जानता है, और तुम जो अमल करते हो, सब का जानकार है। (३) और ख़ुदा की निशानियों में से कोई निशानी उन लोगों के पास नहीं आती, मगर ये उस से मुंह फेर लेते हैं। (४) जब उन के पास हक़ आया, तो उस को भी झुठला दिया, सो उन को उन चीज़ों का जिन का ये मज़ाक़ उड़ाते हैं, बहुत जल्द अंजाम मालूम हो जाएगा। (५) क्या उन्हों ने नहीं देखा कि हम ने उन से पहले कितनी उम्मतों को हलाक कर दिया, जिन के पांव मुल्क में ऐसा जमा दिए थे कि तुम्हारे पांव भी ऐसे नहीं जमाए और उन पर आसमान से लगातार मेंह बरसाया और नहरें बना दीं जो उन में (मकानों के) नीचे बह रही थीं। फिर उन को उन के बाद गुनाहों की वजह से हलाक कर दिया और उन के बाद और उम्मतें पैदा कर दीं। (६) और अगर हम तुम पर काग़ज़ों पर लिखी हुई किताब नाज़िल करते और ये उसे अपने हाथों से टटोल लेते तो जो काफ़िर हैं वह यही कह देते कि यह तो (साफ़ और) खुला जादू है। (७) और कहते हैं कि इन (पैग़म्बर) पर फ़रिश्ता क्यों नाज़िल न हुआ, (जो उन की तस्दीक़ करता)। अगर हम फ़रिश्ता नाज़िल करते, तो काम ही का फ़ैसला हो जाता, फिर उन्हें (बिल्कुल) मोहलत न दी जाती। (८) और हम किसी फ़रिश्ते को भेजते, तो उस मर्द की सूरत में भेजते और जो शुब्हा (अब) करते हैं, उसी शुब्हे में उन्हें फिर डाल देते।[1] (९) और तुम से पहले भी पैग़म्बरों के साथ मज़ाक़ होता रहा है, सो जो लोग उन में से मज़ाक़ किया करते थे, उन को मज़ाक़ की सज़ा ने आ घेरा। (१०) ★

कहो कि (ऐ रिसालत के इंकारियो !) मुल्क में चलो-फिरो, फिर देखो कि झुठलाने वालों का क्या अंजाम हुआ। (११) (उन से) पूछो कि आसमान और ज़मीन में जो कुछ है, किस का है ? कह दो ख़ुदा का। उसने अपनी (पाक) ज़ात पर रहमत को लाज़िम कर लिया है। वह तुम सब को क़ियामत के दिन, जिसमें कुछ भी शक नहीं, ज़रूर जमा करेगा। जिन लोगों ने अपने को नुक़सान

---

१. मुश्रिकों ने कहा था कि पैग़म्बर फ़रिश्ता क्यों नहीं आता, इस पर हक़ तआला ने यह फ़रमाया कि जैसे अब आदमी की पैग़म्बरी के क़ायल नहीं हैं, उस वक़्त भी ताना करते कि यह तुम्हारी तरह का आदमी है।

★रु० १/७ आ १०

व लहू मा स - क - न फ़िल्लैलि वन्नहारि ط व हुवस्समीअुल् - अलीम (१३) क़ुल् अग़ैरल्लाहि अत्तख़िज़ु वलिय्यन् फ़ातिरिस्समावाति वल्अर्ज़ि व हु-व युत्अिमु व ला युत्अमु ط क़ुल् इन्नी उमिर्तु अन् अकू-न अव्व-ल मन् अस्ल-म व ला तकूनन्-न मिनल्मुश्रिकीन (१४) क़ुल् इन्नी अख़ाफ़ु इन् असैतु रब्बी अज़ा-ब यौमिन् अज़ीम (१५) मंय्युस्रफ़् अन्हु यौमइज़िन् फ़-क़द् रहिमहू ط व ज़ालिकल्फ़ौज़ुल्मुबीन (१६) व इंय्यम्सस्कल्लाहु बिज़ुर्रिन् फ़ला काशि-फ़ लहू इल्ला हु-व ط व इंय्यम्सस-क बिख़ैरिन् फ़हु-व अला कुल्लि शैइन् क़दीर (१७) व हुवल्क़ाहिरु फ़ौ - क़ अिबादिही ط व हुवल् - हकीमुल्-ख़बीर (१८) क़ुल् अय्यु शैइन् अक्बरु शहा-द - तन् ط क़ुलिल्लाहु قف ला शहीदुम् - बैनी व बैनकुम् قف व ऊहि - य इलय्-य हाज़ल्क़ुर्-आनु लिउन्ज़िर - कुम् बिही व मम्-ब-ल-ग़ ط अइन्नकुम् ल-तश्हदू - न अन्-न म-अल्लाहि आलि-ह-तन् उख़रा ط क़ुल् ला अश्हदु ج क़ुल् इन्नमा हु - व इलाहुंव्वाहिदुंव् - व इन्ननी बरी - उम् - मिम्मा तुश्रिकून ※ (१९) अल्लज़ी-न आतैनाहुमुल्-किता-ब यअ्-रिफ़ूनहू कमा यअ्-रिफ़ू-न अब्ना-अहुम् ※ अल्लज़ी-न ख़सिरू अन्फ़ुसहुम् फ़हुम् ला युअ्मिनून ★ (२०) व मन् अज़्लमु मिम्मनिफ़्तरा अ-लल्लाहि कज़िबन् औ कज़्ज़-ब बिआयातिही ط इन्नहू ला युफ़्लिहुज़्ज़ालिमून (२१) व यौ-म नह्शुरुहुम् जमीअन् सुम् - म नक़ूलु लिल्लज़ी-न अश्रकू ऐ-न शुरका-उकुमुल्लज़ी-न कुन्तुम् तज़्अुमून (२२) सुम-म लम् तकुन् फ़ित्नतुहुम् इल्ला अन् क़ालू वल्लाहि रब्बिना मा कुन्ना मुश्रिकीन (२३) उन्ज़ुर् कै-फ़ क-ज़बू अला अन्फ़ुसिहिम् व ज़ल् - ल अन्हुम् मा कानू यफ़्तरून (२४)

الانعام ١٠٣ وإذا سمعوا

وله ما سكن في الليل والنهار وهو السميع العليم ۝ قل أغير
الله أتخذ وليا فاطر السماوات والأرض وهو يطعم ولا يطعم قل
إني أمرت أن أكون أول من أسلم ولا تكونن من المشركين ۝
قل إني أخاف إن عصيت ربي عذاب يوم عظيم ۝ من
يصرف عنه يومئذ فقد رحمه وذلك الفوز المبين ۝ وإن
يمسسك الله بضر فلا كاشف له إلا هو وإن يمسسك بخير
فهو على كل شيء قدير ۝ وهو القاهر فوق عباده وهو الحكيم
الخبير ۝ قل أي شيء أكبر شهادة قل الله شهيد بيني و
بينكم وأوحي إلي هذا القرآن لأنذركم به ومن بلغ أئنكم
لتشهدون أن مع الله آلهة أخرى قل لا أشهد قل إنما
هو إله واحد وإنني بريء مما تشركون ۝ الذين آتيناهم الكتاب
يعرفونه كما يعرفون أبناءهم الذين خسروا أنفسهم فهم
لا يؤمنون ۝ ومن أظلم ممن افترى على الله كذبا أو كذب
بآياته إنه لا يفلح الظالمون ۝ ويوم نحشرهم جميعا ثم
نقول للذين أشركوا أين شركاؤكم الذين كنتم تزعمون ۝
ثم لم تكن فتنتهم إلا أن قالوا والله ربنا ما كنا مشركين ۝
انظر كيف كذبوا على أنفسهم وضل عنهم ما كانوا يفترون ۝

※ व. लाज़िम ※ व. लाज़िम ★रु. २/८ आ १०

में डाल रखा है, वे ईमान नहीं लाते। (१२) और जो मख्लूक़ रात और दिन में बसती है, सब उसी की है और वह सुनता-जानता है। (१३) कहो, क्या मैं ख़ुदा को छोड़ कर किसी और को मददगार बनाऊं कि (वही तो) आसमानों और ज़मीन का पैदा करने वाला है और वही (सब को) खाना देता है और ख़ुद किसी से खाना नहीं लेता।[1] (यह भी) कह दो कि मुझे यह हुक्म हुआ है कि मैं सब से पहले इस्लाम लाने वाला हूं और यह कि तुम (ऐ पैग़म्बर!) मुश्रिकों में न होना। (१४) (यह भी) कह दो कि अगर मैं अपने परवरदिगार की ना-फ़रमानी करूं, तो मुझे बड़े दिन के अज़ाब का डर है। (१५) जिस शख़्स से उस दिन अज़ाब टाल दिया गया, उस पर ख़ुदा ने (बड़ी) मेहरबानी फ़रमायी और यह खुली कामियाबी है। (१६) और अगर ख़ुदा तुम को कोई सख़्ती पहुंचाए, तो इस के सिवा उस को कोई दूर करने वाला नहीं और अगर नेमत (व राहत) अता करे तो (कोई उस को रोकने वाला नहीं), वह हर चीज़ पर क़ादिर है। (१७) और वह अपने बन्दों पर ग़ालिब है और वह हकीम और ख़बरदार है। (१८) उन से पूछो कि सब से बढ़ कर (इंसाफ़ के क़रीब) किस की गवाही है। कह दो कि ख़ुदा ही मुझ में और तुम में गवाह है और यह क़ुरआन मुझ पर इस लिए उतारा गया है कि इसके ज़रिए से तुम को और जिस शख़्स तक वह पहुंच सके उस को आगाह कर दूं। क्या तुम इस बात की गवाही देते हो कि ख़ुदा के साथ और भी माबूद हैं। (ऐ मुहम्मद!) कह दो कि मैं तो ऐसी गवाही नहीं देता। कह दो कि सिर्फ़ वही एक माबूद है और जिन को तुम लोग शरीक बनाते हो, मैं उन से बेज़ार हूं ▨ (१९) जिन लोगों को हमने किताब दी है, वे इन (हमारे पैग़म्बर) को इस तरह पहचानते हैं, जिस तरह अपने बेटों को पहचाना करते हैं, ▨ जिन्होंने अपने आप को नुक़सान में डाल रखा है, वे ईमान नहीं लाते। (२०)★

और उस शख़्स से ज़्यादा कौन ज़ालिम है, जिसने ख़ुदा पर झूठ गढ़ा या उसकी आयतों को झुठलाया। कुछ शक नहीं कि ज़ालिम लोग निजात नहीं पाएंगे। (२१) और जिस दिन हम सब लोगों को जमा करेंगे, फिर मुश्रिकों से पूछेंगे कि (आज) वे तुम्हारे शरीक कहां हैं, जिन का तुम्हें दावा था? (२२) तो उन से कुछ उज़्र (बहाना) न बन पड़ेगा (और) इस के अलावा (कुछ चारा न होगा) कि कहें, ख़ुदा की क़सम! जो हमारा परवरदिगार है, हम शरीक नहीं बनाते थे। (२३) देखो, वे अपने ऊपर कैसा झूठ बोले और जो कुछ ये झूठ गढ़ा करते थे, सब उन से जाता

1. क्योंकि वह खाने-पीने की ज़रूरत से पाक है। उसे इस की ज़रूरत ही नहीं।

▨ व. लाज़िम ▨ व. लाज़िम ★रु. २/८ आ १०

व मिन्हुम् मंय्यस्तमिअु इलै-क ج व ज-अ़ल्ना अ़ला क़ुलूबिहिम् अकिन्नतन् अंय्यफ़्क़हूहु व फ़ी आज़ानिहिम् वक़्रन् ط व इंय्यरौ कुल्-ल आयतिल्ला युअ्मिनू बिहा ط हत्ता इज़ा जा-ऊ-क युजादिलून-क यक़ूलुल्लज़ी-न क-फ़रू इन् हाज़ा इल्ला असातीरुल्-अव्वलीन (२५) व हुम् यन्हौ-न अ़न्हु व यन्औ-न अ़न्हु ج व इंय्युह्लिकू-न इल्ला अन्फ़ुसहुम् व मा यश्अुरून (२६) व लौ तरा इज़् वुक़िफ़ू अ़लन्नारि फ़क़ालू यालैतना नुरद्दु व ला नुकज़्ज़ि-ब बिआयाति रब्बिना व नकू-न मिनल्-मुअ्मिनीन (२७) बल् बदा लहुम् मा कानू युख़्फ़ू-न मिन् क़ब्लु ط व लौ रुद्दू ल-आदू लिमा नुहू अ़न्हु व इन्नहुम् लकाज़िबून (२८) व क़ालू इन् हि-य इल्ला ह़यातुनद्दुन्या व मा नह़्नु बिमब्अूसीन (२९) व लौ तरा इज़् वुक़िफ़ू अ़ला रब्बिहिम् ط क़ा-ल अलै-स हाज़ा बिल्ह़क़्क़ि ط क़ालू बला व रब्बिना ط क़ा-ल फ़ज़ूक़ुल्-अ़ज़ा-ब बिमा कुन्तुम् तक्फ़ुरून ★(३०) क़द् ख़सिरल्लज़ी-न कज़्ज़बू बिलिक़ा-इल्लाहि ط हत्ता इज़ा जा-अत्-हुमुस्साअ़तु बग़्-त-तन् क़ालू या ह़स्-र-तना अ़ला मा फ़र्रत़्ना फ़ीहा ل व हुम् यह़्मिलू-न औज़ारहुम् अ़ला ज़ुहूरिहिम् ط अला सा-अ मा यज़िरून (३१) व मल्ह़यातुद्दुन्या इल्ला लअिबुंव्-व लह्वुन् ط व लद्दारुल् - आख़िरतु ख़ैरुल् - लिल्लज़ी-न यत्तक़ू-न ط अ-फ़ला तअ्क़िलून (३२) क़द् नअ्-लमु इन्नहू ल-यह़्ज़ुनुकल्लज़ी यक़ूलू-न फ़-इन्नहुम् ला युकज़्ज़िबू-न-क व लाकिन्नज़्ज़ालिमी-न बिआयातिल्लाहि यज्ह़दून (३३) व ल-क़द् कुज़्ज़िबत् रुसुलुम्मिन् क़ब्लि-क फ़-स-बरू अ़ला मा कुज़्ज़िबू व ऊज़ू ह़त्ता अताहुम् नस्रुना ج व ला मुबद्दि-ल लिकलिमातिल्लाहि ج व ल-क़द् जा-अ-क मिन् न-बइल् - मुर्सलीन (३४)

وَمِنْهُمْ مَنْ يَسْتَمِعُ إِلَيْكَ وَجَعَلْنَا عَلَىٰ قُلُوبِهِمْ أَكِنَّةً أَنْ يَفْقَهُوهُ
وَفِي آذَانِهِمْ وَقْرًا وَإِنْ يَرَوْا كُلَّ آيَةٍ لَا يُؤْمِنُوا بِهَا حَتَّىٰ إِذَا
جَاءُوكَ يُجَادِلُونَكَ يَقُولُ الَّذِينَ كَفَرُوا إِنْ هَٰذَا إِلَّا أَسَاطِيرُ
الْأَوَّلِينَ ۝ وَهُمْ يَنْهَوْنَ عَنْهُ وَيَنْأَوْنَ عَنْهُ وَإِنْ يُهْلِكُونَ إِلَّا
أَنْفُسَهُمْ وَمَا يَشْعُرُونَ ۝ وَلَوْ تَرَىٰ إِذْ وُقِفُوا عَلَى النَّارِ فَقَالُوا
يَا لَيْتَنَا نُرَدُّ وَلَا نُكَذِّبَ بِآيَاتِ رَبِّنَا وَنَكُونَ مِنَ الْمُؤْمِنِينَ ۝ بَلْ
بَدَا لَهُمْ مَا كَانُوا يُخْفُونَ مِنْ قَبْلُ وَلَوْ رُدُّوا لَعَادُوا لِمَا نُهُوا عَنْهُ
وَإِنَّهُمْ لَكَاذِبُونَ ۝ وَقَالُوا إِنْ هِيَ إِلَّا حَيَاتُنَا الدُّنْيَا وَمَا نَحْنُ
بِمَبْعُوثِينَ ۝ وَلَوْ تَرَىٰ إِذْ وُقِفُوا عَلَىٰ رَبِّهِمْ قَالَ أَلَيْسَ هَٰذَا
بِالْحَقِّ قَالُوا بَلَىٰ وَرَبِّنَا قَالَ فَذُوقُوا الْعَذَابَ بِمَا كُنْتُمْ تَكْفُرُونَ ۝
قَدْ خَسِرَ الَّذِينَ كَذَّبُوا بِلِقَاءِ اللَّهِ حَتَّىٰ إِذَا جَاءَتْهُمُ السَّاعَةُ بَغْتَةً
قَالُوا يَا حَسْرَتَنَا عَلَىٰ مَا فَرَّطْنَا فِيهَا وَهُمْ يَحْمِلُونَ أَوْزَارَهُمْ عَلَىٰ
ظُهُورِهِمْ أَلَا سَاءَ مَا يَزِرُونَ ۝ وَمَا الْحَيَاةُ الدُّنْيَا إِلَّا لَعِبٌ وَ
لَهْوٌ وَلَلدَّارُ الْآخِرَةُ خَيْرٌ لِلَّذِينَ يَتَّقُونَ أَفَلَا تَعْقِلُونَ ۝ قَدْ
نَعْلَمُ إِنَّهُ لَيَحْزُنُكَ الَّذِي يَقُولُونَ فَإِنَّهُمْ لَا يُكَذِّبُونَكَ وَلَٰكِنَّ
الظَّالِمِينَ بِآيَاتِ اللَّهِ يَجْحَدُونَ ۝ وَلَقَدْ كُذِّبَتْ رُسُلٌ مِنْ قَبْلِكَ
فَصَبَرُوا عَلَىٰ مَا كُذِّبُوا وَأُوذُوا حَتَّىٰ أَتَاهُمْ نَصْرُنَا وَلَا مُبَدِّلَ

★रु. ३/६ आ १०

रहा। (२४) और उन में कुछ ऐसे हैं कि तुम्हारी (बातों की) तरफ़ कान रखते हैं और हम ने उन के दिलों पर तो परदे डाल दिए हैं कि उन को समझ न सकें और कानों में बोझ पैदा कर दिया है (कि सुन न सकें) और अगर ये तमाम निशानियां भी देख लें तब भी उन पर ईमान न लाएं, यहां तक कि जब तुम्हारे पास तुम से बहस करने को आते हैं, तो जो काफ़िर हैं, कहते हैं, यह (क़ुरआन) और कुछ भी नहीं, सिर्फ़ पहले लोगों की कहानियां हैं। (२५) वे इस से (और को भी) रोकते हैं और ख़ुद भी परे रहते हैं, मगर (इन बातों से) अपने आप ही को हलाक करते हैं और (इस से) बे-ख़बर हैं। (२६) काश, तुम (उन को उस वक़्त) देखो, जब ये दोज़ख़ के किनारे खड़े किये जाएंगे और कहेंगे कि ऐ काश ! हम फिर (दुनिया में) लौटा दिए जाएं, ताकि अपने परवरदिगार की आयतों को झुठलाएं नहीं और मोमिन हो जाएं। (२७) हां, ये जो कुछ पहले छिपाया करते थे, (आज) उन पर ज़ाहिर हो गया और अगर ये (दुनिया में) लौटाए भी जाएं, तो जिन (कामों) से उनको मना किया गया था, वही फिर करने लगें। कुछ शक नहीं कि ये झूठे हैं। (२८) और कहते हैं कि हमारी जो दुनिया की जिंदगी है, बस यही (ज़िंदगी) है और हम (मरने के बाद) फिर ज़िंदा नहीं किये जाएंगे। (२९) और काश ! तुम (उन को उस) वक़्त देखो, जब ये अपने परवरदिगार के सामने खड़े किये जाएंगे और वह फ़रमाएगा, क्या यह (दोबारा ज़िंदा होना) हक़ नहीं, तो कहेंगे, क्यों नहीं, परवरदिगार की क़सम ! (बिल्कुल हक़ है।) ख़ुदा फ़रमाएगा, अब कुफ़्र के बदले (जो दुनिया में करते थे) अज़ाब (के मज़े) चखो। (३०) ★

जिन लोगों ने ख़ुदा के सामने हाज़िर होने को झूठ समझा, वे घाटे में आ गये, यहां तक कि जब उन पर क़ियामत यकायक आ मौजूद होगी, तो बोल उठेंगे कि (हाय !) उस ख़ता पर अफ़सोस है, जो हमने क़ियामत के बारे में की और वह अपने (आमाल के) बोझ अपनी पीठों पर उठाए हुए होंगे। देखो, जो बोझ ये उठा रहे हैं, बहुत बुरा है। (३१) और दुनिया की ज़िंदगी तो एक खेल और मशग़ला है और बहुत अच्छा घर तो आख़िरत का घर है (यानी) उन के लिए, जो (ख़ुदा से) डरते हैं, क्या तुम समझते नहीं ? (३२) हम को मालूम है कि इन काफ़िरों की बातें तुम्हें रंज पहुंचाती हैं, (मगर) ये तुम्हें झुठलाते नहीं, बल्कि ज़ालिम ख़ुदा की आयतों से इंकार करते हैं। (३३) और तुम से पहले भी पैग़म्बर झुठलाए जाते रहे, तो वे झुठलाने और तकलीफ़ देने पर सब्र करते रहे, यहां तक कि उन के पास हमारी मदद पहुंचती रही और ख़ुदा की बातों को कोई भी बदलने वाला नहीं। और तुम को पैग़म्बरों (के अहवाल) की ख़बर पहुंच चुकी है, (तो तुम भी

★रु. ३/९ आ १०

व इन् का-न कबु-र अलै-क इअ्-राज़ुहुम् फ़इनिस्त-तअ्-त अन् तब्तग़ि-य न-फ़-क़न् फ़िल्अर्ज़ि औ सुल्लमन् फ़िस्समाइ फ़-तअ्तियहुम् बिआयतिन्ᵇ व लौ शा-अल्लाहु ल-ज-म-अहुम् अ़-लल्हुदा फ़ला तकूनन्-न मिनल्-जाहिलीन ● (३५) इन्नमा यस्तजीबुल्लज़ी-न यस्मअू-नᵗ ▒ वल्मौता यब्असुहुमुल्लाहु सुम्-म इलैहि युर्जअून ▒ (३६) व क़ालू लौला नुज़्ज़ि-ल अलैहि आयतुम्-मिर्रब्बिहीᵇ क़ुल् इन्नल्ला-ह क़ादिरुन् अला अंय्युनज़्ज़ि-ल आयतंव्-व लाकिन्-न अक्सरहुम् ला यअ्-लमून (३७) व मा मिन् दाब्बतिन् फ़िल्अर्ज़ि व ला ताइरिंय्यतीरु बिजनाहैहि इल्ला उ-ममुन् अम्सालुकुम्ᵇ मा फ़र्रत्ना फ़िल्-किताबि मिन् शैइन् सुम्-म इला रब्बिहिम् युह्शरून (३८) वल्लज़ी-न कज़्ज़बू बिआयातिना सुम्मुंव्-व बुक्मुन् फ़िज़्ज़ुलुमातिᵇ मंय्य-श - इल्लाहु युज़्लिल्हु ᵇ व मंय्यशअ् यज्अल्हु अला सिरातिम्-मुस्तक़ीम (३९)

الانعام ١٠٥ واذا سمعوا

لِكَلِمٰتِ اللّٰهِ ۚ وَلَقَدْ جَآءَكَ مِنْ نَّبَاِى الْمُرْسَلِيْنَ ۝ وَاِنْ كَانَ كَبُرَ
عَلَيْكَ اِعْرَاضُهُمْ فَاِنِ اسْتَطَعْتَ اَنْ تَبْتَغِىَ نَفَقًا فِى الْاَرْضِ اَوْ
سُلَّمًا فِى السَّمَآءِ فَتَاْتِيَهُمْ بِاٰيَةٍ ۚ وَلَوْ شَآءَ اللّٰهُ لَجَمَعَهُمْ عَلَى
الْهُدٰى فَلَا تَكُوْنَنَّ مِنَ الْجٰهِلِيْنَ ۝ اِنَّمَا يَسْتَجِيْبُ الَّذِيْنَ يَسْمَعُوْنَ
وَالْمَوْتٰى يَبْعَثُهُمُ اللّٰهُ ثُمَّ اِلَيْهِ يُرْجَعُوْنَ ۝ وَقَالُوْا لَوْلَا نُزِّلَ عَلَيْهِ
اٰيَةٌ مِّنْ رَّبِّهٖ ۚ قُلْ اِنَّ اللّٰهَ قَادِرٌ عَلٰٓى اَنْ يُّنَزِّلَ اٰيَةً وَّلٰكِنَّ اَكْثَرَهُمْ
لَا يَعْلَمُوْنَ ۝ وَمَا مِنْ دَآبَّةٍ فِى الْاَرْضِ وَلَا طٰٓئِرٍ يَّطِيْرُ بِجَنَاحَيْهِ
اِلَّآ اُمَمٌ اَمْثَالُكُمْ ۚ مَا فَرَّطْنَا فِى الْكِتٰبِ مِنْ شَىْءٍ ثُمَّ اِلٰى رَبِّهِمْ
يُحْشَرُوْنَ ۝ وَالَّذِيْنَ كَذَّبُوْا بِاٰيٰتِنَا صُمٌّ وَّبُكْمٌ فِى الظُّلُمٰتِ ۚ مَنْ
يَّشَاِ اللّٰهُ يُضْلِلْهُ ۚ وَمَنْ يَّشَاْ يَجْعَلْهُ عَلٰى صِرَاطٍ مُّسْتَقِيْمٍ ۝ قُلْ
اَرَءَيْتَكُمْ اِنْ اَتٰىكُمْ عَذَابُ اللّٰهِ اَوْ اَتَتْكُمُ السَّاعَةُ اَغَيْرَ اللّٰهِ
تَدْعُوْنَ ۚ اِنْ كُنْتُمْ صٰدِقِيْنَ ۝ بَلْ اِيَّاهُ تَدْعُوْنَ فَيَكْشِفُ مَا
تَدْعُوْنَ اِلَيْهِ اِنْ شَآءَ وَتَنْسَوْنَ مَا تُشْرِكُوْنَ ۝ وَلَقَدْ اَرْسَلْنَآ اِلٰٓى
اُمَمٍ مِّنْ قَبْلِكَ فَاَخَذْنٰهُمْ بِالْبَاْسَآءِ وَالضَّرَّآءِ لَعَلَّهُمْ يَتَضَرَّعُوْنَ ۝
فَلَوْلَآ اِذْ جَآءَهُمْ بَاْسُنَا تَضَرَّعُوْا وَلٰكِنْ قَسَتْ قُلُوْبُهُمْ وَزَيَّنَ
لَهُمُ الشَّيْطٰنُ مَا كَانُوْا يَعْمَلُوْنَ ۝ فَلَمَّا نَسُوْا مَا ذُكِّرُوْا بِهٖ فَتَحْنَا
عَلَيْهِمْ اَبْوَابَ كُلِّ شَىْءٍ ۚ حَتّٰٓى اِذَا فَرِحُوْا بِمَآ اُوْتُوْٓا اَخَذْنٰهُمْ بَغْتَةً

क़ुल् अ-रऐतकुम् इन् अताकुम् अज़ाबुल्लाहि औ अतत्कुमुस्सा-अतु अग़ैरल्लाहि तद्अू-नᶜ इन् कुन्तुम् सादिक़ीन (४०) बल् इय्याहु तद्अू-न फ़-यक्शिफ़ु मा तद्अू-न इलैहि इन् शा-अ व तन्सौ-न मा तुश्रिकून ★ (४१) व ल - क़द् अर्सल्ना इला उममिम्मिन् क़ब्लि - क फ़ - अ - ख़ज़्नाहुम् बिल्बअ्साइ वज़्ज़र्राइ ल-अल्लहुम् य-त-ज़र्रअून (४२) फ़लौला इज् जाअहुम् बअ्सुना तज़र्रअू व लाकिन् क़ - सत् क़ुलूबुहुम् व ज़य्-य-न लहुमुश्शैतानु मा कानू यअ्-मलून (४३) फ़-लम्मा नसू मा ज़ुक्किरू बिही फ़ - तह्ना अलैहिम् अब्वा - ब कुल्लि शैइन्ᵇ हत्ता इज़ा फ़रिहू बिमा ऊतू अ-ख़ज़्नाहुम् बग़्-त-तन् फ़-इज़ा हुम् मुब्लिसून (४४)

● नि. १/२ ▒ व. ग़ु फ़. ▒ व. मंज़िल ★रु. ४/१० आ ११

सब्र से काम लो)। (३४) और अगर उन का एराज़ तुम पर बोझ होता है, तो अगर ताक़त हो तो ज़मीन में कोई सुरंग ढूंढ निकालो या आसमान में सीढ़ी (तलाश करो), फिर उन के पास कोई मोजज़ा लाओ और अगर ख़ुदा चाहता तो सब को हिदायत पर जमा कर देता, पस तुम हर गिज़ ना-दानों में न होना● (३५) बात यह है कि (हक़ को) क़ुबूल वही करते हैं, जो सुनते भी हैं ▨ और मुर्दों को तो ख़ुदा (क़ियामत ही को) उठाएगा, फिर उसी की तरफ़ लौटकर जाएंगे।[1] (३६) ▨ और कहते हैं कि उन पर उन के परवरदिगार के पास से कोई निशानी क्यों नाज़िल नहीं हुई। कह दो कि ख़ुदा निशानी उतारने पर क़ुदरत रखता है, लेकिन अक्सर लोग नहीं जानते। (३७) और ज़मीन में जो चलने फिरने वाला (हैवान) या दो परों से उड़ने वाला जानवर है, उन की भी तुम लोगों की तरह जमाअतें हैं। हमने किताब (यानी लौहे मह्फ़ूज़) में किसी चीज़ (के लिखने) में कोताही नहीं की, फिर सब अपने परवरदिगार की तरफ़ जमा किये जाएंगे। (३८) और जिन लोगों ने हमारी आयतों को झुठलाया, वे बहरे और गूंगे हैं। (इसके अलावा) अंधेरे में (पड़े हुए), जिसको ख़ुदा चाहे, गुमराह कर दे और जिसे चाहे सीधे रास्ते पर चला दे। (३९) कहो, (काफ़िरो!) भला देखो तो, अगर तुम पर ख़ुदा का अज़ाब आ जाए या क़ियामत आ मौजूद हो, तो क्या तुम (ऐसी हालत में) ख़ुदा के सिवा किसी और को पुकारोगे? अगर सच्चे हो (तो बताओ)। (४०) (नहीं) बल्कि, (मुसीबत के वक़्त तुम) उसी को पुकारते हो, तो जिस दुख के लिए उसे पुकारते हो, वह अगर चाहता है, तो उसको दूर कर देता है और जिनको तुम शरीक बनाते हो, (उस वक़्त) उन्हें भूल जाते हो। (४१) ★

दगे। (८५) उन्हों ने कहा कि मैं तो अपने ग़म व दुख को ख़ुदा से ही ज़ाहिर करता हूं और ख़ुदा की तरफ़ से वह बातें जानता हूं, जो तुम नहीं जानते। (८६) बेटा! (यों करो कि एक बार फिर) जाओ और यूसुफ़ और उस के भाई को खोजो और ख़ुदा की रहमत से ना-उम्मीद न हो कि ख़ुदा की रहमत से बे-ईमान लोग ना-उम्मीद हुआ करते हैं। (८७) जब वे यूसुफ़ के पास गए तो कहने लगे कि अज़ीज़! हमें और हमारे बाल-बच्चों को बड़ी तक्लीफ़ हो रही है और हम थोड़ी सी पूंजी लाए हैं। आप हमें (इस के बदले) पूरा अनाज दीजिए और ख़ैरात कीजिए कि ख़ुदा ख़ैरात करने वालों को सवाब देता है। (८८) (यूसूफ़ ने) कहा, कि तुम्हें मालूम है कि जब तुम ना-दानी में फंसे हुए थे तो तुम ने यूसुफ़ और उस के भाई के साथ क्या किया था? (८९) वे बोले, क्या तुम्हीं यूसुफ़ हो? उन्हों ने कहा, हां मैं ही यूसुफ़ हूं और (बिन यामीन की तरफ़ इशारा कर के कहने लगे,) यह मेरा भाई है। ख़ुदा ने हम पर बड़ा एहसान किया है। जो शख़्स ख़ुदा से डरता और सब्र करता है तो ख़ुदा नेक लोगों का बदला बर्बाद नहीं करता। (९०) वे बोले, ख़ुदा की क़सम! ख़ुदा ने तुम को हम पर फ़ज़ीलत बख़्शी है और बेशक हम ख़ताकार थे। (९१) (यूसुफ़ ने) कहा कि आज के दिन (से) तुम पर कुछ इताब (व मलामत) नहीं है। ख़ुदा तुम को माफ़ करे और वह बहुत रहम करने वाला है। (९२) यह मेरा कुरता ले जाओ और इसे वालिद साहब के मुंह पर डाल दो। उन की रोशनी वापस आ जाएगी और अपने तमाम बाल-बच्चों को मेरे पास ले आओ★(९३) और जब क़ाफ़िला (मिस्र से) रवाना हुआ, तो उन के वालिद कहने लगे कि अगर मुझ को यह न कहो कि (बूढ़ा) बहक गया है, तो मुझे तो यूसुफ़ की बू आ रही है। (९४) वे बोले कि ख़ुदा की क़सम! आप उसी पुरानी ग़लती में पड़े हुए हैं● (९५) जब ख़ुशख़बरी देने वाला आ पहुंचा तो कुरता याक़ूब के मुंह पर डाल दिया और उन की रोशनी लौट आयी, (और बेटों से कहने लगे), क्या मैं ने तुम से नहीं कहा था कि मैं ख़ुदा की तरफ़ से वे बातें जानता हूं, जो तुम नहीं जानते। (९६) बेटों ने कहा कि अब्बा! हमारे लिए हमारे गुनाह की मग़फ़िरत मांगिए, बेशक हम ख़ताकार थे। (९७) उन्हों ने कहा कि मैं अपने परवरदिगार से तुम्हारे लिए बख़्शिश मांगूगा।

(पृष्ठ ३८७ का शेष)

वे दूसरी माओं से, मगर यूसुफ़ अलैहिस्सलाम ने कभी चोरी नहीं की और यूसुफ़ जैसा शख़्स चोरी कर सकता ही नहीं। जिस वाक़िए को उन लोगों ने चोरी क़रार दिया, वह यों हुआ था कि जब यूसुफ़ पैदा हुए, तो उन की फूफी उन की परवरिश करने लगीं और वह उन से निहायत मुहब्बत रखती थीं। जब आप कुछ साल के हुए तो याक़ूब अलैहिस्सलाम बहन के पास आए और कहा कि अब यूसुफ़ को दे दो। वह उन को अपने से दम भर जुदा करना भी गवारा नहीं कर सकती थीं। उन्हों ने कहा ख़ुदा की क़सम! मैं इस को अपने से अलग नहीं करूंगी। तुम इसे कुछ मुद्दत और मेरे पास रहने दो, ताकि मैं इसे देख-देख कर दिल ठंडा करती रहूं। जब याक़ूब अलैहिस्सलाम बहन के पास से बाहर चले गये तो उन्हों ने यूसुफ़ को अपने पास रखने की क्या तद्बीर की कि हज़रत इस्हाक़ का एक पटका उन के पास था, जो मीरास के तौर पर उस शख़्स को मिलता था, जो सब में बड़ा होता था और चूंकि याक़ूब अलैहिस्सलाम की यह बहन सब में बड़ी थीं, इस लिए वह उन को मिला था, तो उन्हों ने वह पटका यूसुफ़ की कमर से बांध दिया और मशहूर यह किया कि पटका गुम हो गया है और उसे खोजना शुरू किया। जब खोजने पर न मिला तो कहा कि घर वालों की जामा तलाशी करनी चाहिए। जामा तलाशी की तो यूसुफ़ की कमर से बंधा हुआ मिला। तब कहा कि उस ने मेरी चोरी की है, इस लिए मैं इसे छोड़ने की नहीं और इस

(शेष पृष्ठ ३९१ पर)

फ़लम्मा द-ख़लू अ़ला यूसु-फ़ आवा इलैहि अ-बवैहि व क़ालद्‌ख़ुलू मिस्-र इन्शाअल्लाहु आमिनीन ط (९९) व र-फ़-अ अ-बवैहि अ़-लल्-अ़र्शि व ख़र्रू लहू सुज्जदन् ج व क़ा-ल या अ-बति हाज़ा तअ्‌वीलु रुअ्‌या-य मिन् क़ब्लु ✓ क़द् ज-अ़-लहा रब्बी हक़्क़न् ط व क़द् अह्-स-न बी इज़् अख़्-र-जनी मिनस्सिज्नि व जा-अ बिकुम् मिनल्बद्‌वि मिम्बअ्-दि अन् न-ज़-ग़श्शैतानु बैनी व बै-न इख़्वती ط इन्-न रब्बी लतीफ़ुल्लिमा यशाउ ط इन्नहू हुवल्-अ़लीमुल्-हकीम (१००) रब्बि क़द् आतैतनी मिनल्मुल्कि व अ़ल्लम्तनी मिन् तअ्‌वीलिल्-अहादीसि ج फ़ातिरस्समावाति वल्अर्ज़ि قف अन्-त वलिय्यी फ़िद्दुन्या वल्आख़िरति ج त-वफ़्फ़नी मुस्लिमंव्-व अल्-हिक़्नी बिस्सालिहीन (१०१) ज़ालि-क मिन् अम्बाइल्ग़ैबि नूहीहि इलै-क ج व मा कुन्-त लदैहिम् इज़् अज-मअ़ू अम्-रहुम् व हुम् यम्कुरून (१०२) व मा अक्सरुन्नासि व लौ ह़-रस्-त बिमुअ्‌मिनीन (१०३) व मा तस-अलुहुम् अ़लैहि मिन् अज्रिन् ط इन् हु-व इल्ला ज़िक्रुल्लिल्-आ़लमीन ★ (१०४) व क-अय्यिम्मिन् आयतिन् फ़िस्समावाति वल्अर्ज़ि यमुर्रू-न अ़लैहा व हुम् अ़न्हा मुअ्-रिज़ून (१०५) व मा युअ्‌मिनु अक्सरुहुम् बिल्लाहि इल्ला व हुम् मुश्रिकून (१०६) अ-फ़-अमिनू अन् तअ्-ति-यहुम् ग़ाशि-यतुम्-मिन् अ़ज़ाबिल्लाहि औ-तअ्-ति-य-हुमुस्साअ़तु बग़्-तंव्-व हुम् ला यश्‌अुरून (१०७) क़ुल् हाज़िही सबीली अद्‌अ़ू इलल्लाहि قف ▨ अ़ला बसीरतिन् अ-न व मनित्त-ब-अ़नी ط व सुब्हानल्लाहि व मा अ-न मिनल्-मुश्रिकीन (१०८)

فلما دخلوا على يوسف آوى إليه أبويه وقال ادخلوا مصر إن
شاء الله آمنين ﴿٩٩﴾ ورفع أبويه على العرش وخروا له سجدا و
قال يا أبت هذا تأويل رؤياي من قبل قد جعلها ربي حقا
وقد أحسن بي إذ أخرجني من السجن وجاء بكم من البدو
من بعد أن نزغ الشيطان بيني وبين إخوتي إن ربي لطيف
لما يشاء إنه هو العليم الحكيم ﴿١٠٠﴾ رب قد آتيتني من الملك
وعلمتني من تأويل الأحاديث فاطر السماوات والأرض أنت
وليي في الدنيا والآخرة توفني مسلما وألحقني بالصالحين ﴿١٠١﴾
ذلك من أنباء الغيب نوحيه إليك وما كنت لديهم إذ
أجمعوا أمرهم وهم يمكرون ﴿١٠٢﴾ وما أكثر الناس ولو
حرصت بمؤمنين ﴿١٠٣﴾ وما تسألهم عليه من أجر إن هو إلا ذكر
للعالمين ﴿١٠٤﴾ وكأين من آية في السماوات والأرض يمرون
عليها وهم عنها معرضون ﴿١٠٥﴾ وما يؤمن أكثرهم بالله إلا
وهم مشركون ﴿١٠٦﴾ أفأمنوا أن تأتيهم غاشية من عذاب الله
أو تأتيهم الساعة بغتة وهم لا يشعرون ﴿١٠٧﴾ قل هذه سبيلي
أدعو إلى الله على بصيرة أنا ومن اتبعني وسبحان الله و
ما أنا من المشركين ﴿١٠٨﴾ وما أرسلنا من قبلك إلا رجالا

★रु. ११/५ आ ११ ▨ व. न बी स.

बेशक वह बख़्शने वाला मेहरबान है। (९८) जब (ये सब लोग) यूसुफ़ के पास पहुंचे, तो यूसुफ़ ने अपने मां-बाप को अपने पास बिठाया और कहा कि मिस्र में दाखिल हो जाइए। ख़ुदा ने चाहा तो अम्न व सुकून मे रहिएगा। (९९) और अपने मां-बाप को तख़्त पर बिठाया और सब यूसुफ़ के आगे सज्दे में गिर पड़े और (उस वक़्त) यूसुफ़ ने कहा, अब्बा जान ! यह मेरे उस ख़्वाब की ताबीर है, जो मैं ने पहले (बचपन में) देखा था। मेरे परवरदिगार ने उसे सच कर दिया और उस ने मुझ पर (बहुत से) एहसान किए हैं कि मुझ को जेलख़ाने से निकाला और इस के बाद कि शैतान ने मुझ में और मेरे भाइयों में फ़साद डाल दिया था, आप को गांव से यहां लाया। बेशक मेरा परवरदिगार जो चाहता है तद्बीर से करता है। वह जानने वाला (और) हिक्मत वाला है। (१००) (जब ये सब बातें हो लीं, तो यूसुफ़ ने ख़ुदा से दुआ की कि) ऐ मेरे परवरदिगार ! तू ने मुझ को हुकूमत से नवाज़ा और ख़्वाबों की ताबीर का इल्म बख़्शा। ऐ आसमानों और ज़मीन के पैदा करने वाले ! तू ही दुनिया व आख़िरत में मेरा कारसाज़ है। तू मुझे (दुनिया से) अपनी इताअत (की हालत) में उठाइयो और आख़िरत में अपने नेक बंदों में दाख़िल कीजियो। (१०१) (ऐ पैग़म्बर !) ये ख़बरें ग़ैब में से हैं जो हम तुम्हारी तरफ़ भेजते हैं और जब यूसुफ़ के भाइयों ने अपनी बात पर इत्तिफ़ाक़ किया था और वे फ़रेब कर रहे थे, तो तुम उनके पास तो न थे। (१०२) और बहुत से आदमी, गो तुम (कितनी ही) ख़्वाहिश करो, ईमान लाने वाले नहीं हैं। (१०३) और तुम उनसे इस (ख़ैर-ख़्वाही) का कुछ बदला भी तो नहीं मांगते। यह क़ुरआन और कुछ नहीं तमाम दुनिया के लिए नसीहत है। (१०४) ★

और आसमान व ज़मीन में बहुत-सी निशानियां हैं, जिन पर ये गुज़रते हैं और इनसे मुंह छिपाते हैं। (१०५) और ये अक्सर ख़ुदा पर ईमान नहीं रखते, मगर (उसके साथ) शिर्क करते हैं।[१] (१०६) क्या ये (इस बात) से बे-ख़ौफ़ हैं कि उन पर ख़ुदा का अज़ाब नाज़िल हो कर उन को ढांप ले या उन पर यकायक क़ियामत आ जाए और उन्हें ख़बर भी न हो। (१०७) कह दो कि मेरा रास्ता तो यह है मैं ख़ुदा की तरफ़ बुलाता हूं ▨ (यक़ीन के मुताबिक़) समझ-बूझ कर मैं भी (लोगों को ख़ुदा की तरफ़ बुलाता हूं) और मेरी पैरवी करने वाले भी और ख़ुदा पाक है और मैं शिर्क करने वालों में से नहीं

(पृष्ठ ३८९ का शेष)

तद्बीर से उन को अपने पास रख लिया। चूंकि यूसुफ़ अलैहिस्सलाम पर चोरी का इल्ज़ाम था, इस लिए याक़ूब अलैहिस्सलाम भी मजबूर थे और बेटे को बहन से नहीं ले सकते हैं, ग़रज़ यूसुफ़ फूफी के पास रहते और परवरिश पाते रहे, यहां तक कि फूफी का इन्तिक़ाल हो गया। भला यह वाक़िआ चोरी है और कोई शख़्स इसे सुन कर कह सकता है कि हज़रत यूसुफ़ ने चोरी की थी ? तफ़्सीर लिखने वालों ने इस के सिवा कई और बातें लिखी हैं। जैसे, घर में एक मुर्ग़ी थी, वह उन्हों ने फ़क़ीर को दे दी थी या दस्तरख़्वान से खाना ले जाते थे और मुहताजों को दे आते थे, मगर ये बातें ऐसी हैं जिन्हें देख कर चोरी नहीं कहा जा सकता और सच तो यह है कि यूसुफ़ अलै० पर चोरी का इल्ज़ाम सिर्फ़ झूठ है। यूसुफ़ के भाइयों को तो झूठ बोलने में झिझक थी ही नहीं, तफ़्सीर लिखने वालों ने भी ऐसी झूठी बातों को चोरी क़रार देने और उन को यूसुफ़ से मुताल्लिक़ कर देने की ग़लती की है।

१. यानी ख़ुदा को मानते भी हैं और यह जानते भी हैं कि ज़मीन व आसमान और जो कुछ उन में है, उन का पैदा करने वाला और मालिक वही है, मगर साथ ही बुतों की पूजा भी करते हैं या उन को ख़ुदा की बराबरी का भी ठहराते हैं। यह खुला हुआ शिर्क है। इस तरीक़े पर ख़ुदा को मानने वाला मोमिन नहीं कहलाता, मुश्रिक

(शेष पृष्ठ ३६३ पर)

★रु. ११/५ आ ११ ▨ व. न बी स.

व मा असंल्ना मिन् क़ब्लि-क इल्ला रिजालन् नूही इलैहिम् मिन् अह्लिल्क़ुरा ᵇ अ-फ़-लम् यसीरू फ़िल्अर्ज़ि फ़-यन्ज़ुरू कै-फ़ का-न आक़िबतुल्लज़ी-न मिन् क़ब्लिहिम् ᵇ व ल-दारुल् - आखिरति खैरुल्लिल्-लज़ीनत्तक़ौ ᵇ अ - फ़ला तअ्-क़िलून (१०९) हत्ता इज़स्तै-अ-सर् - रुसुलु व ज़न्नू अन्नहुम् क़द् कुज़िबू जा-अहुम् नस्रुना ॥ फ़नुज्जि-य मन् नशाउ ᵇ व ला युरद्दु बअ्-सुना अनिल्-क़ौमिल्-मुज्रिमीन (११०) ल-क़द् का-न फ़ी क़सासिहिम् अिब्रतुल् - लिउलिल् - अल्बाबि ᵇ मा का - न हदीसंय्युफ़्तरा व लाकिन् तस्दीक़ल्लज़ी बै - न यदैहि व तफ़्सी-ल कुल्लि शैइ व् - व हुदंव - व रह्-म-तल् - लिक़ौमिय्युअ्मिनून ★ (१११)

نوحي اليهم من اهل القرى افلم يسيروا في الارض فينظروا
كيف كان عاقبة الذين من قبلهم ولدار الاخرة خير للذين
اتقوا افلا تعقلون ﴿١٠٩﴾ حتى اذا استيئس الرسل وظنوا
انهم قد كذبوا جاءهم نصرنا فنجي من نشاء ولا
يرد باسنا عن القوم المجرمين ﴿١١٠﴾ لقد كان في قصصهم
عبرة لاولي الالباب ما كان حديثا يفترى ولكن
تصديق الذي بين يديه وتفصيل كل شيء وهدى
ورحمة لقوم يؤمنون ﴿١١١﴾
سورة الرعد مدنية وهي ثلث واربعون اية وست ركوعات
بسم الله الرحمن الرحيم
المر تلك ايت الكتب والذي انزل اليك من ربك الحق و
لكن اكثر الناس لا يؤمنون ﴿١﴾ الله الذي رفع السموت بغير
عمد ترونها ثم استوى على العرش وسخر الشمس والقمر كل
يجري لاجل مسمى يدبر الامر يفصل الايت لعلكم بلقاء ربكم
توقنون ﴿٢﴾ وهو الذي مد الارض وجعل فيها رواسي وانهرا
ومن كل الثمرت جعل فيها زوجين اثنين يغشي اليل النهار
ان في ذلك لايت لقوم يتفكرون ﴿٣﴾ وفي الارض قطع متجورت

१३ सूरतुर्रअ्-दि ९६

(मदनी) इस सूर: में अरबी के ३६१४ अक्षर, ८६३ शब्द, ४३ आयतें और ६ रुकूअ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीम ●

अलिफ़् - लाम्-मीम्-रा ^क़िफ़^ तिल - क आयातुल् - किताबि ᵇ वल्लज़ी उन्ज़ि - ल इलै - क मिर्रब्बिकल् - हक़्क़ु व लाकिन्-न अक्सरन्नासि ला युअ्मिनून (१) अल्लाहुल्लज़ी र-फ़-अस्-समावाति बिग़ैरि अ-म-दिन् तरौनहा सुम्मस्तवा अ-लल्अर्शि व सख़्ख़रश्-शम-स वल्क़ - म - र ᵇ कुल्लुंय्यज्री लि - अ-जलिम् - मुसम्मन् ᵇ युदब्बिरुल्-अम-र युफ़स्सिलुल्-आयाति ल-अल्लकुम् बिलिक़ाइ रब्बिकुम् तूक़िनून (२) व हुवल्लज़ी मद्दल्-अर्-ज़ व ज-अ-ल फ़ीहा रवासि - य व अन्हारन् ᵇ व मिन् कुल्लिस्समराति ज - अ - ल फ़ीहा ज़ौजैनिस्नैनि युग़्शिल् - लैलन्नहा-र ᵇ इन्-न फ़ी ज़ालि-क लआयातिल् - लिक़ौमिय्य-त-फ़क्करून (३)

★रु. १२/६ आ ७

हूं। (१०८) और हम ने तुम से पहले बस्तियों के रहने वालों में से मर्द ही भेजे थे। जिन की तरफ़ हम वह्य भेजते थे, क्या इन लोगों ने देश में (घूमना-फिरना) नहीं किया कि देख लेते कि जो लोग उन से पहले थे, उन का अंजाम क्या हुआ और मुत्तक़ियों के लिए आख़िरत का घर बहुत अच्छा है। क्या तुम समझते नहीं ? (१०९) यहां तक कि जब पैग़म्बर ना-उम्मीद हो गये और उन्हों ने ख़्याल किया कि (अपनी) मदद के बारे में जो बात उन्हों ने कही थी, उस में वे सच्चे न निकले। तो उनके पास हमारी मदद आ पहुंची। फिर जिसे हम ने चाहा, बचा दिया और हमारा अज़ाब उतर कर गुनाहगार लोगों से फिरा नहीं करता। (११०) उन के क़िस्से में अक़्लमंदों के लिए सबक़ है। यह (क़ुरआन) ऐसी बात नहीं है जो (अपने दिल से) बना ली गयी हो, बल्कि जो किताबें इस से पहले (नाज़िल हुई) हैं, उन की तस्दीक़ (करने वाला) है और हर चीज़ की तफ़्सील (करने वाला) और मोमिनों के लिए हिदायत और रहमत है। (१११) ★

१३ सूरः रअ्द ९६

सूरः राद मक्की है और इस में ४३ आयतें और छः रुकूअ हैं।

शुरू ख़ुदा का नाम ले कर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

अलिफ़्-लाम्-मीम्-रा, (ऐ मुहम्मद !) ये (अल्लाह की) किताब की आयतें हैं और जो तुम्हारे परवरदिगार की तरफ़ से तुम पर नाज़िल हुआ है, हक़ है, लेकिन अक्सर लोग ईमान नहीं लाते। (१) ख़ुदा वही तो है, जिस ने स्तूनों के बग़ैर आसमान, जैसा कि तुम देखते हो, (इतने) ऊंचे बनाये, फिर अर्श पर जा ठहरा और सूरज और चांद को काम में लगा दिया। हर-एक एक तै मीयाद तक घूम रहा है। वही (दुनिया के) कामों का इंतिज़ाम करता है। (इस तरह) वह अपनी आयतें खोल-खोल कर बयान करता है कि तुम अपने परवरदिगार के रू-ब-रू जाने का यक़ीन करो। (२) और वह वही है जिस ने ज़मीन को फैलाया और उस में पहाड़ और दरिया पैदा किए और हर तरह के मेवों की दो-दो क़िस्में बनायीं। वही रात को दिन का लिबास पहनाता है। ग़ौर करने वालों के लिए इस में बहुत

(पृष्ठ ३६१ का शेष)

कहलाता है और शिर्क ऐसा गुनाह है, जो कभी नहीं बख़्शा जाएगा। (अल्लाह तआला हमें उस से पनाह दे)। कुछ लोगों ने इस आयत को मुनाफ़िक़ों पर चस्पां किया है कि ज़ाहिर में वे मोमिन थे और अन्दर से मुश्रिक। कुछ लोगों ने कहा है कि इस से मुराद अह्ले किताब हैं यानी यहूदी और ईसाई कि वे ख़ुदा को भी मानते हैं और साथ ही उज़ैर और ईसा अलैहिस्सलाम को ख़ुदा का बेटा भी कहते हैं और यह शिर्क है, क्योंकि ख़ुदा औलाद से पाक है। कुछ लोगों ने कहा है कि ऐसे दिखावट करने वाले लोग मुराद हैं कि वे ख़ुदा पर ईमान रखते हैं, लेकिन चूंकि ख़ास अमल ख़ुदा के लिए नहीं करते, बल्कि दिखावे के लिए करते हैं और दिखावे के लिए अमल करना शिर्क में दाख़िल है, इस लिए वे मुश्रिक हैं। शेख़ सादी रह० के मुताबिक़ जो सिफ़तें ख़ुदा की ज़ात से मख़्सूस हैं, उन के बारे में यह एतक़ाद रखना कि वे किसी और में भी पायी जाती हैं, यह भी शिर्क है और आज-कल जो मुसलमान ख़ुदा के भी क़ायल हैं और साथ ही क़ब्र-परस्ती, पीर-परस्ती और ताज़िया परस्ती भी करते हैं उन में और इसी तरह की और चीज़ों में ख़ुदा के-से तसर्रुफ़ात मानते हैं, इस आयत में वे भी शामिल हैं। अल्लाह तआला मुसलमानों को तौफ़ीक़ बख़्शे कि वे उस को इस तरह जानें और उस पर इस तरह ईमान रखें कि उस में शिर्क बिल्कुल न मिला हो, उन का ईमान शिर्क से बिल्कुल पाक हो और वे ख़ालिस मोमिन हों।

★रु० १२/६ आ ७

व फ़िल्अर्ज़ि क़ि-त़-अुम्-मु-तजाविरातुंव-व जन्नातुम्-मिन् अअ्-नाबिंव्-व ज़र्अुंव-व नख़ीलुन् सिन्वानुंव्-व ग़ैरु सिन्वानिंय्युस्का बिमाइंव्वाहि़दिन् व नुफ़ज़्ज़िलु बअ्-ज़हा अला बअ्-ज़िन् फ़िल्उकुलि ط इन्-न फ़ी ज़ालि-क लआयातिल्-लिक़ौमिंय्यअ्-क़िलून (४) व इन् तअ्-जब् फ़-अ-जबुन् क़ौलुहुम् अ इज़ा कुन्ना तुराबन् अ इन्ना लफ़ी ख़ल्क़िन् जदीदिन् ط उलाइकल्लज़ी-न क-फ़रू बिरब्बिहिम् ج व उलाइकल् - अग़्लालु फ़ी अअ् - नाक़िहिम् ج व उलाइ - क अस्हा़बुन्नारि ج हुम् फ़ीहा ख़ालिदून (५) व यस्तअ्-जिलून-क बिस्-सय्यिअति क़ब्-लल्-ह़-स-नति व क़द् ख़-लत् मिन् क़ब्लिहिमुल् - मसुलातु ط व इन् - न रब्ब-क लज़ू मग़्फ़ि-रतिल्-लिन्नासि अला ज़ुल्मिहिम् ج व इन-न रब्ब-क ल-शदीदुल्-अिक़ाब (६) व यक़ूलुल्लज़ी-न क-फ़रू लौला उन्ज़ि - ल अलैहि आयतुम् - मिर्रब्बिही ط इन्नमा अन्-त मुन्ज़िरुंव्-व लिकुल्लि क़ौमिन् हाद ★ (७) अल्लाहु यअ्-लमु मा तह़्मिलु कुल्लु उन्सा व मा तग़ीज़ुल् - अर्हामु व मा तज़्दादु ط व कुल्लु शैइन् अिन्दहू बिमिक़्दार (८) आलिमुल्-ग़ैबि वश्शहादतिल् - कबीरुल्-मु-त-आल (९) सवाउम् - मिन्कुम् मन् अ-सर्रल्-क़ौ-ल व मन् ज-ह-र बिही व मन् हु-व मुस्तख़्फ़िम्-बिल्लैलि व सारिबुम् - बिन्नहार (१०) लहू मुअक़्क़िबातुम्-मिम्बैनि यदैहि व मिन् ख़ल्फ़िही यह़्फ़ज़ूनहू मिन् अम्रिल्लाहि ط इन्नल्ला - ह ला युग़य्यिरु मा बिक़ौमिन् ह़त्ता युग़य्यिरू मा बि - अन्फ़ुसिहिम् ط व इज़ा अरादल्लाहु बिक़ौमिन् सू-अन् फ़ला म-रद्-द लहू ج व मा लहुम् मिन् दूनिही मिंव्वाल (११) हुवल्लज़ी युरीकुमुल्बर-क़ ख़ौफ़ंव्-व त़-म-अंव-व युन्शिउस् - सह़ाबस् - सिक़ाल ج (१२) व युसब्बिहुर्रअ् - दु बिह़म्दिही वल्मलाइकतु मिन् ख़ीफ़तिही ج व युर्सिलुस्सवाअि - क़ फ़युसीबु बिहा मंय्यशाउ व हुम् युजादिलू-न फ़िल्लाहि ج व हु-व शदीदुल्-मिह़ाल ط (१३)

الرعد ١٩٩ وما ابرئ

وَجَنّٰتٌ مِّنْ اَعْنَابٍ وَّزَرْعٌ وَّنَخِيْلٌ صِنْوَانٌ وَّغَيْرُ صِنْوَانٍ يُّسْقٰى
بِمَآءٍ وَّاحِدٍ وَّنُفَضِّلُ بَعْضَهَا عَلٰى بَعْضٍ فِى الْاُكُلِ اِنَّ فِىْ ذٰلِكَ
لَاٰيٰتٍ لِّقَوْمٍ يَّعْقِلُوْنَ ۝ وَاِنْ تَعْجَبْ فَعَجَبٌ قَوْلُهُمْ ءَاِذَا كُنَّا تُرٰبًا
ءَاِنَّا لَفِىْ خَلْقٍ جَدِيْدٍ اُولٰٓئِكَ الَّذِيْنَ كَفَرُوْا بِرَبِّهِمْ وَاُولٰٓئِكَ الْاَغْلٰلُ
فِىْٓ اَعْنَاقِهِمْ وَاُولٰٓئِكَ اَصْحٰبُ النَّارِ هُمْ فِيْهَا خٰلِدُوْنَ ۝ وَ
يَسْتَعْجِلُوْنَكَ بِالسَّيِّئَةِ قَبْلَ الْحَسَنَةِ وَقَدْ خَلَتْ مِنْ قَبْلِهِمُ الْمَثُلٰتُ
وَاِنَّ رَبَّكَ لَذُوْ مَغْفِرَةٍ لِّلنَّاسِ عَلٰى ظُلْمِهِمْ وَاِنَّ رَبَّكَ لَشَدِيْدُ
الْعِقَابِ ۝ وَيَقُوْلُ الَّذِيْنَ كَفَرُوْا لَوْلَآ اُنْزِلَ عَلَيْهِ اٰيَةٌ مِّنْ رَّبِّهٖ
اِنَّمَآ اَنْتَ مُنْذِرٌ وَّلِكُلِّ قَوْمٍ هَادٍ ۝ اَللّٰهُ يَعْلَمُ مَا تَحْمِلُ كُلُّ اُنْثٰى
وَمَا تَغِيْضُ الْاَرْحَامُ وَمَا تَزْدَادُ وَكُلُّ شَىْءٍ عِنْدَهٗ بِمِقْدَارٍ ۝ عٰلِمُ
الْغَيْبِ وَالشَّهَادَةِ الْكَبِيْرُ الْمُتَعَالِ ۝ سَوَآءٌ مِّنْكُمْ مَّنْ اَسَرَّ الْقَوْلَ
وَمَنْ جَهَرَ بِهٖ وَمَنْ هُوَ مُسْتَخْفٍ بِالَّيْلِ وَسَارِبٌ بِالنَّهَارِ ۝ لَهٗ
مُعَقِّبٰتٌ مِّنْ بَيْنِ يَدَيْهِ وَمِنْ خَلْفِهٖ يَحْفَظُوْنَهٗ مِنْ اَمْرِ اللّٰهِ
اِنَّ اللّٰهَ لَا يُغَيِّرُ مَا بِقَوْمٍ حَتّٰى يُغَيِّرُوْا مَا بِاَنْفُسِهِمْ وَاِذَآ اَرَادَ اللّٰهُ
بِقَوْمٍ سُوْٓءًا فَلَا مَرَدَّ لَهٗ وَمَا لَهُمْ مِّنْ دُوْنِهٖ مِنْ وَّالٍ ۝ هُوَ
الَّذِىْ يُرِيْكُمُ الْبَرْقَ خَوْفًا وَّطَمَعًا وَّيُنْشِئُ السَّحَابَ الثِّقَالَ ۝
وَيُسَبِّحُ الرَّعْدُ بِحَمْدِهٖ وَالْمَلٰٓئِكَةُ مِنْ خِيْفَتِهٖ وَيُرْسِلُ الصَّوَاعِقَ

★रु. १/७ आ ७

सी निशानियां हैं। (३) और ज़मीन में कई तरह के क़तात हैं, एक दूसरे से मिले हुए और अंगूर के बाग़ और खेती और खजूर के पेड़, कुछ की बहुत सी शाखें होती है और कुछ की इतनी नहीं होतीं (इस के बावजूद कि) पानी सब को एक ही मिलता है और हम कुछ मेवों को कुछ पर लज़्ज़त में बढ़ा देते हैं। इस में समझने वालों के लिए बहुत-सी निशानियां हैं। (४) अगर तुम अजीब बात सुननी चाहो तो काफ़िरों का यह कहना अजीब है कि जब हम (मर कर) मिट्टी हो जाएंगे तो क्या फिर से पैदा होंगे। यही लोग हैं जो अपने परवरदिगार से मुंकिर हुए हैं और यही हैं जिन की गरदनों में तौक़ होंगे, और यही दोज़ख वाले हैं कि हमेशा उस में (जलते) रहेंगे। (५) और ये लोग भलाई से पहले तुम से बुराई के जल्द चाहने वाले (यानी अज़ाब चाहने वाले) हैं, हालांकि उन से पहले अज़ाब (वाक़ेअ) हो चुके हैं और तुम्हारा परवरदिगार लोगों को उन की बे-इंसाफ़ियों के बावजूद माफ़ करने वाला है और बेशक तुम्हारा परवरदिगार सख़्त अज़ाब देने वाला है। (६) और काफ़िर लोग कहते हैं कि इस (पैग़म्बर) पर उस के परवरदिगार की तरफ़ से कोई निशानी क्यों नाज़िल नहीं हुई।[1] सो (ऐ मुहम्मद!) तुम तो सिर्फ़ हिदायत करने वाले हो और हर एक क़ौम के लिए रहनुमा हुआ करता है। (७) ★

ख़ुदा ही उस बच्चे को जानता है, जो औरत के पेट में होता है और पेट के सुकड़ने और बढ़ने को भी (जानता है) और हर चीज़ का उस के यहां एक अन्दाज़ा मुक़र्रर है। (८) वह छिपे और खुले का जानने वाला है। सब से बुज़ुर्ग (और) बुलंद रुत्बा है। (९) कोई तुम में से चुपके से बात कहे या पुकार कर या रात को कहीं छिप जाए या दिन (की रोशनी) में खुल्लम-खुल्ला चले-फिरे (उस के नज़दीक) बराबर है। (१०) उस के आगे और पीछे ख़ुदा के चौकीदार हैं, जो ख़ुदा के हुक्म से उस की हिफ़ाज़त करते हैं। ख़ुदा उस (नेमत) को, जो किसी क़ौम को (हासिल) है, नहीं बदलता, जब तक कि वह अपनी हालत को न बदले और जब ख़ुदा किसी क़ौम के साथ बुराई का इरादा करता है, तो फिर वह फिर नहीं सकती और ख़ुदा के सिवा उन का कोई मददगार नहीं होता। (११) और वही तो है जो तुम को डराने और उम्मीद दिलाने के लिए बिजली दिखाता और भारी-भारी बादल पैदा करता है। (१२) और राद और फ़रिश्ते सब उस के डर से उस की तस्बीह व तह्मीद करते रहते हैं[2] और वही बिजलियां भेजता है, फिर जिस पर चाहता है गिरा भी देता है और वे ख़ुदा के

---

१. मक्का के काफ़िर कहते थे कि जैसे हज़रत मूसा अलैहिस्सलाम की लाठी अज़दहा होती थी और हज़रत ईसा अलैहिस्सलाम मुर्दे को ज़िन्दा करते थे, वैसा ही काम यह नबी सल्ल० क्यों नहीं करते?

२. राद नाम है एक फ़रिश्ते का, जो बदली का रखवाला है।

लहू दअ्-वतुल्-हक़्क़ि ؕ वल्लज़ी-न यद्अू-न मिन् दूनिही ला यस्तजीबू-न लहुम् बिशैइन् इल्ला कबासिति कफ़्फ़ैहि इलल्-मा-इ लियब-लु-ग़ फ़ाहु व मा हु-व बिबालिग़िही ؕ व मा दुआउल् - काफ़िरी - न इल्ला फ़ी ज़लाल (१४) व लिल्लाहि यस्जुदु मन् फ़िस्समावाति वल्अर्ज़ि तौअ़ व-व कर्हंव-व ज़िलालुहुम् बिल्गुदुव्वि वल् - आसाल □(१५) क़ुल् मर्रब्बुस्समावाति वल्अर्ज़ि ؕ क़ुलिल्लाहु क़ुल् अ - फ़त्त - ख़ज़्तुम् मिन् दूनिही औलिया-अ ला यम्लिकू-न लिअन्फ़ुसिहिम् नफ़्अ़ व्-व ला ज़र्रन् ؕ क़ुल् हल् यस्तविल्-अअ् - मा वल्बसीरु ۬ۙ अम् हल् तस्तविज़्ज़ुलुमातु वन्नूरु ۬ۚ अम् ज - अलू लिल्लाहि शु-रका-अ ख़-लक़ू क-ख़ल्क़िही फ़ - तशाबहल् - ख़ल्क़ु अलैहिम् ؕ क़ुलिल्लाहु ख़ालिक़ु कुल्लि शैइ व्-व हुवल्-वाहिदुल् - क़ह्हार (१६) अन्ज़ - ल मिनस्समाइ मा-अन् फ़ सालत् औदियतुम्-बिक़-दरिहा फ़ह्-त-मलस्सैलु ज़-ब-दर्-राबियन् ؕ व मिम्मा यूक़िदू-न अलैहि फ़िन्नारिब्तिग़ा-अ हिल्यतिन् औ मताअिन् ज़-ब-दुम् - मिस्लुहू ؕ कज़ालि - क यज़्रिबुल्लाहुल्-हक़्-क़ वल्बाति-ल ۬ؕ फ़-अम्मज़् - ज़-बदु फ़ - यज़्-हबु जुफ़ा-अन् ۚ व अम्मा मा यन्फ़अुन्ना - स फ़ - यम्कुसु फ़िल्अर्ज़ि ؕ कज़ालि - क यज़्रिबुल्लाहुल् - अम्साल ؕ (१७) लिल्लज़ीनस्तजाबू लिरब्बिहिमुल् - हुस्ना ؕ वल्लज़ी - न लम् यस्तजीबू लहू लौ अन - न लहुम् मा फ़िल्अर्ज़ि जमीअ़ व्-व मिस्लहू म - अहू लफ़्तदौ बिही ؕ उलाइ - क लहुम् सूउल्-हिसाबि ۬ۙ व मअ्वाहुम् ज - हन्नमु ؕ व बिअ्सल् - मिहाद ★● (१८) अ-फ़-मंय्यअ्-लमु अन्नमा उन्ज़ि-ल इलै - क मिर्रब्बिकल् - हक़्क़ु क-मन् हु - व अअ् - मा ؕ इन्नमा य-त-ज़क्करु उलुल्-अल्बाब ۙ (१९)

فَيُصِيبُ بِهَا مَن يَشَاءُ وَهُمْ يُجَادِلُونَ فِي اللَّهِ وَهُوَ شَدِيدُ الْمِحَالِ ۝
لَهُ دَعْوَةُ الْحَقِّ وَالَّذِينَ يَدْعُونَ مِن دُونِهِ لَا يَسْتَجِيبُونَ لَهُم
بِشَيْءٍ إِلَّا كَبَاسِطِ كَفَّيْهِ إِلَى الْمَاءِ لِيَبْلُغَ فَاهُ وَمَا هُوَ بِبَالِغِهِ وَمَا
دُعَاءُ الْكَافِرِينَ إِلَّا فِي ضَلَالٍ ۝ وَلِلَّهِ يَسْجُدُ مَن فِي السَّمَاوَاتِ وَالْأَرْضِ
طَوْعًا وَكَرْهًا وَظِلَالُهُم بِالْغُدُوِّ وَالْآصَالِ ۝ قُلْ مَن رَّبُّ السَّمَاوَاتِ
وَالْأَرْضِ قُلِ اللَّهُ قُلْ أَفَاتَّخَذْتُم مِّن دُونِهِ أَوْلِيَاءَ لَا يَمْلِكُونَ
لِأَنفُسِهِمْ نَفْعًا وَلَا ضَرًّا قُلْ هَلْ يَسْتَوِي الْأَعْمَىٰ وَالْبَصِيرُ أَمْ
هَلْ تَسْتَوِي الظُّلُمَاتُ وَالنُّورُ أَمْ جَعَلُوا لِلَّهِ شُرَكَاءَ خَلَقُوا كَخَلْقِهِ
فَتَشَابَهَ الْخَلْقُ عَلَيْهِمْ قُلِ اللَّهُ خَالِقُ كُلِّ شَيْءٍ وَهُوَ الْوَاحِدُ الْقَهَّارُ ۝
أَنزَلَ مِنَ السَّمَاءِ مَاءً فَسَالَتْ أَوْدِيَةٌ بِقَدَرِهَا فَاحْتَمَلَ السَّيْلُ
زَبَدًا رَّابِيًا وَمِمَّا يُوقِدُونَ عَلَيْهِ فِي النَّارِ ابْتِغَاءَ حِلْيَةٍ أَوْ مَتَاعٍ
زَبَدٌ مِّثْلُهُ كَذَٰلِكَ يَضْرِبُ اللَّهُ الْحَقَّ وَالْبَاطِلَ فَأَمَّا الزَّبَدُ فَيَذْهَبُ
جُفَاءً وَأَمَّا مَا يَنفَعُ النَّاسَ فَيَمْكُثُ فِي الْأَرْضِ كَذَٰلِكَ يَضْرِبُ
اللَّهُ الْأَمْثَالَ ۝ لِلَّذِينَ اسْتَجَابُوا لِرَبِّهِمُ الْحُسْنَىٰ وَالَّذِينَ لَمْ
يَسْتَجِيبُوا لَهُ لَوْ أَنَّ لَهُم مَّا فِي الْأَرْضِ جَمِيعًا وَمِثْلَهُ مَعَهُ لَافْتَدَوْا
بِهِ أُولَٰئِكَ لَهُمْ سُوءُ الْحِسَابِ وَمَأْوَاهُمْ جَهَنَّمُ وَبِئْسَ الْمِهَادُ ۝
أَفَمَن يَعْلَمُ أَنَّمَا أُنزِلَ إِلَيْكَ مِن رَّبِّكَ الْحَقُّ كَمَنْ هُوَ أَعْمَىٰ

□ सजद: २ ▒ व. न बी स. ★रु. २/८ आ ११ ● नि. १/२

बारे में झगड़ते हैं और वह बड़ी ताक़त वाला है। (१३) सूदमंद पुकारना तो उसी का है और जिन को ये लोग उस के सिवा पुकारते हैं, वह उन की पुकार को किसी तरह क़ुबूल नहीं करते, मगर उस शख़्स की तरह जो अपने दोनों हाथ पानी की तरफ़ फैला दे, ताकि (दूर ही से) उस के मुंह तक आ पहुंचे, हालांकि वह (उस तक कभी भी) नहीं आ सकता और (इसी तरह) काफ़िरों की पुकार बेकार है। (१४) और जितनी मख़्लूक़ आसमानों और ज़मीन में है, ख़ुशी से या ज़बरदस्ती से ख़ुदा के आगे सज्दा करती है और उन के साए भी सुबह व शाम सज्दा करते हैं [1] (१५) उन से पूछो कि आसमानों और ज़मीन का परवरदिगार कौन है? (तुम ही उन की तरफ़ से) कह दो कि ख़ुदा फिर (उन से) कहो कि तुम ने ख़ुदा को छोड़ कर ऐसे लोगों को क्यों कारसाज़ बनाया है जो ख़ुद अपने नफ़ा-नुक़्सान का भी कुछ अख़्तियार नहीं रखते? (यह भी) पूछो, क्या अंधा और आंखों वाला बराबर है? या अंधेरा और उजाला बराबर हो सकता है? भला उन लोगों ने जिन को ख़ुदा का शरीक मुक़र्रर किया है, क्या उन्होंने ख़ुदा की-सी मख़्लूक़ात पैदा की है, जिस की वजह से उन की मख़्लूक़ात मुश्तबह हो गयी है। कह दो कि ख़ुदा ही हर चीज़ का पैदा करने वाला है और वह यक्ता (और) ज़बरदस्त है। (१६) उसी ने आसमान से मेंह बरसाया, फिर उस से अपने-अपने अन्दाज़े के मुताबिक़ नाले बह निकले, फिर नाले पर फूला हुआ झाग आ गया और जिस चीज़ को ज़ेवर या कोई और सामान बनाने के लिए आग में तपाते हैं, उस में भी ऐसा ही भाग होता है। इस तरह ख़ुदा हक़ और बातिल की मिसाल बयान फ़रमाता है। सो झाग तो सूख कर ख़त्म हो जाता है। और (पानी) जो लोगों को फ़ायदा पहुंचाता है, वह ज़मीन में ठहरा रहता है। इस तरह ख़ुदा (सही और ग़लत की) मिसालें बयान फ़रमाता है, (ताकि तुम समझो)। (१७) जिन लोगों ने ख़ुदा के हुक्म को क़ुबूल किया, उन की हालत बहुत बेहतर होगी और जिन्हों ने इस को क़ुबूल न किया अगर धरती के सब ख़ज़ाने उन के अख़्तियार में हों, तो वे सब के सब और उन के साथ उतने ही और, (निजात) के बदले में ख़र्च कर डालें, (मगर निजात कहां?) ऐसे लोगों का हिसाब भी बुरा होगा और उन का ठिकाना भी दोज़ख़ है और वह बुरी जगह है। (१८) ★ ●

भला जो शख़्स यह जानता है कि जो कुछ तुम्हारे परवरदिगार की तरफ़ से तुम पर नाज़िल हुआ है, हक़ है, वह उस शख़्स की तरह है, जो अंधा है? और समझते तो वही हैं, जो अक़्लमंद

---

१. जो यक़ीन लाया अल्लाह पर, वह ख़ुशी से सर रखता है उस के हुक्म पर और जो न यक़ीन लाया आख़िर उस पर भी उसी का हुक्म जारी है और परछाइयां सुबह-शाम ज़मीन पर फैल जाती हैं, यही है उन का सज्दा।

अ्ल्लज़ी-न यूफ़ू-न बिअ़्हिदिल्लाहि व ला यन्क़ुज़ूनल् - मीसाक़ (२०) वल्लज़ी-न यसिलू-न मा अ-म-रल्लाहु बिही अंय्यूस-ल व यख़्शौ-न रब्बहुम् व यख़ाफ़ू-न सूअल्-हिसाब (२१) वल्लज़ी-न स-बरुब्तिग़ा-अ वज्हि रब्बिहिम् व अक़ामुस्सला-त व अन्फ़क़ू मिम्मा र-ज़क़्नाहुम् सिर्-रंव-व अलानि-य-तंव्-व यद्रऊ-न बिल् - ह-स-नतिस् - सय्यि-अ-त उलाइ - क लहुम् अुक़्बद्दार (२२) जन्नातु अद्निंय्यद्ख़ुलूनहा व मन् स-ल-ह मिन् आबाइहिम् व अज़्वाजिहिम् व ज़ुर्रिय्यातिहिम् वल्मलाइकतु यद्ख़ुलू - न अलैहिम् मिन् कुल्लि बाब (२३) सलामुन् अलैकुम् बिमा स-बर्तुम् फ़निअ्-म अुक़्बद्दार (२४) वल्लज़ी-न यन्क़ुज़ू-न अह - दल्लाहि मिम्बअ्-दि मीसाक़िही व यक़्तअू-न मा अ-म-रल्लाहु बिही अंय्यूस-ल व युफ़्सिदू - न फ़िल्अर्ज़ि उलाइ - क लहुमुल्लअ्-नतु व लहुम् सूउद्दार (२५)

إِنَّمَا يَتَذَكَّرُ أُولُوا الْأَلْبَابِ ۞ الَّذِينَ يُوفُونَ بِعَهْدِ اللَّهِ وَلَا
يَنقُضُونَ الْمِيثَاقَ ۞ وَالَّذِينَ يَصِلُونَ مَا أَمَرَ اللَّهُ بِهِ أَن يُوصَلَ
وَيَخْشَوْنَ رَبَّهُمْ وَيَخَافُونَ سُوءَ الْحِسَابِ ۞ وَالَّذِينَ صَبَرُوا ابْتِغَاءَ
وَجْهِ رَبِّهِمْ وَأَقَامُوا الصَّلَاةَ وَأَنفَقُوا مِمَّا رَزَقْنَاهُمْ سِرًّا وَعَلَانِيَةً
وَيَدْرَءُونَ بِالْحَسَنَةِ السَّيِّئَةَ أُولَٰئِكَ لَهُمْ عُقْبَى الدَّارِ ۞ جَنَّاتُ
عَدْنٍ يَدْخُلُونَهَا وَمَن صَلَحَ مِنْ آبَائِهِمْ وَأَزْوَاجِهِمْ وَذُرِّيَّاتِهِمْ
وَالْمَلَائِكَةُ يَدْخُلُونَ عَلَيْهِم مِّن كُلِّ بَابٍ ۞ سَلَامٌ عَلَيْكُم بِمَا
صَبَرْتُمْ فَنِعْمَ عُقْبَى الدَّارِ ۞ وَالَّذِينَ يَنقُضُونَ عَهْدَ اللَّهِ مِن
بَعْدِ مِيثَاقِهِ وَيَقْطَعُونَ مَا أَمَرَ اللَّهُ بِهِ أَن يُوصَلَ وَيُفْسِدُونَ
فِي الْأَرْضِ أُولَٰئِكَ لَهُمُ اللَّعْنَةُ وَلَهُمْ سُوءُ الدَّارِ ۞ اللَّهُ يَبْسُطُ
الرِّزْقَ لِمَن يَشَاءُ وَيَقْدِرُ وَفَرِحُوا بِالْحَيَاةِ الدُّنْيَا وَمَا الْحَيَاةُ
الدُّنْيَا فِي الْآخِرَةِ إِلَّا مَتَاعٌ ۞ وَيَقُولُ الَّذِينَ كَفَرُوا لَوْلَا أُنزِلَ
عَلَيْهِ آيَةٌ مِّن رَّبِّهِ قُلْ إِنَّ اللَّهَ يُضِلُّ مَن يَشَاءُ وَيَهْدِي
إِلَيْهِ مَنْ أَنَابَ ۞ الَّذِينَ آمَنُوا وَتَطْمَئِنُّ قُلُوبُهُم بِذِكْرِ اللَّهِ
أَلَا بِذِكْرِ اللَّهِ تَطْمَئِنُّ الْقُلُوبُ ۞ الَّذِينَ آمَنُوا وَعَمِلُوا الصَّالِحَاتِ
طُوبَىٰ لَهُمْ وَحُسْنُ مَآبٍ ۞ كَذَٰلِكَ أَرْسَلْنَاكَ فِي أُمَّةٍ قَدْ خَلَتْ
مِن قَبْلِهَا أُمَمٌ لِّتَتْلُوَ عَلَيْهِمُ الَّذِي أَوْحَيْنَا إِلَيْكَ وَهُمْ يَكْفُرُونَ

अल्लाहु यब्सुतुर्रिज़् - क़ लिमंय्यशाउ व यक़्दिरु व फ़रिहू बिल-हयातिद्दुन्या व मल् - हयातुद्दुन्या फ़िल् - आख़िरति इल्ला मता-अ ★ (२६) व यक़ूलुल्लज़ी-न क-फ़रू लौला उन्ज़ि - ल अलैहि आयतुम् - मिर्रब्बिही क़ुल् इन्नल्ला - ह युज़िल्लु मंय्यशाउ व यह्दी इलैहि मन् अनाब (२७) अल्लज़ी - न आमनू व तत्मइन्नु क़ुलूबुहुम् बिज़िक - रिल्लाहि अला बिज़िक - रिल्लाहि तत्मइन्नुल् - क़ुलूब (२८) अल्लज़ी-न आमनू व अमिलुस्सालिहाति तूबा लहुम् व हुस्नु मआब (२९) कज़ालि-क अर्सल्ना-क फ़ी उम्मतिन् क़द् ख़-लत् मिन् क़ब्लिहा उ-ममुल्-लितत्-लु-व अलैहिमुल्लज़ी औहैना इलै - क व हुम्-यक्फ़ुरू-न बिर्रह्मानि क़ुल् हु-व रब्बी ला इला-ह इल्ला हु-व अलैहि तवक्कल्तु व इलैहि मताब (३०)

★रु. ३/६ आ ८

हैं। (१६) जो खुदा के अह्द को पूरा करते हैं और इक़रार को नहीं तोड़ते। (२०) और जिन (क़राबतदारों) के जोड़े रखने का खुदा ने हुक्म दिया है, उन को जोड़े रखते और अपने परवरदिगार से डरते रहते और बुरे हिसाब से खौफ़ रखते हैं। (२१) और जो परवरदिगार की खुश्नूदी हासिल करने के लिए (मुसीबतों पर) सब्र करते हैं और नमाज पढ़ते हैं और जो (माल) हम ने उन को दिया है, उस में से छिपे और ज़ाहिर खर्च करते हैं और नेकी से बुराई को दूर करते हैं। यही लोग हैं जिन के लिए आक़िबत का घर है, (२२) (यानी) हमेशा रहने के बाग़, जिन में वे दाखिल होंगे और उन के बाप-दादा और बीवियों और औलाद में से जो नेक होंगे, वे भी (बहिश्त में जाएंगे) और फ़रिश्ते (बहिश्त के) हर एक दरवाज़े से उन के पास आएंगे, (२३) (और कहेंगे) तुम पर रह्मत हो (यह) तुम्हारी साबित क़दमी का बदला है और आक़िबत का घर खूब (घर) है। (२४) और जो लोग खुदा से पक्का अह्द कर के उस को तोड़ डालते और जिन (क़राबत के रिश्तों) के जोड़े रखने का खुदा ने हुक्म दिया है, उन को काट डालते हैं और मुल्क में फ़साद करते हैं, ऐसों पर लानत है और उनके लिए घर भी बुरा है। (२५) खुदा जिस की चाहता है, रोज़ी फैला देता है, और जिस की चाहता है तंग कर देता है और काफ़िर लोग दुनिया की ज़िंदगी पर खुश हो रहे हैं और दुनिया की ज़िंदगी में आखिरत (के मुक़ाबले) में (बहुत) थोड़ा फ़ायदा है। (२६)★

और काफ़िर कहते हैं कि इस (पैग़म्बर पर) उस के परवरदिगार की तरफ़ से कोई निशानी क्यों नाज़िल नहीं हुई। कह दो कि खुदा जिसे चाहता है, गुमराह करता है और जो (उस की तरफ़) रुजू होता है, उस को अपनी तरफ़ का रास्ता दिखाता है।[1] (२७) (यानी) जो लोग ईमान लाते और जिन के दिल खुदा की याद से आराम पाते हैं (उन को) और सुन रखो कि खुदा की याद से दिल आराम पाते हैं। (२८) जो लोग ईमान लाए और नेक अमल किए, उन के लिए खुशहाली और उम्दा ठिकाना है। (२९) (जिस तरह हम और पैग़म्बर भेजते रहे हैं) उसी तरह (ऐ मुहम्मद) हम ने तुम को इस उम्मत में, जिस से पहले बहुत सी उम्मतें गुज़र चुकी हैं, भेजा है, ताकि तुम उन को वह (किताब) जो हम ने तुम्हारी तरफ़ भेजी है, पढ़ कर सुना दो और ये लोग रह्मान को नहीं मानते। कहो, वही तो मेरा परवरदिगार है, उस के सिवा कोई माबूद नहीं। मैं उसी पर भरोसा

१. यानी ईमान की तौफ़ीक़ देता है बग़ैर मोजज़ा दिखाए उस को, जो कोई उस की तरफ़ आजिज़ी करता है और खुदा की तरफ़ सब को छोड़ कर फिरता है।

★रु. ३/६ आ ८

व लौ अन्-न क़ुर्आनन् सुय्यिरत् बिहिल्-जिबालु औ क़ुत्तिअत् बिहिल्-अर - ज़ु औ कुल्लि - म बिहिल्मौता ط बल् लिल्लाहिल् - अम्रु जमीअन् ط अ-फ़-लम् यै-असिल्लज़ी-न आमनू अल्लौ यशाउल्लाहु ल-ह-दन्ना-स जमीअन् ط व ला यज़ालुल्लज़ी-न क-फ़रू तुसीबुहुम् बिमा स-न-अू क़ारिअतुन् औ तहुल्लु क़रीबम्मिन् दारिहिम् हत्ता यअ्ति - य वअ्-दुल्लाहि ط इन्नल्ला - ह ला युख़्लिफ़ुल्-मीआद ★ (३१) व ल - क़दिस्तुह्ज़ि-य बिरुसुलिम् - मिन् क़ब्लि - क फ़ अम्लैतु लिल्लज़ी-न क-फ़रू सुम-म अ-ख़ज़्-तुहुम् फ़कै-फ़ का-न अिक़ाब (३२) अ-फ़-मन् हु-व क़ाइमुन् अला कुल्लि नफ़्सिम् - बिमा क-स-बत् ج व ज-अलू लिल्लाहि शु-रका-अ ط क़ुल् सम्मूहुम् ط अम् तुनब्बिऊनहू बिमा ला यअ्-लमु फ़िल्अर्ज़ि अम् बिज़ाहिरिम्-मिनल्क़ौलि ط बल् ज़ुय्यि-न लिल्लज़ी - न क-फ़रू मक्रुहुम् व सुद्दू- अनिस्सबीलि ط व मंय्युज़्लिलिल्लाहु फ़मा लहू मिन् हाद (३३) लहुम् अज़ाबुन् फ़िल्-हयातिद्दुन्या व ल-अज़ाबुल्-आख़िरति अशक़्क़ु ج व मा लहुम् मिनल्लाहि मिव्वाक़ (३४) म-सलुल-जन्नतिल्लती वुअिदल् - मुत्तक़ू - न ط तज्री मिन् तह्तिहल्-अन्हारु ط उकुलुहा दाइमुं व - व ज़िल्लुहा ط तिल-क अुक़्बल्लज़ीनत्तक़व-व उक़्बल् - काफ़िरीनन्नार (३५) वल्लज़ी - न आतैनाहुमुल् - किता-ब यफ़रहू-न बिमा उन्ज़ि-ल इलै-क व मिनल्-अह्ज़ाबि मंय्युन्किरु बअ् - ज़हू ط क़ुल् इन्नमा उमिर्तु अन् अअ्-बुदल्ला-ह व ला उश्रि-क बिही ط इलैहि अद्अू व इलैहि मआब (३६) व कज़ालि-क अन्ज़ल्नाहु हुक्मन् अ-रबिय्यन् ط व ल - इनित्तबअ्-त अह्वाअहुम् बअ्-द मा जा-अ-क मिनल्-अिलिमि لا मा ल-क मिनल्लाहि मिव्वलिय्यिंव-व ला वाक़ ★ (३७)

بالرحمن قل هو ربي لا اله الا هو عليه توكلت واليه متاب ۝
ولو ان قرانا سيرت به الجبال او قطعت به الارض او كلم به
الموتى بل لله الامر جميعا افلم يايئس الذين امنوا ان
لو يشاء الله لهدى الناس جميعا ولا يزال الذين كفروا
تصيبهم بما صنعوا قارعة او تحل قريبا من دارهم حتى
ياتي وعد الله ان الله لا يخلف الميعاد ۝ ولقد استهزئ
برسل من قبلك فامليت للذين كفروا ثم اخذتهم فكيف
كان عقاب ۝ افمن هو قائم على كل نفس بما كسبت وجعلوا
لله شركاء قل سموهم ام تنبئونه بما لا يعلم في الارض ام
بظاهر من القول بل زين للذين كفروا مكرهم وصدوا عن
السبيل ومن يضلل الله فما له من هاد ۝ لهم عذاب في
الحيوة الدنيا ولعذاب الاخرة اشق وما لهم من الله من
واق ۝ مثل الجنة التي وعد المتقون تجري من تحتها الانهر
اكلها دائم وظلها تلك عقبى الذين اتقوا وعقبى الكفرين
النار ۝ والذين اتينهم الكتب يفرحون بما انزل اليك و
من الاحزاب من ينكر بعضه قل انما امرت ان اعبد
الله ولا اشرك به اليه ادعوا واليه ماب ۝ وكذلك انزلنه

★रु. ४/१० आ ५ ★रु. ५/११ आ ६

रखता हूं और उसी की तरफ़ रुजू करता हूं। (३०) और अगर कोई क़ुरआन ऐसा होता कि उस (के असर से) पहाड़ चल पड़ते या ज़मीन फट जाती या मुर्दों से कलाम कर सकते (तो यही क़ुरआन इन ख़ूबियों वाला होता मगर) बात यह है कि सब बातें ख़ुदा के अख़्तियार में हैं, तो क्या मोमिनों को इस से इत्मीनान नहीं हुआ कि अगर ख़ुदा चाहता तो सब लोगों को हिदायत के रास्ते पर चला देता और काफ़िरों पर हमेशा उन के आमाल के बदले बला आती रहेगी या उन के मकानों के क़रीब नाज़िल होती रहेगी, यहां तक कि ख़ुदा का वायदा आ पहुंचे। बेशक ख़ुदा वायदा ख़िलाफ़ नहीं करता। (३१) ★

और तुम से पहले भी रसूलों का मज़ाक़ होता रहा है, तो हम ने काफ़िरों को मोहलत दी, फिर पकड़ लिया, सो (देख लो कि) हमारा अज़ाब कैसा था। (३२) तो क्या जो (ख़ुदा हर) नफ़्स के आमाल का निगरां (व निगहबान) है (वह बुतों की तरह बे-इल्म व बे-ख़बर हो सकता है) और उन लोगों ने ख़ुदा के शरीक मुक़र्रर कर रखे हैं। उन से कहो कि (ज़रा) उन के नाम तो लो। क्या तुम उसे ऐसी चीज़ें बताते हो जिस को वह ज़मीन में (कहीं भी) मालूम नहीं करता या (सिर्फ़) ज़ाहिरी (बातिल और झूठी) बात के (पीछे चलते हो)। असल यह है कि काफ़िरों को उन के फ़रेब ख़ूबसूरत मालूम होते हैं और वे (हिदायत के) रास्ते से रोक लिए गए हैं और जिसे ख़ुदा गुमराह करे, उसे कोई हिदायत करने वाला नहीं। (३३) उन को दुनिया की ज़िंदगी में भी अज़ाब है और आख़िरत का अज़ाब तो बहुत ही सख़्त है और उन को ख़ुदा (के अज़ाब से) कोई भी बचाने वाला नहीं। (३४) जिस बाग़ का मुत्तक़ियों से वायदा किया गया है, उस की ख़ूबियां ये हैं कि उस के नीचे नहरें बह रही हैं, उस के फल हमेशा (क़ायम रहने वाले) हैं और उस के साए भी। यह उन लोगों का अंजाम है, जो मुत्तक़ी हैं और काफ़िरों का अंजाम दोज़ख़ है। (३५) और जिन लोगों को हम ने किताब दी है, वे उस (किताब) से जो तुम पर नाज़िल हुई है, ख़ुश होते हैं और कुछ फ़िर्क़े, जिन की कुछ बातें नहीं भी मानते। कह दो कि मुझ को यही हुक्म हुआ है कि ख़ुदा ही की इबादत करूं और उस के साथ (किसी को) शरीक न बनाऊं। मैं उसी की तरफ़ बुलाता हूं और उसी की तरफ़ मुझे लौटना है। (३६) और इसी तरह हम ने इस क़ुरआन को अरबी ज़ुबान का फ़रमान नाज़िल किया है और अगर तुम इल्म (व दानिश) आने के बाद उन लोगों की ख़्वाहिशों के पीछे चलोगे तो ख़ुदा के सामने कोई न तुम्हारा मददगार होगा और न कोई बचाने वाला। (३७) ★

★रु. ४/१० आ ५ ★रु. ५/११ आ ६

व ल-क़द् अर्सल्ना रुसुलम्-मिन् क़ब्लि-क व ज-अल्ना लहुम् अज़्वाजंव्-व ज़ुर्रिय्य-तन् ♭ व मा का - न लिरसूलिन् अंय्यअ्ति-य बिआयतिन् इल्ला बिइज़्निल्लाहि ♭ लिकुल्लि अ - जलिन् किताब (३८) यम्हुल्लाहु मा यशाउ व युस्बितु व अिन्दहू उम्मुल् - किताब (३९) व इम्मा नुरियन्न-क बअ् - ज़ल्लज़ी नअिदुहुम् औ न-त-वफ़्फ़-यन्न-क फ़-इन्नमा अलैकल्-बलाग़ु व अलैनल्-हिसाब (४०) अ-व लम् यरौ अन्ना नअ्तिल् - अर्-ज़ नन्क़ुसुहा मिन् अत्राफ़िहा ♭ वल्लाहु यह्कुमु ला मुअक़्क़ि - ब लिहुक्मिही ♭ व हु - व सरीअुल् - हिसाब (४१) व क़द् म-क-रल्लज़ी-न मिन् क़ब्लिहिम् फ़लिल्लाहिल्-मक्रु जमीअन् ♭ यअ् - लमु मा तक्सिबु कुल्लु नफ़्सिन् ♭ व स-यअ्-लमुल् - कुफ़्फ़ारु लिमन् अुक़्बद्दार (४२) व यक़ूलुल्लज़ी-न क - फ़रू लस् - त मुर्सलन् ♭ क़ुल् कफ़ा बिल्लाहि शहीदम् - बैनी व बैनकुम् ᵎ व मन् अिन्दहू अिल्मुल् - किताब ★(४३)

१४ सूरतु इब्राही-म ७२

(मक्की) इस सूर: में अरबी के ३६०१ अक्षर, ८४५ शब्द, ५२ आयतें और ७ रुकूअ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीम ●

अलिफ़्-लाम्-रा किताबुन् अन्ज़ल्नाहु इलै - क लितुख़्रिजन्ना - स मिनज़्ज़ुलुमाति इलन्नूरि ᵎ बिइज़्नि रब्बिहिम् इला सिरातिल् - अज़ीज़िल् - हमीद ᵎ (१) अल्लाहिल्लज़ी लहू मा फ़िस्समावाति व मा फ़िल्अर्ज़ि ♭ व वैलुल्लिल् - काफ़िरी - न मिन् अज़ाबिन् शदीद ᵎ (२) अल्लज़ी-न यस्तहिब्बूनल्-हयातद्दुन्या अ-लल्-आख़िरति व यसुद्दू - न अन् सबीलिल्लाहि व यब्ग़ूनहा अि-व-जन् ♭ उलाइ-क फ़ी ज़लालिम्-बअीद (३)

★रु. ६/१२ आ ६

और (ऐ मुहम्मद !) हम ने तुम से पहले भी पैग़म्बर भेजे थे और उनको बीवियां और औलाद भी दी थी और किसी पैग़म्बर के अख़्तियार की बात न थी कि ख़ुदा के हुक्म के बग़ैर कोई निशानी लाए। क़ज़ा (का) हर (हुक्म किताब में) लिखा हुआ है। (३८) ख़ुदा जिस को चाहता है, मिटा देता है और (जिस को चाहता है) क़ायम रखता है और उसी के पास असल किताब है। (३९) और अगर हम कोई अज़ाब, जिस का उन लोगों से वायदा करते हैं, तुम्हें दिखाएं (यानी तुम्हारे सामने उन पर नाज़िल करें) या तुम्हारी ज़िंदगी की मुद्दत पूरी कर दें (यानी) तुम्हारे इंतिक़ाल के बाद अज़ाब भेजें, तो तुम्हारा काम (हमारे हुक्मों का) पहुंचा देना है और हमारा काम हिसाब लेना है। (४०) क्या उन्हों ने नहीं देखा कि हम ज़मीन को उस के किनारों से घटाते चले आते हैं।[1] और ख़ुदा (जैसा चाहता है) हुक्म करता है, कोई उस के हुक्म का रद्द करने वाला नहीं और वह जल्द हिसाब लेने वाला है। (४१) जो लोग उन से पहले थे, वे भी (बहुतेरी) चालें चलते रहे, सो चाल तो सब अल्लाह ही की है। हर नफ़्स जो कुछ कर रहा है, वह उसे जानता है और काफ़िर जल्द मालूम करेंगे कि आक़िबत का घर (यानी अच्छाई का अंजाम) किस के लिए है ? (४२) और काफ़िर लोग कहते हैं कि तुम (ख़ुदा के) रसूल नहीं हो। कह दो कि मेरे और तुम्हारे दर्मियान ख़ुदा और वह शख़्स, जिस के पास (आसमानी) किताब का इल्म है,[2] गवाह काफ़ी है। (४३)★

१४ सूरः इब्राहीम ७२

सूरः इब्राहीम मक्की है और इस में ५२ आयतें और सात रुकूअ हैं।

शुरू ख़ुदा का नाम ले कर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

अलिफ़्-लाम्-रा, यह एक (पुरनूर) किताब (है), इस को हम ने तुम पर इस लिए नाज़िल किया है कि लोगों को अंधेरे से निकाल कर रोशनी की तरफ ले जाओ (यानी) उन के परवरदिगार के हुक्म से ग़ालिब और तारीफ़ के क़ाबिल (ख़ुदा) के रास्ते की तरफ़। (१) वह ख़ुदा कि जो कुछ आसमानों और ज़मीन में है, सब उसी का है और काफ़िरों के लिए सख़्त अज़ाब (की वजह) से ख़राबी है, (२) जो आख़िरत के मुक़ाबले दुनिया को पसन्द करते और (लोगों को) ख़ुदा के रास्ते से रोकते और उस में टेढ़ चाहते हैं। ये लोग परले सिरे की गुमराही में हैं। (३) और हम ने कोई

१. ज़मीन के घटाने से यह मुराद है कि कुफ़्र मुल्क से कम होता जाता और इस्लाम फैलता जाता है। किसी ने कहा कि देहात वीरान हुए जाते हैं। किसी ने कहा कि जानें और फल और मेवे ज़ाया हो रहे हैं।

२. जिस के पास किताब का इल्म है, उस से मुराद या तो अब्दुल्लाह बिन सलाम हैं जो अह्ले किताब में से थे और जिन्हों ने हज़रत की रिसालत की गवाही दी थी और इस्लाम ले आये थे, चुनांचे वह इस बात के क़ायल भी थे कि यह आयते इलाही के हक़ में नाज़िल हुई है या आम अह्ले किताब मुराद हैं जिन की पिछली किताबों से आप की गवाही मालूम है।

★रु. ६/१२ आ ६

व मा अर्सल्ना मिर्रसूलिन् इल्ला बिलिसानि क़ौमिही लियुबय्यि-न लहुम्ᵇ फ़युज़िल्लुल्लाहु मंय्यशा - उ व यह्दी मंय्यशाउ ᵇ व हुवल्-अज़ीज़ुल्-हकीम (४) व ल-क़द् अर्सल्ना मूसा बिआयातिना अन् अख़्रिज् क़ौम-क मिनज़्-ज़ुलुमाति इलन्नूरि ᵇ व ज़क्किर्हुम् बिअय्यामिल्लाहि ᵇ इन् - न फ़ी ज़ालि-क लआयातिल्लिकुल्लि सब्बारिन् शकूर (५) व इज़् क़ा - ल मूसा लिक़ौमिहिज़्कुरू निअ्-म-तल्लाहि अलैकुम् इज़् अन्जाकुम् मिन् आलि फ़िर्औ - न यसूमूनकुम् सूअल्-अज़ाबि व युज़ब्बिहू-न अब्ना-अकुम् व यस्तह्यू - न निसा-अकुम्ᵇ व फ़ी ज़ालिकुम् बलाउम् - मिर्रब्बिकुम् अज़ीम ★ (६) व इज़् त - अज़्ज़ - न रब्बुकुम् लइन् श-कर्तुम् ल-अज़ीदन्नकुम् व लइन् क-फ़र्तुम् इन्-न अज़ाबी ल-शदीद (७) व क़ा-ल मूसा इन् तक्फ़ुरू अन्तुम् व मन् फ़िल्अर्ज़ि जमीअन् फ़इन्नल्ला-ह ल-ग़निय्युन् हमीद (८) अ-लम् यअ्तिकुम् न-बउल्लज़ी-न मिन् क़ब्लिकुम् क़ौमि नूहिंव्-व आदिंव्-व समू-द ᵇ वल्लज़ी-न मिम्बअ् - दिहिम्ᵇ ला यअ् - लमुहुम् इल्लल्लाहु ᵇ जा-अत्हुम् रुसुलुहुम् बिल्बय्यिनाति फ़रद्दू ऐदि-यहुम् फ़ी अफ़्वाहिहिम् व क़ालू इन्ना क - फ़र्ना बिमा उर्सिल्तुम् बिही व इन्ना लफ़ी शक्किम् - मिम्मा तद्अूनना इलैहि मुरीब ● (९) क़ालत् रुसुलुहुम् अफ़िल्लाहि शक्कुन् फ़ातिरिस्समावाति वल्अर्ज़ि ᵇ यद्अूकुम् लियग़्फ़ि-र लकुम् मिन् ज़ुनूबिकुम् व यु-अख़्ख़ि-रकुम् इला अ - जलिम् - मुसम्मन् ᵇ क़ालू इन् अन्तुम् इल्ला ब-शरुम्-मिस्लुना ᵇ तुरीदू-न अन् तसुद्दूना अम्मा का-न यअ्बुदु आबाउना फ़अ्-तूना बिसुल्तानिम् - मुबीन (१०)

سبيل الله ويبغونها عوجا اولئك في ضلل بعيد ۝ وما
ارسلنا من رسول الا بلسان قومه ليبين لهم فيضل الله
من يشاء ويهدي من يشاء وهو العزيز الحكيم ۝ ولقد
ارسلنا موسى باياتنا ان اخرج قومك من الظلمت الى النور
وذكرهم بايام الله ان في ذلك لايت لكل صبار شكور ۝
واذ قال موسى لقومه اذكروا نعمة الله عليكم اذ انجكم
من ال فرعون يسومونكم سوء العذاب ويذبحون ابناءكم
ويستحيون نساءكم وفي ذلكم بلاء من ربكم عظيم ۝ واذ
تاذن ربكم لئن شكرتم لازيدنكم ولئن كفرتم ان عذابي
لشديد ۝ وقال موسى ان تكفروا انتم ومن في الارض
جميعا فان الله لغني حميد ۝ الم ياتكم نبؤا الذين من
قبلكم قوم نوح وعاد وثمود والذين من بعدهم لا يعلمهم
الا الله جاءتهم رسلهم بالبينت فردوا ايديهم في افواههم
وقالوا انا كفرنا بما ارسلتم به وانا لفي شك مما تدعوننا
اليه مريب ۝ قالت رسلهم افي الله شك فاطر السموت و
الارض يدعوكم ليغفر لكم من ذنوبكم ويؤخركم الى
اجل مسمى قالوا ان انتم الا بشر مثلنا تريدون ان

पैग़म्बर नहीं भेजा, मगर अपनी क़ौम की ज़ुबान बोलता था,[1] ताकि उन्हें (ख़ुदा के हुक्म) खोल-खोल कर बता दे, फिर ख़ुदा जिसे चाहता है, गुमराह करता है और जिसे चाहता है, हिदायत देता है और वह ग़ालिब (और) हिक्मत वाला है, (४) और हम ने मूसा को अपनी निशानियां दे कर भेजा कि अपनी क़ौम को अंधेरे से निकाल कर रोशनी में ले जाओ और उन को ख़ुदा के दिन याद दिलाओ,[2] इस में उन लोगों के लिए जो सब्र करने वाले और शुक्र करने वाले हैं, (ख़ुदा की क़ुदरत की) निशानियां हैं। (५) और जब मूसा ने अपनी क़ौम से कहा कि ख़ुदा ने जो तुम पर मेहरबानियां की हैं, उन को याद करो, जब कि तुम को फ़िऔन की क़ौम (के हाथ) से मुख़्लिसी दी। वे लोग तुम्हें बुरे अज़ाब देते थे और तुम्हारे बेटों को मार डालते थे और औरत ज़ात यानी तुम्हारी लड़कियों को ज़िंदा रहने देते थे और उस में तुम्हारे परवरदिगार की तरफ़ से बड़ी (सख़्त) आज़माइश थी, (६) ★

और जब तुम्हारे परवरदिगार ने (तुम को) आगाह किया कि अगर शुक्र करोगे, तो मैं तुम्हें ज़्यादा दूंगा और अगर नाशुक्री करोगे तो (याद रखो कि) मेरा अज़ाब (भी) सख़्त है। (७) और मूसा ने (साफ़-साफ़) कह दिया कि अगर तुम और जितने और लोग ज़मीन में हैं, सब के सब ना-शुक्री करो, तो ख़ुदा भी बे-नियाज़ (और) तारीफ़ के क़ाबिल है। (८) भला तुम को उन लोगों (के हालात) की ख़बर नहीं पहुंची जो तुम से पहले थे (यानी) नूह और आद और समूद की क़ौम और जो उन के बाद थे, जिन का इल्म ख़ुदा के सिवा किसी को नहीं। (जब) उन के पास पैग़म्बर निशानियां ले कर आए तो उन्हों ने अपने हाथ उन के मुंहों पर रख दिए (कि ख़ामोश रहो) और कहने लगे कि हम तो तुम्हारी रिसालत को नहीं मानते और जिस चीज़ की तरफ़ तुम हमें बुलाते हो, हम उस से भारी शक में हैं ● (९) उन के पैग़म्बरों ने कहा, क्या (तुम को) ख़ुदा (के बारे) में शक है, जो आसमानों और ज़मीन का पैदा करने वाला है। वह तुम्हें इस लिए बुलाता है कि तुम्हारे गुनाह बख़्शने और (फ़ायदा पहुंचाने के लिए) एक मुक़र्रर मुद्दत तक तुम को मोहलत दे। वे बोले तुम तो हमारे ही जैसे आदमी हो, तुम्हारा यह मंशा है कि जिन चीज़ों को हमारे बड़े पूजते रहे हैं, उन (के पूजने) से हम को बन्द कर दो तो (अच्छा!) कोई खुली दलील लाओ (यानी मोजज़ा

१. काफ़िर कहते थे कि और ज़ुबान में क़ुरआन उतरता, तो हम यक़ीन करते, यह तो उस शख़्स की बोली है, शायद आप कह लाता हो, इस का यह जवाब है।

२. ख़ुदा के दिनों से मुराद वे वाक़िए हैं जो उस की तरफ़ से ज़ाहिर होते रहते हैं।

★रु. १/१३ आ ६:मु. अि मु त क़ ६ ●सु. ३/४

क़ालत् लहुम् रुसुलुहुम् इन् नह्नु इल्ला ब-शरुम्-मिस्लुकुम् व लाकिन्नल्ला-ह यमुन्नु अला मंय्यशाउ मिन् अिबादिही ط व मा का-न लना अन्-नअ्ति-यकुम् बिसुल्तानिन् इल्ला बिइज़्निल्लाहि ط व अ-लल्लाहि फ़ल्-य-त-वक्कलिल्-मुअ्मिनून (११) व मा लना अल्ला न-त-वक्क-ल अ-लल्लाहि व क़द् हदाना सुबुलना ط व ल-नस्बिरन्-न अला मा आज़ैतुमूना ط व अ-लल्लाहि फ़ल्-य-त-वक्कलिल्-मुत-वक्किलून ★ (१२) व क़ालल्लज़ी-न क-फ़रू लिरुसुलिहिम् लनुख़्रिजन्नकुम् मिन् अर्ज़िना औ ल-तअ़ूदुन्-न फ़ी मिल्लतिना ط फ़औहा इलैहिम् रब्बुहुम् लनुह्लिकन्नज़्-ज़ालिमीन ۙ (१३) व लनुस्किनन्न-कुमुल्-अर्-ज़ मिम्बअ्-दिहिम् ط ज़ालि-क लिमन् ख़ा-फ़ मक़ामी व ख़ा-फ़ वअ़ीद (१४) वस्तफ़्तहू व ख़ा-ब कुल्लु जब्बारिन् अनीदिम् ۙ (१५) मिव्वराइही जहन्नमु व युस्क़ा मिम्-माइन् सदीदिम्- ۙ (१६) य-त-जर्रअ़ुहू व ला यकादु युसीग़ुहू व यअ्तीहिल्-मौतु मिन् कुल्लि मकानिव्-व मा हु-व बिमय्यितिन् ط व मिव्वराइही अ़ज़ाबुन् ग़लीज़ (१७) म-सलुल्लज़ी-न क-फ़रू बिरब्बिहिम् अअ्-मालुहुम् क-रमादि-नि-श्तद्दत् बिहिर्रीहु फ़ी यौमिन् आसिफ़िन् ط ला यक़्दिरू-न मिम्मा क-सबू अला शैइन् ط ज़ालि-क हुवज़्ज़लालुल्-बअ़ीद (१८) अ-लम् त-र अन्नल्ला-ह ख़-ल-क़स्समावाति वल्अर्-ज़ बिल्हक़्क़ि ط इंय्यशअ् युज़्हिब्कुम् व यअ्ति बिख़ल्क़िन् जदीद ۙ (१९) व मा ज़ालि-क अ-लल्लाहि बिअ़ज़ीज़ (२०) व ब-रज़ू लिल्लाहि जमीअ़न् फ़-क़ालज़्ज़ु-अफ़ाउ लिल्लज़ीनस्तक्बरू इन्ना कुन्ना लकुम् त-ब-अ़न् फ़-हल् अन्तुम् मुग़्नू-न अन्ना मिन् अ़ज़ाबिल्लाहि मिन् शैइन् ط क़ालू लौ हदानल्लाहु ल-हदैनाकुम् ط सवाउन् अलैना अ-जज़िअ्-ना अम् स-बर्ना मा लना मिम्महीस ★ (२१)

إبراهيم ١٤ ٢٥ وما أبرئ ١٣

تصدونا عما كان يعبد آباؤنا فأتونا بسلطان مبين ⑩ قالت
لهم رسلهم إن نحن إلا بشر مثلكم ولكن الله يمن على من
يشاء من عباده وما كان لنا أن نأتيكم بسلطان إلا بإذن
الله وعلى الله فليتوكل المؤمنون ⑪ وما لنا ألا نتوكل على
الله وقد هدانا سبلنا ولنصبرن على ما آذيتمونا وعلى الله
فليتوكل المتوكلون ⑫ وقال الذين كفروا لرسلهم لنخرجنكم
من أرضنا أو لتعودن في ملتنا فأوحى إليهم ربهم لنهلكن
الظالمين ⑬ ولنسكننكم الأرض من بعدهم ذلك
لمن خاف مقامي وخاف وعيد ⑭ واستفتحوا وخاب كل
جبار عنيد ⑮ من ورائه جهنم ويسقى من ماء صديد ⑯
يتجرعه ولا يكاد يسيغه ويأتيه الموت من كل مكان و
ما هو بميت ومن ورائه عذاب غليظ ⑰ مثل الذين كفروا
بربهم أعمالهم كرماد اشتدت به الريح في يوم عاصف
لا يقدرون مما كسبوا على شيء ذلك هو الضلال البعيد ⑱
ألم تر أن الله خلق السماوات والأرض بالحق إن يشأ يذهبكم
ويأت بخلق جديد ⑲ وما ذلك على الله بعزيز ⑳ وبرزوا
لله جميعا فقال الضعفاء للذين استكبروا إنا كنا لكم

★रु. २/१४ आ ६ ★रु. ३/१५ आ ६

दिखलाओ)। (१०) पैग़म्बरों ने उन से कहा कि हां, हम तुम्हारे ही जैसे आदमी हैं, लेकिन खुदा अपने बन्दों में से, जिस पर चाहता है (नुबूवत का) एहसान करता है और हमारे अख़्तियार की बात नहीं कि हम खुदा के हुक्म के बग़ैर तुम को (तुम्हारी फ़रमाइश के मुताबिक़) मोजज़ा दिखाएं और खुदा ही पर मोमिनों को भरोसा रखना चाहिए। (११) और हम क्यों न खुदा पर भरोसा रखें हालांकि उस ने हम को हमारे (दीन के सीधे) रास्ते बताए हैं, और जो तक्लीफ़ें तुम हम को देते हो, उस पर सब्र करेंगे और भरोसा करने वालों को खुदा ही पर भरोसा रखना चाहिए। (१२) ★

और जो काफ़िर थे उन्हों ने अपने पैग़म्बरों से कहा कि (या तो) हम तुम को अपने मुल्क से बाहर निकाल देंगे या हमारे मज़हब में दाखिल हो जाओ। तो परवरदिगार ने उन की तरफ़ वह्य भेजी कि हम ज़ालिमों को हलाक कर देंगे। (१३) और उन के बाद तुम को उस ज़मीन में आबाद कर देंगे। यह उस शख़्स के लिए है जो (क़ियामत के दिन) मेरे सामने खड़े होने से डरे और मेरे अज़ाब से खौफ़ करे। (१४) और पैग़म्बरों ने (खुदा से अपनी) फ़त्ह चाही, तो हर सरकश, ज़िद्दी, ना-मुराद रह गया। (१५) उस के पीछे दोज़ख है और उसे पीप का पानी पिलाया जाएगा, (१६) वह उस को घूंट-घूंट पिएगा और गले से नहीं उतार सकेगा और हर तरफ़ से उसे मौत आ रही होगी, मगर वह मरने में नहीं आएगा और उस के पीछे सख़्त अज़ाब होगा। (१७) जिन लोगों ने अपने परवरदिगार से कुफ़्र किया, उन के आमाल की मिसाल राख की-सी है कि आंधी के दिन उस पर ज़ोर की हवा चले (और) उसे उड़ा ले जाए, (इसी तरह) जो काम वे करते रहे, उन पर उन को कुछ क़ुदरत न होगी। यही तो परले सिरे की गुमराही है। (१८) क्या तुम ने नहीं देखा कि खुदा ने आसमानों और ज़मीन को तद्बीर से पैदा किया है, अगर वह चाहे, तो तुम को नाबूद कर दे और (तुम्हारी जगह) नयी मख़्लूक़ पैदा कर दे। (१९) और यह खुदा को कुछ भी मुश्किल नहीं। (२०) और (क़ियामत के दिन) सब लोग खुदा के सामने खड़े होंगे, तो (अक़्ल के) कमज़ोर (पैरवी करने वाले अपने) घमंडी (सरदारों) से कहेंगे कि हम तो तुम्हारी पैरवी करने वाले थे। क्या तुम खुदा का कुछ अज़ाब हम पर से हटा सकते हो? वे कहेंगे कि अगर खुदा हम को हिदायत करता तो हम तुम को हिदायत करते। अब हम घबराएं या सब्र करें, हमारे हक़ में बराबर है। कोई जगह (भागने

★रु. २/१४ आ ६

व क़ालश्शैतानु लम्मा क़ुज़ियल्-अम्रु इन्नल्ला-ह व-अ-दकुम् वअ्-दल्हक़्क़ि व वअत्तुकुम् फ़-अख़्लफ़्तुकुम् ♭ व मा का-न लि-य अलैकुम् मिन् सुल्तानिन् इल्ला अन् दऔतुकुम् फ़स्तजब्तुम् ली ♭ फ़ला तलूमूनी व लूमू अन्फ़ुसकुम् ♭ मा अ-न बिमुस्‌रिख़िकुम् व मा अन्तुम् बिमुस्‌रिख़िय् - य♭ इन्नी क-फ़र्तु बिमा अश-रक्तुमूनि मिन् क़ब्लु ♭ इन्नज़्ज़ालिमी - न लहुम् अ़ज़ाबुन् अलीम (२२) व उद्‌ख़िलल्लज़ी-न आमनू व अ़मिलुस्सालिहाति जन्नातिन् तज्री मिन् तह्‌तिहल्-अन्हारु ख़ालिदी-न फ़ीहा बिइज़्नि रब्बिहिम् ♭ तहिय्यतुहुम् फ़ीहा सलाम (२३) अ-लम् त-र कै-फ़ ज़-र-बल्लाहु म-स-लन् कलि-म-तन् तय्यि-ब-तन् क-श-ज-रतिन् तय्यिबतिन् अस्लुहा साबितु व-व फ़र्‌अुहा फ़िस्समाइ ॥ (२४) तुअ्‌ती उकुलहा कुल् - ल हीनिम् - बिइज़्नि रब्बिहा ♭ व यज़्रिबुल्लाहुल् - अम्सा - ल

تَبَعًا فَهَلْ أَنْتُمْ مُغْنُونَ عَنَّا مِنْ عَذَابِ اللَّهِ مِنْ شَيْءٍ ۚ قَالُوا لَوْ
هَدَانَا اللَّهُ لَهَدَيْنَاكُمْ ۖ سَوَاءٌ عَلَيْنَا أَجَزِعْنَا أَمْ صَبَرْنَا مَا لَنَا مِنْ
مَحِيصٍ ﴿٢١﴾ وَقَالَ الشَّيْطَانُ لَمَّا قُضِيَ الْأَمْرُ إِنَّ اللَّهَ وَعَدَكُمْ وَعْدَ
الْحَقِّ وَوَعَدْتُكُمْ فَأَخْلَفْتُكُمْ ۖ وَمَا كَانَ لِيَ عَلَيْكُمْ مِنْ سُلْطَانٍ إِلَّا
أَنْ دَعَوْتُكُمْ فَاسْتَجَبْتُمْ لِي ۖ فَلَا تَلُومُونِي وَلُومُوا أَنْفُسَكُمْ ۖ مَا أَنَا
بِمُصْرِخِكُمْ وَمَا أَنْتُمْ بِمُصْرِخِيَّ ۖ إِنِّي كَفَرْتُ بِمَا أَشْرَكْتُمُونِ مِنْ قَبْلُ ۗ
إِنَّ الظَّالِمِينَ لَهُمْ عَذَابٌ أَلِيمٌ ﴿٢٢﴾ وَأُدْخِلَ الَّذِينَ آمَنُوا وَعَمِلُوا
الصَّالِحَاتِ جَنَّاتٍ تَجْرِي مِنْ تَحْتِهَا الْأَنْهَارُ خَالِدِينَ فِيهَا بِإِذْنِ
رَبِّهِمْ ۖ تَحِيَّتُهُمْ فِيهَا سَلَامٌ ﴿٢٣﴾ أَلَمْ تَرَ كَيْفَ ضَرَبَ اللَّهُ مَثَلًا كَلِمَةً
طَيِّبَةً كَشَجَرَةٍ طَيِّبَةٍ أَصْلُهَا ثَابِتٌ وَفَرْعُهَا فِي السَّمَاءِ ﴿٢٤﴾ تُؤْتِي
أُكُلَهَا كُلَّ حِينٍ بِإِذْنِ رَبِّهَا ۗ وَيَضْرِبُ اللَّهُ الْأَمْثَالَ لِلنَّاسِ
لَعَلَّهُمْ يَتَذَكَّرُونَ ﴿٢٥﴾ وَمَثَلُ كَلِمَةٍ خَبِيثَةٍ كَشَجَرَةٍ خَبِيثَةٍ اجْتُثَّتْ
مِنْ فَوْقِ الْأَرْضِ مَا لَهَا مِنْ قَرَارٍ ﴿٢٦﴾ يُثَبِّتُ اللَّهُ الَّذِينَ آمَنُوا
بِالْقَوْلِ الثَّابِتِ فِي الْحَيَاةِ الدُّنْيَا وَفِي الْآخِرَةِ ۖ وَيُضِلُّ اللَّهُ
الظَّالِمِينَ ۚ وَيَفْعَلُ اللَّهُ مَا يَشَاءُ ﴿٢٧﴾ أَلَمْ تَرَ إِلَى الَّذِينَ بَدَّلُوا نِعْمَتَ اللَّهِ
كُفْرًا وَأَحَلُّوا قَوْمَهُمْ دَارَ الْبَوَارِ ﴿٢٨﴾ جَهَنَّمَ يَصْلَوْنَهَا ۖ وَبِئْسَ الْقَرَارُ ﴿٢٩﴾
وَجَعَلُوا لِلَّهِ أَنْدَادًا لِيُضِلُّوا عَنْ سَبِيلِهِ ۗ قُلْ تَمَتَّعُوا فَإِنَّ مَصِيرَكُمْ

लिन्नासि ल-अल्लहुम् य-त-ज़क्करून (२५) व म-सलु कलिमतिन् ख़बीसतिन् क-श-जरतिन् ख़बीसति-नि-ज्तुस्सत् मिन् फ़ौक़िल्अर्ज़ि मा लहा मिन् क़रार (२६) युसब्बितुल्लाहुल - लज़ी-न आमनू बिल् - क़ौलिस्साबिति फ़िल् - हयातिद्दुन्या व फ़िल्आख़िरति ♭ व युज़िल्लुल्लाहुज़् - ज़ालिमी - न व यफ़्-अलुल्लाहु मा यशाउ ★ (२७) अ-लम् त - र इलल्लज़ी-न बद्दलू निअ्-म-तल्लाहि कुफ़्रंव्-व अहल्लू क़ौमहुम् दारल्बवार ॥ (२८) जहन्न-म♭ यस्लौनहा ♭ व बिअ्सल्क़रार (२९) व ज-अलू लिल्लाहि अन्दादल्-लियुज़िल्लू अ़न् सबीलिही ♭ क़ुल् त-मत्तअू फ़ - इन-न मसीरकुम् इलन्नार (३०)

★रु. ४/१६ आ ६

और) रिहाई की हमारे लिए नहीं है★(२१) जब (हिसाब-किताब का काम) फ़ैसला हो चुकेगा, तो शैतान कहेगा (जो) वायदा ख़ुदा ने तुम से किया था, (वह तो) सच्चा (था) और (जो) वायदा मैं ने तुम से किया था, वह झूठा था और मेरा तुम पर किसी तरह का ज़ोर नहीं था। हां, मैं ने तुम को (गुमराही और बातिल की तरफ़) बुलाया, तो तुम ने (जल्दी से और बे-दलील) मेरा कहना मान लिया तो, (आज) मुझे मलामत न करो, अपने आप ही को मलामत करो। न मैं तुम्हारी फ़रियादरसी कर सकता हूं और न तुम मेरी फ़रियादरसी कर सकते हो। मैं इस बात से इंकार करता हूं कि तुम पहले मुझे शरीक बनाते थे। बेशक जो ज़ालिम हैं, उन के लिए दर्द देने वाला अज़ाब है। (२२) और जो ईमान लाये और नेक अमल किये, वे बहिश्तों में दाखिल किये जाएंगे, जिन के नीचे नहरें बह रही हैं, अपने परवरदिगार के हुक्म से हमेशा उन में रहेंगे, वहां उन की साहब-सलामत सलाम होगा। (२३) क्या तुम ने नहीं देखा कि ख़ुदा ने पाक बात की कैसी मिसाल बयान फ़रमायी है, (वह ऐसी है) जैसे पाक पेड़, जिस की जड़ मज़बूत (यानी ज़मीन को पकड़े हुए) हो और शाखें आसमान में।[1] (२४) अपने परवरदिगार के हुक्म से हर वक़्त फल आता (और मेवे देता) हो और ख़ुदा लोगों के लिए मिसालें बयान फ़रमाता है, ताकि वे नसीहत पकड़ें। (२५) और नापाक बात की मिसाल नापाक पेड़ की-सी है, (न जड़ मज़बूत न शाखें ऊंची) ज़मीन के ऊपर ही से उखाड़ कर फेंक दिया जाए, उस को ज़रा भी क़रार (व सबात) नहीं।[2] (२६) ख़ुदा मोमिनों (के दिलों) को (सही और) पक्की बात से दुनिया की ज़िंदगी में भी मज़बूत रखता है और आखिरत में भी (रखेगा) और ख़ुदा बे-इन्साफ़ों को गुमराह कर देता है और ख़ुदा जो चाहता है, करता है। (२७)★

क्या तुम ने उन लोगों को नहीं देखा, जिन्हों ने ख़ुदा के एहसान को ना-शुक्री से बदल दिया और अपनी क़ौम को तबाही के घर उतारा। (२८) (वह घर) दोज़ख़ है, (सब ना-शुक्रे) उस में दाख़िल होंगे और वह बुरा ठिकाना है। (२९) और उन लोगों ने ख़ुदा के शरीक मुक़र्रर किये कि (लोगों को) उस के रास्ते से गुमराह करें। कह दो कि (कुछ दिन) फ़ायदे उठा लो। आख़िरकार

और उस ने दुनिया की ज़िंदगी की मिसाल भी बयान करो, (वह ऐसी हैं,) जैसे पानी, जिसे हम ने आसमान से बरसाया, तो उस के साथ ज़मीन को ज़रख़ेज़ी मिल गयी, फिर वह चूरा-चूरा हो गयी कि हवाएं उसे उड़ाती फिरती हैं और ख़ुदा तो हर चीज़ पर क़ुदरत रखता है। (४५) माल और बेटे तो दुनिया की ज़िंदगी की (रौनक़ व) ज़ीनत हैं और नेकियां जो बाक़ी रहने वाली हैं, वे सवाब के लिहाज़ से तुम्हारे परवरदिगार के यहां बहुत अच्छी और उम्मीद के लिहाज़ से बहुत बेहतर हैं। (४६) और जिस दिन हम पहाड़ों को चलाएंगे और तुम ज़मीन को साफ़ मैदान रखोगे और उन (लोगों) को हम जमा कर लेंगे तो उन में से किसी को भी नहीं छोड़ेंगे। (४७) और सब तुम्हारे परवरदिगार के सामने सफ़ बांध कर लाए जाएंगे (तो हम उन से कहेंगे कि) जिस तरह हम ने तुम को पहली बार पैदा किया था, (इसी तरह आज) तुम हमारे सामने आए, लेकिन तुम ने तो यह ख़्याल कर रखा था कि हम ने तुम्हारे लिए (क़ियामत का) कोई वक़्त मुक़र्रर ही नहीं किया। (४८) और (अमलों की) किताब (खोल कर) रखी जाएगी तो तुम गुनाहगारों को देखोगे कि जो कुछ उस में (लिखा) होगा, उस से डर रहे होंगे और कहेंगे, हाय शामत ! यह कैसी किताब है कि न छोटी बात को छोड़ती है, न बड़ी को, (कोई बात भी नहीं) मगर उसे लिख रखा है और जो अमल किए होंगे, सब को हाज़िर पाएंगे और तुम्हारा परवरदिगार किसी पर ज़ुल्म नहीं करेगा। (४९)★

व इज् क़ुल्ना लिलमलाइकतिस्जुदू लि-आद-म फ़-स-जदू इल्ला इब्ली-स ط
का-न मिनल्-जिन्नि फ़-फ़-स-क़ अन् अम्रि रब्बिही ط अ-फ़-तत्तख़िज़ूनहू व
ज़ुर्रिय्यतहू औलिया-अ मिन् दूनी व हुम् लकुम् अदुव्वुन् ط बिअ्-स लिज़्ज़ालिमी-न
ब-द-ला (५०) मा अश्हत्तुहुम् ख़ल्क़स्समावाति वल्अर्ज़ि व ला ख़ल्-क़
अन्फ़ुसिहिम् ص व मा कुन्तु मुत्तख़िज़ल्-
मुज़िल्लीन अज़ुदा (५१) व यौ-म यक़ूलु
नादू शु-रकाइ-यल्लज़ी-न ज़-अम्तुम् फ़-दऔहुम्
फ़-लम् यस्तजीबू लहुम् व ज-अल्ना
बैनहुम् मौबिक़ा (५२) व र-अल्-
मुज्रिमूनन्ना-र फ़-ज़न्नू अन्नहुम् मुवाक़िअ़ूहा
व लम् यजिदू अन्हा मस्रिफ़ा ★(५३)
व ल-क़द् सर्रफ़्ना फ़ी हाज़ल्-क़ुरआनि
लिन्नासि मिन् कुल्लि म-सलिन् ط व
कानल्-इन्सानु अक्स-र शैइन् ज-द-ला
(५४) व मा म-न-अन्ना-स अंय्युअ्मिनू
इज् जाअ-हुमुल्-हुदा व यस्तग़्फ़िरू रब्बहुम्
इल्ला अन् तअ्ति-यहुम् सुन्नतुल्-अव्वली-न औ यअ्तियहुमुल्-अज़ाबु क़ुबुला
(५५) व मा नुर्सिलुल्-मुर्सली-न इल्ला मुबश्शिरी-न व मुन्ज़िरी-न ج व
युजादिलुल्लज़ी-न क-फ़रू बिल्बातिलि लियुद्हिज़ू बिहिल्हक़्-क़ वत्तख़ज़ू आयाती
व मा उन्ज़िरू हुज़ुवा (५६) व मन् अज़्लमु मिम्मन् ज़ुक्कि-र बिआयाति
रब्बिही फ़-अअ्-र-ज़ अन्हा व नसि-य मा क़द्-द-मत् यदाहु ط इन्ना ज-अल्ना
अला क़ुलूबिहिम् अकिन्नतन् अंय्यफ़्क़हूहु व फ़ी आज़ानिहिम् वक़्रन् ط व
इन् तद्-अुहुम् इलल्-हुदा फ़लंय्यह्तदू इज़न् अ-ब-दा (५७) व रब्बुकल्-
ग़फ़ूरु ज़ुर्रह्मति ط लौ युआख़िज़ुहुम् बिमा क-सबू ल-अज्ज-ल लहुमुल्-
अज़ा-ब ط बल्लहुम् मौअिदुल्-लंय्यजिदू मिन् दूनिही मौअिला (५८)

الكتب لا يغادر صغيرة ولا كبيرة الا احصها ووجدوا ما عملوا حاضرا
ولا يظلم ربك احدا ۝ واذ قلنا للملئكة اسجدوا لادم فسجدوا الا
ابليس كان من الجن ففسق عن امر ربه افتتخذونه وذريته
اولياء من دوني وهم لكم عدو بئس للظلمين بدلا ۝ ما
اشهدتهم خلق السموت والارض ولا خلق انفسهم وما كنت
متخذ المضلين عضدا ۝ ويوم يقول نادوا شركاءي الذين زعمتم
فدعوهم فلم يستجيبوا لهم وجعلنا بينهم موبقا ۝ ورا المجرمون
النار فظنوا انهم مواقعوها ولم يجدوا عنها مصرفا ۝ ولقد صرفنا
في هذا القران للناس من كل مثل وكان الانسان اكثر شيء
جدلا ۝ وما منع الناس ان يؤمنوا اذ جاءهم الهدى ويستغفروا ربهم
الا ان تاتيهم سنة الاولين او ياتيهم العذاب قبلا ۝ وما
نرسل المرسلين الا مبشرين ومنذرين ويجادل الذين كفروا
بالباطل ليدحضوا به الحق واتخذوا ايتي وما انذروا هزوا ۝ و
من اظلم ممن ذكر بايت ربه فاعرض عنها ونسي ما قدمت
يداه انا جعلنا على قلوبهم اكنة ان يفقهوه وفي اذانهم وقرا و
ان تدعهم الى الهدى فلن يهتدوا اذا ابدا ۝ وربك الغفور ذو
الرحمة لو يؤاخذهم بما كسبوا لعجل لهم العذاب بل لهم موعد

★रु० ७/१६ आ ४

और जब हम ने फ़रिश्तों को हुक्म दिया कि आदम को सज्दा करो तो सब ने सज्दा किया, मगर इब्लीस (ने न किया), वह जिन्नों में से था, तो अपने परवरदिगार के हुक्म से बाहर हो गया। क्या तुम उस को और उस की औलाद को मेरे सिवा दोस्त बनाते हो, हालांकि वे तुम्हारे दुश्मन हैं, और (शैतान की दोस्ती) ज़ालिमों के लिए (ख़ुदा की दोस्ती का) बुरा बदल है। (५०) मैं ने उन को न तो आसमानों और ज़मीन के पैदा करने के वक़्त बुलाया था और न ख़ुद उन के पैदा करने के वक़्त और मैं ऐसा न था कि गुमराह करने वालों को मददगार बनाता। (५१) और जिस दिन ख़ुदा फ़रमाएगा कि (अब) मेरे शरीकों को, जिन के बारे में तुम (ख़ुदा होने का) गुमान रखते थे, बुलाओ, तो वह उन को बुलाएंगे, मगर वे उन को कुछ जवाब न देंगे और हम उन के बीच से एक हलाकत की जगह बना देंगे। (५२) और गुनाहगार लोग दोज़ख़ को देखेंगे, तो यक़ीन कर लेंगे कि वे उस में पड़ने वाले हैं और इस से बचने का कोई रास्ता न पाएंगे★(५३) और हम ने इस क़ुरआन में लोगों (के समझाने) के लिए तरह-तरह की मिसालें बयान फ़रमायी हैं, लेकिन इंसान सब चीज़ों से बढ़ कर झगड़ालू है। (५४) और लोगों के पास जब हिदायत आ गयी, तो उन को किस चीज़ ने मना किया कि ईमान लाएं और अपने परवरदिगार से बख़्शिश मांगें, इस के अलावा कि (इस बात के इंतिज़ार में हों कि) उन्हें भी पहलों का-सा मामला पेश आए या उन पर अज़ाब सामने मौजूद हो। (५५) और हम जो पैग़म्बरों को भेजा करते हैं, तो सिर्फ़ इस लिए कि (लोगों को ख़ुदा की नेमतों की) ख़ुशख़बरियां सुनाएं और (अज़ाब से) डराएं और जो काफ़िर हैं, वह बातिल (की सनद) से झगड़ा करते हैं, ताकि उस के हक़ को फिसला दें और उन्हों ने हमारी आयतों को और जिस चीज़ से उन को डराया जाता है, हंसी बना लिया। (५६) और उससे ज़ालिम कौन है, जिस को उस के परवरदिगार के कलाम से समझाया गया, तो उस ने उस से मुंह फेर लिया और जो आमाल वह आगे कर चुका, उन को भूल गया, हम ने उन के दिलों पर परदे डाल दिए कि इसे समझ न सकें और कानों में बोझ (पैदा कर दिया है कि सुन न सकें) और अगर तुम उन को रास्ते की तरफ़ बुलाओ तो कभी रास्ते पर न आएंगे। (५७) और तुम्हारा परवरदिगार बख़्शने वाला, रहमत वाला है। अगर वह उन के करतूतों पर उन को पकड़ने लगे, तो उन पर झट अज़ाब भेज दे, मगर उन के लिए एक वक़्त (मुक़र्रर कर रखा) है कि उस के अज़ाब से कोई पनाह की जगह न पाएंगे। (५८)

★रु० ७/१९ आ ४

व तिल्कल्-क़ुरा अह्लक-नाहुम् लम्मा ज़-लमू व ज-अल्ना लिमहलिकिहिम् मौअिदा ★ (५९) व इज़् क़ा-ल मूसा लिफ़ताहु ला अब्रहु हत्ता अब्लु-ग़ मज्-म-अल्-बह्रैनि औ अम्ज़ि-य हुक़ुबा (६०) फ़-लम्मा ब-लग़ा मज्-म-अ बैनिहिमा नसिया हूतहुमा फ़त्त-ख़-ज़ सबीलहू फ़िल्बह्रि स-र-बा (६१) फ़-लम्मा जावज़ा क़ा-ल लिफ़ताहु आतिना ग़दा-अना ✓ ल-क़द् लक़ीना मिन् स-फ़रिना हाज़ा न-स़-बा (६२) क़ा-ल अ-रऐ-त इज़् अवैना इलस्-सख़्-रति फ़-इन्नी नसीतुल्हू-त✓ व मा अन्सानीहु इल्लश्शैतानु अन् अज़्कुरहू ✓ वत्त-ख़ - ज़ सबीलहू फ़िल्बह्रि अ-ज-बा (६३) क़ा-ल ज़ालि-क मा कुन्ना नब्ग़ि फ़र्तद्दा अला आसारिहिमा क़-स़-सा ✓ (६४) फ़-व-जदा अब्दम्-मिन् अिबादिना आतैनाहु रह्-म-तम्मिन् अिन्दिना व अल्लम्नाहु मिल्लदुन्ना अिल्मा (६५) क़ा-ल लहू मूसा हल् अत्तबिअु-क अला अन् तुअल्लिमनि मिम्मा अुल्लिम-त रुश्दा (६६) क़ा-ल इन्न-क लन् तस्ततीअ मअि-य स़ब्रा (६७) व कै-फ़ तस्बिरु अला मा लम् तुहित् बिही ख़ुब्रा (६८) क़ा-ल स-तजिदुनी इन्शा-अल्लाहु स़ाबिरंव्-व ला अअ्-सी ल-क अम्रा (६९) क़ा-ल फ़-इनित्तबअ्-तनी फ़ला तस्-अल्नी अन् शैइन् हत्ता उह्दि-स ल - क मिन्हु ज़िक्रा ★ (७०) फ़न्त्-ल-क़ा हत्ता इज़ा रकिबा फ़िस्सफ़ीनति ख़-र-क़हा ✓ क़ा-ल अ-ख़-रक्-तहा लितुग़्रि-क अह्-लहा ✓ ल-क़द् जिअ्-त शैअन् इम्रा (७१) क़ा-ल अ-लम् अक़ुल् इन्न-क लन् तस्ततीअ मअि-य स़ब्रा (७२) क़ा-ल ला तुआख़िज़्नी बिमा नसीतु व ला तुर्हिक़्नी मिन् अम्री अुस्रा (७३) फ़न्त्-लक़ा हत्ता इज़ा लक़िया ग़ुलामन् फ़-क़-त-लहू ✓ क़ा-ल अ-क़-तल-त नफ़्सन् ज़किय्यतम्-बिग़ैरि नफ़्सिन् ✓ ल-क़द् जिअ्-त शैअन् नुक्रा (७४)

لن يجدوا من دونه موئلا ۝ وتلك القرى اهلكنهم لما ظلموا
وجعلنا لمهلكهم موعدا ۝ واذ قال موسى لفتىه لا ابرح حتى
ابلغ مجمع البحرين او امضي حقبا ۝ فلما بلغا مجمع بينهما نسيا
حوتهما فاتخذ سبيله في البحر سربا ۝ فلما جاوزا قال لفتىه اتنا
غداءنا لقد لقينا من سفرنا هذا نصبا ۝ قال ارءيت اذ اوينا الى
الصخرة فاني نسيت الحوت وما انسىنيه الا الشيطن ان اذكره و
اتخذ سبيله في البحر عجبا ۝ قال ذلك ما كنا نبغ فارتدا على
اثارهما قصصا ۝ فوجدا عبدا من عبادنا اتينه رحمة من عندنا
وعلمنه من لدنا علما ۝ قال له موسى هل اتبعك على ان
تعلمن مما علمت رشدا ۝ قال انك لن تستطيع معي صبرا ۝ و
كيف تصبر على ما لم تحط به خبرا ۝ قال ستجدني ان شاء الله صابرا
ولا اعصي لك امرا ۝ قال فان اتبعتني فلا تسئلني عن شيء حتى
احدث لك منه ذكرا ۝ فانطلقا حتى اذا ركبا في السفينة
خرقها قال اخرقتها لتغرق اهلها لقد جئت شيئا امرا ۝ قال الم
اقل انك لن تستطيع معي صبرا ۝ قال لا تؤاخذني بما نسيت و
لا ترهقني من امري عسرا ۝ فانطلقا حتى اذا لقيا غلما فقتله
قال اقتلت نفسا زكية بغير نفس لقد جئت شيئا نكرا ۝

★रु. ८/२० आ ६ ★रु. ९/२१ आ ११

और ये बस्तियां (जो वीरान पड़ी हैं), जब उन्हों ने (कुफ़्र से) ज़ुल्म किया, तो हम ने उन को तबाह कर दिया और उन की तबाही के लिए एक वक़्त मुक़र्रर कर दिया था। (५९)★

और जब मूसा ने अपने शागिर्द[1] से कहा कि जब तक मैं दो दरियाओं के मिलने की जगह[2] न पहुंच जाऊं, हटने का नहीं, चाहे वर्षों चलता रहूं। (६०) जब उन के मिलने की जगह पर पहुंचे, तो अपनी मछली भूल गये, तो उसने दरिया में सुरंग की तरह अपना रास्ता बना लिया। (६१) जब आगे चले तो (मूसा ने) अपने शागिर्द से कहा कि हमारे लिए खाना लाओ, इस सफ़र से हम को बड़ी थकन हो गयी है। (६२) (उस ने) कहा कि भला आप ने देखा कि जब हम ने पत्थर के पास आराम किया था, तो मैं मछली (वहीं) भूल गया और मुझे (आप से) उस का ज़िक्र करना शैतान ने भुला दिया और उस ने अजब तरह से दरिया में अपना रास्ता लिया। (६३) (मूसा ने) कहा, यही तो (वह जगह) है, जिसे हम खोजा करते थे, तो वे अपने पांव के निशान देखते-देखते लौट गये। (६४) (वहां) उन्हों ने हमारे बन्दों में से एक बन्दा देखा, जिस को हम ने अपने यहां से रहमत (यानी नुबूवत या विलायत की नेमत) दी थी और अपने पास से इल्म बख़्शा था। (६५) मूसा ने उन से (जिन का नाम ख़िज़्र था) कहा कि जो इल्म (ख़ुदा की तरफ़ से) आप को सिखाया गया है, अगर आप उस में से मुझे कुछ भलाई (की बातें) सिखाएं तो मैं आप के साथ रहूं। (६६) (ख़िज़्र ने) कहा कि तुम मेरे साथ रह कर सब्र नहीं कर सकोगे, (६७) और जिस बात की तुम्हें ख़बर ही नहीं, उस पर सब्र कर भी क्योंकर सकते हो। (६८) मूसा ने कहा, ख़ुदा ने चाहा, तो आप मुझे सब्र करने वाला पाइएगा और मैं आप के इर्शाद के ख़िलाफ़ नहीं करूंगा। (६९) (ख़िज़्र ने) कहा, अगर तुम मेरे साथ रहना चाहो तो (शर्त यह है), मुझ से कोई बात न पूछना, जब तक मैं ख़ुद उस का ज़िक्र तुम से न करूं। (७०)★

तो दोनों चल पड़े, यहां तक कि जब कश्ती में सवार हुए, तो (ख़िज़्र ने) कश्ती को फाड़ डाला। (मूसा ने) कहा, क्या आप ने उस को इस लिए फाड़ा है कि सवारों को डुबो दें। यह तो आप ने बड़ी (अजीब) बात की। (७१) (ख़िज़्र ने) कहा, क्या मैं ने नहीं कहा था कि तुम मेरे साथ सब्र न कर सकोगे। (७२) (मूसा ने) कहा कि जो भूल मुझ से हुई, उस पर पकड़ न कीजिए और मेरे मामले में मुझ पर मुश्किल न डालिए। (७३) फिर दोनों चले, यहां तक कि (रास्ते में) एक लड़का मिला, तो (ख़िज़्र ने) उसे मार डाला। (मूसा ने) कहा कि आप ने एक बे-गुनाह शख़्स को (नाहक़) बग़ैर क़िसास के मार डाला। (यह तो) आप ने बुरी बात की। (७४) (ख़िज़्र ने)

---

१. असल लफ़्ज़ 'फ़ता' है, जिस का मतलब जवान है। 'फ़ता' से यहां मुराद यूशेअ बिन नून हैं। चूंकि वह मूसा अलैहिस्सलाम के साथ रहते और उन से इल्म हासिल किया करते थे, इस लिए हम ने उन को जवान की जगह शागिर्द लिखा है। कुछ लोगों ने कहा कि वह यूशेअ के भाई थे। कुछ लोगों ने कहा कि मूसा अलैहिस्सलाम का गुलाम था।

२. किसी ने मूसा अलैहिस्सलाम से पूछा कि सब से ज़्यादा आलिम कौन है? उन्हों ने कहा कि मैं हूं। ख़ुदा ने वह्य की कि मेरा एक बन्दा दो दरियाओं के मिलने की जगह में है, वह तुम से ज़्यादा इल्म रखता है, तो मूसा अलैहिस्सलाम ने उन से मिलने और इल्म हासिल करने की ग़रज़ से सफ़र का इरादा किया। यह बन्दे, जैसा कि हदीसों में साबित है, ख़िज़्र थे। उन का नाम जैसा कि सहीह बुख़ारी में अबू हुरैरह रज़ि० से रिवायत किया गया है, ख़िज़्र

(शेष पृष्ठ ४७९ पर)

★रु. ८/२० आ ६ ★रु. ९/२१ आ ११

सोलहवां पारः क़ा-ल अ-लम

सूरतुल् कह्फ़ि आयत ७५ से ११०

क़ा-ल अ-लम् अक़ुल्ल-क इन्न-क लन् तस्तती-अ मअि-य सब्रा (७५) क़ा-ल इन् स-अल्तु-क अन् शैइम्-बअ्-दुहा फ़ ला तुसाहिब्नी ꣳ क़द् ब-लग्-त मिल्लदुन्नी अुज़्रा (७६) फ़न्त-लक़ा हत्ता इज़ा अ-तया अह्-ल क़र-यतिनि-स-तत्-अमा अह्-लहा फ़ अबौ अंय्युज़य्यिफ़ू हुमा फ़-व-जदा फ़ीहा जिदारंय्युरीदु अंय्यन्क़ज़्-ज़ फ़-अक़ामहू ᵇ क़ा-ल लौ शिअ्-त लत्त-ख़ज़्-त अलैहि अज्रा (७७) क़ा-ल हाज़ा फ़िराक़ु बैनी व बैनि-क ꣳ सउनब्बिउ-क बितअ्वीलि मा लम् तस्ततिअ् अलैहि सब्रा (७८) अम्मस्सफ़ीनतु फ़-कानत् लिमसाकी-न यअ्-मलू-न फ़िल्बह्रि फ़-अरत्तु अन् अ-अीब-हा व का-न वरा-अहुम् मलिकु य्यअ्ख़ुज़ु कुल्-ल सफ़ीनतिन् ग़स्बा (७९) व अम्मल्ग़ुलामु फ़का-न अ-ब-वाहु मुअ्मिनैनि फ़-ख़शीना अंय्युर्हि-क़-हुमा तुग़्यानंव्-व कुफ़्रा ꣳ (८०) फ़ - अरद्ना अंय्युब्दि-लहुमा रब्बुहुमा ख़ैरम्-मिन्हु ज़कातंव्-व अक़्र-ब रुह्मा (८१) व अम्मल्-जिदारु फ़का-न लिग़ुलामैनि यतीमैनि फ़िल्-मदीनति व का-न तह्तहू कन्ज़ुल्लहुमा व का-न अबूहुमा सालिहन् ꣳ फ़-अरा-द रब्बु-क अंय्यब्लुग़ा अशुद्दहुमा व यस्तख़्रिजा कन्ज़हुमा ꣳ रह्मतम्मिर् - रब्बि - क ꣳ व मा फ़ - अल्तुहू अन् अम्री ᵇ ज़ालि-क तअ्वीलु मा लम् तस्तिअ् अलैहि सब्रा ᵇ ★ (८२) व यस्अलून-क अन् ज़िल्क़र्नैनि ᵇ क़ुल् स-अत्लू अलैकुम् मिन्हु ज़िक्रा ᵇ (८३) इन्ना मक्कन्ना लहू फ़िल्अर्ज़ि व आतैनाहु मिन् कुल्लि शैइन् स-ब-बा ꣳ (८४) फ़-अत्ब-अ स-ब-बा (८५) हत्ता इज़ा ब-ल-ग़ मग़्रिबश्-शम्सि व-ज-दहा तग़्रुबु फ़ी अैनिन् हमि-अतिंव्-व व-ज-द अिन्दहा क़ौमन् ꣳ क़ुल्ना याज़ल्-क़र्नैनि इम्मा अन् तुअ़ज़्ज़ि-ब व इम्मा अन् तत्तख़ि-ज फ़ीहिम् हुस्ना (८६)

قال الم ٢٢١ الكهف ١٨

قَالَ أَلَمْ أَقُلْ لَّكَ إِنَّكَ لَنْ تَسْتَطِيعَ مَعِيَ صَبْرًا ۝ قَالَ إِنْ
سَأَلْتُكَ عَنْ شَيْءٍ بَعْدَهَا فَلَا تُصَاحِبْنِي ۚ قَدْ بَلَغْتَ مِنْ لَّدُنِّي
عُذْرًا ۝ فَانْطَلَقَا حَتَّىٰ إِذَا أَتَيَا أَهْلَ قَرْيَةٍ اسْتَطْعَمَا أَهْلَهَا فَأَبَوْا
أَنْ يُضَيِّفُوهُمَا فَوَجَدَا فِيهَا جِدَارًا يُرِيدُ أَنْ يَنْقَضَّ فَأَقَامَهُ ۖ قَالَ
لَوْ شِئْتَ لَتَّخَذْتَ عَلَيْهِ أَجْرًا ۝ قَالَ هَٰذَا فِرَاقُ بَيْنِي وَبَيْنِكَ ۚ
سَأُنَبِّئُكَ بِتَأْوِيلِ مَا لَمْ تَسْتَطِعْ عَلَيْهِ صَبْرًا ۝ أَمَّا السَّفِينَةُ فَكَانَتْ
لِمَسَاكِينَ يَعْمَلُونَ فِي الْبَحْرِ فَأَرَدْتُ أَنْ أَعِيبَهَا وَكَانَ وَرَاءَهُمْ مَلِكٌ
يَأْخُذُ كُلَّ سَفِينَةٍ غَصْبًا ۝ وَأَمَّا الْغُلَامُ فَكَانَ أَبَوَاهُ مُؤْمِنَيْنِ فَخَشِينَا
أَنْ يُرْهِقَهُمَا طُغْيَانًا وَّكُفْرًا ۝ فَأَرَدْنَا أَنْ يُبْدِلَهُمَا رَبُّهُمَا خَيْرًا
مِّنْهُ زَكَاةً وَّأَقْرَبَ رُحْمًا ۝ وَأَمَّا الْجِدَارُ فَكَانَ لِغُلَامَيْنِ
يَتِيمَيْنِ فِي الْمَدِينَةِ وَكَانَ تَحْتَهُ كَنْزٌ لَّهُمَا وَكَانَ أَبُوهُمَا صَالِحًا ۚ
فَأَرَادَ رَبُّكَ أَنْ يَبْلُغَا أَشُدَّهُمَا وَيَسْتَخْرِجَا كَنْزَهُمَا ۖ رَحْمَةً مِّنْ
رَّبِّكَ ۚ وَمَا فَعَلْتُهُ عَنْ أَمْرِي ۚ ذَٰلِكَ تَأْوِيلُ مَا لَمْ تَسْطِعْ عَّلَيْهِ
صَبْرًا ۝ وَيَسْأَلُونَكَ عَنْ ذِي الْقَرْنَيْنِ ۖ قُلْ سَأَتْلُو عَلَيْكُمْ مِّنْهُ
ذِكْرًا ۝ إِنَّا مَكَّنَّا لَهُ فِي الْأَرْضِ وَآتَيْنَاهُ مِنْ كُلِّ شَيْءٍ سَبَبًا ۝
فَأَتْبَعَ سَبَبًا ۝ حَتَّىٰ إِذَا بَلَغَ مَغْرِبَ الشَّمْسِ وَجَدَهَا تَغْرُبُ فِي
عَيْنٍ حَمِئَةٍ وَّوَجَدَ عِنْدَهَا قَوْمًا ۗ قُلْنَا يَا ذَا الْقَرْنَيْنِ إِمَّا أَنْ

★रु० १०/१ आ १२

कहा, क्या मैं ने नहीं कहा था कि तुम से मेरे साथ सब्र नहीं हो सकेगा ? (७५) उन्हों ने कहा कि अगर मैं इस के बाद (फिर) कोई बात पूछूं, (यानी एतराज करूं), तो मुझे अपने साथ न रखिएगा कि आप मेरी तरफ़ से उज़्र (क़ुबूल करने में इंतिहा) को पहुंच गये। (७६) फिर दोनों चले, यहां तक कि एक गांव वालों के पास पहुंचे और उन से खाना तलब किया। उन्होंने उन की मेहमानी करने से इंकार किया। फिर उन्हों ने वहां एक दीवार देखी जो (झुक कर) गिरा चाहती थी तो (ख़िज़्र ने) उस को सीधा कर दिया। (मूसा ने) कहा कि अगर आप चाहते तो उन से (उस का) मुआवज़ा लेते, (ताकि खाने का काम चलता।) (७७) (ख़िज़्र ने) कहा कि अब मुझ में और तुम में अलगाव, (मगर) जिन बातों पर तुम सब्र न कर सके, मैं उन का तुम्हें भेद बताए देता हूं। (७८) (कि वह जो) कश्ती (थी) ग़रीब लोगों की थी, जो दरिया में मेहनत (कर के यानी कश्तियां चला कर गुज़ारा) करते थे और उन के सामने (की तरफ़) एक बादशाह था, जो हर एक कश्ती को ज़बर-दस्ती छीन लेता था, तो मैं ने चाहा कि उसे ऐबदार कर दूं (ताकि वह उसे ग़सब न कर सके)। (७९) और वह जो लड़का था, उस के मां-बाप दोनों मोमिन थे, हमें डर हुआ कि वह (बड़ा हो कर बद-किरदार होगा, कहीं) उन को सर-कशी और कुफ़्र में न फंसा दे।[1] (८०) तो हम ने चाहा कि उनका परवरदिगार उस की जगह उन को और (बच्चा) अता फ़रमाए जो पाक-मिज़ाजी में बेहतर और मुहब्बत में ज़्यादा क़रीब हो। (८१) और वह जो दीवार थी, सो दो यतीम लड़कों की थी (जो) शहर में (रहते थे) और उस के नीचे उन का ख़ज़ाना (दफ़न) था और उन का बाप एक नेक आदमी था, तो तुम्हारे परवरदिगार ने चाहा कि वे अपनी जवानी को पहुंच जाएं और (फिर) अपना ख़ज़ाना निकालें। यह तुम्हारे परवरदिगार की मेहरबानी है और ये काम मैं ने अपनी तरफ़ से नहीं किए। यह उन बातों की हक़ीक़त है, जिन पर तुम सब्र न कर सके। (८२) ★

और तुम से ज़ुलक़र्नैन के बारे में पूछते हैं। कह दो कि मैं उस का किसी क़दर हाल पढ़ कर सुनाता हूं। (८३) हम ने उस को ज़मीन में बड़ी दस्तरस (पहुंच) दी थी और हर तरह का सामान अता किया था। (८४) तो उसने (सफ़र का) एक सामान किया। (८५) यहां तक कि जब सूरज के डूब जाने की जगह पहुंचा तो उसे ऐसा पाया कि एक कीचड़ की नदी में डूब रहा है और उस (नदी) के पास एक क़ौम देखी। हम ने कहा, ज़ुलक़र्नैन ! तुम उन को चाहे तक्लीफ़ दो, चाहे उन (के बारे) में भलाई अख़्तियार करो, (दोनों बातों की तुम को क़ुदरत है)। (८६) (ज़ुलक़र्नैन ने) कहा कि

(पृष्ठ ४७७ का शेष)

इस लिए हुआ कि वह एक सूखी घास पर बैठे थे और वह उन के नीचे हरी-भरी हो गयी।

३. लफ़्ज़ों का तर्जुमा तो यह है कि एक लड़के से मिले, मगर ऐसे मौक़े पर इसी तरह बात करते हैं, जिस तरह हम ने लिखा है।

१. यानी चूंकि लड़का मां-बाप के तरीक़े पर न होता और कुफ़्र और सरकशी करता, इस लिए ख़िज़्र को यह डर हुआ कि जब यह लड़का बड़ा हो, तो उस के मां-बाप कहीं उस की मुहब्बत में अंधे हो कर कुफ़्र की ना-फ़रमानों में न फंस जाएं, इस लिए उस को मार डालना अल्लाह तआला के हुक्म से था।

का-ल अम्मा मन् ज़-ल-म फ़सौ-फ़ नुअ़ज़्ज़िबुहू सुम-म युरद्दु इला रब्बिही फ़युअ़ज़्ज़िबुहू अ़ज़ाबन् नुक्रा (८७) व अम्मा मन् आम-न व अ़मि-ल सालिहन् फ़-लहू जज़ा-अ-निल्-हुस्ना व स-नक़ूलु लहू मिन् अम्रिना युस्रा (८८) सुम्-म अत्-ब-अ स-ब-बा (८९) हत्ता इज़ा ब-ल-ग़ मत्-लिअ़श्-शम्सि व-ज-दहा तत्लुअु अ़ला क़ौमिल्लम् नज्अ़ल्लहुम् मिन् दूनिहा सित्रा (९०) कज़ालि-क, व क़द् अहत्-ना बिमा लदैहि ख़ुब्रा (९१) सुम्-म अत-ब-अ स-ब-बा (९२) हत्ता इज़ा ब-ल-ग़ बैनस्-सद्दैनि व-ज-द मिन् दूनिहिमा क़ौमल्-ला यकादू-न यफ़्क़हू-न क़ौला (९३) क़ालू याज़ल्-क़र्नैनि इन्-न यअ्जू-ज व मअ्जू-ज मुफ़्सिदू-न फ़िल्अर्ज़ि फ़-हल् नज्अ़लु ल-क ख़र्जन् अ़ला अन् तज्-अ़-ल बैनना व बैनहुम सद्दा (९४) क़ा-ल मा मक्कन्नी फ़ीहि रब्बी ख़ैरुन् फ़-अ-ईनूनी बिक़ुव्वतिन् अज्-अ़ल् बैनकुम् व बैनहुम् रद्मा (९५) आतूनी ज़ु-ब-रल्-हदीदि, हत्ता इज़ा सावा बैनस्स-द-फ़ैनि क़ालन्फ़ुख़ू, हत्ता इज़ा ज-अ़-लहू नारन् क़ा-ल आतूनी उफ़्रिग़् अ़लैहि क़ित्रा (९६) फ़-मस्ताअू अंय्यज़्हरूहु व मस्तताअू लहू नक़्बा (९७) क़ा-ल हाज़ा रह्-मतुम्मिर्-रब्बी फ़-इज़ा जा-अ वअ्-दु रब्बी ज-अ़-लहू दक्का-अ व का-न वअ्-दु रब्बी हक़्क़ा (९८) व त-रक्ना बअ्-ज़हुम् यौमइज़िंय्यमूजु फ़ी बअ्-ज़िंव्-व नुफ़ि-ख़ फ़िस्सूरि फ़-ज-मअ्-नाहुम् जम्अ़व्- (९९) -व अ़-रज़्ना जहन्न-म यौमइज़िल्लिल्-काफ़िरी-न अ़र्ज़ा (१००) अल्लज़ी-न कानत् अअ्-युनुहुम् फ़ी ग़ितांइन् अ़न् ज़िक्री व कानू ला यस्ततीअू-न सम्-आ ★ (१०१) अ-फ़-हसिबल्लज़ी-न क-फ़रू अंय्यत्तख़िज़ू अ़िबादी मिन् दूनी औलिया-अ, इन्ना अअ्-तद्ना जहन्न-म लिल्काफ़िरी-न नुज़ुला (१०२)

تُعَذِّبَ وَإِمَّآ أَنْ تَتَّخِذَ فِيهِمْ حُسْنًا ۝ قَالَ أَمَّا مَنْ ظَلَمَ فَسَوْفَ
نُعَذِّبُهُ ثُمَّ يُرَدُّ إِلَىٰ رَبِّهِ فَيُعَذِّبُهُ عَذَابًا نُّكْرًا ۝ وَأَمَّا مَنْ آمَنَ وَ
عَمِلَ صَالِحًا فَلَهُ جَزَآءً الْحُسْنَىٰ وَسَنَقُولُ لَهُ مِنْ أَمْرِنَا يُسْرًا ۝ ثُمَّ
أَتْبَعَ سَبَبًا ۝ حَتَّىٰ إِذَا بَلَغَ مَطْلِعَ الشَّمْسِ وَجَدَهَا تَطْلُعُ عَلَىٰ قَوْمٍ
لَّمْ نَجْعَل لَّهُم مِّن دُونِهَا سِتْرًا ۝ كَذَٰلِكَ وَقَدْ أَحَطْنَا بِمَا لَدَيْهِ
خُبْرًا ۝ ثُمَّ أَتْبَعَ سَبَبًا ۝ حَتَّىٰ إِذَا بَلَغَ بَيْنَ السَّدَّيْنِ وَجَدَ مِن
دُونِهِمَا قَوْمًا لَّا يَكَادُونَ يَفْقَهُونَ قَوْلًا ۝ قَالُوا يَا ذَا الْقَرْنَيْنِ إِنَّ
يَأْجُوجَ وَمَأْجُوجَ مُفْسِدُونَ فِي الْأَرْضِ فَهَلْ نَجْعَلُ لَكَ خَرْجًا عَلَىٰ
أَن تَجْعَلَ بَيْنَنَا وَبَيْنَهُمْ سَدًّا ۝ قَالَ مَا مَكَّنِّي فِيهِ رَبِّي خَيْرٌ فَأَعِينُونِي
بِقُوَّةٍ أَجْعَلْ بَيْنَكُمْ وَبَيْنَهُمْ رَدْمًا ۝ آتُونِي زُبَرَ الْحَدِيدِ حَتَّىٰ إِذَا سَاوَىٰ
بَيْنَ الصَّدَفَيْنِ قَالَ انفُخُوا حَتَّىٰ إِذَا جَعَلَهُ نَارًا قَالَ آتُونِي أُفْرِغْ عَلَيْهِ
قِطْرًا ۝ فَمَا اسْطَاعُوا أَن يَظْهَرُوهُ وَمَا اسْتَطَاعُوا لَهُ نَقْبًا ۝ قَالَ هَٰذَا
رَحْمَةٌ مِّن رَّبِّي فَإِذَا جَآءَ وَعْدُ رَبِّي جَعَلَهُ دَكَّآءَ وَكَانَ وَعْدُ رَبِّي
حَقًّا ۝ وَتَرَكْنَا بَعْضَهُمْ يَوْمَئِذٍ يَمُوجُ فِي بَعْضٍ وَنُفِخَ فِي الصُّورِ فَجَمَعْنَاهُمْ
جَمْعًا ۝ وَعَرَضْنَا جَهَنَّمَ يَوْمَئِذٍ لِّلْكَافِرِينَ عَرْضًا ۝ الَّذِينَ كَانَتْ أَعْيُنُهُمْ
فِي غِطَآءٍ عَن ذِكْرِي وَكَانُوا لَا يَسْتَطِيعُونَ سَمْعًا ۝ أَفَحَسِبَ الَّذِينَ
كَفَرُوا أَن يَتَّخِذُوا عِبَادِي مِن دُونِي أَوْلِيَآءَ إِنَّا أَعْتَدْنَا جَهَنَّمَ لِلْكَافِرِينَ

★रु. ११/२ आ ११

जो (कुफ़्र व बद-किरदारी से) जुल्म करेगा उसे हम अज़ाब देंगे, फिर (जब) वह अपने परवरदिगार की तरफ़ लौटाया जाएगा, तो वह भी उसे बुरा अज़ाब देगा। (८७) और जो ईमान लाएगा और नेक अमल करेगा, उस के लिए बहुत अच्छा बदला है और हम अपने मामले में (उस पर किसी तरह की सख्ती नहीं करेंगे, बल्कि) उस से नर्म बात कहेंगे। (८८) फिर उस ने एक और सामान (सफ़र का) किया। (८९) यहां तक कि सूरज के निकलने की जगह पर जा पहुंचा तो देखा कि वह ऐसे लोगों पर निकलता है, जिन के लिए हम ने सूरज के उस तरफ़ कोई ओट नहीं बनायी थी। (९०) (हक़ीक़त) यों (थी) और जो कुछ उस के पास था, हम को सब की ख़बर थी। (९१) फिर उस ने एक और सामान किया। (९२) यहां तक कि दो दीवारों के दर्मियान पहुंचा, तो देखा कि उन के उस तरफ़ कुछ लोग हैं कि बात को समझ नहीं सकते। (९३) उन लोगों ने कहा कि ज़ुलक़र्नैन! याजूज और माजूज ज़मीन में फ़साद करते रहते हैं। भला हम आपके लिए ख़र्च (का इंतिज़ाम) करदें कि आप हमारे और उन के दर्मियान एक दीवार खींच दें। (९४) (ज़ुलक़र्नैन ने) कहा कि ख़र्च की जो क़ुदरत ख़ुदा ने मुझे बख़्शी है, वह बहुत अच्छा है, तुम मुझे (बाज़ू) की ताक़त से मदद दो। मैं तुम्हारे और उन के दर्मियान एक मज़बूत ओट बना दूंगा। (९५) तुम लोहे के (बड़े-बड़े) तख़्ते लाओ, (चुनांचे काम जारी कर दिया गया), यहां तक कि जब उस ने दानों पहाड़ों के दर्मियान (का हिस्सा) बराबर कर दिया (और) कहा कि (अब इसे) धौंको, यहां तक कि जब उस को (धौंक-धौंक कर) आग कर दिया तो कहा कि (अब) मेरे पास तांबा लाओ कि उस पर पिघला कर डाल दूं। (९६) फिर उन में यह क़ुदरत न रही कि उस पर चढ़ सकें और न यह ताक़त रही कि उस में नक़ब लगा सकें। (९७) बोला कि यह मेरे परवरदिगार की मेहरबानी है। जब मेरे परवरदिगार का वायदा आ पहुंचेगा, तो उस को (ढा कर) हमवार कर देगा और मेरे परवरदिगार का वायदा सच्चा है।(९८) (उस दिन) हम उनको छोड़ देंगे कि(धरती पर फैल कर) एक दूसरे में घुस जाएंगे और सूर फूंका जाएगा, तो हम सब को जमा कर लेंगे। (९९) और उस दिन जहन्नम को काफ़िरों के सामने लाएंगे, (१००) जिन की आंखें मेरी याद से परदे में थीं और सुनने की ताक़त नहीं रखते थे। (१०१)★

31

क्या काफ़िर यह ख़्याल करते हैं कि वे हमारे बन्दों को हमारे सिवा (अपना) कारसाज़ बनाएंगे, (तो हम ख़फ़ा नहीं होंगे)। हम ने (ऐसे) काफ़िरों के लिए जहन्नम की मेहमानी तैयार

★रु. ११/२ आ १९

क़ुल् हल् नुनब्बिउकुम् बिल्-अख़्सरी-न अअ्-माला ◌ (१०३) अल्लज़ी-न ज़ल्-ल सअ्-युहुम् फ़िल्-ह़यातिद्दुन्या व हुम् यह्-सबू-न अन्नहुम् युह्सिनू-न सुन्आ (१०४) उलाइ-कल्लज़ी-न क-फ़रू बिआयाति रब्बिहिम् व लिक़ाइही फ़-ह़बितत् अअ्-मालुहुम् फ़ला नुक़ीमु लहुम् यौमल्क़ियामति वज़्ना (१०५) ज़ालि-क जज़ाउहुम् जहन्नमु बिमा क-फ़रू वत्त-ख़ज़ू आयाती व रुसुली हुज़ुवा (१०६) इन्नल्लज़ी-न आमनू व अमिलुस्सालिहाति कानत् लहुम् जन्नातुल्-फ़िर-दौसि नुज़ुला◌ (१०७) ख़ालिदी-न फ़ीहा ला यब्ग़ू-न अन्हा ह़ि-वला (१०८) क़ुल् लौ कानल्-बह़्रु मिदादल्लिकलिमाति रब्बी ल-नफ़िदल्-बह़्रु क़ब्-ल अन् तन्फ़-द कलिमातु रब्बी व लौ जिअ्ना बिमिस्लिही म - द-दा (१०९) क़ुल् इन्नमा अ-न ब-श-रुम् - मिस्लुकुम् यूहा इलय् - य अन्नमा इलाहुकुम् इलाहुंव्वाहि़दुन् फ़-मन् का-न यर्जू लिक़ा-अ रब्बिही फ़ल-यअ्-मल् अ-म-लन् सालिहंव-व ला युश्रिक् बिअिबादति रब्बिही अ - ह़ - दा★ (११०)

نزلا ۝ قل هل ننبئكم بالأخسرين أعمالا ۝ الذين ضل سعيهم
في الحياة الدنيا وهم يحسبون أنهم يحسنون صنعا ۝ أولئك الذين
كفروا بآيات ربهم ولقائه فحبطت أعمالهم فلا نقيم لهم يوم القيامة
وزنا ۝ ذلك جزاؤهم جهنم بما كفروا واتخذوا آياتي ورسلي هزوا ۝
إن الذين آمنوا وعملوا الصالحات كانت لهم جنات الفردوس نزلا ۝
خالدين فيها لا يبغون عنها حولا ۝ قل لو كان البحر مدادا لكلمات
ربي لنفد البحر قبل أن تنفد كلمات ربي ولو جئنا بمثله مددا ۝ قل
إنما أنا بشر مثلكم يوحى إلي أنما إلهكم إله واحد فمن كان يرجوا
لقاء ربه فليعمل عملا صالحا ولا يشرك بعبادة ربه أحدا ۝
[illegible]
بسم الله الرحمن الرحيم
كهيعص ۝ ذكر رحمت ربك عبده زكريا ۝ إذ نادى ربه نداء
خفيا ۝ قال رب إني وهن العظم مني واشتعل الرأس شيبا
ولم أكن بدعائك رب شقيا ۝ وإني خفت الموالي من ورائي
وكانت امرأتي عاقرا فهب لي من لدنك وليا ۝ يرثني ويرث
من آل يعقوب واجعله رب رضيا ۝ يا زكريا إنا نبشرك بغلام
اسمه يحيى لم نجعل له من قبل سميا ۝ قال رب أنى يكون

१९ सूरतु मर्य-म ४४

(मक्की) इस सूरः में अरबी के ३९८६ अक्षर, ९६८ शब्द, ९८ आयतें और ६ रुकूअ़ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह़्मानिर्रह़ीम ●

काफ़्-हा-या - अ़ैन् - साद् (१) ज़िक्रु रह्-मति रब्बि-क अ़ब्दहू ज़-करिय्या (२) इज़् नादा रब्बहू निदाअन् ख़फ़िय्या (३) क़ा-ल रब्बि इन्नी व-ह-नल्-अ़ज़्मु मिन्नी वश्त-अ़-लर्रअ्सु शैबव्-व लम् अकुम्-बिदुआइ-क रब्बि शक़िय्या (४) व इन्नी ख़िफ़्तुल्-मवालि-य मिंव्वराई व कानतिम्-र-अती आक़िरन् फ़-हब्-ली मिल्लदुन् - क वलिय्या ◌ (५) यरिसुनी व यरिसु मिन्आलि यअ्-क़ू-ब वज्-अ़ल्हु रब्बि रज़िय्या (६) या ज़करिय्या इन्ना नुबश्शिरु-क बिग़ुलामिनिस्मुहू यह़्या◌लम् नज्-अ़ल् लहू मिन् क़ब्लु समिय्या (७)

★रु. १२/३ आ ६

कर रखी है। (१०२) कह दो कि हम तुम्हें बताएं कि जो अमलों के लिहाज से बड़े नुक्सान में हैं, (१०३) वह लोग, जिन की कोशिश दुनिया की ज़िंदगी में बर्बाद हो गयी और वे समझे हुए हैं कि अच्छे काम कर रहे हैं। (१०४) ये वह लोग हैं जिन्हों ने अपने परवरदिगार की आयतों और उस के सामने जाने से इन्कार किया, तो उन के आमाल ज़ाया हो गये और हम क़ियामत के दिन उन के लिए कुछ भी वज़न क़ायम नहीं करेंगे।[1] (१०५) यह उन की सज़ा है (यानी) जहन्नम, इस लिए कि उन्हों ने कुफ़्र किया और हमारी आयतों और हमारे पैग़म्बरों की हंसी उड़ायी। (१०६) जो लोग ईमान लाए और नेक अमल किए, उन के लिए बहिश्त के बाग़ मेहमानी होंगे। (१०७) हमेशा उन में रहेंगे और वहां से मकान बदलना न चाहेंगे। (१०८) कह दो कि अगर समुन्दर मेरे परवरदिगार की बातों के (लिखने के) लिए स्याही हो, तो इस से पहले कि मेरे परवरदिगार की बातें पूरी हों, समुन्दर ख़त्म हो जाए, अगरचे जो हम वैसा ही और उस की मदद को लाएं। (१०९) कह दो कि मैं तुम्हारी तरह का एक बशर हूं, अल-बत्ता मेरी तरफ़ वह्य आती है कि तुम्हारा माबूद (वही) एक माबूद है, तो जो शख़्स अपने परवरदिगार से मिलने की उम्मीद रखे, चाहिए कि नेक अमल करे और अपने परवरदिगार की इबादत में किसी को शरीक न बनाए। (११०)★

१९ सूरः मर्यम ४४

सूरः मरयम मक्की है और इस में ९८ आयतें और छः रुकूअ हैं।

शुरू ख़ुदा का नाम ले कर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

काफ़-हा-या-ऐन-स्वाद, (१) (यह) तुम्हारे परवरदिगार की मेहरबानी का बयान (है, जो उस ने) अपने बन्दे ज़करीया पर (की थी), (२) जब उन्हों ने अपने परवरदिगार को दबी आवाज़ से पुकारा। (३) (और) कहा कि ऐ मेरे परवरदिगार! मेरी हड्डियां बुढ़ापे की वजह से कमज़ोर हो गयी हैं और सर शोला मारने लगा है[2] और ऐ मेरे परवरदिगार! मैं तुझ से मांग कर कभी महरूम नहीं रहा। (४) और मैं अपने बाद अपने भाई-बन्दों से डरता हूं और मेरी बीवी बांझ है, तो मुझे अपने पास से एक वारिस अता फ़रमा, (५) जो मेरी और याक़ूब की औलाद की मीरास का मालिक हो और (ऐ) मेरे परवरदिगार उस को ख़ुश अतवार (अच्छे तौर-तरीक़े वाला) बनाइयो।[3] (६) ऐ ज़करीया! हम तुम को एक लड़के की ख़ुशख़बरी देते हैं, जिस का नाम यह्या है। इस से पहले हम ने इस नाम का कोई शख़्स पैदा नहीं किया। (७) उन्हों ने कहा, परवरदिगार!

---

१. वे आख़िरत को मानते न थे, तो इस के वास्ते कुछ काम न किया, फिर एक पल्ला क्या तौलना?

२. यानी बालों की सफ़ेदी की वजह से सर आग की तरह चमकने लगा है।

३. मीरास के मालिक होने से मुराद नुबूवत का वारिस होना है, न कि माल व दौलत का, क्योंकि पैग़म्बर की नज़रों में माल व दौलत कुछ चीज़ नहीं होती, जिस के लिए ख़ुदा से वारिस मांगें। उन के नज़दीक जो चीज़ सब से बेहतर और विरासत के क़ाबिल है, वह ख़ुदा का दीन और उस के बन्दों की हिदायत है और पैग़म्बर से इन्हीं कामों के लिए ख़ुदा से औलाद मांगने की उम्मीद होनी चाहिए, साथ ही जैसा कि हदीस से साबित है, पैग़म्बर का माल ख़ुदा की राह में सद्क़ा होता है, उस का कोई वारिस नहीं होता।

★रु. १२/३ आ ९

क़ा-ल रब्बि अन्ना यकूनु ली ग़ुलामुंव्-व कानतिम्-र-अती आक़िरंव्-व क़द् ब-लग़्तु मिनल्कि-बरि अ़ितिय्या (८) क़ा-ल कज़ालि-क ८ क़ा-ल रब्बु-क हु-व अ़-लय्-य हय्यिनुंव्-व क़द् ख़-लक़्तु-क मिन् क़ब्लु व लम् तकु शैआ (९) क़ा-ल रब्बिज्-अ़ल्ली आ-य-तन् ৳ क़ा-ल आयतु-क अल्ला तुकल्लिमन्ना-स सला-स लयालिन् सविय्या (१०)

لي غلام وكانت امرأتي عاقرا وقد بلغت من الكبر عتيا ۝ قال
كذلك قال ربك هو علي هين وقد خلقتك من قبل ولم تك
شيئا ۝ قال رب اجعل لي آية قال آيتك ألا تكلم الناس ثلاث
ليال سويا ۝ فخرج على قومه من المحراب فأوحى إليهم أن سبحوا
بكرة وعشيا ۝ يا يحيى خذ الكتاب بقوة وآتيناه الحكم صبيا ۝
وحنانا من لدنا وزكاة وكان تقيا ۝ وبرا بوالديه ولم يكن
جبارا عصيا ۝ وسلام عليه يوم ولد ويوم يموت ويوم يبعث حيا ۝
واذكر في الكتاب مريم إذ انتبذت من أهلها مكانا شرقيا ۝ فاتخذت
من دونهم حجابا فأرسلنا إليها روحنا فتمثل لها بشرا سويا ۝
قالت إني أعوذ بالرحمن منك إن كنت تقيا ۝ قال إنما أنا رسول
ربك لأهب لك غلاما زكيا ۝ قالت أنى يكون لي غلام ولم يمسسني
بشر ولم أك بغيا ۝ قال كذلك قال ربك هو علي هين ولنجعله
آية للناس ورحمة منا وكان أمرا مقضيا ۝ فحملته فانتبذت
به مكانا قصيا ۝ فأجاءها المخاض إلى جذع النخلة قالت
يا ليتني مت قبل هذا وكنت نسيا منسيا ۝ فناداها من تحتها
ألا تحزني قد جعل ربك تحتك سريا ۝ وهزي إليك بجذع
النخلة تساقط عليك رطبا جنيا ۝ فكلي واشربي وقري عينا

फ़-ख़-र-ज अ़ला क़ौमिही मिनल्-मिह्राबि फ़औहा इलैहिम् अन् सब्बिहू बुक्-र-तंव्-व अ़शिय्या (११) या यह्या ख़ुज़िल्किता-ब बिक़ुव्वतिन् ৳ व आतैनाहुल् - हुक् - म सबिय्या ৶ (१२) व ह़नानम् - मिल्लदुन्ना व ज़कातन् ৳ व का - न तक़िय्या ৶ (१३) व बर्रम्-बिवालिदैहि व लम् यकुन् जब्बारन् अ़सिय्या (१४) व सलामुन् अ़लैहि यौ-म वुलि-द व यौ-म यमूतु व यौ-म युब्अ़सु हय्या ★ (१५) वज़्कुर् फ़िल्किताबि मर्यम ※ इज़िन - त - ब-ज़त् मिन् अह्लिहा मकानन् शर्क़िय्या ৶ (१६) फ़त्त - ख़ - ज़त् मिन् दूनिहिम् हिजाबन् ※ फ़ - अर्सल्ना इलैहा रूहना फ़-त-मस्स-ल लहा ब-श-रन् सविय्या (१७) क़ालत् इन्नी अऊ़ज़ु बिर्रह्मानि मिन्-क इन् कुन्-त तक़िय्या (१८) क़ा-ल इन्नमा अ-न रसूलु रब्बिकि लि-अ-ह-ब लकि ग़ुलामन् ज़किय्या (१९) क़ालत् अन्ना यकूनु ली ग़ुलामुंव्-व लम् यम्सस्नी ब-शरुंव्-व लम् अकु बग़िय्या ● (२०) क़ा-ल कज़ालिकि ८ क़ा-ल रब्बुकि हु-व अ़-लय्-य हय्यिनुन् ८ व लिनज्-अ़-लहू आयतल्लिन्नासि व रह्-म-तम्मिन्ना ८ व का-न अम्रम्-मक़्ज़िय्या (२१) फ़-ह-म-लत्हु फ़न्त-ब-ज़त् बिही मकानन् क़सिय्या (२२) फ़-अजा-अहल्-मख़ाज़ु इला जिज़्अ़िन्-नख़्लति ८ क़ालत् यालैतनी मित्तु क़ब्-ल हाज़ा व कुन्तु नस-यम्-मन्सिय्या (२३) फ़नादाहा मिन् तह्तिहा अल्ला तह़्ज़नी क़द् ज-अ़-ल रब्बुकि तह्-तकि सरिय्या (२४) व हुज़्ज़ी इलैकि बिजिज़्अ़िन्-नख़्लति तुसाक़ित् अ़लैकि रु-त-बन् जनिय्या ৴ (२५)

★रु. १/४ आ १५ ※व. लाज़िम ●रुबुअ़ १/४

मेरे यहां किस तरह लड़का पैदा होगा, जिस हाल में मेरी बीवी बांझ है और मैं बुढ़ापे की इन्तिहा को पहुंच गया हूं। (८) हुक्म हुआ कि इसी तरह (होगा) तुम्हारे परवरदिगार ने फ़रमाया है कि मुझे यह आसान है और मैं पहले तुम को भी तो पैदा कर चुका हूं और तुम कुछ चीज़ न थे। (९) कहा कि परवरदिगार! मेरे लिए कोई निशानी मुक़र्रर फ़रमा। फ़रमाया, निशानी यह है कि तुम सही व सालिम हो कर तीन(रात -दिन) लोगों से बात न कर सकोगे। (१०) फिर वह (इबादत के) हुज्रे से निकल कर अपनी क़ौम के पास आए, तो उन से इशारे से कहा कि सुबह व शाम (ख़ुदा को) याद करते रहो। (११) ऐ यह्या! (हमारी) किताब को ज़ोर से पकड़े रहो और हम ने उन को लड़कपन ही में हुक्म (दानाई) अता फ़रमायी थी। (१२) और अपने पास से शफ़क़त और पाकीज़गी (दी थी) और वह परहेज़गार थे। (१३) और मां-बाप के साथ नेकी करने वाले थे और सरकश (और) ना-फ़रमान नहीं थे। (१४) और जिस दिन पैदा हुए और जिस दिन वफ़ात पाएंगे और जिस दिन ज़िंदा कर के उठाए जाएंगे, उन पर सलाम और रहमत (है)। (१५)★

और किताब (क़ुरआन) में मरयम का भी ज़िक्र करो▨जब वह अपने लोगों से अलग हो कर पूरब की तरफ़ चली गयीं, (१६) तो उन्हों ने उन की तरफ़ से पर्दा कर लिया, (उस वक़्त) हम ने उन की तरफ़ अपना फ़रिश्ता भेजा, तो वह उनके सामने ठीक आदमी (की शक्ल) बन गया। (१७) (मरयम) बोलीं कि अगर तुम परहेज़गार हो तो मैं तुम से ख़ुदा की पनाह मांगती हूं। (१८) उन्होंने कहा कि मैं तो तुम्हारे परवरदिगार का भेजा हुआ (यानी फ़रिश्ता) हूं (और इस लिए आया हूं) कि तुम्हें पाकीज़ा लड़का बख़्शूं। (१९) (मरयम) ने कहा कि मेरे यहां लड़का कैसे होगा, मुझे किसी इंसान ने छुआ तक नहीं और मैं बद-कार भी नहीं हूं। (२०)●(फ़रिश्ते ने) कहा कि यों ही (होगा)। तुम्हारे परवरदिगार ने फ़रमाया कि यह मुझे आसान है और (मैं उसे इसी तरीक़े पर करूंगा) पैदा ताकि उस को लोगों के लिए अपनी तरफ़ से निशानी और रहमत (व मेहरबानी का ज़रिया) बनाऊं और यह काम मुक़र्रर हो चुका है। (२१) तो वह उस (बच्चे) के साथ हामिला हो गयीं और उसे ले कर एक दूर जगह चली गयीं। (२२) फिर दर्देज़ेह (बच्चा पैदा होने के वक़्त का दर्द) उन को खजूर के तने की तरफ़ ले आया। कहने लगीं कि काश मैं इस से पहले मर चुकती और भूली-बिसरी हो गयी होती। (२३) उस वक़्त उन के नीचे की तरफ़ से फ़रिश्ते ने उन को आवाज़ दी कि ग़मनाक न हो। तुम्हारे परवरदिगार ने तुम्हारे नीचे एक चश्मा पैदा कर दिया है। (२४) और खजूर के तने को पकड़ कर अपनी तरफ़ हिलाओ, तुम पर ताज़ा खजूरें झड़

★रु. १/४ आ १५ ▨व. लाज़िम ●रुबुअ १/४

फ़कुली वश-रबी व क़र्री अ़ैनन् फ़इम्मा त-र-यिन्-न मिनल्-ब-शरि अ-ह्-दन्
फ़कूली इन्नी न-ज़र्तु लिर्रह्मानि सौमन् फ़-लन् उकल्लिमल्-यौ-म इन्सिय्या
(२६) फ़-अ-तत् बिही क़ौमहा तह्-मिलुहू क़ालू या मर्यमु ल-क़द् जिअ्ति
शैअन् फ़रिय्या (२७) या उख़्-त हारू-न मा का-न अबूकिम्र-अ सौइंव्-व मा

कानत् उम्मुकि बग़िय्या (२८)
फ़-अशारत् इलैहि क़ालू कै-फ़ नुकल्लिमु
मन् का-न फ़िल्मह्दि सबिय्या (२९) क़ा-ल
इन्नी अ़ब्दुल्लाहि आतानियल् -
किता-ब व ज-अ़-लनी नबिय्या (३०)
व ज-अ़-लनी मुबारकन् ऐ-न मा कुन्तु
व औसानी बिस्सलाति वज़्ज़काति मादुम्तु
ह़य्या (३१) व बर्रम् -
बिवालिदती व लम् यज्-अ़ल्नी जब्बारन्
शक़िय्या (३२) वस्सलामु अ़-लय्-य यौ-म
वुलित्तु व यौ-म अमूतु व यौ-म उब्अ़सु
ह़य्या (३३) ज़ालि-क ई़सब्नु मर्य-म

تَرَيِنَّ مِنَ الْبَشَرِ أَحَدًا فَقُولِي إِنِّي نَذَرْتُ لِلرَّحْمَٰنِ صَوْمًا فَلَنْ
أُكَلِّمَ الْيَوْمَ إِنسِيًّا ۝ فَأَتَتْ بِهِ قَوْمَهَا تَحْمِلُهُ ۖ قَالُوا يَا مَرْيَمُ لَقَدْ جِئْتِ
شَيْئًا فَرِيًّا ۝ يَا أُخْتَ هَارُونَ مَا كَانَ أَبُوكِ امْرَأَ سَوْءٍ وَمَا كَانَتْ أُمُّكِ
بَغِيًّا ۝ فَأَشَارَتْ إِلَيْهِ ۖ قَالُوا كَيْفَ نُكَلِّمُ مَن كَانَ فِي الْمَهْدِ صَبِيًّا ۝
قَالَ إِنِّي عَبْدُ اللَّهِ آتَانِيَ الْكِتَابَ وَجَعَلَنِي نَبِيًّا ۝ وَجَعَلَنِي مُبَارَكًا
أَيْنَ مَا كُنتُ وَأَوْصَانِي بِالصَّلَاةِ وَالزَّكَاةِ مَا دُمْتُ حَيًّا ۝ وَبَرًّا
بِوَالِدَتِي وَلَمْ يَجْعَلْنِي جَبَّارًا شَقِيًّا ۝ وَالسَّلَامُ عَلَيَّ يَوْمَ وُلِدتُّ وَيَوْمَ
أَمُوتُ وَيَوْمَ أُبْعَثُ حَيًّا ۝ ذَٰلِكَ عِيسَى ابْنُ مَرْيَمَ ۚ قَوْلَ الْحَقِّ الَّذِي
فِيهِ يَمْتَرُونَ ۝ مَا كَانَ لِلَّهِ أَن يَتَّخِذَ مِن وَلَدٍ ۖ سُبْحَانَهُ ۚ إِذَا قَضَىٰ
أَمْرًا فَإِنَّمَا يَقُولُ لَهُ كُن فَيَكُونُ ۝ وَإِنَّ اللَّهَ رَبِّي وَرَبُّكُمْ فَاعْبُدُوهُ ۚ
هَٰذَا صِرَاطٌ مُّسْتَقِيمٌ ۝ فَاخْتَلَفَ الْأَحْزَابُ مِن بَيْنِهِمْ ۖ فَوَيْلٌ
لِّلَّذِينَ كَفَرُوا مِن مَّشْهَدِ يَوْمٍ عَظِيمٍ ۝ أَسْمِعْ بِهِمْ وَأَبْصِرْ يَوْمَ
يَأْتُونَنَا ۖ لَٰكِنِ الظَّالِمُونَ الْيَوْمَ فِي ضَلَالٍ مُّبِينٍ ۝ وَأَنذِرْهُمْ يَوْمَ
الْحَسْرَةِ إِذْ قُضِيَ الْأَمْرُ وَهُمْ فِي غَفْلَةٍ وَهُمْ لَا يُؤْمِنُونَ ۝ إِنَّا
نَحْنُ نَرِثُ الْأَرْضَ وَمَنْ عَلَيْهَا وَإِلَيْنَا يُرْجَعُونَ ۝ وَاذْكُرْ فِي
الْكِتَابِ إِبْرَاهِيمَ ۚ إِنَّهُ كَانَ صِدِّيقًا نَّبِيًّا ۝ إِذْ قَالَ لِأَبِيهِ يَا أَبَتِ لِمَ
تَعْبُدُ مَا لَا يَسْمَعُ وَلَا يُبْصِرُ وَلَا يُغْنِي عَنكَ شَيْئًا ۝ يَا أَبَتِ إِنِّي قَدْ

क़ौलल्-ह़क़्क़िल्लज़ी फ़ीहि यम्तरून (३४) मा का-न लिल्लाहि अंय्यत्तख़ि-ज़
मिंव् - ल-दिन् सुब्हानहू इज़ा क़ज़ा अम् - रन् फ़-इन्नमा यक़ूलु लहू
कुन् फ़-यकून (३५) व इन्नल्ला-ह रब्बी व रब्बुकुम् फ़अ़्-बुदूहु हाज़ा
सिरातुम् - मुस्तक़ीम (३६) फ़ख़्त - ल् - फ़ल् - अह्ज़ाबु मिम् - बैनिहिम्
फ़-वैलुल्-लिल्लज़ी - न क-फ़रू मिम् - मश्हदि यौमिन् अज़ीम (३७)
अस्मिअ़् बिहिम् व अब्सिर् यौ - म यअ्तूनना लाकिनिज़् - ज़ालिमूनल्-
यौ-म फ़ी ज़लालिम्-मुबीन (३८) व अन्-ज़िर्हुम् यौमल्-ह़स्-रति इज़्
क़ुज़ियल् - अम्रु व हुम् फ़ी ग़फ़्-लतिंव्हुम् ला युअ्मिनून (३९)
इन्ना नह्नु नरिसुल्अर्-ज़ व मन् अ़लैहा व इलैना युर्जअ़ून ★ (४०)
वज़् - कुर् फ़िल्किताबि इब्राही - म इन्नहू का - न सिद्दीक़न्
नबिय्या (४१) इज़् क़ा - ल लिअबीहि या-अ-बति लि-म तअ़् - बुदु
मा ला यस्मअ़ु व ला युब्सिरु व ला युग़्नी अ़न्-क शैआ (४२)

※ व. लाज़िम ★रु. २/५ आ २५

पड़ेगी। (२५) तो खाओ और पियो और आंखें ठंडी करो। अगर तुम किसी आदमी को देखो तो कहना कि मैं ने खुदा के लिए रोजे की मन्नत मानी, तो आज मैं किसी आदमी से हरगिज़ बात नहीं करूंगी। (२६) फिर वह उस (बच्चे) को उठा कर अपनी क़ौम के लोगों के पास ले आयीं। ये कहने लगे कि मरयम! यह तो तू ने बुरा काम किया। (२७) ऐ हारून की बहन![1] न तो तेरा बाप बुरी आदतों वाला था और न तेरी मां ही बद-कार थी। (२८) तो मरयम ने उस लड़के की तरफ़ इशारा किया। वह बोले कि हम इस से कि गोद का बच्चा है, किस तरह बात करें। (२९) (बच्चे ने) कहा कि मैं खुदा का बन्दा हूं, उस ने मुझे किताब दी है और नबी बनाया है। (३०) और मैं जहां हूं (और जिस हाल में हूं) मुझे बरकत वाला बनाया है और जब तक ज़िंदा हूं, मुझ को नमाज़ और ज़कात का हुक्म इर्शाद फ़रमाया है। (३१) और (मुझे) अपनी मां के साथ नेक सुलूक करने वाला (बनाया है) और सरकश व बद-बख़्त नहीं बनाया, (३२) और जिस दिन मैं पैदा हुआ, जिस दिन मैं मरूंगा और जिस दिन ज़िंदा कर के उठाया जाऊंगा, मुझ पर सलाम (व रहमत) है। (३३) यह मरयम के बेटे ईसा हैं (और यह) सच्ची बात है, जिसमें लोग शक करते हैं। (३४) खुदा की शान नहीं कि किसी को बेटा बनाए, वह पाक है, जब किसी चीज़ का इरादा करता है, तो उस को यही कहता है कि हो जा, तो वह हो जाती है। (३५) और बेशक खुदा ही मेरा और तुम्हारा परवरदिगार है, तो उसी की इबादत करो, यही सीधा रास्ता है। (३६) फिर (किताब वालों के) फ़िर्क़ों ने आपस में इख़्तिलाफ़ किया, सो जो लोग काफ़िर हुए हैं, उन को बड़े दिन (यानी क़ियामत के दिन) हाज़िर होने से ख़राबी है। (३७) वे जिस दिन हमारे सामने आएंगे, कैसे सुनने वाले और कैसे देखने वाले होंगे, मगर ज़ालिम आज खुली गुमराही में हैं। (३८) और उन को हसरत (व अफ़सोस) के दिन से डरा दो, जब बात फ़ैसला कर दी जाएगी और (अफ़सोस!) वे ग़फ़लत में (पड़े हुए) हैं और ईमान नहीं लाते। (३९) हम ही ज़मीन के और जो लोग उस पर (बसते) हैं, उन के वारिस हैं और हमारी ही तरफ़ उन को लौटना होगा। (४०) ★

और किताब में इब्राहीम को याद करो। बेशक वह निहायत सच्चे पैग़म्बर थे। (४१) जब उन्होंने अपने बाप से कहा कि अब्बा! आप ऐसी चीज़ों को क्यों पूजते हैं, जो न सुनें और न देखें

---

१. हारून से यहां वह हारून मुराद नहीं, जो हज़रत मूसा के भाई थे, क्योंकि वह हज़रत मरयम से मुद्दतों पहले हो गुज़रे थे यानी रिश्तेदारी के लिहाज़ से वह हारून मुराद नहीं हैं, बल्कि नेकी और परहेज़गारी में एक जैसे होने के एतबार से मुराद हैं, यानी तू हारून जैसी नेक और परहेज़गार थी, गोया उन की बहन थी, फिर तू ने यह काम किया। अली बिन तल्हा और सुद्दी ने कहा कि हारून की बहन इस लिए कहा गया कि वह हज़रत मूसा के भाई हारून की नस्ल से थीं और अरब की आदत है कि जो शख़्स जिस क़ौम और क़बीले का होता है उस को उस क़ौम और क़बीले का भाई कह कर पुकारते हैं, जैसे तमीमी को 'अख़ा तमीम' (तमीम के भाई) और मुज़री या 'अख़ा मुज़र' (मुज़र के भाई) कहते हैं। इसी तरह यहां भी हज़रत मरयम को हज़रत हारून की बहन कह कर पुकारा।

या-अ-बति इन्नी क़द् जा-अनी मिनल्-अ़िल्मि मा लम् यअ्-ति-क फ़त्तबिअ्-नी अह्-दि-क सि़रातन् सविय्या (४३) याअ-बति ला तअ्-बुदिश्शैता-न इन्नश्शैता-न का-न लिर्रह्मानि अ़सिय्या (४४) याअ-बति इन्नी अख़ाफ़ु अंय्य-मस्स-क अ़ज़ाबुम्-मिनर्रह्मानि फ़-तकू-न लिश्शैतानि वलिय्या (४५) क़ा-ल अ-राग़िबुन् अन् - त अन् आलिहती याइब्राहीमु लइल्लम् तन्तहि ल-अर्जुमन्न-क वह्जुर्नी मलिय्या (४६) क़ा-ल सलामुन् अ़लै-क स-अस्तग़फ़िरु ल-क रब्बी इन्नहू का - न बी ह़फ़िय्या (४७) व अअ्-तज़िलुकुम् व मा तद्अ़ू-न मिन् दूनिल्लाहि व अद्अ़ू रब्बी अ़सा अल्ला अकू-न बिदुआ - इ रब्बी शक़िय्या (४८) फ़-लम्मअ्-त-ज़-लहुम् व मा यअ्-बुदू-न मिन् दूनिल्लाहि व-हब्ना लहू इस्-हा-क़ व यअ्-क़ू-ब व कुल्लन् ज-अ़ल्ना नबिय्या (४९) व व-हब्ना लहुम् मिर्रह्मतिना व ज-अ़ल्ना लहुम् लिसा-न सि़द्क़िन् अ़लिय्या ★(५०) वज़्कुर् फ़िल्किताबि मूसा इन्नहू का-न मुख़्-ल-सव-व का-न रसूलन् नबिय्या (५१) व नादैनाहु मिन् जानिबित्तूरिल्-ऐ-मनि व क़र्रब्नाहु नजिय्या (५२) व व-हब्ना लहू मिर्रह्मतिना अख़ाहु हारू-न नबिय्या (५३) वज़्कुर् फ़िल्किताबि इस्माअ़ी-ल इन्नहू का-न सादिक़ल् - वअ्-दि व का-न रसूलन् नबिय्या (५४) व का-न यअ्मुरु अह्-लहू बिस्सलाति वज़्ज़काति व का-न अ़िन्-द रब्बिही मर्-ज़िय्या (५५) वज़्कुर् फ़िल्किताबि इद्री-स इन्नहू का-न सि़द्दीक़न् नबिय्या (५६) व र-फ़अ्-नाहु मकानन् अ़लिय्या (५७) उलाइ-कल्लज़ी-न अन्-अ़-मल्लाहु अ़लैहिम् मिनन्-नबिय्यी-न मिन् ज़ुर्रिय्यति आद-म व मिम्मन् ह़-मल्ना म-अ़ नूहिन् व मिन् ज़ुर्रिय्यति इब्राही-म व इस्राई - ल व मिम्मन् हदैना वज्तबैना इज़ा तुत्ला अ़लैहिम् आयातुर्रह्मानि ख़र्रू सुज्जदंव - व बुकिय्या □(५८)

جاءني من العلم ما لم يأتك فاتبعني أهدك صراطا سويا ۝ يا أبت
لا تعبد الشيطن إن الشيطن كان للرحمن عصيا ۝ يا أبت
إني أخاف أن يمسك عذاب من الرحمن فتكون للشيطن
وليا ۝ قال أراغب أنت عن آلهتي يا إبرهيم لئن لم تنته لأرجمنك
واهجرني مليا ۝ قال سلام عليك سأستغفر لك ربي إنه كان
بي حفيا ۝ وأعتزلكم وما تدعون من دون الله وأدعوا ربي
عسى ألا أكون بدعاء ربي شقيا ۝ فلما اعتزلهم وما يعبدون
من دون الله وهبنا له إسحق ويعقوب وكلا جعلنا نبيا ۝ و
وهبنا لهم من رحمتنا وجعلنا لهم لسان صدق عليا ۝ واذكر
في الكتب موسى إنه كان مخلصا وكان رسولا نبيا ۝ ونادينه
من جانب الطور الأيمن وقربنه نجيا ۝ ووهبنا له من رحمتنا
أخاه هرون نبيا ۝ واذكر في الكتب إسمعيل إنه كان صادق
الوعد وكان رسولا نبيا ۝ وكان يأمر أهله بالصلوة والزكوة
وكان عند ربه مرضيا ۝ واذكر في الكتب إدريس إنه كان
صديقا نبيا ۝ ورفعنه مكانا عليا ۝ أولئك الذين أنعم الله
عليهم من النبيين من ذرية آدم وممن حملنا مع نوح ومن
ذرية إبرهيم وإسرءيل وممن هدينا واجتبينا إذا تتلى عليهم

★रु. ३/६ आ १० □ सज्दः ५

और न आप के कुछ काम आ सकें। (४२) अब्बा ! मुझे ऐसा इल्म मिला है, जो आप को नहीं मिला, तो मेरे साथ होजिए, मैं आप को सीधी राह पर चला दूंगा। (४३) अब्बा ! शैतान की पूजा न कीजिए बेशक शैतान ख़ुदा का ना-फ़रमान है। (४४) अब्बा ! मुझे डर लगता है कि आप को ख़ुदा का अज़ाब आ पकड़े, तो आप शैतान के साथी हो जाएं। (४५) उस ने कहा कि इब्राहीम ! क्या तू मेरे माबूदों से बरगश्ता है ? अगर तू बाज़ न आएगा, तो मैं तुझे संगसार करूंगा और तू हमेशा के लिए मुझ से दूर हो जा। (४६) (इब्राहीम ने) "सलामुन अलैकुम" कहा (और कहा कि) मैं आपके लिए अपने परवरदिगार से बख़्शिश मांगूंगा। बेशक वह मुझ पर निहायत मेहरबान है। (४७) और मैं आप लोगों से और जिन को आप ख़ुदा के सिवा पुकारा करते हैं, उन से किनारा करता हूं और अपने परवरदिगार ही को पुकारूंगा। उम्मीद है कि मैं अपने परवरदिगार को पुकार कर महरूम नहीं रहूंगा। (४८) और जब इब्राहीम उन लोगों से और जिन की वे ख़ुदा के सिवा पूजा किया करते थे, अलग हो गये, तो हम ने उन को इस्हाक़ और (इस्हाक़ को) याक़ूब बख़्शे और सब को पैग़म्बर बनाया। (४९) और उन को अपनी रहमत से (बहुत-सी चीज़ें) इनायत कीं और उन का बेहतर ज़िक्र बुलंद किया। (५०)★

और किताब में मूसा का भी ज़िक्र करो। बेशक वह (हमारे) चुने हुए और भेजे हुए (रसूल) पैग़म्बर थे। (५१) और हम ने तूर की दाहिनी तरफ़ पुकारा और बातें करने के लिए नज़दीक बुलाया। (५२) और अपनी मेहरबानी से उन को उन का भाई हारून पैग़म्बर अता किया। (५३) और किताब में इस्माईल का भी ज़िक्र करो। वह वायदे के सच्चे और (हमारे) भेजे हुए नबी थे। (५४) और अपने घर वालों को नमाज़ और ज़कात का हुक्म करते थे और अपने परवरदिगार के यहां पसंदीदा (व बर्गुज़ीदा) थे। (५५) और किताब में इद्रीस का भी ज़िक्र करो। वह भी निहायत सच्चे नबी थे। (५६) और हम ने उन को ऊंची जगह उठा लिया था।[1] (५७) ये वह लोग हैं जिन पर ख़ुदा ने अपने पैग़म्बरों में से फ़ज़्ल किया (यानी) आदम की औलाद में से और उन लोगों में से जिन को हम ने नूह के साथ (कश्ती में) सवार किया और इब्राहीम और याक़ूब की औलाद में से और उन लोगों में से जिन को हम ने हिदायत दी और चुन लिया, जब उन के सामने हमारी आयतें पढ़ी जाती थीं तो सज्दे में गिर पड़ते और रोते रहते थे☐ (५८) फिर उन के बाद कुछ

---

१. यानी नुबूवत का बुलंद दर्जा या दुनिया में बुलंद मर्तबा बख़्शा था या यह कि आसमान की तरफ़ उठा लिया था।

★रु. ३/६ आ १०   ☐सज्दः ५

फ़-ख़-ल-फ़ मिम्बअ्-दिहिम् ख़ल्फ़ुन् अज़ाअुस्सला-त वत्तबअुश्श-ह-वाति फ़सौ-फ़ यल्क़ौ-न ग़य्या (५९) इल्ला मन् ता-ब व आम-न व अमि-ल सालिहन् फ़उलाइ-क यद्ख़ुलूनल्-जन्न-त व ला युज़्लमू-न शैआ (६०) जन्नाति अद्नि-नि-ल्लती व-अ-दर्रह़्मानु अिबादहू बिलग़ैबि इन्नहू का-न वअ्-दुहू मअ्तिय्या (६१) ला यस्मअू-न फ़ीहा लग़्-वन् इल्ला सलामन् व लहुम् रिज़्-क़ुहुम् फ़ीहा बुक-र-तंव्-व अशिय्या (६२) तिल्कल्-जन्नतुल्लती नूरिसु मिन् अिबादिना मन् का-न तक़िय्या (६३) व मा न-त-नज़्ज़लु इल्ला बिअम्रि रब्बि-क लहू मा बै-न ऐदीना व मा ख़ल्फ़ना व मा बै-न ज़ालि-क व मा का-न रब्बु-क नसिय्या (६४) रब्बुस्समावाति वल्अर्ज़ि व मा बैनहुमा फ़अ्-बुद्हु वस्तबिर् लिअिबादतिही हल् तअ्-लमु लहू समिय्या ★ (६५) व यक़ूलुल्-इन्सानु अ-इज़ा मा मित्तु ल-सौ-फ़ उख़्रजु ह़य्या (६६) अ-व ला यज़्कुरुल्-इन्सानु अन्ना ख़-लक़्नाहु मिन् क़ब्लु व लम् यकु शैआ (६७) फ़-व रब्बि-क ल-नह़्शुरन्नहुम् वश्शयाती-न सुम्-म ल-नुह़्ज़िरन्नहुम् हौ-ल जहन्न-म जिसिय्या (६८) सुम्-म ल-नन्ज़िअन्-न मिन् कुल्लि शीअतिन् अय्युहुम् अशद्दु अलर्रह़्मानि अितिय्या (६९) सुम्-म ल-नह़्नु अअ्-लमु बिल्लज़ी-न हुम् औला बिहा सिलिय्या (७०) व इम्-मिन्कुम् इल्ला वारिदुहा का-न अला रब्बि-क ह़त्मम्-मक़्ज़िय्या (७१) सुम्-म नुनज्जिल्लज़ीनत्तक़व्-व न-ज़-रुज़्ज़ालिमी-न फ़ीहा जिसिय्या (७२) व इज़ा तुत्ला अलैहिम् आयातुना बय्यिनातिन् क़ालल्लज़ी-न क-फ़रू लिल्लज़ी-न आमनू अय्युल्फ़रीक़ैनि ख़ैरुम्-मक़ामंव्-व अह़्सनु नदिय्या (७३) व कम् अह्-लक्ना क़ब्-लहुम् मिन् क़र्निन् हुम् अह़्-सनु असासंव्-व रिअ्या (७४)

ايت الرحمن خروا سجدا وبكيا ۩ فخلف من بعدهم خلف
اضاعوا الصلوة واتبعوا الشهوت فسوف يلقون غيا ۝ الا من
تاب وامن وعمل صالحا فاولئك يدخلون الجنة ولا يظلمون
شيئا ۝ جنت عدن التي وعد الرحمن عباده بالغيب انه كان
وعده ماتيا ۝ لا يسمعون فيها لغوا الا سلما ولهم رزقهم فيها بكرة
وعشيا ۝ تلك الجنة التي نورث من عبادنا من كان تقيا ۝ وما
نتنزل الا بامر ربك له ما بين ايدينا وما خلفنا وما بين ذلك و
ما كان ربك نسيا ۝ رب السموت والارض وما بينهما فاعبده و
اصطبر لعبادته هل تعلم له سميا ۝ ويقول الانسان ءاذا ما
مت لسوف اخرج حيا ۝ اولا يذكر الانسان انا خلقنه من قبل
ولم يك شيئا ۝ فوربك لنحشرنهم والشيطين ثم لنحضرنهم حول
جهنم جثيا ۝ ثم لننزعن من كل شيعة ايهم اشد على الرحمن
عتيا ۝ ثم لنحن اعلم بالذين هم اولى بها صليا ۝ وان منكم الا
واردها كان على ربك حتما مقضيا ۝ ثم ننجي الذين اتقوا و
نذر الظلمين فيها جثيا ۝ واذا تتلى عليهم ايتنا بينت قال
الذين كفروا للذين امنوا اي الفريقين خير مقاما واحسن
نديا ۝ وكم اهلكنا قبلهم من قرن هم احسن اثاثا ورءيا ۝

★रु॰ ४/७ आ १५

ना-ख़लफ़ उन के जानशीन हुए, जिन्होंने नमाज़ को (छोड़ दिया, गोया उसे) खो दिया और नफ़्स की ख़्वाहिशों के पीछे लग गये, बहुत जल्द उन को गुमराही (की सज़ा) मिलेगी। (५९) हां, जिस ने तौबा की और ईमान लाया और नेक अमल किए तो ऐसे लोग बहिश्त में दाख़िल होंगे और उन का कुछ नुक़्सान न किया जाएगा। (६०) (यानी) हमेशा की बहिश्त (में) जिस का ख़ुदा ने अपने बन्दों से वायदा किया है (और जो उन की आंखों से) छिपा हुआ (है।) बेशक उस का वायदा (नेकों के सामने) आने वाला है। (६१) वे उस में सलाम के सिवा कोई बेहूदा कलाम न सुनेंगे और उन के लिए सुबह व शाम खाना तैयार होगा।[1] (६२) यह वह जन्नत है जिस का हम अपने बन्दों में से ऐसे शख़्स को मालिक बनाएंगे, जो परहेज़गार होगा। (६३) और (फ़रिश्तों ने पैग़म्बर को जवाब दिया कि) हम तुम्हारे परवरदिगार के हुक्म के सिवा उतर नहीं सकते, जो कुछ हमारे आगे है और जो पीछे है और जो उन के दर्मियान है, सब उसी का है और तुम्हारा परवरदिगार भूलने वाला नहीं। (६४) (यानी) आसमान और ज़मीन और जो उन दोनों के दर्मियान है सब का परवरदिगार, तो उसी की इबादत करो और उस की इबादत पर साबित क़दम रहो, भला तुम कोई उस का हम-नाम (एक नाम वाला) जानते हो? (६५)★

और (काफ़िर) इंसान कहता है कि जब मैं मर जाऊंगा तो क्या ज़िंदा कर के निकाला जाऊंगा? (६६) क्या (ऐसा) इंसान याद नहीं करता कि हम ने उस को पहले भी तो पैदा किया था और वह कुछ भी चीज़ न था। (६७) तुम्हारे परवरदिगार की क़सम! हम उन को जमा करेंगे और शैतानों को भी, फिर इन सब को जहन्नम के गिर्द हाज़िर करेंगे (और वे) घुटनों पर गिरे हुए (होंगे)। (६८) फिर हर जमाअत में से हम ऐसे लोगों को खींच निकालेंगे, जो ख़ुदा से सख़्त सर-कशी करते थे। (६९) और हम उन लोगों को ख़ूब जानते हैं, जो उन में दाख़िल होने के ज़्यादा लायक़ हैं। (७०) और तुम में कोई (शख़्स) नहीं, मगर उसे उस पर गुज़रना होगा। यह तुम्हारे परवरदिगार पर ज़रूरी और मुक़र्रर है। (७१) फिर हम परहेज़गारों को निजात देंगे और ज़ालिमों को उस में घुटनों के बल पड़ा हुआ छोड़ देंगे। (७२) और जब उन लोगों के सामने हमारी आयतें पढ़ी जाती हैं, तो जो काफ़िर हैं, वे मोमिनों से कहते हैं कि दोनों फ़रीक़ में से मकान किस के अच्छे और मज्लिसों में से किस की बेहतर है? (७३) और हम ने उन से पहले बहुत-सी उम्मतें हलाक कर दीं। वे लोग (उन से) ठाट और दिखावे में कहीं अच्छे थे। (७४) कह दो कि जो शख़्स गुमराही में

१. बक-बक न सुनेंगे और सलामुन अलैकुम की आवाज़ सुनेंगे।

क़ुल् मन् का-न फ़िज़्ज़लालति फ़ल्-यम्दुद् लहुर्रह्मानु मद्-दा ʂ हत्ता इज़ा रऔ मा यूअदू-न इम्मल्-अज़ा-ब व इम्मस्सा-अ-त ɭ फ़-स-यअ्-ल-मू-न मन् हु-व शर्रुम्-मकानंव्-व अज़्अफ़ु जुन्दा (७५) व यज़ीदुल्लाहुल्-लज़ीनह्-तदौ हुदन् ɭ वल्बाक़ियातुस्-सालिहातु ख़ैरुन् अिन्-द रब्बि-क सवाबंव्-व ख़ैरुम्-म-रद्दा (७६) अ-फ़-रऐ-तल्लज़ी क-फ़-र बिआयातिना व क़ा-ल ल-ऊ-त-यन्-न मालंव्-व व-ल-दा ɭ (७७) अत्त-ल-अल्-ग़ै-ब अमित्त-ख़-ज़ अिन्दर्रह्मानि अह्-दा ʈ (७८) कल्ला ɭ स-नक्तुबु मा यक़ूलु व नमुद्दु लहू मिनल्-अज़ाबि मद्-दा ʈ (७९) व नरिसुहू मा यक़ूलु व यअ्तीना फ़र्दा (८०) वत्त-ख़ज़ू मिन् दूनिल्लाहि आलि-ह-तल्-लि-यकूनू लहुम् अिज़्ज़ा ʈ (८१) कल्ला ɭ स-यक्फ़ुरू-न बिअिबादतिहिम् व यकूनू-न अलैहिम् ज़िद्दा ★(८२) अ-लम् त-र अन्ना अर्सल्नश्-शयाती-न अ-लल्-काफ़िरी-न तउज़्ज़ुहुम् अज़्ज़ा ʈ (८३) फ़ला तअ्-जल् अलैहिम् ɭ इन्नमा नअुद्दु लहुम् अद्दा ʂ (८४) यौ-म नह्शुरुल्-मुत्तक़ी-न इलर्रह्मानि वफ़्-दा ʈ (८५) व नसूक़ुल्-मुजरिमी-न इला जहन्न-म विर्दा ※(८६) ला यम्लिकूनश्शफ़ा-अ-त इल्ला मनित्त-ख़-ज़ अिन्दर्रह्मानि अह्दा ※(८७) व क़ालुत्त-ख़-ज़र्रह्मानु व-ल-दा ɭ (८८) ल-क़द् जिअ्तुम् शैअन् इद्दा ʈ (८९) तकादुस्समावातु य-त-फ़त्तर-न मिन्हु व तन-शक़्क़ुल्अर्ज़ु व तख़िर्रुल्-जिबालु हद्दा ʈ (९०) अन् दऔ लिर्रह्मानि व-ल-दा ʂ (९१) व मा यम्बग़ी लिर्रह्मानि अंय्यत्तख़ि-ज़ व-ल-दा ɭ (९२) इन् कुल्लु मन् फ़िस्समावाति वल्-अर्ज़ि इल्ला आतिर्रह्मानि अब्दा ɭ (९३) ल-क़द् अह्साहुम् व अद्दहुम् अद्दा ɭ (९४) व कुल्लुहुम् आतीहि यौमल्क़ियामति फ़र्दा (९५) इन्नल्लज़ी-न आमनू व अमिलुस्सालिहाति स-यज्अलु लहुमुर्रह्मानु वुद्दा (९६)

قُلْ مَن كَانَ فِي الضَّلَالَةِ فَلْيَمْدُدْ لَهُ الرَّحْمَٰنُ مَدًّا ۚ حَتَّىٰ إِذَا رَأَوْا
مَا يُوعَدُونَ إِمَّا الْعَذَابَ وَإِمَّا السَّاعَةَ فَسَيَعْلَمُونَ مَنْ هُوَ شَرٌّ
مَّكَانًا وَأَضْعَفُ جُندًا ۝ وَيَزِيدُ اللَّهُ الَّذِينَ اهْتَدَوْا هُدًى ۗ وَالْبَاقِيَاتُ
الصَّالِحَاتُ خَيْرٌ عِندَ رَبِّكَ ثَوَابًا وَخَيْرٌ مَّرَدًّا ۝ أَفَرَأَيْتَ الَّذِي كَفَرَ
بِآيَاتِنَا وَقَالَ لَأُوتَيَنَّ مَالًا وَوَلَدًا ۝ أَطَّلَعَ الْغَيْبَ أَمِ اتَّخَذَ عِندَ
الرَّحْمَٰنِ عَهْدًا ۝ كَلَّا ۚ سَنَكْتُبُ مَا يَقُولُ وَنَمُدُّ لَهُ مِنَ الْعَذَابِ
مَدًّا ۝ وَنَرِثُهُ مَا يَقُولُ وَيَأْتِينَا فَرْدًا ۝ وَاتَّخَذُوا مِن دُونِ اللَّهِ آلِهَةً
لِّيَكُونُوا لَهُمْ عِزًّا ۝ كَلَّا ۚ سَيَكْفُرُونَ بِعِبَادَتِهِمْ وَيَكُونُونَ عَلَيْهِمْ
ضِدًّا ۝ أَلَمْ تَرَ أَنَّا أَرْسَلْنَا الشَّيَاطِينَ عَلَى الْكَافِرِينَ تَؤُزُّهُمْ أَزًّا ۝
فَلَا تَعْجَلْ عَلَيْهِمْ ۖ إِنَّمَا نَعُدُّ لَهُمْ عَدًّا ۝ يَوْمَ نَحْشُرُ الْمُتَّقِينَ إِلَى الرَّحْمَٰنِ
وَفْدًا ۝ وَنَسُوقُ الْمُجْرِمِينَ إِلَىٰ جَهَنَّمَ وِرْدًا ۝ لَّا يَمْلِكُونَ الشَّفَاعَةَ
إِلَّا مَنِ اتَّخَذَ عِندَ الرَّحْمَٰنِ عَهْدًا ۝ وَقَالُوا اتَّخَذَ الرَّحْمَٰنُ وَلَدًا ۝
لَّقَدْ جِئْتُمْ شَيْئًا إِدًّا ۝ تَكَادُ السَّمَاوَاتُ يَتَفَطَّرْنَ مِنْهُ وَتَنشَقُّ الْأَرْضُ
وَتَخِرُّ الْجِبَالُ هَدًّا ۝ أَن دَعَوْا لِلرَّحْمَٰنِ وَلَدًا ۝ وَمَا يَنبَغِي لِلرَّحْمَٰنِ
أَن يَتَّخِذَ وَلَدًا ۝ إِن كُلُّ مَن فِي السَّمَاوَاتِ وَالْأَرْضِ إِلَّا آتِي الرَّحْمَٰنِ
عَبْدًا ۝ لَّقَدْ أَحْصَاهُمْ وَعَدَّهُمْ عَدًّا ۝ وَكُلُّهُمْ آتِيهِ يَوْمَ الْقِيَامَةِ
فَرْدًا ۝ إِنَّ الَّذِينَ آمَنُوا وَعَمِلُوا الصَّالِحَاتِ سَيَجْعَلُ لَهُمُ الرَّحْمَٰنُ

★रु० ५/८ आ १७ ※व० लाज़िम ※व० लाज़िम

पड़ा हुआ है, ख़ुदा उस को धीरे-धीरे मोहलत दिए जाता है, यहां तक कि जब उस चीज़ को देख लेंगे, जिस का उन से वायदा किया जाता है, ख़्वाह अज़ाब, और ख़्वाह क़ियामत तो (उस वक़्त) जान लेंगे कि मकान किस का बुरा है और लश्कर किस का कमज़ोर है। (७५) और जो लोग हिदायत पाए हुए हैं, ख़ुदा उन को ज़्यादा हिदायत देता है और नेकियां जो बाक़ी रहने वाली हैं, वे तुम्हारे परवरदिगार के बदले के लिहाज़ से ख़ूब और अंजाम के एतबार से बेहतर हैं। (७६) भला तुम ने उस शख़्स को देखा जिस ने हमारी आयतों से कुफ़्र किया और कहने लगा कि (अगर मैं नये सिरे से ज़िंदा हुआ भी तो यही) माल और औलाद मुझे (वहां) मिलेगा। (७७) क्या उस ने ग़ैब की ख़बर पा ली है, या ख़ुदा के यहां (से) अह्द ले लिया है ? (७८) हरगिज़ नहीं ! यह जो कुछ कहता है, हम उस को लिखते जाते और धीरे-धीरे अज़ाब बढ़ाते जाते हैं, (७९) और जो चीज़ें यह बताता है, उन के हम वारिस होंगे और यह अकेला हमारे सामने आएगा। (८०) और उन लोगों ने ख़ुदा के सिवा और माबूद बना लिए हैं, ताकि वह उन के लिए (इज़्ज़त व) मदद (की वजह) हों। (८१) हर गिज़ नहीं। वे (झूठे माबूद) उन की पूजा से इन्कार करेंगे और उन के दुश्मन (व मुख़ालिफ़) होंगे, (८२) ★

के मुताबिक़ बड़े ज़ोर से लड़ो। (५२) और वही तो है जिस ने दो नदियों को मिला दिया, एक का पानी मीठा है, प्यास बुझाने वाला और दूसरे का खारी है छाती जलाने वाला और दोनों के दर्मियान एक आड़ और मज़बूत ओट बना दी। (५३) और वही तो है, जिस ने पानी से आदमी पैदा किया, फिर उस को नसब वाला और दामादी रिश्ते वाला[1] बनाया और तुम्हारा परवरदिगार (हर तरह की) क़ुदरत रखता है। (५४) और ये लोग ख़ुदा को छोड़ कर ऐसी चीज़ की पूजा करते हैं कि जो न उन को फ़ायदा पहुंचा सके और न नुक़सान और काफ़िर अपने परवरदिगार की मुख़ालफ़त में बड़ा ज़ोर मारता है। (५५) और हमने (ऐ मुहम्मद!) तुम को सिर्फ़ ख़ुशी और अज़ाब की ख़बर सुनाने को भेजा है। (५६) कह दो कि मैं तुम से इस (काम) का मुआवज़ा नहीं मांगता। हां, जो शख़्स चाहे अपने परवरदिगार की तरफ़ (जाने का) रास्ता अख़्तियार कर ले। (५७) और उस (ख़ुदा-ए-) ज़िंदा पर भरोसा रखो जो (कभी) नहीं मरेगा और उस की तारीफ़ के साथ तस्बीह करते रहो और वह अपने बन्दों के गुनाहों से ख़बर रखने को काफ़ी है। (५८) जिस ने आसमानों और ज़मीन को और जो कुछ इन दोनों के दर्मियान है, छः दिन में पैदा किया, फिर अर्श पर जा ठहरा, (वह जिसका नाम रहमान यानी) बड़ा मेहरबान (है), तो उसका हाल किसी बा-ख़बर से मालूम कर लो, (५९) और जब इन (काफ़िरों) से कहा जाता है कि रहमान को सज्दा करो तो कहते हैं कि रहमान क्या? क्या जिसके लिए तुम हम से कहते हो, हम उस के आगे सज्दा करें? और उस से बिदकते हैं। (६०)★□

(और ख़ुदा) बड़ी बरकत वाला है, जिस ने आसमानों में बुर्ज बनाए और उन में (सूरज का निहायत रोशन) चिराग़ और चमकता हुआ चांद भी बनाया। (६१) और वही तो है जिस ने रात और दिन को एक-दूसरे के पीछे आने-(जाने) वाला बनाया।[2] (ये बातें) उस शख़्स के लिए, जो ग़ौर करना चाहे या शुक्र-गुज़ारी का इरादा करे (सोचने और समझने की हैं)। (६२) और ख़ुदा के बन्दे तो वे हैं जो ज़मीन पर आहिस्तगी से चलते हैं और जब जाहिल लोग उन से (जाहिलाना) बात-चीत करते हैं तो सलाम कहते हैं। (६३) और वे जो अपने परवरदिगार के आगे सज्दे कर के और (इज़्ज़त व अदब से) खड़े रह कर रातें बसर करते हैं। (६४) और वे जो दुआ मांगते रहते हैं कि ऐ परवरदिगार! दोज़ख़ के अज़ाब को हम से दूर रखियो कि उस का अज़ाब बड़ी तकलीफ़ की चीज़ है। (६५) और दोज़ख़ ठहरने और रहने की बहुत बुरी जगह है। (६६) और वे कि जब ख़र्च करते हैं तो न बे-जा उड़ाते हैं और न तंगी को काम में लाते हैं, बल्कि एतदाल के साथ, न

१. किसी का बाप, किसी का बेटा, किसी का ससुर, किसी का दामाद बना दिया।
२. जानशीं के यह मानी कि वह जाती है, तो यह आता है और यह जाता है तो वह आती है।

वल्लज़ी-न ला यद्अू-न म-अल्लाहि इलाहन् आख-र व ला यक़्तुलूनन्-नफ़्सल्लती हर्रमल्लाहु इल्ला बिल्हक़्क़ि व ला यज़्नू-न ‍ᶜ व मंय्यफ़्-अल् ज़ालि-क यल्-क़ असामंय- ‖ (६८) युज़ाअफ़् लहुल्अ़ज़ाबु यौमल्क़ियामति व यख़्लुद् फ़ीहि मुहाना (६९) इल्ला मन् ता-ब व आम-न व अमि-ल अ-म-लन् सालिहन् फ़-उलाइ - क युबद्दिलुल्लाहु सय्यिआतिहिम् ह-स-नातिन् ᵇ व कानल्लाहु ग़फ़ूरर्-रहीमा (७०) व मन् ता-ब व अमि-ल सालिहन् फ़-इन्नहू यतूबु इलल्लाहि मताबा (७१) वल्लज़ी-न ला यश्हदूनज़्-ज़ू-र ‖ व इज़ा मर्रू बिल्लग्वि मर्रू किरामा (७२) वल्लज़ी-न इज़ा ज़ुक्किरू बिआयाति रब्बिहिम् लम् यख़िर्रू अ़लैहा सुम्मंव्-व अुम्याना (७३) वल्लज़ी-न यक़ूलू-न रब्बना हब्-लना मिन् अज़्वाजिना व ज़ुर्रिय्यातिना क़ुर्र - त अअ्-युनिंव्वज्अ़ल्ना लिल्मुत्तक़ी-न इमामा (७४) उलाइ-क युज्ज़ौनल्-ग़ुर्-फ़-त बिमा स-बरू व युलक़्क़ौ-न फ़ीहा तहिय्यतंव् - व सलामा ‖ (७५) ख़ालिदी-न फ़ीहा ᵇ हसुनत् मुस्तक़र्रंव्-व मुक़ामा (७६) क़ुल् मा यअ्-बउ बिकुम् रब्बी लौला दुआउकुम् ᶜ फ़-क़द् कज़्ज़ब्तुम् फ़सौ-फ़ यकूनु लिज़ामा ★●(७७)

والذين لا يدعون مع الله إلها آخر ولا يقتلون النفس التي حرم
الله إلا بالحق ولا يزنون ومن يفعل ذلك يلق أثاما ۝ يضاعف
له العذاب يوم القيامة ويخلد فيه مهانا ۝ إلا من تاب وآمن
وعمل عملا صالحا فأولئك يبدل الله سيئاتهم حسنات وكان الله
غفورا رحيما ۝ ومن تاب وعمل صالحا فإنه يتوب إلى الله
متابا ۝ والذين لا يشهدون الزور وإذا مروا باللغو مروا كراما ۝
والذين إذا ذكروا بآيات ربهم لم يخروا عليها صما وعميانا ۝ والذين
يقولون ربنا هب لنا من أزواجنا وذرياتنا قرة أعين واجعلنا
للمتقين إماما ۝ أولئك يجزون الغرفة بما صبروا ويلقون فيها
تحية وسلاما ۝ خالدين فيها حسنت مستقرا ومقاما ۝ قل ما
يعبؤا بكم ربي لولا دعاؤكم فقد كذبتم فسوف يكون لزاما ۝

سورة الشعراء

بسم الله الرحمن الرحيم
طسم ۝ تلك آيات الكتاب المبين ۝ لعلك باخع نفسك ألا يكونوا
مؤمنين ۝ إن نشأ ننزل عليهم من السماء آية فظلت أعناقهم
لها خاضعين ۝ وما يأتيهم من ذكر من الرحمن محدث إلا كانوا
عنه معرضين ۝ فقد كذبوا فسيأتيهم أنبؤا ما كانوا به

२६ सूरतुश्-शु-अराइ ४७

(मक्की) इस सूर: में अरबी के ५६८९ अक्षर, १३४७ शब्द, २२७ आयतें और ११ रुकूअ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीम •

ता-सीम्-मीम् (१) तिल्-क आयातुल्-किताबिल्-मुबीन (२) ल-अल्ल-क बाख़िअुन् नफ़्स-क अल्ला यकूनू मुअ्मिनीन (३) इन् न-शअ् नुनज़्ज़िल् अलैहिम् मिनस्समाइ आ-य-तन् फ़-ज़ल्लत् अअ्-नाक़ुहुम् लहा ख़ाज़िईन (४) व मा यअ्तीहिम् मिन् ज़िक्रिम्-मिनर्रह्मानि मुह्-दसिन् इल्ला कानू अन्हु मुअ्-रिज़ीन (५) फ़-क़द् कज़्ज़बू फ़-स-यअ्तीहिम् अम्बाउ मा कानू बिही यस्तह्ज़िऊन (६)

★रु. ६/४ आ १७ ● रुबअ १/४

ज़रूरत से ज़्यादा, न कम। (६७) और वे जो ख़ुदा के साथ किसी और माबूद को नहीं पुकारते और जिस जानदार को मार डालना ख़ुदा ने हराम किया है, उस को क़त्ल नहीं करते, मगर जायज़ तरीक़े (यानी शरीअत के हुक्म) से और बद-कारी नहीं करते और जो यह काम करेगा, सख़्त गुनाह में पड़ा होगा। (६८) क़ियामत के दिन उस को दूना अज़ाब होगा और ज़िल्लत व ख़्वारी से हमेशा उस में रहेगा। (६९) मगर जिस ने तौबा की और ईमान लाया और अच्छे काम किये तो ऐसे लोगों के गुनाहों को ख़ुदा नेकियों से बदल देगा और ख़ुदा तो बख़्शने वाला मेहरबान है। (७०) और जो तौबा करता और नेक अमल करता है, तो बेशक वह ख़ुदा की तरफ़ रुजूअ करता है। (७१) और वे जो झूठी गवाही नहीं देते और जब उन को बेहूदा चीज़ों के पास से गुज़रने का इत्तिफ़ाक़ हो तो बुज़ुर्गों जैसे अन्दाज़ से गुज़रते हैं। (७२) और वे कि जब उन को परवरदिगार की बातें समझायी जाती हैं तो उन पर अंधे और बहरे हो कर नहीं गिरते, (बल्कि ग़ौर व फ़िक्र से सुनते हैं)। (७३) और वे जो (ख़ुदा से) दुआ मांगते हैं कि ऐ परवरदिगार! हम को हमारी बीवियों की तरफ़ से (दिल का चैन) और औलाद की तरफ़ से आंख की ठंडक अता फ़रमा और हमें परहेज़गारों का इमाम बना। (७४) इन (ख़ूबियों के) लोगों को उन के सब्र के बदले ऊंचे-ऊंचे महल दिए जाएंगे और वहां फ़रिश्ते उन से दुआ व सलाम के साथ मुलाक़ात करेंगे। (७५) उसमें वे हमेशा रहेंगे और वह ठहरने और रहने की बहुत ही उम्दा जगह है। (७६) कह दो कि अगर तुम (ख़ुदा को) नहीं पुकारते तो मेरा परवरदिगार भी तुम्हारी कुछ परवाह नहीं करता। तुम ने झुठलाया है, सो उस की सज़ा (तुम्हारे लिए) लाज़िम (ज़रूरी) होगी। (७७) ★□

२६ सूर: शुअरा ४७

सूर: शुअरा मक्की है और इस में दो सौ सत्ताईस आयतें और ग्यारह रुकूअ हैं।

शुरू ख़ुदा का नाम लेकर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

त्वा-सीम्-मीम्। (१) ये रोशन किताब की आयतें हैं। (२) (ऐ पैग़म्बर!) शायद तुम इस (रंज) से कि ये लोग ईमान नहीं लाते, अपने आप को हलाक कर दोगे। (३) अगर हम चाहें तो इन पर आसमान से निशानी उतार दें, फिर इन की गरदनें उस के आगे झुक जाएं (४) और इन के पास (ख़ुदा-ए-) रहमान की तरफ़ से कोई नयी नसीहत नहीं आती, मगर उस से मुंह फेर लेते हैं (५) सो ये तो झुठला चुके, अब इन को उस चीज़ की हक़ीक़त मालूम होगी, जिस की हंसी उड़ाते

★रु. ६/४ आ १७ ● रुबअ १/४

अ-व-लम् यरौ इलल्अर्ज़ि कम् अम्बत्ना फ़ीहा मिन् कुल्लि ज़ौजिन् करीम (७) इन्-न फ़ी ज़ालि-क लआयतन् ᵀ व मा का-न अक्सरुहुम् मुअ्मिनीन (८) व इन्-न रब्ब-क लहुवल्-अज़ीज़ुर्रहीम ★ (९) व इज़् नादा रब्बु-क मूसा अनिअ्तिल्-क़ौमज़्-ज़ालिमीन ᵁ (१०) क़ौ-म फ़िर्औ - न ᵀ अला यत्तक़ू - न (११) क़ा - ल रब्बि इन्नी अख़ाफ़ु अंय्युकज़्ज़िबून ᵀ (१२) व यज़ीक़ु सद्री व ला यन्तलिक़ु लिसानी फ़-अर्सिल् इला हारून (१३) व लहुम् अ़-लय्-य ज़म्बुन् फ़-अख़ाफ़ु अंय्यक़्तुलून ᶜ (१४) क़ा - ल कल्ला ᶜ फ़ज़् - हबा बिआयातिना इन्ना म-अ़कुम् मुस्तमिअ़ून (१५) फ़अ्तिया फ़िर्औ-न फ़क़ूला इन्ना रसूलु रब्बिल् - आलमीन ᵁ (१६) अन् अर्सिल् म-अ़ना बनी इस्राईल ᵀ (१७) क़ा-ल अ-लम् नुरब्बि-क फ़ीना वलीदंव्-व लबिस्-त फ़ीना मिन् अुमुरि - क सिनीन ᵁ (१८) व फ़-अ़ल्-त फ़अ़-ल्-त-कल्लती फ़-अ़ल्-त व अन्-त मिनल्काफ़िरीन (१९) क़ा-ल फ़-अ़ल्तुहा इज़व्-व अ-न मिनज़्ज़ाल्लीन ᵀ (२०) फ़-फ़ररतु मिन्कुम् लम्मा ख़िफ़्तुकुम् फ़-व-ह-ब ली रब्बी हुक्मंव्-व ज-अ़-लनी मिनल्-मुर्सलीन (२१) व तिल्-क निअ्-मतुन् तमुन्नुहा अ़-लय्-य अन् अ़ब्बत्-त बनी इस्राईल ᵀ (२२) क़ा-ल फ़िर्औनु व मा रब्बुल्-आलमीन ᵀ (२३) क़ा-ल रब्बुस्समावाति वल्अर्ज़ि व मा बैनहुमा ᵀ इन् कुन्तुम् मूक़िनीन (२४) क़ा-ल लिमन् हौलहू अला तस्तमिअ़ून (२५) क़ा-ल रब्बुकुम् व रब्बु आबाइकुमुल्-अव्वलीन (२६) क़ा-ल इन्-न रसूलकुमुल्लज़ी उर्सि-ल इलैकुम् ल-मज्नून (२७) क़ा-ल रब्बुल्-मश्रिक़ि वल्-मग़्रिबि व मा बैनहुमा ᵀ इन् कुन्तुम् तअ्-क़िलून (२८)

الشعراء ٢٦ ٣٤٣ وقال الذين ١٩

يَسْتَهْزِءُوْنَ ۝ أَوَلَمْ يَرَوْا إِلَى الْأَرْضِ كَمْ أَنْۢبَتْنَا فِيْهَا مِنْ كُلِّ
زَوْجٍ كَرِيْمٍ ۝ إِنَّ فِيْ ذٰلِكَ لَآيَةً وَمَا كَانَ أَكْثَرُهُمْ مُؤْمِنِيْنَ ۝ وَ
إِنَّ رَبَّكَ لَهُوَ الْعَزِيْزُ الرَّحِيْمُ ۝ وَإِذْ نَادٰى رَبُّكَ مُوْسٰى أَنِ ائْتِ
الْقَوْمَ الظّٰلِمِيْنَ ۝ قَوْمَ فِرْعَوْنَ أَلَا يَتَّقُوْنَ ۝ قَالَ رَبِّ إِنِّيْ أَخَافُ
أَنْ يُكَذِّبُوْنِ ۝ وَيَضِيْقُ صَدْرِيْ وَلَا يَنْطَلِقُ لِسَانِيْ فَأَرْسِلْ
إِلٰى هٰرُوْنَ ۝ وَلَهُمْ عَلَيَّ ذَنْبٌ فَأَخَافُ أَنْ يَقْتُلُوْنِ ۝ قَالَ
كَلَّا فَاذْهَبَا بِآيٰتِنَا إِنَّا مَعَكُمْ مُسْتَمِعُوْنَ ۝ فَأْتِيَا فِرْعَوْنَ
فَقُوْلَا إِنَّا رَسُوْلُ رَبِّ الْعٰلَمِيْنَ ۝ أَنْ أَرْسِلْ مَعَنَا بَنِيْ إِسْرَآءِيْلَ ۝
قَالَ أَلَمْ نُرَبِّكَ فِيْنَا وَلِيْدًا وَلَبِثْتَ فِيْنَا مِنْ عُمُرِكَ سِنِيْنَ ۝ وَ
فَعَلْتَ فَعْلَتَكَ الَّتِيْ فَعَلْتَ وَأَنْتَ مِنَ الْكٰفِرِيْنَ ۝ قَالَ فَعَلْتُهَا
إِذًا وَّأَنَا مِنَ الضَّآلِّيْنَ ۝ فَفَرَرْتُ مِنْكُمْ لَمَّا خِفْتُكُمْ فَوَهَبَ لِيْ
رَبِّيْ حُكْمًا وَّجَعَلَنِيْ مِنَ الْمُرْسَلِيْنَ ۝ وَتِلْكَ نِعْمَةٌ تَمُنُّهَا عَلَيَّ
أَنْ عَبَّدْتَّ بَنِيْ إِسْرَآءِيْلَ ۝ قَالَ فِرْعَوْنُ وَمَا رَبُّ الْعٰلَمِيْنَ ۝ قَالَ
رَبُّ السَّمٰوٰتِ وَالْأَرْضِ وَمَا بَيْنَهُمَا إِنْ كُنْتُمْ مُوْقِنِيْنَ ۝
قَالَ لِمَنْ حَوْلَهُ أَلَا تَسْتَمِعُوْنَ ۝ قَالَ رَبُّكُمْ وَرَبُّ آبَآئِكُمُ
الْأَوَّلِيْنَ ۝ قَالَ إِنَّ رَسُوْلَكُمُ الَّذِيْ أُرْسِلَ إِلَيْكُمْ لَمَجْنُوْنٌ ۝
قَالَ رَبُّ الْمَشْرِقِ وَالْمَغْرِبِ وَمَا بَيْنَهُمَا إِنْ كُنْتُمْ تَعْقِلُوْنَ ۝

منزل

★ रु. १/५ आ ९

थे। (६) क्या उन्हों ने ज़मीन की तरफ़ नहीं देखा कि हम ने उस में हर क़िस्म की कितनी उम्दा चीज़ें उगायी हैं। (७) कुछ शक नहीं कि इस में (ख़ुदा की क़ुदरत की) निशानी है, मगर ये अक्सर ईमान लाने वाले नहीं (८) और तुम्हारा परवरदिगार ग़ालिब (और) मेहरबान है। (९) ★

और जब तुम्हारे परवरदिगार ने मूसा को पुकारा कि ज़ालिम लोगों के पास जाओ। (१०) (यानी) फ़िऔं न की क़ौम के पास, क्या यह डरते नहीं? (११) उन्हों ने कहा कि मेरे परवरदिगार मैं डरता हूं कि ये झूठा समझें। (१२) और मेरा दिल तंग होता है और मेरी ज़ुबान रुकती है, तो हारून को हुक्म भेज (कि मेरे साथ चलें)। (१३) और उन लोगों का मुझ पर एक गुनाह (यानी क़िब्ती के ख़ून का दावा) भी है, सो मुझे यह भी डर है कि मुझ को मार ही डालें (१४) फ़रमाया, हरगिज़ नहीं ! तुम दोनों हमारी निशानियां ले कर जाओ, हम तुम्हारे साथ सुनने वाले हैं। (१५) तो दोनों फ़िऔं न के पास जाओ और कहो कि हम तमाम जहान के मालिक के भेजे हुए हैं। (१६) (और इसलिए आए हैं) कि आप बनी इस्राईल को हमारे साथ जाने की इजाज़त दें। (१७) (फ़िऔं न ने मूसा से) कहा, क्या हम ने तुम को कि अभी बच्चे थे, परवरिश नहीं किया और तुम ने बर्षों हमारे यहां उम्र बसर (नहीं) की ? (१८) और तुम ने एक और काम किया था, जो किया, तुम ना-शुक्रे मालूम होते हो (१९) (मूसा ने) कहा कि (हां,) वह हरकत मुझ से अचानक हो गयी थी, और मैं ख़ताकारों में था। (२०) तो जब मुझे तुम से डर लगा तो तुम में से भाग गया, फिर ख़ुदा ने मुझ को नुबूवत व इल्म बख़्शा और मुझे पैग़म्बरों में से किया। (२१) और (क्या) यही एहसान है जो आप मुझ पर रखते हैं कि आप ने बनी इस्राईल को ग़ुलाम बना रखा है[1] (२२) फ़िऔं न ने कहा कि तमाम जहान का मालिक क्या ? (२३) कहा कि आसमानों और ज़मीन और जो कुछ इन दोनों में है, सब का मालिक, बशर्ते कि तुम लोगों को यक़ीन हो। (२४) फ़िऔं न ने अपने अहाली-मवाली से कहा कि क्या तुम सुनते नहीं ? (२५) (मूसा ने) कहा कि तुम्हारा और तुम्हारे पहले बाप-दादा का मालिक। (२६) (फ़िऔं न ने) कहा कि (यह) पैग़म्बर, जो तुम्हारी तरफ़ भेजा गया है, बावला है। (२७) (मूसा ने) कहा कि पूरब और पच्छिम और जो कुछ इन दोनों में है, सब का मालिक, बशर्ते कि तुम को समझ हो। (२८) (फ़िऔं न ने) कहा कि अगर तुम ने

---

१. गो मूसा अलैहिस्सलाम के साथ फ़िऔन ने सुलूक किया और उन की अच्छी तरह और एक मुद्दत तक परवरिश

(शेष पृष्ठ ५८५ पर)

★रु. १/५ आ ९

क़ा-ल ल-इनित्त-ख़ज़्-त इलाहन् ग़ैरी ल-अज्अ़लन्न-क मिनल्-मस्जूनीन (२९) क़ा-ल अ-वलौ जिअ्तु-क बिशैइम्-मुबीन (३०) क़ा-ल फ़अ्ति बिही इन् कुन्-त मिनस्सादिक़ीन (३१) फ़-अल्क़ा अ़साहु फ़-इज़ा हि-य सुअ्-बानुम्-मुबीनुं व- (३२) व न-ज़-अ़ य-दहू फ़इज़ा हि-य बैज़ाउ लिन्नाज़िरीन

★ (३३) क़ा-ल लिल-म-लइ हौलहू इन्-न हाज़ा ल-साहिरुन् अ़लीम (३४) युरीदु अंय्युख़्रि-जकुम् मिन् अर्ज़िकुम् बिसिह्रिही फ़ माज़ा तअ्मुरून (३५) क़ालू अर्जिह् व अख़ाहु वब्-अ़स् फ़िल्मदाइनि हाशिरीन (३६) यअ्तू-क बिकुल्लि सह्हारिन् अ़लीम (३७) फ़जुमिअ़स्स-ह-रतु लिमीक़ाति यौमिम्-मअ्लूम (३८) व क़ी-ल लिन्नासि हल् अन्तुम् मुज्तमिअ़ून (३९) ल-अ़ल्लना नत्तबिअ़ुस्स-ह-र-त इन् कानू हुमुल्-ग़ालिबीन (४०) फ़-लम्मा जाअस्स-ह-रतु क़ालू लिफ़िर्औ-न अ-इन्-न लना ल-अज्रन् इन् कुन्ना नह्नुल्-ग़ालिबीन (४१) क़ा-ल न-अ़म् व इन्नकुम् इज़ल्लमिनल्-मुक़र्रबीन (४२) क़ा-ल लहुम् मूसा अल्क़ू मा अन्तुम् मुल्क़ून (४३) फ़-अल्क़ौ हिबालहुम् व अ़िसिय्यहुम् व क़ालू बिअ़िज़्ज़ति फ़िर्औ-न इन्ना ल-नह्नुल्-ग़ालिबून (४४) फ़-अल्क़ा मूसा अ़साहु फ़-इज़ा हि-य तल्क़फ़ु मा यअ्फ़िकून (४५) फ़-उल्क़ियस्स-ह-रतु साजिदीन (४६) क़ालू आमन्ना बिरब्बिल्-आ़लमीन (४७) रब्बि मूसा व हारून (४८) क़ा-ल आमन्तुम् लहू क़ब्-ल अन् आ-ज़-न लकुम् इन्नहू लकबीरुकुमुल्लज़ी अ़ल्ल-मकुमुस्-सिह्-र फ़-ल-सौ-फ़ तअ्-लमू-न लउक़त्ति़अन्-न ऐदि-यकुम् व अर्जु-लकुम् मिन् ख़िलाफ़िंव-व लउसल्लिबन्-न-कुम् अज्मअ़ीन (४९) क़ालू ला ज़ै-र इन्ना इला रब्बिना मुन्क़लिबून (५०)

قال لئن اتخذت إلها غيري لأجعلنك من المسجونين ۝
قال أولو جئتك بشيء مبين ۝ قال فأت به إن كنت من
الصادقين ۝ فألقى عصاه فإذا هي ثعبان مبين ۝ ونزع
يده فإذا هي بيضاء للنظرين ۝ قال للملإ حوله إن هذا
لسحر عليم ۝ يريد أن يخرجكم من أرضكم بسحره فماذا
تأمرون ۝ قالوا أرجه وأخاه وابعث في المدائن حاشرين ۝
يأتوك بكل سحار عليم ۝ فجمع السحرة لميقات يوم معلوم ۝
وقيل للناس هل أنتم مجتمعون ۝ لعلنا نتبع السحرة إن
كانوا هم الغلبين ۝ فلما جاء السحرة قالوا لفرعون أئن
لنا لأجرا إن كنا نحن الغلبين ۝ قال نعم وإنكم
إذا لمن المقربين ۝ قال لهم موسى ألقوا ما أنتم ملقون ۝
فألقوا حبالهم وعصيهم وقالوا بعزة فرعون إنا لنحن الغلبون ۝
فألقى موسى عصاه فإذا هي تلقف ما يأفكون ۝ فألقي السحرة
سجدين ۝ قالوا آمنا برب العلمين ۝ رب موسى وهرون ۝
قال آمنتم له قبل أن آذن لكم إنه لكبيركم الذي علمكم
السحر فلسوف تعلمون لأقطعن أيديكم وأرجلكم من خلاف
ولأصلبنكم أجمعين ۝ قالوا لا ضير إنا إلى ربنا

मेरे सिवा किसी और को माबूद बनाया, तो मैं तुम्हें क़ैद कर दूंगा। (२६) (मूसा ने) कहा, चाहे मैं आप के पास रोशन चीज़ लाऊं (यानी मोजज़ा ?)। (३०) (फ़िऔं न ने) कहा, अगर सच्चे हो तो उसे लाओ (दिखाओ)। (३१) पस उन्हों ने अपनी लाठी डाल दी, तो वह उसी वक़्त खुला अज़्दहा बन गयी। (३२) और अपना हाथ जो निकाला, तो उसी दम देखने वालों के लिए सफ़ेद (बर्राक़) नज़र आने लगा। (३३) ★

फ़िऔं न ने अपने पास के सरदारों से कहा कि यह तो फ़न में कामिल जादूगर है। (३४) चाहता है कि तुम को अपने जादू (के ज़ोर) से अपने मुल्क से निकाल दे, तो तुम्हारी क्या राय है ? (३५) उन्हों ने कहा कि उस के और उस के भाई (के बारे में) कुछ ठहरिए और शहरों में नक़ीब भेज दीजिए, (३६) कि सब माहिर जादूगरों को (जमा कर के) आप के पास ले आएं। (३७) तो जादूगर एक मुक़र्रर दिन की मीयाद पर जमा हो गए (३८) और लोगों से कह दिया गया कि तुम (सब) को इकट्ठे हो जाना चाहिए, (३६) ताकि अगर जादूगर ग़ालिब रहें तो हम उन की पैरवी करने वाले हो जाएं। (४०) जब जादूगर आये, तो फ़िऔं न से कहने लगे कि अगर हम ग़ालिब रहें, तो हमें इनाम भी मिलेगा ? (४१) फ़िऔं न ने कहा, हां, और तुम मुक़र्रिबों में दाख़िल हो जाओगे। (४२) मूसा ने उन से कहा कि जो चीज़ डालनी चाहते हो, डालो। (४३) तो उन्हों ने अपनी रस्सियां और लाठियां डालीं और कहने लगे कि फ़िऔं न के इक़बाल की क़सम ! हम ज़रूर ग़ालिब रहेंगे। (४४) फिर मूसा ने अपनी लाठी डाली तो वह उन चीज़ों को, जो जादूगरों ने बनायी थीं, निगलने लगी। (४५) तब जादूगर सज्दे में गिर पड़े। (४६) (और) कहने लगे कि हम तमाम जहान के मालिक पर ईमान लाए, (४७) जो मूसा और हारून का मालिक है। (४८) फ़िऔं न ने कहा, क्या इस से पहले कि मैं तुम को इजाज़त दूं, तुम उस पर ईमान ले आए ? बेशक यह तुम्हारा बड़ा है, जिस ने तुम को जादू सिखाया है। सो बहुत जल्द तुम (इस का अंजाम) मालूम कर लोगे कि मैं तुम्हारे हाथ और पांव मुख़ालिफ़ तरफ़ से काट दूंगा और तुम सब को सूली पर चढ़ा दूंगा। (४६) उन्हों ने कहा, कुछ नुक़सान (की बात) नहीं। हम अपने परवरदिगार की

(पृष्ठ ५८३ का शेष)

की, मगर मूसा अलैहिस्सलाम ने अपने बारे में अपनी क़ौम का ज़्यादा ख़्याल किया, जिसे इस ज़ालिम ने निहायत ज़िल्लत की हालत में रखा था और ऊंचे ख़्याल वाले नेक दिल लोग अपनी ज़ात के बारे में हमेशा अपनी क़ौम की भलाए को अहम समझा करते हैं, इस लिए उन्हों ने फ़िऔंन का एहसान सुन कर यह जवाब दिया कि भला आप का मुझ पर यही एहसान है कि आप ने मेरी क़ौम को ग़ुलाम बना रखा और ज़िल्लत और मुसीबत में फंसा रखा है। एहसान तो तब था जब मेरी क़ौम के साथ भी सुलूक किया जाता।

★रु. २/६ आ २४

इन्ना नत्मअु अंय्यग़्फ़ि-र लना रब्बुना ख़तायाना अन् कुन्ना अव्वलल्-मुअ्मिनीन ★ (५१) व औहैना इला मूसा अन् अस्रि बिअिबादी इन्नकुम् मुत्तबअून (५२) फ़-अर्स-ल फ़िर्‌औनु फ़िल्मदाइनि हाशिरीन (५३) इन्-न हाउलाइ ल-शिर्ज़ि - म-तुन् क़लीलून (५४) व इन्नहुम् लना लग़ाइज़ून (५५) व इन्ना ल-जमीअुन् हाज़िरून (५६) फ़-अख़रज्-नाहुम् मिन् जन्नातिंव्-व अुयूनिंव्-(५७) व कुनूज़िंव्-व मक़ामिन् करीम (५८) कज़ालि-क व औरस्नाहा बनी इस्राईल (५९) फ़-अत्बअूहुम् मुश्रिक़ीन (६०) फ़-लम्मा तरा-अल् - जम्‌आनि क़ा-ल अस्हाबु मूसा इन्ना ल-मुद्‌रकून (६१) क़ा-ल कल्ला इन्-न मअि-य रब्बी स-यह्दीन (६२) फ़-औहैना इला मूसा अनिज़्रिब् बिअसाकल् - बह्-र फ़न्फ़-ल-क़ फ़-का-न कुल्लु फ़िर्क़िन् कत्तौदिल्-अज़ीम (६३) व अज़्-लफ़्ना सम्मल्-आख़रीन (६४) व अन्जैना मूसा व मम्-म-अहू अज्मअीन (६५) सुम् - म अग़्-रक़्नल्-आख़रीन (६६) इन् - न फ़ी ज़ालि-क लआ-यतन् व मा का-न अक्सरुहुम् मुअ्मिनीन (६७) व इन्-न रब्ब-क लहुवल्-अज़ीज़ुर्-रहीम ★ (६८) वत्लु अलैहिम् न - ब - अ इब्राहीम ▒ (६९) इज् क़ा - ल लिअबीहि व क़ौमिही मा तअ्-बुदून (७०) क़ालू नअ्-बुदु अस्-नामन् फ़-न-ज़ल्लु लहा आकिफ़ीन (७१) क़ा-ल हल् यस्मअूनकुम् इज् तद्‌अून (७२) औ यन्फ़अू-न कुम् औ यज़ुर्रून (७३) क़ालू बल् व-जद्ना आबा-अना कज़ालि-क यफ़-अलून (७४) क़ा-ल अ-फ़-रऐतुम् मा कुन्तुम् तअ्-बुदून (७५) अन्तुम् व आबाउकुमुल्-अक़्दमून (७६) फ़इन्नहुम् अदुव्वुल्ली इल्ला रब्बल् - आलमीन (७७) अल्लज़ी ख़-ल-क़नी फ़हु-व यह्दीन (७८) वल्लज़ी हु-व युत्‌अिमुनी व यस्क़ीन (७९) व इज़ा मरिज़्तु फ़हु - व यश्फ़ीन (८०)

مُنقَلِبُونَ ۝ إِنَّا نَطْمَعُ أَن يَغْفِرَ لَنَا رَبُّنَا خَطَايَانَا أَن كُنَّا أَوَّلَ
الْمُؤْمِنِينَ ۝ وَأَوْحَيْنَا إِلَىٰ مُوسَىٰ أَنْ أَسْرِ بِعِبَادِي إِنَّكُم مُّتَّبَعُونَ ۝
فَأَرْسَلَ فِرْعَوْنُ فِي الْمَدَائِنِ حَاشِرِينَ ۝ إِنَّ هَٰؤُلَاءِ لَشِرْذِمَةٌ
قَلِيلُونَ ۝ وَإِنَّهُمْ لَنَا لَغَائِظُونَ ۝ وَإِنَّا لَجَمِيعٌ حَاذِرُونَ ۝
فَأَخْرَجْنَاهُم مِّن جَنَّاتٍ وَعُيُونٍ ۝ وَكُنُوزٍ وَمَقَامٍ كَرِيمٍ ۝ كَذَٰلِكَ
وَأَوْرَثْنَاهَا بَنِي إِسْرَائِيلَ ۝ فَأَتْبَعُوهُم مُّشْرِقِينَ ۝ فَلَمَّا تَرَاءَى الْجَمْعَانِ
قَالَ أَصْحَابُ مُوسَىٰ إِنَّا لَمُدْرَكُونَ ۝ قَالَ كَلَّا ۖ إِنَّ مَعِيَ رَبِّي
سَيَهْدِينِ ۝ فَأَوْحَيْنَا إِلَىٰ مُوسَىٰ أَنِ اضْرِب بِّعَصَاكَ الْبَحْرَ ۖ فَانفَلَقَ
فَكَانَ كُلُّ فِرْقٍ كَالطَّوْدِ الْعَظِيمِ ۝ وَأَزْلَفْنَا ثَمَّ الْآخَرِينَ ۝ وَأَنجَيْنَا
مُوسَىٰ وَمَن مَّعَهُ أَجْمَعِينَ ۝ ثُمَّ أَغْرَقْنَا الْآخَرِينَ ۝ إِنَّ فِي ذَٰلِكَ
لَآيَةً ۖ وَمَا كَانَ أَكْثَرُهُم مُّؤْمِنِينَ ۝ وَإِنَّ رَبَّكَ لَهُوَ الْعَزِيزُ الرَّحِيمُ ۝
وَاتْلُ عَلَيْهِمْ نَبَأَ إِبْرَاهِيمَ ۝ إِذْ قَالَ لِأَبِيهِ وَقَوْمِهِ مَا تَعْبُدُونَ ۝
قَالُوا نَعْبُدُ أَصْنَامًا فَنَظَلُّ لَهَا عَاكِفِينَ ۝ قَالَ هَلْ يَسْمَعُونَكُمْ
إِذْ تَدْعُونَ ۝ أَوْ يَنفَعُونَكُمْ أَوْ يَضُرُّونَ ۝ قَالُوا بَلْ وَجَدْنَا آبَاءَنَا
كَذَٰلِكَ يَفْعَلُونَ ۝ قَالَ أَفَرَأَيْتُم مَّا كُنتُمْ تَعْبُدُونَ ۝ أَنتُمْ وَآبَاؤُكُمُ
الْأَقْدَمُونَ ۝ فَإِنَّهُمْ عَدُوٌّ لِّي إِلَّا رَبَّ الْعَالَمِينَ ۝ الَّذِي خَلَقَنِي
فَهُوَ يَهْدِينِ ۝ وَالَّذِي هُوَ يُطْعِمُنِي وَيَسْقِينِ ۝ وَإِذَا مَرِضْتُ

★रु. ३/७ आ १८ ★रु. ४/८ आ १७ ▒ व. लाज़िम

तरफ़ लौट जाने वाले हैं। (५०) हमें उम्मीद है कि हमारा परवरदिगार हमारे गुनाह बख़्श देगा, इस लिए कि हम पहले ईमान लाने वालों में हैं। (५१)★

और हम ने मूसा की तरफ़ वह्य भेजी कि हमारे बन्दों को रात को ले निकलो कि (फ़िऔं नियों की तरफ़ से) तुम्हारा पीछा किया जाएगा। (५२) तो फ़िऔं नियों ने शहरों में नक़ीब (एलानची) रवाना किए। (५३) (और कहा) कि ये लोग थोड़ी सी जमाअत हैं। (५४) और ये हमें ग़ुस्सा दिला रहे हैं। (५५) और हम सब साज़ और सामान के साथ हैं। (५६) तो हम ने उन को बाग़ों और चश्मों से निकाल दिया, (५७) और ख़ज़ानों और उम्दा मकानों से। (५८) (उन के साथ हम ने) इस तरह (किया) और इन चीज़ों का वारिस बनी इस्राईल को कर दिया। (५९) तो उन्हों ने सूरज निकलते (यानी सुबह को) उन का पीछा किया। (६०) जब दोनों जमाअतें आमने-सामने हुईं, तो मूसा के साथी कहने लगे कि हम तो पकड़ लिए गये। (६१) मूसा ने कहा, हर गिज़ नहीं, मेरा परवरदिगार मेरे साथ है, वह मुझे रास्ता बताएगा। (६२) उस वक़्त हम ने मूसा की तरफ़ वह्य भेजी कि अपनी लाठी दरिया पर मारो तो दरिया फट गया और हर एक टुकड़ा (यों) हो गया (कि) गोया बड़ा पहाड़ (है)। (६३) और दूसरों को वहां हमने क़रीब कर दिया। (६४) और मूसा और उन के साथ वालों को (तो) बचा लिया। (६५) फिर दूसरों को डुबो दिया[1]। (६६) बेशक इस (क़िस्से) में निशानी है, लेकिन ये अक्सर ईमान लाने वाले नहीं। (६७) और तुम्हारा परवरदिगार तो ग़ालिब और मेहरबान है। (६८)★

और उन को इब्राहीम का हाल पढ़ कर सुना दो, (६९) जब उन्हों ने अपने बाप और अपनी क़ौम के लोगों से कहा कि तुम किस चीज़ को पूजते हो? (७०) वे कहने लगे कि हम बुतों को पूजते हैं और उन (की पूजा) पर क़ायम हैं। (७१) (इब्राहीम ने) कहा कि जब तुम उन को पुकारते हो, तो क्या वे तुम्हारी (आवाज़) सुनते हैं? (७२) या तुम्हें फ़ायदा दे सकते या नुक़सान पहुंचा सकते हैं? (७३) उन्हों ने कहा, (नहीं), बल्कि हम ने अपने बाप-दादा को इसी तरह करते देखा है। (७४) (इब्राहीम ने) कहा, क्या तुम ने देखा कि जिन को तुम पूजते रहे हो, (७५) तुम भी और तुम्हारे अगले बाप-दादा भी, (७६) वे मेरे दुश्मन हैं, मगर (अल्लाह) रब्बुल आलमीन (मेरा दोस्त है), (७७) जिस ने मुझे पैदा किया है और वही मुझे रास्ता दिखाता है। (७८) और वह जो मुझे खिलाता और पिलाता है। (७९) और जब मैं बीमार पड़ता हूं, तो मुझे शिफ़ा बख़्शता

१. दूसरों से मुराद फ़िऔंन और उस की पैरवी करने वाले हैं।

वल्लज़ी युमीतुनी सुम्-म युह़यीन ⅄ (८१) वल्लज़ी अत़मअु अंय्यग़फ़ि-र ली ख़ती़अती यौमद्दीन ﻁ (८२) रब्बि हब् ली हुक्मंव-व अल्ह़िक़्नी बिस्सालिहीन⅄ (८३) वज्अ़ल्ली लिसा-न सिद्क़िन् फ़िल्आख़िरीन ⅄ (८४) वज्अ़ल्नी मिंव्व-र-सति जन्नतिन्नअ़ीम ⅄ (८५) वग़्फ़िर लिअबी इन्नहू का-न मिनज़्ज़ाल्लीन ⅄ (८६) व ला तुख़्ज़िनी यौ-म युब्-असून⅄ (८७) यौ-म ला यन्फ़अु मालुंव्-व ला बनून ⅄ (८८) इल्ला मन् अ-तल्ला-ह बिक़ल्बिन् सलीम ﻁ (८९) व उज़्लि-फ़तिल्-जन्नतु लिलमुत्तक़ीन⅄ (९०) व बुर्रिज़तिल्-जह़ीमु लिलग़ावीन⅄ (९१) व क़ी-ल लहुम् ऐनमा कुन्तुम् तअ्-बुदून⅄ (९२) मिन् दूनिल्लाहि ﻁ हल् यन्सुरूनकुम् औ यन्तसिरून ﻁ (९३) फ़कुब्किबू फ़ीहा हुम् वलग़ावू न⅄ (९४) व जुनूदु इब्ली-स अज्मअ़ून ﻁ (९५) क़ालू व हुम् फ़ीहा यख़्तसिमून⅄ (९६) तल्लाहि इन् कुन्ना लफ़ी ज़लालिम्-मुबीन ⅄ (९७) इज़् नुसव्वीकुम्

الشعراء ٢٦ — وقال الذين ١٩

فهو يشفين ۝ والذي يميتني ثم يحيين ۝ والذي أطمع أن يغفر لي
خطيئتي يوم الدين ۝ رب هب لي حكما وألحقني بالصالحين ۝
واجعل لي لسان صدق في الآخرين ۝ واجعلني من ورثة جنة
النعيم ۝ واغفر لأبي إنه كان من الضالين ۝ ولا تخزني يوم
يبعثون ۝ يوم لا ينفع مال ولا بنون ۝ إلا من أتى الله بقلب
سليم ۝ وأزلفت الجنة للمتقين ۝ وبرزت الجحيم للغاوين ۝
وقيل لهم أينما كنتم تعبدون ۝ من دون الله هل ينصرونكم أو
ينتصرون ۝ فكبكبوا فيها هم والغاوون ۝ وجنود إبليس أجمعون ۝
قالوا وهم فيها يختصمون ۝ تالله إن كنا لفي ضلال مبين ۝ إذ
نسويكم برب العالمين ۝ وما أضلنا إلا المجرمون ۝ فما لنا من
شافعين ۝ ولا صديق حميم ۝ فلو أن لنا كرة فنكون من
المؤمنين ۝ إن في ذلك لآية وما كان أكثرهم مؤمنين ۝ و
إن ربك لهو العزيز الرحيم ۝ كذبت قوم نوح المرسلين ۝
إذ قال لهم أخوهم نوح ألا تتقون ۝ إني لكم رسول أمين ۝
فاتقوا الله وأطيعون ۝ وما أسألكم عليه من أجر إن أجري
إلا على رب العالمين ۝ فاتقوا الله وأطيعون ۝ قالوا أنؤمن لك
واتبعك الأرذلون ۝ قال وما علمي بما كانوا يعملون ۝ إن

बिरब्बिल्-आलमीन (९८) व मा अज़ल्लना इल्लल्-मुज्रिमून (९९) फ़मा लना मिन् शाफ़िअ़ीन⅄ (१००) व ला सदीक़िन् ह़मीम (१०१) फ़लौ अन्-न लना कर्रतन् फ़-नकू-न मिनल्-मुअ्मिनीन (१०२) इन्-न फ़ी ज़ालि-क ल-आ-य-तन् ﻁ व मा का-न अक्सरुहुम् मुअ्मिनीन (१०३) व इन्-न रब्ब-क लहुवल्-अ़ज़ीज़ुर्-रह़ीम ★ (१०४) कज़्ज़बत् क़ौमु नूहि-निल्-मुर्सलीन ع (१०५) इज़् क़ा-ल लहुम् अख़ूहुम् नूहुन् अला तत्तक़ून ج (१०६) इन्नी लकुम् रसूलुन् अमीन ⅄ (१०७) फ़त्तक़ुल्ला-ह व अत़ीअ़ून ج (१०८) व मा अस्-अलुकुम् अ़लैहि मिन् अज्रिन्ज इन् अज्रि-य इल्ला अ़ला रब्बिल्-आ़लमीन ج (१०९) फ़त्तक़ुल्ला-ह व अत़ीअ़ून ﻁ (११०) क़ालू अ-नुअ्मिनु ल-क वत्तब-अ़कल्-अर्ज़लून ﻁ (१११) क़ा-ल व मा अ़िल्मी बिमा कानू यअ्-मलून ج (११२)

★रु. ५/६ आ ३६

है। (८०) और वह जो मुझे मारेगा (और) फिर जिंदा करेगा। (८१) और वह जिस से मैं उम्मीद रखता हूं कि क़ियामत के दिन मेरे गुनाह बख़्शेगा। (८२) ऐ परवरदिगार! मुझे इल्म और सूझ-बूझ अता फ़रमा और नेकों में शामिल कर। (८३) और पिछले लोगों में मेरा ज़िक्र (जारी) कर। (८४) और मुझे नेमत की बहिश्त के वारिसों में कर। (८५) और मेरे बाप को बख़्श दे कि वह गुमराहों में से है। (८६) और जिस दिन लोग उठा खड़े किए जाएंगे, मुझे रुसवा न कीजियो। (८७) जिस दिन न माल ही कुछ फ़ायदा दे सकेगा और न बेटे। (८८) हां, जो शख़्स ख़ुदा के पास पाक दिल ले कर आया, (वह बच जाएगा), (८९) और बहिश्त परहेज़गारों के क़रीब कर दी जाएगी। (९०) और दोज़ख़ गुमराहों के सामने लायी जाएगी। (९१) और उन से कहा जाएगा कि जिन को तुम पूजते थे, वे कहां हैं? (९२) (यानी जिन को) ख़ुदा के सिवा (पूजते थे) क्या वे तुम्हारी मदद कर सकते हैं या ख़ुद बदला ले सकते हैं? (९३) तो वे गुमराह (यानी बुत और बुतपरस्त) औंधे मुंह दोज़ख़ में डाल दिए जाएंगे। (९४) और शैतान के लश्कर सब के सब (जहन्नम में दाख़िल होंगे)। (९५) वहां वे आपस में झगड़ेंगे और कहेंगे, (९६) कि ख़ुदा की क़सम! हम तो खुली गुमराही में थे। (९७) जब कि तुम्हें (ख़ुदा-ए-) रब्बुल आलमीन के बराबर ठहराते थे, (९८) और हम को इन गुनाहगारों ही ने गुमराह किया था, (९९) तो (आज) न कोई हमारा सिफ़ारिश करने वाला है, (१००) और न गर्मजोश दोस्त। (१०१) काश, हमें (दुनिया में) फिर जाना हो, तो हम मोमिनों में हो जाएं। (१०२) बेशक इस में निशानी है और इन में अक्सर ईमान लाने वाले नहीं। (१०३) और तुम्हार परवरदिगार तो ग़ालिब और मेहरबान है। (१०४)★

नूह की क़ौम ने भी पैग़म्बरों को झुठलाया, (१०५) जब उन से उन के भाई नूह ने कहा कि तुम डरते क्यों नहीं? (१०६) मैं तो तुम्हारा अमानतदार पैग़म्बर हूं। (१०७) तो ख़ुदा से डरो और मेरा कहा मानो। (१०८) और मैं इस काम का तुम से बदला नहीं मांगता। मेरा बदला तो ख़ुदा-ए-रब्बुल आलमीन ही पर है। (१०९) तो ख़ुदा से डरो और मेरे कहने पर चलो। (११०) वे बोले कि क्या हम तुम को मान लें और तुम्हारी पैरवी करने वाले तो नीच लोग हुए हैं। (१११) (नूह ने)

★रु. ५/९ आ ३६

इन् हिसाबुहुम् इल्ला अला रब्बी लौ तश्अुरून ج (११३) व मा अ-न बितारिदिल् - मुअ्मिनीन ج (११४) इन् अ-न इल्ला नज़ीरुम् - मुबीन ط (११५) क़ालू ल-इल्लम् तन्तहि यानूहु ल-तकूनन्-न मिनल्-मर्जूमीन ط (११६) क़ा-ल रब्बि इन्-न क़ौमी कज़्ज़बून ع ● (११७) फ़फ़्-तह् बैनी व बैनहुम् फ़त्हंव्-व नज्जिनी व मम्मअि-य मिनल्-मुअ्मिनीन (११८) फ़-अन्जैनाहु व मम्म-अहू फ़िल्फ़ुल्किल्-मश्हून ج (११९) सुम् - म अग्-रक़्-ना बअ्-दुल्-बाक़ीन ط (१२०) इन्-न फ़ी ज़ालि-क ल-आ-य-तन् ط व मा का-न अक्सरुहुम्-मुअ्मिनीन (१२१) व इन्-न रब्ब-क लहुवल्-अज़ीज़ुर् - रहीम ★ (१२२) कज़्ज़-बत् आदु-निल् - मुर्सलीन ع (१२३) इज़् क़ा-ल लहुम् अख़ूहुम् हूदुन् अला तत्तक़ून ج (१२४) इन्नी लकुम् रसूलुन् अमीन ز (१२५) फ़त्तक़ुल्ला - ह व अतीअून ج (१२६) व मा अस्-अलुकुम् अलैहि मिन् अजिरन् ج इन् अजिर - य इल्ला अला रब्बिल् - आलमीन ط (१२७)

إن حسابهم إلا على ربي لو تشعرون ۝ وما أنا بطارد المؤمنين ۝
إن أنا إلا نذير مبين ۝ قالوا لئن لم تنته يا نوح لتكونن من
المرجومين ۝ قال رب إن قومي كذبون ۝ فافتح بيني وبينهم
فتحا ونجني ومن معي من المؤمنين ۝ فأنجيناه ومن معه
في الفلك المشحون ۝ ثم أغرقنا بعد الباقين ۝ إن في ذلك لآية
وما كان أكثرهم مؤمنين ۝ وإن ربك لهو العزيز الرحيم ۝
كذبت عاد المرسلين ۝ إذ قال لهم أخوهم هود ألا تتقون ۝
إني لكم رسول أمين ۝ فاتقوا الله وأطيعون ۝ وما أسألكم
عليه من أجر إن أجري إلا على رب العالمين ۝ أتبنون بكل
ريع آية تعبثون ۝ وتتخذون مصانع لعلكم تخلدون ۝ وإذا
بطشتم بطشتم جبارين ۝ فاتقوا الله وأطيعون ۝ واتقوا الذي
أمدكم بما تعلمون ۝ أمدكم بأنعام وبنين ۝ وجنات وعيون ۝
إني أخاف عليكم عذاب يوم عظيم ۝ قالوا سواء علينا أوعظت
أم لم تكن من الواعظين ۝ إن هذا إلا خلق الأولين ۝
وما نحن بمعذبين ۝ فكذبوه فأهلكناهم إن في ذلك لآية وما
كان أكثرهم مؤمنين ۝ وإن ربك لهو العزيز الرحيم ۝ كذبت ثمود
المرسلين ۝ إذ قال لهم أخوهم صالح ألا تتقون ۝ إني لكم

अ-तब्नू-न बिकुल्लि रीअिन् आ-य-तन् तअ्-बसून ز (१२८) व तत्तख़िज़ू-न मसानि-अ ल-अल्लकुम् तख़्लुदून ج (१२९) व इज़ा ब-तश्तुम् ब-तश्तुम् जब्बारीन ج (१३०) फ़त्तक़ुल्ला-ह व अतीअून ج (१३१) वत्तक़ुल्लज़ी अ-म-द्दकुम् बिमा तअ्-लमून ج (१३२) अ-मद्दकुम् बि-अन्आमिंव्-व बनीन ج (१३३) व जन्नातिंव्-व अुयूनिन् ج (१३४) इन्नी अख़ाफ़ु अलैकुम् अज़ा-ब यौमिन् अज़ीम ط (१३५) क़ालू सवाउन् अलैना अ व-अज़्-त अम् लम् तकुम्-मिनल् - वाअिज़ीन ز (१३६) इन् हाज़ा इल्ला ख़ुलुक़ुल् - अव्वलीन ز (१३७) व मा नह्नु बिमुअज़्ज़बीन ج (१३८) फ़कज़्ज़बूहु फ़अह्लक्नाहुम् ط इन्-न फ़ी ज़ालि-क लआ-य-तन् ط व मा का-न अक्सरुहुम् मुअ्मिनीन (१३९) व इन्-न रब्ब - क लहुवल् - अज़ीज़ुर् - रहीम ★(१४०) कज़्-ज - बत् समूदुल् - मुर्सलीन ع(१४१) इज़् क़ा - ल लहुम् अख़ूहुम् सालिहुन् अला तत्तक़ून ج (१४२) इन्नी लकुम् रसूलुन् अमीन ز (१४३)

● नि. १/२ ★रु. ६/१० आ १८ ★रु. ७/११ आ १८

कहा कि मुझे क्या मालूम कि वे क्या करते हैं। (११२) उन का हिसाबे (आमाल) मेरे परवरदिगार के ज़िम्मे है, काश ! तुम समझो। (११३) और मैं मोमिनों को निकाल देने वाला नहीं हूं। (११४) मैं तो सिर्फ़ खोल-खोल कर नसीहत करने वाला हूं। (११५) उन्हों ने कहा कि नूह अगर तुम मानोगे नहीं तो पत्थर मार-मार कर हलाक कर दिए जाओगे। (११६) (नूह ने) कहा कि परवरदिगार मेरी क़ौम ने तो मुझ को झुठला दिया ● (११७) सो तू मेरे और उन के दर्मियान एक खुला फ़ैसला कर दे और मुझे और जो मोमिन मेरे साथ हैं, उन को बचा ले। (११८) पस हम ने उन को और उन के साथ भरी हुई कश्ती में (सवार थे) उन को बचा लिया। (११९) फिर इस के बाद बाक़ी लोगों को डुबो दिया। (१२०) बेशक इस में निशानी है और इन में अक्सर ईमान लाने वाले नहीं थे। (१२१) और तुम्हारा परवरदिगार तो ग़ालिब (और) मेहरबान है। (१२२) ★

आद ने भी पैग़म्बरों को झुठलाया, (१२३) जब उन से उन के भाई हूद ने कहा, क्या तुम डरते नहीं ? (१२४) मैं तो तुम्हारा अमानतदार पैग़म्बर हूं। (१२५) तो ख़ुदा से डरो और मेरा कहा मानो। (१२६) और मैं इस का तुम से कुछ बदला नहीं मांगता। मेरा बदला (ख़ुदा-ए-) रब्बुल आलमीन के ज़िम्मे है। (१२७) भला तुम हर ऊंची जगह पर बेकार निशान तामीर करते हो। (१२८) और महल बनाते हो, शायद तुम हमेशा रहोगे।[1] (१२९) और जब (किसी को) पकड़ते हो, तो ज़ालिमाना पकड़ते हो। (१३०) तो ख़ुदा से डरो और मेरी इताअत करो। (१३१) और उस से, जिस ने तुम को उन चीज़ों से मदद दी, जिन को तुम जानते हो, डरो। (१३२) उस ने तुम्हें चारपायों और बेटों से मदद दी, (१३३) और बाग़ों और चश्मों से, (१३४) मुझ को तुम्हारे बारे में बड़े (सख़्त) दिन के अज़ाब का डर है। (१३५) वे कहने लगे, हमें नसीहत करो या न करो, हमारे लिए बराबर है। (१३६) ये तो अगलों के ही तरीक़े हैं।[2] (१३७) और हम पर कोई अज़ाब नहीं आएगा, (१३८) तो उन्हों ने हूद को झुठलाया, सो हम ने उन को हलाक कर डाला। बेशक इस में निशानी है और इन में अक्सर ईमान लाने वाले नहीं थे। (१३९) और तुम्हारा परवरदिगार तो ग़ालिब (और) मेहरबान है। (१४०) ★

(और) समूद (क़ौम) ने भी पैग़म्बरों को झुठलाया, (१४१) जब उन से उन के भाई सालेह ने कहा कि तुम डरते क्यों नहीं ? (१४२) में तो तुम्हारा अमानतदार पैग़म्बर हूं, (१४३) तो ख़ुदा

१. इन लोगों को बड़ा शौक़ था ऊंचे मज़बूत मीनारे बनाने का, जिस से कुछ काम न निकले, मगर नाम और रहने की इमारतें बड़े तकल्लुफ़ से माल ख़राब करते हो। बाग़े इरम इन्हीं का मशहूर है।

२. यानी अगले लोग भी इसी तरह बहिश्त की नेमतों की तारीफ़ें किया करते थे और दोज़ख़ के अज़ाब से डराया करते थे।

● नि. १/२ ★रु. ६/१० आ १८ ★रु. ७/११ आ १८

फ़त्तक़ुल्ला-ह व अतीअ़ून ج (१४४) व मा अस्-अलुकुम् अ़लैहि मिन् अज्रिन्‌ ج इन् अज्रि-य इल्ला अ़ला रब्बिल् - आलमीन ط (१४५) अतुत्रकू-न फ़ी मा हाहुना आमिनीन لا (१४६) फ़ी जन्नातिंव-व अ़ुयूनिंव-لا (१४७) व ज़ुरूअ़िंव-व नख़्लिन् तल्अ़ुहा हज़ीम ج (१४८) व तन्हितू-न मिनल्‌जिबालि बुयूतन् फ़ारिहीन ج (१४९) फ़त्तक़ुल्ला-ह व अतीअ़ून ج (१५०) व ला तुतीअ़ू अम्-रल्-मुस्रिफ़ीन لا (१५१) अल्लज़ी - न युफ़्सिदू-न फ़िल्‌अर्ज़ि व ला युस्लिहून (१५२) क़ालू इन्नमा अन्-त मिनल् - मुसह्-ह़रीन ج (१५३) मा अन्-त इल्ला ब-श-रुम्-मिस्लुना صلے ج फ़अ्ति बिआ - यतिन् इन् कुन्-त मिनस्सादिक़ीन (१५४) क़ा-ल हाज़िही ना-क़तुल्लहा शिर्बुंव्-व लकुम् शिर्बु यौमिम्-मअ़्लूम ج (१५५) व ला तमस्सूहा बिसूइन् फ़-यअ्ख़ु - ज़कुम् अ़ज़ाबु यौमिन् अ़ज़ीम (१५६) फ़-अ-क़रूहा फ़-अस्बहू नादिमीन لا (१५७) फ़-अ-ख़-ज़ - हुमुल्-अ़ज़ाबु ط इन्-न फ़ी ज़ालि-क ल-आ-यतन्‌ ط व मा का-न अक्सरुहुम्-मुअ्मिनीन (१५८) व इन्-न रब्ब-क लहुवल्-अ़ज़ीज़ुर्-रहीम ★ (१५९) कज़्ज़बत् क़ौमु लूति-निल्-मुर्सलीन صلے ج (१६०) इज़् क़ा - ल लहुम् अख़ूहुम् लूतुन् अला तत्तक़ून ج (१६१) इन्नी लकुम् रसूलुन् अमीन لا (१६२) फ़त्तक़ुल्ला-ह व अतीअ़ूनि ج (१६३) व मा अस्-अलुकुम् अ़लैहि मिन् अज्रिन्‌ ج इन् अज्रि-य इल्ला अ़ला रब्बिल्-आलमीन ط (१६४) अ-तअ्-तूनज़्ज़ुक्रा - न मिनल्-आलमीन لا (१६५) व त-ज़-रू-न मा ख़-ल-क़ लकुम् रब्बुकुम् मिन् अज़्वाजिकुम्‌ ط बल् अन्तुम् क़ौमुन् आदून (१६६) क़ालू ल-इल्लम् तन्तहि यालूतु ल-त-कूनन्-न मिनल्-मुख़्-रजीन (१६७) क़ा-ल इन्नी लि-अ-मलिकुम् मिनल्क़ालीन ط (१६८) रब्बि नज्जिनी व अह्-ली मिम्मा यअ्-मलून (१६९) फ़-नज्जैनाहु व अह्-लहू अज्मअ़ीन لا (१७०) इल्ला अ़जूज़न् फ़िल्‌ग़ाबिरीन ج (१७१) सुम्-म दम्मर्नल्-आख़रीन ج (१७२) व अम्तर्ना अ़लैहिम् म-त-रन्‌ ج फ़सा-अ म-त-रुल् - मुन्ज़रीन (१७३)

رسول امين ۝ فاتقوا الله واطيعون ۝ وما اسئلكم عليه من اجر
ان اجري الا على رب العلمين ۝ اتتركون في ما ههنا امنين ۝ في
جنت وعيون ۝ وزروع ونخل طلعها هضيم ۝ وتنحتون من
الجبال بيوتا فرهين ۝ فاتقوا الله واطيعون ۝ ولا تطيعوا امر
المسرفين ۝ الذين يفسدون في الارض ولا يصلحون ۝ قالوا
انما انت من المسحرين ۝ ما انت الا بشر مثلنا فات باية ان كنت
من الصدقين ۝ قال هذه ناقة لها شرب ولكم شرب يوم معلوم ۝
ولا تمسوها بسوء فياخذكم عذاب يوم عظيم ۝ فعقروها فاصبحوا
ندمين ۝ فاخذهم العذاب ان في ذلك لاية وما كان اكثرهم
مؤمنين ۝ وان ربك لهو العزيز الرحيم ۝ كذبت قوم لوط المرسلين ۝
اذ قال لهم اخوهم لوط الا تتقون ۝ اني لكم رسول امين ۝
فاتقوا الله واطيعون ۝ وما اسئلكم عليه من اجر ان اجري
الا على رب العلمين ۝ اتاتون الذكران من العلمين ۝ وتذرون
ما خلق لكم ربكم من ازواجكم بل انتم قوم عدون ۝ قالوا لئن
لم تنته يلوط لتكونن من المخرجين ۝ قال اني لعملكم من
القالين ۝ رب نجني واهلي مما يعملون ۝ فنجينه واهله اجمعين ۝
الا عجوزا في الغبرين ۝ ثم دمرنا الاخرين ۝ وامطرنا عليهم مطرا

★रु. ८/१२ आ १९

से डरो और मेरा कहा मानो, (१४४) और मैं इस का तुम से बदला नहीं मांगता। मेरा बदला (ख़ुदा-ए-) रब्बुल आलमीन के ज़िम्मे है। (१४५) क्या जो चीज़ें (तुम्हें) यहां (मिलती) हैं, उन में तुम बे-ख़ौफ़ छोड़ दिए जाओगे! (१४६) (यानी) बाग़ और चश्मे, (१४७) और खेतियां और खजूरें जिन के खोशे लतीफ़ और नाज़ुक होते हैं। (१४८) और तकल्लुफ़ से पहाड़ों को काट-काट कर घर बनाते हो, (१४९) तो ख़ुदा से डरो और मेरे कहे पर चलो। (१५०) और हद से आगे बढ़ जाने वालों की बात न मानो, (१५१) जो मुल्क में फ़साद करते हैं और सुधार नहीं करते। (१५२) वे कहने लगे कि तुम पर तो जादू की मार है। (१५३) तुम और कुछ नहीं, हमारी ही तरह के आदमी हो। अगर सच्चे हो तो कोई निशानी पेश करो। (१५४) (सालेह ने) कहा, (देखो) यह ऊंटनी है, (एक दिन) इस की पानी पीने की बारी है और एक तै दिन तुम्हारी बारी। (१५५) और इस को कोई तक्लीफ़ न देना, (नहीं तो) तुम को सख़्त अज़ाब आ पकड़ेगा। (१५६) तो उन्हों ने उस की कूचें काट डालीं, फिर शर्मिन्दा हुए। (१५७) सो उन को अज़ाब ने आ पकड़ा। बेशक इस में निशानी है और इन में अक्सर ईमान लाने वाले नहीं। (१५८) और तुम्हारा परवरदिगार तो ग़ालिब (और) मेहरबान है। (१५९)★

(और) लूत की क़ौम ने भी पैग़म्बरों को झुठलाया, (१६०) जब उन से उन के भाई लूत ने कहा कि तुम क्यों नहीं डरते? (१६१) मैं तो तुम्हारा अमानतदार पैग़म्बर हूं, (१६२) तो ख़ुदा से डरो और मेरा कहा मानो, (१६३) और मैं तुम से इस (काम) का बदला नहीं मांगता। मेरा बदला (ख़ुदा-ए-) रब्बुल-आलमीन के ज़िम्मे है। (१६४) क्या तुम अह्ले आलम (दुनिया वालों) में से लड़कों पर मायल होते हो? (१६५) और तुम्हारे परवरदिगार ने जो तुम्हारे लिए तुम्हारी बीवियां पैदा की हैं, उन को छोड़ देते हो। सच तो यह है कि तुम हद से निकल जाने वाले लोग हो। (१६६) वे कहने लगे कि लूत! अगर तुम मानोगे नहीं, तो देश-निकाला दे दिए जाओगे। (१६७) (लूत ने) कहा कि मैं तुम्हारे काम से सख़्त बेज़ार हूं। (१६८) ऐ मेरे परवरदिगार! मुझ को और मेरे घर वालों को इन के कामों (के वबाल से) निजात दे। (१६९) सो हमने उन को और उन के घर वालों को, सब को निजात दी। (१७०) मगर एक बुढ़िया कि पीछे रह गयी। (१७१) फिर हमने औरों को हलाक कर दिया। (१७२) और उन पर मेंह बरसाया, सो जो मेंह उन (लोगों) पर बरसा, जो

★रु. ८/१२ आ १९

इन्-न फ़ी ज़ालि-क ल-आ-य-तन् ♭ व मा का-न अक्सरुहुम् मुअ्मिनीन (१७४) व इन्-न रब्ब-क लहुवल् - अज़ीज़ुर्-रहीम ★ (१७५) कज़्ज़-ब अस्हाबुल्-ऐकतिल्-मुर्सलीन ♭ (१७६) इज़् क़ा - ल लहुम् शुअ़ैबुन् अला तत्तक़ून ♭ (१७७) इन्नी लकुम् रसूलुन् अमीन ॥ (१७८) फ़त्तक़ुल्ला-ह व अतीअ़ूनि ♭ (१७९) व मा अस्अलुकुम् अ़लैहि मिन् अज्रिन् ♭ इन् अज्रि-य इल्ला अ़ला रब्बिल्-आ़लमीन ♭ (१८०) औफ़ुल्कै-ल व ला तकूनू मिनल्-मुख़्सिरीन ♭ (१८१) व ज़िनू बिल्-क़िस्तासिल्-मुस्तक़ीम ♭ (१८२) व ला तब्ख़सुन्ना-स अश-या-अहुम् व ला तअ़्सौ फ़िल्अर्ज़ि मुफ़्सिदीन ♭ (१८३) वत्तक़ुल्लज़ी ख़-ल-क़कुम् वल् - जिबिल्ल-तल् - अव्वलीन ♭ (१८४) क़ालू इन्नमा अन्-त मिनल्-मुसह्-हरीन ॥ (१८५) व मा अन्-त इल्ला ब-श-रुम्-मिस्लुना व इन् नज़ुन्नु-क लमिनल्-काज़िबीन ♭ (१८६) फ़-अस्क़ित् अ़लैना कि-स-फ़म् - मिनस्समाइ इन् कुन् - त मिनस्सादिक़ीन ♭ (१८७) क़ा-ल रब्बी अअ़्-लमु बिमा तअ़्-मलून (१८८) फ़-कज़्ज़बूहु फ़-अ-ख़-ज़हुम् अ़ज़ाबु यौमिज़्ज़ुल्लति ♭ इन्नहू का-न अ़ज़ा-ब यौमिन् अ़ज़ीम (१८९) इन्-न फ़ी ज़ालि-क ल-आय-तन् ♭ व मा का-न अक्सरुहुम् मुअ्मिनीन (१९०) व इन्-न रब्ब-क लहुवल्-अज़ीज़ुर्-रहीम ★ (१९१) व इन्नहू ल-तन्ज़ीलु रब्बिल्-आ़लमीन ♭ (१९२) न-ज़-ल बिहिर्रूहुल्-अमीन ॥ (१९३) अ़ला क़ल्बि-क लितकू-न मिनल्-मुन्ज़िरीन ॥ (१९४) बिलिसानिन् अ़-रबिय्यिम् - मुबीन ♭ (१९५) व इन्नहू लफ़ी ज़ुबुरिल् अव्वलीन (१९६) अ-व-लम् यकुल्लहुम् आय-तन् अंय्यअ़्-ल-महू अ़ुलमाउ बनी इस्राई-ल ♭ (१९७) व लौ नज़्ज़ल्नाहु अ़ला बअ़्-ज़िल्-अअ़्-जमीन ॥ (१९८) फ़-क़-र-अहू अ़लैहिम् मा कानू बिही मुअ्मिनीन ♭ (१९९) कज़ालि-क स - लक्नाहु फ़ी क़ुलूबिल् - मुज्रिमीन ♭ (२००) ला युअ्मिनू - न बिही हत्ता य-र - वुल् - अ़ज़ाबल् - अलीम ॥ (२०१)

فساء مطر المنذرين ۝ إن في ذلك لآية وما كان أكثرهم
مؤمنين ۝ وإن ربك لهو العزيز الرحيم ۝ كذب أصحب لئيكة
المرسلين ۝ إذ قال لهم شعيب ألا تتقون ۝ إني لكم رسول
أمين ۝ فاتقوا الله وأطيعون ۝ وما أسئلكم عليه من أجر إن
أجري إلا على رب العلمين ۝ أوفوا الكيل ولا تكونوا من المخسرين ۝
وزنوا بالقسطاس المستقيم ۝ ولا تبخسوا الناس أشياءهم ولا
تعثوا في الأرض مفسدين ۝ واتقوا الذي خلقكم والجبلة الأولين ۝
قالوا إنما أنت من المسحرين ۝ وما أنت إلا بشر مثلنا وإن نظنك
لمن الكذبين ۝ فأسقط علينا كسفا من السماء إن كنت من
الصدقين ۝ قال ربي أعلم بما تعملون ۝ فكذبوه فأخذهم
عذاب يوم الظلة إنه كان عذاب يوم عظيم ۝ إن في ذلك لآية
وما كان أكثرهم مؤمنين ۝ وإن ربك لهو العزيز الرحيم ۝
وإنه لتنزيل رب العلمين ۝ نزل به الروح الأمين ۝ على قلبك
لتكون من المنذرين ۝ بلسان عربي مبين ۝ وإنه لفي زبر
الأولين ۝ أولم يكن لهم آية أن يعلمه علمؤا بني إسراءيل ۝
ولو نزلنه على بعض الأعجمين ۝ فقرأه عليهم ما كانوا به مؤمنين ۝
كذلك سلكنه في قلوب المجرمين ۝ لا يؤمنون به حتى يروا

★रु. ६/१३ आ १६ ★रु. १०/१४ आ १६

डराये गये थे, वह बुरा था। (१७३) बेशक इस में निशानी है और उन में अक्सर ईमान लाने वाले नहीं थे। (१७४) और तुम्हारा परवरदिगार तो ग़ालिब (और) मेहरबान है। (१७५)★

और बन के रहने वालों ने भी पैग़म्बरों को झुठलाया, (१७६) जब उन से शुऐब ने कहा कि तुम डरते क्यों नहीं, (१७७) मैं तो तुम्हारा अमानतदार पैग़म्बर हूं, (१७८) तो ख़ुदा से डरो और मेरा कहा मानो। (१७९) और मैं इस (काम) का तुम से कुछ बदला नहीं मांगता। मेरा बदला तो (ख़ुदा-ए-) रब्बुल आलमीन के ज़िम्मे है। (१८०) (देखो) पैमाना पूरा भरा करो और नुक़्सान न किया करो। (१८१) और तराज़ू सीधी रख कर तौला करो। (१८२) लोगों को उन की चीज़ें कम न दिया करो और मुल्क में फ़साद न करते फिरो। (१८३) और उस से डरो, जिसने तुम को और पहली ख़ल्क़त को पैदा किया। (१८४) वे कहने लगे कि तुम पर जादू हो गया है। (१८५) और तुम और कुछ नहीं, हम ही जैसे आदमी हो और हमारा ख़्याल है कि तुम झूठे हो। (१८६) अगर सच्चे हो तो हम पर आसमान से एक टुकड़ा ला गिराओ। (१८७) (शुऐब ने) कहा कि जो काम तुम करते हो, मेरा परवरदिगार उसे ख़ूब जानता है। (१८८) तो उन लोगों ने उन को झुठलाया, पस सायबान के अज़ाब ने उन को आ पकड़ा। बेशक वह बड़े (सख़्त) दिन का अज़ाब था। (१८९) इसमें यक़ीनन निशानी है और इनमें अक्सर ईमान लाने वाले नहीं थे। (१९०) और तुम्हारा परवरदिगार तो ग़ालिब (और) मेहरबान है। (१९१)★

और यह (क़ुरआन ख़ुदा-ए-) रब्बुल आलमीन का उतारा हुआ है। (१९२) इस को अमानतदार फ़रिश्ता लेकर उतरा है। (१९३) (यानी उस ने) तुम्हारे दिल पर (इल्क़ा किया है, यानी डाल दिया है) ताकि (लोगों को) नसीहत करते रहो। (१९४) (और इल्क़ा भी) खुली (ज़ोरदार) अरबी ज़ुबान में (किया है) (१९५) और इसकी ख़बर पहले पैग़म्बरों की किताबों में (लिखी हुई) है। (१९६) क्या उनके लिए यह सनद नहीं है कि बनी इस्राईल के उलेमा इस (बात) को जानते हैं। (१९७) और अगर हम इस को किसी ग़ैर ज़ुबान वाले पर उतारते। (१९८) और वह उसे उन (लोगों) को पढ़ कर सुनाता, तो ये उसे (कभी) न मानते। (१९९) इसी तरह हमने इंकार को गुनाहगारों के दिलों में दाख़िल कर दिया। (२००) वे जब तक दर्द देने वाला अज़ाब न

★रु. ९/१३ आ १६ ★रु. १०/१४ आ १६

फ़-यअ्ति-यहुम् बग़्-त-तंव-व हुम् ला यश्-अुरून॥ (२०२) फ़-यक़ूलू हल् नह्नु मुन्ज़रून॥ (२०३) अ-फ़-बिअ़ज़ाबिना यस्तअ्-जिलून (२०४) अ-फ़-रऐ-त इम्-मत्तअ्-नाहुम् सिनीन॥ (२०५) सुम्-म जा-अहुम् मा कानू यूअ़दून॥ (२०६) मा अग़्ना अ़न्हुम् मा कानू युमत्तअ़ून॥ (२०७) व मा अह्-लक्ना मिन् क़र् - यतिन् इल्ला लहा मुन्ज़िरून (२०८) ज़िक्रा क़िफ़ व मा कुन्ना ज़ालिमीन (२०९) व मा त-नज़्ज़-लत् बिहिश्शयातीन (२१०) व मा यम्बग़ी लहुम् व मा यस्ततीअ़ून॥ (२११) इन्नहुम् अ़निस्सम्अि ल-मअ्-ज़ूलून॥ (२१२) फ़ला तद्अु म-अ़ल्लाहि इलाहन् आख़-र फ़-तकू-न मिनल् - मुअ़ज़्ज़बीन ع (२१३) व अन्ज़िर् अ़शी-र-त-कल्-अक़्रबीन॥ (२१४) वख़्फ़िज़् जना-ह-क लिमनित्त-ब-अ-क मिनल्-मुअ्मिनीन ع (२१५) फ़-इन् अ़सौ - क फ़क़ुल् इन्नी बरीउम् - मिम्मा तअ़-मलून ع (२१६) व त-व-क्कल् अ़लल्-अ़ज़ीज़िर्रहीम॥ (२१७) अल्लज़ी यरा-क ही-न तक़ूम॥ (२१८) व तक़ल्लु-ब-क फ़िस्-साजिदीन (२१९) इन्नहू हुवस्समीअुल्-अ़लीम (२२०) हल् उनब्बिउकुम् अ़ला मन् त-नज़्ज़लुश्-शयातीन॥ (२२१) त-नज़्ज़लु अ़ला कुल्लि अफ़्फ़ाकिन् असीमिंय॥ (२२२) युल्क़ूनस्सम्-अ व अक्सरुहुम् काज़िबून॥ (२२३) वश्शु-अ़रा-उ यत्तबिअ़ुहुमुल्-ग़ावून॥ (२२४) अ-लम् त-र अन्नहुम् फ़ी कुल्लि वादिंय्यहीमून॥ (२२५) व अन्नहुम् यक़ूलू-न मा ला यफ़्-अ़लून॥ (२२६) इल्लल्लज़ी-न आमनू व अ़मिलुस्सालिहाति व ज़-क-रुल्ला-ह कसीरंव्वन्-त-सरू मिम्बअ़्-दि मा ज़ुलिमू॥ व स-यअ़्-लमुल्लज़ी-न ज़-लमू अय्-य मुन्क़लबिंय्यन्क़लिबून★ (२२७)

لْعَذَابَ الْأَلِيمَ ۝ فَيَأْتِيَهُم بَغْتَةً وَهُمْ لَا يَشْعُرُونَ ۝ فَيَقُولُوا هَلْ نَحْنُ
مُنظَرُونَ ۝ أَفَبِعَذَابِنَا يَسْتَعْجِلُونَ ۝ أَفَرَأَيْتَ إِن مَّتَّعْنَاهُمْ سِنِينَ ۝
ثُمَّ جَاءَهُم مَّا كَانُوا يُوعَدُونَ ۝ مَا أَغْنَىٰ عَنْهُم مَّا كَانُوا يُمَتَّعُونَ ۝ وَ
مَا أَهْلَكْنَا مِن قَرْيَةٍ إِلَّا لَهَا مُنذِرُونَ ۝ ذِكْرَىٰ وَمَا كُنَّا ظَالِمِينَ ۝ وَمَا
تَنَزَّلَتْ بِهِ الشَّيَاطِينُ ۝ وَمَا يَنبَغِي لَهُمْ وَمَا يَسْتَطِيعُونَ ۝ إِنَّهُمْ عَنِ
السَّمْعِ لَمَعْزُولُونَ ۝ فَلَا تَدْعُ مَعَ اللَّهِ إِلَٰهًا آخَرَ فَتَكُونَ مِنَ الْمُعَذَّبِينَ ۝
وَأَنذِرْ عَشِيرَتَكَ الْأَقْرَبِينَ ۝ وَاخْفِضْ جَنَاحَكَ لِمَنِ اتَّبَعَكَ مِنَ
الْمُؤْمِنِينَ ۝ فَإِنْ عَصَوْكَ فَقُلْ إِنِّي بَرِيءٌ مِّمَّا تَعْمَلُونَ ۝ وَتَوَكَّلْ عَلَى
الْعَزِيزِ الرَّحِيمِ ۝ الَّذِي يَرَاكَ حِينَ تَقُومُ ۝ وَتَقَلُّبَكَ فِي السَّاجِدِينَ ۝
إِنَّهُ هُوَ السَّمِيعُ الْعَلِيمُ ۝ هَلْ أُنَبِّئُكُمْ عَلَىٰ مَن تَنَزَّلُ الشَّيَاطِينُ ۝ تَنَزَّلُ
عَلَىٰ كُلِّ أَفَّاكٍ أَثِيمٍ ۝ يُلْقُونَ السَّمْعَ وَأَكْثَرُهُمْ كَاذِبُونَ ۝ وَالشُّعَرَاءُ يَتَّبِعُهُمُ
الْغَاوُونَ ۝ أَلَمْ تَرَ أَنَّهُمْ فِي كُلِّ وَادٍ يَهِيمُونَ ۝ وَأَنَّهُمْ يَقُولُونَ مَا لَا
يَفْعَلُونَ ۝ إِلَّا الَّذِينَ آمَنُوا وَعَمِلُوا الصَّالِحَاتِ وَذَكَرُوا اللَّهَ كَثِيرًا وَانتَصَرُوا
مِن بَعْدِ مَا ظُلِمُوا ۗ وَسَيَعْلَمُ الَّذِينَ ظَلَمُوا أَيَّ مُنقَلَبٍ يَنقَلِبُونَ ۝

سُورَةُ النَّمْلِ مَكِّيَّةٌ

بِسْمِ اللَّهِ الرَّحْمَٰنِ الرَّحِيمِ

طس ۚ تِلْكَ آيَاتُ الْقُرْآنِ وَكِتَابٍ مُّبِينٍ ۝ هُدًى وَبُشْرَىٰ

२७ सूरतुन्-नम्लि ४८

(मक्की) इस सूर: में अ़रबी के ४८७९ अक्षर, ११६७ शब्द, ९३ आयतें और ७ रुकूअ़ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीम •

ता-सीन् क़िफ़ तिल्-क आयातुल्-क़ुर्आनि व किताबिम्-मुबीन॥ (१)

∵ मु. अि मु ता ख. ६ ★रु. ११/१५ आ ३६

देख लें, उसको नहीं मानेंगे। (२०१) वह उन पर अचानक आ पड़ेगा और उन्हें ख़बर भी न होगी। (२०२) उस वक़्त कहेंगे, क्या हमें मोहलत मिलेगी? (२०३) तो क्या ये हमारे अज़ाब को जल्दी तलब कर रहे हैं? (२०४) भला देखो तो, अगर हम उन को वर्षों फ़ायदे देते रहें, (२०५) फिर उन पर वह (अज़ाब) आ वाक़ेअ हो, जिसका उनसे वायदा किया जाता है, (२०६) तो जो फ़ायदे ये उठाते रहे, उन के किस काम आएंगे? (२०७) और हमने कोई बस्ती हलाक नहीं की, मगर उस के लिए नसीहत करने वाले (पहले भेज देते) थे। ∴(२०८) (ताकि) नसीहत (कर दें)∴और हम ज़ालिम नहीं हैं। (२०९) और इस (क़ुरआन) को शैतान लेकर नाज़िल नहीं हुए। (२१०) यह काम न तो उन को मुनासिब है और न वे इसकी ताक़त रखते हैं। (२११) वे (आसमानी बातों के) सुनने (की जगहों) से अलग कर दिए गए हैं। (२१२) तो ख़ुदा के सिवा किसी और माबूद को मत पुकारना, वरना तुम को अज़ाब दिया जाएगा। (२१३) और अपने क़रीब के रिश्तेदारों को डर सुना दो। (२१४) और जो मोमिन तुम्हारे पैरो हो गये हैं, उन से नर्मी से पेश आओ। (२१५) फिर अगर लोग तुम्हारी नाफ़रमानी करें तो कह दो कि मैं तुम्हारे आमाल से बे-ताल्लुक़ हूं। (२१६) और (ख़ुदा-ए-) ग़ालिब (और) मेहरबान पर भरोसा रखो, (२१७) जो तुम को जब तुम (तहज्जुद के वक़्त) उठते हो, देखता है,[1] (२१८) और नमाज़ियों में तुम्हारे फिरने को भी। (२१९) बेशक वह सुनने वाला (और) जानने वाला है। (२२०) (अच्छा,) मैं तुम्हें बताऊं कि शैतान किस पर उतरते हैं? (२२१) हर झूठे गुनाहगार पर उतरते हैं, (२२२) जो सुनी हुई बात (उसके कान में) डालते हैं और वे अक्सर झूठे हैं। (२२३) और शायरों की पैरवी गुमराह लोग किया करते हैं। (२२४) क्या तुमने नहीं देखा कि वे हर वादी में सर मारते फिरते हैं। (२२५) और कहते वह हैं जो करते नहीं,[2] (२२६) मगर जो लोग ईमान लाये और नेक काम किये और ख़ुदा को बहुत याद करते रहें और अपने ऊपर ज़ुल्म होने के बाद[3] बदला लिया और ज़ालिम बहुत जल्द जान लेंगे कि कौन-सी जगह लौट कर जाते हैं। (२२७)★

२७ सूरः नम्ल ४८

सूरः नम्ल मक्की है और इसमें तिरानवे आयतें और सात रुकूअ हैं।

शुरू ख़ुदा का नाम ले कर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

त्वा-सीन। ये क़ुरआन और रोशन किताब की आयतें हैं। (१) मोमिनों के लिए हिदायत और

१. यानी क़ियाम से रुकूअ में जाने और रुकूअ से सज्दे में जाने को भी देखता है।

२. इन आयतों में शायरों की बुराई बयान फ़रमायी गयी है, लेकिन बुराई के क़ाबिल शायर वही हैं जो बुरे और ना-पाक शेर कहते हैं और जो ऐसे शेर कहें जिन में ख़ुदा की तारीफ़ हो या जिन से उस के दीन की मदद हो, वह तारीफ़ के क़ाबिल और सवाब के हक़दार हैं।

३. यानी अगर किसी ने उस की हिज्व (शेर में बुरे नाम से याद करना) कही हो और वह भी उस की हिज्व कर के उस से बदला ले तो यह जायज़ है।

हुदंव-व बुश्रा लिल्-मुअ्मिनीन ط(२) अल्लज़ी-न युक़ीमूनस्सला-त व युअ्-तूनज़्ज़का-त व हुम् बिल्-आख़िरति हुम् यूक़िनून (३) इन्नल्लज़ी-न ला युअ्मिनू-न बिल्आख़िरति ज़य्यन्ना लहुम् अअ्-मालहुम् फ़हुम् यअ्-महून ط(४) उलाइ-कल्लज़ी-न लहुम् सूउल्-अज़ाबि व हुम् फ़िल्आख़िरति हुमुल् अख़्सरून (५) व इन्न-क ल-तु-लक़्क़ल् - क़ुर्आ-न मिल्लदुन् हकीमिन् अलीम ●(६) इज़् क़ा - ल मूसा लिअह्लिही इन्नी आनस्तु नारन् ط स-आतीकुम् मिन्हा बि-ख़-बरिन् औ आतीकुम् बिशिहाबिन् क़-ब-सिल्-ल-अल्लकुम् तस्तलून (७) फ़-लम्मा जा-अहा नूदि-य अम्बूरि-क मन् फ़िन्नारि व मन् हौलहा ط व सुब्हानल्लाहि रब्बिल्-आलमीन (८) या मूसा इन्नहू अनल्लाहुल्-अज़ीज़ुल् - हकीम ط (९) व अल्क़ि असा-क ط फ़-लम्मा र-आहा तह्तज़्ज़ु क-अन्नहा जान्नुंव्वल्ला मुद्बिरंव्-व लम् युअक़्क़िब् ط या मूसा ला त-ख़फ़् इन्नी ला यख़ाफ़ु ल-दय्यल् - मुर्सलून (१०) इल्ला मन् ज़-ल-म सुम्-म बद्-द-ल हुस्-नम्-बअ्-द सूइन् फ़इन्नी ग़फ़ूरुर्-रहीम (११) व अद्ख़िल् य-द-क फ़ी जैबि-क तख़्रुज् बैज़ा - अ मिन् ग़ैरि सूइन् फ़ी तिस्अि आयातिन् इला फ़िर्औ - न व क़ौमिही ط इन्नहुम् कानू क़ौमन् फ़ासिक़ीन (१२) फ़-लम्मा जाअत्हुम् आयातुना मुब्सि-र-तन् क़ालू हाज़ा सिह्रुम्-मुबीन ج(१३) व ज-हदू बिहा वस्तै-क़-नत्हा अन्फ़ुसुहुम् ज़ुल्मंव्-व अुलुव्वन् ط फ़न्ज़ुर् कै-फ़ का-न आक़िबतुल् - मुफ़्सिदीन ★(१४) व ल-क़द् आतैना दावू-द व सुलैमा - न अिल्मन् ج व क़ालल् - हम्दु लिल्लाहिल्लज़ी फ़ज़्ज़-लना अला कसीरिम्मिन् अिबादिहिल्-मुअ्मिनीन (१५)

لِلْمُؤْمِنِيْنَ ۝ الَّذِيْنَ يُقِيْمُوْنَ الصَّلٰوةَ وَيُؤْتُوْنَ الزَّكٰوةَ وَهُمْ
بِالْاٰخِرَةِ هُمْ يُوْقِنُوْنَ ۝ اِنَّ الَّذِيْنَ لَا يُؤْمِنُوْنَ بِالْاٰخِرَةِ زَيَّنَّا لَهُمْ
اَعْمَالَهُمْ فَهُمْ يَعْمَهُوْنَ ۝ اُولٰٓئِكَ الَّذِيْنَ لَهُمْ سُوْٓءُ الْعَذَابِ وَهُمْ
فِي الْاٰخِرَةِ هُمُ الْاَخْسَرُوْنَ ۝ وَاِنَّكَ لَتُلَقَّى الْقُرْاٰنَ مِنْ لَّدُنْ
حَكِيْمٍ عَلِيْمٍ ۝ اِذْ قَالَ مُوْسٰى لِاَهْلِهٖٓ اِنِّيْٓ اٰنَسْتُ نَارًا سَاٰتِيْكُمْ
مِّنْهَا بِخَبَرٍ اَوْ اٰتِيْكُمْ بِشِهَابٍ قَبَسٍ لَّعَلَّكُمْ تَصْطَلُوْنَ ۝ فَلَمَّا
جَاۗءَهَا نُوْدِيَ اَنْۢ بُوْرِكَ مَنْ فِي النَّارِ وَمَنْ حَوْلَهَا وَسُبْحٰنَ
اللّٰهِ رَبِّ الْعٰلَمِيْنَ ۝ يٰمُوْسٰٓى اِنَّهٗٓ اَنَا اللّٰهُ الْعَزِيْزُ الْحَكِيْمُ ۝
وَاَلْقِ عَصَاكَ فَلَمَّا رَاٰهَا تَهْتَزُّ كَاَنَّهَا جَاۗنٌّ وَّلّٰى مُدْبِرًا وَّلَمْ يُعَقِّبْ
يٰمُوْسٰى لَا تَخَفْ اِنِّىْ لَا يَخَافُ لَدَيَّ الْمُرْسَلُوْنَ ۝ اِلَّا مَنْ ظَلَمَ
ثُمَّ بَدَّلَ حُسْنًۢا بَعْدَ سُوْۗءٍ فَاِنِّىْ غَفُوْرٌ رَّحِيْمٌ ۝ وَاَدْخِلْ يَدَكَ
فِيْ جَيْبِكَ تَخْرُجْ بَيْضَاۗءَ مِنْ غَيْرِ سُوْۗءٍ فِيْ تِسْعِ اٰيٰتٍ اِلٰى فِرْعَوْنَ
وَقَوْمِهٖ اِنَّهُمْ كَانُوْا قَوْمًا فٰسِقِيْنَ ۝ فَلَمَّا جَاۗءَتْهُمْ اٰيٰتُنَا مُبْصِرَةً
قَالُوْا هٰذَا سِحْرٌ مُّبِيْنٌ ۝ وَجَحَدُوْا بِهَا وَاسْتَيْقَنَتْهَآ اَنْفُسُهُمْ ظُلْمًا
وَّعُلُوًّا فَانْظُرْ كَيْفَ كَانَ عَاقِبَةُ الْمُفْسِدِيْنَ ۝ وَلَقَدْ اٰتَيْنَا دَاوٗدَ
وَسُلَيْمٰنَ عِلْمًا وَقَالَا الْحَمْدُ لِلّٰهِ الَّذِيْ فَضَّلَنَا عَلٰي كَثِيْرٍ مِّنْ
عِبَادِهِ الْمُؤْمِنِيْنَ ۝ وَوَرِثَ سُلَيْمٰنُ دَاوٗدَ وَقَالَ يٰٓاَيُّهَا النَّاسُ عُلِّمْنَا

ख़ुशख़बरी हैं। (२) वे, जो नमाज़ पढ़ते और ज़कात देते और आख़िरत का यक़ीन रखते हैं। (३) जो लोग आख़िरत पर ईमान नहीं रखते, हमने उन के आमाल उन के लिए सजा दिए हैं, तो वे परेशान भटक रहे हैं। (४) यही लोग हैं, जिन के लिए बड़ा अज़ाब है और वे आख़िरत में भी बहुत नुक़सान उठाने वाले हैं। (५) और तुम को क़ुरआन हकीम व अलीम (ख़ुदा) की तरफ़ से अता किया जाता है●(६) जब मूसा ने अपने घर वालों से कहा कि मैं ने आग देखी है। मैं वहां से (रास्ते का) पता लाता हूं या सुलगता हुआ अंगारा तुम्हारे पास लाता हूं, ताकि तुम तापो। (७) जब मूसा उस के पास आए तो निदा (आवाज़) आयी कि वह जो आग में (तजल्ली दिखाता) है, बरकत वाला है और वह जो आग के आस-पास है और ख़ुदा जो पूरी दुनिया का परवरदिगार है, (८) ऐ मूसा ! मैं ही ख़ुदा-ए-ग़ालिब व हकीम हूं। (९) और अपनी लाठी डाल दो। जब उसे देखा तो (इस तरह) हिल रही थी गोया सांप है, तो पीठ फेर कर भागे और पीछे मुड़ कर न देखा। (हुक्म हुआ कि) मूसा डरो मत, हमारे पास पैग़म्बर डरा नहीं करते। (१०) हां, जिस ने ज़ुल्म किया, फिर बुराई के बाद उसे नेकी से बदल दिया, तो मैं बख़्शने वाला मेहरबान हूं। (११) और अपना हाथ अपने गरेबान में डालो, बे-ऐब सफ़ेद निकलेगा। (इन दो मोजज़ों के साथ जो) नौ मोजज़ों में (दाख़िल हैं) फ़िऔन और उसकी क़ौम के पास (जाओ) कि वे बद-किरदार लोग हैं। (१२) जब उनके पास हमारी रोशन निशानियां पहुंचीं, कहने लगे, यह खुला जादू है। (१३) और बे-इंसाफ़ी और घमंड से उन से इंकार किया, लेकिन उन के दिल उन को मान चुके थे, सो देख लो कि फ़साद करने वालों का अंजाम कैसा हुआ। (१४)★

और हमने दाऊद और सुलेमान को इल्म बख़्शा और उन्होंने कहा कि ख़ुदा का शुक्र है, जिस ने हमें अपने बहुत-से-मोमिन बन्दों पर बड़ाई दी। (१५) और सुलेमान दाऊद के जानशीन हुए और

●मु. ३/४ ★रु. १/१६ आ १४

१. इन आयतों में रूमियों के ग़ालिब होने की पेशीनगोई की, जो वाक़ेअ आ चुकी। वाक़िया यह हुआ कि रूम और फ़ारस वालों में जंग हो गयी और फ़ारस वाले ग़ालिब आए। चूंकि रूमी अह्ले किताब यानी नसारा थे और फ़ारस वाले मुश्रिक, इस लिए कि मक्का के मुश्रिक मोमिनों से कहते थे कि जिस तरह फ़ारस वाले जो हमारी तरह मुश्रिक हैं रूमियों पर, जो तुम्हारी तरह अह्ले किताब हैं, ग़ालिब हो गये हैं, इसी तरह जब हम में तुम में जंग होगी तो हम भी तुम पर ग़ालिब होंगे। कुफ़्फ़ार की इस बात से मोमिनों को रंज हुआ, तब ये आयतें नाज़िल हुयीं। इन में कुछ साल में रूमियों के ग़ालिब हो जाने की ख़बर दी गयी थी और वह बिल्कुल सही निकली। आयत में 'बिज़-अ सिनीन' का लफ़्ज़ आया है 'बिज़-अ' कहते हैं, तीन नवेंसे तक को। सातवें साल फिर रूम और फ़ारस में लड़ाई हुई तो रूमी फ़ारस वालों पर ग़ालिब आए। अल्लाह तआला की क़ुदरत को देखिए कि इधर बद्र की लड़ाई में मुसलमान मक्के के काफ़िरों पर ग़ालिब आए, इस से मुसलमानों को दोहरी ख़ुशी हुई, क्योंकि ख़ुदा का वायदा सच्चा निकला और वह 'अस्दक़ुस्सादिक़ीन' जो वायदा करता है, उस को सच कर दिखाता है।

★रु. ७/३ आ ६

सुम्-म का-न आक़िबतल्लज़ी-न असाउस्सू-आ अन् कज़्ज़बू बिआयातिल्लाहि व कानू बिहा यस्तह्-ज़िऊन ★ (१०) अल्लाहु यब्दउल्ख़ल्-क़ सुम्-म युईदुहू सुम्-म इलैहि तुर्जअून (११) व यौ-म तक़ूमुस्साअतु युब्लिसुल्-मुज्रिमून (१२) व लम् यकुल्लहुम् मिन् शुरका-इहिम् शु-फ़अाउ व कानू बिशु-र-काइहिम् काफ़िरीन (१३) व यौ-म तक़ूमुस्साअतु यौमइज़िय्य-त-फ़र्रक़ून (१४) फ़-अम्मल्लज़ी-न आमनू व अमिलुस्-सालिहाति फ़हुम् फ़ी रौज़तिय्युह्-बरून (१५) व अम्मल्लज़ी-न क-फ़रू व कज़्ज़बू बिआयातिना व लिक़ा-इल्-आख़िरति फ़-उलाइ - क फ़िल्अज़ाबि मुह्ज़रून (१६) फ़-सुब्हानल्लाहि ही-न तुम्सू-न व ही-न तुस्बिहून (१७) व लहुल्हम्दु फ़िस्समावाति वल्अर्ज़ि व अशिय्यंव्-व ही-न तुज़्हिरून (१८) युख़्रिजुल्-हय्-य मिनल् - मय्यिति व युख़्रिजुल् - मय्यि-त मिनल्-हय्यि व युह्यिल्-अर्-ज़ बअ् - द मौतिहा ♭ व कज़ालि - क तुख़्रजून

الروم — اتل ما اوحي ٢١

عمروها وجاءتهم رسلهم بالبينت فما كان الله ليظلمهم ولكن
كانوا انفسهم يظلمون ۞ ثم كان عاقبة الذين اساءوا السوآى
ان كذبوا بايت الله وكانوا بها يستهزءون ۞ الله يبدؤا الخلق ثم
يعيده ثم اليه ترجعون ۞ ويوم تقوم الساعة يبلس المجرمون ۞
ولم يكن لهم من شركآئهم شفعؤا وكانوا بشركآئهم كفرين ۞
ويوم تقوم الساعة يومئذ يتفرقون ۞ فاما الذين امنوا وعملوا
الصلحت فهم في روضة يحبرون ۞ واما الذين كفروا وكذبوا
باياتنا ولقآئ الاخرة فاولئك في العذاب محضرون ۞ فسبحن
الله حين تمسون وحين تصبحون ۞ وله الحمد في السموت و
الارض وعشيا وحين تظهرون ۞ يخرج الحي من الميت و
يخرج الميت من الحي ويحي الارض بعد موتها ۗ وكذلك
تخرجون ۞ ومن ايته ان خلقكم من تراب ثم اذآ انتم بشر
تنتشرون ۞ ومن ايته ان خلق لكم من انفسكم ازواجا لتسكنوا
اليها وجعل بينكم مودة ورحمة ان في ذلك لايت لقوم
يتفكرون ۞ ومن ايته خلق السموت والارض واختلاف
السنتكم والوانكم ان في ذلك لايت للعلمين ۞ ومن ايته
منامكم باليل والنهار وابتغآؤكم من فضله ان في ذلك

منزل

★ (१९) व मिन् आयातिही अन् ख़-ल-क़कुम् मिन् तुराबिन् सुम्-म इज़ा अन्तुम् ब-शरुन् तन्तशिरून (२०) व मिन् आयातिही अन् ख़-ल-क़ लकुम् मिन् अन्फ़ुसिकुम् अज़्-वाजल्-लितस्कुनू इलैहा व ज-अ-ल बैनकुम् म-वद्-द-तंव्-व रह्-म-तन् ♭ इन्-न फ़ी ज़ालि-क लआयातिल् - लिक़ौमिंय्य-त-फ़क्करून (२१) व मिन् आयातिही ख़ल्क़ुस्समावाति वल्अर्ज़ि वख़्-तिलाफ़ु अल-सिनतिकुम् व अल्वानिकुम् ♭ इन्-न फ़ी ज़ालि-क लआयातिल् - लिल्आलमीन (२२) व मिन् आयातिही मनामुकुम् बिल्लैलि वन्नहारि वब - तिग़ाउकुम् मिन् फ़ज़्लिही ♭ इन्-न फ़ी ज़ालि-क लआयातिल् - लिक़ौमिंय्यस्-मअून (२३)

★रु. १/४ आ १० ★रु. २/५ आ ६

उन का अंजाम भी बुरा हुआ, इसलिए कि ख़ुदा की आयतों को झुठलाते और उन की हंसी उड़ाते रहे थे। (१०) ★

ख़ुदा ही ख़ल्क़त को पहली बार पैदा करता है, वही उस को फिर पैदा करेगा, फिर तुम उसी की तरफ़ लौट जाओगे। (११) और जिस दिन क़ियामत बरपा होगी, गुनाहगार ना-उम्मीद हो हो जाएंगे। (१२) और उन के (बनाए हुए) शरीकों में से कोई उन का सिफ़ारिशी न होगा और वे अपने शरीकों से इन्कारी हो जाएंगे। (१३) और जिस दिन क़ियामत बरपा होगी, उस दिन वे अलग-अलग फ़िर्क़े हो जाएंगे। (१४) तो जो लोग ईमान लाए और नेक अमल करते रहे, वे (बहिश्त के) बाग़ में ख़ुशहाल होंगे। (१५) और जिन्हों ने कुफ़्र किया और हमारी आयतों और आख़िरत के आने को झुठलाया, वे अज़ाब में डाले जाएंगे। (१६) तो जिस वक़्त तुम को शाम हो और जिस वक़्त सुबह हो, ख़ुदा की तस्बीह करो, (यानी नमाज़ पढ़ो), (१७) और आसमानों और ज़मीन में उसी की तारीफ़ है और तीसरे पहर भी और जब दोपहर हो, (उस वक़्त भी नमाज़ पढ़ा करो), (१८) वही ज़िन्दा को मुर्दे से निकालता और (वही) मुर्दे को ज़िन्दा से निकालता है और (वही) ज़मीन को उस के मरने के बाद ज़िन्दा करता है और इसी तरह तुम (दोबारा ज़मीन में से) निकाले जाओगे। (१९) ★

और उसी की निशानियों (और तसर्रुफ़ात) में से है कि उस ने तुम्हें मिट्टी से पैदा किया। फिर अब तुम इन्सान हो कर जगह-जगह फैल रहे हो। (२०) और उसी की निशानियों (और तसर्रुफ़ात) में से है कि उस ने तुम्हारे लिए तुम्हारी ही जिन्स की औरतें पैदा कीं, ताकि उन की तरफ़ (मायल हो कर) आराम हासिल करो और तुम में मुहब्बत और मेहरबानी पैदा कर दी। जो लोग ग़ौर करते हैं, उन के लिए इन बातों में (बहुत-सी) निशानियां हैं। (२१) और उसी की निशानियों (और तसर्रुफ़ात) में से है आसमानों और ज़मीन का पैदा करना और तुम्हारी ज़ुबानों और रंगों का जुदा-जुदा होना, अक़्ल वालों के लिए इन बातों में (बहुत सी) निशानियां हैं। (२२) और उसी की निशानियों (और तसर्रुफ़ात) में से है तुम्हारा रात और दिन में सोना और उस के फ़ज़्ल का तलाश करना, जो लोग सुनते हैं उन के लिए इन (बातों) में (बहुत-सी) निशानियां हैं। (२३) और उसी

★रु. १/४ आ १०　★रु. २/५ आ ९

व मिन् आयातिही युरीकुमुल्बर-क ख़ौफ़ंव-व त-म-अंव-व युनज़्ज़िलु मिनस्समा-इ मा-अन् फ़-युह्यी बिहिल्अर-ज़ बअ्-द मौतिहा ط इन-न फ़ी ज़ालि-क लआयातिल्-लिक़ौमिंय्यअ्-क़िलून (२४) व मिन् आयातिही अन् तक़ूमस्समाउ वल्अर-ज़ु बिअम्रिही ط सुम्-म इज़ा दआकुम् दअ्-व-तम्- ق मिनल्अर्ज़ि इज़ा अन्तुम् तख़्-रुजून (२५) व लहू मन् फ़िस्समावाति वल्अर्ज़ि ط कुल्लुल्लहू क़ानितून (२६) व हु-वल्लज़ी यब्दउल-ख़ल्-क़ सुम्-म युईदुहू व हु-व अह्-वनु अलैहि ط व लहुल्-म-स-लुल्-अअ्-ला फ़िस्समावाति वल्अर्ज़ि ج व हुवल्-अज़ीज़ुल्-हकीम ●★ (२७) ज़-र-ब लकुम् म-स-लम्-मिन् अन्फ़ुसिकुम् ط हल्लकुम् मिम्मा म-ल-कत् ऐमानुकुम् मिन् शुरका-अ फ़ी मा र-ज़क़-नाकुम् फ़-अन्तुम् फ़ीहि सवाउन् तख़ाफ़ूनहुम् क-ख़ीफ़तिकुम् अन्फ़ुसकुम् ط कज़ालि-क नुफ़स्सिलुल्-आयाति लिक़ौमिंय्यअ्-क़िलून (२८) बलित्-त-ब-अल्-लज़ी-न ज़-लमू अह्वा-अहुम् बिग़ैरि अिल्मिन् ج फ़-मंय्यह्दी मन् अ-ज़ल्लल्लाहु ط व मा लहुम् मिन् नासिरीन (२९) फ़-अक़िम् वज्-ह-क लिद्दीनि हनीफ़न् ط फ़ित्-र-तल्लाहिल्-लती फ़-त-रन्ना-स अलैहा ط ला तब्दी-ल लिख़ल्-क़िल्लाहि ط ज़ालिकद्-दीनुल्-क़य्यिमु ق व लाकिन्-न अक्सरन्नासि ला यअ्-लमून ق (३०) मुनीबी-न इलैहि वत्तक़ूहु व अक़ीमुस्सला-त व ला तकूनू मिनल्-मुश्रिकीन ط (३१) मिनल्लज़ी-न फ़र्रक़ू दीनहुम् व कानू शि-य-अन् ط कुल्लु हिज़्बिम्-बिमा लदैहिम् फ़रिहून (३२) व इज़ा मस्सन्ना-स ज़ुर्रुन् दऔ रब्बहुम् मुनीबी-न इलैहि सुम्-म इज़ा अ-ज़ाक़हुम् मिन्हु रह्-म-तन् इज़ा फ़रीक़ुम्-मिन्हुम् बिरब्बिहिम् युश्रिकून ط (३३)

لايت لقوم يسمعون ﴿٢٣﴾ ومن ايته يريكم البرق خوفا وطمعا
وينزل من السماء ماء فيحي به الارض بعد موتها ان في ذلك
لايت لقوم يعقلون ﴿٢٤﴾ ومن ايته ان تقوم السماء والارض
بامره ثم اذا دعاكم دعوة من الارض اذا انتم تخرجون ﴿٢٥﴾
وله من في السموت والارض كل له قنتون ﴿٢٦﴾ وهو الذي
يبدؤا الخلق ثم يعيده وهو اهون عليه وله المثل الاعلى
في السموت والارض وهو العزيز الحكيم ﴿٢٧﴾ ضرب لكم مثلا
من انفسكم هل لكم من ما ملكت ايمانكم من شركاء في
ما رزقنكم فانتم فيه سواء تخافونهم كخيفتكم انفسكم كذلك
نفصل الايت لقوم يعقلون ﴿٢٨﴾ بل اتبع الذين ظلموا اهواءهم
بغير علم فمن يهدي من اضل الله وما لهم من نصرين ﴿٢٩﴾
فاقم وجهك للدين حنيفا فطرت الله التي فطر الناس عليها
لا تبديل لخلق الله ذلك الدين القيم ولكن اكثر الناس لا
يعلمون ﴿٣٠﴾ منيبين اليه واتقوه واقيموا الصلوة ولا تكونوا من
المشركين ﴿٣١﴾ من الذين فرقوا دينهم وكانوا شيعا كل حزب
بما لديهم فرحون ﴿٣٢﴾ واذا مس الناس ضر دعوا ربهم
منيبين اليه ثم اذا اذاقهم منه رحمة اذا فريق منهم بربهم

منزل

की निशानियों (और तसर्रुफ़ात) में से है कि तुम को ख़ौफ़ और उम्मीद दिलाने के लिए बिजली दिखाता है और आसमान से मेंह बरसाता है, फिर ज़मीन को उस के मर जाने के बाद ज़िंदा (व हरा-भरा) कर देता है। अक़्ल वालों के लिए इन (बातों) में बहुत-सी निशानियां हैं। (२४) और उसी की निशानियों (और तसर्रुफ़ात) में से है कि आसमान और ज़मीन उस के हुक्म से क़ायम हैं। फिर जब वह तुम को ज़मीन में से (निकालने के लिए) आवाज़ देगा, तो तुम झट निकल पड़ोगे। (२५) और आसमानों और ज़मीन में जितने (फ़रिश्ते और इन्सान वग़ैरह) हैं, उसी के (मम्लूक) हैं (और) तमाम उस के फ़रमांबरदार हैं। (२६) और वही तो है जो ख़ल्क़त को पहली बार पैदा करता है, फिर उसे दोबारा पैदा करेगा और यह उस को बहुत आसान है और आसमानों और ज़मीन में उस की शान बहुत बुलंद है और वह ग़ालिब हिक्मत वाला है। (२७)★ ●

वह तुम्हारे लिए तुम्हारे ही हाल की एक मिसाल बयान फ़रमाता है कि भला जिन (लौंडी-ग़ुलामों) के तुम मालिक हो, वह उस (माल) में जो हम ने तुम को अता फ़रमाया है, तुम्हारे शरीक हैं? और (क्या). तुम उस में (उन को अपने) बराबर (मालिक) समझते हो (और क्या) तुम उन से इस तरह डरते हो, जिस तरह अपनों से डरते हो? इस तरह हम अक़्ल वालों के लिए अपनी आयतें खोल-खोल कर बयान करते हैं, (२८) मगर जो ज़ालिम हैं. बे-समझे अपनी ख़्वाहिशों के पीछे चलते हैं, तो जिस को ख़ुदा गुमराह करे, उसे कौन हिदायत कर सकता है? और उन का कोई मददगार नहीं। (२९) तो तुम एक तरफ़ के हो कर दीन (ख़ुदा के रास्ते) पर सीधा मुंह किए चले जाओ (और) ख़ुदा की फ़ितरत को, जिस पर उस ने लोगों को पैदा किया है, (अख़्तियार किए रहो)।[1] ख़ुदा की बनायी हुई (फ़ितरत) में तब्दीली नहीं हो सकती। यही सीधा दीन है, लेकिन अक्सर लोग नहीं जानते। (३०) (मोमिनो!) उसी (ख़ुदा) की तरफ़ रुजूअ किए रहो और उस से डरते रहो और नमाज़ पढ़ते रहो और मुश्रिकों में न होना। (३१) (और न) उन लोगों में होना, जिन्हों ने अपने दीन को टुकड़े-टुकड़े कर दिया और (ख़ुद) फ़िर्क़े-फ़िर्क़े हो गये। सब फ़िर्क़े उसी से ख़ुश हैं, जो उन के पास है। (३२) और जब लोगों को तक्लीफ़ पहुंचती है तो अपने परवरदिगार को पुकारते और उसी की तरफ़ रुजूअ होते हैं। फिर जब-जब वह उन को अपनी रहमत का मज़ा चखाता है, तो एक फ़िर्क़ा उन में से अपने परवरदिगार से शिर्क करने लगता

१. फ़ितरत से मुराद अल्लाह तआला की तौहीद है यानी उस को एक-एक कर के समझना और उस के साथ किसी को शरीक न बनाना, यह तौहीद ही ख़ुदा का दीन है और इसी तौहीद को ख़ुदा ने इन्सान की फ़ितरत में दाख़िल किया है। अगर किसी शख़्स को पैदा होते ही उस की हालत पर छोड़ दिया जाए और शिर्क करने वाले उस के दिल में मुश्रिकाना ख़्यालात न डालें, तो वह कभी शिर्क नहीं करेगा। वह तौहीद पर पैदा हुआ है। न यहूदी होगा, न ईसाई, न आग का पुजारी, न सूरज का पुजारी, न बुतों का पुजारी, बल्कि ख़ालिस तौहीद परस्त होगा और तौहीद के सिवा कुछ न जानेगा। चूंकि तौहीद ख़ुदा की तरफ़ से इन्सानी फ़ितरत में दाख़िल की गयी है, इस लिए उस को अल्लाह की फ़ित्रत से ताबीर फ़रमाया है और हुक्म दिया है कि तौहीद को, जो अल्लाह तआला का सीधा दीन है, अख़्तियार किये रहो, इस में हरगिज़ तब्दीली न होने पाए।

★रु. ३/६ आ ८　●रुबुअ १/४

लियक्फ़ुरू बिमा आतैनाहुम् ط फ़-त-मत्तअू فقف फ़-सौ-फ़ तअ् - लमून (३४) अम् अन्ज़ल्ना अलैहिम् सुल्तानन् फ़-हु-व य-त-कल्लमु बिमा कानू बिही युश्रिकून (३५) व इज़ा अ-ज़क़्नन्ना-स रह्-म-तन् फ़रिहू बिहा ط व इन् तुसिब्हुम् सय्यि-अतुम्-बिमा क़द्-द-मत् ऐदीहिम् इज़ा हुम् यक़्-नतून (३६) अ-व लम् यरौ अन्नल्ला-ह यब्सुतुर्रिज़्-क़ लिमंय्यशाउ व यक़्दिरु ط इन् - न फ़ी ज़ालि - क ल-आयातिल्-लिक़ौमिंय्युअ्-मिनून (३७) फ़-आति ज़ल्क़ुर्बा हक़्क़हू वल्मिस्की - न वब्नस्सबीलि ط ज़ालि-क ख़ैरुल् - लिल्लज़ी-न युरीदू - न वज्हल्लाहि ز व उलाइ - क हुमुल्-मुफ़्लिहून (३८) व मा आतैतुम् मिर्रिबल् - लि-यर्बु-व फ़ी अम्वालिन्नासि फ़ला यर्बू अिन्दल्लाहि ج व मा आतैतुम् मिन् ज़कातिन् तुरीदू-न वज् - हल्लाहि फ़-उलाइ-क हुमुल् - मुज़्अिफ़ून (३९) अल्लाहुल्लज़ी ख़-ल-क़कुम् सुम्-म र-ज़-क़कुम् सुम्-म युमीतुकुम् सुम्-म युह्यीकुम् ط हल् मिन् शु-रकाइकुम् मंय्यफ़्-अलु मिन् ज़ालिकुम् मिन् शैइन् ط सुब्हानहू व तआला अम्मा युश्रिकून ★ (४०) ज़-ह-रल्फ़सादु फ़िल्बर्रि वल्बह्रि बिमा क-स-बत् ऐदिन्नासि लियुज़ीक़हुम् बअ्-ज़ल्लज़ी अमिलू ल-अल्लहुम् यर्जिअून (४१) क़ुल् सीरू फ़िल्अर्ज़ि फ़न्ज़ुरू कै-फ़ का-न आक़िबतुल्लज़ी-न मिन् क़ब्लु ط का-न अक्सरुहुम् मुश्रिकीन (४२) फ़-अक़िम् वज् - ह - क लिद्दीनल् - क़य्यिमि मिन् क़ब्लि अंय्यअ्ति-य यौमुल्ला म - रद्-द लहू मिनल्लाहि यौमइज़िंय्यस्सद्-दअून (४३) मन् क-फ़-र फ़ - अलैहि कुफ़् - रुहू ج व मन् अमि - ल सालिहन् फ़ - लिअन्फ़ुसि - हिम् यम्हदून ﻻ (४४)

يشركون ۝ ليكفروا بما آتيناهم فتمتعوا فسوف تعلمون ۝ أم
أنزلنا عليهم سلطانا فهو يتكلم بما كانوا به يشركون ۝ وإذا
أذقنا الناس رحمة فرحوا بها وإن تصبهم سيئة بما قدمت
أيديهم إذا هم يقنطون ۝ أولم يروا أن الله يبسط الرزق لمن
يشاء ويقدر إن في ذلك لآيات لقوم يؤمنون ۝ فآت ذا
القربى حقه والمسكين وابن السبيل ذلك خير للذين
يريدون وجه الله وأولئك هم المفلحون ۝ وما آتيتم من
ربا ليربو في أموال الناس فلا يربو عند الله وما آتيتم من
زكاة تريدون وجه الله فأولئك هم المضعفون ۝ الله الذي
خلقكم ثم رزقكم ثم يميتكم ثم يحييكم هل من شركائكم
من يفعل من ذلكم من شيء سبحانه وتعالى عما يشركون ۝ ظهر
الفساد في البر والبحر بما كسبت أيدي الناس ليذيقهم بعض
الذي عملوا لعلهم يرجعون ۝ قل سيروا في الأرض فانظروا
كيف كان عاقبة الذين من قبل كان أكثرهم مشركين ۝
فأقم وجهك للدين القيم من قبل أن يأتي يوم لا مرد له من
الله يومئذ يصدعون ۝ من كفر فعليه كفره ومن عمل
صالحا فلأنفسهم يمهدون ۝ ليجزي الذين آمنوا وعملوا

★रु. ४/७ आ १३

है, (३३) ताकि जो हम ने उस को बख्शा है उस की ना-शुक्री करें, सो (ख़ैर) फ़ायदे उठा लो। बहुत जल्द तुम को (इस का अंजाम) मालूम हो जाएगा। (३४) क्या हम ने उन पर कोई ऐसी दलील उतारी है कि उन को ख़ुदा के साथ शिर्क करना बताती है। (३५) और जब हम लोगों को अपनी रहमत का मज़ा चखाते हैं, तो उस से ख़ुश हो जाते हैं और अगर उन के अमलों की वजह से जो उन के हाथों ने आगे भेजे हैं, कोई तक्लीफ़ पहुंचे, तो ना-उम्मीद हो कर रह जाते हैं। (३६) क्या उन्हों ने नहीं देखा कि ख़ुदा ही जिस के लिए चाहता है, रोज़ी फैला देता है और (जिस के लिए चाहता है) तंग करता है। बेशक इस में ईमान लाने वालों के लिए निशानियां हैं। (३७) तो रिश्तेदारों और मुहताजों और मुसाफ़िरों को उन का हक़ देते रहो। जो लोग ख़ुदा की ख़ुश्नूदी की तलब में हैं, यह उन के हक़ में बेहतर है और यही लोग निजात हासिल करने वाले हैं। (३८) और जो तुम सूद देते हो कि लोगों के माल में बढ़ती हो, तो ख़ुदा के नज़दीक उस में बढ़ती नहीं होती और जो तुम ज़कात देते हो और उस से ख़ुदा की रज़ामंदी तलब करते हो, तो (वह बरकत की वजह है, और) ऐसे ही लोग (अपने माल को) दो-गुना तीन-गुना करने वाले हैं। (३९) ख़ुदा ही तो है, जिस ने तुम को पैदा किया, फिर तुम को रोज़ी दी, फिर तुम्हें मारेगा, फिर ज़िंदा करेगा। भला तुम्हारे (बनाए हुए) शरीकों में भी कोई ऐसा है जो इन कामों में से कुछ कर सके। वह पाक है और (उस की शान) उन के शरीकों से बुलंद है। (४०) ★

ख़ुश्की और तरी में लोगों के आमाल की वजह से फ़साद फैल गया है, ताकि ख़ुदा उन को उनके कुछ आमाल का मज़ा चखाये, अजब नहीं कि वे रुक जाएं। (४१) कह दो कि मुल्क में चलो-फिरो और देखो कि जो लोग (तुम से) पहले हुए हैं, उनका कैसा अंजाम हुआ है। उनमें ज़्यादातर मुश्रिक ही थे। (४२) तो उस दिन से पहले, जो ख़ुदा की तरफ़ से आ कर रहेगा और रुक नहीं सकेगा, दीन (के रास्ते) पर सीधा मुंह किए चलो। उस दिन (सब) लोग बिखरे हुए हो जाएंगे। (४३) जिस शख़्स ने कुफ़्र किया, तो उस के कुफ़्र का नुक़्सान उसी को है और जिस ने नेक अमल किए, तो ऐसे

★रु. ४/७ आ. १३

लि-यज्ज़ियल्लज़ी-न आमनू व अमिलुस्सालिहाति मिन् फ़ज़्लिही ط इन्नहू ला युहिब्बुल्-काफ़िरीन (४५) व मिन् आयातिही अंय्युर्सिलर् - रिया - ह मुबश्शिरातिंव्-व लियुज़ी-क़कुम् मिर्रह्मतिही व लि-तज्रि-यल्-फ़ुल्कु बिअम्रिही व लितब्तग़ू मिन् फ़ज़्लिही व ल-अल्लकुम् तश्कुरून (४६) व ल-क़द् अर्सल्ना मिन् क़ब्-लि-क रुसुलन् इला क़ौमिहिम् फ़जाऊहुम् बिल्बय्यिनाति फ़न्-त - क़म्ना मिनल्लज़ी-न अज्-रमू ط व का-न हक़्क़न् अलैना नस्रुल् - मुअ् - मिनीन (४७) अल्लाहुल्लज़ी युर्सिलुर् - रिया-ह फ़-तुसीरु स-हाबन् फ़-यब्सुतुहू फ़िस्समाइ कै-फ़ यशाउ व यज्-अलुहू कि-स-फ़न् फ़-त-रल्-वद्-क यख़्रुजु मिन् ख़िलालिही ج फ़इज़ा असा-ब बिही मंय्यशाउ मिन् अिबादिही इज़ा हुम् यस्तब्शिरून ج (४८) व इन् कानू मिन् क़ब्लि अंय्युनज़्ज़-ल अलैहिम् मिन् क़ब्लिही ल-मुब्लिसीन (४९) फ़न्ज़ुर् इला आसारि रह्मतिल्लाहि कै-फ़ युह्यिल्-अर्-ज़ बअ्-द मौतिहा ط इन् - न ज़ालि-क लमुह्यिल्मौता ج व हु-व अला कुल्लि शैइन् क़दीर (५०) व लइन् अर्सल्ना रीहन् फ़-रऔहु मुस्-फ़र्रल्-ल-ज़ल्लू मिम्बअ्-दिही यक्फ़ुरून (५१) फ़-इन्न-क ला तुस्मिअुल्-मौता व ला तुस्मिअुस्-सुम्मद्दुआ-अ इज़ा वल्लौ मुद्बिरीन (५२) व मा अन्-त बिहादिल् - अुम्यि अन् ज़लालतिहिम् ط इन् तुस्मिअु इल्ला मंय्युअ्मिनु बिआयातिना फ़हुम् मुस्लिमून★(५३) अल्लाहुल्लज़ी ख़-ल-क़कुम् मिन् ज़ुअ् - फ़िन् सुम्-म ज-अ-ल मिम्बअ् - दि ज़ुअ्-फ़िन् क़ुव्वतन् सुम्-म ज-अ-ल मिम्बअ्-दि क़ुव्वतिन् ज़ुअ्-फ़ंव्-व शैब-तन् ط यख़्लुक़ु मा यशाउ ج व हुवल्-अलीमुल्क़दीर (५४) व यौ-म तक़ूमुस्साअतु युक़्सिमुल्-मुज्रिमू-न ۙ मा लबिसू ग़ै-र साअतिन् ط कज़ालि-क कानू युअ्-फ़कून (५५)

الصّٰلِحٰتِ مِنْ فَضْلِهٖ ؕ اِنَّهٗ لَا يُحِبُّ الْكٰفِرِيْنَ ۞ وَمِنْ اٰيٰتِهٖۤ اَنْ يُّرْسِلَ الرِّيَاحَ مُبَشِّرٰتٍ وَّلِيُذِيْقَكُمْ مِّنْ رَّحْمَتِهٖ وَلِتَجْرِيَ الْفُلْكُ بِاَمْرِهٖ وَلِتَبْتَغُوْا مِنْ فَضْلِهٖ وَلَعَلَّكُمْ تَشْكُرُوْنَ ۞ وَلَقَدْ اَرْسَلْنَا مِنْ قَبْلِكَ رُسُلًا اِلٰى قَوْمِهِمْ فَجَآءُوْهُمْ بِالْبَيِّنٰتِ فَانْتَقَمْنَا مِنَ الَّذِيْنَ اَجْرَمُوْا ؕ وَكَانَ حَقًّا عَلَيْنَا نَصْرُ الْمُؤْمِنِيْنَ ۞ اَللّٰهُ الَّذِيْ يُرْسِلُ الرِّيٰحَ فَتُثِيْرُ سَحَابًا فَيَبْسُطُهٗ فِي السَّمَآءِ كَيْفَ يَشَآءُ وَيَجْعَلُهٗ كِسَفًا فَتَرَى الْوَدْقَ يَخْرُجُ مِنْ خِلٰلِهٖ ۚ فَاِذَاۤ اَصَابَ بِهٖ مَنْ يَّشَآءُ مِنْ عِبَادِهٖۤ اِذَا هُمْ يَسْتَبْشِرُوْنَ ۞ وَاِنْ كَانُوْا مِنْ قَبْلِ اَنْ يُّنَزَّلَ عَلَيْهِمْ مِّنْ قَبْلِهٖ لَمُبْلِسِيْنَ ۞ فَانْظُرْ اِلٰۤى اٰثٰرِ رَحْمَتِ اللّٰهِ كَيْفَ يُحْيِ الْاَرْضَ بَعْدَ مَوْتِهَا ؕ اِنَّ ذٰلِكَ لَمُحْيِ الْمَوْتٰى ۚ وَهُوَ عَلٰى كُلِّ شَيْءٍ قَدِيْرٌ ۞ وَلَئِنْ اَرْسَلْنَا رِيْحًا فَرَاَوْهُ مُصْفَرًّا لَّظَلُّوْا مِنْۢ بَعْدِهٖ يَكْفُرُوْنَ ۞ فَاِنَّكَ لَا تُسْمِعُ الْمَوْتٰى وَلَا تُسْمِعُ الصُّمَّ الدُّعَآءَ اِذَا وَلَّوْا مُدْبِرِيْنَ ۞ وَمَاۤ اَنْتَ بِهٰدِ الْعُمْيِ عَنْ ضَلٰلَتِهِمْ ؕ اِنْ تُسْمِعُ اِلَّا مَنْ يُّؤْمِنُ بِاٰيٰتِنَا فَهُمْ مُّسْلِمُوْنَ ۞ اَللّٰهُ الَّذِيْ خَلَقَكُمْ مِّنْ ضُعْفٍ ثُمَّ جَعَلَ مِنْۢ بَعْدِ ضُعْفٍ قُوَّةً ثُمَّ جَعَلَ مِنْۢ بَعْدِ قُوَّةٍ ضُعْفًا وَّشَيْبَةً ؕ يَخْلُقُ مَا يَشَآءُ ۚ وَهُوَ الْعَلِيْمُ الْقَدِيْرُ ۞ وَيَوْمَ تَقُوْمُ السَّاعَةُ يُقْسِمُ الْمُجْرِمُوْنَ ۙ مَا لَبِثُوْا غَيْرَ سَاعَةٍ ؕ كَذٰلِكَ كَانُوْا يُؤْفَكُوْنَ ۞ وَقَالَ الَّذِيْنَ اُوْتُوا الْعِلْمَ

★रु. ५/८ आ १३

लोग अपने ही लिए आरामगाह दुरुस्त करते हैं। (४४) जो लोग ईमान लाए और नेक अमल करते रहे, उनको ख़ुदा अपने फ़ज़्ल से बदला देगा। बेशक वह काफ़िरों को दोस्त नहीं रखता। (४५) और उसी की निशानियों में से है कि हवाओं को भेजता है कि ख़ुशख़बरी देती हैं, ताकि तुम को अपनी रहमत के मज़े चखाए और ताकि उस के हुक्म से कश्तियां चलें और ताकि तुम उस के फ़ज़्ल से (रोज़ी) तलब करो, अजब नहीं कि तुम शुक्र करो। (४६) और हमने तुम से पहले भी पैग़म्बर भेजे, तो वे उनके पास निशानियां ले कर आए, सो जो लोग नाफ़रमानी करते थे, हम ने उन से बदला ले कर छोड़ा और मोमिनों की मदद हम पर ज़रूरी थी। (४७) ख़ुदा ही तो है, जो हवाओं को चलाता है, तो वे बादल को उभारती हैं, फिर ख़ुदा उस को जिस तरह चाहता है, आसमान में फैला देता और तह-ब-तह कर देता है, फिर तुम देखते हो कि उस के बीच में से मेंह निकलने लगता है। फिर जब वह अपने बन्दों में से जिन पर चाहता है, उसे बरसा देता है, तो वे ख़ुश हो जाते हैं। (४८) और पहले तो वे मेंह उतरने से पहले ना-उम्मीद हो रहे थे। (४९) तो (ऐ देखने वाले!) ख़ुदा की रहमत की निशानियों की तरफ़ देख कि वह किस तरह ज़मीन को उस के मरने के बाद ज़िंदा करता है। बेशक वह मुर्दों को ज़िंदा करने वाला है और वह हर चीज़ पर क़ादिर है। (५०) और अगर हम ऐसी हवा भेजें कि वे (उस की वजह से) खेती को देखें (कि) पीली (हो गयी है), तो इस के बाद वे ना-शुक्री करने लग जाएं। (५१) तो तुम मुर्दों को (बात) नहीं सुना सकते और न बहरों को कि जब वे पीठ फेर कर फिर जाएं, आवाज़ सुना सकते हो। (५२) और न अंधों को उनकी गुमराही से (निकाल कर) सीधे रास्ते पर ला सकते हो। तुम तो उन ही लोगों को सुना सकते हो, जो हमारी आयतों पर ईमान लाते हैं, सो वही फ़रमांबरदार हैं★ (५३)

ख़ुदा ही तो है, जिसने तुम को (शुरू में) कमज़ोर हालत में पैदा किया, फिर कमज़ोरी के बाद ताक़त इनायत की, फिर ताक़त के बाद कमज़ोरी और बुढ़ापा दिया। वह जो चाहता है, पैदा करता है और वह इल्म वाला (और) क़ुदरत वाला है। (५४) और जिस दिन क़ियामत बरपा होगी, गुनाहगार क़स्में खाएंगे कि वे (दुनिया में) एक घड़ी से ज़्यादा नहीं रहे थे। इसी तरह वे

★रु. ५/८ आ १३

व क़ालल्लज़ी-न ऊतुल्-अिल्-म वल्-ईमा-न ल-क़द् लबिस्तुम् फ़ी किताबिल्लाहि इला यौमिल्-बअ्-सि ✓फ़ हाज़ा यौमुल्-बअ्-सि व लाकिन्नकुम् कुन्तुम् ला तअ्-लमून (५६) फ़यौमइज़िल्-ला यन्फ़अुल्लज़ी-न ज़-लमू मअ्-ज़ि-र-तुहुम् व ला हुम् युस्तअ्-तबून (५७) व ल-क़द् ज़-रब्ना लिन्नासि फ़ी हाज़ल्-क़ुर्आनि मिन् कुल्लि म-सलिन् ♭ व लइन् जिअ् - तहुम् बिआयतिल्-ल-यक़ूलन्नल्लज़ी-न क-फ़रू इन् अन्तुम् इल्ला मुब्तिलून (५८) कज़ालि-क यत्-बअुल्लाहु अला क़ुलूबिल्लज़ी - न ला यअ्-लमून (५९) फ़स्बिर् इन् - न वअ्-दल्लाहि हक़्क़ुंव्-व ला यस्तख़िफ़्फ़न्नकल्-लज़ी - न ला यूक़िनून ★ (६०)

الإيمان لقد لبثتم في كتب الله إلى يوم البعث فهذا يوم البعث
ولكنكم كنتم لا تعلمون ﴿٥٦﴾ فيومئذ لا ينفع الذين ظلموا
معذرتهم ولا هم يستعتبون ﴿٥٧﴾ ولقد ضربنا للناس في هذا القرآن
من كل مثل ولئن جئتهم بآية ليقولن الذين كفروا إن أنتم
إلا مبطلون ﴿٥٨﴾ كذلك يطبع الله على قلوب الذين لا يعلمون ﴿٥٩﴾
فاصبر إن وعد الله حق ولا يستخفنك الذين لا يوقنون ﴿٦٠﴾ ع

سورة لقمن مكية وهي أربع وثلثون آية وأربع ركوعات

بسم الله الرحمن الرحيم

الم ﴿١﴾ تلك آيت الكتب الحكيم ﴿٢﴾ هدى ورحمة للمحسنين ﴿٣﴾
الذين يقيمون الصلوة ويؤتون الزكوة وهم بالآخرة هم
يوقنون ﴿٤﴾ أولئك على هدى من ربهم وأولئك هم المفلحون ﴿٥﴾
ومن الناس من يشتري لهو الحديث ليضل عن سبيل الله
بغير علم ويتخذها هزوا أولئك لهم عذاب مهين ﴿٦﴾ وإذا
تتلى عليه آيتنا ولى مستكبرا كأن لم يسمعها كأن في أذنيه
وقرا فبشره بعذاب أليم ﴿٧﴾ إن الذين آمنوا وعملوا الصلحت
لهم جنت النعيم ﴿٨﴾ خلدين فيها وعد الله حقا وهو العزيز
الحكيم ﴿٩﴾ خلق السموت بغير عمد ترونها وألقى في الأرض

३१ सूरतु लुक़मा-न ५७

(मक्की) इस सूरः में अरबी के २२१७ अक्षर, ५५४ शब्द, ३४ आयतें और ४ रुकूअ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीम •

अलिफ़् - लाम् - मीम् ۚ (१) तिल्-क आयातुल् - किताबिल्-हकीम ۙ (२) हुदंव्-व रह्मतल् - लिल्मुह्सिनीन ۙ (३) अल्लज़ी-न युक़ीमूनस्सला-त व युअ्तूनज़्ज़का-त व हुम् बिल्आख़िरति हुम् यूक़िनून♭ (४) उलाइ-क अला हुदम्-मिर्रब्बिहिम् व उलाइ-क हुमुल्मुफ़्लिहून (५) व मिनन्नासि मंय्यश्तरी लह्-वल्-हदीसि लियुज़िल्-ल अन् सबीलिल्लाहि बिग़ैरि अिल्मिंव्-व यत्तख़ि-ज़हा हुज़ुवन्♭ उलाइ-क लहुम् अज़ाबुम्-मुहीन (६) व इज़ा तुत्ला अलैहि आयातुना वल्ला मुस्तक्बिरन् क-अल्लम् यस्मअ्-हा क-अन्-न फ़ी उज़ुनैहि वक़्-रन् ۚ फ़-बश्शिर्हु बि-अज़ाबिन् अलीम (७) इन्नल्लज़ी-न आमनू व अमिलुस्सालिहाति लहुम् जन्नातुन्नअीम ۙ (८) ख़ालिदी - न फ़ीहा ♭ वअ् - दल्लाहि हक़्क़न् ♭ व हुवल् - अज़ीज़ुल् - हकीम (९)

(रास्ते से) उलटे जाते थे। (५५) और जिन लोगों को इल्म और ईमान दिया गया था, वे कहेंगे कि ख़ुदा की किताब के मुताबिक़ तुम क़ियामत तक रहे हो और यह क़ियामत ही का दिन है, लेकिन तुम को इसका यक़ीन ही न था। (५६) तो उस दिन ज़ालिम लोगों को उनका उज़्र कुछ फ़ायदा न देगा और न उन से तौबा क़ुबूल की जाएगी। (५७) और हम ने लोगों के (समझाने के) लिए इस क़ुरआन में हर तरह की मिसाल बयान कर दी है और अगर तुम उनके सामने कोई निशानी पेश करो, तो ये काफ़िर कह देंगे कि तुम तो झूठे हो। (५८) इसी तरह ख़ुदा उन लोगों के दिलों पर, जो समझ नहीं रखते, मुहर लगा देता है। (५९) पस तुम सब्र करो। बेशक ख़ुदा का वायदा सच्चा है और (देखो) जो लोग यक़ीन नहीं रखते, वे तुम्हें ओछा न बना दें। (६०)★

३१ सूर: लुक़मान ५७

सूर: लुक़मान मक्की है और इसमें चौंतीस आयतें और चार रुकूअ हैं।

शुरू ख़ुदा का नाम ले कर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

अलिफ़् लाम्-मीम्, (१) यह हिक्मत की (भरी हुई) किताब की आयतें हैं। (२) मुह्सिनों के लिए हिदायत और रहमत, (३) जो नमाज़ की पाबन्दी करते और ज़कात देते और आख़िरत का यक़ीन रखते हैं। (४) यही अपने परवरदिगार की (तरफ़) से हिदायत पर हैं और यही निजात पाने वाले हैं। (५) और लोगों में कोई ऐसा है, जो बेहूदा हिकायतें ख़रीदता है, ताकि (लोगों को) बे-समझे ख़ुदा के रास्ते से गुमराह करे और उसका मज़ाक़ उड़ाए। यही लोग हैं, जिनको ज़लील करने वाला अज़ाब होगा। (६) और जब उस को हमारी आयतें सुनायी जाती हैं, तो अकड़ कर मुंह फेर लेता है, गोया उनको सुना ही नहीं जैसे उन के कानों में बोझ है, तो उस को दर्द देने वाले अज़ाब की ख़ुशख़बरी सुना दो। (७) जो लोग ईमान लाये और नेक काम करते रहे, उन के लिए नेमत के बाग़ हैं, (८) हमेशा उन में रहेंगे। ख़ुदा का वायदा सच्चा है और वह ग़ालिब हिक्मत

★रु. ६/१ आ ७

ख-ल-क़स्समावाति बिग़ैरि अ-मदित् तरौनहा व अल्क़ा फ़िल्अर्ज़ि र-वासि-य अन् तमी-द बिकुम् व बस्-स फ़ीहा मिन् कुल्लि दाब्बतिन् ᵇव अन्ज़ल्ना मिनस्समाइ मा-अन् फ़-अम्बत्ना फ़ीहा मिन् कुल्लि ज़ौजिन् करीम (१०) हाज़ा ख़ल्-क़ुल्लाहि फ़-अरूनी माज़ा ख़-ल-क़ल्लज़ी-न मिन् दूनिही ᵇ बलिज़्ज़ालिमू - न फ़ी ज़लालिम् - मुबीन ★ (११) व ल-क़द् आतैना लुक़्मानल्-हिक्म-त अनिश्कुर् लिल्लाहि ᵇ व मंय्यश्कुर् फ़-इन्नमा यश्कुरु लिनफ़्सिही Ƈ व मन् क-फ़-र फ़-इन्नल्ला-ह ग़निय्युन् हमीद (१२) व इज़् क़ा-ल लुक़्मानु लिब्निही व हु-व यअिज़ुहू याबुनय्-य ला तुश्रिक् बिल्लाहि ▨ इन्नश्शिर् - क ल-ज़ुल्मुन् अज़ीम (१३) व वस्सैनल्-इन्सा-न बिवालिदैहि Ƈ ह-म - लत्हु उम्मुहू वह्नन् अला वह्निंव-व फ़िसालुहू फ़ी आमैनि अनिश्कुर् ली व लिवालिदै-क ᵇ इलय्यल्-मसीर ● (१४) व इन् जाहदा-क अला अन् तुश्रि-क बी मा लै-स ल-क बिही अिल्मुन् ᵛ फ़ ला तुतिअ्-हुमा व साहिब्हुमा फ़िद्दुन्या मअ-रूफ़ंव्-वत्तबिअ् सबी-ल मन् अना-ब इलय्-य Ƈ सुम्-म इलय्-य मर्जिअुकुम् फ़-उनब्बिउकुम् बिमा कुन्तुम् तअ्-मलून (१५) या बुनय्-य इन्नहा इन् तकु मिस्क़ा-ल हब्बतिम्मिन् ख़र्दलिन् फ़-तकुन् फ़ी सख़्-रतिन् औ फ़िस्समावाति औ फ़िल्अर्ज़ि यअ्ति बिहल्लाहु ᵇ इन्नल्ला-ह लतीफ़ुन् ख़बीर (१६) या बुनय्-य अक़िमिस्सला-त वअ्मुर् बिलमअ्-रूफ़ि वन्-ह अनिल्मुन्करि वस्बिर् अला मा असाब-क ᵇ इन्-न ज़ालि-क मिन् अ़ज़्मिल्-उमूर Ƈ (१७) व ला तुसअ्-अिर् ख़द्-द-क लिन्नासि व ला तम्शि फ़िल्अर्ज़ि म-र-हन् ᵇ इन्नल्ला-ह ला युहिब्बु कुल्-ल मुख़्तालिन् फ़ख़ूर Ƈ (१८) वक़्सिद् फ़ी मश्यि-क वग़्ज़ुज़् मिन् सौति - क ᵇ इन् - न अन्करल् - अस्वाति ल - सौतुल् - हमीर ★(१९)

رواسي أن تميد بكم وبث فيها من كل دابة وأنزلنا من السمآ
ء ماء فأنبتنا فيها من كل زوج كريم ⑩ هذا خلق الله فأروني ما
ذا خلق الذين من دونه بل الظالمون في ضلال مبين ⑪ و
لقد آتينا لقمان الحكمة أن اشكر لله ومن يشكر فإنما يشكر لنفسه
ومن كفر فإن الله غني حميد ⑫ وإذ قال لقمان لابنه وهو يعظه
يا بني لا تشرك بالله إن الشرك لظلم عظيم ⑬ ووصينا الإنسان
بوالديه حملته أمه وهنا على وهن وفصاله في عامين أن
اشكر لي ولوالديك إلي المصير ⑭ وإن جاهداك على أن تشرك
بي ما ليس لك به علم فلا تطعهما وصاحبهما في الدنيا معروفا
واتبع سبيل من أناب إلي ثم إلي مرجعكم فأنبئكم بما كنتم
تعملون ⑮ يا بني إنها إن تك مثقال حبة من خردل فتكن في
صخرة أو في السماوات أو في الأرض يأت بها الله إن الله لطيف
خبير ⑯ يا بني أقم الصلاة وأمر بالمعروف وانه عن المنكر
واصبر على ما أصابك إن ذلك من عزم الأمور ⑰ ولا تصعر
خدك للناس ولا تمش في الأرض مرحا إن الله لا يحب كل
مختال فخور ⑱ واقصد في مشيك واغضض من صوتك
إن أنكر الأصوات لصوت الحمير ⑲ ألم تروا أن الله سخر لكم

★रु. १/१० आ ११ ▨व. न बी स. ●नि १/२ ★रु. २/११ आ ८

वाला है। (९) उसी ने आसमानों को स्तूनों के बग़ैर पैदा किया, जैसा कि तुम देखते हो और ज़मीन पर पहाड़ (बना कर) रख दिए, ताकि तुम को हिला-हिला न दे और उस में हर तरह के जानवर फैला दिए और हम ही ने आसमान से पानी उतारा, फिर (उस से) उस में हर क़िस्म की नफ़ीस चीज़ें उगायीं। (१०) यह तो ख़ुदा की पैदाइश है, तो मुझे दिखाओ कि ख़ुदा के सिवा जो लोग हैं, उन्होंने क्या पैदा किया है ? सच तो यह है कि ये ज़ालिम खुली गुमराही में हैं। (११)★

और हमने लुक़्मान को हिक्मत बख़्शी कि ख़ुदा का शुक्र करो और जो शख़्स शुक्र करता है, तो अपने ही फ़ायदे के लिए शुक्र करता है और जो ना-शुक्री करता है, तो ख़ुदा भी बे-परवाह (और) हम्द (व तारीफ़) के लायक़ है। (१२) और (उस वक़्त को याद करो,) जब लुक़्मान ने अपने बेटे को नसीहत करते हुए कहा कि बेटा ख़ुदा के साथ शिर्क न करना▨शिर्क तो बड़ा (भारी) ज़ुल्म है। (१३) और हम ने इंसान को, जिसे उस की मां तक्लीफ़ पर तक्लीफ़ सह कर पेट में उठाए रखती है (फिर उस को दूध पिलाती है) और (आख़िरकार में) दो वर्ष में उस का दूध छुड़ाना होता है, (अपने, साथ ही) उसके मां-बाप के बारे में ताकीद की है कि मेरा भी शुक्र करता रह और अपने मां-बाप का भी (कि तुम को) मेरी ही तरफ़ लौट कर आना है●(१४) और वे तेरे पीछे पड़े हों कि तू मेरे साथ किसी ऐसी चीज़ को शरीक करे, जिस का तुझे कुछ भी इल्म नहीं, तो उन का कहना न मानना। हां, दुनिया के कामों में उन का अच्छी तरह साथ देना और जो शख़्स मेरी तरफ़ रुजूअ लाये, उस के रास्ते पर चलना, फिर तुम को मेरी तरफ़ लौट कर आना है। तो जो काम तुम करते रहे, मैं सब से तुम को आगाह करूंगा। (१५) (लुक़्मान ने यह भी कहा कि) बेटा ! अगर कोई अमल (मान लो) राई के दाने के बराबर भी (छोटा) हो और हो भी किसी पत्थर के अन्दर या आसमानों में (छिपा हुआ हो) या ज़मीन में, ख़ुदा उस को क़ियामत के दिन ला मौजूद करेगा। कुछ शक नहीं कि ख़ुदा लतीफ़ (और) ख़बरदार है। (१६) बेटा ! नमाज़ की पाबन्दी रखना और (लोगों को) अच्छे कामों के करने का हुक्म और बुरी बातों से मना करते रहना और जो मुसीबत तुझ पर आए, उस पर सब्र करना। बेशक ये बड़ी हिम्मत के काम हैं। (१७) और (घमंड में आ कर) लोगों से गाल न फुलाना और ज़मीन में अकड़ कर न चलना कि ख़ुदा किसी इतराने वाले ख़ुद-पसंद को पसंद नहीं करता। (१८) और अपनी चाल में दर्मियानी रास्ता अपनाए रहना और (बोलते वक़्त) आवाज़ नीची रखना, क्योंकि (ऊंची आवाज़ गधों की-सी है और कुछ शक नहीं कि)

★रु. १/१० आ ११ ▨व. न बी स. ●नि. १/२

अ-लम् तरौ अन्नल्ला-ह सख़्ख़-र लकुम् मा फ़िस्समावाति व मा फ़िल्अर्ज़ि व अस्ब-ग़ अलैकुम् नि-अ-मह् ज़ाहि-र-तंव्-व बाति-न-तन् ♭ व मिनन्नासि मंय्युजादिलु फ़िल्लाहि बिग़ैरि अिल्मिंव-व ला हुदंव्-व ला किताबिम्-मुनीर (२०) व इज़ा क़ी-ल लहुमुत्तबिअू मा अन्ज़-लल्लाहु क़ालू बल् नत्तबिअु मा व-जद्ना अलैहि आबा-अना♭ अ - व लौ कानश्शैतानु यद्अूहुम् इला अज़ाबिस्सअीर (२१) व मंय्युस्लिम् वज-हहू इलल्लाहि व हु - व मुह्सिनुन् फ़-क़दिस्तम्-स-क बिल्-अुर्-वतिल्-वुस्क़ा ♭ व इलल्लाहि आक़िबतुल्-उमूर (२२) व मन् क-फ़-र फ़ला यह्ज़ुन्-क कुफ़्रुहू♭ इलैना मर्जिअुहुम् फ़नुनब्बिउहुम् बिमा अमिलू♭ इन्नल्ला-ह अलीमुम्-बिज़ातिस्सुदूर (२३) नुमत्तिअुहुम् क़लीलन् सुम्-म नज़्तर्रुहुम् इला अज़ाबिन् ग़लीज़ (२४) व ल-इन् स-अल्तहुम् मन् ख़-ल-क़स्समावाति वल्अर-ज़ ल - यक़ूलुन्नल्लाहु ♭ क़ुलिल्हम्दु लिल्लाहि♭ बल् अक्सरुहुम् ला यअ्-लमून (२५)

ما في السموت وما في الارض واسبغ عليكم نعمه ظاهرة و
باطنة ومن الناس من يجادل في الله بغير علم ولا هدى ولا كتب
منير ۝ واذا قيل لهم اتبعوا ما انزل الله قالوا بل نتبع ما وجدنا
عليه اباءنا اولو كان الشيطن يدعوهم الى عذاب السعير ۝
ومن يسلم وجهه الى الله وهو محسن فقد استمسك بالعروة
الوثقى والى الله عاقبة الامور ۝ ومن كفر فلا يحزنك كفره
الينا مرجعهم فننبئهم بما عملوا ان الله عليم بذات الصدور ۝
نمتعهم قليلا ثم نضطرهم الى عذاب غليظ ۝ ولئن سالتهم من
خلق السموت والارض ليقولن الله قل الحمد لله بل اكثرهم لا
يعلمون ۝ لله ما في السموت والارض ان الله هو الغني الحميد ۝
ولو ان ما في الارض من شجرة اقلام والبحر يمده من بعده
سبعة ابحر ما نفدت كلمت الله ان الله عزيز حكيم ۝ ما خلقكم و
لا بعثكم الا كنفس واحدة ان الله سميع بصير ۝ الم تر ان الله
يولج اليل في النهار ويولج النهار في اليل وسخر الشمس والقمر
كل يجري الى اجل مسمى وان الله بما تعملون خبير ۝ ذلك
بان الله هو الحق وان ما يدعون من دونه الباطل وان الله هو
العلي الكبير ۝ الم تر ان الفلك تجري في البحر بنعمت الله ليريكم

लिल्लाहि मा फ़िस्समावाति वल्अर्ज़ि ♭ इन्नल्ला-ह हुवल् - ग़निय्युल् - हमीद (२६) व लौ अन्-न मा फ़िल्अर्ज़ि मिन् श-ज-रतिन् अक़-लामुंव्वल्बह्रु यमुद्-दुहू मिम्बअ्-दिही सब-अतु अब्हुरिम्-मा नफ़िदत् कलिमातुल्लाहि ♭ इन्नल्ला-ह अज़ीज़ुन् हकीम (२७) मा ख़ल्क़ुकुम् व ला बअ् - सुकुम् इल्ला क-नफ़्सिंव्वाहिदतिन् ♭ इन्नल्ला-ह समीअुम् - बसीर (२८) अ-लम् त - र अन्नल्ला-ह यूलिजुल्लै-ल फ़िन्नहारि व यूलिजुन्नहा-र फ़िल्लैलि व सख़्ख़रश्शम्-स वल्क़-म-र ⁄ कुल्लुंय्यजरी इला अ-जलिम्-मुसम्मंव-व अन्नल्ला-ह बिमा तअ्-मलू-न ख़बीर (२९) ज़ालि-क बि-अन्नल्ला-ह हुवल्-हक़्क़ु व अन्-न मा यद्अू-न मिन्दूनिहिल् - बातिलु ♭ व अन्नल्ला - ह हुवल् - अलिय्युल्कबीर ★(३०)

★रु. ३/१२ आ ११

सब से बुरी आवाज़ गधों की है★(१९) क्या तुम ने नहीं देखा कि जो कुछ आसमानों में और जो कुछ ज़मीन में है, सब को ख़ुदा ने तुम्हारे क़ाबू में कर दिया है और तुम पर अपनी ज़ाहिरी और भीतरी नेमतें पूरी कर दी हैं और कुछ लोग ऐसे हैं कि ख़ुदा के बारे में झगड़ते हैं, न इल्म रखते हैं और न हिदायत और न रोशन किताब। (२०) और जब उन से कहा जाता है कि जो (किताब) ख़ुदा ने नाज़िल फ़रमायी है, उसी की पैरवी करो, तो कहते हैं कि हम तो उसी की पैरवी करेंगे, जिस पर अपने बाप-दादा को पाया। भला अगरचे शैतान उन को दोज़ख़ के अज़ाब की तरफ़ बुलाता है, (तब भी ?) (२१) और जो शख़्स अपने आप को ख़ुदा का फ़रमांबरदार कर दे और भला भी हो तो उस ने मज़बूत दस्तावेज़ हाथ में ले ली और (सब) कामों का अंजाम ख़ुदा ही की तरफ़ है। (२२) और जो कुफ़्र करे तो उस का कुफ़्र तुम्हें ग़मनाक न कर दे। उन को हमारी तरफ़ लौट कर आना है, फिर जो काम वे किया करते थे, हम उन को बता देंगे। बेशक ख़ुदा दिलों की बातों को जानता है। (२३) हम उन को थोड़ा-सा फ़ायदा पहुंचाएंगे, फिर सख़्त अज़ाब की तरफ़ मजबूर कर के ले जाएंगे। (२४) और अगर तुम उन से पूछो कि आसमानों और ज़मीन को किस ने पैदा किया, तो बोल उठेंगे कि ख़ुदा ने, कह दो कि ख़ुदा का शुक्र है, लेकिन उन में अक्सर समझ नहीं रखते। (२५) जो कुछ आसमानों और ज़मीन में है (सब) ख़ुदा ही का है। बेशक ख़ुदा बे-परवाह (और) हम्द (व तारीफ़) के लायक़ है। (२६) और अगर यों हो कि ज़मीन में जितने पेड़ हैं (सब के सब) क़लम हों और समुन्दर (का तमाम पानी) स्याही हो (और) इस के बाद सात समुन्दर और (स्याही हो जाएं) तो ख़ुदा की बातें (यानी उस की सिफ़तें) ख़त्म न हों। बेशक ख़ुदा ग़ालिब हिक्मत वाला है। (२७) (ख़ुदा को) तुम्हारा पैदा करना और जिला उठाना एक शख़्स (के पैदा करने और जिला उठाने) की तरह है, बेशक ख़ुदा सुनने वाला, देखने वाला है। (२८) क्या तुम ने नहीं देखा कि ख़ुदा ही रात को दिन में दाख़िल करता है और उसी ने सूरज और उसी ने चांद को (तुम्हारे) फ़रमान के तहत कर रखा है। हर-एक एक मुक़र्रर वक़्त तक चल रहा है और यह कि ख़ुदा तुम्हारे सब अमल से ख़बरदार है। (२९) यह इस लिए कि ख़ुदा की ज़ात बर-हक़ है और जिन को ये लोग ख़ुदा के सिवा पुकारते हैं, वे बेकार हैं और यह कि ख़ुदा ही ऊंचे मर्तबे वाला और बड़ा है। (३०) ★

★रु. २/११ आ ८ ★रु. ३/१२ आ ११

अ-लम् त-र अन्नल्फ़ुल-क तज्री फ़िल्बह्रि बिनिअ्-मतिल्लाहि लियुरि-यकुम् मिन् आयातिही ط इन्-न फ़ी ज़ालि-क लआयातिल्-लिकुल्लि सब्बारिन् शकूर (३१) व इज़ा ग़शि-यहुम् मौजुन् कज़्ज़ुु - ललि द-अवुल्ला-ह मुख़्लिसी - न लहुद्-दी - न ج फ़ - लम्मा नज्जाहुम् इलल्बर्रि फ़मिन्हुम् मुक़्तसिदुन् ط व मा यज्हदु बिआयातिना इल्ला कुल्लु ख़त्तारिन् कफ़ूर (३२) या अय्युहन्नासुत्तक़ू रब्बकुम् वख़्शौ यौमल्ला यज् - ज़ी वालिदुन् अंव्व-लदिही لا व ला मौलूदुन् हु-व जाज़िन् अंव्वालिदिही शैअन् ط इन्-न वअ्-दल्लाहि हक़्क़ुन् फ़-ला तग़ुर्रन्नकुमुल् - ह़यातुद्दुन्या व ला यग़ुर्रन्नकुम् बिल्लाहिल्-ग़रूर (३३) इन्नल्ला - ह अ़िन्दहू अ़िल्मुस्साअ़ति ج व युनज़्ज़िलुल् - ग़ै - स ج व यअ् - लमु मा फ़िल्अर्ह़ामि ط व मा तद्री नफ़्सुम्-माज़ा तक्सिबु ग़ - दन् ط व मा तद्री नफ़्सुम् - बि - अय्यि अर्ज़िन् तमूतु ط इन्नल्ला - ह अ़लीमुन् ख़बीर★ (३४)

مِنْ آيَاتِهِ إِنَّ فِي ذَٰلِكَ لَآيَاتٍ لِكُلِّ صَبَّارٍ شَكُورٍ ۝ وَإِذَا غَشِيَهُمْ مَوْجٌ
كَالظُّلَلِ دَعَوُا اللَّهَ مُخْلِصِينَ لَهُ الدِّينَ فَلَمَّا نَجَّاهُمْ إِلَى الْبَرِّ فَمِنْهُمْ
مُقْتَصِدٌ وَمَا يَجْحَدُ بِآيَاتِنَا إِلَّا كُلُّ خَتَّارٍ كَفُورٍ ۝ يَا أَيُّهَا النَّاسُ اتَّقُوا
رَبَّكُمْ وَاخْشَوْا يَوْمًا لَا يَجْزِي وَالِدٌ عَنْ وَلَدِهِ وَلَا مَوْلُودٌ هُوَ جَازٍ
عَنْ وَالِدِهِ شَيْئًا إِنَّ وَعْدَ اللَّهِ حَقٌّ فَلَا تَغُرَّنَّكُمُ الْحَيَاةُ الدُّنْيَا وَلَا
يَغُرَّنَّكُمْ بِاللَّهِ الْغَرُورُ ۝ إِنَّ اللَّهَ عِنْدَهُ عِلْمُ السَّاعَةِ وَيُنَزِّلُ الْغَيْثَ
وَيَعْلَمُ مَا فِي الْأَرْحَامِ وَمَا تَدْرِي نَفْسٌ مَاذَا تَكْسِبُ غَدًا وَمَا
تَدْرِي نَفْسٌ بِأَيِّ أَرْضٍ تَمُوتُ إِنَّ اللَّهَ عَلِيمٌ خَبِيرٌ ۝

سورة السجدة مكية وهي ثلثون آية وثلث ركوعات

بِسْمِ اللَّهِ الرَّحْمَٰنِ الرَّحِيمِ

الم ۝ تَنْزِيلُ الْكِتَابِ لَا رَيْبَ فِيهِ مِنْ رَبِّ الْعَالَمِينَ ۝ أَمْ يَقُولُونَ
افْتَرَاهُ بَلْ هُوَ الْحَقُّ مِنْ رَبِّكَ لِتُنْذِرَ قَوْمًا مَا أَتَاهُمْ مِنْ نَذِيرٍ
مِنْ قَبْلِكَ لَعَلَّهُمْ يَهْتَدُونَ ۝ اللَّهُ الَّذِي خَلَقَ السَّمَاوَاتِ وَ
الْأَرْضَ وَمَا بَيْنَهُمَا فِي سِتَّةِ أَيَّامٍ ثُمَّ اسْتَوَىٰ عَلَى الْعَرْشِ مَا لَكُمْ
مِنْ دُونِهِ مِنْ وَلِيٍّ وَلَا شَفِيعٍ أَفَلَا تَتَذَكَّرُونَ ۝ يُدَبِّرُ الْأَمْرَ مِنَ
السَّمَاءِ إِلَى الْأَرْضِ ثُمَّ يَعْرُجُ إِلَيْهِ فِي يَوْمٍ كَانَ مِقْدَارُهُ أَلْفَ
سَنَةٍ مِمَّا تَعُدُّونَ ۝ ذَٰلِكَ عَالِمُ الْغَيْبِ وَالشَّهَادَةِ الْعَزِيزُ الرَّحِيمُ ۝

३२ सूरतुस्-सज्दति ७५

(मक्की) इस सूर: में अ़रबी के १५७७ अक्षर, २७४ शब्द, ३० आयतें और ३ रुकूअ़ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह़्मानिर्रह़ीम •

अलिफ़् - लाम् - मीम् ج (१) तन्ज़ीलुल्किताबि ला रै-ब फ़ीहि मिर्रब्बिल् - आ़लमीन ط (२) अम् यक़ूलूनफ़्तराहु ج बल् हुवल्ह़क़्क़ु मिर्रब्बि-क लितुन्ज़ि-र क़ौमम्-मा अताहुम् मिन् नज़ीरिम्-मिन् क़ब्लि-क ल-अ़ल्लहुम् यह्-तदून (३) अल्लाहुल्लज़ी ख़-ल-क़स्समावाति वल्अर्-ज़ व मा बैनहुमा फ़ी सित्तति अय्यामिन् सुम्मस्तवा अ़लल्अ़र्शि ط मा लकुम् मिन् दूनिही मिंव्वलिय्यिंव्वला शफ़ीअ़िन् ط अ-फ़-ला त-त - ज़क्करून (४) युदब्बिरुल्-अम्-र मिनस्समाइ इलल्अर्ज़ि सुम्-म यअ्-रुजु इलैहि फ़ी यौमिन् का-न मिक़्दारुहू अल्-फ़ स-नतिम्मिम्मा त-अुद्दून (५) ज़ालि-क आ़लिमुल्-ग़ैबि वश्शहादतिल्-अ़ज़ीज़ुर्रह़ीम ۙ (६)

★रु. ४/१३ आ ४

क्या तुम ने नहीं देखा कि खुदा ही की मेहरबानी से कश्तियां दरिया में चलती हैं, ताकि वह तुम को अपनी कुछ निशानियां दिखाए। बेशक इस में हर सब्र करने वाले (और) शुक्र करने वाले के लिए निशानियां हैं। (३१) और जब उन पर (दरिया की) लहरें सायबानों की तरह छा जाती हैं, तो खुदा को पुकारने (और) खालिस उस की इबादत करने लगते हैं, फिर जब वह उन को निजात दे कर खुश्की पर पहुंचा देता है, तो कुछ ही इंसाफ़ पर क़ायम रहते हैं और हमारी निशानियों से वही इन्कार करते हैं, जो वायदा तोड़ने वाले (और) ना-शुक्रे हैं। (३२) लोगो ! अपने परवरदिगार से डरो और उस दिन का ख़ौफ़ करो कि न तो बाप अपने बेटे के कुछ काम आए और न बेटा बाप के कुछ काम आ सके। बेशक खुदा का वायदा सच्चा है, पस दुनिया की ज़िंदगी तुम को धोखे में न डाल दे और न धोखा देने वाला (शैतान) तुम्हें खुदा के बारे में किसी तरह का फ़रेब दे।[1] (३३) खुदा ही को क़ियामत का इल्म है और वही मेंह बरसाता है और वही (हामिला के) पेट की चीज़ों को जानता है (कि नर है या मादा) और कोई शख़्स नहीं जानता कि वह कल क्या करेगा। और कोई नफ़्स नहीं जानता कि किस ज़मीन में उसे मौत आएगी। बेशक खुदा ही जानने वाला (और) ख़बरदार है। (३४)★

३२ सूर: सज्दा ७५

सूर: सज्दा मक्की है और इस में तीस आयतें और तीन रुकूअ हैं।

शुरू खुदा का नाम ले कर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

अलिफ़-लाम-मीम, (१) इस में कुछ शक नहीं कि इस किताब का नाज़िल किया जाना तमाम दुनिया के परवरदिगार की तरफ़ से है। (२) क्या ये लोग यह कहते हैं कि पैग़म्बर ने इस को खुद से बना लिया है ? (नहीं,) बल्कि वह तुम्हारे परवरदिगार की तरफ़ से बर-हक़ है, ताकि तुम उन लोगों को हिदायत करो, जिन के पास तुम से पहले कोई हिदायत करने वाला नहीं आया, ताकि ये रास्ते पर चलें। (३) खुदा ही तो है, जिस ने आसमानों और ज़मीन को और जो चीज़ें इन दोनों में हैं, सब को छ: दिन में पैदा किया, फिर अर्श पर क़ायम हुआ। उस के सिवा तुम्हारा न कोई दोस्त है और न सिफ़ारिश करने वाला। क्या तुम नसीहत नहीं पकड़ते ? (४) वही आसमान से ज़मीन तक (के) हर काम का इन्तिज़ाम करता है। फिर वह एक दिन जिस की मिक़्दार तुम्हारी गिनती के मुताबिक़ हज़ार वर्ष की होगी, उस की तरफ़ चढ़ाई (और रुजूअ) करेगा। (५) यही तो छिपे और ज़ाहिर का जानने वाला (और) ग़ालिब (और) रहम वाला (खुदा) है। (६) जिस ने हर चीज़

१. यानी शैतान धोखा दे कि अल्लाह ग़फ़ूर और रहीम है और दुनिया का जीना बहका दे कि जिस को यहां भला है, उस को वहां भी भला है।

★रु. ४/१३ आ ४

अल्लज़ी अह्-स-न कुल्-ल शैइन् ख़-ल-क़हू व ब-द-अ ख़ल्क़ल् - इन्सानि मिन् तीन॰(७) सुम्-म ज-अ-ल नस्-लहू मिन् सुलालतिम्-मिम्-मा-इम्-महीन॰(८) सुम् - म सव्वाहु व न-फ़-ख़ फ़ीहि मिर्रूहिही व ज-अ-ल लकुमुस्सम्-अ वल्-अब्सा-र वल्-अफ़्इ-द-त ▸ क़लीलम्-मा तश्कुरून (९) व क़ालू अ-इज़ा ज़-लल्ना फ़िल्अर्ज़ि अ इन्ना लफ़ी ख़ल्क़िन् जदीदिन् ▸ बल् हुम् बिलिक़ाइ रब्बिहिम् काफ़िरून (१०) क़ुल् य-त-वफ़्फ़ाकुम् म-लकुल् - मौतिल्लज़ी वुक्कि-ल बिकुम् सुम्-म इला रब्बिकुम् तुर्जअून ★ (११) व लौ तरा इज़िल्-मुज्रिमू-न नाकिसू रुऊसिहिम् अिन् - द रब्बिहिम् ▸ रब्बना अब्-सर्ना व समिअ्-ना फ़र्जिअ्-ना नअ्-मल् सालिहन् इन्ना मूक़िनून (१२) व लौ शिअ्ना लआतैना कुल्-ल नफ़्सिन् हुदाहा व लाकिन् हक़्क़ल्-क़ौलु मिन्नी ल-अम्-ल-अन्-न ज-हन्न-म मिनल्जिन्नति वन्नासि अज्मईन (१३) फ़ज़ूक़ू बिमा नसीतुम् लिक़ा - अ यौमिकुम् हाज़ा॰ इन्ना नसीनाकुम् व ज़ूक़ू अज़ाबल्-ख़ुल्दि बिमा कुन्तुम् तअ्-मलून (१४) इन्नमा युअ्मिनु बिआयातिनल्-लज़ी-न इज़ा ज़ुक्किरू बिहा ख़र्रू सुज्जदंव-व सब्बहू बिहम्दि रब्बिहिम् व हुम् ला यस्तक्बिरून □ (१५) त-त - जाफ़ा जुनूबुहुम् अनिल्मज़ाजिअि यद्अू-न रब्बहुम् ख़ौफ़ंव-व त-म-अ व्-व मिम्मा र-ज़क़्नाहुम् युन्फ़िक़ून (१६) फ़ ला तअ्-लमु नफ़्सुम्मा उख़्फ़ि-य लहुम् मिन् क़ुर्रति अअ्-युनिन्॰ जज़ा-अम्-बिमा कानू यअ्-मलून (१७) अ-फ़-मन् का-न मुअ्मिनन् क-मन् का-न फ़ासिक़न् ※ ला यस्तवून ※ (१८) अम्मल्लज़ी-न आमनू व अमिलुस्सालिहाति फ़-लहुम् जन्नातुल् - मअ्वा ▸ नुज़ुलम् - बिमा कानू यअ् - मलून (१९) व अम्मल्लज़ी-न फ़-सक़ू फ़-मअ्-वाहुमुन्नारु॰ कुल्लमा अरादू अंय्यख़्रुजू मिन्हा उअीदू फ़ीहा व क़ी - ल लहुम् ज़ूक़ू अज़ाबन्नारिल्लज़ी कुन्तुम् बिही तुकज़्ज़िबून (२०)

الذي أحسن كل شيء خلقه وبدأ خلق الإنسان من طين ۝
ثم جعل نسله من سلالة من ماء مهين ۝ ثم سواه ونفخ فيه
من روحه وجعل لكم السمع والأبصار والأفئدة قليلا ما
تشكرون ۝ وقالوا أإذا ضللنا في الأرض أإنا لفي خلق جديد
بل هم بلقاء ربهم كافرون ۝ قل يتوفاكم ملك الموت الذي
وكل بكم ثم إلى ربكم ترجعون ۝ ولو ترى إذ المجرمون ناكسوا
رءوسهم عند ربهم ربنا أبصرنا وسمعنا فارجعنا نعمل صالحا
إنا موقنون ۝ ولو شئنا لآتينا كل نفس هداها ولكن حق القول
مني لأملأن جهنم من الجنة والناس أجمعين ۝ فذوقوا بما
نسيتم لقاء يومكم هذا إنا نسيناكم وذوقوا عذاب الخلد بما كنتم
تعملون ۝ إنما يؤمن بآياتنا الذين إذا ذكروا بها خروا سجدا و
سبحوا بحمد ربهم وهم لا يستكبرون ۝ تتجافى جنوبهم عن
المضاجع يدعون ربهم خوفا وطمعا ومما رزقناهم ينفقون ۝
فلا تعلم نفس ما أخفي لهم من قرة أعين جزاء بما كانوا
يعملون ۝ أفمن كان مؤمنا كمن كان فاسقا لا يستوون ۝ أما
الذين آمنوا وعملوا الصالحات فلهم جنات المأوى نزلا بما كانوا
يعملون ۝ وأما الذين فسقوا فمأواهم النار كلما أرادوا أن

★रु. १/१४ आ ११ □ सज्दः ६ ※ व. गुफ़रान ※ व. गुफ़रान

को बहुत अच्छी तरह बनाया (यानी) उस को पैदा किया और इन्सान की पैदाइश को मिट्टी से शुरू किया। (७) फिर उस की नस्ल खुलासे से (यानी) हक़ीर पानी से पैदा की, (८) फिर उस को दुरुस्त किया, फिर उस में अपनी (तरफ़ से) रूह फूंकी और तुम्हारे कान और आंखें और दिल बनाये (मगर) तुम बहुत कम शुक्र करते हो। (९) और कहने लगे कि जब हम ज़मीन में मलिया-मेट हो जाएंगे, तो क्या नये सिरे से पैदा होंगे। सच तो यह है कि ये लोग अपने परवरदिगार के सामने जाने ही के क़ायल नहीं। (१०) कह दो कि मौत का फ़रिश्ता, जो तुम पर मुक़र्रर किया गया है, तुम्हारी रूहें क़ब्ज़ कर लेता है, फिर तुम अपने परवरदिगार की तरफ़ लौटाये जाओगे। (११)★

(और तुम ताज्जुब करो), जब देखो कि गुनाहगार अपने परवरदिगार के सामने सर झुकाए होंगे (और कहेंगे कि) ऐ हमारे परवरदिगार! हम ने देख लिया और सुन लिया, तो हम को (दुनिया में) वापस भेज दे कि नेक अमल करें। बेशक हम यक़ीन करने वाले हैं। (१२) और अगर हम चाहते, तो हर शख़्स को हिदायत कर देते, लेकिन मेरी तरफ़ से यह बात क़रार पा चुकी है कि मैं दोज़ख को जिन्नों और इन्सानों, सब से भर दूंगा। (१३) सो (अब आग के) मज़े चखो, इस लिए कि तुमने उस दिन के आने को भुला रखा था, (आज) हम भी तुम्हें भुला देंगे और जो काम तुम करते थे, उनकी सज़ा में हमेशा के अज़ाब के मज़े चखते रहो। (१४) हमारी आयतों पर तो वही लोग ईमान लाते हैं कि जब उन को उन से नसीहत की जाती है, तो सज्दे में गिर पड़ते और अपने परवरदिगार की तारीफ़ के साथ तस्बीह करते हैं और घमंड नहीं करते ☐ (१५) उन के पहलू बिछौनों से अलग रहते हैं (और) वह अपने परवरदिगार को ख़ौफ़ और उम्मीद से पुकारते और जो (माल) हम ने उन को दिया है, उस में से ख़र्च करते हैं। (१६) कोई नफ़्स नहीं जानता कि उन के लिए कैसी आंखों की ठंडक छिपा कर रखी गयी है, यह उन के आमाल का बदला है, जो वे करते थे। (१७) भला जो मोमिन हो, वह उस शख़्स की तरह हो सकता है जो नाफ़रमान हो? ▨ दोनों बराबर नहीं हो सकते ▨ (१८) जो लोग ईमान लाए और नेक अमल करते रहे, उन के (रहने के) लिए बाग़ हैं। यह मेहमानी उन कामों का बदला है, जो वे करते थे। (१९) और जिन्हों ने ना-फ़रमानी की, उन के (रहने के) लिए दोज़ख है। जब चाहेंगे कि उस में से निकल जाएं, तो उसमें लौटा दिए जाएंगे और उन से कहा जाएगा कि जिस दोज़ख के अज़ाब को तुम झूठ समझते थे, उस के

★रु. १/१४ आ ११ ☐ सज्दः ९ ▨ व. गुफ़रान ▨ व. गुफ़रान

व ल-नुज़ीक़न्नहुम् मिनल् - अज़ाबिल् - अद्‌ना दूनल् - अज़ाबिल् - अक्बरि ल-अ़ल्लहुम् यर्जिअ़ून (२१) व मन् अज़्-लमु मिम्मन् ज़ुक्कि-र बिआयाति रब्बिही सुम्-म अअ्-र-ज़ अ़न्हा ♭ इन्ना मिनल् - मुजिरमी-न मुन्तक़िमून ★(२२) व ल-क़द् आतैना मूसल्किता-ब फ़ ला तकुन् फ़ी मिर्यतिम्-मिल्-लिक़ा-इही व

ज-अ़ल्नाहु हुदल्लिबनी इस्राईल ♭ (२३) व ज - अ़ल्ना मिन्हुम् अइम्मतंय्यह्दू - न बिअम्रिना लम्मा स - बरू व कानू बि-आयातिना यूक़िनून (२४) इन्-न रब्ब-क हु-व यफ़्सिलु बैनहुम् यौमल्क़ियामति फ़ीमा कानू फ़ीहि यख़्-तलिफ़ून (२५) अ-व लम् यह्दि लहुम् कम् अह्-लक्-ना मिन् क़ब-लिहिम् मिनल्क़ुरूनि यम्शू-न फ़ी मसाकिनिहिम् ♭ इन्-न फ़ी ज़ालि-क लआयातिन् ♭ अ-फ़ला यस्-मअ़ून (२६) अ-व लम् यरौ अन्ना नसूक़ुल्मा-अ इलल्-अर्ज़िल्-जुरुज़ि फ़-नुख़्रिजु बिही ज़र-अ़न् तअ्-कुलु मिन्हु अन्आमुहुम् व अन्फ़ुसुहुम् ♭ अ-फ़ ला युब्सिरून ●(२७)

يخرجوا منها أعيدوا فيها وقيل لهم ذوقوا عذاب النار الذي كنتم
به تكذبون ۝ ولنذيقنهم من العذاب الأدنى دون العذاب
الأكبر لعلهم يرجعون ۝ ومن أظلم ممن ذكر بآيات ربه ثم أعرض
عنها إنا من المجرمين منتقمون ۝ ولقد آتينا موسى الكتاب
فلا تكن في مرية من لقائه وجعلناه هدى لبني إسرائيل ۝
وجعلنا منهم أئمة يهدون بأمرنا لما صبروا وكانوا بآياتنا
يوقنون ۝ إن ربك هو يفصل بينهم يوم القيامة فيما كانوا
فيه يختلفون ۝ أولم يهد لهم كم أهلكنا من قبلهم من
القرون يمشون في مساكنهم إن في ذلك لآيات أفلا يسمعون ۝
أولم يروا أنا نسوق الماء إلى الأرض الجرز فنخرج به زرعا تأكل
منه أنعامهم وأنفسهم أفلا يبصرون ۝ ويقولون متى هذا
الفتح إن كنتم صادقين ۝ قل يوم الفتح لا ينفع الذين كفروا إيمانهم
ولا هم ينظرون ۝ فأعرض عنهم وانتظر إنهم منتظرون ۝
سورة الأحزاب مدنية وهي ثلاث وسبعون آية وتسع ركوعات
بسم الله الرحمن الرحيم
يا أيها النبي اتق الله ولا تطع الكافرين والمنافقين إن الله
كان عليما حكيما ۝ واتبع ما يوحى إليك من ربك إن الله كان

व यक़ूलू - न मता हाज़ल्फ़त्हु इन् कुन्तुम् सादिक़ीन (२८) क़ुल् यौमल्फ़त्हि ला यन्फ़उ़ल्लज़ी-न क-फ़रू ईमानुहुम् व ला हुम् युन्ज़रून (२९) फ़-अअ् - रिज़् अ़न्हुम् वन्तज़िर् इन्नहुम् मुन्तज़िरून ★(३०)

३३ सूरतुल् अह़्ज़ाबि ९०

(मदनी) इस सूरः में अरबी के ५९०९ अक्षर, १२१० शब्द, ७३ आयतें और ९ रुकूअ़ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह़्मानिर्रह़ीम •

या अय्युहन् - नबिय्युत्-तक़िल्-ला-ह व ला तुतिअ़िल् - काफ़िरी-न वल्मुनाफ़िक़ी-न ♭ इन्नल्ला-ह का-न अ़लीमन्-ह़कीमा ♭ (१) वत्तबिअ़् मा यूहा इलै-क मिर्रब्बि-क ♭ इन्नल्ला-ह का-न बिमा तअ्-मलू-न ख़बीरा ♭ (२)

★रु. २/१५ आ ११ ●सु. ३/४ ★रु. ३/१६ आ ८

मज़े चखो। (२०) और हम उन को (क़ियामत के) बड़े अज़ाब के सिवा दुनिया के अज़ाब का भी मज़ा चखाएंगे, शायद (हमारी तरफ़) लौट आएं। (२१) और उस शख़्स से बढ़कर ज़ालिम कौन, जिस को उस के परवरदिगार की आयतों से नसीहत की जाए, तो वह उन से मुंह फेर ले। हम गुनाह-गारों से ज़रूर बदला लेने वाले हैं। (२२)★

और हम ने मूसा को किताब दी, तो तुम उनके मिलने से शक में न होना[1] और हमने उस (किताब) को (या मूसा को) बनी इस्राईल के लिए हिदायत (का ज़रिया) बनाया। (२३) और उन में से हम ने पेशवा बनाये थे, जो हमारे हुक्म से हिदायत किया करते थे, जब वे सब्र करते थे और वे हमारी आयतों पर यक़ीन रखते थे। (२४) बेशक तुम्हारा परवरदिगार उन में जिन बातों में वे इख़्तिलाफ़ करते थे, क़ियामत के दिन फ़ैसला कर देगा। (२५) क्या उनको इन (बातों) से हिदायत न हुई कि हम ने इन से पहले बहुत-सी उम्मतों को, जिन के बसने की जगहों में ये चलते-फिरते हैं, हलाक कर दिया। बेशक इस में निशानियां हैं, तो ये सुनते क्यों नहीं? (२६) क्या इन्होंने नहीं देखा कि हम इस बंजर ज़मीन की तरफ़ पानी चलाते हैं, फिर इससे खेती पैदा करते हैं, जिस में से इन के चौपाए भी खाते हैं और वे भी (खाते हैं), तो ये देखते क्यों नहीं?●(२७) और कहते हैं अगर तुम सच्चे हो, तो यह फ़ैसला कब होगा? (२८) कह दो कि फ़ैसले के दिन काफ़िरों को उनका ईमान लाना कुछ भी फ़ायदे का न होगा और न उन को मुहलत दी जाएगी। (२९) तो उनसे मुंह फेर लो और इन्तिज़ार करो, ये भी इन्तिज़ार कर रहे हैं। (३०)★

३३ सूरः अह्ज़ाब ९०

सूर: अह्ज़ाब मदनी है और इस में तिहत्तर आयतें और नौ रुकूअ हैं।

शुरू ख़ुदा का नाम ले कर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

ऐ पैग़म्बर! ख़ुदा से डरते रहना और काफ़िरों और मुनाफ़िक़ों का कहा न मानना। बेशक ख़ुदा जानने वाला (और) हिक्मत वाला है। (१) और जो (किताब) तुम को तुम्हारे परवरदिगार की तरफ़ से वह्य की जाती है, उसी की पैरवी किए जाना। बेशक ख़ुदा तुम्हारे सब अमलों से

---

१. यानी तुम मूसा से ज़रूर मिलोगे। चुनांचे आप मेराज की रात आसमान पर हज़रत मूसा अलै० से मिले, जैसा कि हदीस में है।

व त-वक्कल् अ़-लल्लाहि व कफ़ा बिल्लाहि वकीला (३) मा ज-अ़-लल्लाहु लिरजुलिम्-मिन् क़ल्बैनि फ़ी जौफ़िही व मा ज-अ़-ल अज़्वा-ज-कुमुल्लाई तुज़ाहिरू-न मिन्हुन्-न उम्महातिकुम् व मा ज-अ़-ल अद्-अ़िया-अ - कुम् अब्-ना - अकुम् ज़ालिकुम् क़ौलुकुम् बि - अफ़्वाहिकुम् वल्लाहु यक़ूलुल् ह़क़्-क़ व हु-व यह्दिस्सबील (४) उद्अ़ू-हुम् लिआबाइहिम् हु - व अक़्सतु अ़िन्दल्लाहि फ़-इल्लम् तअ़्-लमू आबा-अहुम् फ़-इख़्वानुकुम् फ़िद्दीनि व मवालीकुम् व लै-स अ़लैकुम् जुनाहुन् फ़ीमा अख़्तअ्-तुम् बिही व लाकिम्मा त - अ़म्म - दत् क़ुलूबुकुम् व कानल्लाहु ग़फ़ूरर् - रह़ीमा (५) अन्नबिय्यु औला बिल्मुअ्मिनी-न मिन् अन्फ़ुसिहिम् व अज़्वाजुहू उम्महातुहुम् व उलुल्-अर्हामि बअ़्-ज़ुहुम् औला बिबअ़्-ज़िन् फ़ी किताबिल्लाहि मिनल् - मुअ्मिनी - न वल्मुहाजिरी-न इल्ला अन् तफ़्-अ़लू इला औलिया-इकुम् मअ़्-रूफ़न् का-न ज़ालि-क फ़िल्किताबि मस्तूरा (६) व इज़् अ-ख़ज़्ना मिनन्नबिय्यी-न मीसाक़हुम् व मिन-क व मिन् नूहिंव्-व इब्राही-म व मूसा व ईसब्नि मर्य-म व अ-ख़ज़्ना मिन्हुम् मीसाक़न् ग़लीज़ल (७) लियस् - अलस् - सादिक़ी-न अ़न् सिद्क़िहिम् व अ-अ़द्-द लिल्काफ़िरी-न अ़ज़ाबन् अलीमा ★ (८) या अय्युहल्लज़ी-न आमनुज़्कुरू निअ़्-म-तल्लाहि अ़लैकुम् इज़् जाअत्कुम् जुनूदुन् फ़-अर्सल्ना अ़लैहिम् रीहंव् व जुनूदल्लम् तरौहा व कानल्लाहु बिमा तअ़्-मलू-न बसीरा (९) इज़् जाऊकुम् मिन् फ़ौक़िकुम् व मिन् अस् - फ़-ल मिन्कुम् व इज़् ज़ाग़तिल्-अब्सारु व ब-ल-ग़तिल्-क़ुलूबुल्-हनाजि-र व तज़ुन्नू-न बिल्लाहिज़्ज़ुनूना (१०) हुनालिकब्तुलियल्-मुअ्मिनू-न व ज़ुल्ज़िलू ज़िल्ज़ालन् शदीदा (११)

بما تعملون خبيرا ۝ وتوكل على الله وكفى بالله وكيلا ۝ ما
جعل الله لرجل من قلبين في جوفه وما جعل أزواجكم الـئي
تظهرون منهن أمهتكم وما جعل أدعياءكم أبناءكم ذلكم قولكم
بأفواهكم والله يقول الحق وهو يهدي السبيل ۝ ادعوهم لآبائهم
هو أقسط عند الله فإن لم تعلموا آباءهم فإخوانكم في الدين و
مواليكم وليس عليكم جناح فيما أخطأتم به ولكن ما تعمدت
قلوبكم وكان الله غفورا رحيما ۝ النبي أولى بالمؤمنين من
أنفسهم وأزواجه أمهتهم وأولوا الأرحام بعضهم أولى ببعض
في كتب الله من المؤمنين والمهجرين إلا أن تفعلوا إلى
أوليائكم معروفا كان ذلك في الكتب مسطورا ۝ وإذ أخذنا
من النبيين ميثاقهم ومنك ومن نوح وإبرهيم وموسى وعيسى
ابن مريم وأخذنا منهم ميثاقا غليظا ۝ ليسئل الصدقين عن
صدقهم وأعد للكفرين عذابا أليما ۝ يأيها الذين آمنوا اذكروا
نعمة الله عليكم إذ جاءتكم جنود فأرسلنا عليهم ريحا وجنودا
لم تروها وكان الله بما تعملون بصيرا ۝ إذ جاءوكم من فوقكم
ومن أسفل منكم وإذ زاغت الأبصر وبلغت القلوب الحناجر
وتظنون بالله الظنونا ۝ هنالك ابتلي المؤمنون وزلزلوا

★रु. १/१७ आ ८

ख़बरदार है। (२) और ख़ुदा पर भरोसा रखना और ख़ुदा ही कार-साज़ काफ़ी है। (३) ख़ुदा ने किसी आदमी के पहलू में दो दिल नहीं बनाये और न तुम्हारी औरतों को, जिन को तुम मां कह बैठते हो, तुम्हारी मां बनाया और न तुम्हारे लय-पालकों को, तुम्हारे बेटे बनाया।[1] ये सब तुम्हारे मुंह की बातें हैं और ख़ुदा तो सच्ची बात फ़रमाता है और वही सीधा रास्ता दिखाता है। (४) मोमिनो! लय-पालकों को उन के (असली) बापों के नाम से पुकारा करो कि ख़ुदा के नज़दीक यही बात दुरुस्त है। अगर तुम को उन के बापों के नाम मालूम न हों, तो दीन में वे तुम्हारे भाई और दोस्त हैं और जो बात तुम से ग़लती से हो गयी हो, उस में तुम पर कुछ गुनाह नहीं, लेकिन जो दिली इरादे से करो (उस पर पकड़ है) और ख़ुदा बख़्शने वाला मेहरबान है। (५) पैग़म्बर मोमिनों पर उनकी जानों से भी ज़्यादा हक़ रखते हैं और पैग़म्बर की बीबियां उनकी माएं हैं और रिश्तेदार आपस में अल्लाह की किताब के मुताबिक़ मुसलमानों और मुहाजिरों से एक दूसरे (के तर्के) के ज़्यादा हक़दार हैं, मगर यह कि तुम अपने दोस्तों से एहसान करना चाहो। यह हुक्म किताब (यानी क़ुरआन) में लिख दिया गया है। (६) और जब हमने पैग़म्बरों से अह्द लिया और तुम से और नूह से और इब्राहीम से और मूसा से और मरयम के बेटे ईसा से और अह्द भी उन से पक्का लिया, (७) ताकि सच कहने वालों से उन की सच्चाई के बारे में मालूम करे और उसने काफ़िरों के लिए दुख देने वाला अज़ाब तैयार कर रखा है। (८) ★

मोमिनो! ख़ुदा की उस मेहरबानी को याद करो, जो (उस ने) तुम पर (उस वक़्त) की, जब फ़ौजें तुम पर (हमला करने को) आयीं, तो हमने उन पर हवा भेजी और ऐसे लश्कर (नाज़िल किए), जिन को तुम देख नहीं सकते थे और जो काम तुम करते हो, ख़ुदा उन को देख रहा है। (९) जब वे तुम्हारे ऊपर और नीचे की तरफ़ से तुम पर (चढ़) आए और जब आंखें फिर गयीं और दिल (मारे दहशत के) गलों तक पहुंच गये और तुम ख़ुदा के बारे में तरह-तरह के गुमान करने लगे। (१०) वहां मोमिन आज़माए गए और सख़्त तौर पर हिलाए गए। (११) और जब मुनाफ़िक़

१. यानी न बीवी मां कह देने से मां हो जाती है, न लयपालक असली बेटे के हुक्म में होता है।

★रु. १/१७ आ ८

हम को क़ियामत के दिन की क़सम, (१) और नफ़्से लव्वामा[1] की (कि सब लोग उठा कर खड़े किए जाएंगे,) (२) क्या इंसान यह ख़्याल करता है कि हम उस की (बिखरी हुई) हड्डियां इकट्ठी नहीं करेंगे ? (३) ज़रूर करेंगे (और) हम इस बात पर क़ुदरत रखते हैं कि उसके पोर-पोर दुरुस्त कर दें, (४) मगर इंसान चाहता है कि आगे को ख़ुदसरी करता जाए। (५) पूछता है कि क़ियामत का दिन कब होगा ? (६) जब आंखें चुंधिया जाएं, (७) और चांद गहना जाए, (८) और सूरज और चांद जमा कर दिए जाएं, (९) उस दिन इंसान कहेगा कि (अब) कहां भाग जाऊं ? (१०) बेशक कहीं पनाह नहीं, (११) उस दिन परवरदिगार ही के पास ठिकाना है, (१२) उस दिन इंसान को जो (अमल) उस ने आगे भेजे और जो पीछे छोड़े होंगे, सब बता दिए जाएंगे, (१३) बल्कि इंसान आप अपना गवाह है, (१४) अगरचे उज़्र माज़रत करता रहे (१५) और (ऐ मुहम्मद !) वह्य के पढ़ने के लिए अपनी ज़ुबान न चलाया करो कि उस को जल्द याद कर लो। (१६) उस का जमा करना और पढ़ाना हमारे ज़िम्मे है। (१७) जब वह वह्य पढ़ा करें, तो तुम (उस को सुना करो और) फिर उसी तरह पढ़ा करो, (१८) फिर उस (के मानी) का बयान भी हमारे ज़िम्मे है, (१९) मगर (लोगो !) तुम दुनिया को दोस्त रखते हो, (२०) और आख़िरत को छोड़े देते हो, (२१) उस दिन बहुत से मुंह रौनक़दार होंगे, (२२) (और) अपने परवरदिगार का दीदार कर रहे होंगे, (२३) और बहुत-से मुंह उस दिन उदास होंगे, (२४) ख़्याल करेंगे कि उन पर मुसीबत वाक़ेअ होने को है। (२५) देखो, जब जान गले तक पहुंच जाए, (२६) और लोग कहने लगें, (इस वक़्त) कौन झाड़-फूंक करने वाला है, (२७) और उस (जान गले तक पहुंचे हुए शख़्स) ने समझा कि अब सब से जुदाई है, (२८) और पिंडली से पिंडली लिपट जाए, (२९) उस दिन तुझ को अपने परवरदिगार की तरफ़ चलना है, (३०) ★

तो उस (अंजाम से ना-समझ) ने न तो (ख़ुदा के कलाम की) तस्दीक़ की, न नमाज़ पढ़ी। (३१) बल्कि झुठलाया और मुंह फेर लिया, (३२) फिर अपने घर वालों के पास अकड़ता हुआ चल दिया। (३३) अफ़सोस है तुझ पर, फिर अफ़सोस है, (३४) फिर अफ़सोस है तुझ पर, फिर अफ़सोस है। (३५) क्या इंसान ख़्याल करता है कि यों ही छोड़ दिया जाएगा ? (३६) क्या वह मनी की, जो रहम में डाली जाती है, एक बूंद न था ? (३७) फिर लोथड़ा हुआ, फिर (ख़ुदा ने) उस को बनाया, फिर (उस के अंगों को) ठीक किया, (३८) फिर उस की दो क़िस्में बनायीं, (एक) मर्द और (एक) औरत। (३९) क्या उस को इस बात पर क़ुदरत नहीं कि मुर्दों को जिला उठाये ? (४०) ★

---

१. इन्सान का जी तीन तरह का है, एक जो गुनाहों और बुरे कामों की तरफ़ मायल रहे, उस को नफ़्से अम्मारा या अम्मारा बिस्सूइ कहते हैं, दूसरा जो बुराई और क़ुसूर के होने पर मलामत करे कि तू ने यह हरकत क्यों की, उस को नफ़्से लव्वामा कहते हैं। तीसरा जो नेकियों में दिलचस्पी बढ़ाए और बुराइयों से नफ़रत दिलाए, ऐसा जी बड़े चैन में रहता है और उस को नफ़्से मुत्मइन्ना कहते हैं। यहां ख़ुदा ने नफ़्से लव्वामा की क़सम खायी है।

७६ सूरतुद् दह्‌र ६८

(मदनी) इस सूर: में अरबी के १०६६ अक्षर, २४६ शब्द, ३१ आयतें और २ रुकूअ़ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह्‌मानिर्रहीम •

हल् अता अ-लल-इन्सानि हीनुम्-मिनद-दह्‌रि लम् यकुन् शै-अम्-मज़्कूरा (१) इन्ना ख़-लक़्नल-इन्सा-न मिन् नुत्‌फ़तिन् अम्शाजिन्नब्तलीहि फ़-ज-अ़ल्नाहु समीअ़म्-बसीरा (२) इन्ना हदैनाहुस्सबी-ल इम्मा शाकिरंव्-व इम्मा कफ़ूरा (३) इन्ना अअ्-तद्ना लिल्काफ़िरी-न सलासि-ल व अग़्लालंव्-व सअ़ीरा (४) इन्नल-अब्रा-र यश्-रबू-न मिन् कअ्सिन् का-न मिज़ा-जुहा काफ़ूरा (५) अ़ैनय्यश्-रबु बिहा अ़िबादुल्लाहि युफ़ज्जिरू-नहा तफ़्-जीरा (६) यूफ़ू-न बिन्नज़्रि व यख़ाफ़ू-न यौमन् का-न शर्रुहू मुस्ततीरा (७) व युत्‌अ़िमूनत्‌तआ़-म अ़ला हुब्बिही मिस्कीनंव्-व यतीमंव्-व असीरा (८) इन्नमा नुत्‌अ़िमुकुम् लिवज्हिल्लाहि ला नुरीदु मिन्कुम् जज़ाअंव्-व ला शुकूरा (९) इन्ना नख़ाफ़ु मिर्रब्बिना यौमन् अ़बूसन् क़म्-तरीरा (१०) फ़-वक़ाहुमुल्लाहु शर्-र ज़ालिकल-यौमि व लक़्क़ाहुम् नज़्-रतंव्-व सुरूरा (११) व जज़ाहुम् बिमा स-बरू जन्नतंव्-व हरीरम्- (१२) मुत्तकिई-न फ़ीहा अ़लल्-अराइकि ला यरौ-न फ़ीहा शम्संव्-व ला ज़म्-हरी-रा (१३) व दानि-य-तन् अ़लैहिम् ज़िलालुहा व ज़ुल्लिलत् क़ुतूफ़ुहा तज़्लीला (१४) व युताफ़ु अ़लैहिम् बिआनि-यतिम्-मिन् फ़िज़्ज़तिंव्-व अक्वाबिन् कानत् क़वारी-र (१५) क़वारी-र मिन् फ़िज़्ज़तिन् क़द्दरूहा तक़्दीरा (१६) व युस्क़ौ-न फ़ीहा कअ्-सन् का-न मिज़ाजुहा ज़न्जबीला (१७) अ़ैनन् फ़ीहा तुसम्मा सल्सबीला (१८) व यतूफ़ु अ़लैहिम् विल्दानुम्-मुख़ल्लदू-न इज़ा रऐतहुम् हसिब्-तहुम् लुअ्लुअम्-मन्सूरा (१९) व इज़ा रऐ-त सम्-म रऐ-त नअ़ीमंव्-व मुल्कन् कबीरा (२०)

سورة الدهر مدنية وهي احدى وثلثون اية وفيها ركوعان

بسم الله الرحمن الرحيم

هل اتى على الانسان حين من الدهر لم يكن شيئا مذكورا ۝ انا
خلقنا الانسان من نطفة امشاج نبتليه فجعلنه سميعا بصيرا ۝
انا هدينه السبيل اما شاكرا واما كفورا ۝ انا اعتدنا للكفرين
سلسلا واغللا وسعيرا ۝ ان الابرار يشربون من كاس كان
مزاجها كافورا ۝ عينا يشرب بها عباد الله يفجرونها تفجيرا ۝ يوفون
بالنذر ويخافون يوما كان شره مستطيرا ۝ ويطعمون الطعام
على حبه مسكينا ويتيما واسيرا ۝ انما نطعمكم لوجه الله لا نريد
منكم جزاء ولا شكورا ۝ انا نخاف من ربنا يوما عبوسا قمطريرا ۝
فوقىهم الله شر ذلك اليوم ولقىهم نضرة وسرورا ۝ وجزىهم بما
صبروا جنة وحريرا ۝ متكئين فيها على الارائك لا يرون فيها
شمسا ولا زمهريرا ۝ ودانية عليهم ظللها وذللت قطوفها تذليلا ۝
ويطاف عليهم بانية من فضة واكواب كانت قواريرا ۝ قواريرا من
فضة قدروها تقديرا ۝ ويسقون فيها كاسا كان مزاجها زنجبيلا ۝
عينا فيها تسمى سلسبيلا ۝ ويطوف عليهم ولدان مخلدون اذا
رايتهم حسبتهم لؤلؤا منثورا ۝ واذا رايت ثم رايت نعيما وملكا

७६ सूरः दह्र ६८

सूरः दह्र मक्की है, इस में इक्तीस आयतें और दो रुकूअ हैं।

शुरू ख़ुदा का नाम ले कर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

बेशक इंसान पर ज़माने में एक ऐसा वक़्त भी आ चुका है कि वह कोई चीज़ ज़िक्र के क़ाबिल न था। (१) हम ने इंसान को मिले-जुले नुत्फ़े से पैदा किया[1], ताकि उसे आज़माएं, तो हम ने उसे सुनता-देखता बनाया। (२) और उसे रास्ता भी दिखा दिया। (अब वह) चाहे शुक्रगुज़ार हो, चाहे ना-शुक्रा। (३) हम ने काफ़िरों के लिए जंजीरें और तौक़ और दहकती आग तैयार कर रखी है। (४) जो नेकी वाले हैं, वह ऐसी शराब[2] पिएंगे, जिस में काफ़ूर की मिलावट होगी। (५) यह एक चश्मा है, जिस में से ख़ुदा के बन्दे पिएंगे और उस में से (छोटी-छोटी) नहरें निकाल लेंगे। (६) ये लोग नज़्रें पूरी करते हैं और उस दिन से जिस की सख़्ती फैल रही होगी, ख़ौफ़ रखते हैं, (७) और इसके बावजूद कि उन को ख़ुद खाने की ख़्वाहिश (और ज़रूरत) है, फ़क़ीरों और यतीमों और क़ैदियों को खिलाते हैं। (८) (और कहते हैं कि) हम तुम को ख़ालिस ख़ुदा के लिए खिलाते हैं, न तुम से बदले की ख़्वाहिश है, न शुक्रगुज़ारी के (तलबगार।) (९) हम को अपने परवरदिगार से उस दिन का डर लगता है जो (चेहरों को) देखने में बुरा और (दिलों को) सख़्त (बेचैन कर देने वाला) है। (१०) तो ख़ुदा उन को उस दिन की सख़्ती से बचा लेगा और ताज़गी और ख़ुशदिली इनायत फ़रमाएगा। (११) और उन के सब्र के बदले उन को बहिश्त (के बाग़) और रेशम (के कपड़े) अता करेगा ? (१२) उन में वे तख़्तों पर तकिए लगाए बैठे होंगे, वहां न धूप (की गर्मी) देखेंगे, न सर्दी की तेज़ी, (१३) उन से (फलदार शाख़ें और) उन के साए क़रीब होंगे और मेवों के गुच्छे झुके हुए लटक रहे होंगे। (१४) (नौकर-चाकर) चांदी के बासन लिए हुए उन के चारों तरफ़ फिरेंगे और शीशे के (निहायत साफ़-सुथरे) गिलास, (१५) और शीशे भी चांदी के, जो ठीक अन्दाज़े के मुताबिक़ बनाए गए हैं, (१६) और वहां उन को ऐसी शराब (भी) पिलायी गयी, जिस में सोंठ की मिलावट होगी। (१७) यह बहिश्त में एक चश्मा है, जिस का नाम सलसबील है। (१८) और उन के पास लड़के आते जाते होंगे, जो हमेशा एक ही हालत पर आएंगे। जब तुम उन पर निगाह डालो, तो ख़्याल करो कि बिखरे हुए मोती हैं। (१९) और बहिश्त में (जहां) आंख उठाओगे, कसरत से नेमत और शानदार सल्तनत देखोगे। (२०) (उन (के बदनों) पर हरी दीबा

---

१. चूंकि मर्द और औरत दोनों के नुत्फ़ों के मिलने से बच्चा बनता है, इस लिए मिला-जुला नुत्फ़ा फ़रमाया।

२. 'कास' शराब के साग़र को भी कहते हैं और इसे शराब के लिए भी बोल सकते हैं, इस लिए यहां हम ने इस का तर्जुमा शराब किया।

आलि-यहुम् सियाबु सुन्दुसिन् ख़ुज़्रुंव्-व इस्तब्रकुंव्-व हुल्लू असावि-र मिन् फ़िज़्ज़ति-तिन् व सक़ाहुम् रब्बुहुम् शराबन् तहूरा (२१) इन्-न हाज़ा का-न लकुम् जज़ा-अंव्-व का-न सअ्-युकुम् मश्कूरा ★ (२२) इन्ना नह्नु नज़्ज़ल्ना अलैकल-क़ुर्आ-न तन्ज़ीला (२३) फ़स्बिर् लिहुक्मि रब्बि-क व ला तुतिअ्-मिन्हुम् आसिमन् औ कफ़ूरा (२४) वज़्कुरिस्-म रब्बि-क बुक्-र-तंव्-व असीला (२५) व मिनल्लैलि फ़स्जुद् लहू व सब्बिह्हु लैलन् तवीला (२६) इन्-न हाउला-इ युहिब्बूनल्-आजि-ल-त व य-ज़-रू-न वरा-अहुम् यौमन् सक़ीला (२७) नह्नु ख़-लक़्नाहुम् व शदद्ना अस्-रहुम् व इज़ा शिअ्ना बद्दल्ना अम्सालहुम् तब्दीला (२८) इन्-न हाज़िही तज़्कि-रतुन् फ़-मन् शाअत्त-ख़-ज़ इला रब्बिही सबीला (२९) व मा तशाऊ-न इल्ला अंय्यशाअल्लाहु इन्नल्ला-ह का-न अलीमन् हकीमंय्- (३०) -युद्ख़िलु मंय्यशाउ फ़ी रह्मतिही वज़्ज़ालिमी-न अ-अद्-द लहुम् अज़ाबन् अलीमा ★ (३१)

كَبِيرًا ۝ عَالِيَهُمْ ثِيَابُ سُندُسٍ خُضْرٌ وَإِسْتَبْرَقٌ ۖ وَحُلُّوا أَسَاوِرَ
مِن فِضَّةٍ وَسَقَاهُمْ رَبُّهُمْ شَرَابًا طَهُورًا ۝ إِنَّ هَٰذَا كَانَ لَكُمْ جَزَاءً
وَكَانَ سَعْيُكُم مَّشْكُورًا ۝ إِنَّا نَحْنُ نَزَّلْنَا عَلَيْكَ الْقُرْآنَ تَنزِيلًا ۝
فَاصْبِرْ لِحُكْمِ رَبِّكَ وَلَا تُطِعْ مِنْهُمْ آثِمًا أَوْ كَفُورًا ۝ وَاذْكُرِ اسْمَ
رَبِّكَ بُكْرَةً وَأَصِيلًا ۝ وَمِنَ اللَّيْلِ فَاسْجُدْ لَهُ وَسَبِّحْهُ لَيْلًا
طَوِيلًا ۝ إِنَّ هَٰؤُلَاءِ يُحِبُّونَ الْعَاجِلَةَ وَيَذَرُونَ وَرَاءَهُمْ يَوْمًا
ثَقِيلًا ۝ نَّحْنُ خَلَقْنَاهُمْ وَشَدَدْنَا أَسْرَهُمْ ۖ وَإِذَا شِئْنَا بَدَّلْنَا أَمْثَالَهُمْ
تَبْدِيلًا ۝ إِنَّ هَٰذِهِ تَذْكِرَةٌ ۖ فَمَن شَاءَ اتَّخَذَ إِلَىٰ رَبِّهِ سَبِيلًا ۝ وَ
مَا تَشَاءُونَ إِلَّا أَن يَشَاءَ اللَّهُ ۚ إِنَّ اللَّهَ كَانَ عَلِيمًا حَكِيمًا ۝ يُدْخِلُ
مَن يَشَاءُ فِي رَحْمَتِهِ ۚ وَالظَّالِمِينَ أَعَدَّ لَهُمْ عَذَابًا أَلِيمًا ۝
سُورَةُ الْمُرْسَلَاتِ مَكِّيَّةٌ وَهِيَ خَمْسُونَ آيَةً وَفِيهَا رُكُوعَانِ
بِسْمِ اللَّهِ الرَّحْمَٰنِ الرَّحِيمِ
وَالْمُرْسَلَاتِ عُرْفًا ۝ فَالْعَاصِفَاتِ عَصْفًا ۝ وَالنَّاشِرَاتِ نَشْرًا ۝
فَالْفَارِقَاتِ فَرْقًا ۝ فَالْمُلْقِيَاتِ ذِكْرًا ۝ عُذْرًا أَوْ نُذْرًا ۝ إِنَّمَا
تُوعَدُونَ لَوَاقِعٌ ۝ فَإِذَا النُّجُومُ طُمِسَتْ ۝ وَإِذَا السَّمَاءُ فُرِجَتْ ۝
وَإِذَا الْجِبَالُ نُسِفَتْ ۝ وَإِذَا الرُّسُلُ أُقِّتَتْ ۝ لِأَيِّ يَوْمٍ أُجِّلَتْ ۝
لِيَوْمِ الْفَصْلِ ۝ وَمَا أَدْرَاكَ مَا يَوْمُ الْفَصْلِ ۝ وَيْلٌ يَوْمَئِذٍ

७७ सूरतुल्-मुर्सलाति ३३

(मक्की) इस सूर: में अ़रबी के ८४६ अक्षर, १८१ शब्द, ५० आयतें और २ रुकूअ़ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीम •

वल्मुर्सलाति अुर्फ़न् (१) फ़ल-आसिफ़ाति अस्फ़न् (२) वन्नाशिराति नश्रन् (३) फ़ल्फ़ारिक़ाति फ़र्क़न् (४) फ़ल्मुल्क़ियाति ज़िक्रन् (५) अुज़्रन् औ नुज़्रन् (६) इन्नमा तू-अदू-न लवाक़ि-अ़ (७) फ़-इज़न्नुजूमु तुमिसत् (८) व इज़स्समाउ फ़ुरिजत् (९) व इज़ल्-जिबालु नुसिफ़त् (१०) व इज़र्रुसुलु उक़्क़ितत् (११) लिअय्यि यौमिन् उज्जिलत् (१२) लियौमिल्-फ़स्लि (१३) व मा अद्रा-क मा यौमुल्-फ़स्ल (१४)

★रु. १/१६ आ २२ ★रु. २/२० आ ६

और अतलस के कपड़े होंगे और उन्हें चांदी के कंगन पहनाए जाएंगे और उन का परवरदिगार उन को निहायत पाकीज़ा शराब पिलाएगा। (२१) यह तुम्हारा बदला है और तुम्हारी कोशिश (ख़ुदा के यहां) मक़बूल हुई। (२२) ★

(ऐ मुहम्मद !) हम ने तुम पर क़ुरआन धीरे-धीरे नाज़िल किया है, (२३) तो अपने परवरदिगार के हुक्म के मुताबिक़ सब्र किए रहो और उन लोगों में से किसी बद-अमल और ना-शुक्रे का कहा न मानो, (२४) और सुबह व शाम अपने परवरदिगार का नाम लेते रहो। (२५) और रात को बड़ी रात तक उस के आगे सज्दे करो और उस की पाकी बयान करते रहो। (२६) ये लोग दुनिया को दोस्त रखते हैं और (क़ियामत के) भारी दिन को पीठ पीछे छोड़ देते हैं। (२७) हम ने उन को पैदा किया और उन के जोड़ों को मज़बूत बनाया और अगर हम चाहें तो उन के बदले उन्हीं की तरह और लोग ले आएं। (२८) यह तो नसीहत है, जो चाहे अपने परवरदिगार की तरफ़ पहुंचने का रास्ता अख़्तियार करे। (२९) और तुम कुछ भी नहीं चाह सकते, मगर जो ख़ुदा को मंज़ूर हो। बेशक ख़ुदा जानने वाला, हिक्मत वाला है, (३०) जिस को चाहता है, अपनी रहमत में दाख़िल कर लेता है और ज़ालिमों के लिए उस ने दुख देने वाला अज़ाब तैयार कर रखा है★(३१)

७७ सूर: मुर्सलात ३३

सूर: मुर्सलात मक्की है, उस में पचास आयतें और दो रुकूअ हैं।

शुरू ख़ुदा का नाम ले कर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

हवाओं की क़सम जो नर्म-नर्म चलती हैं, (१) फिर ज़ोर पकड़ कर झक्कड़ हो जाती हैं, (२) और (बादलों को) फाड़ कर फैला देती हैं, (३) फिर उन को फाड़ कर जुदा-जुदा कर देती हैं, (४) फिर फ़रिश्तों की क़सम, जो वह्य लाते हैं, (५) ताकि उज़्र (दूर) कर दिया जाए, (६) कि जिस का तुम से वायदा किया जाता है, वह हो कर रहेगा। (७) जब तारों की चमक जाती रहे, (८) और जब आसमान फट जाए, (९) और जब पहाड़ उड़े-उड़े फिरें, (१०) और जब पैग़म्बर फ़राहम किए जाएं, (११) भला (इन मामलों में) देर किस लिए की गयी ? (१२) फ़ैसले के दिन के लिए, (१३) और तुम्हें क्या ख़बर कि फ़ैसले का दिन क्या है, (१४) उस दिन झुठलाने वालों के

★रु. १/१९ आ २२ ★रु. २/२० आ ९

वैलुंय्योमइज़िल् - लिलमुकज़्ज़िबीन (१५) अ-लम् नुह्लिकिल् - अव्वलीन (१६) सुम्-म नुत्बिअुहुमुल् - आख़िरीन (१७) कज़ालि-क नफ़्अलु बिल्-मुज्रिमीन (१८) वैलुंय्योमइज़िल् - लिलमुकज़्ज़िबीन (१९) अ - लम् नख़्लुक़्कुम् मिम् - माइम् - महीन (२०) फ़-ज-अल्नाहु फ़ी क़रारिम् - मकीन (२१) इला क़-दरिम्-मअ्-लूम (२२) फ़-क़-दर्ना फ़निअ्-मल् - क़ादिरून (२३) वैलुंय्योमइज़िल्-लिलमुकज़्ज़िबीन (२४) अ-लम् नज्अलिल्-अर्-ज़ किफ़ातन् (२५) अह्याअंव्-व अम्वातंव्- (२६) व जअल्ना फ़ीहा रवासि-य शामिख़ातिव्-व अस्क़ैनाकुम् माअन् फ़ुराता (२७) वैलुय्योमइज़िल-लिलमुकज़्ज़िबीन (२८) इन्तलिक़ू इला मा कुन्तुम् बिही तुकज़्ज़िबून (२९) इन्तलिक़ू इला ज़िल्लिन् ज़ी सलासि शु-अबिल- (३०) ला ज़लीलिंव्-व ला युग़्नी मिनल्ल-हब (३१) इन्नहा तर्मी बि-श-ररिन् कल्-क़स्रि (३२) क-अन्नहू जिमा-लतुन् सुफ़्र (३३) वैलुय्योमइज़िल-लिल-मुकज़्ज़िबीन (३४) हाज़ा यौमु ला यन्तिक़ून (३५) व ला युअ्ज़नु लहुम् फ़-यअ्-तज़िरून (३६) वैलुय्-यौमइज़िल-लिलमुकज़्ज़िबीन (३७) हाज़ा यौमुल-फ़स्लि ज-मअ्-नाकुम् वल्-अव्वलीन (३८) फ़इन् का-न लकुम् कैदुन् फ़कीदून (३९) वैलुय्योमइज़िल-लिलमुकज़्ज़िबीन ★ (४०) इन्नल्-मुत्तक़ी-न फ़ी ज़िलालिंव-व अुयून (४१) व फ़वाकि-ह मिम्मा यश-तहून (४२) कुलू वश्रबू हनीअम्-बिमा कुन्तुम् तअ्-मलून (४३) इन्ना कज़ालि-क नज्ज़िल-मुह्सिनीन (४४) वैलुय्योमइज़िल-लिलमुकज़्ज़िबीन (४५) कुलू व त-मत्तअू क़लीलन् इन्नकुम् मुज्रिमून (४६) वैलुय्योमइज़िल-लिलमुकज़्ज़िबीन (४७) व इज़ा क़ी-ल लहुमुर-कअू ला यर्-कअून (४८) वैलुय्योमइज़िल-लिलमुकज़्ज़िबीन (४९) फ़-बिअय्यि हदीसिम्-बअ्-दहू युअ्मिनून ★ (५०)

الْمُكَذِّبِينَ ۝ أَلَمْ نُهْلِكِ الْأَوَّلِينَ ۝ ثُمَّ نُتْبِعُهُمُ الْآخِرِينَ ۝
كَذَٰلِكَ نَفْعَلُ بِالْمُجْرِمِينَ ۝ وَيْلٌ يَوْمَئِذٍ لِّلْمُكَذِّبِينَ ۝ أَلَمْ نَخْلُقكُّم
مِّن مَّاءٍ مَّهِينٍ ۝ فَجَعَلْنَاهُ فِي قَرَارٍ مَّكِينٍ ۝ إِلَىٰ قَدَرٍ مَّعْلُومٍ ۝
فَقَدَرْنَا فَنِعْمَ الْقَادِرُونَ ۝ وَيْلٌ يَوْمَئِذٍ لِّلْمُكَذِّبِينَ ۝ أَلَمْ
نَجْعَلِ الْأَرْضَ كِفَاتًا ۝ أَحْيَاءً وَأَمْوَاتًا ۝ وَجَعَلْنَا فِيهَا رَوَاسِيَ
شَامِخَاتٍ وَأَسْقَيْنَاكُم مَّاءً فُرَاتًا ۝ وَيْلٌ يَوْمَئِذٍ لِّلْمُكَذِّبِينَ ۝
انطَلِقُوا إِلَىٰ مَا كُنتُم بِهِ تُكَذِّبُونَ ۝ انطَلِقُوا إِلَىٰ ظِلٍّ ذِي ثَلَاثِ
شُعَبٍ ۝ لَّا ظَلِيلٍ وَلَا يُغْنِي مِنَ اللَّهَبِ ۝ إِنَّهَا تَرْمِي بِشَرَرٍ
كَالْقَصْرِ ۝ كَأَنَّهُ جِمَالَتٌ صُفْرٌ ۝ وَيْلٌ يَوْمَئِذٍ لِّلْمُكَذِّبِينَ ۝
هَٰذَا يَوْمُ لَا يَنطِقُونَ ۝ وَلَا يُؤْذَنُ لَهُمْ فَيَعْتَذِرُونَ ۝ وَيْلٌ
يَوْمَئِذٍ لِّلْمُكَذِّبِينَ ۝ هَٰذَا يَوْمُ الْفَصْلِ جَمَعْنَاكُمْ وَالْأَوَّلِينَ ۝
فَإِن كَانَ لَكُمْ كَيْدٌ فَكِيدُونِ ۝ وَيْلٌ يَوْمَئِذٍ لِّلْمُكَذِّبِينَ ۝ إِنَّ
الْمُتَّقِينَ فِي ظِلَالٍ وَعُيُونٍ ۝ وَفَوَاكِهَ مِمَّا يَشْتَهُونَ ۝ كُلُوا
وَاشْرَبُوا هَنِيئًا بِمَا كُنتُمْ تَعْمَلُونَ ۝ إِنَّا كَذَٰلِكَ نَجْزِي الْمُحْسِنِينَ ۝
وَيْلٌ يَوْمَئِذٍ لِّلْمُكَذِّبِينَ ۝ كُلُوا وَتَمَتَّعُوا قَلِيلًا إِنَّكُم مُّجْرِمُونَ ۝
وَيْلٌ يَوْمَئِذٍ لِّلْمُكَذِّبِينَ ۝ وَإِذَا قِيلَ لَهُمُ ارْكَعُوا لَا يَرْكَعُونَ ۝
وَيْلٌ يَوْمَئِذٍ لِّلْمُكَذِّبِينَ ۝ فَبِأَيِّ حَدِيثٍ بَعْدَهُ يُؤْمِنُونَ ۝

★रु. १/२१ आ ४० ★रु. २/२२ आ १०

लिए ख़राबी है। (१५) क्या हम ने पहले लोगों को हलाक नहीं कर डाला? (१६) फिर इन पिछलों को भी उन के पीछे भेज देते हैं। (१७) हम गुनाहगारों के साथ ऐसा ही करते हैं। (१८) उस दिन झुठलाने वालों की ख़राबी है। (१९) क्या हम ने तुम को हक़ीर पानी से नहीं पैदा किया? (२०) (पहले) उस को एक महफ़ूज़ जगह में रखा, (२१) एक मालूम वक़्त तक, (२२) फिर अन्दाज़ा मुक़र्रर किया और हम क्या ही खूब अन्दाज़ा मुक़र्रर करने वाले हैं। (२३) उस दिन झुठलाने वालों की ख़राबी है। (२४) क्या हम ने ज़मीन को समेटने वाली नहीं बनाया? (२५) (यानी) ज़िंदों और मुर्दों को, (२६) और उस पर ऊंचे-ऊंचे पहाड़ रख दिए और तुम लोगों को मीठा पानी पिलाया, (२७) उस दिन झुठलाने वालों की ख़राबी है। (२८) जिस चीज़ को तुम झुठलाया करते थे, (अब) उस की तरफ़ चलो, (२९) (यानी) उस साए की तरफ़ चलो, जिस की तीन शाखें हैं, (३०) न ठंडी छांव और न लपट से बचाव, (३१) उस से आग की (इतनी-इतनी बड़ी) चिंगारियां उड़ती हैं, जैसे महल, (३२) गोया पीले रंग के ऊंट हैं, (३३) उस दिन झुठलाने वालों की ख़राबी है। (३४) यह वह दिन है कि (लोग) लब तक न हिला सकेंगे, (३५) और न उन को इजाज़त दी जाएगी कि उज़्र कर सकें। (३६) उस दिन झुठलाने वालों की ख़राबी है। (३७) यही फ़ैसले का दिन है, (जिस में) हम ने तुम को और पहले के लोगों को जमा किया है। (३८) अगर तुम को कोई दांव आता हो तो मुझ से कर चलो। (३९) उस दिन झुठलाने वालों की ख़राबी है। (४०) ★

बेशक परहेज़गार सायों और चश्मों में होंगे। (४१) और मेवों में जो उन को पसन्द हों, (४२) जो अमल तुम करते रहे थे, उन के बदले में मज़े से खाओ और पियो। (४३) हम नेकों को ऐसा ही बदला दिया करते हैं। (४४) उस दिन झुठलाने वालों की ख़राबी है। (४५) (ऐ झुठलाने वालो!) तुम किसी क़दर खा लो और फ़ायदे उठा लो, तुम बेशक गुनाहगार हो। (४६) उस दिन झुठलाने वालों की ख़राबी है। (४७) और जब उन से कहा जाता है कि (ख़ुदा के आगे) झुको तो झुकते नहीं। (४८) उस दिन झुठलाने वालों की ख़राबी है। (४९) अब इस के बाद ये कौन-सी बात पर ईमान लाएंगे? (५०)★

★रु. १/२१ आ ४० ★रु. २/२२ आ १०

तीसवां पारः अम्-म य-त-सा-अलून

७८ सूरतुन्नबइ ८०

(मक्की) इस सूर: में अरबी के ८०१ अक्षर, १७४ शब्द, ४० आयतें और २ रुकूअ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीम •

अम्-म य-त-सा-अलून (१) अनिन्न-ब-इल्-अज़ीम (२) अल्लज़ी हुम् फ़ीहि मुख़्तलिफ़ून (३) कल्ला स-यअ्-लमू-न (४) सुम्-म कल्ला स-यअ्-लमून (५) अ-लम् नजअलिल्-अर्-ज़ मिहादंव्- (६) वल्जिबा-ल औतादंव्- (७) व ख़-लक़्नाकुम् अज़्वाजंव्- (८) व ज-अल्ना नौमकुम् सुबातंव्- (९) व ज-अल्-नल्लै-ल लिबासंव्- (१०) व ज-अ़ल्नन्नहा-र मआशंव्- (११) व बनैना फ़ौ-क़कुम् सब्-अ़न् शिदादंव्- (१२) व ज-अल्ना सिराजंव्वह्हा-जंव्- (१३) व अन्ज़ल्ना मिनल्-मुअ्-सिराति मा-अन् सज्जाजल्- (१४) लि-नुख़्रि-ज बिही हब्बंव्-व नबातंव- (१५) व जन्नातिन् अल्-फ़ाफ़ा (१६) इन्-न यौमलफ़स्लि का-न मीक़ातंय्- (१७) यौ-म युन्फ़ख़ु फ़िस्सूरि फ़-तअ्-तू-न अफ़्वाजंव्- (१८) व फ़ुतिहतिस्-समाउ फ़-कानत अब्-वाबंव्- (१९) व सुय्यि-रतिल-जिबालु फ़-कानत सराबा (२०) इन्-न ज-हन्न-म कानत मिर्-सादल- (२१) लित्ता-ग़ी-न म-आबल्- (२२) लाबिसी-न फ़ीहा अह्-क़ाबा (२३) ला यज़ूक़ू-न फ़ीहा बर्दंव्-व ला शराबन् (२४) इल्ला हमीमंव्-व ग़स्सा-क़न् (२५) जज़ा-अंव्विफ़ाक़ा (२६) इन्नहुम् कानू ला यर्जू-न हिसाबव्- (२७) व कज़्ज़बू बिआयातिना किज़्ज़ाबा (२८) व कुल्-ल शैइन् अह्सैनाहु किताबन् (२९) फ़ज़ूक़ू फ़-लन् नज़ी-द-कुम् इल्ला अज़ाबा ★ (३०) इन्-न लिल-मुत्तक़ी-न मफ़ाज़न् (३१) ह-दाइ-क़ व अअ्-नाबंव्- (३२) व कवाअि-ब अत-राबंव्- (३३) व कअ्-सन् दिहाक़ा (३४) ला यस्-मअू-न फ़ीहा लग़वंव्-व ला किज़्ज़ाबा (३५) जज़ा-अम् - मिर्रब्बि-क अता-अन् हिसाबर्- (३६)

سورة النبأ مكية وهي اربعون آية وفيها ركوعان
بسم الله الرحمن الرحيم
عَمَّ يَتَسَاءَلُونَ ① عَنِ النَّبَإِ الْعَظِيمِ ② الَّذِي هُمْ فِيهِ
مُخْتَلِفُونَ ③ كَلَّا سَيَعْلَمُونَ ④ ثُمَّ كَلَّا سَيَعْلَمُونَ ⑤ أَلَمْ نَجْعَلِ
الْأَرْضَ مِهَادًا ⑥ وَالْجِبَالَ أَوْتَادًا ⑦ وَخَلَقْنَاكُمْ أَزْوَاجًا ⑧ وَجَعَلْنَا
نَوْمَكُمْ سُبَاتًا ⑨ وَجَعَلْنَا اللَّيْلَ لِبَاسًا ⑩ وَجَعَلْنَا النَّهَارَ مَعَاشًا ⑪ وَ
بَنَيْنَا فَوْقَكُمْ سَبْعًا شِدَادًا ⑫ وَجَعَلْنَا سِرَاجًا وَهَّاجًا ⑬ وَأَنْزَلْنَا
مِنَ الْمُعْصِرَاتِ مَاءً ثَجَّاجًا ⑭ لِنُخْرِجَ بِهِ حَبًّا وَنَبَاتًا ⑮ وَجَنَّاتٍ
أَلْفَافًا ⑯ إِنَّ يَوْمَ الْفَصْلِ كَانَ مِيقَاتًا ⑰ يَوْمَ يُنْفَخُ فِي الصُّورِ فَتَأْتُونَ
أَفْوَاجًا ⑱ وَفُتِحَتِ السَّمَاءُ فَكَانَتْ أَبْوَابًا ⑲ وَسُيِّرَتِ الْجِبَالُ فَكَانَتْ
سَرَابًا ⑳ إِنَّ جَهَنَّمَ كَانَتْ مِرْصَادًا ㉑ لِلطَّاغِينَ مَآبًا ㉒ لَابِثِينَ فِيهَا
أَحْقَابًا ㉓ لَا يَذُوقُونَ فِيهَا بَرْدًا وَلَا شَرَابًا ㉔ إِلَّا حَمِيمًا وَغَسَّاقًا ㉕
جَزَاءً وِفَاقًا ㉖ إِنَّهُمْ كَانُوا لَا يَرْجُونَ حِسَابًا ㉗ وَكَذَّبُوا بِآيَاتِنَا
كِذَّابًا ㉘ وَكُلَّ شَيْءٍ أَحْصَيْنَاهُ كِتَابًا ㉙ فَذُوقُوا فَلَنْ نَزِيدَكُمْ إِلَّا
عَذَابًا ㉚ إِنَّ لِلْمُتَّقِينَ مَفَازًا ㉛ حَدَائِقَ وَأَعْنَابًا ㉜ وَكَوَاعِبَ أَتْرَابًا ㉝
وَكَأْسًا دِهَاقًا ㉞ لَا يَسْمَعُونَ فِيهَا لَغْوًا وَلَا كِذَّابًا ㉟ جَزَاءً مِنْ رَبِّكَ
عَطَاءً حِسَابًا ㊱ رَبِّ السَّمَاوَاتِ وَالْأَرْضِ وَمَا بَيْنَهُمَا الرَّحْمَٰنِ لَا

★रु. १/१ आ ३०

७८ सूरः नबा ८०

सूरः नबा मक्की है। इस में चालीस आयतें और दो रुकूअ हैं।

शुरू ख़ुदा का नाम ले कर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

(ये) लोग किस चीज़ के बारे में पूछते हैं? (१) (क्या) बड़ी ख़बर के बारे में? (२) जिस में ये इख़्तिलाफ़ कर रहे हैं। (३) देखो, ये बहुत जल्द जान लेंगे। (४) फिर देखो, ये बहुत जल्द जान लेंगे। (५) क्या हम ने ज़मीन को बिछौना नहीं बनाया? (६) और पहाड़ों को (उस की) मेख़ें (नहीं ठहराया?) (७) (बेशक बनाया) और तुम को जोड़ा-जोड़ा भी पैदा किया, (८) और नींद को तुम्हारे लिए आराम की (वजह) बनाया, (९) और रात को पर्दा मुक़र्रर किया, (१०) और दिन को रोज़ी (का वक़्त) क़रार दिया, (११) और तुम्हारे ऊपर सात मज़बूत (आसमान) बनाये, (१२) और (सूरज का) रोशन चिराग़ बनाया, (१३) और निचुड़ते बादलों से मूसलाधार मेंह बरसाया, (१४) ताकि उस से अनाज और सब्ज़ा पैदा करें, (१५) और घने-घने बाग़। (१६) बेशक फ़ैसले का दिन मुक़र्रर है, (१७) जिस दिन सूर फूंका जाएगा, तो तुम लोग गुट के गुट आ मौजूद होगे, (१८) और आसमान खोला जाएगा, तो (उस में) दरवाज़े हो जाएंगे, (१९) और पहाड़ चलाए जाएंगे, तो वे रेत हो कर रह जाएंगे। (२०) बेशक दोज़ख़ घात में है, (२१) (यानी) सर-कशों का वही ठिकाना है। (२२) उस में मुद्दतों पड़े रहेंगे। (२३) वहां न ठंडक का मज़ा चखेंगे, न (कुछ) पीना (नसीब होगा), (२४) मगर गर्म पानी और बहती पीप, (२५) (यह) बदला है पूरा-पूरा। (२६) ये लोग हिसाब (आख़िरत) की उम्मीद नहीं रखते थे। (२७) और हमारी आयतों को झूठ समझ कर झुठलाते रहते थे। (२८) और हम ने हर चीज़ को लिख कर ज़ब्त कर रखा है। (२९) सो (अब) मज़ा चखो। हम तुम पर अज़ाब ही बढ़ाते जाएंगे। (३०)★

बेशक परहेज़गारों के लिए कामियाबी है। (३१) (यानी) बाग़ और अंगूर, (३२) और हम-उम्र नव-जवान औरतें, (३३) और शराब के छलकते हुए गिलास, (३४) वहां न बेहूदा बात सुनेंगे, न झूठ (ख़ुराफ़ात)।[1] (३५) यह तुम्हारे परवरदिगार की तरफ़ से बदला है तै इनाम, (३६)

१. कोई किसी से झगड़ता नहीं कि उस की बात मुकरावे।

रब्बिस्समावाति वल्अर्ज़ि व मा बैनहुमर्रह्मानि ला यम्लिकू-न मिन्हु ख़िताबा(३७) यौ-म यक़ूमुर्रूहु वल्मला-इकतु सफ़्फ़ल्-ला य-त-कल्लमू-न इल्ला मन् अज़ि-न लहुर्रह्मानु व क़ा-ल सवाबा (३८) ज़ालिकल-यौमुल्हक़्क़ु फ़-मन् शा-अत्त-ख-ज़ इला रब्बिही मआबा (३९) इन्ना अन्ज़र्नाकुम् अज़ाबन् क़रीबंय्-यौ-म यन्ज़ुरुल्-मर्उ मा क़द्-द-मत यदाहु व यक़ूलुल-काफ़िरु यालैतनी कुन्तु तुराबा ★ (४०)

७९ सूरतुन्-नाज़िआति ८१

(मक्की) इस सूरः में अरबी के ७६१ अक्षर, १८१ शब्द, ४६ आयतें और २ रुकूअ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीम •

वन्नाज़िआति ग़र्क़व्- (१) वन्नाशिताति नश्तं-व्- (२) वस्साबिहाति सब्हन् (३) फ़स्साबिक़ाति सब्क़न् (४) फ़ल्मुदब्बिराति अम्रा (५) यौ-म तर्जुफ़ुर्राजिफ़तु (६) तत्बअुहर-रादिफ़ः (७) क़ुलूबुंय्यौमइज़िंव्वाजिफ़तुन् (८) अब्सारुहा ख़ाशिअः (९) यक़ूलू-न अ इन्ना ल-मर्दूदू-न फ़िल्-हाफ़िरः (१०) अ इज़ा कुन्ना अिज़ामन् नख़िरः (११) क़ालू तिल्-क इज़न् कर्रतुन् ख़ासिरः (१२) फ़-इन्नमा हि-य ज़ज्-रतुंव्वाहिदतुन् (१३) फ़-इज़ा हुम् बिस्साहिरः (१४) हल् अता-क हदीसु मूसा (१५) इज् नादाहु रब्बुहू बिल्वादिल-मुक़द्दसि तुवा (१६) इज़्हब् इला फ़िर्औ-न इन्नहू तग़ा (१७) फ़क़ुल् हल् ल-क इला अन् त-ज़क्का (१८) व अह्दि-य-क इला रब्बि-क फ़-तख़्शा (१९) फ़-अराहुल-आ-य-तल-कुब्रा (२०) फ़-कज़्ज़-ब व असा (२१) सुम्-म अद्-ब-र यस्आ (२२) फ़-ह-श-र फ़नादा (२३) फ़क़ा-ल अ-न रब्बुकुमुल-अअ्-ला (२४) फ़-अ-ख़-ज़हुल्लाहु नकालल्-आख़िरति वल्ऊला (२५) इन्-न फ़ी ज़ालि-क ल-अिब्रतल-लिमंय्यख़्शा ★ (२६) अ अन्तुम् अशद्दु ख़ल् - क़न् अमिस्समाउ बनाहा (२७)

يَمْلِكُوْنَ مِنْهُ خِطَابًا ۝ يَوْمَ يَقُوْمُ الرُّوْحُ وَالْمَلٰٓئِكَةُ صَفًّا ۙ لَّا
يَتَكَلَّمُوْنَ اِلَّا مَنْ اَذِنَ لَهُ الرَّحْمٰنُ وَقَالَ صَوَابًا ۝ ذٰلِكَ الْيَوْمُ
الْحَقُّ ۚ فَمَنْ شَآءَ اتَّخَذَ اِلٰى رَبِّهٖ مَاٰبًا ۝ اِنَّآ اَنْذَرْنٰكُمْ عَذَابًا قَرِيْبًا ۚ
يَّوْمَ يَنْظُرُ الْمَرْءُ مَا قَدَّمَتْ يَدٰهُ وَيَقُوْلُ الْكٰفِرُ يٰلَيْتَنِىْ كُنْتُ تُرٰبًا ۝
سُوْرَةُ النّٰزِعٰتِ مَكِّيَّةٌ وَّهِىَ سِتٌّ وَّاَرْبَعُوْنَ اٰيَةً وَّفِيْهَا رُكُوْعَانِ
بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ
وَالنّٰزِعٰتِ غَرْقًا ۝ وَّالنّٰشِطٰتِ نَشْطًا ۝ وَّالسّٰبِحٰتِ سَبْحًا ۝ فَالسّٰبِقٰتِ
سَبْقًا ۝ فَالْمُدَبِّرٰتِ اَمْرًا ۝ يَوْمَ تَرْجُفُ الرَّاجِفَةُ ۝ تَتْبَعُهَا الرَّادِفَةُ ۝
قُلُوْبٌ يَّوْمَئِذٍ وَّاجِفَةٌ ۝ اَبْصَارُهَا خَاشِعَةٌ ۝ يَقُوْلُوْنَ ءَاِنَّا
لَمَرْدُوْدُوْنَ فِى الْحَافِرَةِ ۝ ءَاِذَا كُنَّا عِظَامًا نَّخِرَةً ۝ قَالُوْا تِلْكَ
اِذًا كَرَّةٌ خَاسِرَةٌ ۝ فَاِنَّمَا هِىَ زَجْرَةٌ وَّاحِدَةٌ ۝ فَاِذَا هُمْ بِالسَّاهِرَةِ ۝
هَلْ اَتٰىكَ حَدِيْثُ مُوْسٰى ۝ اِذْ نَادٰىهُ رَبُّهٗ بِالْوَادِ الْمُقَدَّسِ
طُوًى ۝ اِذْهَبْ اِلٰى فِرْعَوْنَ اِنَّهٗ طَغٰى ۝ فَقُلْ هَلْ لَّكَ اِلٰٓى
اَنْ تَزَكّٰى ۝ وَاَهْدِيَكَ اِلٰى رَبِّكَ فَتَخْشٰى ۝ فَاَرٰىهُ الْاٰيَةَ الْكُبْرٰى ۝
فَكَذَّبَ وَعَصٰى ۝ ثُمَّ اَدْبَرَ يَسْعٰى ۝ فَحَشَرَ فَنَادٰى ۝ فَقَالَ اَنَا
رَبُّكُمُ الْاَعْلٰى ۝ فَاَخَذَهُ اللّٰهُ نَكَالَ الْاٰخِرَةِ وَالْاُوْلٰى ۝ اِنَّ فِىْ
ذٰلِكَ لَعِبْرَةً لِّمَنْ يَّخْشٰى ۝ ءَاَنْتُمْ اَشَدُّ خَلْقًا اَمِ السَّمَآءُ ۚ

★रु. २/२ आ १० ※व. लाज़िम ※व. लाज़िम ※व. लाज़िम ※व. लाज़िम ★रु. १/३ आ २६

वह जो आसमानों और ज़मीन और जो उन दोनों में है, सब का मालिक है, बड़ा मेहरबान, किसी को उस से बात करने का यारा न होगा। (३७) जिस दिन रूहुल अमीन और (और) फ़रिश्ते सफ़ बांध कर खड़े हों, तो कोई बोल न सकेगा, मगर जिस को (ख़ुदा-ए-) रहमान इजाज़त बख़्शे और उस ने बात भी दुरुस्त कही हो। (३८) यह दिन बर-हक़ है। पस जो शख़्स चाहे अपने परवरदिगार के पास ठिकाना बना ले। (३९) हम ने तुम को अज़ाब से, जो बहुत जल्द आने वाला है, आगाह कर दिया है। जिस दिन हर शख़्स उन (आमाल) को जो उन से आगे भेजे होंगे, देख लेगा और काफ़िर कहेगा कि ऐ काश ! मैं मिट्टी होता। (४०) ★

८१ सूरः नाज़िआत ७९

सूर: नाज़िआत मक्की है। इस में छियालीस आयतें और दो रुकूअ हैं।

शुरू ख़ुदा का नाम ले कर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

उन (फ़रिश्तों) की क़सम, जो डूब कर खींच लेते हैं, (१) और उन की जो आसानी से खोल देते हैं, (२) और उन की जो तैरते-फिरते हैं, (३) फिर लपक कर आगे बढ़ते हैं, (४) फिर (दुनिया के) कामों का इन्तिज़ाम करते हैं[1] (५) (कि वह दिन आ कर रहेगा), जिस दिन ज़मीन को भोंचाल आएगा, (६) फिर उस के पीछे और (भोंचाल) आएगा, (७) उस दिन (लोगों के) दिल डर रहे होंगे। (८) (और) आंखें झुकी हुई। (९) काफ़िर कहते हैं, क्या हम उलटे पांव फिर लौटेंगे ? (१०) भला जब हम खोखली हड्डियां हो जाएंगे, (तो फिर ज़िंदा किए जाएंगे)। (११) कहते हैं कि यह लौटना तो नुक़्सान (की वजह) है। (१२) वह तो सिर्फ़ एक डांट होगी। (१३) उस वक़्त वे (सब हश्र के) मैदान में जमा होंगे। (१४) भला तुम को मूसा की हिकायत पहुंची है, (१५) जब उन के परवरदिगार ने उन को पाक मैदान (यानी) तुवा में पुकारा, (१६) (और हुक्म दिया) कि फ़िऔन के पास जाओ, वह सरकश हो रहा है, (१७) और (उस से) कहो, क्या तू चाहता है कि पाक हो जाए, (१८) और मैं तुझे तेरे परवरदिगार का रास्ता बताऊं, ताकि तुझ को ख़ौफ़ (पैदा) हो। (१९) ग़रज़ उन्हों ने उस को बड़ी निशानी दिखायी, (२०) मगर उस ने झुठलाया और न माना, (२१) फिर लौट गया और तद्बीरें करने लगा, (२२) और (लोगों को) इकट्ठा किया और पुकारा, (२३) कहने लगा कि तुम्हारा सब से बड़ा मालिक मैं हूं। (२४) तो ख़ुदा ने उस को दुनिया और आख़िरत (दोनों) के अज़ाब में पकड़ लिया। (२५) जो शख़्स (ख़ुदा से) डर रखता है, उस के लिए इस (क़िस्से) में इब्रत है। (२६)★

भला तुम्हारा बनाना मुश्किल है या आसमान का ? उसी ने उस को बनाया, (२७) उस की

१. जिन चीज़ों की यह ख़ूबियां बयान की गयी हैं, उन के बारे में आम राय यही है कि वे फ़रिश्ते हैं, इसी लिए तर्जुमे में हम ने फ़रिश्तों का लफ़्ज़ बढ़ा दिया है। डूब कर खींचने से मुराद रूहों का खींचना है। किसी की रूह को मुश्किल से निकालते हैं और किसी की रूह को आसानी से गोया बन्द खोल देते हैं।

र-फ़-अ सम्कहा फ़-सव्वाहा (२८) व अग़्त-श लैलहा व अख़्र-ज ज़ुहाहा (२९) वलअर्-ज़ बअ्-द ज़ालि-क दहाहा (३०) अख़्-र-ज मिन्हा मा-अहा व मर्आहा (३१) वलजिबा-ल अर्साहा (३२) मताअल्-लकुम् व लि-अन्आमिकुम् (३३) फ़-इज़ा जा-अतित्-ताम्मतुल-कुब्रा (३४) यौ-म य-त-ज़क्करुल् इन्सानु मा सआ (३५) व बुर्रिज़तिल-जहीमु लिमंय्यरा (३६) फ़-अम्मा मन् तग़ा (३७) व आ-स-रल्-हयातद्दुन्या (३८) फ़-इन्नल्-जही-म हियल्-मअ्वा (३९) व अम्मा मन् ख़ा-फ़ मक़ा-म रब्बिही व नहन्नफ़्-स अनिल्-हवा (४०) फ़-इन्नल-जन्न-त हि-यल्-मअ्वा (४१) यस्-अलू-न-क अनिस्साअति अय्या-न मुर्साहा (४२) फ़ी-म अन्-त मिन् ज़िक्-राहा (४३) इला रब्बि-क मुन्तहाहा (४४) इन्नमा अन्-त मुन्ज़िरु मंय्यख़्-शाहा (४५) क-अन्नहुम् यौ-म यरौनहा लम् यल्बसू इल्ला अशिय्य-तन् औ ज़ुहाहा★(४६)

بَنٰىهَا ۞ رَفَعَ سَمْكَهَا فَسَوّٰىهَا ۞ وَاَغْطَشَ لَيْلَهَا وَاَخْرَجَ ضُحٰىهَا ۞
وَالْاَرْضَ بَعْدَ ذٰلِكَ دَحٰىهَا ۞ اَخْرَجَ مِنْهَا مَآءَهَا وَمَرْعٰىهَا ۞ وَ
الْجِبَالَ اَرْسٰىهَا ۞ مَتَاعًا لَّكُمْ وَلِاَنْعَامِكُمْ ۞ فَاِذَا جَآءَتِ الطَّآمَّةُ
الْكُبْرٰى ۞ يَوْمَ يَتَذَكَّرُ الْاِنْسَانُ مَا سَعٰى ۞ وَبُرِّزَتِ الْجَحِيْمُ لِمَنْ
يَّرٰى ۞ فَاَمَّا مَنْ طَغٰى ۞ وَاٰثَرَ الْحَيٰوةَ الدُّنْيَا ۞ فَاِنَّ الْجَحِيْمَ هِيَ
الْمَاْوٰى ۞ وَاَمَّا مَنْ خَافَ مَقَامَ رَبِّهٖ وَنَهَى النَّفْسَ عَنِ الْهَوٰى ۞
فَاِنَّ الْجَنَّةَ هِيَ الْمَاْوٰى ۞ يَسْـَٔلُوْنَكَ عَنِ السَّاعَةِ اَيَّانَ مُرْسٰىهَا ۞ فِيْمَ
اَنْتَ مِنْ ذِكْرٰىهَا ۞ اِلٰى رَبِّكَ مُنْتَهٰىهَا ۞ اِنَّمَآ اَنْتَ مُنْذِرُ مَنْ يَّخْشٰىهَا ۞
كَاَنَّهُمْ يَوْمَ يَرَوْنَهَا لَمْ يَلْبَثُوْٓا اِلَّا عَشِيَّةً اَوْ ضُحٰىهَا ۞
سُوْرَةُ عَبَسَ مَكِّيَّةٌ وَّهِيَ اثْنَتَانِ وَاَرْبَعُوْنَ اٰيَةً وَّفِيْهَا رُكُوْعٌ وَّاحِدٌ
بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ
عَبَسَ وَتَوَلّٰىٓ ۞ اَنْ جَآءَهُ الْاَعْمٰى ۞ وَمَا يُدْرِيْكَ لَعَلَّهٗ يَزَّكّٰىٓ ۞ اَوْ
يَذَّكَّرُ فَتَنْفَعَهُ الذِّكْرٰى ۞ اَمَّا مَنِ اسْتَغْنٰى ۞ فَاَنْتَ لَهٗ
تَصَدّٰى ۞ وَمَا عَلَيْكَ اَلَّا يَزَّكّٰى ۞ وَاَمَّا مَنْ جَآءَكَ يَسْعٰى ۞ وَ
هُوَ يَخْشٰى ۞ فَاَنْتَ عَنْهُ تَلَهّٰى ۞ كَلَّآ اِنَّهَا تَذْكِرَةٌ ۞ فَمَنْ شَآءَ
ذَكَرَهٗ ۞ فِيْ صُحُفٍ مُّكَرَّمَةٍ ۞ مَّرْفُوْعَةٍ مُّطَهَّرَةٍ ۞ بِاَيْدِيْ
سَفَرَةٍ ۞ كِرَامٍ بَرَرَةٍ ۞ قُتِلَ الْاِنْسَانُ مَآ اَكْفَرَهٗ ۞ مِنْ اَيِّ

८० सूरतु अ-ब-स २४

(मक्की) इस सूरः में अरबी के ५५३ अक्षर, ११३ शब्द, ४२ आयतें और १ रुकूअ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीम •

अ-ब-स व त-वल्ला (१) अन् जा-अहुल-अअ्-मा (२) व मा युद्री-क ल-अल्लहू यज़्ज़क्का (३) औ यज़्ज़क्करु फ़-तन्फ़-अ-हुज़्ज़िकरा (४) अम्मा मनिस्तग़ना (५) फ़-अन्-त लहू त-सद्दा (६) व मा अलै-क अल्ला य-ज़्ज़क्का (७) व अम्मा मन् जा-अ-क यस-आ (८) व हु-व यख़्शा (९) फ़-अन-त अन्हु त-लह्हा (१०) कल्ला इन्नहा तज़्कि-रतुन् (११) फ़-मन् शा-अ ज़-क-रः (१२) फ़ी सुहुफ़िम्-मुकर्रमतिम्- (१३) मर्फ़ूअतिम्-मुतह-ह-रतिम् (१४) बिऐदी सफ़्-रतिन् (१५) किरामिम् - ब-र-रः (१६) क़ुतिलल-इन्सानु मा अक्फ़रः (१७) मिन् अय्यि शैइन् ख़-ल-क़ः (१८)

★रु. २/४ आ २० ▨ व. लाज़िम

छत को ऊंचा किया, फिर उसे बराबर कर दिया, (२८) और उसी ने रात अंधेरी बनायी और (दिन को) धूप निकाली (२९) और उस के बाद ज़मीन को फैला दिया, (३०) उसी ने इस में से इस का पानी निकाला और चारा उगाया, (३१) और उस पर पहाड़ों का बोझ रख दिया। (३२) यह सब कुछ तुम्हारे और तुम्हारे चौपायों के फ़ायदे के लिए (किया)। (३३) तो जब बड़ी आफ़त आएगी, (३४) उस दिन इंसान अपने कामों को याद करेगा, (३५) और दोज़ख देखने वाले के सामने निकाल कर रख दी जाएगी, (३६) तो जिस ने सरकशी की, (३७) और दुनिया की ज़िंदगी को मुक़द्दम समझा, (३८) उस का ठिकाना दोज़ख है। (३९) और जो अपने परवरदिगार के सामने खड़े होने से डरता और जी को ख़्वाहिशों से रोकता रहा, (४०) उस का ठिकाना बहिश्त है। (४१) (ऐ पैग़म्बर ! लोग) तुम से क़ियामत के बारे में पूछते हैं कि वह कब वाक़ेअ होगी ? (४२) सो तुम उस के ज़िक्र से किस फ़िक्र में हो ? (४३) उस का मुन्तहा (यानी वाक़ेअ होने का वक़्त) तुम्हारे परवरदिगार ही को (मालूम है)[1] (४४) जो शख़्स उस से डर रखता है, तुम तो उसी को डर सुनाने वाले हो। (४५) जब वे उस को देखेंगे, (तो ऐसा ख़्याल करेंगे) कि गोया (दुनिया में सिर्फ़) एक शाम या सुबह रहे थे। (४६)★

८० सूरः अ-ब-स २४

सूर: अ-ब-स मक्की है। इस में ४२ आयतें और एक रुकूअ है।

शुरू ख़ुदा का नाम ले कर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

(मुहम्मद मुस्तफ़ा) तुर्शरू हुए और मुंह फेर बैठे, (१) कि उन के पास एक अंधा आया, (२) और तुम को क्या ख़बर, शायद वह पाकी हासिल करता, (३) या सोचता तो समझाना उसे फ़ायदा देता। (४) जो परवाह नहीं करता, (५) उस की तरफ़ तो तवज्जोह करते हो, (६) हालांकि अगर वह न संवरे, तो तुम पर कुछ (इल्ज़ाम) नहीं, (७) और जो तुम्हारे पास दौड़ता हुआ आया, (८) और (ख़ुदा से) डरता है, (९) उस से तुम बे-रुख़ी करते हो,[2] (१०) देखो यह (क़ुरआन) नसीहत है, (११) पस जो चाहे, उसे याद रखे ※ (१२) अदब के क़ाबिल पन्नों में (लिखा हुआ), (१३) जो बुलन्द मक़ाम पर रखे हुए (और) पाक हैं, (१४) (ऐसे) लिखने वालों के हाथों में, (१५) जो सरदार और नेक हैं, (१६) इंसान हलाक हो जाए, कैसा ना-शुक्रा है (१७) उसे

१. पूछते-पूछते इसी तक पहुंचता है, बीच में सब बे-ख़बर हैं।

२. हज़रत इब्ने अब्बास रज़ि० कहते हैं कि जनाबे रसूले ख़ुदा सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम उत्बा बिन रबीआ और अबू जह्ल बिन हिशाम और अब्बास बिन अब्दुल मुत्तलिब से बड़ी तवज्जोह से बातें कर रहे थे, क्योंकि आप दिल से चाहते थे कि वे इस्लाम ले आएं। इतने में अब्दुल्लाह बिन उम्मे मक्तूम, जो आंखों से मजबूर थे, आए और हज़रत से कहने लगे कि मुझ को क़ुरआन सुनाइए और जो कुछ ख़ुदा ने आप को सिखाया है, वह मुझे सिखाइए ? आप ने इस हालत में उन की बात को पसन्द न फ़रमाया और पेशानी पर बल ला कर उस की तरफ़ से मुंह फेर लिया। इस पर ये आयतें नाज़िल हुयीं।

★रु. २/४ आ २० ※ व. लाज़िम

मिन् नुत्-फ़तिन्॰ ख़-ल-क़हू फ़-क़द्-द-रहू ॥ (१९) सुम्मस्सबी-ल यस्स-रहू ॥ (२०) सुम्-म अमातहू फ़-अक़्ब-रहू ॥ (२१) सुम्-म इज़ा शा-अ अन्शर: ॰ (२२) कल्ला लम्मा यक़्ज़ि मा अ-म-र: ॰ (२३) फ़ल्-यन्ज़ुरिल-इन्सानु इला तआमिही ॥ (२४) अन्ना स-बब्नल-मा-अ सब्बन् ॥ (२५) सुम्-म श-क़क़्नल्अर्-ज़ शक़्क़न् ॥ (२६) फ़-अम्बत्ना फ़ीहा हब्बंव्- ॥ (२७) व अि-न-बंव्-व क़ज़्बंव्- ॥ (२८) व ज़ैतूनंव्-व नख़्लंव्- (२९) व हदाइ-क़ ग़ुल्बंव्- ॥ (३०) व फ़ाकिहतंव्-व अब्बम्- ॥ (३१) मताअल्-लकुम् व लि-अन्आमिकुम् ॰ (३२) फ़-इज़ा जा-अतिस्साख़्ख़: ॰ (३३) यौ-म यफ़िर्रुल-मर्उ मिन् अख़ीहि ॥ (३४) व उम्मिही व अबीहि ॥ (३५) व साहिबतिही व बनीह ॰ (३६) लि-कुल्लिम्-रिइम्-मिन्हुम् यौमइज़िन् शअ्नुंय्युग़्नीह ॰ (३७) वुजूहुंय्यौमइज़िम्-मुस्फ़ि-र-तुन् ॥ (३८) ज़ाहि-कतुम्-मुस्तब्शि-रतुन् ॰ (३९) व वुजूहुंय्यौमइज़िन् अलैहा ग़-ब-रतुन् (४०) तर्हक़ुहा क़-त-र: ॰ (४१) उलाइ-क हुमुल्-क-फ़-रतुल्-फ़-ज-र: ★ (४२)

شیء خلقه ۝ من نطفة خلقه فقدره ۝ ثم السبيل يسره ۝
ثم اماته فاقبره ۝ ثم اذا شاء انشره ۝ كلا لما يقض ما
امره ۝ فلينظر الانسان الى طعامه ۝ انا صببنا الماء صبا ۝
ثم شققنا الارض شقا ۝ فانبتنا فيها حبا ۝ وعنبا وقضبا ۝ و
زيتونا ونخلا ۝ وحدائق غلبا ۝ وفاكهة وابا ۝ متاعا لكم
ولانعامكم ۝ فاذا جاءت الصاخة ۝ يوم يفر المرء من اخيه ۝
وامه وابيه ۝ وصاحبته وبنيه ۝ لكل امرئ منهم يومئذ
شان يغنيه ۝ وجوه يومئذ مسفرة ۝ ضاحكة مستبشرة ۝
ووجوه يومئذ عليها غبرة ۝ ترهقها قترة ۝ اولئك هم الكفرة الفجرة ۝
سورة التكوير مكية
بسم الله الرحمن الرحيم
اذا الشمس كورت ۝ واذا النجوم انكدرت ۝ واذا الجبال سيرت ۝
واذا العشار عطلت ۝ واذا الوحوش حشرت ۝ واذا البحار
سجرت ۝ واذا النفوس زوجت ۝ واذا الموءودة سئلت ۝ باي
ذنب قتلت ۝ واذا الصحف نشرت ۝ واذا السماء كشطت ۝ و
اذا الجحيم سعرت ۝ واذا الجنة ازلفت ۝ علمت نفس ما
احضرت ۝ فلا اقسم بالخنس ۝ الجوار الكنس ۝ والليل اذا

८१ सूरतुत्-तक्वीरि ७

(मक्की) इस सूर: में अरबी के ४३६ अक्षर, १०४ शब्द, २९ आयतें और १ रुकूअ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीम ●

इज़श्शम्सु कुव्विरत् ॥ (१) व इज़न्नुजूमुन-क-द-रत् ॥ (२) व इज़ल-जिबालु सुय्यिरत् ॥ (३) व इज़ल्अिशारु अुत्तिलत् ॥ (४) व इज़ल्वुहूशु हुशिरत् ॥ (५) व इज़ल्बिहारु सुज्जिरत् ॥ (६) व इज़न्नुफ़ूसु ज़ुव्विजत् ॥ (७) व इज़ल्मौऊदतु सुइ-लत् ॥ (८) बिअय्यि ज़म्बिन् क़ुतिलत् ॰ (९) व इज़स्सुहुफ़ु नुशिरत् ॥ (१०) व इज़स्समाउ कुशितत् ॥ (११) व इज़ल - जहीमु सुअ्-अिरत् ॥ (१२) व इज़ल्जन्नतु उज़्लिफ़त ॥ (१३) अलिमत नफ़्सुम्मा अह् - ज़ - रत ॰ (१४) फ़ला उक़्सिमु बिल्ख़ुन्नसिल्- ॥ (१५) जवारिल्-कुन्नस ॥ (१६)

★रु. १/५ आ ४२

(खुदा ने) किस चीज़ से बनाया ? (१८) नुत्फ़े से बनाया, फिर उस का अन्दाज़ा मुक़र्रर किया, (१९) फिर उस के लिए रास्ता आसान कर दिया, (२०) फिर उस को मौत दी, फिर क़ब्र में दफ़्न कराया, (२१) फिर जब चाहेगा, उसे उठा खड़ा करेगा। (२२) कुछ शक नहीं कि खुदा ने उसे जो हुक्म दिया, उस ने उस पर अमल न किया, (२३) तो इंसान को चाहिए कि अपने खाने की तरफ़ नज़र करे। (२४) बेशक हम ही ने पानी बरसाया, (२५) फिर हम ही ने ज़मीन को चीरा-फाड़ा। (२६) फिर हम ही ने उसमें अनाज उगाया, (२७) और अंगूर और तरकारी, (२८) और ज़ैतून और खजूरें, (२९) और घने-घने बाग़, (३०) और मेवे और चारा, (३१) (यह सब कुछ) तुम्हारे और तुम्हारे चारपायों के लिए बनाया, (३२) तो जब (क़ियामत का) गुल मचेगा, (३३) उस दिन आदमी अपने भाई से दूर भागेगा, (३४) और अपनी मां और अपने बाप से, (३५) और अपनी बीवी और अपने बेटे से, (३६) हर आदमी उस दिन एक फ़िक्र में होगा, जो उसे (मसरूफ़ियत के लिए) बस करेगा, (३७) और कितने मुंह उस दिन चमक रहे होंगे, (३८) हंसते और खिले हुए चेहरे (ये नेक लोग हैं), (३९) और कितने मुंह होंगे, जिन पर धूल पड़ रही होगी, (४०) (और) स्याही चढ़ रही होगी, (४१) ये कुफ़्फ़ार बद-किरदार हैं (४२)★

८१ सूरः तक्वीर ७

सूर: तक्वीर मक्की है और इस में २९ आयतें हैं। और १ रुकूअ़ है।

शुरू खुदा का नाम लेकर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

जब सूरज लपेट लिया जाएगा, (१) और जब तारे बे-नूर हो जाएंगे, (२) और जब पहाड़ चलाए जाएंगे, (३) और जब ब्याने वाली ऊंटनियां बेकार हो जाएंगी, (४) और जब वह्शी जानवर जमा किए जाएंगे, (५) और जब दरिया आग हो जाएंगे, (६) और जब रूहें (बदनों से) मिला दी जाएंगी। (७) और जब उस लड़की से जो ज़िंदा दफ़्न की गयी हो, पूछा जाएगा, (८) कि वह किस गुनाह पर मार दी गयी ? (९) और जब (अमलों के) दफ़्तर खोले जाएंगे, (१०) और जब आसमान की खाल खींच ली जाएगी, (११) और जब दोज़ख (की आग) भड़कायी जाएगी, (१२) और बहिश्त जब क़रीब लायी जाएगी, (१३) तब हर शख़्स मालूम कर लेगा कि वह क्या ले कर आया है। (१४) हम को उन सितारों की क़सम जो पीछे हट जाते हैं, (१५) और

★रु. १/५ आ ४२

वल्लैलि इज़ा अस्-अस॥(१७) वस्सुब्हि इज़ा त-नफ़्फ़स॥(१८) इन्नहू लक़ौलु रसूलिन् करीमिन्॥(१९) ज़ी क़ुव्वतिन् अिन्-द ज़िल्‌अर्शि मकीनिम्-॥(२०) मुताअिन् सम्-म अमीन॥(२१) व मा साहिबुकुम् बिमज्नून॥(२२) व ल-क़द् रआहु बिल्‌उफ़ुक़िल्-मुबीन॥(२३) व मा हु-व अलल्ग़ैबि बिज़नीन॥(२४) व मा हु-व बिक़ौलि शैतानिर्‌रजीम॥(२५) फ़-ऐ-न तज़्हबून॥(२६) इन् हु-व इल्ला ज़िक्रुल-लिल्‌आलमीन॥(२७) लिमन् शा-अ मिन्कुम् अंय्यस्तक़ीम॥(२८) व मा तशाऊ-न इल्ला अंय्यशाअल्लाहु रब्बुल-आलमीन ★ (२९)

८२ सूरतुल्-इन्फ़ितारि ८२

(मक्की) इस सूर: में अरबी के ३३४ अक्षर, ८० शब्द, १९ आयतें और १ रुकूअ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीम •

इज़स्समाउन्फ़-त-रत॥(१) व इज़ल-कवाकिबुन्-त-स-रत्॥(२) व इज़ल्‌बिहारु फ़ुज्जिरत्॥(३) व इज़ल्क़ुबूरु बुअ्-सिरत्॥(४) अलिमत नफ़्सुम्मा क़द्-द-मत् व अख़्ख़-रत्॥(५) या अय्युहल-इन्सानु मा ग़र्-र-क बिरब्बिकल-करीम॥(६) अल्लज़ी ख़-ल-क़-क फ़-सव्वा-क फ़-अ-द-लक॥(७) फ़ी अय्यि सूरतिम्-मा शा-अ रक्क-बक॥(८) कल्ला बल् तुकज़्ज़िबू-न बिद्दीनि॥(९) व इन्-न अलैकुम् लहाफ़िज़ीन॥(१०) किरामन् कातिबीन॥(११) यअ्-लमू-न मा तफ़्-अलून (१२) इन्नल-अब्रा-र लफ़ी नअीम॥(१३) व इन्नल्फ़ुज्जा-र लफ़ी जहीमिंय्॥(१४)-यस्लौनहा यौमद्दीन (१५) व मा हुम् अन्हा बिग़ाइबीन॥(१६) व मा अद्‌रा-क मा यौमुद्दीन॥(१७) सुम्-म मा अद्‌रा-क मा यौमुद्दीन॥(१८) यौ-म ला तम्लिकु नफ़्सुल-लिनफ़्सिन् शैअन॥ वल्‌अम्रु यौमइज़िल-लिल्लाह ★(१९) ●

عَسْعَسَ ۝ وَالصُّبْحِ اِذَا تَنَفَّسَ ۝ اِنَّهٗ لَقَوْلُ رَسُوْلٍ كَرِيْمٍ ۝
ذِيْ قُوَّةٍ عِنْدَ ذِي الْعَرْشِ مَكِيْنٍ ۝ مُّطَاعٍ ثَمَّ اَمِيْنٍ ۝ وَمَا
صَاحِبُكُمْ بِمَجْنُوْنٍ ۝ وَلَقَدْ رَاٰهُ بِالْاُفُقِ الْمُبِيْنِ ۝ وَمَا هُوَ عَلَى
الْغَيْبِ بِضَنِيْنٍ ۝ وَمَا هُوَ بِقَوْلِ شَيْطٰنٍ رَّجِيْمٍ ۝ فَاَيْنَ تَذْهَبُوْنَ ۝
اِنْ هُوَ اِلَّا ذِكْرٌ لِّلْعٰلَمِيْنَ ۝ لِمَنْ شَآءَ مِنْكُمْ اَنْ يَّسْتَقِيْمَ ۝ وَمَا
تَشَآءُوْنَ اِلَّآ اَنْ يَّشَآءَ اللّٰهُ رَبُّ الْعٰلَمِيْنَ ۝
سُوْرَةُ الْاِنْفِطَارِ مَكِّيَّةٌ وَّهِيَ تِسْعَ عَشْرَةَ اٰيَةً
بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ
اِذَا السَّمَآءُ انْفَطَرَتْ ۝ وَاِذَا الْكَوَاكِبُ انْتَثَرَتْ ۝ وَاِذَا الْبِحَارُ
فُجِّرَتْ ۝ وَاِذَا الْقُبُوْرُ بُعْثِرَتْ ۝ عَلِمَتْ نَفْسٌ مَّا قَدَّمَتْ وَ
اَخَّرَتْ ۝ يٰۤاَيُّهَا الْاِنْسَانُ مَا غَرَّكَ بِرَبِّكَ الْكَرِيْمِ ۝ الَّذِيْ خَلَقَكَ
فَسَوّٰىكَ فَعَدَلَكَ ۝ فِيْۤ اَيِّ صُوْرَةٍ مَّا شَآءَ رَكَّبَكَ ۝ كَلَّا بَلْ
تُكَذِّبُوْنَ بِالدِّيْنِ ۝ وَاِنَّ عَلَيْكُمْ لَحٰفِظِيْنَ ۝ كِرَامًا كَاتِبِيْنَ ۝
يَعْلَمُوْنَ مَا تَفْعَلُوْنَ ۝ اِنَّ الْاَبْرَارَ لَفِيْ نَعِيْمٍ ۝ وَاِنَّ الْفُجَّارَ
لَفِيْ جَحِيْمٍ ۝ يَّصْلَوْنَهَا يَوْمَ الدِّيْنِ ۝ وَمَا هُمْ عَنْهَا بِغَآئِبِيْنَ ۝
وَمَاۤ اَدْرٰىكَ مَا يَوْمُ الدِّيْنِ ۝ ثُمَّ مَاۤ اَدْرٰىكَ مَا يَوْمُ الدِّيْنِ ۝ يَوْمَ
لَا تَمْلِكُ نَفْسٌ لِّنَفْسٍ شَيْـًٔا ۝ وَالْاَمْرُ يَوْمَئِذٍ لِّلّٰهِ ۝

जो सैर करते और ग़ायब हो जाते हैं, (१६) और रात की क़सम, जब ख़त्म होने लगती है, (१७) और सुबह की क़सम जब नमूदार होती है, (१८) कि बेशक यह (क़ुरआन) बुलंद दर्जा फ़रिश्ते की ज़ुबान का पैग़ाम है, (१९) जो ताक़त वाला, अर्श के मालिक के यहां ऊंचे दर्जे वाला, (२०) सरदार (और) अमानतदार है। (२१) और (मक्के वालो!) तुम्हारे रफ़ीक़ (यानी मुहम्मद) दीवाने नहीं है। (२२) बेशक उन्होंने इस (फ़रिश्ते) को (आसमान के) खुले (यानी पूर्वी) किनारे पर देखा है, (२३) और वह छिपी बातों (के ज़ाहिर करने) में बख़ील नहीं, (२४) और यह शैतान मर्दूद का कलाम नहीं। (२५) फिर तुम किधर जा रहे हो? (२६) यह तो जहान के लोगों के लिए नसीहत है, (२७) (यानी) उस के लिए जो तुम में से सीधी चाल चलना चाहे, (२८) और तुम कुछ भी नहीं चाह सकते, मगर वही जो ख़ुदा-ए-रब्बुल आलमीन चाहे। (२९)★

८२ सूरः इन्फ़ितार ८२

सूरः इन्फ़ितार मक्की है। इस में १९ आयतें हैं। और १ रुकूअ़ है।

शुरू ख़ुदा का नाम ले कर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

जब आसमान फट जाएगा, (१) और जब तारे झड़ पड़ेंगे, (२) और जब दरिया बह (कर एक दूसरे से मिल) जाएंगे, (३) और जब क़ब्रें उखेड़ दी जाएंगी, (४) तब हर शख़्स मालूम कर लेगा कि उस ने आगे क्या भेजा था और पीछे क्या छोड़ा था? (५) ऐ इंसान! तुझ को अपने परवरदिगारे करीम के बारे में किस चीज ने धोखा दिया? (६) (वही तो है) जिस ने तुझे बनाया और (तेरे अंगों को) ठीक किया और (तेरी क़ामत को) एतदाल में रखा, (७) और जिस सूरत में चाहा, तुझे जोड़ दिया, (८) मगर हैरत (अफ़सोस!) तुम लोग बदले को झुठलाते हो, (९) हालांकि तुम पर निगहबान मुक़र्रर हैं, (१०) बुलंद मर्तबा, (तुम्हारी बातों के) लिखने वाले, (११) जो तुम करते हो, वे उसे जानते हैं, (१२) बेशक नेक लोग नेमतों (की) बहिश्त में होंगे। (१३) और बुरे दोज़ख़ में, (१४) (यानी) बदले के दिन उस में दाख़िल होंगे, (१५) और उस से छिप नहीं सकेंगे, (१६) और तुम्हें क्या मालूम कि बदले का दिन कैसा है? (१७) फिर तुम्हें क्या मालूम कि बदले का दिन कैसा है? (१८) जिस दिन कोई किसी का कुछ भला न कर सकेगा और हुक्म उस दिन ख़ुदा ही का होगा। (१९)★ ●

★रु. १/६ आ २९ ★रु. १/७ आ १९ ●रुबुअ़ १/४

८३ सूरतुल्-मुतफ़्फ़िफ़ीन ८६

(मक्की) इस सूर: में अरबी के ७५८ अक्षर, १७२ शब्द, ३६ आयतें और १ रुकूअ है।

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीम ●

वैलुल् - लिल्मुतफ़्फ़िफ़ीन (१) अल्लज़ी-न इज़क्तालू अलन्नासि यस्तौफ़ून (२) व इज़ा कालू-हुम् अव्-व-ज़नूहुम् युख्सिरून (३) अला यज़ुन्नु उलाइ-क अन्नहुम् मब्ऊसून (४) लियौमिन् अ़ज़ीम (५) यौ-म यक़ूमुन्नासु लिरब्बिल्-आलमीन (६) कल्ला इन्-न किताबल्-फ़ुज्जारि लफ़ी सिज्जीन (७) व मा अद्रा-क मा सिज्जीन (८) किताबुम्-मर्क़ूम (९) वैलुंय्यौ-म - इज़िलिल्-मुकज़्ज़िबीन (१०) अल्लज़ी-न युकज़्ज़िबू-न बियौमिद्दीन (११) व मा युकज़्ज़िबु बिही इल्ला कुल्लु मुअ्-तदिन् असीम (१२) इज़ा तुत्ला अ़लैहि आयातुना क़ा-ल असातीरुल्-अव्वलीन (१३) कल्ला बल् रा-न अ़ला क़ुलूबिहिम् मा कानू यक्सिबून (१४) कल्ला इन्नहुम् अर्रब्बिहिम् यौमइज़िल्-ल-मह्जूबून (१५) सुम्-म इन्नहुम् लसालुल्-जहीम (१६) सुम्-म युक़ालु हाज़ल्लज़ी कुन्तुम् बिही तुकज़्ज़िबून (१७) कल्ला इन्-न किताबल्-अब्रारि लफ़ी अ़िल्लिय्यीन (१८) व मा अद्रा-क मा अ़िल्लिय्यून (१९) किताबुम् - मर्क़ूमुंय् (२०) यश्हदुहुल् - मुक़र्रबून (२१) इन्नल् - अब्रा-र लफ़ी नअ़ीम (२२) अ़लल् - अराइकि यन्ज़ुरून (२३) तअ्-रिफ़ु फ़ी वुजूहिहिम् नज़्-र-तन्नअ़ीम (२४) युस्क़ौ-न मिर्रहीक़िम् - मख़्तूम (२५) ख़ितामुहू मिस्क व फ़ी ज़ालि-क फ़ल् - य-त-नाफ़सिल्-मु-त-नाफ़िसून (२६) व मिज़ाजुहू मिन् तस्नीम (२७) अ़ैनंय्यश्रबु बिहल्-मुक़र्रबून (२८) इन्नल्लज़ी-न अज्-रमू कानू मिनल्लज़ी-न आमनू यज़्-हकून (२९)

سورة المطففين مكية وهي ست وثلثون اية
بسم الله الرحمن الرحيم
ويل للمطففين ۝ الذين اذا اكتالوا على الناس يستوفون ۝ و
اذا كالوهم او وزنوهم يخسرون ۝ الا يظن اولئك انهم
مبعوثون ۝ ليوم عظيم ۝ يوم يقوم الناس لرب العلمين ۝
كلا ان كتب الفجار لفي سجين ۝ وما ادرىك ما سجين ۝ كتب
مرقوم ۝ ويل يومئذ للمكذبين ۝ الذين يكذبون بيوم
الدين ۝ وما يكذب به الا كل معتد اثيم ۝ اذا تتلى عليه
ايتنا قال اساطير الاولين ۝ كلا بل ران على قلوبهم ما
كانوا يكسبون ۝ كلا انهم عن ربهم يومئذ لمحجوبون ۝ ثم
انهم لصالوا الجحيم ۝ ثم يقال هذا الذي كنتم به تكذبون ۝
كلا ان كتب الابرار لفي عليين ۝ وما ادرىك ما عليون ۝
كتب مرقوم ۝ يشهده المقربون ۝ ان الابرار لفي نعيم ۝
على الارائك ينظرون ۝ تعرف في وجوههم نضرة النعيم ۝
يسقون من رحيق مختوم ۝ ختمه مسك وفي ذلك فليتنافس
المتنافسون ۝ ومزاجه من تسنيم ۝ عينا يشرب بها المقربون ۝
ان الذين اجرموا كانوا من الذين امنوا يضحكون ۝ واذا مروا

८३ सूरः मुतफ़िफ़फ़ीन ८६

सूरः तत्फ़ीफ़ मक्की है, इस में ३६ आयतें और १ रुकूअ है।

शुरू खुदा का नाम लेकर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

नाप और तौल में कमी करने वालों के लिए खराबी है, (१) जो लोगों से नाप कर लें तो पूरा लें, (२) और जब उन को नाप कर या तौल कर दें तो कम दें, (३) क्या ये लोग नहीं जानते कि उठाए भी जाएंगे, (४) (यानी) एक बड़े (सख्त) दिन में, (५) जिस दिन (तमाम) लोग रब्बुल आलमीन के सामने खड़े होंगे। (६) सुन रखो कि बद-कारों के आमाल सिज्जीन में हैं, (७) और तुम क्या जानते हो कि सिज्जीन क्या चीज़ है? (८) एक दफ़्तर है लिखा हुआ। (९) उस दिन झुठलाने वालों की खराबी है, (१०) (यानी) जो इंसाफ़ के दिन को झुठलाते हैं, (११) और उस को झुठलाता वही है जो हद से निकल जाने वाला गुनाहगार है। (१२) जब उस को हमारी आयतें सुनाई जाती हैं, तो कहता है, यह तो अगले लोगों की कहानियां हैं। (१३) देखो, ये जो (बुरे आमाल) करते हैं, उन का उन के दिलों पर ज़ंग बैठ गया है, (१४) बेशक ये लोग उस दिन अपने परवरदिगार (के दीदार) से ओट में होंगे, (१५) फिर दोज़ख में जा दाखिल होंगे, (१६) फिर उन से कहा जाएगा कि यह वही चीज़ है जिस को तुम झुठलाते थे। (१७) (यह भी) सुन रखो कि नेकों के आमाल इल्लीयीन में है, (१८) और तुम को क्या मालूम कि इल्लीयीन क्या चीज़ है? (१९) एक दफ़्तर है लिखा हुआ, (२०) जिस के पास मुक़र्रब (फ़रिश्ते) हाज़िर रहते हैं। (२१) बेशक नेक लोग चैन में होंगे, (२२) तख्तों पर बैठे हुए नज़ारे करेंगे, (२३) तुम उन के चेहरों ही से राहत की ताज़गी मालूम कर लोगे, (२४) उन को खालिस शराब मुहरबन्द पिलायी जाएगी, (२५) (२६) जिस की मुहर मुश्क की होगी, तो (नेमतों का) शौक़ रखने वालों को चाहिए कि उसी का चाव करें। (२६) और इस में तस्नीम (के पानी) की मिलावट होगी। (२७) वह एक चश्मा है, जिस में से (खुदा के) मुक़र्रब पिएंगे, (२८) जो गुनाहगार (यानी कुफ़्फ़ार) हैं, वे (दुनिया में) मोमिनों से हंसी किया करते थे। (२९) और जब

व इज़ा मर्रू बिहिम् य-त-ग़ा-मज़ून (३०) व इज़न्क़-लबू इला अह्लिहिमुन्क़-लबू फ़किहीन (३१) व इज़ा रऔहुम् क़ालू इन्-न हाउलाइ लज़ाल्लून (३२) व मा उर्सिलू अलैहिम् हाफ़िज़ीन (३३) फ़ल-यौमल्लज़ी-न आमनू मिनल्-कुफ़्फ़ारि यज़्-हकून (३४) अ़लल् - अराइ-कि यन्ज़ुरून (३५) हल् सुव्विबल्-कुफ़्फ़ारु मा कानू यफ़्-अलून ★ (३६)

يتغامزون ٣٠ وإذا انقلبوا إلى أهلهم انقلبوا فكهين ٣١ وإذا
رأوهم قالوا إن هؤلاء لضالون ٣٢ وما أرسلوا عليهم حافظين ٣٣
فاليوم الذين آمنوا من الكفار يضحكون ٣٤ على الأرائك ينظرون ٣٥
هل ثوب الكفار ما كانوا يفعلون ٣٦

سورة الانشقاق مكية وهي خمس وعشرون آية

بسم الله الرحمن الرحيم

إذا السماء انشقت ١ وأذنت لربها وحقت ٢ وإذا الأرض
مدت ٣ وألقت ما فيها وتخلت ٤ وأذنت لربها وحقت ٥ يا أيها
الإنسان إنك كادح إلى ربك كدحا فملاقيه ٦ فأما من أوتي
كتابه بيمينه ٧ فسوف يحاسب حسابا يسيرا ٨ وينقلب إلى
أهله مسرورا ٩ وأما من أوتي كتابه وراء ظهره ١٠ فسوف يدعوا
ثبورا ١١ ويصلى سعيرا ١٢ إنه كان في أهله مسرورا ١٣ إنه ظن
أن لن يحور ١٤ بلى إن ربه كان به بصيرا ١٥ فلا أقسم
بالشفق ١٦ والليل وما وسق ١٧ والقمر إذا اتسق ١٨ لتركبن طبقا عن
طبق ١٩ فما لهم لا يؤمنون ٢٠ وإذا قرئ عليهم القرآن لا يسجدون ٢١
بل الذين كفروا يكذبون ٢٢ والله أعلم بما يوعون ٢٣ فبشرهم
بعذاب أليم ٢٤ إلا الذين آمنوا وعملوا الصالحات لهم أجر غير ممنون ٢٥

८४ सूरतुल्-इन्शिक़ाक़ि ८३

(मक्की) इस सूर: में अरबी के ४४८ अक्षर, १०८ शब्द, २५ आयतें और १ रुकूअ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीम •

इज़स्समाउन्शक़्क़त् (१) व अज़िनत लिरब्बिहा व हुक़्क़त (२) व इज़ल्अर्ज़ु मुद्दत् (३) व अल्क़त मा फ़ीहा व त-ख़ल्लत (४) व अज़िनत लिरब्बिहा व हुक़्क़त (५) या अय्युहल-इन्सानु इन्-न-क कादिहुन् इला रब्बि-क कद्हन् फ़मुलाक़ीहि (६) फ़-अम्मा मन् ऊति-य किताबहू बियमीनिही (७) फ़सौ-फ़ युहासबु हिसाबंय्यसीरा (८) व यन्क़लिबु इला अह्लिही मस्रूरा (९) व अम्मा मन् ऊति-य किताबहू वरा-अ ज़ह्रिही (१०) फ़सौ-फ़ यद्ऊ सुबूरा (११) व यस्ला सअ़ीरा (१२) इन्नहू का-न फ़ी अह्लिही मस्रूरा (१३) इन्नहू ज़न्-न अल्लंय्यहू-र (१४) बला इन्-न रब्बहू का-न बिही बसीरा (१५) फ़ला उक़्सिमु बिश्शफ़क़ि (१६) वल्-लैलि व मा व-स-क़ (१७) वल्क़-मरि इज़त्त-स-क़ (१८) ल-तर्कबुन्-न त-ब-क़न् अन् त-बक़ (१९) फ़मा लहुम् ला युअ्मिनून (२०) व इज़ा क़ुरि-अ अ़लैहिमुल-क़ुर्आनु ला यस्जुदून □ (२१) बलिल्लज़ी-न क-फ़रू युकज़्ज़िबून (२२) वल्लाहु अअ्-लमु बिमा यूअ़ून (२३) फ़-बश्शिर्हुम् बिअ़ज़ाबिन् अलीम (२४) इल्-लल्लज़ी-न आमनू व अ़मिलुस्सालिहाति लहुम् अज्रुन् ग़ैरु मम्नून ★ (२५)

★रु. १/८ आ ३६ □सजद: १३ ★रु. १/६ आ २५ ∴ मु. अ़ि मु. ता ख़. १७

उन के पास से गुज़रते, तो हिक़ारत से इशारे करते, (३०) और जब अपने घर को लौटते, तो इतराते हुए लौटते, (३१) और जब उन (मोमिनों) को देखते तो कहते कि ये तो गुमराह हैं, (३२) हालांकि वे उन पर निगरां बना कर नहीं भेजे गये थे। (३३) तो आज मोमिन काफ़िरों से हंसी करेंगे, (३४) (और) तख़्तों पर (बैठे हुए उन का हाल) देख रहे होंगे। (३५) तो काफ़िरों को उन के अमलों का (पूरा-पूरा) बदला मिल गया। (३६) ★

८४ सूरः इन्शिक़ाक़ ८३

सूर: इन्शिक़ाक़ मक्की है, इस में पचीस आयतें हैं। और १ रुकूअ हैं।

शुरू ख़ुदा का नाम ले कर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

जब आसमान फट जाएगा, (१) और अपने परवरदिगार का फ़रमान बजा लाएगा और उसे वाजिब भी यही है, (२) और जब ज़मीन हमवार कर दी जाएगी। (३) और जो कुछ इस में है, उसे निकाल कर बाहर डाल देगी और (बिल्कुल) ख़ाली हो जाएगी, (४) और अपने परवरदिगार के इर्शाद की तामील करेगी और उस को लाज़िम भी यही है, (तो क़ियामत क़ायम हो जाएगी।) (५) ऐ इंसान! तू अपने परवरदिगार की तरफ़ (पहुंचने में) ख़ूब कोशिश करता है, सो उस से जा मिलेगा। (६) तो जिस का नामा (-ए-आमाल) उस के दाहिने हाथ में दिया जाएगा, (७) उस से आसान हिसाब लिया जाएगा, (८) और वह अपने घर वालों में ख़ुश-ख़ुश आएगा, (९) और जिस का नामा (-ए-आमाल) उस की पीठ के पीछे से दिया जाएगा, (१०) वह मौत को पुकारेगा, (११) और दोज़ख़ में दाख़िल होगा, (१२) यह अपने अहल (व अयाल) में मस्त रहता था, (१३) और ख़्याल करता था कि (ख़ुदा की तरफ़) फिर कर न जाएगा, ∴ (१४) हां, (हां,) ∴ उस का परवरदिगार उस को देख रहा था। (१५) हमें शाम की लाली की क़सम! (१६) और रात की और जिन चीज़ों को वह इकट्ठा कर लेती है, उन की, (१७) और चांद की जब पूरा हो जाए, (१८) कि तुम दर्जा-दर्जा (ऊंचे रुत्बे पर) चढ़ोगे, (१९) तो उन लोगों को क्या हुआ है कि ईमान नहीं लाते, (२०) और जब उन के सामने क़ुरआन पढ़ा जाता है, तो सज्दा नहीं करते, □ (२१) बल्कि काफ़िर झुठलाते हैं, (२२) और ख़ुदा उन बातों को, जो ये अपने दिलों में छिपाते हैं, ख़ूब जानता है, (२३) तो उन को दुख देने वाले अज़ाब की ख़बर सुना दो। (२४) हां, जो लोग ईमान लाए और नेक अमल करते रहे, उन के लिए बे-इन्तिहा बदला है। (२५) ★

★रु. १/८ आ ३६ ∴ मु. अि मु ता ख़. १७ □ सज्द: १३, ★रु. १/९ आ २९

८५ सूरतुल्-बुरूजि २७

(मक्की) इस सूरः में अरबी के ४७५ अक्षर, १०९ शब्द, २२ आयतें और १ रुकूअ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीम •

वस्समाइ जातिल्बुरूजि (१) वल-यौमिल-मौऊदि (२) व शाहिदिंव्-व मश्हूद (३) क़ुति-ल अस्हाबुल-उख़्दूदि- (४) -न्नारि जातिल्वक़ूदि (५) इज़् हुम् अलैहा क़ुऊदुं व्- (६) व हुम् अला मा यफ़्-अलू-न बिल्-मुअ्मिनी-न शुहूद (७) व मा न-क़मू मिन्हुम् इल्ला अंय्युअ्मिनू बिल्लाहिल-अ़ज़ीज़िल-हमीद (८) अल्लज़ी लहू मुल्कुस्समावाति वल्अर्ज़ि वल्लाहु अला कुल्लि शैइन् शहीद (९) इन्नल्लज़ी-न फ़-तनुल्-मुअ्मिनी-न वल-मुअ्मिनाति सुम्-म लम् यतूबू फ़-लहुम् अज़ाबु ज-हन्न-म व लहुम् अज़ाबुल-हरीक़ (१०) इन्नल्लज़ी-न आमनू व अमिलुस्सालिहाति लहुम् जन्नातुन् तज्री मिन् तह्तिहल-अन्हारु ज़ालिकल-फ़ौज़ुल-कबीर (११) इन्-न बत्-श रब्बि-क ल-शदीद (१२) इन्नहू हु-व युब्दिउ व युईद (१३) व हुवल-ग़फ़ूरुल-वदूद (१४) ज़ुलअर्शिल-मजीद (१५) फ़अ्आलुल-लिमा युरीद (१६) हल् अता-क हदीसुल्-जुनूद (१७) फ़िर्औ-न व समूद (१८) बलिल्लज़ी-न क-फ़रू फ़ी तक्ज़ीबिन् - (१९) वल्लाहु मिंव्वराइहिम् मुहीत (२०) बल् हु-व क़ुर्आनुम् - मजीद (२१) फ़ी लौहिम् - मह्फ़ूज़★ (२२)

سُوْرَةُ الْبُرُوْجِ مَكِّيَّةٌ وَهِيَ اثْنَتَانِ وَعِشْرُوْنَ اٰيَةً

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ

وَالسَّمَآءِ ذَاتِ الْبُرُوْجِ ۙ وَالْيَوْمِ الْمَوْعُوْدِ ۙ وَشَاهِدٍ وَّمَشْهُوْدٍ ؕ قُتِلَ اَصْحٰبُ الْاُخْدُوْدِ ۙ النَّارِ ذَاتِ الْوَقُوْدِ ۙ اِذْ هُمْ عَلَيْهَا قُعُوْدٌ ۙ وَّهُمْ عَلٰى مَا يَفْعَلُوْنَ بِالْمُؤْمِنِيْنَ شُهُوْدٌ ؕ وَمَا نَقَمُوْا مِنْهُمْ اِلَّاۤ اَنْ يُّؤْمِنُوْا بِاللّٰهِ الْعَزِيْزِ الْحَمِيْدِ ۙ الَّذِيْ لَهٗ مُلْكُ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ ؕ وَاللّٰهُ عَلٰى كُلِّ شَيْءٍ شَهِيْدٌ ؕ اِنَّ الَّذِيْنَ فَتَنُوا الْمُؤْمِنِيْنَ وَالْمُؤْمِنٰتِ ثُمَّ لَمْ يَتُوْبُوْا فَلَهُمْ عَذَابُ جَهَنَّمَ وَلَهُمْ عَذَابُ الْحَرِيْقِ ؕ اِنَّ الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا وَعَمِلُوا الصّٰلِحٰتِ لَهُمْ جَنّٰتٌ تَجْرِيْ مِنْ تَحْتِهَا الْاَنْهٰرُ ؕ ذٰلِكَ الْفَوْزُ الْكَبِيْرُ ؕ اِنَّ بَطْشَ رَبِّكَ لَشَدِيْدٌ ؕ اِنَّهٗ هُوَ يُبْدِئُ وَيُعِيْدُ ۚ وَهُوَ الْغَفُوْرُ الْوَدُوْدُ ۙ ذُو الْعَرْشِ الْمَجِيْدُ ۙ فَعَّالٌ لِّمَا يُرِيْدُ ؕ هَلْ اَتٰىكَ حَدِيْثُ الْجُنُوْدِ ۙ فِرْعَوْنَ وَثَمُوْدَ ؕ بَلِ الَّذِيْنَ كَفَرُوْا فِيْ تَكْذِيْبٍ ۙ وَّاللّٰهُ مِنْ وَّرَآئِهِمْ مُّحِيْطٌ ۚ بَلْ هُوَ قُرْاٰنٌ مَّجِيْدٌ ۙ فِيْ لَوْحٍ مَّحْفُوْظٍ

سُوْرَةُ الطَّارِقِ مَكِّيَّةٌ وَهِيَ سَبْعَ عَشْرَةَ اٰيَةً

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ

وَالسَّمَآءِ وَالطَّارِقِ ۙ وَمَاۤ اَدْرٰىكَ مَا الطَّارِقُ ۙ النَّجْمُ الثَّاقِبُ ۙ

८६ सूरतुत्-तारिक़ि ३६

(मक्की) इस सूरः में अरबी के २५४ अक्षर, ६१ शब्द, १७ आयतें और १ रुकूअ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीम •

वस्समाइ वत्तारिक़ि (१) व मा अद्रा - क मत्तारिक़ु - (२) — न्नज्मुस्साक़िबु (३)

※ आयतल्हिम्सीयः ★रु. १/१० आ २२

८५ सूरः बुरूज २७

सूरः बुरूज मक्की है, इस में बाईस आयतें हैं। और १ रुकूअ है।

शुरू ख़ुदा का नाम लेकर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

आसमान की क़सम, जिस में बुर्ज हैं,[1] (१) और उस दिन की, जिसका वायदा है, (२) और हाज़िर होने वाले की और जो उस के पास हाज़िर किया जाए उस की, (३) कि ख़न्दक़ों (के खोदने) वाले हलाक कर दिए गए, (४) (यानी) आग (की ख़न्दक़ें) जिस में ईंधन (झोंक रखा था,) (५) जबकि वे उन (के किनारों) पर बैठे हुए थे, (६) और जो (सख़्तियां) ईमान वालों पर कर रहे थे, उन को सामने देख रहे थे। (७) उन को मोमिनों की यही बात बुरी लगती थी कि वे ख़ुदा पर ईमान लाए हुए थे, जो ग़ालिब और तारीफ़ के क़ाबिल है।[2] (८) जिस की आसमानों और ज़मीन में बादशाही है और ख़ुदा हर चीज़ को जानता है। (९) जिन लोगों ने मोमिन मर्दों और मोमिन औरतों को तक्लीफ़ें दीं और तौबा न की, उन को दोज़ख़ का (और) अज़ाब भी होगा और जलने का अज़ाब भी होगा। (१०) (और) जो ईमान लाए और नेक काम करते रहे, उन के लिए बाग़ हैं, जिन के नीचे नहरें बह रही हैं। यही बड़ी कामियाबी है ※ (११) बेशक तुम्हारे परवरदिगार की पकड़ बहुत सख़्त है। (१२) वही पहली बार पैदा करता है और वही दोबारा (ज़िंदा) करेगा। (१३) और वह बख़्शने वाला (और) मुहब्बत करने वाला है। (१४) अर्श का मालिक, बड़ी शान वाला, (१५) जो चाहता है, कर देता है, (१६) भला तुम को लश्करों का हाल मालूम हुआ है, (१७) (यानी) फ़िरऔन और समूद का, (१८) लेकिन काफ़िर (जान-बूझ कर) झुठलाने में (गिरफ़्तार) हैं, (१९) और ख़ुदा (भी) उन को गिर्दा-गिर्द से घेरे हुए है। (२०) (वह किताब बकवास व झूठ नहीं,) बल्कि यह क़ुरआन अज़ीमुश्शान है, (२१) लौहे महफ़ूज़ में (लिखा हुआ।) (२२) ★

८६ सूरः तारिक़ ३६

सूरः तारिक़ मक्की है, इस में सत्तरह आयतें और चार रुकूअ है।

शुरू ख़ुदा का नाम लेकर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

आसमान और रात के वक़्त आने वाले की क़सम ! (१) और तुम को क्या मालूम कि रात के वक़्त आने वाला क्या है ? (२) वह तारा है, चमकने वाला, (३) कि कोई नफ़्स नहीं, जिस पर

---

१. बुर्जों से मुराद तारे या उन की मंज़िलें हैं। बुर्ज अरब में महल को कहते हैं, तारों की मंज़िलों का नाम बुर्ज इस लिए रखा गया कि ये गोया उन के घर हैं।

२. कहते हैं अगले ज़माने में, जब कि दीन में बहुत-सी ख़राबियां पड़ गयीं और लोगों में फ़ित्ने और फ़साद बरपा हो गये, तो एक दीनदार और ख़ुदा परस्त क़ौम ने अलग एक गांव आबाद किया और उस में रहने-सहने और ख़ुदा की इबादत करने लगे, यहां तक कि उस के काफ़िर ज़ालिम बादशाह को इस हाल से इत्तिला हुई तो उस ने उन लोगों को कहला भेजा कि जिन बुतों को हम पूजते हैं, तुम भी उन्हीं को पूजो। उन्हों ने इन्कार किया और कहा कि हम ख़ुदा के सिवा किसी की इबादत न करेंगे, क्योंकि वह हमारा माबूद है। बादशाह ने धमकी दी कि अगर हमारे माबूदों को नहीं पूजोगे तो मैं तुम को क़त्ल कर दूंगा। इस का कुछ असर उन के दिल पर न हुआ।

(शेष पृष्ठ ६५१ पर)

※ आयत हम्सीयः ★रु. १/१० आ २२

इन् कुल्लु नफ़्सिल्-लम्मा अलैहा हाफ़िज़ ط (४) फ़ल्-यन्ज़ुरिल-इन्सानु मिम्-म ख़ुलि-क़ ط (५) ख़ुलि-क़ मिम्माइन् दाफ़िक़िय्- لا (६) -यख़्रुजु मिम्बैनिस्सुल्बि वत्तराइब ط (७) इन्नहू अ़ला रज्अिही लक़ादिर ط (८) यौ-म तुब्-लस्सराइरु لا (९) फ़मा लहू मिन् क़ुव्वतिंव्-व ला नासिर ط (१०) वस्समाइ ज़ातिर्रज्अि لا (११) वल्अर्ज़ि ज़ातिस्सद्अि لا (१२) इन्नहू ल-क़ौलुन् फ़स्लुंव्- لا (१३) व मा हु-व बिल्-हज़्लि ط (१४) इन्नहुम् यकीदू-न कैदंव्- لا (१५) व अकीदु कैदन् ع (१६) फ़-महहिलिल-काफ़िरी-न अम्हिल्हुम् रुवैदा ★ (१७)

८७ सूरतुल्-अअ्-ला ८

(मक्की) इस सूरः में अ़रबी के २९९ अक्षर, ७२ शब्द, १९ आयतें और १ रुकूअ़ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीम •

सब्बिहिस्-म रब्बिकल-अअ्-ला لا (१) अल्लज़ी ख़-ल-क़ फ़-सव्वा لا (२) वल्लज़ी क़द्-द-र फ़-हदा لا (३) वल्लज़ी अख़्-र-जल-मर्आ لا (४) फ़-ज-अ़-लहू ग़ुसाअन् अह्वा ط (५) सनुक़्रिउ-क फ़ला तन्सा لا (६) इल्ला मा शा-अल्लाहु ط इन्नहू यअ्-लमुल-जह्-र व मा यख़्फ़ा ط (७) व नुयस्सिरु-क लिल्युस्रा ع (८) फ़ज़क्किर् इन् न-फ़-अतिज़्ज़िक्रा ط (९) स-यज़्ज़क्करु मंय्यख़्शा لا (१०) व य-त-जन्नबुहल-अश्क़- لا (११) -ल्लज़ी यस्लन्नारल-कुब्रा ع (१२) सुम्-म ला यमूतु फ़ीहा व ला यह्या ط (१३) क़द् अफ़्-ल-ह मन् त-ज़क्का لا (१४) व ज़-क-रस्-म रब्बिही फ़-सल्ला ط (१५) बल् तुअ्सिरूनल-हयातद्दुन्या ع (१६) वल्आख़िरतु ख़ैरुंव् - व अब्क़ा ط (१७) इन् - न हाज़ा लफ़िस् - सुहुफ़िल्ऊला لا (१८) सुहुफ़ि इब्राही - म व मूसा ★ (१९)

إِنْ كُلُّ نَفْسٍ لَّمَّا عَلَيْهَا حَافِظٌ ۝ فَلْيَنْظُرِ الْإِنْسَانُ مِمَّ خُلِقَ ۝
خُلِقَ مِنْ مَّآءٍ دَافِقٍ ۝ يَّخْرُجُ مِنْ بَيْنِ الصُّلْبِ وَالتَّرَآئِبِ ۝
إِنَّهُ عَلَىٰ رَجْعِهِ لَقَادِرٌ ۝ يَوْمَ تُبْلَى السَّرَآئِرُ ۝ فَمَا لَهُ مِنْ قُوَّةٍ وَّ
لَا نَاصِرٍ ۝ وَالسَّمَآءِ ذَاتِ الرَّجْعِ ۝ وَالْأَرْضِ ذَاتِ الصَّدْعِ ۝
إِنَّهُ لَقَوْلٌ فَصْلٌ ۝ وَّمَا هُوَ بِالْهَزْلِ ۝ إِنَّهُمْ يَكِيدُونَ كَيْدًا ۝
وَّأَكِيدُ كَيْدًا ۝ فَمَهِّلِ الْكٰفِرِينَ أَمْهِلْهُمْ رُوَيْدًا ۝

سُورَةُ الْأَعْلَىٰ مَكِّيَّةٌ وَّهِيَ تِسْعَ عَشْرَةَ آيَةً

بِسْمِ اللهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيمِ

سَبِّحِ اسْمَ رَبِّكَ الْأَعْلَى ۝ الَّذِي خَلَقَ فَسَوّٰى ۝ وَالَّذِي قَدَّرَ
فَهَدٰى ۝ وَالَّذِي أَخْرَجَ الْمَرْعٰى ۝ فَجَعَلَهُ غُثَآءً أَحْوٰى ۝
سَنُقْرِئُكَ فَلَا تَنْسٰى ۝ إِلَّا مَا شَآءَ اللهُ إِنَّهُ يَعْلَمُ الْجَهْرَ وَمَا
يَخْفٰى ۝ وَنُيَسِّرُكَ لِلْيُسْرٰى ۝ فَذَكِّرْ إِنْ نَّفَعَتِ الذِّكْرٰى ۝
سَيَذَّكَّرُ مَنْ يَّخْشٰى ۝ وَيَتَجَنَّبُهَا الْأَشْقَى ۝ الَّذِي يَصْلَى
النَّارَ الْكُبْرٰى ۝ ثُمَّ لَا يَمُوتُ فِيهَا وَلَا يَحْيٰى ۝ قَدْ أَفْلَحَ
مَنْ تَزَكّٰى ۝ وَذَكَرَ اسْمَ رَبِّهِ فَصَلّٰى ۝ بَلْ تُؤْثِرُونَ الْحَيٰوةَ
الدُّنْيَا ۝ وَالْآخِرَةُ خَيْرٌ وَّأَبْقٰى ۝ إِنَّ هٰذَا لَفِي الصُّحُفِ
الْأُولٰى ۝ صُحُفِ إِبْرٰهِيمَ وَمُوسٰى ۝

★रु. १/११ आ १७ ★रु. १/१२ आ १९

निगहबान मुक़र्रर नहीं। (४) तो इंसान को देखना चाहिए कि वह काहे से पैदा हुआ है, (५) वह उछलते हुए पानी से पैदा हुआ है, (६) जो पीठ और सीने के बीच में से निकलता है। (७) बेशक ख़ुदा उस के इआदे (यानी फिर पैदा करने) पर क़ादिर है, (८) जिस दिन दिलों के भेद जांचे जाएंगे,[1] (९) तो इंसान की कुछ पेश न चल सकेगी और न कोई उस का मददगार होगा। (१०) आसमान की क़सम, जो मेंह बरसाता है, (११) और ज़मीन की क़सम! जो फट जाती है, (१२) कि यह कलाम (हक़ को बातिल से) जुदा करने वाला है, (१३) और बेहूदा बात नहीं, (१४) ये लोग तो अपनी तद्बीरों में लग रहे हैं, (१५) और अपनी तद्बीर कर रहे हैं. (१६) तो तुम काफ़िरों को मोहलत दो, बस कुछ दिन ही मोहलत दो। (१७)★

८७ सूरः अअ्ला ८

सूरः अअ्ला मक्की है। इस में उन्नीस आयतें हैं। और १ रुकूअ् है।

शुरू ख़ुदा का नाम लेकर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

ऐ पैग़म्बर! अपने परवरदिगार जलीलुश्शान के नाम की तस्बीह करो, (१) जिस ने (इंसान को) बनाया, फिर (उस के अंगों को) ठीक किया, (२) और जिस ने (उस का) अन्दाज़ा ठहराया फिर उन को) रास्ता बताया, (३) और जिस ने चारा उगाया, (४) फिर उस को स्याह रंग का कूड़ा कर दिया। (५) हम तुम्हें पढ़ा देंगे कि तुम भूलोगे नहीं, (६) मगर जो ख़ुदा चाहे। वह खुली बात को भी जानता है और छिपी को भी। (७) हम तुम को आसान तरीक़े की तौफ़ीक़ देंगे, (८) सो जहां तक नसीहत (के) नफ़ा देने (की उम्मीद) हो, नसीहत करते रहो। (९) जो ख़ौफ़ रखता है, वह तो नसीहत पकड़ेगा, (१०) और (बे-ख़ौफ़) बद-बख़्त पहलू बचाएगा, (११) जो (क़ियामत को) बड़ी (तेज़) आग में दाख़िल होगा, (१२) फिर वहां न मरेगा, न जिएगा। (१३) बेशक वह मुराद को पहुंच गया, जो पाक हुआ, (१४) और अपने परवरदिगार के नाम का ज़िक्र करता रहा और नमाज़ पढ़ता रहा, (१५) मगर तुम लोग तो दुनिया की ज़िंदगी को अख़्तियार करते हो, (१६) हालांकि आख़िरत बहुत बेहतर और बाक़ी रहने वाली है। (१७) यही बात पहले सहीफ़ों (किताबों) में (लिखी हुई) है, (१८) (यानी) इब्राहीम और मूसा के सहीफ़ों में★ (१९)

(पृठ ६४९ का शेष)

तब उस ने ख़न्दक़ें खुदवा कर उन में आग जलवा दी और ख़ुद उन के किनारे पर खड़े हो कर उन से कहने लगा कि या तो हमारे दीन को क़ुबूल करो या इस आग को अपनाओ, मगर उन्हों ने बुतों को पूजना मंज़ूर न किया और आग में पड़ना मंज़ूर किया। यह हाल देख कर औरतें और बच्चे चिल्ला उठे। दीनदार शौहर और बाप जो ख़ुदा पर पूरा ईमान रखते थे, उन्हों ने तसल्ली दी कि उस को आग न समझो, यह तुम्हारे लिए निजात है। चुनांचे सब के सब इस में कूद पड़े। कहते हैं कि आग के शोले अभी उन के जिस्मों तक पहुंचने न पाए थे कि ख़ुदा ने उन की रूहें क़ब्ज़ कर लीं और आग भड़क कर बादशाह और उस के दरबारियों में जो किनारे पर खड़े थे, जा लगी और सब को जला कर ख़ाक कर दिया।

१. दिलों के भेद जानने से यह मुराद है कि ताल्लुक़ात और ख़्यालात ज़ाहिर कर दिए जाएंगे और अच्छे-बुरे अलग कर दिए जाएंगे।

★रु. १/११ आ १७ ★रु. १/१२ आ १९

८८ सूरतुल्-ग़ाशियति ६८

(मक्की) इस सूर: में अ़रबी के ३८४ अक्षर, ९३ शब्द, २६ आयतें और १ रुकूअ़ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह़्मानिर्रह़ीम ●

हल् अता-क ह़दीसुल-ग़ाशिय: ط (१) वुजूहुंय्यौमइज़िन् ख़ाशि-अतुन् ز (२) आमि-लतुन् नासि-बतुन् ز (३) तस्ला नारन् ह़ामि-य-तन् ز (४) तुस्क़ा मिन् अ़ैनिन् आनिय: ط (५) लै-स लहुम् तआमुन् इल्ला मिन् ज़रीअिल्- ز (६) -ला युस्मिनु व ला युग़्नी मिन् जू-अ़ ط (७) वुजूहुंय्यौमइज़िन् नाअिमतुल- ز (८) लिसअ्-यिहा राज़ियतुन् ز (९) फ़ी जन्नतिन् आलि-यतिल- ز (१०) ला तस्मअु फ़ीहा लाग़िय: ط (११) फ़ीहा अ़ैनुन् जारिय: (१२) फ़ीहा सुरुरुम्-मर्फ़ूअतुंव्- ز (१३) व अक्वा-बुम्-मौज़ूअतुंव्- ز (१४) व नमारिक़ु मस्फ़ू-फ़तुंव- ز (१५) व ज़राबिय्यु मब्सूस: ط (१६) अ-फ़ला यन्ज़ुरू-न इलल् - इबिलि कै-फ़ ख़ुलिक़त् (१७) व इलस्समाइ कै-फ़ रुफ़ि-अत् (१८) व इलल्-जिबालि कै-फ़ नुसिबत् (१९) व इलल्अर्ज़ि कै-फ़ सुतिह़त् (२०) फ़-ज़क्किर् ط इन्नमा अन् - त मुज़क्किर ط (२१) लस - त अ़लैहिम् बिमुसैतिरिन् ز (२२) इल्ला मन् त-वल्ला व क-फ़र ز (२३) फ़युअ़ज़्ज़िबुहुल्लाहुल-अ़ज़ाबल अक्बर ط (२४) इन-न इलैना इयाबहुम् ز (२५) सुम्-म इन्-न अ़लैना ह़िसाबहुम् ★ (२६) ●

سُورَةُ الْغَاشِيَةِ بِسْمِ اللَّهِ الرَّحْمَٰنِ الرَّحِيمِ
هَلْ أَتَاكَ حَدِيثُ الْغَاشِيَةِ ۝ وُجُوهٌ يَوْمَئِذٍ خَاشِعَةٌ ۝ عَامِلَةٌ نَاصِبَةٌ ۝ تَصْلَىٰ نَارًا حَامِيَةً ۝ تُسْقَىٰ مِنْ عَيْنٍ آنِيَةٍ ۝ لَيْسَ لَهُمْ طَعَامٌ إِلَّا مِنْ ضَرِيعٍ ۝ لَا يُسْمِنُ وَلَا يُغْنِي مِنْ جُوعٍ ۝ وُجُوهٌ يَوْمَئِذٍ نَاعِمَةٌ ۝ لِسَعْيِهَا رَاضِيَةٌ ۝ فِي جَنَّةٍ عَالِيَةٍ ۝ لَا تَسْمَعُ فِيهَا لَاغِيَةً ۝ فِيهَا عَيْنٌ جَارِيَةٌ ۝ فِيهَا سُرُرٌ مَرْفُوعَةٌ ۝ وَأَكْوَابٌ مَوْضُوعَةٌ ۝ وَنَمَارِقُ مَصْفُوفَةٌ ۝ وَزَرَابِيُّ مَبْثُوثَةٌ ۝ أَفَلَا يَنْظُرُونَ إِلَى الْإِبِلِ كَيْفَ خُلِقَتْ ۝ وَإِلَى السَّمَاءِ كَيْفَ رُفِعَتْ ۝ وَإِلَى الْجِبَالِ كَيْفَ نُصِبَتْ ۝ وَإِلَى الْأَرْضِ كَيْفَ سُطِحَتْ ۝ فَذَكِّرْ إِنَّمَا أَنْتَ مُذَكِّرٌ ۝ لَسْتَ عَلَيْهِمْ بِمُصَيْطِرٍ ۝ إِلَّا مَنْ تَوَلَّىٰ وَكَفَرَ ۝ فَيُعَذِّبُهُ اللَّهُ الْعَذَابَ الْأَكْبَرَ ۝ إِنَّ إِلَيْنَا إِيَابَهُمْ ۝ ثُمَّ إِنَّ عَلَيْنَا حِسَابَهُمْ ۝
سُورَةُ الْفَجْرِ
بِسْمِ اللَّهِ الرَّحْمَٰنِ الرَّحِيمِ
وَالْفَجْرِ ۝ وَلَيَالٍ عَشْرٍ ۝ وَالشَّفْعِ وَالْوَتْرِ ۝ وَاللَّيْلِ إِذَا يَسْرِ ۝ هَلْ فِي ذَٰلِكَ قَسَمٌ لِذِي حِجْرٍ ۝ أَلَمْ تَرَ كَيْفَ فَعَلَ رَبُّكَ بِعَادٍ ۝ إِرَمَ ذَاتِ الْعِمَادِ ۝ الَّتِي لَمْ يُخْلَقْ مِثْلُهَا فِي الْبِلَادِ ۝

८९ सूरतुल्-फ़ज्र १०

(मक्की) इस सूर: में अ़रबी के ५८५ अक्षर, १३७ शब्द, ३० आयतें और १ रुकूअ़ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह़्मानिर्रह़ीम ●

वल्फ़ज्र ز (१) व लयालिन् अ़श्रिंव्- ز (२) वश्शफ़्अि वल्वत्रि ز (३) वल्लैलि इज़ा यस्रि ز (४) हल् फ़ी ज़ालि-क क़-समुल्लिज़ी ह़िज्र ط (५) अ-लम् त-र कै-फ़ फ़-अ़ - ल रब्बु-क बिआ़दिन् ز (६) इर-म ज़ातिल्अिमादि- ز (७) -ल्लती लम् युख़्-लक़् मिस्लुहा फ़िल्बिलाद ز (८)

※ व. लाज़िम ★ रु. १/१३ आ २६ ● नि. १/२

८८ सूर: ग़ाशिय: ६८

सूर: ग़ाशिय: मक्की है, इस में २६ आयतें हैं और १ रुकूअ है।

शुरू ख़ुदा का नाम लेकर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

भला तुम को ढांप लेने वाली (यानी क़ियामत) का हाल मालूम हुआ है? (१) उस दिन बहुत से मुंह (वाले) ज़लील होंगे, (२) सख़्त मेहनत करने वाले, थके-मांदे, (३) दहकती आग में दाख़िल होंगे, (४) एक खौलते हुए चश्मे का उन को पानी पिलाया जाएगा, (५) और कांटेदार झाड़ के सिवा उन के लिए कोई खाना नहीं (होगा,) (६) जो न मोटा बनाये, न भूख में कुछ काम आए। (७) और बहुत से मुंह (वाले) उस दिन ख़ुश होंगे, (८) अपने आमाल (के बदले) से ख़ुश दिल, (९) ऊंची बहिश्त में, (१०) वहां किसी तरह की बकवास नहीं सुनेंगे, (११) उस में चश्मे बह रहे होंगे, (१२) वहां तख़्त होंगे ऊंचे बिछे हुए, (१३) और आबख़ोरे (क़रीने से) रखे हुए, (१४) और गाव तकिए क़तार की क़तार लगे हुए, (१५) और उम्दा मस्नदें बिछी हुईं। (१६) ये लोग ऊंटों की तरफ़ नहीं देखते कि कैसे (अजीब) पैदा किए गए हैं, (१७) और आसमान की तरफ़ कि कैसा बुलन्द किया गया है, (१८) और पहाड़ों की तरफ़ कि किस तरह खड़े किए गए हैं, (१९) और ज़मीन की तरफ़ कि किस तरह बिछायी गयी, (२०) तो तुम नसीहत करते रहो कि तुम नसीहत करने वाले ही हो, (२१) तुम उन पर दारोग़ा नहीं हो, (२२) हां, जिसने मुंह फेरा और न माना, (२३) तो ख़ुदा उस को बड़ा अज़ाब देगा। (२४) बेशक उन को हमारे पास लौट कर आना है, (२५) फिर हम ही को उन से हिसाब लेना है। (२६) ★ ●

८९ सूर: फ़ज्र १०

सूर: फ़ज्र मक्की है, इस में तीस आयतें हैं और १ रुकूअ है।

शुरू ख़ुदा का नाम ले कर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

फ़ज्र की क़सम, (१) और दस रातों की,[1] (२) और जुफ़्त और ताक़ की, (३) और रात की जब जाने लगे, (४) (और) बेशक ये चीज़ें अक़्लमन्दों के नज़दीक क़सम खाने के लायक़ हैं (कि काफ़िरों को ज़रूर अज़ाब होगा।) (५) क्या तुमने नहीं देखा कि तुम्हारे परवरदिगार ने आद[2] के साथ क्या किया? (६) (जो) इरम (कहलाते थे, इतने) लम्बे क़द। (७) कि तमाम

---

१. दस रातों के तै करने में अलग-अलग क़ौल हैं। कुछ लोग कहते हैं, उन से ज़िलहिज्जा का अशरा मुराद है, कुछ का क़ौल है रमज़ान का पहला अशरा मुराद है, मगर कोई दलील इस पर नहीं कि इस से यही अशरे मुराद हैं।

२. आद दो थे। पहले आद जिन को इरम कहते हैं, दूसरे आद समूद। इरम के आद हज़रत हूद अलै० की उम्मत के लोग थे। इरम उस के क़बीले का नाम था।

व. लाज़िम ★रु. १/१३ आ २६ ● नि. १/२

व समूदल्लज़ी-न जाबुस्सख़्-र बिल्वादि (९) व फ़िर्औ-न ज़िलऔतादि- (१०) ल्लज़ी-न तग़ौ फ़िल्बिलादि (११) फ़-अक्सरू फ़ीहल्फ़साद (१२) फ़-सब्-ब अलैहिम् रब्बु-क सौ-त् अज़ाब (१३) इन्-न रब्ब-क लबिल्-मिर्साद (१४) फ़-अम्मल-इन्सानु इज़ा मब्तलाहु रब्बुहू फ़-अक्-र-महू व नअ्-अ-महू फ़-यक़ूलु रब्बी अक्-र-मन (१५) व अम्मा इज़ा मब्तलाहु फ़-क़-द-र अलैहि रिज़्क़हू फ़यक़ूलु रब्बी अहानन् (१६) कल्ला बल् ला तुक्रिमूनल्-यती-म (१७) व ला तहा-ज़्ज़ू-न अला तआमिल-मिस्कीन (१८) व तअ्कुलूनत्तुरा-स अक्-लल्-लम्मव्- (१९) व तुहिब्बूनल्-मा-ल हुब्बन् जम्मा (२०) कल्ला इज़ा दुक्कतिल-अर्ज़ु दक्कन् दक्कंव्- (२१) व जा-अ रब्बु-क वल-म-लकु सफ़्फ़न् सफ़्फ़ा (२२) व जी-अ यौमइज़िम्-बिज-हन्न-म यौमइज़िय्य-त-ज़क्करुल-इन्सानु व अन्ना लहुज़्ज़िक्रा (२३) यक़ूलु यालैतनी क़द्दम्तु लिहयाती (२४) फ़यौमइज़िल्ला युअज़्ज़िबु अज़ाबहू अ-हदु व- (२५) व ला यूसिक़ु व-साक़हू अ-हद (२६) या अय्यतुहन्नफ़्सुल-मुत्मइन्नतु- (२७) -र्जिई इला रब्बिकि राज़ि-य-तम्-मर्ज़िय्यतन् (२८) फ़द्ख़ुली फ़ी अिबादी (२९) वद्ख़ुली जन्नती ★ (३०)

وَثَمُوْدَ الَّذِيْنَ جَابُوا الصَّخْرَ بِالْوَادِ ۝ وَفِرْعَوْنَ ذِى الْاَوْتَادِ ۝
الَّذِيْنَ طَغَوْا فِى الْبِلَادِ ۝ فَاَكْثَرُوْا فِيْهَا الْفَسَادَ ۝ فَصَبَّ عَلَيْهِمْ
رَبُّكَ سَوْطَ عَذَابٍ ۝ اِنَّ رَبَّكَ لَبِالْمِرْصَادِ ۝ فَاَمَّا الْاِنْسَانُ اِذَا
مَا ابْتَلٰىهُ رَبُّهٗ فَاَكْرَمَهٗ وَنَعَّمَهٗ فَيَقُوْلُ رَبِّىْٓ اَكْرَمَنِ ۝ وَاَمَّآ
اِذَا مَا ابْتَلٰىهُ فَقَدَرَ عَلَيْهِ رِزْقَهٗ فَيَقُوْلُ رَبِّىْٓ اَهَانَنِ ۝ كَلَّا
بَلْ لَّا تُكْرِمُوْنَ الْيَتِيْمَ ۝ وَلَا تَحٰٓضُّوْنَ عَلٰى طَعَامِ الْمِسْكِيْنِ ۝
وَتَاْكُلُوْنَ التُّرَاثَ اَكْلًا لَّمًّا ۝ وَّتُحِبُّوْنَ الْمَالَ حُبًّا جَمًّا ۝ كَلَّآ اِذَا
دُكَّتِ الْاَرْضُ دَكًّا دَكًّا ۝ وَّجَآءَ رَبُّكَ وَالْمَلَكُ صَفًّا صَفًّا ۝ وَ
جِایْٓءَ يَوْمَئِذٍۢ بِجَهَنَّمَ ۙ يَوْمَئِذٍ يَّتَذَكَّرُ الْاِنْسَانُ وَاَنّٰى لَهُ
الذِّكْرٰى ۝ يَقُوْلُ يٰلَيْتَنِىْ قَدَّمْتُ لِحَيَاتِىْ ۝ فَيَوْمَئِذٍ لَّا يُعَذِّبُ
عَذَابَهٗٓ اَحَدٌ ۝ وَّلَا يُوْثِقُ وَثَاقَهٗٓ اَحَدٌ ۝ يٰٓاَيَّتُهَا النَّفْسُ
الْمُطْمَئِنَّةُ ۝ ارْجِعِىْٓ اِلٰى رَبِّكِ رَاضِيَةً مَّرْضِيَّةً ۝ فَادْخُلِىْ
فِىْ عِبٰدِىْ ۝ وَادْخُلِىْ جَنَّتِىْ ۝

سُوْرَةُ الْبَلَدِ مَكِّيَّةٌ وَّهِىَ عِشْرُوْنَ اٰيَةً

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ

لَآ اُقْسِمُ بِهٰذَا الْبَلَدِ ۝ وَاَنْتَ حِلٌّۢ بِهٰذَا الْبَلَدِ ۝ وَوَالِدٍ وَّمَا
وَلَدَ ۝ لَقَدْ خَلَقْنَا الْاِنْسَانَ فِىْ كَبَدٍ ۝ اَيَحْسَبُ اَنْ لَّنْ يَّقْدِرَ عَلَيْهِ

९० सूरतुल्-ब-लदि ३५

(मक्की) इस सूरः में अरबी के ३४७ अक्षर, ८२ शब्द, २० आयतें और १ रुकूअ है।

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीम ●

ला उक़्सिमु बिहाज़लब-लदि (१) व अन्-त हिल्लुम्-बिहाज़ल-ब-लदि (२) व वालिदिंव-व मा व-लद (३) ल-क़द् ख़-लक़्नल-इन्सा-न फ़ी क-बद (४) अ-यह्सबु अल्लंय्यक़्दि-र अलैहि अ-हद ※ (५)

★रु. १/१४ आ ३० ※ व. लाज़िम

मुल्क में ऐसे पैदा नहीं हुए थे, (८) और समूद के साथ (क्या किया) जो (क़ुरा की) वादी में पत्थर तराशते और (घर बनाते) थे ?[1] (९) और फ़िरऔन के साथ (क्या किया) जो ख़ेमे और मेख़ें रखता था ? (१०) ये लोग मुल्कों में सरकश हो रहे थे, (११) और उन में बहुत-सी ख़राबियां करते थे, (१२) तो तुम्हारे परवरदिगार ने उन पर अज़ाब का कोड़ा नाज़िल किया, (१३) बेशक तुम्हारा परवरदिगार ताक में है, (१४) मगर इंसान (अजीब मख़्लूक़ है कि) जब उस का परवरदिगार उस को आज़माता है कि उसे इज़्ज़त देता और नेमत बख़्शता है, तो कहता है कि (आ हा) मेरे परवरदिगार ने मुझे इज़्ज़त बख़्शी। (१५) और जब (दूसरी तरह) आज़माता है कि उस पर रोज़ी तंग कर देता है, तो कहता है कि (हाय) मेरे परवरदिगार ने मुझे ज़लील किया। (१६) नहीं, बल्कि तुम लोग यतीम की ख़ातिर नहीं करते, (१७) और न मिस्कीन को खाना खिलाने का चाव पैदा करते हो, (१८) और मीरास के माल को समेट कर खा जाते हो, (१९) और माल को बहुत ही अज़ीज़ रखते हो, (२०) तो जब ज़मीन की बुलंदी कूट-कूट कर पस्त कर दी जाएगी, (२१) और तुम्हारा परवरदिगार (जलवा फ़रमां होगा) और फ़रिश्ते लाइन बना-बना कर आ मौजूद होंगे, (२२) और दोज़ख़ उस दिन हाज़िर की जाएगी, तो इंसान उस दिन चेतेगा, मगर (अब) चेतने (से) उसे (फ़ायदा) कहां (मिल सकेगा ?) (२३) कहेगा, काश ! मैं ने अपनी (हमेशा की) ज़िंदगी के लिए कुछ आगे भेजा होता, (२४) तो उस दिन न कोई ख़ुदा के अज़ाब की तरह का (किसी को) अज़ाब देगा। (२५) और न कोई वैसा जकड़ना जकड़ेगा। (२६) ऐ इत्मीनान पाने वाली रूह ! (२७) अपने परवरदिगार की तरफ़ लौट चल, तू उस से राज़ी, वह तुझ से राज़ी, (२८) तू मेरे (मुम्ताज़) बन्दों में शामिल हो जा, (२९) और मेरी बहिश्त में दाख़िल हो जा, (३०) ★

९० सूरः ब-लद ३५

सूरः ब-लद मक्की है, इस में बीस आयतें और १ रुकूअ हैं।

शुरू ख़ुदा का नाम लेकर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

हमें इस शहर (मक्का) की क़सम, (१) और तुम इसी शहर में तो रहते हो, (२) और बाप (यानी आदम) और उस की औलाद की क़सम, (३) कि हमने इंसान को तक्लीफ़ (की हालत) में (रहने वाला) बनाया है, (४) क्या वह ख़्याल रखता है कि उस पर कोई क़ाबू न पाएगा ▨ (५)

---

१. समूद हज़रत सालेह अलैहिस्सलाम की क़ौम का नाम है। ये लोग ऐसे कारीगर थे कि पहाड़ों में पत्थर काट-काट कर घर बनाते थे और उस में रहते-सहते थे।

★रु. १/१४ आ ३०　▨ व. लाज़िम

यक़ूलु अह्-लक्तु मालल-लु-ब-दा ط (६) अ-यह्सबु अल्लम् य-रहू अ-हद ط (७) अ-लम् नज्-अल् लहू अ़ैनैनि ۙ (८) व लिसानंव्-व श-फ़तैनि ۙ (९) व हदैनाहुन्-नज्दैनि ج (१०) फ़-लक़्त-ह्-मल्-अ़-क़-ब-तु ز (११) व मा अद्रा-क मल्-अ़-क़-ब: ط (१२) फ़क्कु र-क़-बतिन् ۙ (१३) औ इत्-आमुन् फ़ी यौमिन् ज़ी मस्ग़-बतिय- ۙ (१४) यतीमन् ज़ा मक़्-र-बतिन् ۙ (१५) औ मिस्कीनन् ज़ा मत्-र-ब: ط (१६) सुम्-म का-न मिनल्लज़ी-न आमनू व त-वासौ बिस्स़-ब्रि व त-वासौ बिलमर्-ह्-म: ط (१७) उलाइ-क अस्ह़ाबुल् - मै-म-न: ط (१८) वल्लज़ी-न क-फ़रू बिआयातिना हुम् अस्ह़ाबुल्-मश्-अ-म: ط (१९) अ़लैहिम् नारुम्-मुअ्-स-द: ★ (२०)

الشمس ٩١ والليل ٩٢

أَحَدٌ ﴿٥﴾ يَقُولُ أَهْلَكْتُ مَالًا لُّبَدًا ﴿٦﴾ أَيَحْسَبُ أَن لَّمْ يَرَهُ أَحَدٌ ﴿٧﴾
أَلَمْ نَجْعَل لَّهُ عَيْنَيْنِ ﴿٨﴾ وَلِسَانًا وَشَفَتَيْنِ ﴿٩﴾ وَهَدَيْنَاهُ النَّجْدَيْنِ ﴿١٠﴾
فَلَا اقْتَحَمَ الْعَقَبَةَ ﴿١١﴾ وَمَا أَدْرَاكَ مَا الْعَقَبَةُ ﴿١٢﴾ فَكُّ رَقَبَةٍ ﴿١٣﴾ أَوْ
إِطْعَامٌ فِي يَوْمٍ ذِي مَسْغَبَةٍ ﴿١٤﴾ يَتِيمًا ذَا مَقْرَبَةٍ ﴿١٥﴾ أَوْ مِسْكِينًا ذَا
مَتْرَبَةٍ ﴿١٦﴾ ثُمَّ كَانَ مِنَ الَّذِينَ آمَنُوا وَتَوَاصَوْا
بِالصَّبْرِ وَتَوَاصَوْا بِالْمَرْحَمَةِ ﴿١٧﴾ أُولَٰئِكَ أَصْحَابُ الْمَيْمَنَةِ ﴿١٨﴾ وَ
الَّذِينَ كَفَرُوا بِآيَاتِنَا هُمْ أَصْحَابُ الْمَشْأَمَةِ ﴿١٩﴾ عَلَيْهِمْ نَارٌ مُّؤْصَدَةٌ ﴿٢٠﴾

سُورَةُ الشَّمْسِ مَكِّيَّةٌ بِسْمِ اللَّهِ الرَّحْمَٰنِ الرَّحِيمِ هِيَ خَمْسَ عَشْرَةَ آيَةً

وَالشَّمْسِ وَضُحَاهَا ﴿١﴾ وَالْقَمَرِ إِذَا تَلَاهَا ﴿٢﴾ وَالنَّهَارِ إِذَا جَلَّاهَا ﴿٣﴾
وَاللَّيْلِ إِذَا يَغْشَاهَا ﴿٤﴾ وَالسَّمَاءِ وَمَا بَنَاهَا ﴿٥﴾ وَالْأَرْضِ وَمَا طَحَاهَا ﴿٦﴾
وَنَفْسٍ وَمَا سَوَّاهَا ﴿٧﴾ فَأَلْهَمَهَا فُجُورَهَا وَتَقْوَاهَا ﴿٨﴾ قَدْ أَفْلَحَ مَن
زَكَّاهَا ﴿٩﴾ وَقَدْ خَابَ مَن دَسَّاهَا ﴿١٠﴾ كَذَّبَتْ ثَمُودُ بِطَغْوَاهَا ﴿١١﴾ إِذِ
انبَعَثَ أَشْقَاهَا ﴿١٢﴾ فَقَالَ لَهُمْ رَسُولُ اللَّهِ نَاقَةَ اللَّهِ وَسُقْيَاهَا ﴿١٣﴾
فَكَذَّبُوهُ فَعَقَرُوهَا فَدَمْدَمَ عَلَيْهِمْ رَبُّهُم بِذَنبِهِمْ
فَسَوَّاهَا ﴿١٤﴾ وَلَا يَخَافُ عُقْبَاهَا ﴿١٥﴾

سُورَةُ اللَّيْلِ مَكِّيَّةٌ بِسْمِ اللَّهِ الرَّحْمَٰنِ الرَّحِيمِ إِحْدَى وَعِشْرُونَ آيَةً

وَاللَّيْلِ إِذَا يَغْشَىٰ ﴿١﴾ وَالنَّهَارِ إِذَا تَجَلَّىٰ ﴿٢﴾ وَمَا خَلَقَ الذَّكَرَ وَالْأُنثَىٰ ﴿٣﴾

९१ सूरतुश्शम्सि २६

(मक्की) इस सूर: में अरबी के २५४ अक्षर, ५६ शब्द, १५ आयतें और १ रुकूअ़ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीम •

वश्शम्सि व ज़ुहाहा ۙ (१) वल्क़-मरि इज़ा तलाहा ۙ (२) वन्नहारि इज़ा जल्लाहा ۙ (३) वल्लैलि इज़ा यग़्शाहा ۙ (४) वस्समाइ व मा बनाहा ۙ (५) वल्अर्ज़ि व मा तहाहा ۙ (६) व नफ़्सिंव् - व मा सव्वाहा ۙ (७) फ़-अल्-ह-महा फ़ुजूरहा व तक्-वाहा ۙ (८) क़द् अफ़्-ल-ह मन् ज़क्काहा ۙ (९) व क़द् ख़ा-ब मन् दस्साहा ط (१०) कज़्ज़-बत् समूदु बितग़्वाहा ۙ (११) इज़िम्ब-अ़-स अश्क़ाहा ۙ (१२) फ़-क़ा-ल लहुम् रसूलुल्लाहि ना-क़-तल्लाहि व सुक़्याहा ط (१३) फ़-कज़्ज़बूहु फ़-अ़-क़रूहा ۙ फ़-दम्द-म अ़लैहिम् रब्बुहुम् बिज़म्बिहिम् फ़-सव्वाहा ۙ (१४) व ला यख़ाफ़ु अ़ुक़्बाहा ★ (१५)

९२ सूरतुल्लैलि ९

(मक्की) इस सूर: में अरबी के ३१४ अक्षर, ७१ शब्द, २१ आयतें और १ रुकूअ़ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीम •

वल्लैलि इज़ा यग़्शा ۙ (१) वन्नहारि इज़ा त-जल्ला ۙ (२) व मा ख़-ल-क़ज़्ज़-क-र वल्उन्सा ۙ (३)

★रु. १/१५ आ २०   ★रु. १/१६ आ १५

कहता है कि मैं ने बहुत-सा माल बर्बाद कर दिया। (६) क्या उसे यह गुमान है कि उस को किसी ने देखा नहीं ? (७) भला हमने उस को दो आखें नहीं दीं ? (८) और जुबान और दो होंठ (नहीं दिए ?) (९) (ये चीजें भी दीं) और उस को (भलाई-बुराई के) दोनों रास्ते भी दिखा दिए, (१०) मगर वह घाटी पर से हो कर न गुजरा, (११) और तुम क्या समझे कि घाटी क्या है ? (१२) किसी (की) गरदन का छुड़ाना, (१३) या भूख के दिन खाना खिलाना, (१४) यतीम रिश्तेदार को,[1] (१५) या फ़क़ीर खाकसार को, (१६) फिर उन लोगों में भी (दाखिल) हुआ, जो ईमान लाए और सब्र की नसीहत और (लोगों पर) शफ़क़त करने की वसीयत करते रहे। (१७) यही लोग सआदत वाले हैं, (१८) और जिन्हों ने हमारी आयतों को न माना, वे बद-बख्त हैं, (१९) ये लोग आग में बन्द कर दिए जाएंगे। (२०) ★

९१ सूरः शम्स २६

सूरः शम्स मक्की है। इस में पन्द्रह आयतें और १ रुकूअ है।

शुरू खुदा का नाम लेकर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

सूरज की क़सम और उस की रोशनी की, (१) और चांद की, जब उस के पीछे निकले, (२) और दिन की जब उसे चमका दे, (३) और रात की जब उसे छिपा ले, (४) और आसमान की और उस ज़ात की, जिस ने उसे बनाया, (५) और ज़मीन की और उस की, जिस ने उसे फैलाया, (६) और इंसान की और उस की जिस ने उस के अंगों को बराबर किया, (७) फिर उस को बद-कारी (से बचने) और परहेज़गारी करने की समझ दी, (८) कि जिस ने (अपने) नफ़्स (यानी रूह) को पाक रखा, वह मुराद को पहुंचा, (९) और जिस ने उसे खाक में मिलाया, वह घाटे में रहा, (१०) समूद (क़ौम) ने अपनी सरकशी की वजह से (पैग़म्बर को) झुठलाया। (११) जब उन में से एक निहायत बदबख्त उठा, (१२) तो खुदा के पैग़म्बर (सालेह) ने उन से कहा कि खुदा की ऊंटनी और उस के पानी पीने की बारी से बचो, (१३) मगर उन्होंने पैग़म्बर को झुठलाया और ऊंटनी की कूंचे काट दीं, तो खुदा ने उन के गुनाह की वजह से उन पर अज़ाब नाज़िल किया और सब को (हलाक कर के) बराबर किया,[2] (१४) और उस को उन के बदला लेने का कुछ भी डर नहीं। (१५) ★

९२ सूरः लैल ९

सूरः लैल मक्की है, इस में २१ आयतें और १ रुकूअ हैं।

शुरू खुदा का नाम ले कर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

रात की क़सम, जब (दिन को) छिपा ले, (१) और दिन की क़सम, जब चमक उठे, (२) और उस (ज़ात) की क़सम, जिस ने नर और मादा पैदा किए, (३) कि तुम लोगों की कोशिश

---

१. यतीम का एक हक़, नातेदार का एक हक़, जो दोनों हुए तो दो हक़।

२. खुदा ने हज़रत सालेह को एक ऊंटनी मोजज़े के तौर पर दी थी, जो एक बड़े भारी पत्थर में से निकाली गयी थी। सालेह अलैहिस्सलाम ने उन लोगों से कहा कि यह ऊंटनी खुदा की है। उस को बुरी तरह हाथ न लगाना और जो दिन उस के पानी पीने का हो, उस में छेड़खानी न करना। उन्हों ने यह बात न मानी और एक निहायत बद-बख्त शख्स ने जिस का नाम क़िदार बिन सालिफ़ था, ऊंटनी के पांव काट दिए। इस वजह से उन सब पर अज़ाब नाज़िल हुआ।

★रु. १/१५ आ २० ★रु. १/१६ आ १५

इन्-न सअ्-यकुम् लशत्ता (४) फ़-अम्मा मन् अअ्-ता वत्तक़ा (५) व सद्-द-क़ बिल्हुस्ना (६) फ़-स-नुयस्सिरुहू लिल्-युस्रा (७) व अम्मा मम्-बखि-ल वस्तग़्ना (८) व कज़्ज़-ब बिल-हुस्ना (९) फ़-सनुयस्सिरुहू लिल-उस्रा (१०) व मा युग़्नी अन्हु मालुहू इज़ा त-रद्दा (११) इन्-न अलैना लल्हुदा (१२) व इन्-न लना लल्-आखि-र-त वल्ऊला (१३) फ़-अन्ज़र्तुकुम् नारन् त-लज़्ज़ा (१४) ला यस्-लाहा इल्लल-अश्क़- (१५) -ल्लज़ी कज़्ज़-ब व त-वल्ला (१६) व सयुजन्नबुहल-अत्क़- (१७) -ल्लज़ी युअ्ती मा-लहू य-त-ज़क्का (१८) व मा लि-अ-ह्-दिन् अिन्दहू मिन् निअ्-मतिन् तुज्ज़ा (१९) इल्लब्तिग़ा - अ वज्हि रब्बिहिल - अअ्-ला (२०) व लसौ-फ़ यर्ज़ा ★ (२१)

إِنَّ سَعْيَكُمْ لَشَتَّىٰ ۝ فَأَمَّا مَنْ أَعْطَىٰ وَاتَّقَىٰ ۝ وَصَدَّقَ بِالْحُسْنَىٰ ۝
فَسَنُيَسِّرُهُ لِلْيُسْرَىٰ ۝ وَأَمَّا مَنْ بَخِلَ وَاسْتَغْنَىٰ ۝ وَكَذَّبَ
بِالْحُسْنَىٰ ۝ فَسَنُيَسِّرُهُ لِلْعُسْرَىٰ ۝ وَمَا يُغْنِي عَنْهُ مَالُهُ إِذَا
تَرَدَّىٰ ۝ إِنَّ عَلَيْنَا لَلْهُدَىٰ ۝ وَإِنَّ لَنَا لَلْآخِرَةَ وَالْأُولَىٰ ۝
فَأَنْذَرْتُكُمْ نَارًا تَلَظَّىٰ ۝ لَا يَصْلَاهَا إِلَّا الْأَشْقَى ۝ الَّذِي كَذَّبَ
وَتَوَلَّىٰ ۝ وَسَيُجَنَّبُهَا الْأَتْقَى ۝ الَّذِي يُؤْتِي مَالَهُ يَتَزَكَّىٰ ۝
وَمَا لِأَحَدٍ عِنْدَهُ مِنْ نِعْمَةٍ تُجْزَىٰ ۝ إِلَّا ابْتِغَاءَ وَجْهِ رَبِّهِ
الْأَعْلَىٰ ۝ وَلَسَوْفَ يَرْضَىٰ ۝

سُورَةُ الضُّحَىٰ مَكِّيَّةٌ وَهِيَ إِحْدَىٰ عَشْرَةَ آيَةً
بِسْمِ اللَّهِ الرَّحْمَٰنِ الرَّحِيمِ
وَالضُّحَىٰ ۝ وَاللَّيْلِ إِذَا سَجَىٰ ۝ مَا وَدَّعَكَ رَبُّكَ وَمَا قَلَىٰ ۝ وَلَلْآخِرَةُ
خَيْرٌ لَكَ مِنَ الْأُولَىٰ ۝ وَلَسَوْفَ يُعْطِيكَ رَبُّكَ فَتَرْضَىٰ ۝ أَلَمْ
يَجِدْكَ يَتِيمًا فَآوَىٰ ۝ وَوَجَدَكَ ضَالًّا فَهَدَىٰ ۝ وَوَجَدَكَ
عَائِلًا فَأَغْنَىٰ ۝ فَأَمَّا الْيَتِيمَ فَلَا تَقْهَرْ ۝ وَأَمَّا السَّائِلَ فَلَا تَنْهَرْ ۝
وَأَمَّا بِنِعْمَةِ رَبِّكَ فَحَدِّثْ ۝

سُورَةُ الشَّرْحِ مَكِّيَّةٌ بِسْمِ اللَّهِ الرَّحْمَٰنِ الرَّحِيمِ وَهِيَ ثَمَانُ آيَاتٍ
أَلَمْ نَشْرَحْ لَكَ صَدْرَكَ ۝ وَوَضَعْنَا عَنْكَ وِزْرَكَ ۝ الَّذِي

९३ सूरतुज़्ज़ुहा ११

(मक्की) इस सूर: में अरबी के १६६ अक्षर, ४० शब्द, ११ आयतें और १ रुकूअ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीम ●

वज़्ज़ुहा (१) वल्लैलि इज़ा सजा (२) मा वद्-द-अ-क रब्बु-क व मा क़ला (३) व लल्आख़िरतु खैरुल्ल-क मिनल्ऊला (४) व लसौ-फ़ युअ्-ती-क रब्बु-क फ़-तर्ज़ा (५) अ-लम् यजिद्-क यतीमन् फ़-आवा (६) व व-ज-द-क ज़ाल्लन् फ़-हदा (७) व व-ज-द-क आइलन् फ़-अग़्ना (८) फ़-अम्मल-यती-म फ़ला तक़्-हर् (९) व अम्मस्साइ-ल फ़ला तन्हर् (१०) व अम्मा बिनिअ्-मति रब्बि-क फ़-हद्दिस् (११) ★

९४ सूरतु अ-लम् नश्रह् १२

(मक्की) इस सूर: में अरबी के १०३ अक्षर, २७ शब्द, ८ आयतें और १ रुकूअ है।

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीम ●

अ-लम् नश्रह् ल-क सद् - र-क (१) व व-ज़अ्-ना अन्-क विज़्-र-क- (२) -ल्लज़ी अन्क़-ज़ ज़ह् - र-क (३)

★रु. १/१७ आ २१ ★रु. १/१८ आ ११

तरह-तरह की है, (४) तो जिस ने (ख़ुदा के रास्ते में माल) दिया और परहेज़गारी की, (५) और नेक बात को सच जाना, (६) उस को हम आसान तरीक़े की तौफ़ीक़ देंगे, (७) और जिस ने कंजूसी की और बे-परवाह बना रहा, (८) और नेक बात को झूठ समझा, (९) उसे सख़्ती में पहुंचाएंगे, (१०) और जब वह (दोज़ख़ के गढ़े में) गिरेगा, तो उस का माल उस के कुछ भी काम न आएगा। (११) हमें तो राह दिखाना है, (१२) और आख़िरत और दुनिया हमारी ही चीज़ें हैं, (१३) सो मैं ने तुम को भड़कती आग से डरा दिया। (१४) उस में वही दाख़िल होगा, जो बड़ा बद-बख़्त है, (१५) जिस ने झुठलाया और मुंह फेरा, (१६) और जो बड़ा परहेज़गार है, वह (उस से) बचा लिया जाएगा, (१७) जो माल देता है ताकि पाक हो, (१८) और (इस लिए) नहीं (देता कि) उस पर किसी का एहसान (है,) जिस का वह बदला उतारता है, (१९) बल्कि अपने ख़ुदावंदे आला की रज़ामंदी हासिल करने के लिए देता है, (२०) और वह बहुत जल्द ख़ुश हो जाएगा। (२१) ★

९३ सूरः ज़ुहा ११

सूरः ज़ुहा मक्की है और इस में ग्यारह आयतें और १ रुकूअ है।

शुरू ख़ुदा का नाम लेकर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

सूरज की रोशनी की क़सम, (१) और रात (की अंधियारी) की जब छा जाए, (२) (ऐ मुहम्मद !) तुम्हारे परवरदिगार ने न तो तुम को छोड़ा और न (तुम से) नाराज़ हुआ, (३) और आख़िरत तुम्हारे लिए पहली (हालत यानी दुनिया) से कहीं बेहतर है, (४) और तुम्हें परवरदिगार बहुत जल्द वह कुछ अता फ़रमाएगा कि तुम ख़ुश हो जाओगे। (५) भला उस ने तुम्हें यतीम पाकर जगह नहीं दी, (बेशक दी) (६) और रास्ते से अनजान देखा तो सीधा रास्ता दिखाया, (७) और तंगदस्त पाया तो ग़नी कर दिया (८) तो तुम भी यतीम पर सितम न करना, (९) और मांगने वाले को झिड़की न देना, (१०) और अपने परवरदिगार की नेमतों का बयान करते रहना ★ (११)

९४ सूरः इन्शिराह् १२

सूरः इन्शिराह मक्की है और इस में आठ आयतें और १ रुकूअ है।

शुरू ख़ुदा का नाम ले कर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

(ऐ मुहम्मद !) क्या हमने तुम्हारा सीना खोल नहीं दिया ? (बेशक खोल दिया।) (१) और तुम पर से बोझ भी उतार दिया, (२) जिस ने तुम्हारी पीठ तोड़ रखी थी, (३) और तुम्हारा

★रु॰ १/१७ आ २१ ★रु॰ १/१८ आ ११

व र-फ़अ्-ना ल-क ज़िक्-रक ط (४) फ़-इन्-न म-अल्-उस्रि युस्रन् // (५) इन्-न म-अल्-उस्रि युस्रा ط (६) फ़इज़ा फ़-रग़्-त फ़न्सब् // (७) व इला रब्बि-क फ़र्ग़ब् ★ (८)

९५ सूरतुत्तीनि २८

(मक्की) इस सूर: में अरबी के १६५ अक्षर, ३४ शब्द, ८ आयतें और १ रुकूअ है।

बिस्मिल्लाहिर्रह्‌मानिर्रहीम ●

वत्तीनि वज़्ज़ैतूनि // (१) वतूरि सीनी-न // (२) व हाज़ल् - ब-लदिल्-अमीन // (३) ल-क़द् ख़-लक़्-नल्-इन्सा-न फ़ी अह्‌सनि तक़्वीम ْ (४) सुम्-म र-दद्‌नाहु अस्फ़ - ल साफ़िलीन // (५) इल्लल्लज़ी-न आमनू व अमिलुस्सालिहाति फ़-लहुम् अज्रुन् ग़ैरु मम्नून ط (६) फ़मा युकज़्ज़िबु-क बअ्-दु बिद्दीन ط (७) अलैसल्लाहु बि-अह्‌कमिल्-हाकिमीन ★ (८)

انقض ظهرك ۝ ورفعنا لك ذكرك ۝ فان مع العسر يسرا ۝ ان
مع العسر يسرا ۝ فاذا فرغت فانصب ۝ والى ربك فارغب ۝
سورة التين مكية وهي ثمان آيات
بسم الله الرحمن الرحيم
والتين والزيتون ۝ وطور سينين ۝ وهذا البلد الامين ۝
لقد خلقنا الانسان في احسن تقويم ۝ ثم رددنه اسفل
سفلين ۝ الا الذين امنوا وعملوا الصلحت فلهم اجر غير
ممنون ۝ فما يكذبك بعد بالدين ۝ اليس الله
باحكم الحكمين ۝
سورة العلق مكية بسم الله الرحمن الرحيم وهي تسع عشرة آية
اقرا باسم ربك الذي خلق ۝ خلق الانسان من علق ۝
اقرا وربك الاكرم ۝ الذي علم بالقلم ۝ علم الانسان ما
لم يعلم ۝ كلا ان الانسان ليطغى ۝ ان راه استغنى ۝ ان
الى ربك الرجعى ۝ ارءيت الذي ينهى ۝ عبدا اذا صلى ۝
ارءيت ان كان على الهدى ۝ او امر بالتقوى ۝ ارءيت ان
كذب وتولى ۝ الم يعلم بان الله يرى ۝ كلا لئن لم ينته ۝
لنسفعا بالناصية ۝ ناصية كاذبة خاطئة ۝ فليدع ناديه ۝

९६ सूरतुल्-अ-लक़ि १

(मक्की) इस सूर: में अरबी के २६० अक्षर, ७२ शब्द, १६ आयतें और १ रुकूअ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह्‌मानिर्रहीम ●

इक़्-रअ् बिस्मि रब्बिकल्लज़ी ख़-लक़ (१) ख़-ल-क़ल् - इन्सा-न मिन् अ-लक़ (२) इक़्रअ् व रब्बुकल्-अक्रमु- // (३) ल्लज़ी अल्ल-म बिल्-क़-लमि // (४) अल्ल-मल्-इन्सा-न मा लम् यअ्-लम् ط (५) कल्ला इन्नल्-इन्सा-न ल-यत़्ग़ा // (६) अर्-र - आहुस्तग़्ना ط (७) इन्-न इला रब्बिकर्रुज्आ ط (८) अ-र-ऐ-तल्लज़ी यन्हा // (९) अब्-दन् इज़ा सल्ला ط (१०) अ-र-ऐ-त इन् का-न अलल्-हुदा // (११) औ अ-म-र बित्तक़्वा ط (१२) अ-र-ऐ-त इन् कज़्ज़-ब व त-वल्ला ط (१३) अ-लम् यअ्-लम् बिअन्नल्ला-ह यरा ط (१४) कल्ला लइल्लम् यन्तहि ط ल-नस्फ़ - अम् - बिन्नासियति // (१५) नासियतिन् काज़िबतिन् ख़ातिअ:- ط (१६) - फ़ल् - यद्अु नादिय: // (१७)

★रु. १/१६ आ ८ ★रु. १/२० आ ८

ज़िक्र बुलंद किया, (४) हां, (हां) मुश्किल के साथ आसानी भी है। (५) (और) बेशक मुश्किल के साथ आसानी भी है, (६) तो जब फ़ारिग़ हुआ करो, तो (इबादत में) मेहनत किया करो, (७) और अपने परवरदिगार की तरफ़ मुतवज्जह हो जाया करो। (८) ★

९५ सूर: तीन २८

सूर: तीन मक्की है और इस में आठ आयतें और १ रुकूअ है

शुरू ख़ुदा का नाम लेकर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

इंजीर की क़सम और ज़ैतून की, (१) और तूरे सीनीन की, (२) और इस अम्न वाले शहर की, (३) कि हमने इंसान को बहुत अच्छी सूरत में पैदा किया है। (४) फिर (धीरे-धीरे) उस (की हालत) को (बदल कर) पस्त से पस्त कर दिया। (५) मगर जो लोग ईमान लाए और नेक अमल करते रहे, उन के लिए बे-इन्तिहा बदला है, (६) तो (ऐ आदम की औलाद!) फिर तू बदले के दिन को क्यों झुठलाता है? (७) क्या ख़ुदा सब से बड़ा हाकिम नहीं है? (८) ★

९६ सूर: अलक़ १

सूर: अलक़ मक्की है और इसमें १९ आयतें और १ रुकूअ है।

शुरू ख़ुदा का नाम ले कर, जो बड़ा मेहरबान निहायत रहम वाला है।

(ऐ मुहम्मद[1]) अपने परवरदिगार का नाम ले कर पढ़ो, जिस ने (दुनिया को) पैदा किया, (१) जिस ने इंसान को ख़ून की फुटकी से बनाया, (२) पढ़ो और तुम्हारा परवरदिगार बड़ा करम वाला है, (३) जिस ने क़लम के ज़रिए से इल्म सिखाया, (४) और इंसान को वे बातें सिखाईं, जिन का उस को इल्म न था,' (५) मगर इंसान सरकश हो जाता है, (६) जबकि अपने आप को ग़नी देखता है, (७) कुछ शक नहीं कि (उस को) तुम्हारे परवरदिगार ही की तरफ़ लौट कर जाना है। (८) भला तुम ने उस शख़्स को देखा, जो मना करता है। (९) (यानी) एक बन्दे को जब वह नमाज़ पढ़ने लगता है। (१०) भला देखो तो अगर यह सीधे रास्ते पर हो, (११) या परहेज़गारी का हुक्म करे (तो मना करना कैसा![२]) (१२) और देख तो अगर उस ने दीने हक़ को झुठलाया और उस से मुंह मोड़ा, (तो क्या हुआ?) (१३) क्या उस को मालूम नहीं कि ख़ुदा देख रहा है। (१४) देखो, अगर वह बाज़ न आएगा तो हम (उस की) पेशानी के बाल पकड़ कर घसीटेंगे। (१५) यानी उस झूठे ख़ताकार की पेशानी के बाल। (१६) तो वह अपने यारों की

---

१. हज़रत सल्ल० पर जो वह्य सब से पहले नाज़िल हुई, वही इस सूर: की पहली पांच आयतें हैं। ये आयतें हिरा के ग़ार में नाज़िल हुयीं, जहां आप तश्रीफ़ ले जा कर तंहाई में इबादत किया करते थे। आप फ़रमाते हैं कि जब फ़रिश्ते ने आ कर मुझ से कहा कि पढ़ो तो मैं ने कहा कि मैं पढ़ा हुआ नहीं हूं ता उस ने मुझे पकड़ कर दबाया, यहां तक कि मैं थक गया, फिर छोड़ दिया और कहा कि पढ़ो, मैं ने कहा कि मुझे पढ़ना नहीं आता, फिर दोबारा मुझ को दबोचा, यहां तक कि मैं थक गया, फिर छोड़ दिया और कहा कि पढ़ो। मैं ने कहा, मैं पढ़ना नहीं जानता। फिर तीसरी बार दबाया, यहां तक कि मैं थक कर चूर हो गया, फिर छोड़ दिया और कहा, 'इक़्रअ् बिस्मि रब्बिकल्लज़ी ख़लक़' और 'मालम्यअलम' तक पहुंचा। इस के बाद आप डर की वजह से कांपते-कांपते हज़रत ख़दीजा के पास आए और कहा कि मुझे लिहाफ़ उढ़ाओ। जब ख़ौफ़ दूर हुआ तो आप ने अपना हाल बयान

(शेष पृष्ठ ९८० पर)

★रु. १/१९ आ ८ ★रु. १/२० आ ८

स-नद्अुज़्ज़बानिय: ॥ (१८) क़ल्ला ♭ ला तुतिअ्-हु वस्जुद् वक़्तरिब् ★□ (१९)

९७ सूरतुल्-क़द्रि २५

(मक्की) इस सूर: में अरबी के ११५ अक्षर, ३० शब्द, ५ आयतें और १ रुकूअ़ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीम ●

इन्ना अन्ज़ल्नाहु फ़ी लैलतिल-क़द्रि (१) व मा अद्रा-क मा लैलतुल - क़द्र ♭ (२) लैलतुल - क़द्रि ॥ ख़ैरुम् - मिन् अल्फ़ि शह्र् ※ (३) त-नज़्ज़लुल-मलाइकतु वर्रूहु फ़ीहा बिइज़्नि रब्बिहिम् मिन् कुल्लि अम्रिन् (४) सलामुन् हि-य हत्ता मत्-लअिल्-फ़ज्रि ★● (५)

القدر ٩٧ البينة ٩٨　　٣٨٣　　عم ٣٠

سَنَدْعُ الزَّبَانِيَةَ ﴿١٨﴾ كَلَّا لَا تُطِعْهُ وَاسْجُدْ وَاقْتَرِبْ ﴿١٩﴾

سُوْرَةُ الْقَدْرِ مَكِّيَّةٌ وَّهِيَ خَمْسُ اٰيٰتٍ

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ

اِنَّآ اَنْزَلْنٰهُ فِيْ لَيْلَةِ الْقَدْرِ ﴿١﴾ وَمَآ اَدْرٰىكَ مَا لَيْلَةُ الْقَدْرِ ﴿٢﴾ لَيْلَةُ
الْقَدْرِ خَيْرٌ مِّنْ اَلْفِ شَهْرٍ ﴿٣﴾ تَنَزَّلُ الْمَلٰٓئِكَةُ وَالرُّوْحُ فِيْهَا
بِاِذْنِ رَبِّهِمْ مِّنْ كُلِّ اَمْرٍ ﴿٤﴾ سَلٰمٌ هِيَ حَتّٰى مَطْلَعِ الْفَجْرِ ﴿٥﴾

سُوْرَةُ الْبَيِّنَةِ مَدَنِيَّةٌ وَّهِيَ ثَمَانُ اٰيٰتٍ

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ

لَمْ يَكُنِ الَّذِيْنَ كَفَرُوْا مِنْ اَهْلِ الْكِتٰبِ وَالْمُشْرِكِيْنَ مُنْفَكِّيْنَ
حَتّٰى تَاْتِيَهُمُ الْبَيِّنَةُ ﴿١﴾ رَسُوْلٌ مِّنَ اللّٰهِ يَتْلُوْا صُحُفًا مُّطَهَّرَةً ﴿٢﴾
فِيْهَا كُتُبٌ قَيِّمَةٌ ﴿٣﴾ وَمَا تَفَرَّقَ الَّذِيْنَ اُوْتُوا الْكِتٰبَ اِلَّا مِنْ
بَعْدِ مَا جَآءَتْهُمُ الْبَيِّنَةُ ﴿٤﴾ وَمَآ اُمِرُوْٓا اِلَّا لِيَعْبُدُوا اللّٰهَ مُخْلِصِيْنَ
لَهُ الدِّيْنَ حُنَفَآءَ وَيُقِيْمُوا الصَّلٰوةَ وَيُؤْتُوا الزَّكٰوةَ وَذٰلِكَ
دِيْنُ الْقَيِّمَةِ ﴿٥﴾ اِنَّ الَّذِيْنَ كَفَرُوْا مِنْ اَهْلِ الْكِتٰبِ وَالْمُشْرِكِيْنَ
فِيْ نَارِ جَهَنَّمَ خٰلِدِيْنَ فِيْهَا اُولٰٓئِكَ هُمْ شَرُّ الْبَرِيَّةِ ﴿٦﴾ اِنَّ
الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا وَعَمِلُوا الصّٰلِحٰتِ اُولٰٓئِكَ هُمْ خَيْرُ الْبَرِيَّةِ ﴿٧﴾
جَزَآؤُهُمْ عِنْدَ رَبِّهِمْ جَنّٰتُ عَدْنٍ تَجْرِيْ مِنْ تَحْتِهَا الْاَنْهٰرُ خٰلِدِيْنَ

मु. खि मु ता ख. १८

९८ सूरतुल्-बय्यिनति १००

(मदनी) इस सूर: में अरबी के ४१३ अक्षर, ९५ शब्द, ८ आयतें और १ रुकूअ़ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीम ●

लम् यकुनिल्लज़ी-न क-फ़रू मिन् अह्लिल्-किताबि वल्मुश्रिकी-न मुन्फ़क्की-न हत्ता तअ्ति-यहुमुल-बय्यिन: ॥ (१) रसूलुम्-मिनल्लाहि यत्लू सुहुफ़म्-मुतह्-ह-र-तन् ॥ (२) फ़ीहा कुतुबुन् क़य्यिम: ♭ (३) व मा त-फ़र्रक़ल्लज़ी-न ऊतुल्-किता-ब इल्ला मिम्बअ्-दि मा जाअत्हुमुल-बय्यिन: ♭ (४) व मा उमिरू इल्ला लियअ्-बुदुल्ला-ह मुख़्लिसी-न लहुद्दी-न ॥ हु-नफ़ा-अ व युक़ीमुस्सला-त व युअ्तुज़्ज़का-त व ज़ालि-क दीनुल-क़य्यिम: ♭ (५) इन्नल्लज़ी-न क-फ़रू मिन् अह्लिल्किताबि वल्मुश्रिकी-न फ़ी नारि ज-हन्न-म ख़ालिदी-न फ़ीहा ♭ उलाइ - क हुम् शर्रुल - बरिय्य: ♭ (६) इन्नल्लज़ी - न आमनू व अमिलुस्सालिहाति ॥ उलाइ - क हुम् ख़ैरुल - बरिय्य: ♭ (७) जज़ाउहुम् अिन्-द रब्बिहिम् जन्नातु अद्निन् तज्री मिन् तह्तिहल्-अन्हारु ख़ालिदी-न फ़ीहा अ-ब-दन् ♭ रज़ियल्लाहु अन्हुम् व रज़ू अन्हु ♭ ज़ालि-क लिमन् ख़शि-य रब्बः ★ (८)

★रु. १/२१ आ १९ □ सजद: १४　※ व. न बी स. ★रु. १/२२ आ ५ ●सु. ३/४ ★रु. १/२३ आ ८

मज्लिस को बुला ले। (१७) हम भी अपने दोज़ख़ के मुवक्किलों को बुलाएंगे। (१८) देखो, उस का कहा न मानना और सज्दा करना और (ख़ुदा का) क़ुर्ब हासिल करते रहना। (१९) ★ □

९७ सूर: क़द्र २५

सूर: क़द्र मक्की है और इस में पांच आयतें और १ रुकूअ हैं।

शुरू ख़ुदा का नाम ले कर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

हम ने इस (क़ुरआन) को शबे क़द्र में नाज़िल (करना शुरू) किया, (१) और तुम्हें क्या मालूम कि शबे क़द्र क्या है? (२) शबे क़द्र हज़ार महीने से बेहतर है।[1] (३) इस में रूहुल अमीन और फ़रिश्ते हर काम के (इन्तिज़ाम के) लिए, अपने परवरदिगार के हुक्म से उतरते हैं। (४) यह (रात) सुबह के होने तक (अमान और) सलामती है। (५) ★ ●

९८ सूर: बयि्यनः १००

सूर: बयि्यनः मदनी है और इस में आठ आयतें और १ रुकूअ हैं।

शुरू ख़ुदा का नाम लेकर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

जो लोग काफ़िर हैं यानी अह्ले किताब और मुश्रिक वे (कुफ़्र से) बाज़ रहने वाले न थे, जब तक कि उन के पास खुली दलील न आती, (१) (यानी) ख़ुदा के पैग़म्बर जो पाक पन्ने पढ़ते हैं, (२) जिन में मज़बूत (आयतें) लिखी हुई हैं, (३) और अह्ले किताब जो अलग-अलग (और मुख़्तलिफ़) हुए हैं तो खुली दलील के आने के बाद (हुए हैं) (४) और उन को हुक्म तो यही हुआ था कि अमल के इख़्लास के साथ ख़ुदा की इबादत करें (और यक्सू हो कर) और नमाज़ पढ़ें और ज़कात दें और यही सच्चा दीन है। (५) जो लोग काफ़िर हैं (यानी) अह्ले किताब और मुश्रिक, वे दोज़ख़ की आग में (पड़ेंगे और) हमेशा उस में रहेंगे। ये लोग सब मख़्लूक़ से बद-तर हैं। (६) और जो लोग ईमान लाए और नेक अमल करते रहे, वे तमाम ख़ल्क़त से बेहतर हैं। (७) उन का बदला उन के परवरदिगार के यहां हमेशा रहने के बाग़ हैं, जिन के नीचे नहरें बह रही हैं। हमेशा-हमेशा उन में रहेंगे। ख़ुदा उन से ख़ुश और वे उस से ख़ुश। यह (बदला) उस के लिए है, जो अपने परवरदिगार से डरता है। (८) ★

मु. ख़िमुताख़. १८

---

१. क़ुरआन मजीद एक ही बार नाज़िल नहीं हुआ, बल्कि पारा-पारा नाज़िल हुआ है। पहले-पहल वह शबेक़द्र में नाज़िल हुआ। इस आयत से मालूम होता है कि शबेक़द्र रमज़ान के महीने में है, जैसा कि दूसरी जगह फ़रमाया — 'शह्रु र-म-ज़ानल्लज़ी उन्ज़ि-ल फ़ीहिल क़ुरआन' यह मालूम नहीं कि यह रात किस तारीख़ को होती है, लेकिन सही हदीसों से इतना साबित है कि हज़रत रमज़ान की आख़िरी दहाई में एतिकाफ़ फ़रमाया करते थे और जितना एहतिमाम इस दहाई में फ़रमाते और में न फ़रमाते। ज़्यादातर तफ़्सीर लिखने वालों का ख़्याल है कि इस रात का अमल हज़ार महीने के अमल से अफ़ज़ल है।

९९ सूरतुज़्-ज़िल्ज़ालि ९३

(मदनी) इस सूर: में अ़रबी के १५८ अक्षर, ३७ शब्द, ८ आयतें और १ रुकूअ़ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह़्मानिर्रह़ीम •

इज़ा ज़ुल्ज़ि-लतिलअर्ज़ु ज़िल्ज़ालहा॥(१) व अख़्-र-जतिलअर्ज़ु अस्क़ालहा॥(२) व क़ालल-इन्सानु मा लहा॥(३) यौमइज़िन् तुहद्दिसु अख़्-बारहा॥(४) बि-अन्-न रब्ब-क औह़ा लहा॥(५) यौमइज़िय्यस्दुरुन्नासु अश्तातल-लियुरौ अअ़्-मालहुम्॥(६) फ़मंय्यअ़्-मल् मिस्क़ा-ल ज़र्रतिन् ख़ैरंय्यर:॥(७) व मंय्यअ़्-मल् मिस्क़ा-ल ज़र्रतिन् शर्रंय्यर: (८)★

فيها ابدا رضي الله عنهم ورضوا عنه ذلك لمن خشي ربه
سورة الزلزال مدنية وهي ثمان ايات
بسم الله الرحمن الرحيم
اذا زلزلت الارض زلزالها ۝ واخرجت الارض اثقالها ۝ و
قال الانسان ما لها ۝ يومئذ تحدث اخبارها ۝ بان ربك
اوحى لها ۝ يومئذ يصدر الناس اشتاتا ليروا اعمالهم ۝ فمن
يعمل مثقال ذرة خيرا يره ۝ ومن يعمل مثقال ذرة شرا يره ۝
سورة العديت مكية بسم الله الرحمن الرحيم وهي احدى عشرة اية
والعديت ضبحا ۝ فالموريت قدحا ۝ فالمغيرت صبحا ۝ فاثرن
به نقعا ۝ فوسطن به جمعا ۝ ان الانسان لربه لكنود ۝ و
انه على ذلك لشهيد ۝ وانه لحب الخير لشديد ۝ افلا
يعلم اذا بعثر ما في القبور ۝ وحصل ما في الصدور ۝
ان ربهم بهم يومئذ لخبير ۝
سورة القارعة مكية وهي احدى عشرة اية
بسم الله الرحمن الرحيم
القارعة ۝ ما القارعة ۝ وما ادرىك ما القارعة ۝ يوم يكون
الناس كالفراش المبثوث ۝ وتكون الجبال كالعهن المنفوش ۝

१०० सूरतुल्-आ़दियाति १४

(मक्की) इस सूर: में अ़रबी के १७० अक्षर, ४० शब्द, ११ आयतें और १ रुकूअ़ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह़्मानिर्रह़ीम •

वल्आ़दियाति ज़ब्ह़न्॥(१) फ़ल्मूरि-याति क़द्ह़न्॥(२) फ़ल्मुग़ीराति सुब्ह़न्॥(३) फ़-अ-सर्-न बिही नक़्-अ़न्॥(४) फ़-व-सत्-न बिही जम्-अ़न्॥(५) इन्नल-इन्सा-न लि-रब्बिही ल-कनूद॥(६) व इन्नहू अ़ला ज़ालि-क ल-शहीद॥(७) व इन्नहू लिहुब्बिल-ख़ैरि ल-शदीद॥(८) अ-फ़ला यअ़्-लमु इज़ा बुअ़्-सि-र मा फ़िल्क़ुबूरि॥(९) व हुस्सि-ल मा फ़िस्सुदूरि॥(१०) इन्-न रब्बहुम् बिहिम् यौमइज़िल्-ल-ख़बीर★(११)

१०१ सूरतुल्-क़ारिअ़ति ३०

(मक्की) इस सूर: में अ़रबी के १६० अक्षर, ३५ शब्द, ११ आयतें और १ रुकूअ़ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह़्मानिर्रह़ीम •

अल्क़ारिअ़तु॥(१) मल्क़ारिअ़:॥(२) व मा अद्-रा-क मल्क़ारिअ़:॥(३) यौ-म यकूनुन्नासु कल्फ़राशिल-मब्सूसि॥(४) व तकूनुल्जिबालु कल्अ़िह्निल-मन्फ़ूश॥(५)

★रु. १/२४ आ ८ ★रु. १/२५ आ ११

९९ सूरः ज़िल्ज़ाल ९३

सूरः ज़िलज़ाल मदनी है और इस में आठ आयतें और १ रुकूअ है।

शुरू ख़ुदा का नाम ले कर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

जब ज़मीन भोंचाल से हिला दी जाएगी, (१) और ज़मीन अपने (अन्दर के) बोझ निकाल डालेगी, (२) और इन्सान कहेगा कि इस को क्या हुआ है ? (३) उस दिन वह अपने हालात बयान कर देगी, (४) क्योंकि तुम्हारे परवरदिगार ने उस को हुक्म भेजा (होगा।) (५) उस दिन लोग गिरोह-गिरोह हो कर आएंगे, ताकि उन को उन के आमाल दिखा दिए जाएं। (६) तो जिस ने ज़र्रा भर नेकी की होगी, वह उस को देख लेगा, (७) और जिस ने ज़र्रा भर बुराई की होगी, वह उसे देख लेगा। (८)★

१०० सूरः आदियात १४

सूरः आदियात मक्की है और इस में ग्यारह आयतें और १ रुकूअ है।

शुरू ख़ुदा का नाम ले कर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

उन सरपट दौड़ने वाले घोड़ों की क़सम, जो हांप उठते हैं, (१) फिर पत्थरों पर (नाल) मार कर आग निकालते हैं, (२) फिर सुबह को छापा मारते हैं, (३) फिर उस में गर्द उठाते हैं, (४) फिर उस वक़्त (दुश्मन की) फ़ौज में जा घुसते हैं, (५) कि इंसान अपने परवरदिगार का नाशुक्रा है, (६) और वह इस से आगाह भी है। (७) वह तो माल की सख़्त मुहब्बत करने वाला है। (८) क्या वह उस वक़्त को नहीं जानता कि जो (मुर्दे) क़ब्रों में हैं, वे बाहर निकाल लिए जाएंगे, (९) और जो (भेद) दिलों में हैं, वे ज़ाहिर कर दिए जाएंगे। (१०) बेशक उन का परवरदिगार उस दिन को ख़ूब जानता होगा। (११)★

१०१ सूरः क़ारिअः ३०

सूरः क़ारिअः मक्की है, और इस में ग्यारह आयतें और १ रुकूअ है।

शुरू ख़ुदा का नाम ले कर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

खड़खड़ाने वाली, (१) खड़खड़ाने वाली क्या है ? (२) और तुम क्या जानो कि खड़खड़ाने वाली क्या है ? (३) (वह क़ियामत है,) जिस दिन लोग ऐसे होंगे जैसे बिखरे हुए पतंगे, (४) और पहाड़ ऐसे हो जाएंगे जैसे धुंकी हुई रंग-बिरंग की ऊन, (५) तो जिस के (आमाल के) वज़न भारी

★रु. १/२४ आ ८ ★रु. १/२५ आ ११

फ़-अम्मा मन् सक़ुलत् मवाज़ीनुहू ॥ (६)　फ़हु-व फ़ी ओ़शतिर्-राज़ियः ॥ (७)　व अम्मा मन् ख़फ़्फ़त् मवाज़ीनुहू ॥ (८)　फ़-उम्मुहू हावियः ॥ (९)　व मा अद्रा-क मा हियः ॥ (१०)　नारुन् हामियः ★ (११)

१०२ सूरतुत्तकासुरि १६

(मक्की) इस सूरः में अ़रबी के १२३ अक्षर, २८ शब्द, ८ आयतें और १ रुकूअ़ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीम •

अल्हाकुमुत्तकासुरु ॥ (१)　हत्ता ज़ुर्तुमुल्-मक़ाबिर ॥ (२)　कल्ला सौ-फ़ तअ़्-लमून ॥ (३)　सुम्-म कल्ला सौ-फ़ तअ़्-लमून ॥ (४)　कल्ला लौ तअ़्-लमू-न अ़िल्मल्-यक़ीन ॥ (५)　ल-त - रवुन्नल्-जहीम ॥ (६)　सुम्-म ल-त-र-वुन्नहा अ़ैनल्-यक़ीन ॥ (७)　सुम्-म लतुस - अलुन्-न यौमइज़िन् अ़निन्नओ़म ★ (८)

१०३ सूरतुल्-अ़स्रि १३

(मक्की) इस सूरः में अ़रबी के ७४ अक्षर, १४ शब्द, ३ आयतें और १ रुकूअ़ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीम •

فَأَمَّا مَنْ ثَقُلَتْ مَوَازِينُهُ ۝ فَهُوَ فِي عِيشَةٍ رَاضِيَةٍ ۝ وَأَمَّا مَنْ
خَفَّتْ مَوَازِينُهُ ۝ فَأُمُّهُ هَاوِيَةٌ ۝ وَمَا أَدْرَاكَ مَا هِيَهْ ۝ نَارٌ حَامِيَةٌ ۝

سُورَةُ التَّكَاثُرِ مَكِّيَّةٌ وَهِيَ ثَمَانُ آيَاتٍ

بِسْمِ اللَّهِ الرَّحْمَٰنِ الرَّحِيمِ

أَلْهَاكُمُ التَّكَاثُرُ ۝ حَتَّىٰ زُرْتُمُ الْمَقَابِرَ ۝ كَلَّا سَوْفَ تَعْلَمُونَ ۝
ثُمَّ كَلَّا سَوْفَ تَعْلَمُونَ ۝ كَلَّا لَوْ تَعْلَمُونَ عِلْمَ الْيَقِينِ ۝ لَتَرَوُنَّ
الْجَحِيمَ ۝ ثُمَّ لَتَرَوُنَّهَا عَيْنَ الْيَقِينِ ۝ ثُمَّ لَتُسْأَلُنَّ يَوْمَئِذٍ
عَنِ النَّعِيمِ ۝

سُورَةُ الْعَصْرِ مَكِّيَّةٌ　بِسْمِ اللَّهِ الرَّحْمَٰنِ الرَّحِيمِ　وَهِيَ ثَلَاثُ آيَاتٍ

وَالْعَصْرِ ۝ إِنَّ الْإِنْسَانَ لَفِي خُسْرٍ ۝ إِلَّا الَّذِينَ آمَنُوا وَعَمِلُوا
الصَّالِحَاتِ وَتَوَاصَوْا بِالْحَقِّ وَتَوَاصَوْا بِالصَّبْرِ ۝

سُورَةُ الْهُمَزَةِ مَكِّيَّةٌ وَهِيَ تِسْعُ آيَاتٍ

بِسْمِ اللَّهِ الرَّحْمَٰنِ الرَّحِيمِ

وَيْلٌ لِكُلِّ هُمَزَةٍ لُمَزَةٍ ۝ الَّذِي جَمَعَ مَالًا وَعَدَّدَهُ ۝ يَحْسَبُ
أَنَّ مَالَهُ أَخْلَدَهُ ۝ كَلَّا لَيُنْبَذَنَّ فِي الْحُطَمَةِ ۝ وَمَا أَدْرَاكَ
مَا الْحُطَمَةُ ۝ نَارُ اللَّهِ الْمُوقَدَةُ ۝ الَّتِي تَطَّلِعُ عَلَى الْأَفْئِدَةِ ۝
إِنَّهَا عَلَيْهِمْ مُؤْصَدَةٌ ۝ فِي عَمَدٍ مُمَدَّدَةٍ ۝

वल्अ़स्रि ॥ (१)　इन्नल्-इन्सा-न लफ़ी ख़ुस्र ॥ (२)　इल्लल्लज़ी-न आमनू व अ़मिलुस्सालिहाति व त-वासौ बिल्हक़्क़ि ॥ व त-वासौ बिस्सब्रि ★ (३)

१०४ सूरतुल्-हु-मज़ति ३२

(मक्की) इस सूरः में अ़रबी के १३५ अक्षर, ३३ शब्द, ९ आयतें और १ रुकूअ़ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीम •

वैलुल्लिकुल्लि हु-म-ज़तिल्-लु-मज़ः ॥ (१)　अ्ल्लज़ी ज-म-अ़ मालंव्-व अ़द्-द-दहू ॥ (२)　यह्सबु अन्-न मा लहू अख़्-ल-दः ॥ (३)　कल्ला लयुम्बज़न्-न फ़िल्-हु-त़मति ॥ (४)　व मा अद्रा-क मल्हु-त़-मः ॥ (५)　नारुल्लाहिल्-मूक़-दतु- ॥ (६)　-ल्लती तत्तलिअ़ु अ़लल्-अफ़्-इदः ॥ (७)　इन्नहा अ़लैहिम् मुअ़्-स-दतुन् ॥ (८)　फ़ी अ़-मदिम्-मुमद्-द-दः ★ (९)

निकलेंगे, (६) वह दिल पसन्द ऐश में होगा, (७) और जिस के वज़न हल्के निकलेंगे, (८) उन के लौटने की जगह हाविया है, (९) और तुम क्या समझे कि हाविया क्या चीज़ है ? (१०) (वह) दहकती हुई आग है। (११) ★

१०२ सूरः तकासुर १६

सूर: तकासुर मक्की है और इस में आठ आयतें और १ रुकूअ है।

शुरू ख़ुदा का नाम ले कर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

(लोगो!) तुम को (माल की) बहुत सी तलब ने ग़ाफ़िल कर दिया, (१) यहां तक कि तुम ने क़ब्रें जा देखीं। (२) देखो, तुम्हें बहुत जल्द मालूम हो जाएगा, (३) फिर देखो, तुम्हें बहुत जल्द मालूम हो जाएगा। (४) देखो अगर तुम जानते (यानी) यक़ीन का इल्म (रखते, तो ग़फ़लत न करते,) (५) तुम ज़रूर दोज़ख़ को देखोगे। (६) फिर उस को (ऐसा) देखोगे (कि) ऐनुल् यक़ीन (यक़ीन की आंख) (आ जाएगा), (७) फिर उस दिन तुम से नेमत के (शुक्र के) बारे में पूछ-गछ होगी। (८) ★

१०३ सूरः अस्र १३

सूर: अस्र मक्की है और इस में तीन आयतें और १ रुकूअ है।

शुरू ख़ुदा का नाम ले कर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

अस्र की क़सम, (१) कि इंसान नुक़सान में है, (२) मगर वे लोग, जो ईमान लाए और नेक अमल करते रहे और आपस में हक़ (बात) की तल्क़ीन और सब्र की ताकीद करते रहे। (३) ★

१०४ सूरः हु-म-ज़ः ३२

सूर: हु-म-ज़: मक्की है और इस में नौ आयतें और १ रुकूअ है।

शुरू ख़ुदा का नाम ले कर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

हर तानों भरे इशारे करने वाले चुग़लख़ोर की ख़राबी है, (१) जो माल जमा करता और उस को गिन-गिन कर रखता है, (२) और ख़्याल करता है कि उस का माल उस की हमेशा की ज़िंदगी की वजह होगा। (३) हरगिज़ नहीं, वह ज़रूर हुतमा में डाला जाएगा। (४) और तुम क्या समझे कि हुतमा क्या है ? (५) वह ख़ुदा की भड़कायी हुई आग है, (६) जो दिलों पर जा लपटेगी, (७) (और) वे उस में बन्द कर दिए जाएंगे, (८) यानी (आग के) लम्बे-लम्बे स्तूनों में। (९) ★

★रु. १/२६ आ ११ ★रु. १/२७ आ ८ ★रु. १/२८ आ ३ ★रु. १/२९ आ ९

१०५ सूरतुल्-फ़ीलि १९

(मक्की) इस सूर: में अरबी के ९४ अक्षर, २४ शब्द, ५ आयतें और १ रुकूअ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीम ●

अ-लम् त-र कै-फ़ फ़-अ-ल रब्बु-क बि-अस्हाबिल्फ़ील (१) अ-लम् यज्-अल् कैदहुम् फ़ी तज़्लीलिंव- (२) व अर्स-ल अलैहिम् तैरन् अबाबील (३) तर्मीहिम् बिहिजा-रतिम्-मिन् सिज्जीलिन् (४) फ़-ज-अ-लहुम् क-अस्फ़िम-मअ्-कूल ★ (५)

१०६ सूरतु क़ुरैशिन् २९

(मक्की) इस सूर: में अरबी के ७९ अक्षर, १७ शब्द, ४ आयतें और १ रुकूअ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीम ●

लि - ईलाफ़ि क़ुरैशिन् (१) ईलाफ़िहिम् रिह्-ल-तश् - शिताइ वस्सैफ़ (२) फ़ल्यअ्-बुदू रब्-ब हाजल्बैति- (३) ल्लजी अत् - अ - महुम् मिन् जूअिंव्- व अ-म - नहुम् मिन् ख़ौफ़ ★ (४)

१०७ सूरतुल्-माऊनि १७

(मक्की) इस सूर: में अरबी के ११५ अक्षर, २५ शब्द, ७ आयतें और १ रुकूअ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीम ●

अ-र-ऐ-तल्लजी युकज्जिबु बिद्दीन (१) फ़-जालिकल्लजी यदुअ्-अुल्-यतीम (२) व ला यहुज़्ज़ु अला तआमिल् - मिस्कीन (३) फ़वैलुल्-लिल्मुसल्लीन (४) अल्लजी-न हुम् अन् सलातिहिम् साहून (५) अल्लजी-न हुम् युराऊ-न (६) व यम्-नऊनल्-माऊन ★ (७)

الفيل ١٠٥ قريش ١٠٦ الماعون ١٠٧ الكوثر ١٠٨   ٧٨٦

سورة الفيل مكية وهي خمس آيات

بسم الله الرحمن الرحيم

الم تر كيف فعل ربك باصحب الفيل ① الم يجعل كيدهم

في تضليل ② وارسل عليهم طيرا ابابيل ③ ترميهم

بحجارة من سجيل ④ فجعلهم كعصف مأكول ⑤

سورة قريش مكية بسم الله الرحمن الرحيم وهي اربع آيات

لايلف قريش ① الفهم رحلة الشتاء والصيف ②

فليعبدوا رب هذا البيت ③ الذي اطعمهم من جوع ۵ و

امنهم من خوف ④

سورة الماعون مكية وهي سبع آيات

بسم الله الرحمن الرحيم

ارءيت الذي يكذب بالدين ① فذلك الذي يدع اليتيم ②

ولا يحض على طعام المسكين ③ فويل للمصلين ④ الذين

هم عن صلاتهم ساهون ⑤ الذين هم يراءون ⑥ و

يمنعون الماعون ⑦

سورة الكوثر مكية بسم الله الرحمن الرحيم وهي ثلث آيات

انا اعطينك الكوثر ① فصل لربك وانحر ② ان

منزل

१०८ सूरतुल्-कौ-सरि १५

(मक्की) इस सूर: में अरबी के ३७ अक्षर, १० शब्द, ३ आयतें और १ रुकूअ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीम ●

इन्ना अअ्-तैनाकल्-कौ-सर (१) फ़-सल्लि लिरब्बि-क वन्हर् (२)

★रु. १/३० आ ५ ★रु. १/३१ आ ४ ★रु. १/३२ आ ७

१०५ सूरः फ़ील १९

सूरः फ़ील मक्की है और इस में पांच आयतें और १ रुकूअ है।

शुरू ख़ुदा का नाम ले कर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

क्या तुम ने नहीं देखा कि तुम्हारे परवरदिगार ने हाथी वालों के साथ क्या किया ? (१) क्या उन का दांव ग़लत नहीं किया ? (किया।) (२) और उन पर झिल्लड़ के झिल्लड़ जानवर भेजे, (३) जो उन पर कंकर की पत्थरियां फेंकते थे, (४) तो उन को ऐसा कर दिया जैसे खाया हुआ भुस। (५) ★

१०६ सूरः क़ुरैश २९

सूरः क़ुरश मक्की है और इस में चार आयतें और १ रुकूअ है।

शुरू ख़ुदा का नाम ले कर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

क़ुरैश के मानूस करने की वजह से, (१) (यानी) उन को जाड़े और गर्मी के सफ़र से मानूस करने की वजह से, (२) (लोगों को) चाहिए कि (इस नेमत के शुक्र में) इस घर के मालिक की इबादत करें, (३) जिस ने उन को भूख में खाना खिलाया और ख़ौफ़ से अम्न बख़्शा।[1] (४) ★

१०७ सूरः माऊन १७

सूरः माऊन मक्की है और इस में सात आयतें आयतें और १ रुकूअ है।

शुरू ख़ुदा का नाम ले कर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

भला तुम ने उस शख़्स को देखा जो बदले (के दिन) को झुठलाता है। (१) यह वही (बद-बख़्त) है जो यतीम को धक्के देता है, (२) और फ़क़ीर को खाना खिलाने के लिए (लोगों को) तर्ग़ीब नहीं देता। (३) तो ऐसे नमाज़ियों की ख़राबी है, (४) जो नमाज़ की तरफ़ से ग़ाफ़िल रहते हैं। (५) जो दिखावे का काम करते हैं, (६) और बरतने की चीज़ें (उधार) नहीं देते। (७) ★

१०८ सूरः कौसर १५

सूरः कौसर मक्की है और इस में तीन आयतें आयतें और १ रुकूअ है।

शुरू ख़ुदा का नाम ले कर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

(ऐ मुहम्मद !) हम ने तुम को कौसर अता फ़रमायी है।[2] (१) तो अपने परवरदिगार के

१: हज़रत की बारहवीं पीढ़ी में एक आदमी नज़्र बिन कनाना था। उस की औलाद क़ुरैश में है। ये बैतुल्लाह के ख़ादिम थे और लोग उन का बहुत अदब और एहतराम करते थे। इस सूरः में ख़ुदा क़ुरैश पर अपना एहसान बताता है कि वह जाड़े और गर्मी में तिजारत के लिए सफ़र करते हैं और कोई उन को टोकता नहीं, चैन से खाते-पीते और अम्न से रहते-सहते हैं तो उन को चाहिए कि तौहीद अपनाएं और बुतों की पूजा को छोड़ कर उस के घर के मालिक यानी एक ख़ुदा की इबादत करें। कुछ तफ़्सीर लिखने वालों ने लिखा है कि यह सूरः पहली सूरः से मुताल्लिक़ है और उन के नज़दीक इस के मानी यह हैं कि हम ने जो मक्के से हाथियों और हाथी वालों को रौंद

(शेष पृष्ठ ९८० पर)

★रु. १/३० आ ५ ★रु. १/३१ आ ४ ★रु. १/३२ आ ७

इन्-न शानि-अ-क हुवल्-अब्तर ★ (३)

१०९ सूरतुल्-काफ़िरून १८

(मक्की) इस सूर: में अरबी के ९९ अक्षर, २६ शब्द, ६ आयतें और १ रुकूअ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीम ●

क़ुल् या अय्युहल्-काफ़िरून ॥ (१) ला अअ्-बुदु मा तअ्-बुदून ॥ (२) व ला अन्तुम् आबिदू-न मा अअ्-बुद ⱴ (३) व ला अ-न आबिदुम्-मा अबत्तुम् ॥ (४) व ला अन्तुम् आबिदू-न मा अअ्-बुद ⱷ (५) लकुम् दीनुकुम् वलि - य दीन ★ (६)

११० सूरतुन्नस्रि ११४

(मदनी) इस सूर: में अरबी के ८१ अक्षर, १९ शब्द, ३ आयतें और १ रुकूअ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीम ●

इज़ा जा-अ नस्रुल्लाहि वल्फ़त्हु ॥ (१) व रऐ-तन्ना-स यद्ख़ुलू-न फ़ी दीनिल्लाहि अफ़्वाजा ॥ (२) फ़सब्बिह् बिहम्दि रब्बि-क वस्तग़्फ़िर्हु ※ इन्नहू का-न तव्वाबा ★ (३)

१११ सूरतुल्-ल-हबि ६

(मक्की) इस सूर: में अरबी के ८१ अक्षर, २४ शब्द, ५ आयतें और १ रुकूअ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीम ●

तब्बत् यदा अबी ल-हबिव्-व तब्-ब ⱷ (१) मा अग़्ना अन्हु मा लुहू व मा क-सब् ⱷ (२) स-यस्ला नारन् ज़ा-त ल-हबिव्- (३) वम्-र-अतुहू ⱷ हम्मालतल्-ह-तबि ⱴ (४) फ़ी जीदिहा हब्लुम्-मिम्-म-सद् ★ (५)

الكفرون النصر اللهب الإخلاص ٦٠٣ عم ٣٠

شَانِئَكَ هُوَ الْاَبْتَرُ ۝

سُوْرَةُ الْكٰفِرُوْنَ مَكِّيَّةٌ وَّهِيَ سِتُّ اٰيَاتٍ

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ

قُلْ يٰۤاَيُّهَا الْكٰفِرُوْنَ ۝١ لَاۤ اَعْبُدُ مَا تَعْبُدُوْنَ ۝٢ وَلَاۤ اَنْتُمْ
عٰبِدُوْنَ مَاۤ اَعْبُدُ ۝٣ وَلَاۤ اَنَا عَابِدٌ مَّا عَبَدْتُّمْ ۝٤ وَلَاۤ اَنْتُمْ
عٰبِدُوْنَ مَاۤ اَعْبُدُ ۝٥ لَكُمْ دِيْنُكُمْ وَلِيَ دِيْنِ ۝٦

سُوْرَةُ النَّصْرِ مَدَنِيَّةٌ وَّهِيَ ثَلٰثُ اٰيَاتٍ

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ

اِذَا جَآءَ نَصْرُ اللّٰهِ وَالْفَتْحُ ۝١ وَرَاَيْتَ النَّاسَ يَدْخُلُوْنَ فِيْ دِيْنِ
اللّٰهِ اَفْوَاجًا ۝٢ فَسَبِّحْ بِحَمْدِ رَبِّكَ وَاسْتَغْفِرْهُ اِنَّهٗ كَانَ تَوَّابًا ۝٣

سُوْرَةُ اللَّهَبِ مَكِّيَّةٌ وَّهِيَ خَمْسُ اٰيَاتٍ

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ

تَبَّتْ يَدَاۤ اَبِيْ لَهَبٍ وَّتَبَّ ۝١ مَاۤ اَغْنٰى عَنْهُ مَالُهٗ وَمَا كَسَبَ ۝٢
سَيَصْلٰى نَارًا ذَاتَ لَهَبٍ ۝٣ وَّامْرَاَتُهٗ حَمَّالَةَ الْحَطَبِ ۝٤
فِيْ جِيْدِهَا حَبْلٌ مِّنْ مَّسَدٍ ۝٥

سُوْرَةُ الْاِخْلَاصِ مَكِّيَّةٌ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ وَهِيَ اَرْبَعُ اٰيَاتٍ
قُلْ هُوَ اللّٰهُ اَحَدٌ ۝١ اَللّٰهُ الصَّمَدُ ۝٢ لَمْ يَلِدْ ۙ وَلَمْ يُوْلَدْ ۝٣

११२ सूरतुल् इख़्लासि २२

(मक्की) इस सूर: में अरबी के ४९ अक्षर, १७ शब्द, ४ आयतें और १ रुकूअ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीम ●

क़ुल् हुवल्लाहु अ - हद ⱴ (१) अल्लाहुस्स-मद ⱴ (२) लम् यलिद् ॥ व लम् यूलद् ॥ (३)

★रु. १/३३ आ ३ ★रु. १/३४ आ ६ ※ व. न बी स. ★रु. १/३५ आ ३ ★रु. १/३६ आ ५

के लिए नमाज़ पढ़ा करो और क़ुर्बानी किया करो। (२) कुछ शक नहीं कि तुम्हारा दुश्मन ही बे-औलाद रहेगा।' (३) ✶

१०९ सूरः काफ़िरून १८

सूर: काफ़िरून मक्की है और इस में छः आयतें और १ रुकूअ़ है।

शुरू ख़ुदा का नाम ले कर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

(ऐ पैग़म्बर! इस्लाम के इन मुन्किरों से) कह दो कि ऐ काफ़िरो! (१) जिन (बुतों) को तुम पूजते हो, उन को मैं नहीं पूजता, (२) और जिस (ख़ुदा) की मैं इबादत करता हूं, उस की तुम इबादत नहीं करते, (३) और (मैं फिर कहता हूं कि) जिन की तुम पूजा करते हो, उन की मैं पूजा करने वाला नहीं हूं। (४) और न तुम उस की बन्दगी करने वाले (मालूम होते) हो, जिस की मैं बन्दगी करता हूं। (५) तुम अपने दीन पर, मैं अपने दीन पर। (६) ✶

११० सूरः नस्र ११४

सूर: नस्र मदनी है और इस में तीन आयतें और २ रुकूअ़ है।

शुरू ख़ुदा का नाम ले कर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

जब ख़ुदा की मदद आ पहुंची और फ़त्ह (हासिल हो गयी,) (१) और तुम ने देख लिया कि लोग झुंड के झुंड ख़ुदा के दीन में दाख़िल हो रहे हैं, (२) तो अपने परवरदिगार की तारीफ़ के साथ तस्बीह करो और उस से मग़फ़िरत मांगो ▨ बेशक वह माफ़ करने वाला है। (३) ✶

१११ सूरः ल-हब ६

सूर: ल-हब मक्की है और इस में पांच आयतें और १ रुकूअ़ है।

शुरू ख़ुदा का नाम ले कर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

अबू लहब के हाथ टूटें और वह हलाक हो, (१) न तो उस का माल ही उस के कुछ काम आया हो और न वह जो उस ने कमाया। (२) वह जल्द भड़कती हुई आग में दाख़िल होगा। (३) और उस की जोरू भी जो ईंधन सर पर उठाए फिरती है, (४) उस के गले में मूंज की रस्सी होगी।' (५) ★

११२ सूरः इख़्लास़ २२

सूर: इख़्लास मक्की है और इस में चार आयतें और १ रुकूअ़ है।

शुरू ख़ुदा का नाम ले कर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

कहो कि वह (ज़ात पाक जिस का नाम) अल्लाह (है) एक है, (१) (वह) माबूदे बरहक़, बे-नियाज़ है। (२) न किसी का बाप है और न किसी का बेटा, (३) और कोई उस का हमसर

---

१. अब्तर उस को कहते हैं जिस के मर्द औलाद में से कोई न रहे। जब हज़रत के बेटों का इन्तिक़ाल हो गया तो कुछ काफ़िर कहने लगे कि मुहम्मद अब्तर हो गया, इस के बाद कोई इस का नाम लेने वाला न रहेगा। ख़ुदा ने आप से फ़रमाया कि तुम्हारा बुरा चाहने वाले ही की नस्ल कट जाएगी और आप का नाम आप की उम्मत के ज़रिए से हमेशा के लिए बाक़ी रखा।

२. 'अबू लहब' रिश्ते में हज़रत का चचा था, मगर बड़ा काफ़िर और आप की जान का दुश्मन, उस का नाम तो

(शेष पृष्ठ ९७३ पर)

व लम् यकुल्लहू कुफ़ुवन् अ - हद ★(४)

११३ सूरतुल्-फ़-लक़ि २०

(मक्की) इस सूर: में अरबी के ७३ अक्षर, २३ शब्द, ५ आयतें और १ रुकूअ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीम •

क़ुल् अऊ़ज़ु बिरब्बिल्-फ़-लक़ि ४(१) मिन् शर्रि मा ख़-लक़् ९(२)
व मिन् शर्रि ग़ासिक़िन् इज़ा व-क़ब् ४(३)
व मिन् शर्रिन्नफ़्फ़ासाति फ़िल्अु़क़द् ४(४)
व मिन् शर्रि हासिदिन् इज़ा ह्-सद् ★(५)

११४ सूरतुन्नासि २१

(मक्की) इस सूर: में अरबी के ८१ अक्षर, २० शब्द, ६ आयतें और १ रुकूअ है।

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीम •

क़ुल् अऊ़ज़ु बिरब्बिन्नासि ४(१) मलिकिन्नासि ४(२) इलाहिन्नासि ४(३) मिन् शर्रिल्-वस्वासिल्ख़न्नासि- ५(४) -ल्लज़ी युवस्विसु फ़ी सुदूरिन्नासि ४(५) मिनल्जिन्नति वन्नास ★(६)

الفلق ١١٣ الناس ١١٤ — ٣٨٨ — عم ٣٠

وَلَمْ يَكُنْ لَّهٗ كُفُوًا اَحَدٌ ۝

سُوْرَةُ الْفَلَقِ مَكِّيَّةٌ وَّهِيَ خَمْسُ اٰيَاتٍ

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ

قُلْ اَعُوْذُ بِرَبِّ الْفَلَقِ ۝ مِنْ شَرِّ مَا خَلَقَ ۝ وَمِنْ شَرِّ
غَاسِقٍ اِذَا وَقَبَ ۝ وَمِنْ شَرِّ النَّفّٰثٰتِ فِي الْعُقَدِ ۝ وَمِنْ
شَرِّ حَاسِدٍ اِذَا حَسَدَ ۝

سُوْرَةُ النَّاسِ مَكِّيَّةٌ وَّهِيَ سِتُّ اٰيَاتٍ

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ

قُلْ اَعُوْذُ بِرَبِّ النَّاسِ ۝ مَلِكِ النَّاسِ ۝ اِلٰهِ النَّاسِ ۝
مِنْ شَرِّ الْوَسْوَاسِ الْخَنَّاسِ ۝ الَّذِيْ يُوَسْوِسُ فِيْ صُدُوْرِ
النَّاسِ ۝ مِنَ الْجِنَّةِ وَالنَّاسِ ۝

منزل ٧

(साथी) नहीं। (४) ★

११३ सूरः फ़लक़ २०

सूर: फ़लक़ मदनी है और इस में पांच आयतें और १ रुकूअ है।

शुरू ख़ुदा का नाम ले कर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

कहो कि मैं सुबह के मालिक की पनाह मांगता हूं, (१) हर चीज़ की बुराई से, जो उस ने पैदा की, (२) और अंधेरी रात की बुराई से, जब उस का अंधेरा छा जाए, (३) और गंडों पर (पढ़-पढ़ कर) फूंकने वालियों की बुराई से, (४) और हसद (जलन) करने वाले की बुराई से, जब हसद करने लगे।[1] (५) ★

११४ सूरः नास २१

सूर: नास मदनी है और इस में छ: आयतें और १ रुकूअ है।

शुरू ख़ुदा का नाम ले कर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

कहो कि मैं लोगों के परवरदिगार की पनाह मांगता हूं, (१) (यानी) लोगों के हक़ीक़ी बादशाह की, (२) लोगों के माबूदे बर-हक़ की, (३) (शैतान) वस्वसा डालने वाले की बुराई से जो (ख़ुदा का नाम सुन कर) पीछे हट जाता है[2], (४) जो लोगों के दिलों में वस्वसे डालता है, (५) (चाहे वह) जिन्नों में से (हो) या इंसानों में से। (६) ★

अब्दुल उज्ज़ा बिन अब्दुल मुत्तलिब था, मगर मशहूर इसी कुन्नियत से था, क्योंकि बहुत ज़्यादा ख़ूबसूरत था और हुस्न व जमाल की वजह से उस का चेहरा आग की तरह चमकता था। जब आप को हुक्म हुआ कि अपने क़बीलों को तंबीह करो तो आप ने क़ुरैश को जमा कर के फ़रमाया कि भला अगर मैं तुम को ख़बर दूं कि दुश्मन की फ़ौज सुबह या शाम तुम पर हमला करने वाली है तो तुम इस बात को मान लोगे? उन्हों ने कहा ज़रूर मानेंगे। आप ने फ़रमाया कि मैं तुम को एक सख़्त अज़ाब से आगाह करता हूं जो तुम पर नाज़िल होने वाला है तो अबू लहब ने कहा कि तुम्हारे हाथ टूटें (यानी तुम हलाक हो) जो तुम ने हम को इसी लिए जमा किया था? इस के जवाब में यह आयत नाज़िल हुई थी। अबू लहब की जोरू जिस का नाम उम्मे जमील था, उस को भी आप से बड़ा बैर था। उस ने यह तरीक़ा अख़्तियार कर रखा था कि रात को आप के रास्ते में कांटेदार लकड़ियां डाल जाती थी, इसी लिए उस को 'हम्मालतल हतब' फ़रमाया।

१. उस वक़्त उस की टोक लग जाती है।

२. शैतान गुनाह की दावत दे और आप नज़र न आए।

★रु. १/३७ आ ४ ★रु. १/३८ आ ५ ★रु. १/३६ आ ६

دعائے ماثورہ

اَللّٰهُمَّ اٰنِسْ وَحْشَتِيْ فِيْ قَبْرِيْ اَللّٰهُمَّ ارْحَمْنِيْ بِالْقُرْاٰنِ الْعَظِيْمِ وَاجْعَلْهُ لِيْ اِمَامًا وَّنُوْرًا وَّهُدًى وَّرَحْمَةً اَللّٰهُمَّ ذَكِّرْنِيْ مِنْهُ مَا نَسِيْتُ وَعَلِّمْنِيْ مِنْهُ مَا جَهِلْتُ وَارْزُقْنِيْ تِلَاوَتَهٗ اٰنَاۤءَ الَّيْلِ وَاٰنَاۤءَ النَّهَارِ وَاجْعَلْهُ لِيْ حُجَّةً يَّا رَبَّ الْعٰلَمِيْنَ

दुआए मासूर:

अल्लाहुम्-म आनिस् वह्-शती फ़ी क़ब्री अल्लाहुम्मर्-हम्नी बिक़ुर्आनिल्-अज़ीमि वजअ़ल्हु ली इमामंव्-व नूरंव्-व हुदंव्-व रह्म-तन् अल्लाहुम्-म ज़क्किर्नी मिन्हु मा नसीतु व अ़ल्लिम्नी मिन्हु मा जहिल्तु वर्ज़ुक़्नी तिलाव-तहू आनाअल्लैलि व आनाअन्नहारि वजअ़ल्हु ली हुज्जतंय्या रब्बल्-आ़लमीन (आमीन)

दुआए मासूर:

ऐ अल्लाह ! मेरे मरने के बाद मेरी क़ब्र की परेशानी से मुझ को मानूस (अभ्यस्त) करना। इस महान क़ुरआन मजीद (की बरकत) के वसीले से मुझ पर रहम कर और क़ुरआन मजीद को मेरे लिए इमाम (अधिनायक), नूर (प्रकाश), हिदायत (पथ-प्रदर्शक), और रहमत (का साधन) बना। ऐ अल्लाह ! (क़ुरआन मजीद में) जो मैं भूल गया हूं मुझे याद दिला (और) जो मैं नहीं जान पाया वह मुझे सिखला। अमन से रात दिन (क़ुरआन मजीद की) तिलावत करने का नसीब दे और उसको मेरे लिए दलील बना, ऐ दुनिया के पालनहार ! (यह मेरी दुआ क़ुबूल कर।)

(पृष्ठ ५ का शेष)

यह मुराद है कि जिन रास्तों से इन्सान हिदायत की बातों को सुन सकता और समझ सकता है, वे बन्द हैं।

३. इस आयत से मुनाफ़िक़ों का हाल शुरू होता है। मुनाफ़िक़ उस को कहते हैं जो दिल से तो काफ़िर हो और ज़ाहिर में अपने को मोमिन बयान करे। इस तरह के लोग मदीने में थे और काफ़िरों के मुक़ाबले में उन से नुक़्सान पहुंचने का ज़्यादा ख़तरा रहता था, इस लिए अल्लाह तआला ने उन के हाल और उन की चाल से मुसलमानों को आगाह फ़रमा दिया, ताकि उन से बचते रहें और उन के धोखे में न आएं।

४. ये लोग मुसलमानों के पास भी आते थे और काफ़िरों के यहां भी जाते थे, तो ऐसी बात करते जिन से फ़साद पैदा हो, सो जब उन से कहा जाता कि फ़साद की बातें न करो, तो जवाब देते कि हमारी ग़रज़ तो दोनों फ़रीक़ों में सुलह व साज़गारी पैदा करना है। ख़ुदा ने फ़रमाया कि उन के काम फ़साद की वजह हैं और ये यक़ीनी तौर पर फ़साद पैदा करने वाले हैं, लेकिन इन को मालूम नहीं।

५. शैतानों से मुराद उन के सरदार हैं। मुनाफ़िक़ लोग जब मुसलमानों से मिलते तो कहते कि हम तो तुम्हारी तरह मोमिन हैं और जब अपने सरदारों के पास जाते तो कहते, कहां का ईमान, कैसी मुसलमानी! हम तो मुसलमानों से दिल-लगी करते हैं और अपना ईमान ज़ाहिर कर के उन को मूर्ख बनाते हैं।

६. इस आयत में ख़ुदा मुनाफ़िक़ों की इन बातों के जवाब में फ़रमाता है कि उनसे ख़ुदा हंसी करता है। हंसी से मुराद यहां यह है कि जिस तरह वे देखने में ईमान ज़ाहिर करते हैं और अपने सरदारों से मिल कर यह कहते हैं कि हम तुम्हारे साथ हैं, इसी तरह ख़ुदा दुनिया में उन को पनाह देता और उन के माल व जान को महफ़ूज़ रखता है और वे समझे हुए हैं कि उन के काम उन को नुक़्सान नहीं पहुंचाते, लेकिन क़ियामत के दिन उन को अज़ाब में मुब्तला किया जाएगा।

७. मुनाफ़िक़ कई क़िस्म के थे। कुछ ऐसे थे कि पहले मुसलमान हो गये थे, फिर मुनाफ़िक़ हो गये। इस आयत की मिसाल उन्हीं का नक़्शा खींचती है कि उन्होंने पहले ईमान लाकर रोशनी हासिल की, फिर मुनाफ़िक़ बनकर इस रोशनी को खो दिया और निफ़ाक़ के अंधेरे में पड़ गये यानी उन के दिल अंधे हो गये।

(पृष्ठ ७ का शेष)

२. इस आयत में यह बयान है कि हज़रत मुहम्मद मुस्तफ़ा सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम ख़ुदा के पैग़म्बर और क़ुरआन मजीद ख़ुदा का कलाम है और कुफ़्फ़ार को चैलेंज किया गया है कि अगर तुम इन बातों को नहीं मानते और समझते हो कि यह किताब ख़ुदा की तरफ़ से नाज़िल नहीं हुई, बल्कि मुहम्मद (सल्लम) ने अपनी तरफ़ से बना ली है, तो इस जैसी एक सूरः तुम भी बना लाओ। इस बारे में इख़्तिलाफ़ है कि क़ुरआन किस लिहाज़ से बे-मिस्ल और चुप कर देने वाला है यानी जैसी उम्दा, साफ़-सुथरी और जानदार इबारत क़ुरआन मजीद की है, ऐसी इबारत किसी से नहीं बन सकती। वे यह भी कहते हैं और इसे उन के दावे की दलील समझना चाहिए कि जिस ज़माने में, जिस का ज़्यादा प्रचार होता था, उस वक़्त के पैग़म्बर को उसी क़िस्म का मोजज़ा दिया जाता था। चूंकि क़ुरआन मजीद के उतरने के ज़माने में अरब में जानदार और साफ़-सुथरी ज़ुबान का बहुत चर्चा था, इस लिए ख़ुदा ने ख़ातमुन्नबीयीन (नबियों में आख़िरी नबी) को क़ुरआन की ज़ोरदार और साफ़-सुथरी ज़ुबान का ऐसा मोजज़ा बख़्शा कि बड़े-बड़े नामी और माहिर शायर और ख़तीब उस के मुक़ाबले में आजिज़ हो गये। कुछ ने कहा कि क़ुरआन अपनी हकीमाना हिदायतों के लिहाज़ से मोजिज़ (चुप कर देने वाली) है। कुछ इस को रूहानियत के एतबार से मोजिज़ मानते हैं, बहरहाल इस में आदाब हैं, अख़्लाक़ हैं, समाजी ज़िंदगी गुज़ारने का बेहतरीन तरीक़ा है, नफ़्स को संवारने की बात है, सियासत के क़ानून हैं, मुल्क का इंतिज़ाम चलाने के क़ायदे हैं, अदब व इंसाफ़ है, कमाई व व्यापार है, हुक़ूक़ हैं, इबादतें हैं, बराबरी है, भाईचारा है, नर्मी है, रियायत है, ख़ैरख़्वाही है, नसीहत है, ख़ुदा की हस्ती

और रूहानियत है, बरख इसमें कमाल दर्जे की इंसान की हालत की इस्लाह है और कुछ शक नहीं कि वह क्या साफ़-सुथरी ज़ोरदार ज़ुबान के लिहाज़ से और क्या हकीमाना हिदायतों और रूहानियत के, बे-मिसाल व बेनज़ीर है ? और कोई आदमी इस क़िस्म की किताब बनाने की क़ुदरत नहीं रखता। इसी वजह से दूसरी जगह इर्शाद हुआ है, 'क़ुल ल-इनिज-त-अ-अतिल इन्सु वल जिन्नु अला अय्यअ्तू बिमिस्लि हाज़ल क़ुरआनि ला यातू-न बिमिस्लिही व लौ का-न बअ्ज़ुहुम लि बअ्ज़िन ज़हीर०' (कह दीजिए, अगर तमाम जिन्न व इंसान इस क़ुरआन जैसा बना लाने पर जमा हो जाएं, तो वे इस जैसा नहीं ला सकते, चाहे वे एक दूसरे के पुश्त-पनाह ही क्यों न हों।)

३. क़ुरआन में मुश्रिकों और उनके झूठे माबूदों की मिसालें कुछ आयतों में इस तरह बयान हुई हैं कि 'जो लोग ख़ुदा को छोड़ कर औरों को कर्ता-धर्ता बनाते हैं, उनकी मिसाल मकड़ी की-सी है कि वह भी एक (तरह का) घर बनाती है और कुछ शक नहीं कि तमाम घरों से कमज़ोर मकड़ी का घर होता है, काश ये इस बात को जानते।' दूसरी आयत में है, 'लोगो ! एक मिसाल बयान की जाती है, उसे ग़ौर से सुनो कि जिन लोगों को तुम ख़ुदा के सिवा पुकारते हो, वे एक मक्खी भी नहीं बना सकते, अगरचे इस (काम) के लिए सब जमा हो जाएं और अगर उनसे मक्खी कोई चीज़ छीन ले जाए तो उसे उससे छुड़ा नहीं सकते। तालिब और मतलूब (यानी आबिद और माबूद) दोनों गये गुज़रे हैं।' काफ़िर लोग ये मिसालें सुनते तो कहते कि ऐसी छोटी और मामूली चीज़ों की मिसालें बयान करना ख़ुदा की शान के ख़िलाफ़ है। ख़ुदा ने फ़रमाया कि ख़ुदा मच्छर या जो चीज़ें इससे बड़ी हैं, उनकी मिसालें बयान करने से शर्माता नहीं। इन चीज़ों को पैदा भी तो उसी ने किया है और जब पैदा करने में उसे शर्म नहीं तो उनकी मिसाल में क्यों शर्म हो ?

(पृष्ठ ९ का शेष)

२. शैतान जिन्न की क़िस्म से था, बड़ी इबादत किया करता था और बड़ा इल्म रखता था। इबादत की ज़्यादती की वजह से फ़रिश्तों का दर्जा मिल गया था। यही वजह है कि जब अल्लाह तआला ने फ़रिश्तों को हुक्म दिया कि आदम को सज्दा करें तो इस ख़िताब में वह भी दाख़िल था। चूंकि उस की पैदाइश आग से हुई थी और आदम की मिट्टी से, और आग को मिट्टी पर बरतरी है, इस के अलावा वह इबादत करने वाला और इल्म रखने वाला भी बड़ा था, इस लिए शेख़ी में आ गया और आदम अलैहिस्सलाम को सज्दा न किया। ख़ुदा ने इस घमंड-ग़ुरूर की वजह से उसे मर्दूद (धुत्कारा हुआ) कर दिया।

(पृष्ठ १५ का शेष)

उस हुक्म के ख़िलाफ़ करते और एक दिन पहले दरिया के किनारे गढ़े खोद कर उस में पानी भर देते थे और जब मछलियां उनमें जमा हो जातीं, तो निकालते और कहते कि यह शिकार जुमा का है। इस हीले की वजह से बन्दर बना दिये गये।

२. तफ़्सीर लिखने वाले लिखते हैं कि बनी इस्राईल में एक बड़ा मालदार शख़्स था, मगर बे-औलाद। उस का वारिस उस का एक भतीजा था। उस ने माल के लोभ की वजह से उस को क़त्ल कर डाला। जो लोग इस तरह क़त्ल किया करते थे, बड़ी एहतियात से काम लिया करते थे। उस ने भी ऐसे तरीक़े से उसे क़त्ल किया कि क़ातिल का कुछ पता नहीं मिलता था। लोग इस बारे में लड़ने-झगड़ने लगे, तो किसी ने कहा कि तुम में ख़ुदा के पैग़म्बर मौजूद हैं, उन से रुजूअ करो। उन्होंने मूसा अलै० से यह कैफ़ियत बयान की। आप ने बैल ज़िब्ह करने का हुक्म दिया। अजब नहीं कि क़ातिल को इस बात का ख़ौफ़ हो गया हो कि कहीं राज़ न खुल जाए, इस लिए इस से पहले कि बैल के बारे में हुज्जतें करें, यह बात कही कि क्या आप इस से हंसी करते हैं, क्योंकि हम पूछते हैं कि क़ातिल कौन है ? आप कहते हैं कि बैल ज़िब्ह करो और यह एक बिल्कुल बे-मुनासिब बात है। मूसा अलै० ने फ़रमाया

कि मैं हंसी नहीं करता, बल्कि हक़ीक़त तो यह है कि वह बात कहता हूं, जिस को ख़ुदा ने इर्शाद फ़रमाया है, तो उन्होंने बैल की ख़ूबियां मालूम करने में कई तरह की बातें कीं। आख़िरकार उन्होंने उस को ज़िब्ह किया, तो हुक्म हुआ, उस का कोई-सा टुकड़ा मक़्तूल को मारो। उस के मारने से मक़्तूल ज़िंदा हो गया और उस से पूछा गया कि तुझ को किस ने मारा था ? तो उस ने क़ातिल का नाम ले दिया। इस क़िस्से से यह ज़ाहिर करना मक़्सूद है कि जिस तरह ख़ुदा ने उस मक़्तूल को तुम्हारी आंखों के सामने ज़िंदा कर दिया, उसी तरह वह क़ियामत के दिन तमाम मुर्दों को उठा खड़ा करेगा और यह उस को कुछ मुश्किल नहीं।

(पृष्ठ १७ का शेष)

ऐसी बातें मुसलमानों को क्यों बताया करते हो ? वे उन की सनद से तुम को क़ियामत के दिन ख़ुदा के सामने इल्ज़ाम देंगे। ख़ुदा ने फ़रमाया कि मुनाफ़िक़ों का यह ख़्याल ग़लत है कि उन के अपने बताने से हमारे यहां उन पर इल्ज़ाम लगेगा, बल्कि हम तमाम बातों को, जो ये छिपे या खुले तौर पर करते हैं, जानते हैं और ख़ुदा ही उन से पूछ लेंगे कि हमारी नाफ़रमानी क्यों करते रहे ?

३. यहूदी कहते थे कि हम ने चालीस दिन बछड़े की पूजा की थी, सो उतने ही दिन हम को दोज़ख़ का अज़ाब होगा और किसी और अमल की वजह से हम ज़्यादा अज़ाब नहीं पाएंगे। ख़ुदा ने इस क़ौल की तर्दीद (खंडन) की और फ़रमाया कि क्या ख़ुदा ने तुम से वायदा किया है कि तुम कुछ दिन से ज़्यादा दोज़ख़ में न रहोगे, हालांकि तुम्हारे अमल ऐसे हैं कि हमेशा जहन्नम की आग में जलते रहो।

(पृष्ठ ५६१ का शेष)

कहा था, फिर उस ने सवारी का अगला पांव दबाया, तो मैं उस पर सवार हो गयी और वह मेरी सवारी की बाग हाथ में ले कर चला, यहां तक कि हम लश्कर में जा पहुंचे और उस वक़्त ठीक दोपहर थी। फिर मेरे बारे में जो कुछ अफ़वाहें फैलायी गयीं, फैलायी गयीं और जो हलाक हुआ, सो हुआ।

इस तूफ़ान उठाने में जिस ने सब से बड़ा हिस्सा लिया, यह अब्दुल्लाह बिन उबई बिन सलूल था, इस के बाद हम मदीना आए और वहां आ कर मैं महीने भर बीमार रही। लोग मेरे बारे में तज़्किरे करते थे, लेकिन मुझ को कुछ ख़बर न थी। अलबत्ता मुझे एक बात से शक होता था कि जनाब रसूले ख़ुदा सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम मुझ पर वह लुत्फ़ व तवज्जोह नहीं फ़रमाते थे, जो पहले मेरी बीमारी के ज़माने में फ़रमाया करते थे। अब जो तश्रीफ़ लाते तो सलाम करने के बाद सिर्फ़ इतना पूछते कि तुम्हारा हाल कैसा है। इस से मुझे एक तरह का शुब्हा तो होता, लेकिन बोहतान लगाने वालों के बोहतान व शरारत की बिल्कुल ख़बर न थी। इस हालत में मैं बहुत कमज़ोर हो गयी। एक रात जो ज़रूरत पूरी करने बाहर निकली, तो मिस्तह की मां मेरे साथ थी। इत्तिफ़ाक़ से उस का पांव लड़खड़ाया तो उस ने कहा, 'मिस्तह हलाक हो। मैं ने कहा तुम ऐसे शख़्स को बद-दुआ देती हो, जो बद्र में शरीक हुआ। उस ने कहा, क्या तुम ने नहीं सुना कि क्या बोहतान लगाया है ? मैं ने कहा, नहीं, तुम बताओ कि उस ने क्या कहा है ? तो उस ने पूरा माजरा बयान किया। उस को सुन कर मुझे बहुत रंज हुआ। एक तो मैं पहले ही बीमार थी। यह हालत सुन कर रंज पर रंज हुआ। जब मैं लौट कर अपने घर आयी, तो जनाबे रसूले ख़ुदा सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम तश्रीफ़ लाए और मेरा हाल पूछा। मैं ने कहा, अगर आप इजाज़त बख़्शें तो मैं अपने मायके चली जाऊं। मेरा मतलब यह था कि वहां जा कर इस ख़बर की यक़ीनी मालूमात करूं। आप ने इजाज़त दे दी और मैं अपने मां-बाप के पास चली गयी। वहां मैं ने अपनी मां से पूछा कि लोग क्या तज़्किरा करते हैं ? उन्हों ने कहा कि बेटा ! कोई ऐसी बड़ी बात नहीं है, तुम कुछ ख़्याल न करो। इस जवाब से मेरा दिल मुत्मइन न हुआ और मैं रात भर रोती रही। उधर जनाब रसूले ख़ुदा सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम पर वह्य आने में बहुत देर हो गयी तो आप ने मश्विरा लेने के लिए हज़रत अली बिन अबी तालिब और उसामा बिन ज़ैद रज़ियल्लाहु अन्हुमा को बुलाया। उसामा ने तो यह कहा कि ऐ अल्लाह के रसूल ! वह आप की

बीवी हैं और हम को उन के बारे में भलाई के सिवा कुछ नहीं मालूम। रहे अली बिन अबी तालिब, उन्हों ने कहा, ऐ अल्लाह के रसूल ! ख़ुदा ने आप पर तंगी नहीं की, औरतें और बहुत हैं। अगर आप लौंडी यानी बरीरा रज़ि० से मालूम फ़रमाएंगे, तो वह सच-सच बयान कर देंगी। आप ने बरीरा रज़ि० को बुला कर मालूम किया, तो उस ने कहा कि क़सम है उस ज़ात की ! जिस ने आप को हक़ दे कर भेजा है, मैं ने कोई ऐसी बात नहीं देखी कि इस का उन पर ऐब लगाऊं। वह तो एक सीधी-सादी और भोली-भाली नव-उम्र लड़की है। यह सुन कर आप उसी दिन ख़ुत्बा पढ़ने को खड़े हुए और फ़रमाया कि उस शख़्स के मुक़ाबले में, जिस की वजह से मुझे मेरे अह्ल के मामले में इतनी तक्लीफ़ पहुंची है, कौन मेरी मदद करता है, तो साद बिन मुआज़ अंसारी खड़े हुए और अर्ज़ किया, ऐ अल्लाह के रसूल ! मैं आप की मदद करता हूं और वह शख़्स औस क़बीले से है, तो हम उस की गरदन मारेंगे और अगर भाइयों या ख़ज़रज क़बीले से है तो आप जो इर्शाद फ़रमाएंगे, हम उसे पूरा करेंगे। फिर साद बिन उबादा खड़े हुए। यह ख़ज़रज क़बीले के सरदार थे, थे तो नेक आदमी, लेकिन हमीयत ने जोश मारा तो साद बिन मुआज़ से कहने लगे कि तुम ने गलत कहा। अगर वह शख़्स तुम्हारी जमाअत से है, तो मैं भी पसन्द नहीं करता कि क़त्ल किया जाए, तो उसैद बिन हुज़ैर रज़ि० जो साद बिन मुआज़ रज़ि० के चचेरे भाई हैं, खड़े हुए और साद बिन उबादा रज़ि० से कहने लगे कि तुम ने झूठ कहा। ख़ुदा की क़सम ! हम उस को ज़रूर क़त्ल कर डालेंगे। तुम मुनाफ़िक़ हो कि मुनाफ़िक़ों की तरफ़ से झगड़ते हो। फिर दोनों क़बीले औस और ख़ज़रज मारे गुस्से के खड़े हो गये और क़रीब था कि उन में लड़ाई और हाथापाई हो जाए, मगर प्यारे नबी सल्ल० ने उन के जोश को ठंडा किया और लड़ाई होने से रुक गयी। हां, तो मेरे रोने का यह हाल था कि मेरे मां-बाप सोचते थे कि रोना मेरे कलेजे को फाड़ कर रहेगा। इसी बीच एक दिन दोनों मेरे पास बैठे थे, और मैं रो रही थी कि अंसार की एक औरत मेरे पास आयी और वह भी बैठ कर मेरे साथ रोने लगी। अभी हम रो ही रहे थे कि रसूले ख़ुदा सल्ल० तश्रीफ़ लाए और सलाम कर के बैठ गये। जब से लोगों ने मेरे बारे में वह कहा जो कहा, आप मेरे पास नहीं बैठते थे और आप पर मेरी शान में कुछ वह्य नहीं हुई थी। जब आप बैठ गये तो ख़ुत्बा पढ़ा और फ़रमाया, ऐ आइशा ! तुम्हारे बारे में ऐसी बात मुझ तक पहुंची है, अगर तुम बरी हो, तो बहुत जल्द ख़ुदा तुम्हारा बरी होना ज़ाहिर कर देगा और अगर तुम से गुनाह हुआ है, तो ख़ुदा से बख़्शिश मांगो और उस की तरफ़ रुजूअ हो, क्योंकि बन्दा जिस वक़्त अपने गुनाह का इक़रार करता और तौबा कर लेता है, तो ख़ुदा भी उस पर रुजूअ फ़रमाता और उस की तौबा क़ुबूल कर लेता है। जब आप बात ख़त्म कर चुके, तो मेरे आंसू थम गये, यहां तक कि एक क़तरा भी आंख से नहीं निकलता था। फिर मैं ने अपने बाप से कहा कि आप मेरी तरफ़ से रसूलुल्लाह सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम को जवाब दे दीजिए। उन्हों ने कहा, मैं नहीं जानता कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम से क्या कहूं। फिर मैं ने अपनी मां से कहा कि आप जवाब दे दीजिए। उन्हों ने भी यही कहा कि ख़ुदा की क़सम ! मैं नहीं जानती कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम से क्या कहूं। फिर मैं ने ख़ुद ही कहा, हालांकि मैं एक नव-उम्र लड़की थी और क़ुरआन भी बहुत-सा नहीं पढ़ा था कि जो क़िस्सा आप ने सुना है, वह मुझे मालूम हो गया है और यह भी कि आप उसे बावर कर चुके हैं, लेकिन अगर मैं कहूं कि मैं बरी हूं और ख़ुदा ख़ूब जानता है कि मैं बरी हूं तो आप उस को सच नहीं समझेंगे और अगर इस का इक़रार कर लूं हालांकि ख़ुदा जानता है कि मैं उस से बरी हूं, तो आप इस को मना लेंगे, सो ख़ुदा की क़सम ! मैं वही बात कहती हूं, जो यूसुफ़ के बाप ने कही थी कि 'फ़सब्रुन जमील वल्लाहुल मुस्तआनु अला मा तसिफ़ून०' फिर मैं वहां से उठ कर अपने बिस्तर पर आ लेटी और मैं यक़ीन करती थी कि चूंकि मैं बरी हूं, इस लिए ख़ुदा ज़रूर मेरे बरी होने का एलान फ़रमायेगा, लेकिन मैं यह ख़्याल नहीं करती थी कि मेरी शान में क़ुरआन की आयतें नाज़िल होंगी, क्योंकि मैं अपनी शान को इस से कमतर समझती थी कि ख़ुदा मेरे बारे में अपना कलाम नाज़िल फ़रमाएगा, जो हमेशा पढ़ा जाएगा, अल-बत्ता उम्मीद ज़ाहिर करती थी कि अल्लाह के रसूल सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम

कोई ख़्वाब देख लेंगे, जिस में ख़ुदा मेरा बरी होना ज़ाहिर फ़रमाएगा। सो ख़ुदा की क़सम! अभी रसूलुल्लाह सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम मज्लिस से तश्रीफ़ भी नहीं ले जाने पाए थे कि ख़ुदा ने आप पर क़ुरआन नाज़िल फ़रमाया और वह्य नाज़िल होते वक़्त जिस तरह आप पसीना-पसीना हो जाते थे, उसी तरह उस वक़्त आप के मुबारक जिस्म से मोतियों की तरह पसीने के क़तरे टपकने लगे। जब वह हालत दूर हो गयी तो आप का चेहरा खिल उठा और पहला जुम्ला जो आप की मुबारक ज़ुबान से निकला, वह यह था कि ऐ आइशा रज़ि०! ख़ुश हो जाओ, ख़ुदा ने तुम्हें बरी क़रार दे दिया है। जब ख़ुदा ने हज़रत आइशा के बरी किए जाने में 'इन्नल्लज़ी-न जाऊ बिल इफ़्कि उस्बतुम मिन्कुम' से दस आयतें नाज़िल कीं, तो हज़रत अबूबक्र रज़ि० ने कहा कि अल्लाह की क़सम! मैं आगे मिस्तह को कुछ ख़र्च नहीं दूंगा। मिस्तह हज़रत अबूबक्र रज़ि० के अज़ीज़ों में थे और ग़रीब थे। हज़रत अबूबक्र रज़ि० ख़र्च से उन की मदद किया करते थे, लेकिन इत्तिफ़ाक़ से इस बोहतान के तज़्किरे में वह भी शरीक हो गये थे। जब हज़रत अबूबक्र रज़ि० ने क़सम खायी कि वह मिस्तह को ख़र्च नहीं देंगे, तो ख़ुदा ने आयत 'व ला यअ्तलि उलुल फ़ज़्लि मिन्कुम' नाज़िल फ़रमायी। इस पर हज़रत अबूबक्र रज़ि० ने पहले ही की तरह ख़र्च देना जारी कर दिया और कहने लगे कि अल्लाह की क़सम! मैं इस को ख़र्च देने से कभी हाथ न रोकूंगा।

(पृष्ठ ८१३ का शेष)

ग़लबा हासिल करें या जान ही दे दें।

चुनांचे साथियों को हुक्म दिया कि ख़ुदा का नाम ले कर चल दो। फिर वहां से रवाना हुए और मुरार की घाटी में से हो कर हुदैबिया के परले सिरे जा उतरे। वहां आप के पास क़ुरैश के कई आदमी एक-एक कर के आते रहे। आप उन से यही फ़रमाते रहे कि हम तो सिर्फ़ काबा की ज़ियारत के लिए आए हैं, लड़ाई लड़ने नहीं आए। वे लोग जो बातें यहां सुनते थे वहां जा कर कह देते थे। आख़िर में आप ने अपनी तरफ़ से हज़रत उस्मान रज़ि० को क़ुरैश के पास यह पैग़ाम दे कर भेजा कि हम लड़ने नहीं आए, ख़ाना-ए-ख़ुदा की ज़ियारत करने को आए हैं, अभी आप वापस नहीं आए थे कि यहां यह अफ़वाह उड़ गयी कि आप क़त्ल कर दिए गए हैं। यह ख़बर सुन कर जनाब रसूले ख़ुदा सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम को लड़ाई का इरादा करना पड़ा और इसी इरादे से आप ने मुसलमानों से बैअत ली, जिस को 'बैअतुरिज़्वान' कहते हैं। उधर कुफ़्फ़ार को जो यहां के हालात मालूम हुए, तो वह जोश व ख़रोश हल्का पड़ गया और उन्हों ने सुहैल बिन अम्र को हज़रत सल्ल० के पास समझौते के लिए रवाना किया और समझौते की शर्तें यह क़रार दीं कि आप अब के बे उमरा किए वापस चले जाएं, अगले साल उमरे को आएं और सिर्फ़ तीन दिन ठहरें और तलवारों के सिवा कोई हथियार साथ न लाएं और उन को भी म्यान से न निकालें।

शर्तें हज़रत सल्ल० ने मंज़ूर फ़रमा लीं और सुलहनामा तैयार होने लगा, तो आप ने हज़रत अली रज़ि० से फ़रमाया कि लिखो, 'बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीम' तो सुहैल बोला, हम नहीं जानते 'बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीम' क्या है, 'बिस्मिकल्लाहुम-म' लिखो। फिर आप ने फ़रमाया लिखो 'मिम मुहम्मदिर्रसूलुल्लाह' तो कहा कि हम अगर इस बात को मान लेते कि आप ख़ुदा के रसूल हैं, तो आप की पैरवी ही न अपना लेते? अपने वालिद का नाम लिखवाइए, तो आप ने फ़रमाया, लिखो, 'मिम मुहम्मदिबिन अब्दुल्लाह' और एक शर्त कुफ़्फ़ार ने यह की कि जो शख़्स आप की तरफ़ से हमारे पास जाए, हम उसको वापस न करेंगे और जो हमारी तरफ़ से आपके पास जाए, आप उस को वापस कर दें। इस समझौते की जो मसलहत थी, उस को तो जनाब रसूले ख़ुदा ही ख़ूब समझते थे, लेकिन जोशीले साथियों को सुलह की बातें बहुत बोझ मालूम हुयीं और सख़्त रंजीदा हुए और इस पर ख़्वाब का मामला उन को बे-दिल किए देता था। वे यह समझते थे कि इसी साल उमरा करेंगे, मगर जाते हैं नाकाम व ना-मुराद। इसी बीच एक ना-ख़ुशगवार वाक़िआ पेश आया कि अभी सुलहनामा लिखा ही जा रहा था कि अचानक

अबू जुन्दल बिन सुहैल बिन अम्र, पैरों में ज़ंजीर पड़ी हुई, कुफ़्फ़ार में से भाग कर पास आ मौजूद हुए, तो सुहैल ने कहा कि जिन लोगों के बारे में मैं आप से समझौता करता हूं, उन में यह पहला शख़्स है, इस को आप मेरे हवाले कर दीजिए। आप ने फ़रमाया कि अभी तक सुलहनामा मुकम्मल नहीं हुआ। उस ने कहा कि मामला उस के आने से पहले तै हो चुका है। आप ने फ़रमाया, हां, यह सच है। फिर सुहैल ने उठ कर अबू जुन्दल का गरेबान पकड़ लिया और अबू जुन्दल धाड़ें मार-मार कर रोने और कहने लगे कि मुसलमानो! तुम मुझे मुश्रिकों के हवाले क्यों करते हो? ये तो मुझे मेरे दीन से हटा देंगे। हज़रत सल्ल० ने फ़रमाया, अबू जुन्दल! सब्र कर और ख़ुदा से अपने बदले की उम्मीद रख, ख़ुदा तेरी मुश्किलों का हल करने वाला है। हम तुझ को हरगिज़ वापस न देते, लेकिन हम इन लोगों से इस बात का अह्द कर चुके हैं और हम अह्द तोड़ना नहीं चाहते। बहरहाल ये बातें मुसलमानों पर बहुत बोझ रहीं और इन्हों ने उन को बड़ा दुखी किया, लेकिन यह समझौता ही था, जो तमाम कामियाबियों की तम्हीद साबित हुआ। इस के बाद वही बात हो गयी—

जिधर रुख़ किया, सल्तनत ज़ेरे फ़रमां,
जिधर आंख उठायी ममालिक मुसख़्ख़र॥

(पृष्ठ ९६१ का शेष)

फ़रमाया। ख़दीजा ने आप को तसल्ली दी और वरक़ा बिन नौफ़ुल (अपने चचेरे भाई) के पास ले गयीं। ये बूढ़े शख़्स जाहिलियत के ज़माने में ईसाई हो गये थे। उन्हों ने आप से यह माजरा सुना तो कहा कि यह वही नामूस है, जो ईसा पर उतरा था और ख़ुदा ने आप को पैग़म्बर किया है और यह भी कहा, काश मैं जवान होता और जिस वक़्त आप की क़ौम आप को वतन से निकालती, उस वक़्त तक ज़िंदा रहता। आप ने पूछा, क्या वे मुझ को निकाल देंगे? उस ने कहा, हां, जो शख़्स ऐसी चीज़ लाया करता है जो आप लाए हैं, लोग उस के दुश्मन हो जाया करते हैं। अगर मैं उस वक़्त तक जीता रहूंगा तो तुम्हारी बहुत मदद व हिमायत करूंगा। मगर उस के थोड़े ही अर्से के बाद वह इन्तिक़ाल फ़रमा गये और जी की आरज़ू जी ही में ले गये।

२. यह मतलब भी हो सकता है कि अगर यह मना करने वाला शख़्स सीधे रास्ते पर होता और परहेज़गारी की बातें सिखाता तो क्या अच्छा होता। तफ़्सीर लिखने वालों ने लिखा है कि मना करने वाले शख़्स से मुराद अबू जह्ल है, जो नमाज़ पढ़ते वक़्त आप को देखता, तो चिढ़ाता। ख़ुदा ने फ़रमाया कि क्या यह नहीं जानता कि ख़ुदा उस के कामों को देख रहा है और अगर यह ऐसी गुस्ताख़ियों से बाज़ न आएगा, तो हम उस को घसीट कर जहन्नम में दाख़िल कर देंगे। कहते हैं कि दुनिया में भी उस को यह सज़ा मिली कि बद्र की लड़ाई में मारा गया और घसीट कर गढ़े में डाल दिया गया।

(पृष्ठ ९६६ का शेष)

कर हलाक किया, तो इस लिए कि क़ुरैश जाड़े और गर्मी के सफ़र से मानूस हो कर अपने शहर में अम्न व अमान से रहें।

२. बहुत-सी हदीसें हैं, जिनसे साबित होता है कि कौसर बहिश्त की एक नहर का नाम है जो हज़रत सल्ल० को अता हुई है। हज़रत अनस रज़ि० से रिवायत है कि आंहज़रत सल्ल० को ऊंघ आ गयी, फिर सर उठा कर मुस्कराए और मुस्कराने की यह वजह बयान फ़रमायी कि अभी मुझ पर एक सूरः नाज़िल हुई है और फिर यह सूरः पढ़ी और फ़रमाया कि तुम जानते हो कि कौसर क्या चीज़ है। सहाबा रज़ि० ने अर्ज़ किया कि ख़ुदा और रसूल ही जानें। फ़रमाया, वह एक नहर है जो ख़ुदा ने मुझ को बहिश्त में दी है, इस में ख़ैरे कसीर (बड़ी भलाई) है।

क़ुरआन ख़त्म करने के बाद की दुआ

अल्लाह बुलन्द और अज़मत (बड़ा दर्जे) वाले ने सच्चा कलाम नाज़िल (उतारा) किया और उसके रसूल (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) जो बहुत ही इज्ज़त और इकराम वाले नबी हैं, उन्होंने सच सच हम तक पहुंचा दिया। हम सब उसके सच्चा होने की गवाही देते हैं। ऐ हमारे रब ! तू इस क़ुरआन की तिलावत (पाठ) हम से क़ुबूल फ़रमा, बेशक तू बड़ा सुनने वाला, जानने वाला है।

ऐ अल्लाह ! तू हमें क़ुरआन मजीद के हर एक हुरूफ़ के बदले में ईमान की लज़्ज़त (मज़ा) और मिठास अता फ़रमा (दे) और क़ुरआन मजीद के हर मक़ाम (जगह) के हर हिस्सा में से तिलावत करने की हम को जज़ाएं ख़ैर (अच्छा बदला) अता फ़रमा। ऐ अल्लाह हर (अलिफ़) के पढ़ने पर हमें उलफ़त (मुहब्बत) अता फ़रमा और (बा) के सबब बरकत अता फ़रमा और (ता) के पढ़ने पर हमारी तौबा क़ुबूल फ़रमा और (सा) के हर्फ़ पर हमें सवाब अता फ़रमा और (जीम) के पढ़ने पर हमें जमाल (ख़ूबसूरती) अता फ़रमा और (हा) के अदा करने पर हिकमत अता फ़रमा और हर्फ़ (ख़ा) के पढ़ने पर हमें ख़ैर (भलाई) से नवाज़ दे और (दाल) के अदा करने (पढ़ने) पर हमें दलील अता कर और हर्फ़ (ज़ाल) के पढ़ने पर हमें ज़िक्र (याद) की तौफ़ीक़ अता फ़रमा और हर्फ़ (रा) पर हमें अपनी रहमत से नवाज़ दे और (ज़ा) पर हमें साफ़ सुथरापन अता कर और (सीन) से हम में सआदत मन्दी (नेक बख़्ती) पैदा फ़रमा और (शीन) के पढ़ने पर शिफ़ा (तन्दुरुस्ती) अता फ़रमा और (साद) पर हमें सच्चा सादिक़ (सच बोलने वाला) बना दे और (ज़ाद) से हमें रोशनी में चला दे और (तो) से हमें ताज़गी अता फ़रमा और (ज़ो) से हमें कामयाब कर और (अैन) से हमें इल्म (ज्ञान) अता फ़रमा और (ग़ैन) से माल की कुशादगी अता फ़रमा और (फ़ा) से फ़लाह (निजात) और फ़तह (कामयाबी) अता फ़रमा और (क़ाफ़) से हमें अपनी क़ुर्बत (नज़दीकी) अता फ़रमा और (क़ाफ़) हमें इकराम (अच्छाई) की ज़िन्दगी अता फ़रमा और (लाम) से हम पर लुत्फ़ व इनायत (मेहरबानी) की बारिश कर दे और (मीम) के बदले में हमें अच्छी नसीहत पर चला दे और (नून) से हम पर अपने नूर की किरनों को नुज़ूल फ़रमा और हर्फ़ (वाव) से हमें इत्तफ़ाक व इत्तहाद की बरकत से नवाज़ दे और (हा) के बदले हमें हिदायत (सीधी राह) पर चला दे और क़ुरआन मजीद में हर जगह तिलावत में आये हुये (या) की बरकत से हम को यक़ीने मुहकम (पक्का यक़ीन) अता फ़रमा।

ऐ अल्लाह ! हमें तू अज़मत (बुज़ुर्गी) वाले क़ुरआन मजीद की बरकत से ख़ूब नफ़ा अता फ़रमा और हर आयत की दानिश मन्दाना (बुद्धिपरख) नसीहत से हमारे दरजात में बुलन्दी अता फ़रमा और हमारे इस पढ़ने पढ़ाने को क़ुबूल फ़रमा। क़ुरआन मजीद की तिलावत के मौक़े पर हम से जो ख़ता (ग़लती) हो गई हो और भूल चूक हुई हो उसे माफ़ कर दे, क़ुरआन पढ़ते वक़्त किसी लफ़्ज़ में उस के ठिकाने से हट कर ग़लती की हो तो उसे माफ़ कर दे या कोई हर्फ़ आगे पढ़ लिया, या आगे का पीछे पढ़ लिया, या कोई हम से ज़्यादती हुई, या पढ़ने में कमी हुई ये सब हम को माफ़ फ़रमा और तूने जो कलाम नाज़िल फ़र्माया (उतारा) उस के ख़ुलासे में ग़लती करने से हम को बचा ले, हर तरह के शक शुब्हा और भूल चूक से हमें बचा ले, चाहे नामुनासिब

आवाज से पढ़ने में आ गया हो, या क़ुरआन की तिलावत में हम से उजलत (जल्द बाज़ी) हो गई हो, या सुस्ती सी हो या कहीं तेज़ी से गुज़र गये हों या पढ़ते वक़्त हमारी ज़ुबान लड़खड़ा गई हो, तो ऐसी तमाम भूल चूक से दर गुज़र फ़रमा।

पढ़ते वक़्त जहां ठहरने की जगह हो वहां न ठहरे हों या अल्फ़ाज़ (शब्द) मिला कर पढ़ने की बजाए बग़ैर मिलाए पढ़ लिये हों या कोई ऐसा लफ़्ज़ जो तूने बयान न फ़रमाया हो और हमारी ज़ुबान से निकल गया हो, तो उसकी भी हम तुझ से माफ़ी चाहते हैं।

ऐ अल्लाह ! क़ुरआन मजीद में कोई मद (ٓ) की जगह हो या तशदीद (ّ) या जहां तशदीद न हो, या जज़म (ْ) हो या कोई ज़ेर, ज़बर (ِ , َ) और पेश (ُ)। इस तरह पढ़ लिया हो जो वहां लिखा हुआ न हो, तो उस भूल की भी हम तुझ से माफ़ी के तलबगार (चाहने वाले) हैं। रहमत की आयत पढ़ते वक़्त बग़ैर रग़बत (लगाव) के पढ़ लिये हों और अज़ाब की आयातें पढ़ने पर हमारे दिल में तेरा डर पैदा होने की कमी रह गई हो तो माफ़ कर दे।

ऐ हमारे रब ! हमारे गुनाहों को माफ़ फ़रमा और हक़ (सच्चाई) की गवाही देने वालों की फ़ेहरिस्त (सूची) में हमारा भी नाम लिख ले। या अल्लाह ! हमारे दिलों को क़ुरआन मजीद के नूर (रोशनी) से जगमगा दे, हमारे अख़लाक़ (आचरण) में क़ुरआन मजीद की तालीम से ज़ीनत पैदा फ़रमा। ऐ अल्लाह ! क़ुरआन मजीद की बरकत से हमें आग से निजात अता फ़रमा और क़ुरआन मजीद के ज़रिए हमें जन्नत में दाख़िल अता फ़रमा। ऐ अल्लाह ! दुनिया की ज़िन्दगी में हमारे लिये क़ुरआन मजीद को तुझ से ताल्लुक़ बनाये रखने का ज़रिया बना और क़ब्र में क़ुरआन मजीद की बरकत से हमारे लिये वहशत (ख़ौफ़) को दूर कर दे, आख़िरत का रास्ता तै करने पर हमारे लिये क़ुरआन मजीद को जन्नत में हमारा रफ़ीक़ (साथी) बना दे और आग से बचने की ढाल बना और तमाम भलाइयों के हासिल करने में क़ुरआन मजीद को हमारे लिये दलील (राह बताने वाला) बना दे और तमाम भलाइयां हमारे लिये नामए आमाल (कर्मनामा) में दर्ज फ़र्मा (लिख दे) और हमें तौफ़ीक़ दे कि सच्चे दिल से, साफ़ सुथरी ज़ुबान से, ख़ैर व भलाई की मुहब्बत से और ईमान की बशारत (ख़ुश ख़बरी) से हम माला माल हो जायें।

और ऐ अल्लाह ! तूने दरूद व सलाम का तोहफ़ा हज़रत मुहम्मद सल्ल० को अता फ़रमाया है जो तेरी मख़्लूक़ में सब से अफ़ज़ल (उत्तम) और बेहतर हैं और तेरे लुत्फ़ व इनायत (मेहरबानी) की हम को पहचान कराने वाले हैं जो हम सब के सरदार हैं और अपने अर्श (तख़्त) के नूर से तूने उनको नवाज़ा (अता किया) है। ऐ अल्लाह ! तू हम सब की तरफ़ से दरूद व सलाम का तोहफ़ा हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम पर, उन की अज़वाजे मुतह्हरात (पाक बीवियों) पर उनकी औलाद पर और उन के तमाम असहाबे किराम (नेक साथियों) तक पहुंचा दे, सलाम पर सलाम और बहुत बहुत बहुत सलाम......

अल्लाहुम्मा सल्लि अला मुहम्मदिन०